आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

गेल (इंडिया) लिमिटेड

# उत्कृष्टता की ओर




# वार्षिक रिपोर्ट 2022-23





# उत्कृष्टता की ओर

निरंतर सीखने एवं प्रगति हेतु **मजबूत इरादों के साथ ...**

नित्य नए परिवर्तनों एवं नई चुनौतियों तथा अवसरों को अपनाने की **दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ ...**

हमारे प्रचालनों, उत्पादों एवं सेवाओं में सुधार तथा उत्कृष्टता के लिए **निरंतर प्रयास के साथ ...**

गुणवत्ता, नई खोज और दक्षता के उच्चतम मानकों हेतु निरंतर प्रयास की **प्रतिबद्धता के साथ ...**

**अनंत संभावनाओं के साथ भारत की विकास गाथा को ऊर्जावान बनाते हुए**

**नेट जीरो 2040 के प्रति प्रतिबद्धता के साथ भावी पीढ़ियों के लिए धरा को निवास योग्य बनाते हुए**





# विषय-सूची



| | | |
|---|---|---|
| 01. | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश | 02 |
| 02. | कॉर्पोरेट परिदृश्य | 05 |
| 03. | निदेशक मंडल | 16 |
| 04. | बोर्ड की रिपोर्ट | 30 |
| 05. | प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण | 42 |
| 06. | निगमित नियंत्रण पर रिपोर्ट | 69 |
| 07. | सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट | 88 |
| 08. | व्यवसाय उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट | 101 |
| 09. | पांच वर्ष की रूपरेखा | 139 |
| 10. | पृथक वित्तीय विवरण | 147 |
| 11. | सीएंडएजी की टिप्पणियां – पृथक वित्तीय विवरणों पर अनुपूरक लेखापरीक्षा | 251 |
| 12. | समेकित वित्तीय विवरण | 253 |
| 13. | सीएंडएजी की टिप्पणियां – समेकित वित्तीय विवरणों पर अनुपूरक लेखापरीक्षा | 350 |
| 14. | शब्दावली | 352 |

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

"आपकी कंपनी की भावी प्रगति प्रौद्योगिकी क्षेत्र, बाज़ार, विनियामक प्रथाओं और मैक्रो–नीति की दिशा में परिवर्तनों का लाभ उठाने और उसे शामिल करते हुए इसके मुख्य क्षेत्रों पर केन्द्रित सतत विकास रणनीतियों से प्रेरित है।"

**संदीप कुमार गुप्ता**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



**प्रिय शेयरधारकगण,**

मेरी ओर से और गेल परिवार की ओर से आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

वर्ष 2022 में विश्व की ऊर्जा प्रणाली को अत्यधिक अस्थिरता और भू–राजनीतिक उथल–पुथल का सामना करना पड़ा, और इसने आपकी कंपनी की परिस्थितियों से उबरने की क्षमता, उसकी शक्तियों और दृढ़ता का इम्तिहान लिया। गेल ने हर अवसर का लाभ उठाते हुए और अपने सभी प्रयासों में दृढ़ रहते हुए इन चुनौतियों से निपटने के लिए भरपूर प्रयास किए। वैश्विक ऊर्जा संकट की इस अप्रत्याशित घटना के बावजूद, मुझे आपके साथ आपकी कंपनी की पिछले वर्ष की उपलब्धियों को साझा करते हुए खुशी हो रही है।

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष के दौरान प्रमुख भौतिक और वित्तीय मापदंडों में सतत प्रदर्शन दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2023 में, गेल ने ₹ 1,43,976 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक सकल कारोबार हासिल किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 57: की वृद्धि दर्शाता है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि यह पहली बार है कि आपकी कंपनी का कारोबार अपने इतिहास में एक लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है। वित्त वर्ष 2022–23 में प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन खंड के प्रचालन से राजस्व वित्त वर्ष 2021–22 में ₹ 6,392 करोड़ की तुलना में बढ़कर ₹ 6,661 करोड़ हो गया। वित्त वर्ष 2022–23 में प्राकृतिक गैस विपणन के प्रचालन से राजस्व वित्त वर्ष 2021–22 में ₹ 77,326 करोड़ की तुलना में बढ़कर ₹ 1,35,290 करोड़ हो गया।

भू–राजनीतिक संकट का आपकी कंपनी के प्रचालन पर सीधा प्रभाव पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप इसके दीर्घावधि अनुबंधों में से एक के तहत गैस आपूर्ति में व्यवधान हुआ, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्पॉट एलएनजी की कीमत में बहुत अधिक अस्थिरता हुई। इन घटनाओं ने गेल के लिए अपने ग्राहकों के साथ–साथ अपने प्रोसेसिंग संयंत्रों और पेट्रोकेमिकल यूनिट को सेवा प्रदान करना बेहद कठिन बना दिया। इसके परिणामस्वरूप अनुबंध संबंधी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए आपूर्ति विनियम और स्पॉट बाजार से महंगी एलएनजी प्राप्त हुई। स्थिति की बारीकी से निगरानी की गई ताकि उर्वरक/सीजीडी जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के व्यवसाय प्रचालन की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके और कंपनी पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सके।

गेल ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने, देश के हर कोने में किफायती कीमतों पर प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराने और कम कार्बन ऊर्जा विकल्पों में रूपांतर करने में मदद करने की सरकार की प्राथमिकताओं का समर्थन कर रहा है। आपकी कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान 1,074 कि.मी. पाइपलाइन चालू की है और 1,330 कि.मी. पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य हासिल किया है। माननीय प्रधानमंत्री ने बोकारो–अंगुल पाइपलाइन (533 कि.मी.) राष्ट्र को समर्पित की और श्रीकाकुलम–अंगुल पाइपलाइन (744 कि.मी.) की आधारशिला भी रखी। आपकी कंपनी ने जमशेदपुर, रांची, कटक और भुवनेश्वर के लिए स्पर लाइनों के साथ धामरा–अंगुल मेनलाइन चालू की, जिससे धामरा एलएनजी टर्मिनल से आरएलएनजी आपूर्ति चालू हो गई। इसके अलावा, गेल ने सुल्तानपुर–झज्जर–हिसार और हरिद्वार–ऋषिकेश–देहरादून पाइपलाइन को भी पूरा किया। इसके अतिरिक्त, गेल ने गैस आपूर्ति के लिए 30 सीजीडी कनेक्टिविटी भी जोड़ी हैं। प्रचालन के तहत 15,600 कि.मी. पाइपलाइन और निर्माणाधीन 4,200 कि.मी. पाइपलाइन के साथ, आपकी कंपनी लगभग 20,000 कि.मी. राष्ट्रीय गैस ग्रिड को पूरा करेगी।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि प्रभावी विनियमों और गेल की प्रस्तुति के आधार पर, पीएनजीआरबी ने गेल की एकीकृत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए औसत एकीकृत टैरिफ निर्धारित किया है, जिससे आपकी कंपनी के प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन राजस्व में वृद्धि होगी। इसके अलावा, एकीकृत टैरिफ के कार्यान्वयन से पूर्वी/उत्तर–पूर्वी क्षेत्रों और स्रोत से दूर स्थित ग्राहकों के बीच क्षमता उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

देश में स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने की दृष्टि से, आपकी कंपनी ने 10 लाख से अधिक घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए हैं तथा अपनी सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यम कंपनियों के साथ वर्ष के दौरान 350 से अधिक नए सीएनजी स्टेशन जोड़े हैं। गेल समूह की कंपनियों को पिछले वर्ष के दौरान 2 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) के लिए पीएनजीआरबी प्राधिकार प्राप्त हुआ, और इसके साथ अब हमारे पास 67 भौगोलिक क्षेत्र हैं। इसके अतिरिक्त, गेल नए बाजार विकसित करने और देश में प्राकृतिक गैस की खपत बढ़ाने के लिए एलएनजी आपूर्ति मूल्य श्रृंखला विकसित कर रहा है। वर्तमान में नए ग्राहक वर्गों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए ट्रकों के माध्यम से खुदरा एलएनजी नेटवर्क विकसित करने और एलएनजी वितरण स्टेशनों, छोटे पैमाने पर एलएनजी स्किड्स आदि सहित एलएनजी बुनियादी ढांचे की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है।

कंपनी का मुनाफा और बाजार का विस्तार करने के लिए नई व्यावसायिक पहल आपकी कंपनी के रणनीतिक दृष्टिकोण का अहम हिस्सा बनी हुई है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी ने 1.25 एमएमटीपीए पीटीए संयंत्र जेबीएफ पेट्रोकेमिकल लिमिटेड (जिसका नाम बदलकर गेल मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड रखा गया है) का अधिग्रहण कर लिया है और यह अब गेल का हिस्सा है। आपकी कंपनी उसर और पाता में 560 केटीए पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) संयंत्र भी लगा रही है। आपकी कंपनी उसर में 50 केटीए आइसो–प्रोपाइल अल्कोहल का अपना पहला विशेष रासायनिक संयंत्र भी लगा रही है। इन संयंत्रों के जुड़ने से, आपकी कंपनी का पेट्रोकेमिकल्स/रसायनों का पोर्टफोलियो 2.95 एमएमटीपीए हो जाएगा।

आपकी कंपनी नई खोज और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रही है। आपकी कंपनी की भावी वृद्धि इसके मुख्य क्षेत्रों पर केंद्रित स्थायी विकास रणनीतियों से प्रेरित है जिसके तहत प्रौद्योगिकी क्षेत्र, बाजार, विनियामक प्रथाओं और मैक्रो–नीति दिशा में हुए परिवर्तनों का लाभ उठाना शामिल है। गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एलएनजी व्यापार व्यवसाय में सक्रिय रूप से शामिल है और एलपीजी उत्पादन के वस्तु मूल्य जोखिम को कम करने के लिए, आपकी कंपनी ने सऊदी सीपी प्रोपेन और ब्यूटेन कीमतों का अपनी तरह का पहला विदेशी बुनियादी संपत्ति आधारित व्यापार शुरू किया है और एलपीजी को अपेक्षित मात्रा में डेरिवेटिव के रूप में लिया है। पहली बार, यह अपनी ईएंडपी परिसंपत्तियों से कच्चे तेल का प्रत्यक्ष विपणन शुरू करेगा। डिजिटल युग के साथ कदम से कदम मिलाते हुए और अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए, एलएनजी बिक्री/स्वैप/सोर्सिंग लेनदेन के लिए आंतरिक रूप से डिजाइन किया गया एक वेब पोर्टल सफलतापूर्वक शुरू किया गया है। गेल में क्यूआर कोड–आधारित इन्वेंटरी प्रबंधन एप्लिकेशन का कार्यान्वयन भी शुरू किया गया है। इसने विक्रेता चालान प्रबंधन के लिए सारथी केंद्र और स्पर्श पोर्टल लॉन्च किया है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपकी कंपनी ने फिनटेक क्षेत्र में 1 स्टार्ट–अप के साथ निवेश समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका लक्ष्य ₹ 1.5 करोड़ की वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ समावेशी अंतिम उपयोग सहित अल्प सेवा वाले क्षेत्र में ऋण उत्पादों का कारगर ढंग से इस्तेमाल करना है। अब तक, गेल ने 69.69 करोड़ रुपए की कुल निवेश प्रतिबद्धता के साथ 34 स्टार्ट–अप के लिए सहायता दी है।

आपकी कंपनी अपने शेयरधारकों को संगठन का अहम और अभिन्न हिस्सा मानती है। गेल अपने शेयरधारकों को नियमित लाभांश, प्रीमियम पर शेयर की सफल बायबैक और शेयर के बोनस इश्यू प्रदान करता रहा है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, कंपनी ने मार्च, 2023 में प्रत्येक ₹ 10 (प्रत्येक ₹ 4.00/– प्रति इक्विटी शेयर) के इक्विटी शेयरों पर 40% की दर से ₹ 2,630.04 करोड़ के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया; वित्त वर्ष 2021–22 के लिए प्रत्येक ₹ 10 (प्रत्येक ₹ 1.00/– प्रति इक्विटी शेयर) के इक्विटी शेयरों पर 10: की दर से अंतिम लाभांश के अलावा, सितंबर, 2022 में ₹ 438.34 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया। आपकी कंपनी ने प्रति इक्विटी शेयर ₹ 190 (एक सौ नब्बे रुपए मात्र) की कीमत पर प्रत्येक ₹ 10 (पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयरों की कुल संख्या का 1.28% का प्रतिनिधित्व) के अंकित मूल्य का पूर्ण रूप से भुगतान किए गए ₹ 5.70 करोड़ के इक्विटी शेयरों का बायबैक पूरा किया। इसके अलावा, आपकी कंपनी ने शेयरधारकों को प्रत्येक ₹ 10 के दो इक्विटी शेयरों के लिए प्रत्येक ₹ 10 के एक इक्विटी शेयर के अनुपात में बोनस शेयर जारी और आबंटित किए।

कार्बन हटाने या कम करने की दिशा में वैश्विक प्रोत्साहन तथा नेट जीरो लक्ष्यों को हासिल करने को देखते हुए, आपकी कंपनी इसकी अगुआई कर रही है और उसने जीएचजी उत्सर्जन के लिए 2040 तक स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जनों में 100% की कमी करने तथा स्कोप 3 उत्सर्जन में 35% की कमी करने के लिए अपना नेट जीरो रणनीति लक्ष्य निर्धारित किया है। गेल की ऊर्जा रूपांतर यात्रा के प्रमुख चालकों के रूप में विद्युतीकरण, नए ऊर्जा रूपों–सीबीजी, हाइड्रोजन आदि पर ध्यान देने के साथ विविध आपूर्तियों में नवीकरणीय ऊर्जा के नए आयाम हासिल करने के लिए गहन प्रयास किए जा रहे हैं। आपकी कंपनी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की पहल – सतत (किफायती परिवहन के लिए सतत विकल्प) के एक अभिन्न भाग के रूप में रांची और बेंगलुरु में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) पर आधारित कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) संयंत्र स्थापित करने में भी सक्रिय रूप से शामिल है।

आपकी कंपनी अपनी मूल्य श्रृंखला में पर्यावरण, सामाजिक और नियमन (ईएसजी) मानदंडों को समेकित करने में दृढ़ विश्वास रखती है और इसका लक्ष्य अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने में योगदान देना है। जैसा कि आप जानते हैं कि गेल ने सीजीडी नेटवर्क में हाइड्रोजन मिश्रण की भारत की पहली प्रायोगिक परियोजना अवंतिका गैस लिमिटेड (एजीएल – गेल और एचपीसीएल का एक संयुक्त उद्यम) शुरू की थी, जो अब एजीएल के पीएनजी नेटवर्क में 5% मात्रा दर मात्रा हाइड्रोजन मिला रहा है। आपकी कंपनी विजयपुर में 10 मेगावाट का पीईएम आधारित हरित हाइड्रोजन संयंत्र और भारत का पहला लघु स्तरीय एलएनजी संयंत्र भी स्थापित कर रही है।

आपकी कंपनी का यह दृढ़ विश्वास है कि अपने हितधारकों के विकास में निर्णायक भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता उसके प्रचालन क्षेत्रों में और उसके आसपास रहने वाले समाज के वंचित वर्गों के जीवन के उत्थान तक फैली हुई है। आपकी कंपनी अवसर पैदा करने और खुशहाली लाने के लिए अपने प्रचालन क्षेत्र के आसपास वंचित समाज के सतत विकास में निवेश करने में दृढ़ विश्वास रखती है और उसका पालन करती है। आपकी कंपनी ने सीएसआर पहलों में व्यापक निवेश किया है और लाखों वंचित लोगों के जीवन का कायाकल्प किया है। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के सिद्धांत आपकी कंपनी की कॉर्पोरेट संस्कृति में गहराई से समाहित हैं। आम जनता तक पहुंच बढ़ाने के प्रयासों के तहत आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान सांविधिक अनिवार्य सीएसआर बजट से अधिक खर्च किया है।

समग्र रूप से मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी ने बीते वर्ष में अस्थिर वैश्विक माहौल के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया है और समझौता–ज्ञापन 2021–22 के लिए डीपीई से "उत्कृष्ट" एमओयू रेटिंग प्राप्त की है और लगातार 14वें वर्ष, वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए सीएजी से "शून्य" टिप्पणियां भी प्राप्त की हैं। यह वर्ष हमारे लिए कई सम्मान लेकर आया, जैसे ऊर्जा रूपांतर के लिए प्रतिष्ठित प्लैट्स ग्लोबल एनर्जी अवॉर्ड – मिडस्ट्रीम, एसएएफए उत्कृष्ट वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुति पुरस्कार, एकीकृत रिपोर्टिंग पुरस्कार और निगमित नियंत्रण प्रकटीकरण के लिए सार्क वार्षिकी पुरस्कार, टीआईओएल राष्ट्रीय कराधान पुरस्कार के लिए गोल्ड ट्रॉफी, ग्रीन रिबन चौंपियन और पीसीआरए– "सक्षम–2023 के दौरान ऊर्जा संरक्षण और ईंधन दक्षता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान"।

आपकी कंपनी अपने मौजूदा पेट्रोकेमिकल संयंत्र के लिए ईथेन सोर्सिंग के अवसर तलाश रही है। आपकी कंपनी ने अमेरिका से 1 एमएमटीपीए एलएनजी अनुबंध के साथ एलएनजी तरलीकरण टर्मिनल में इक्विटी अधिग्रहण के अवसर तलाशने के लिए एक रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) भी जारी की है। इसके अलावा, आपकी कंपनी मौजूदा एलएनजी पोर्टफोलियो में बढ़ोतरी के लिए अन्य स्रोतों से किफायती दीर्घावधि एलएनजी अनुबंध करने की संभावना भी तलाश रही है।

आपकी कंपनी ने चार दशकों के अपने सफर में अन्य हितधारकों, केंद्र और राज्य सरकारों के साथ सक्रिय जुड़ाव के साथ–साथ ग्राहकों, विक्रेताओं, भागीदारों, समुदायों और विनियामकों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखने का प्रयास किया है। यह मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि मुझे गेल के प्रयासों के प्रति आपके निरंतर विश्वास और संरक्षण के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर मिला है।

गेल में निवेश करने की दृढ़ आस्था के लिए शेयरधारकों को धन्यवाद।

हस्ता. /–

**संदीप कुमार गुप्ता**

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक







*सभी लक्ष्यों में समूह कंपनियों का सहयोग शामिल है।



# मिशन

स्वच्छ ऊर्जा और इतर के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना।

# विज़न

प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला और इतर क्षेत्रों में वैश्विक उपस्थिति, हितधारकों के लिए मूल्य सृजन और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ अग्रणी बनाना।

## अपने विज़न को प्राप्त करने के लिए गेल की आकांक्षाएं:

### जीवन की गुणवत्ता

कंपनी स्थायी रूप से उन्नत और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराकर लोगों के जीवन को बदलने का प्रयास करती है।

### हितधारक

कंपनी स्थायी मूल्य का सृजन करके अपने व्यापक हितधारक समुदाय, अपने कर्मचारियों से लेकर ग्राहकों, भागीदारों और समाज की आकांक्षाओं को पूरा करने की इच्छा रखती है। यह वंचित वर्ग को बेहतर परिणाम देने, मूल्य सृजित करने और आर्थिक अवसरों का सृजन करने के लिए जिम्मेदार है।



### स्वच्छ ऊर्जा और उससे इतर

कंपनी प्राकृतिक गैस, नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य स्वच्छ वैकल्पिक ऊर्जा सहित श्रेष्ठ, टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और कुशल ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देती है।

### पर्यावरणीय उत्तरदायित्व

कंपनी प्रचालन सुरक्षा, कर्मचारी स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण के उच्चतम स्तर को बढ़ावा देती है। इसके अलावा यह पर्यावरण और समुदाय पर पड़ने वाले इसके नकारात्मक प्रभाव को कम करने का प्रयास करती है।

# गेल के कोर मूल्य

## सत्यनिष्ठा और नैतिकता

यह लोगों के साथ व्यवहार करने में पारदर्शी, निष्पक्ष और सुसंगत है। यह अपनी सभी गतिविधियों में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और विश्वास पर जोर देता है तथा व्यक्तिगत और संस्थागत अखंडता के उच्चतम स्तर को प्रदर्शित करता है।

## उत्कृष्टता

यह निरंतर सुधार और सबक सीखते हुए उन सभी व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्टता के शिखर को प्राप्त करने का प्रयास करता है जहां इसकी महत्वपूर्ण उपस्थिति है।

## सम्मान

यह लोगों में विश्वास करता है, कर्मचारियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पहचानता है और उनके अद्वितीय योगदान, टीमवर्क, गरिमा, अधिकारों और गोपनीयता का सम्मान करता है।

## प्रौद्योगिकी और अभिनवता

यह उद्यमशीलता की भावना का सम्मान करता है और लगातार नई प्रौद्योगिकियों के विकास, नए विचारों/उत्पादों की शुरुआत, उन्नत प्रक्रियाओं, बेहतर सेवाओं और प्रबंधन प्रक्रियाओं का समर्थन करता है।

## ग्राहक

यह अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर उत्पाद और सेवाएं प्रदान करके तथा स्थायी मूल्य का सृजन करके उनकी पहली प्राथमिकता बनने के लिए अथक प्रयास करता है।

## संरक्षा

इसका उद्देश्य पर्यावरण का सम्मान करने के साथ—साथ अपने कार्यबल और इसके आसपास के समुदायों के लिए एक सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करना है।

# गेल की यात्रा

## 1984
गेल का जन्मः
प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन और विपणन कंपनी

## 1987
भारत की पहली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन–एचवीजे का शुभारंभ

## 1999
पाता में पहला पेट्रोकेमिकल संयंत्र

## 2001
जेएलपीएल एलपीजी ट्रांसमिशन पाइपलाइन का शुभारंभ

## 2011
- अमेरिका में शेल गैस रकबा हासिल करने वाली पहला पीएसयू
- अमेरिका में सहायक कंपनी

## 2012
- 2,200 कि.मी. दाहेज–विजयपुर–
- दादरी–नांगल–भटिंडा पाइपलाइन नेटवर्क राष्ट्र को समर्पित

## 2013
- महारत्न का दर्जा हासिल किया
- दाभोल एलएनजी टर्मिनल और दाभोल–बेंगलुरु प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित
- अमेरिका में कोव प्वाइंट एलएनजी टर्मिनल में क्षमता बुकिंग

## 2015
- जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा पाइपलाइन परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ
- पाता में दुगनी पेट्रोकेमिकल उत्पादन क्षमता

## 2016
- ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स राष्ट्र को समर्पित

## 2017
- बेंगलुरु सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- भुवनेश्वर में सीएनजी स्टेशनों का उद्घाटन
- भुवनेश्वर में पीएनजी और सीएनजी आपूर्ति का शुभारंभ






## 2018

- तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के कार्य का शुभारंभ
- वाराणसी सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- अमेरिका से भारत का पहला एलएनजी कार्गो गेल के पहले चार्टर किराए के पोत से प्राप्त
- रूस के साथ दीर्घकालिक अनुबंध के तहत पहला एलएनजी कार्गो प्राप्त
- कटक में सीएनजी स्टेशनों का उद्घाटन

## 2019

- जमशेदपुर सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- रांची सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- पटना सीजीडी परियोजना का उद्घाटन
- 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' का पहला चरण राष्ट्र को समर्पित

## 2021

- कोच्चि–मेंगलुरु प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित
- डोभी–दुर्गापुर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित

## 2022

- वाराणसी में सीएनजी नौकाओं का समर्पण
- बोकारो–अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित

## 2023

- जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड का अधिग्रहण

### राष्ट्र की प्रगति में योगदान

भारत में प्राकृतिक गैस (एनजी) की बिक्री में
50%
से अधिक का योगदान

भारत में कुल प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन पाइपलाइनों के
74%
का प्रचालन

भारत के लगभग
42%
सीएनजी स्टेशनों (सीजीडी जेवी/गेल गैस) का प्रचालन

भारत में बिकने वाले प्रत्येक
33 वें एलपीजी
सिलेंडर का उत्पादन






गेल
GAIL
सहायक कंपनियां
घरेलू
बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड
ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड
गेल गैस लिमिटेड
गेल मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (पूर्व में जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के रूप में जानी जाती थी)
कोंकण एलएनजी लिमिटेड
त्रिपुरा नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड
विदेशी
गेल ग्लोबल (सिंगापुर) पीटीई. लिमिटेड
गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक.
गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी (गेल ग्लोबल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) (यूएसए) इंक.
अन्य जेवी/सबद्ध कंपनियां
घरेलू
इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड
ओएनजीसी पेट्रो एडिशन्स लिमिटेड
ओएनजीसी त्रिपुरा पॉवर कंपनी लिमिटेड
पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड
रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड
तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
विदेशी
एलएलसी भारत एनर्जी ऑफिस
साउथ ईस्ट एशिया गैस पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड
तापी पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड

# समूह व्यापार संरचना

हरित भविष्य के लिए आपकी कंपनी की प्रतिबद्धता को देश और दुनिया के कुछ हिस्सों में व्याप्त सहायक और संयुक्त उद्यमों (जेवी)/संबद्ध कंपनियों के नेटवर्क द्वारा सशक्त किया गया है।

**शहर गैस जेवी/संबद्ध कंपनियां**

- **घरेलू**
  - अवंतिका गैस लिमिटेड
  - भाग्यनगर गैस लिमिटेड
  - सेंट्रल यू.पी. गैस लिमिटेड
  - ग्रीन गैस लिमिटेड
  - इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड
  - महानगर गैस लिमिटेड
  - महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड
- **विदेशी**
  - चाइना गैस होल्डिंग्स लिमिटेड
  - फेयम गैस



## गेल का विविधकृत पोर्टफोलियो

गेल का उद्देश्य अपने पोर्टफोलियो की मूल्य क्षमता का उसकी बाजार स्थिति के अनुसार पूंजीकरण करना और मूल्य सृजन के क्षेत्रों को सुदृढ़ करना है।

**गैस ट्रांसमिशन और विपणन**
- लगभग 15,600 कि.मी. का गैस नेटवर्क
- 14 एमएमटीपीए का दीर्घकालिक पोर्टफोलियो

**अन्वेषण और उत्पादन**
- 13 ब्लॉकों में भागीदारी
- अमेरिका और म्यांमार में उपस्थिति

**पेट्रोकेमिकल**
- 15% घरेलू बाजार हिस्सेदारी
- पाता में 810 केटीए और बीसीपीएल में 280 केटीए की क्षमता

**नवीकरणीय**
- 118 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता
- 14 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता




**एलपीजी और तरल हाइड्रोकार्बन**
- 5 प्रोसेसिंग संयंत्र
- 1.4 एमएमटीपीए क्षमता
- 4.58 एमएमटीपीए एलपीजी ट्रांसमिशन क्षमता

**शहर गैस**
- कुल 295 भौगोलिक क्षेत्रों में से 67 नगर/भौगोलिक क्षेत्र
- सहायक कंपनियां – गेल गैस लि., बंगाल गैस और टीएनजीसीएल +7 घरेलू सीजीडी जेवी

## गेल की व्यापक वैश्विक उपस्थिति

शीर्ष 10 वैश्विक एलएनजी पोर्टफोलियो विपणनकर्ताओं में शामिल

कतर, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, रूस से लगभग 14 एमएमटीपीए का एलएनजी पोर्टफोलियो



# मूल्य सृजन

## इनपुट

### वित्तीय पूंजी
- ₹ 9,099 करोड़ का पूंजीगत व्यय
- ₹ 6,575.10 करोड़ की प्रदत्त इक्विटी

### विनिर्मित पूंजी
- 15,600 कि.मी. का गैस नेटवर्क
- 2,040 कि.मी. एलपीजी पाइपलाइन नेटवर्क का स्वामित्व और प्रचालन
- 118 मेगावाट का पवन और 14 मेगावाट की सौर विद्युत क्षमता

### बौद्धिक पूंजी
- आरएंडडी में ₹ 180.62 करोड़ का निवेश
- हरित हाइड्रोजन पहल के तहत संगठनों और संस्थानों के साथ सहयोग करना

### मानव पूंजी
- कुल स्थायी कर्मचारी 4,823
- कुल 18,34,647 मानव घंटे का प्रशिक्षण (संविदा कर्मियों सहित)
- एफटीई के प्रशिक्षण और विकास पर औसत खर्च ₹ 33,812

### सामाजिक और संबंध पूंजी
- ₹ 99.1 करोड़ सीएसआर खर्च
- विभिन्न कार्य केंद्रों में 20 विक्रेता विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए
- एमएसई से 25% खरीद का लक्ष्य
- ग्राहक संतुष्टि सूचकांक (सीएसई) ऑनलाइन सर्वेक्षण करता है

### प्राकृतिक पूंजी
- कुल ऊर्जा खपत का 5,00,65,334 जीजे
- 17.50 मिलियन मी2 पानी की खपत
- नेट–जीरो कार्य–योजना बनाई गई

### संपूर्ण गैस मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति




## परिणाम

भारत में बिकने वाली प्राकृतिक गैस के 50% से अधिक योगदान के साथ देश की प्रगति में योगदान

भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस कंपनी

# मॉडल




## आउटपुट

### वित्तीय पूंजी

- प्रचालनों से ₹ 1,44,302 करोड़ का राजस्व
- कर पूर्व लाभ ₹ 6,584 करोड़
- प्रति शेयर आय ₹ 8.04

### विनिर्मित पूंजी

- 107.28 एमएमएससीएमडी का गैस ट्रांसमिशन
- 4.34 एमएमटीपीए का एलपीजी थ्रूपुट
- जीपीयू से लगभग 0.93 मिलियन मी.टन का कुल तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादन

### बौद्धिक पूंजी

- मुख्य रूप से हरित हाइड्रोजन, कार्बन डाईऑक्साईड, उपयोग जैसे उभरते क्षेत्रों पर सहयोगात्मक अनुसंधान कार्य
- भारत के सबसे बड़े हरित हाइड्रोजन संयंत्र के निर्माण की प्रक्रिया मे

### मानव पूंजी

- >92.75% के प्रशिक्षण प्रभावकारिता स्कोर के साथ कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का 80% कवरेज हासिल किया गया
- कर्मचारी टर्नओवर दर सिर्फ 4.06%
- वित्त वर्ष 2022–23 के लिए एचएसई स्कोर 95% के आंतरिक लक्ष्य की तुलना में 97.60%

### सामाजिक और संबंध पूंजी

- सीएसआर कार्यक्रम के माध्यम से 15,18,348 से अधिक लाभार्थी
- एमएसई से ₹ 1,541 करोड़ की खरीद (कुल पात्र मूल्य का ~46.09%)
- ग्राहक संतुष्टि स्कोर 89%
- सरकारी ई–मार्केटप्लेस (जेम) से ₹ 2,541 करोड़ की खरीद

### मानव पूंजी

- कुल परिचालन जीएचजी उत्सर्जन 39,75,555 टीसीओ,ई
- 2040 तक नेट जीरो 100% स्कोप 1 और स्कोप 2 जीएचजी उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य
- 2040 तक 35% जीएचजी स्कोप 3 उत्सर्जन में कमी लाने का लक्ष्य

भारत के लगभग 42% सीएनजी स्टेशन का प्रचालन

₹ 69,203 करोड़ का बाजार पूंजीकरण (बीएसई)

सीएसआर पर पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 2% (समायोजन सहित) से अधिक खर्च किया गया

प्रगति हेतु नियंत्रण

# निदेशक मंडल



1 **श्री आयुष गुप्ता,**
निदेशक (मा.सं.)
(डीआईएन 09681775)
(22.08.2022 से)

2 **श्री संदीप कुमार गुप्ता**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन 07570165)
(03.10.2022 से)

3 **श्री संजय कुमार**
निदेशक (विपणन)
(डीआईएन 08346704)
(15.06.2023 से)

4 **श्री एम.वी. अय्यर,**
निदेशक (व्यापार विकास)
(डीआईएन 08198178)

5 **श्री दीपक गुप्ता**
निदेशक (परियोजना)
(डीआईएन 09503339)

6 **श्री आर.के. जैन**
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
(डीआईएन 08788595)



**श्री प्रवीण मल खनूजा**
सरकार द्वारा नामित निदेशक
(डीआईएन 09746472)
(16.05.2023 से)



**श्री कुशाग्र मित्तल**
सरकार द्वारा नामित निदेशक
(डीआईएन 09026246)
(16.05.2023 से)



**श्री अखिलेश जैन**
गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन 07731983)



**श्री शेर सिंह**
गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन 09404758)



**श्री संजय कश्यप**
गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन 09402360)



**डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी**
गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन 06535490)



**श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी**
गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन 07812922)



**प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे**
गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक
(डीआईएन 09406892)



**श्री मनोज जैन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन 07556033)
(31.08.2022 तक)



**डॉ. नवनीत मोहन कोठारी**
सरकार द्वारा नामित निदेशक
(डीआईएन 02651712)
(18.04.2023 तक)

आपकी कंपनी का निदेशक मंडल विवेकपूर्ण और प्रभावी नियंत्रणों के ढांचे के भीतर हितधारक मूल्य सृजन को सुरक्षित रखने के लिए नेतृत्व और रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। प्रभावी कामकाज करने के लिए बोर्ड को 13 समितियों का सहयोग प्राप्त होता है। ये समितियाँ बोर्ड को उसके कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के निर्वहन में सहायता करती हैं। बोर्ड के प्रभावी निर्णय लेने के लिए इन समितियों के कामकाज को सफलतापूर्वक प्रत्यायोजित किया जाता है।

आप गेल की निगमित शासन नियंत्रण, समितियों और तंत्रों के बारे में 'निगमित नियंत्रण पर रिपोर्ट' में पढ़ सकते हैं, जो बोर्ड की रिपोर्ट का हिस्सा है।



# गेल की बोर्ड समितियां

**लेखापरीक्षा समिति**
- श्री अखिलेश जैन – अध्यक्ष
- निदेशक (विपणन)
- प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे

**स्थायी आमंत्रितः**

क. निदेशक (वित्त)
ख. आईए के प्रमुख

**व्यापार विकास और विपणन समिति**
- निदेशक (वित्त) – अध्यक्ष
- श्री कुशाग्र मित्तल
- डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी

**आमंत्रितः**
- संबंधित कार्यात्मक निदेशक

**कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति (सीएसआर)**
- सीएमडी – अध्यक्ष
- निदेशक (एचआर)
- श्री अखिलेश जैन
- श्री संजय कश्यप

**अधिकार प्राप्त संविदा एवं प्रापण समिति (ईसीपीसी)**
- सीएमडी – अध्यक्ष
- सभी कार्यात्मक निदेशक

**अधिकार प्राप्त समिति (प्राकृतिक गैस, एलएनजी एवं पॉलिमर)**
- सीएमडी – अध्यक्ष
- निदेशक (बीडी)
- निदेशक (वित्त)
- निदेशक (विपणन)

**वित्त समिति**
- प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे – अध्यक्ष
- निदेशक (वित्त)
- निदेशक (परियोजना)

**एच.आर. समिति**
- सीएमडी – अध्यक्ष
- सभी कार्यात्मक निदेशक

**नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति**
- डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी – अध्यक्ष
- श्री कुशाग्र मित्तल
- श्री शेर सिंह

**स्थायी आमंत्रितः**

क) निदेशक (वित्त)
ख) निदेशक (एचआर)

**परियोजना मूल्यांकन समिति**
- सीएमडी – अध्यक्ष
- श्री कुशाग्र मित्तल
- निदेशक (वित्त)
- निदेशक (परियोजनाएं)
- संबंधित कार्यात्मक निदेशक

**जोखिम प्रबंधन समिति**
- श्री शेर सिंह – अध्यक्ष
- निदेशक (बीडी)
- निदेशक (वित्त)
- निदेशक (विपणन)
- श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी

**स्थायी आमंत्रितः**
- मुख्य जोखिम अधिकारी
- विभागाध्यक्ष कॉर्पोरेट रणनीति
- विभागाध्यक्ष राजकोष
- विभागाध्यक्ष कॉर्पोरेट बीआईएस

**हितधारक शिकायत निवारण समिति**
- श्री संजय कश्यप – अध्यक्ष
- निदेशक (वित्त)
- विषय से संबंधित विवाद के मामले में संबंधित कार्यात्मक निदेशक को शामिल नहीं किया जाता जैसेः
  - I) परियोजनाओं से संबंधित विवाद के लिए – निदेशक (मा.सं.)
  - ii) विपणन संबंधी विवाद के लिए – निदेशक (बीडी)
  - iii) मानव संसाधन संबंधी विवाद के लिए – निदेशक (परियोजना)
  - iv) बीडी संबंधित विवाद के लिए – निदेशक (विपणन)

**हितधारक संबंध समिति**
- श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी – अध्यक्ष
- निदेशक (वित्त)
- निदेशक (एचआर)

**सतत विकास समिति**
- सीएमडी – अध्यक्ष
- निदेशक (बीडी)
- निदेशक (परियोजनाएं)

**आमंत्रितः**

1. डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी
2. श्री संजय कश्यप

नेट जीरो महत्वाकांक्षा और कार्य–योजना की समीक्षा

# वित्तीय वर्ष 2022-23 में पुरस्कार और मान्यता

तेल और गैस क्षेत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ सीईओ पुरस्कार – इंडिया टुडे ग्रुप

गेल ने इस वर्ष 2022 में ''ऊर्जा रूपांतरण – मिडस्ट्रीम'' श्रेणी में प्रतिष्ठित ''प्लैट्स ग्लोबल एनर्जी अवार्ड'' जीता

गेल ने पेट्रोलियम राजभाषा शील्ड योजना के तहत राजभाषा के सर्वोत्तम कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2019–20 के लिए दूसरा पुरस्कार और वर्ष 2021–22 के लिए तीसरा पुरस्कार जीता

निदेशक (वित्त) को ''ईटी एसेंट 212'' वैश्विक संस्करण में ''सर्वश्रेष्ठ एफओ तेल और गैस'' श्रेणी के तहत ''सीएफओ लीडर ऑफ द ईयर'' से सम्मानित किया गया

एफआईपीआई द्वारा तेल और गैस पुरस्कार 2022 में विजयपुर–औरैया फूलपुर पाइपलाइन को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ प्रबंधित परियोजना का पुरस्कार













# वित्तीय विशेषताएं



# प्रमुख वित्तीय विशेषताएं (पृथक)












## हितधारक कोष (₹ करोड़ में)




## ईपीएस, डीपीएस और प्रति शेयर बुक मूल्य (₹ में)




टिप्पणी: ईपीएस, डीपीएस और बही मूल्य 31.03.2023 को समापन पूंजी पर आधारित हैं। तदनुसार पिछले वर्ष के आंकड़ों को दोहराया गया है।

## बाजार पूंजीकरण - बीएसई (₹ करोड़ में)




टिप्पणी: वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, बोनस शेयर जारी किए गए थे। इसलिए पिछले वर्षों के शेयर की कीमत तदनुसार बदल दी गई है।

# प्रचालन निष्पादन विशेषताएं

पेट्रोकेमिकल बिक्री (टीएमटी)




तरल हाइड्रोकार्बन बिक्री (टीएमटी)




एलपीजी ट्रांसमिशन (टीएमटी)




गैस की मात्रा का रुझान (एमएमएससीएमडी)



## प्रचालन निष्पादन विशेषताएं

### गैस विपणन मिश्रण




### गैस ट्रांसमिशन मिश्रण



## गैस का स्रोत और क्षेत्र–वार आपूर्ति

(कुल 94.91 एमएमएससीएमडी, % शेयर)







- आयातित गैस में मुख्य रूप से दीर्घकालिक आरएलएनजी और स्पॉट शामिल हैं।
- घरेलू गैस के प्रमुख स्रोत ओएनजीसी (एपीएम एवं एमडीपी), रव्वा, रव्वा उपग्रह, सीबीएम आदि हैं।
- उर्वरक, विद्युत और सीजीडी कंपनियों से प्राकृतिक गैस की सबसे ज्यादा मांग।

*अन्य में इस्पात, रिफाइनरियां, स्पांज लौह, पेट्रोकेमिकल, गेल आंतरिक खपत आदि शामिल हैं।

# कुल आय के प्रतिशत के रूप में लागत एवं लाभ

- उपभोग की गई सामग्री की खरीद और लागत 87%
- कर्मचारी लाभ व्यय 1%
- मूल्यह्रास और परिशोधन 2%
- पॉवर, ईंधन और पानी शुल्क 3%
- भंडार और अतिरिक्त पुर्जे (आरएंडएम व्यय सहित) 1%
- अन्य व्यय और असाधारण मदें 1%
- कर व्यय 1%
- कर पश्चात् लाभ 4%




- उपभोग की गई सामग्री की खरीद और लागत 77%
- कर्मचारी लाभ व्यय 2%
- मूल्यह्रास और परिशोधन 2%
- पॉवर, ईंधन और पानी शुल्क 2%
- भंडार और अतिरिक्त पुर्जे (आरएंडएम व्यय सहित) 1%
- अन्य व्यय और असाधारण मदें 2%
- कर व्यय 3%
- कर पश्चात् लाभ 11%



# प्रमुख वित्तीय विशेषताएं (समेकित)












# बोर्ड की रिपोर्ट



# बोर्ड की रिपोर्ट

**प्रिय शेयरधारकों,**

निदेशक मंडल की ओर से, वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए लेखापरीक्षित पृथक और समेकित वित्तीय विवरणों के साथ आपकी कंपनी की 39वीं बोर्ड की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है:

**क. वित्त वर्ष 2022–23 के लिए पृथक आधार पर वित्तीय विशेषताएं निम्नानुसार हैं:**

| विवरण | वित्त वर्ष 2022–23 | | वित्त वर्ष 2021–22 | |
|---|---|---|---|---|
| | अमेरिकी डॉलर मिलियन | (₹ करोड़ में) | अमेरिकी डॉलर मिलियन | (₹ करोड़ में) |
| प्रचालन से राजस्व | 18,181 | 1,44,302 | 12,218 | 91,646 |
| अन्य आय | 338 | 2,685 | 273 | 2,047 |
| बिक्री की लागत (वित्त लागत और मूल्यह्रास को छोड़कर) | 17,337 | 1,37,603 | 10,374 | 77,817 |
| सकल लाभ | 1,182 | 9,384 | 2,117 | 15,876 |
| वित्तीय लागत | 39 | 312 | 23 | 174 |
| मूल्यह्रास | 313 | 2,488 | 281 | 2,111 |
| कर पूर्व लाभ (पीबीटी) | 830 | 6,584 | 1,813 | 13,590 |
| कर व्यय | 162 | 1,282 | 430 | 3,226 |
| कर पश्चात लाभ (पीएटी) | 668 | 5,302 | 1,383 | 10,364 |
| पिछले वर्ष के लिए अंतिम लाभांश | 55 | 438 | - | - |
| चालू वर्ष के लिए अंतरिम लाभांश | 331 | 2,630 | 533 | 3,996 |
| बॉन्ड रिडेम्पशन रिजर्व में (से) निवल अंतरण | - | - | (14) | (105) |
| सामान्य रिजर्व में स्थानांतरण | - | - | 138 | 1,036 |
| विनियोग के बाद निवल अधिदेश | 282 | 2,234 | 726 | 5,437 |
| | ¼vefjdh M,yj½ | ¼₹ eas½ | ¼vefjdh M,yj½ | ¼₹ eas½ |
| प्रति शेयर आय ## | 0.10 | 8.04 | 0.21 | 15.56 |
| प्रति शेयर बुक मूल्य ## | 0.94 | 77.35 | 1.00 | 75.92 |

टिप्पणी: निम्नलिखित विनिमय दरों का उपयोग गणना करते समय किया जाता है:

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए: औसत दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 79.37 और समापन दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 82.57

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए: औसत दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 75.01 और समापन दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 76.17

*## वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान पिछले वर्ष के आंकड़ों को 1:2 शेयरों के बोनस इश्यू के लिए समायोजित किया गया है।*

**ख. वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए समेकित आधार पर प्रमुख वित्तीय विशेषताएं**

कंपनी अधिनियम 2013 **"अधिनियम"** के प्रावधानों के अनुसार, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 **"सेबी (एलओडीआर) विनियम"**, और लागू लेखा मानकों, वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए कंपनी के लेखा–परीक्षित समेकित वित्तीय विवरण, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ इस वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है।

समेकित वित्तीय परिणामों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

| विवरण | वित्त वर्ष 2022–23 | | वित्त वर्ष 2021–22 | |
|---|---|---|---|---|
| | अमेरिकी डॉलर मिलियन | (₹ करोड़ में) | अमेरिकी डॉलर मिलियन | (₹ करोड़ में) |
| प्रचालन से राजस्व | 18,379 | 1,45,875 | 12,382 | 92,874 |
| कर पूर्व लाभ | 914 | 7,256 | 2,062 | 15,464 |
| कर पश्चात् लाभ | 705 | 5,596 | 1,640 | 12,304 |
| घटाः अल्पसंख्यक का हिस्सा | (3) | (20) | 6 | 48 |
| समूह के लिए लाभ | 708 | 5,616 | 1,634 | 12,256 |

टिप्पण: निम्नलिखित विनिमय दरों का उपयोग गणना करते समय किया जाता है:
वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए: औसत दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 79.37
वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए: औसत दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 75.01

**व्यापार अवलोकन**

**1. पाइपलाइन ट्रांसमिशन**

**प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन**

आपकी कंपनी ने पूरे देश में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के नेटवर्क का विस्तार ~15,600 कि.मी. तक कर दिया है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान इस नेटवर्क के माध्यम से औसत गैस ट्रांसमिशन पिछले वित्तीय वर्ष में 110.98 एमएमएससीएमडी की तुलना में 107.28 एमएमएससीएमडी था। वित्त वर्ष 2022–23 में प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन से परिचालन से राजस्व ₹ 6,661 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में यह ₹ 6,392 करोड था। देश के प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन में हिस्सेदारी 65% है।

**एलपीजी ट्रांसमिशन**

आपकी कंपनी जामनगर–लोनी पाइपलाइन (जेएलपीएल) और विजाग–सिकंदराबाद पाइपलाइन (वीएसपीएल) नामक 2,040 कि.मी. एलपीजी पाइपलाइन नेटवर्क का स्वामित्व और संचालन करती है। जेएलपीएल और वीएसपीएल नेटवर्क ने मिलकर वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 4.335 एमएमटीपीए का थ्रूपुट हासिल किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2021–22 में यह 4.199 एमएमटीपीए था। वित्त वर्ष 2022–23 में एलपीजी ट्रांसमिशन में परिचालन से राजस्व ₹ 722 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में यह ₹ 669 करोड़ था।

**2. प्राकृतिक गैस विपणन**

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपकी कंपनी ने 94.91 एमएमएससीएमडी (जिसमें 83.03 एमएमएससीएमडी की भारत के भीतर बिक्री और 11.88 एमएमएससीएमडी की विदेशी बिक्री शामिल है) की बिक्री दर्ज की, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 96.24 एमएमएससीएमडी (जिसमें 86.55 एमएमएससीएमडी की भारत में बिक्री और 9.69 एमएमएससीएमडी की विदेशी बिक्री शामिल है) की बिक्री की थी। वित्त वर्ष 2022–23 में प्राकृतिक गैस विपणन से परिचालन से राजस्व ₹ 1,35,290 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 77,326 करोड़ था। देश के घरेलू गैस विपणन में हिस्सेदारी 50% है।

**3. पेट्रोकेमिकल्स**

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपकी कंपनी ने 442 केटीए का कुल उत्पादन दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में 777 केटीए का कुल उत्पादन किया था, तथा वित्त वर्ष 2022–23 में कुल 399 केटीए की बिक्री की, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में 790 केटीए की कुल बिक्री की थी। इस खंड से वित्त वर्ष 2021–22 में संचालन से राजस्व ₹ 8,549 करोड़ की तुलना में ₹ 4,917 करोड था।

**4. एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन**

आपकी कंपनी की देश में चार स्थानों पर पांच गैस प्रोसेसिंग यूनिटें (जीपीयू) हैं, जिनकी कुल एलपीजी और एलएचसी उत्पादन क्षमता 1.4 मिलियन मीट्रिक टन है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, जीपीयू



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी श्रीकाकुलम–अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की आधारशिला रखते हुए

से कुल तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादन 0.93 मिलियन मीट्रिक टन था, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में यह 1.0 मिलियन मीट्रिक टन था, जिसमें से लगभग 92% एलपीजी और प्रोपेन शामिल हैं। वित्त वर्ष 2022–23 में तरल हाइड्रोकार्बन के संचालन से राजस्व भी वित्त वर्ष 2021–22 में ₹ 4,865 करोड़ की तुलना में ₹ 5,570 करोड़ हो गया।

**5. अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी)**

आपकी कंपनी की 13 ईएंडपी ब्लॉकों में भागीदारी है, जिनमें से 10 भारत में, 2 ब्लॉक म्यांमार में और 1 शेल गैस संयुक्त उद्यम ईगल फोर्ड बेसिन, टेक्सास, अमेरिका (पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी – जीजीयूआई के माध्यम से) में है। इनमें से आपकी कंपनी तीन तटीय ब्लॉकों में ऑपरेटर है अर्थात् (i) कैम्बे बेसिन में सीबी–ओएनएन–2010/11 और सीबी–ओएनएचपी–2017/12 जो क्रमशः एनईएलपी–IX और ओएएलपी–I बोली दौर के दौरान दिए गए थे, और (ii) राजस्थान बेसिन में ब्लॉक आरजे–ओएनएचपी–2021/1 को ओएएलपी–VII बोली दौर के दौरान प्रदान किया गया था। विभिन्न परिसंघों में इसके भागीदारी हित (पीआई) के अनुसार बारह ईएंडपी ब्लॉक (ईगल फोर्ड बेसिन में शेल गैस को छोड़कर) 2,656 कि.मी.$^2$ एकड़ क्षेत्रफल में फैले हुए हैं।

हाइड्रोकार्बन की बिक्री से म्यांमार में ए–1 और ए–3 तथा भारत में सीबी–ओएनएन–2000/1 और सीबी–ओएनएन–2003/2 (कैम्बे तटीय ब्लॉक) नामक 5 उत्पादक ब्लॉकों से और ईगल फोर्ड बेसिन, टेक्सास, अमेरिका में एक (1) शेल गैस जेवी क्षेत्रफल से राजस्व उत्पन्न हो रहा है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान ईएंडपी गतिविधियों से ₹ 1,134 करोड़ के संचालन से राजस्व उत्पन्न हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में यह ₹ 834 करोड़ था। एक ऑपरेटर के रूप में आपकी कंपनी ने हाल ही में 18 मार्च, 2023 से गुजरात के गैलियाना#1 क्षेत्र से वाणिज्यिक कच्चे तेल का उत्पादन शुरू किया है।

**6. नवीकरणीय ऊर्जा**

आपकी कंपनी अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने और नवीकरणीय परियोजनाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। गेल की कुल स्थापित क्षमता 132 मेगावाट वैकल्पिक ऊर्जा है; जिसमें से 117.95 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएं हैं और 14.05 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाएं हैं जिनमें छोटी सौर इकाइयां शामिल हैं। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान बिजली उत्पादन गतिविधियों के संचालन से ₹ 46 करोड़ का राजस्व उत्पन्न हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में यह ₹ 51 करोड़ था। इसके अलावा, भारत सरकार के हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप, आपकी कंपनी इंदौर, मध्य प्रदेश में नगर गैस नेटवर्क में हाइड्रोजन मिश्रण के लिए एक प्रायोगिक परियोजना चला रही है और विजयपुर, गुना जिले, मध्य प्रदेश में 10 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रही है।

**7. परियोजना निष्पादन**

वित्त वर्ष 2022–23 विशेष रूप से पाइपलाइन परियोजना के कार्यान्वयन के लिए लाभकारी रहा है। वर्ष के दौरान 1074 कि. मी. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन चालू होने के लिए तैयार है। आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 में 1,330 कि.मी. पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य हासिल किया है। देश में प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए पाइपलाइन परियोजनाएं आपकी कंपनी के लिए प्रमुख ध्यान दिया जाने वाला क्षेत्र बनी हुई हैं और राष्ट्रीय गैस ग्रिड और अन्य छोटी कनेक्टिविटी के भाग के रूप में 4,200 कि.मी. की पाइपलाइन परियोजना निष्पादन के विभिन्न चरणों में है।

प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन परियोजना, जिसे जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) के नाम से भी जाना जाता है, के तहत आपकी कंपनी ने 2,655 कि.मी. की कुल पाइपलाइन लंबाई में से 2,096 कि.मी. को चालू करने के साथ इस परियोजना का विस्तार किया है। सभी 4 प्रमुख एंकर उर्वरक संयंत्र, अर्थात् मैसर्स मैटिक्स फर्टिलाइजर्स, दुर्गापुर और मैसर्स हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी में 03 इकाइयाँ पूरी मात्रा में उत्पादन कर रही हैं।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, जेएचबीडीपीएल नेटवर्क में व्यापक वृद्धि बोकारो–अंगुल मेनलाइन के चालू होने से हुई। 12.07.2022 को, भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जेएचबीडीपीएल के बोकारो–अंगुल खंड (533 कि.मी.) को राष्ट्र को समर्पित किया। जमशेदपुर, रांची, कटक और भुवनेश्वर के लिए स्पर लाइनों के साथ धामरा–अंगुल मेनलाइन चालू कर दी गई है। इससे इन महत्वपूर्ण शहरों में सीजीडी नेटवर्क का तेजी से विस्तार होगा। आपकी कंपनी ने 31.03.2023 को सुल्तानपुर–झज्जर–हिसार पाइपलाइन (135 कि.मी.) भी चालू कर दी है और चौनसा–झज्जर–हिसार (सीजेएचपीएल) नेटवर्क पूरा कर लिया है। धामरा–अंगुल मेनलाइन के चालू होने के साथ, आपकी कंपनी ने एक अन्य गैस स्रोत को जेएचबीडीपीएल नेटवर्क से जोड़ दिया है, जिससे उड़ीसा राज्य में भारत के पूर्वी तट पर धामरा एलएनजी टर्मिनल से आरएलएनजी आपूर्ति सक्षम हो गई है।

आपकी कंपनी 729 कि.मी. लंबी बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन के




श्री हरदीप सिंह पुरी, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री गेल द्वारा वाराणसी में आयोजित सीएनजी बोट रैली, जो आईईडब्ल्यू 2023 का एक प्रारंभिक कार्यक्रम था, को संबोधित करते हुए

निर्माण के साथ भारत के उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में असम में गुवाहाटी तक जेएचबीडीपीएल परियोजना का विस्तार भी कर रही है। बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन का बिहार खंड 31.03.2023 से चालू हो गया है।

गुवाहाटी उत्तर पूर्वी गैस ग्रिड का प्रवेश द्वार है, जिसे गेल, आईओसीएल, ओएनजीसी, ओआईएल और एनआरएल के संयुक्त उद्यम मैसर्स इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है, जो पूर्वोत्तर भारत के आठों राज्यों को जोड़ने के लिए लगभग 1,656 कि.मी. लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों का कार्यान्वयन कर रहा है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी विभिन्न शहरों में सीएनजी और पीएनजी के रूप में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए ग्राहकों और नगर गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियों को अंतिम मील दूरी कनेक्टिविटी प्रदान करके देश में प्राकृतिक गैस की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष के दौरान, कंपनी ने सीजीडी भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) के लिए 30 हुक–अप कनेक्शन देने और ग्राहकों को 5 अंतिम मील दूरी कनेक्शन देने का कार्य पूरा कर लिया है। वर्ष के दौरान औद्योगिक ग्राहकों के लिए अंतिम मील कनेक्शन और प्राकृतिक गैस स्रोतों से 02 अनुबंध कनेक्टिविटी की गई। इसके अलावा, अन्य 6 औद्योगिक ग्राहकों और 40 सीजीडी भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) को कनेक्टिविटी प्रदान करने का कार्य भी चल रहा है।

आपकी कंपनी के प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत करने और इसे ~20000 कि.मी. तक बढ़ाने के लिए, आपकी कंपनी अन्य महत्वपूर्ण पाइपलाइन परियोजनाओं को भी क्रियान्वित कर रही है, जिसमें मुंबई–नागपुर–झारसुगुड़ा पाइपलाइन (1755 कि.मी.), श्रीकाकुलम–अंगुल पाइपलाइन (744 कि.मी.), तमिलनाडु राज्य में शेष कोच्चि–कुट्टनाड–बैंगलोर–मैंगलोर पाइपलाइन (केकेबीएमपीएल) (~294 कि.मी.), धामरा–हल्दिया पाइपलाइन (253 कि.मी.) और हरिद्वार–ऋषिकेश–देहरादून पाइपलाइन (50 कि.मी.) शामिल हैं। ये परियोजनाएं परियोजना कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

माननीय प्रधानमंत्री ने 12.11.2022 को श्रीकाकुलम–अंगुल पाइपलाइन की आधारशिला रखी।

पेट्रोरसायन व्यवसाय क्षेत्र के तहत, उसर, महाराष्ट्र में 500 केटीए प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन और पॉलीप्रोपाइलीन (पीडीएच–पीपी) परियोजना, और पाता, उत्तर प्रदेश में एक और 60 केटीए पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) परियोजना स्थापित की जा रही है। कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के माध्यम से, आपकी कंपनी की जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स, मैंगलोर के शुद्ध टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए) संयंत्र को अधिग्रहीत करने के सफल समाधान आवेदक के रूप में घोषणा की गई थी और इसके पुनरुद्धार की प्रक्रिया चल रही है।

### शेयरों की बायबैक

आपकी कंपनी ने प्रत्येक ₹ 10 के अंकित मूल्य पर (पूरी तरह से भुगतान की गई कुल संख्या का 1.28% दर्शाता है) 5,69,85,463 (पांच करोड़ उनहत्तर लाख पचासी हजार चार सौ तिरसठ) के पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों की ₹ 1082,72,37,970 (एक हजार बयासी करोड़ बहत्तर लाख सैंतीस हजार नौ सौ सत्तर रुपए) के कुल प्रतिफल के लिए नकद में देय प्रति इक्विटी शेयर ₹ 190 (एक सौ नब्बे रुपए मात्र) के मूल्य पर बायबैक की है जिसमें कर शामिल नहीं हैं। बायबैक की प्रक्रिया के बाद, कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी 21 जून, 2022 को ₹ 4,440.39 करोड़ से घटकर ₹ 4,383.40 करोड़ हो गई।

### भारत के राष्ट्रपति द्वारा विनिवेश

आपकी कंपनी भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित है। भारत सरकार ने शेयरों के बायबैक प्रस्ताव के तहत कंपनी के 2,62,03,384 इक्विटी शेयरों के लिए निविदा आमंत्रित की थी और उसे कंपनी ने वापस खरीद लिया। शेयरों की वापस खरीद के बाद, भारत सरकार की शेयरधारिता अब 2,25,83,86,698 इक्विटी शेयर है जो पहले के 51.45% की तुलना में 26.06.2022 को प्रदत्त शेयर पूंजी के 51.52% का प्रतिनिधित्व करती है।

### अधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि

26.08.2022 को आयोजित 38वीं एजीएम में शेयरधारकों की मंजूरी के अनुसार, कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी ₹ 5,000 करोड़ (पांच हजार करोड़ रुपए) से बढ़ाकर ₹ 10,000 करोड़ (दस हजार करोड़ रुपए) कर दी गई।

### शेयर जारी करना

सितंबर, 2022 में, आपकी कंपनी ने शेयरधारकों को रिकॉर्ड तारीख अर्थात् 07.09.2022 को रखे गए प्रत्येक ₹ 10 के दो इक्विटी शेयरों के लिए ₹ 10 के एक इक्विटी शेयर के अनुपात में बोनस शेयर जारी और आबंटित किए। परिणामस्वरूप, सामान्य आरक्षित निधि ₹ 2191.70 करोड को पूंजीकृत करके प्रदत्त इक्विटी पूंजी ₹ 4,383.40 करोड़ से बढ़कर ₹ 6,575.10 करोड़ हो गई है।

## लाभांश

आपकी कंपनी करे लगातार लाभांश देने वाली कंपनी होने पर गर्व है। निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष के दौरान ₹ 10 (प्रत्येक ₹ 4.00/– प्रति इक्विटी शेयर) के इक्विटी शेयरों पर 40% की दर से ₹ 2,630.04 करोड़ के अंतरिम लाभांश के भुगतान को मंजूरी दी थी। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए ₹ 10 प्रत्येक (₹ 1.00/– प्रति इक्विटी शेयर प्रत्येक) के इक्विटी शेयरों पर 10% की दर से अंतिम लाभांश के अलावा, अंतरिम लाभांश का भुगतान मार्च, 2023 में किया गया था, ₹ 438.34 करोड़ का भुगतान सितंबर, 2022 में किया गया था।

दावा न किए गए लाभांश का विवरण निगमित शासन रिपोर्ट खंड में शामिल है, जो बोर्ड की रिपोर्ट का हिस्सा है।

## कर्मचारी स्टॉक विकल्प (ईएसओपी)

आपकी कंपनी ने कोई कर्मचारी स्टॉक विकल्प प्रदान नहीं किया है, इसलिए कंपनी (शेयर पूंजी और डिबेंचर) नियम, 2014 के नियम 12(9) और नियम 16(4) के तहत ईएसओपी के संबंध में प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू नहीं होती।

## राजकोष में योगदान

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 में शुल्कों, करों और अन्य के माध्यम से राजकोष में ₹ 14,446 करोड़ का योगदान दिया है, जबकि वित्त वर्ष 2020–21 में यह ₹ 13,090 करोड़ था।

## कंपनी की क्रेडिट रेटिंग

- **घरेलू रेटिंग**

  आपकी कंपनी को आईसीआरए, केयर और इंडिया रेटिंग्स द्वारा स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'एएए' की उच्चतम घरेलू क्रेडिट रेटिंग बनाए रखी गई है। यह भारत में उच्चतम घरेलू दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग को दर्शाता है, और इसलिए, कंपनी के कम क्रेडिट जोखिम को दर्शाता है।

- **अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग**

  इंटरनेशनल रेटिंग एजेंसी, मूडीज इंटरनेशनल, सिंगापुर ने स्थिर आउटलुक के साथ 'बीएए3' की दीर्घकालिक कॉर्पोरेट इश्यूअर रेटिंग दी है जो भारत की सॉवरेन रेटिंग के बराबर है। इसके अलावा, फिच रेटिंग्स ने स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'बीबीबी–' की दीर्घकालिक जारीकर्ता रेटिंग दी है, जो भारत की सॉवरेन रेटिंग के बराबर है। इन दोनों अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों से पता चलता है कि आपकी कंपनी की रेटिंग अब भारत की सॉवरेन रेटिंग तक सीमित है और भारत की सॉवरेन रेटिंग में सुधार होने पर इसे अपग्रेड किया जा सकता है।

## ऋण पोर्टफोलियो प्रबंधन

कंपनी ने अपनी नकदी आवश्यकताओं को दीर्घकालिक और अल्पकालिक उधार लेकर तथा आंतरिक उपार्जन के विवेकपूर्ण निर्णय द्वारा प्रबंधित किया। इससे कंपनी को नियोजित पूंजीगत व्यय को प्रभावित किए बिना अपनी पूंजी की लागत को कम करने में मदद मिली। पूंजी की लागत को युक्तिसंगत बनाने के लिए, कंपनी ने पुराने ऋणों को कम ब्याज दरों पर पुनः वित्त–पोषित करने तथा प्रतिस्पर्धी दरों पर नया उधार लेने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ दीर्घकालिक और अल्पकालिक सुविधाओं के लिए अनुबंध करने के लिए प्रयास किए। इन उपायों से प्रभावी दीर्घकालिक उधार लागत में कमी आई है।

## ऋण, निवेश और कॉर्पोरेट गारंटी का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के तहत कवर किए गए निवेश, ऋण और गारंटियों का विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में प्रस्तुत वित्तीय विवरणों का हिस्सा है।

## सहायक/संबद्ध/संयुक्त उद्यम

आपकी कंपनी ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों जैसे नगर गैस वितरण (गेल गैस लिमिटेड, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड आदि), पेट्रोरसायन उत्पादन (ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड, ओएनजीसी पेट्रो–एडिशंस लिमिटेड), एलएनजी/पुनः गैसीकरण (कोंकण एलएनजी लिमिटेड, पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड), गैस ट्रेडिंग (गेल ग्लोबल (सिंगापुर) प्रा. लिमिटेड), और शेल गैस (गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक), एलएनजी सोर्सिंग (गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी) के लिए विभिन्न सहायक कंपनियों/संबद्ध/संयुक्त उद्यम कंपनियों का गठन किया है। संबंधित पक्षों के साथ अनुबंध या व्यवस्था/लेन–देन स्वतंत्र आधार पर और व्यापार के सामान्य तरीके के अनुरूप था।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपकी कंपनी ने मैसर्स मित्सुई ओ.एस.के. लाइन्स, लिमिटेड, टोक्यो, जापान से मैसर्स एलएनजी जैपोनिका शिपिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("जापोनिका") में 26% हिस्सेदारी हासिल कर ली है। "जैपोनिका" एलएनजी पोत "गेल भुवन" का संचालन करती है और आपकी कंपनी ने अमेरिका से एलएनजी शिपिंग के लिए जैपोनिका के साथ टाइम चार्टर पार्टी समझौते (टीसीपी) पर हस्ताक्षर किए हैं।

आपकी कंपनी लगातार गेल के साथ या विविध क्षेत्रों में तालमेल वाली कंपनियों के अधिग्रहण की तलाश में है। इक्विटी निवेश के अवसरों की नियमित आधार पर जांच की जाती है। ऐसा ही एक अवसर जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (जेबीएफ) का अधिग्रहण था, जो कर्नाटक राज्य में मैंगलोर विशेष आर्थिक क्षेत्र (एमएसईजेड) के भीतर 1.25 एमएमटीपीए शुद्ध टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए) संयंत्र की स्थापना के लिए 2008 में निगमित एक पेट्रोकेमिकल्स कंपनी थी।

वर्ष 2022 में, जेबीएफ के रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल ने दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 (आईबीसी) के प्रावधानों के अनुसार माननीय एनसीएलटी, अहमदाबाद बेंच के अनुमोदन के लिए गेल की समाधान योजना प्रस्तुत की। गेल की संकल्प योजना को 13.03.2023 को एनसीएलटी, अहमदाबाद द्वारा अनुमोदित किया गया था। संकल्प योजना के कार्यान्वयन के अनुसार, आपकी कंपनी ने 01.06.2023 को जेबीएफ में कुल संकल्प योजना राशि के लिए ₹ 2,101 करोड़ (इक्विटी – ₹ 625.00 करोड़ एवं ऋण – ₹ 1,476.00 करोड़) डाले। परिणामस्वरूप, 01.06.2023 से जेबीएफ आपकी कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई है।

सहायक कंपनियों/सहयोगियों/संयुक्त उद्यम कंपनियों ने आपकी कंपनी की व्यावसायिक विस्तार गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एक विवरण में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(3) के पहले प्रावधान के अनुसार आपकी कंपनी की सहायक कंपनियों, सहयोगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों की मुख्य विशेषताएं शामिल हैं, जिसमें कंपनी के समग्र प्रदर्शन के लिए इन कंपनियों के व्यक्तिगत योगदान भी शामिल हैं। इस अवधि के दौरान की जानकारी इस वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा बनने वाले समेकित वित्तीय विवरणों के अंतर्गत दी गई है।

वर्ष के दौरान किसी भी सहायक/संयुक्त उद्यम कंपनी में निवेश बंद नहीं हुआ।

## सतर्कता

आपकी कंपनी का कॉर्पोरेट सतर्कता विभाग आईएसओ–9001:2015 आईएसओ की आवश्यकताओं के अनुपालन में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली अपनाने के लिए प्रमाणित है।




सतर्कता आयुक्त श्री पी.के. श्रीवास्तव ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के अवसर पर गेल (इंडिया) लिमिटेड का ई–विजिलेंस पोर्टल लॉन्च किया। उन्होंने एक सतर्कता जागरूकता पत्रिका "जागरूक" और गेल की अद्यतन संविदा और खरीद प्रक्रिया भी जारी की।



वाराणसी में सीएनजी बोट रैली, जो आईईडब्ल्यू 2023 का एक प्रारंभिक कार्यक्रम था, के दौरान श्री हरदीप सिंह पुरी, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री, श्री पंकज जैन, सचिव, एमओपीएनजी, श्री संदीप कुमार गुप्ता, सीएमडी गेल, एमओपीएनजी और तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ

वर्ष के दौरान, अधिक पारदर्शिता, निष्पक्षता, दक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं जो प्रणालीगत सुधार लाने पर केंद्रित हैं। संविदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के लिए, विभिन्न गेल स्थानों पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किए गए और केंद्रीय सतर्कता आयोग के मार्गदर्शन में, 31 अक्तूबर से 6 नवंबर 2022 तक कॉर्पोरेट कार्यालय और साइट कार्यालयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2022 मनाया गया जिसका विषय था "भ्रष्टाचार मुक्त भारत – विकसित भारत"। वर्ष 2022–23 के दौरान सतर्कता मामलों का सारांश इस प्रकार है:

| शिकायत/विस्तृत जांच | प्रारंभिक शेष (01.04. 2022 तक) | वर्ष के दौरान प्राप्त | कुल | वर्ष के दौरान निस्तारण | 31.03.2023 को अंतिम शेष (जांच के अधीन) |
|---|---|---|---|---|---|
| शिकायतें | 25 | 93 | 118 | 98 | 20 |
| विस्तृत जांच | 1 | 11 | 12 | 9 | 3 |

### ग्राहक संबंध

ग्राहक निष्ठा और संतुष्टि आपकी कंपनी के व्यवसाय के केंद्र में है और इसके दीर्घकालिक विकास के लिए अत्यधिक आवश्यक है। गेल अपनी रणनीतियों की समीक्षा करता है, अपने दृष्टिकोण को फिर से परिभाषित करता है तथा बेहतर सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित व्यावसायिक पहल करता है। यह अपने ग्राहकों को स्थायी संबंध बनाने और बेहतर ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए व्यावसायिक संचालन के बारे में सूचित रखने में विश्वास रखता है।

### सूचना प्रणाली और प्रौद्योगिकी

भारत में प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला में एक अग्रणी कंपनी होने के नाते, आपकी कंपनी व्यवसाय विकास और नई खोज को बढ़ावा देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का लाभ उठाने के महत्व को पहचानती है। आपकी कंपनी ने उत्पादकता, दक्षता, ग्राहक अनुभव में सुधार और लागत कम करते हुए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ हासिल करने की दृष्टि से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी समाधानों को अपनाया है। आपकी कंपनी व्यवसाय वृद्धि का समर्थन करने और अपने हितधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने के लिए आईटी का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

आपकी कंपनी ने आईटी प्रणाली और डेटा को साइबर खतरों और हमलों से बचाने के लिए ठोस साइबर सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। इसमें उन्नत सुरक्षा सॉफ्टवेयर के साथ चौबीसों घंटे सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) का संचालन, नियमित सुरक्षा ऑडिट लागू करना तथा हमारे कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षण और जानकारी प्रदान करना शामिल है। आईटी डेटा केंद्र आईएसओ 27001:2013 प्रमाणित हैं।

### प्राथमिकता वर्ग का प्रतिनिधित्व

आपकी कंपनी अनुसूचित जातियों (अ.जा.), अनुसूचित जनजातियों (अ.ज. जा.), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए सीधी भर्ती में आरक्षण, छूट, रियायत आदि के संबंध में भारत सरकार की नीतियों और प्रक्रियाओं से संबंधित समय–समय पर जारी राष्ट्रपति के निर्देशों और अन्य निर्देशों/दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रही है।

31 मार्च, 2023 तक कर्मचारियों की कुल संख्या और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बेंचमार्क दिव्यांगजनों के प्रतिनिधित्व के संबंध में समूह–वार विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

| समूह | नामावली में कर्मचारियों की कुल संख्या | अ.जा. | अ.ज. जा. | ओबीसी | पी डब्ल्यू बीडी | सामान्य के अंतर्गत ईडब्ल्यू एस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | 3776 | 604 | 270 | 841 | 59 | 40 |
| बी | 308 | 34 | 19 | 98 | 7 | 0 |
| सी | 690 | 129 | 34 | 246 | 31 | 0 |
| डी | 43 | 12 | 5 | 12 | 0 | 0 |
| सीएमडी, पूर्णकालिक निदेशक और सीवीओ | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल योग (31.03.2023 तक)** | **4,823** | **779** | **328** | **1197** | **97** | **40** |
| **31.03.2022 को कुल कर्मचारियों की संख्या** | | | | | | |
| | 4,754 | 780 | 322 | 1,130 | 96 | 26 |

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान आपकी कंपनी में कुल 264 नए कर्मचारी शामिल हुए। 31 मार्च, 2023 तक कंपनी की कुल जनशक्ति 4823 (सीएमडी, पूर्णकालिक निदेशकों और सीवीओ सहित) थी, जिसमें से अनुसूचित जाति वर्ग के 16%, अनुसूचित जनजाति वर्ग के 7%, अन्य पिछड़ा वर्ग के 25%, अल्पसंख्यकों के 8% और बेंचमार्क दिव्यांग (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणी के 2: कर्मचारी शामिल थे। आपकी कंपनी के कार्यबल में 31 मार्च, 2023 तक 312 महिला कर्मचारी (अर्थात् इसके कुल कर्मचारियों का 6%) शामिल हैं। कंपनी की नौकरी छोड़ने की दर 0.97% है, जो इसके सुदृढ़ मानव पूंजी प्रबंधन का प्रमाण है।

### राजभाषा

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की निगरानी और समीक्षा करने के लिए कारपोरेट और कार्य केंद्र स्तर पर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां हर तिमाही में बैठक करती हैं।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 152 हिंदी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं जिनमें 3,119 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। भाषाई सद्भाव का प्रचार करने और कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में हिंदी के प्रगतिशील

उपयोग के लिए प्रेरित करने के लिए आपकी कंपनी में 14 से 29 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। 10 जनवरी, 2023 को गेल में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया।

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप–समिति ने राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा करने के लिए गेल मदनपुर खादर, मुंबई, वडोदरा, कोच्चि, हैदराबाद जोनल कार्यालय, वाराणसी, आबू रोड, नसीराबाद, लखनऊ जोनल और दिबियापुर का निरीक्षण किया।

आपकी कंपनी को राजभाषा के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन के लिए पेट्रोलियम राजभाषा शील्ड योजना के तहत वर्ष 2019–20 के लिए द्वितीय पुरस्कार और वर्ष 2021–22 के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार 25 नवंबर, 2022 को आयोजित पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के दौरान माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा प्रदान किए गए।

### कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न के संबंध में प्रकटीकरण

आपकी कंपनी ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण पर एक ठोस नीति लागू की है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के संबंध में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण निम्नानुसार हैः

| | | |
|---|---|---|
| क) | वित्तीय वर्ष की शुरुआत में लंबित शिकायतों की संख्या | शून्य |
| ख) | वित्तीय वर्ष के दौरान दायर शिकायतों की संख्या | शून्य |
| ग) | वित्तीय वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या | शून्य |
| घ) | वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या | शून्य |

### सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) से खरीद

आपकी कंपनी सामाजिक रूप से जिम्मेदार एक व्यावसायिक संगठन है तथा यह विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं को अपनी सार्वजनिक खरीद नीति (पीपीपी) के माध्यम से पर्याप्त अवसर प्रदान करती है। यह एमएसई को उचित अवसर देती है, तथा उन्हें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती है और सतत विकास में योगदान देती है।

एमएसई के लिए अपनी सार्वजनिक क्रय नीति (पीपीपी) को लागू करते समय, आपकी कंपनी निम्नलिखित आबंटन पर ध्यान केंद्रित करती हैः एमएसई से खरीद का 25%, अ.जा./अ.ज.जा. उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से 4% और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से 3%।

उक्त नीति के संदर्भ में, वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपकी कंपनी ने एमएसई से ₹ 1541 करोड़ की कुल खरीद की, जो लगभग ₹ 3415 करोड़ की वार्षिक खरीद के कुल पात्र मूल्य का लगभग 46.09% है। अ.जा./अ.ज.जा. उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से की गई खरीद ₹ 137 करोड़ है जो वार्षिक खरीद के कुल पात्र मूल्य का लगभग 4.01% है और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से ₹ 108 करोड़ है जो वार्षिक खरीद के कुल पात्र मूल्य का लगभग 3.61% है।

इसके अलावा, एमएसई के लिए 20 विक्रेता विकास कार्यक्रम (4 विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम/विशेष रूप से अ.जा./अ.ज.जा. और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई के लिए व्यावहारिक सत्र सहित) आयोजित किए गए थे।

आपकी कंपनी पहले से ही तीनों सेवा प्रदाताओं (अर्थात मैसर्स माईंड सॉल्यूशंस, मैसर्स ए टीआरईडीएस, और मैसर्स आरएक्सआईएल) के व्यापार प्राप्ति ई–छूट प्रणाली (टीआरईडीएस) पोर्टल पर पंजीकृत है और एमएसई विक्रेताओं को टीआरईडीएस के माध्यम से भुगतान भी कर रही है।

### सरकारी ई–मार्केटप्लेस (जेम) के माध्यम से खरीदः

सरकारी ई–मार्केटप्लेस (जेम) सरकार द्वारा संचालित ई–कॉमर्स पोर्टल है। यह विभिन्न सरकारी विभागों, संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की ऑनलाइन आसान खरीद करने और उसमें समर्थ बनाने के लिए वन–स्टॉप सुविधा है।

आपकी कंपनी के सभी कार्य केंद्र जेम पोर्टल पर पंजीकृत हैं और केवल जेम के माध्यम से पोर्टल पर उपलब्ध वस्तुओं और सेवाओं की खरीद करते हैं।

वित्त वर्ष 2022–23 में, गेल ने जेम के माध्यम से ₹ 2,541 करोड़ की खरीद की थी (जो कि वर्ष में कुल खरीद का 25% से अधिक है)।




गेल को कंपनी की गतिविधियों की समीक्षा के लिए अपने निगमित कार्यालय में माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा श्रम और रोजगार राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली की गरिमामयी उपस्थिति से गौरवान्वित महसूस हुआ।

### समझौता–ज्ञापन निष्पादन

आपकी कंपनी और उसके प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात् पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के बीच हर साल एक समझौता–ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाते हैं, ताकि उसमें निर्धारित लक्ष्यों के माध्यम से कंपनी के निष्पादन स्तर का जायजा लिया जा सके और उसे बढ़ाया जा सके। वित्त वर्ष 2022–23 के लिए भारत सरकार के सचिव (पीएंडएनजी) और गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के बीच एक समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए आपकी कंपनी के समझौता–ज्ञापन का मूल्यांकन किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए एमओयू का मूल्यांकन डीपीई द्वारा पूरा कर लिया गया है और गेल ने '94.45' अंक हासिल किए हैं, जो 'उत्कृष्ट' रेटिंग के अनुरूप है।

### सूचना का अधिकार

पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुरूप पूरी कंपनी में एक उपयुक्त तंत्र स्थापित किया गया है। आपकी कंपनी ने अपनी सभी यूनिटों/कार्यालयों में आरटीआई अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत नागरिकों को जानकारी प्रदान करने के लिए कॉर्पोरेट कार्यालय में 01 **केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) और 01 लिंक–सीपीआईओ/नोडल अधिकारी (ऑनलाइन आरटीआई), 58 सहायक सीपीआईओ** और 25 **प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों** को नामित किया है।

आपकी कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर आरटीआई दिशानिर्देश और संबंधित जानकारी होस्ट की है और इसे https://gailonline-com/RTI-html पर देखा जा सकता है। इसके अलावा, आरटीआई आवेदनों पर एमआईएस रिपोर्ट, रिकॉर्ड रखने की अनुसूची और नवीनतम आरटीआई लेखापरीक्षा रिपोर्ट को भी इसी लिंक के तहत वेब पर डाला गया है।

आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 4 के तहत स्वप्रेरणा से खुलासे के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, आपकी कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर एक समर्पित पेज होस्ट किया है, जिसके माध्यम से सार्वजनिक डोमेन में बड़ी मात्रा में जानकारी सक्रिय आधार पर रखी जाती है। ऐसा कामकाज को अधिक पारदर्शी बनाने और व्यक्तिगत आरटीआई आवेदन दाखिल करने की आवश्यकता को कम करने के लिए किया जा रहा है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी को जुलाई, 2016 से भारत सरकार–डीओपीटी ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है और तब से गेल ऑनलाइन मोड के माध्यम से भी जानकारी प्रदान कर रहा है। लगभग 85% आरटीआई आवेदन/प्रथम चरण की अपीलें ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्राप्त होती हैं। प्राप्त सभी आरटीआई आवेदनों (ऑनलाइन/भौतिक रूप से) पर आरटीआई अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है और तदनुसार निर्धारित समय–सीमा के भीतर जानकारी प्रदान की जाती है।

वित्त वर्ष 2022–23 के लिए, आपकी कंपनी के कॉर्पोरेट आरटीआई सेल में प्राप्त आरटीआई आवेदनों और प्रथम चरण की आरटीआई अपीलों के संबंध में निपटान दर 100% है। कुल 875 आरटीआई आवेदनों और 110 आरटीआई अपीलों का आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समय–सीमा के भीतर निपटारा किया गया। इसके अलावा, आरटीआई अपीलकर्ताओं द्वारा दायर दूसरी अपील के संबंध में वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान माननीय केंद्रीय सूचना आयोग से कोई जुर्माना/प्रतिकूल टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई थी।

### जोखिम प्रबंधन

जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन, पता लगाए गए प्रमुख जोखिमों और उनके उपशमन सहित जोखिम प्रबंधन गतिविधियों का विवरण प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण खंड में शामिल किया गया है, जो बोर्ड की रिपोर्ट का हिस्सा है।

### प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 34 और निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 7.5 के संदर्भ में, विस्तृत प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण इस रिपोर्ट का हिस्सा है जो **अनुलग्नक–क** के रूप में संलग्न है।

### निगमित शासन

आपकी कंपनी का मानना है कि अच्छा कॉर्पोरेट शासन एक सकारात्मक संगठनात्मक संस्कृति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे हमारे हितधारकों के प्रति जिम्मेदारी, जवाबदेही, निरंतरता, निष्पक्षता और पारदर्शिता के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है। सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार, निगमित शासन पर एक रिपोर्ट इस रिपोर्ट का हिस्सा है जो **अनुलग्नक–ख** के रूप में संलग्न है।

बोर्ड की बैठकों और संरचना, विचारार्थ विषयों सहित बोर्ड की सांविधिक समितियों, निदेशकों की नियुक्ति पर कंपनी की नीति और उनके पारिश्रमिक, कंपनी में उनकी शेयरधारिता, व्हिसल ब्लोअर प्रणाली की स्थापना का विवरण, वार्षिक आम बैठक से संबंधित विवरण, घोषित लाभांश से संबंधित सूचना, आईईपीएफ विवरण और अन्य मामलों का ब्यौरा, आदि निगमित शासन पर रिपोर्ट में इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

विनियामकों या अदालतों या अधिकरणों द्वारा भविष्य में आपकी कंपनी के बने रहने की स्थिति और संचालन को प्रभावित करने के संबंध में कोई महत्वपूर्ण और भौतिक आदेश पारित नहीं किया गया है।

कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने सेबी (एलओडीआर) विनियमों, 2015 और निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों में शामिल शर्तों के संबंध में आपकी कंपनी के अनुपालन की जांच की है और उसे प्रमाणित किया है। प्रमाण–पत्र इस रिपोर्ट का हिस्सा है जो **अनुलग्नक–ग** के रूप में संलग्न है।

### व्यापार उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट

सेबी (एलओडीआर) विनियमों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022–23 के लिए, आपकी कंपनी से व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट के स्थान पर एक व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। आपकी कंपनी ने पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन के दृष्टिकोण से कंपनी द्वारा की गई पहलों का वर्णन करते हुए व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट (बीआरएसआर) को अपनाया है और यह वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है।

### बैंकों की बैठक

### लेखा परीक्षक और लेखापरीक्षा रिपोर्ट

1. **सांविधिक लेखा परीक्षक**

   आपकी कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा की जाती है। मैसर्स ए.आर. एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, नई दिल्ली और मैसर्स गांधी मिनोचा एंड कंपनी को वित्त वर्ष 2022–23 के लिए आपकी कंपनी के संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था।

   सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में उल्लिखित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियाँ स्व–व्याख्यात्मक हैं। वित्त वर्ष 2022–23 के लिए सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा वित्तीय विवरणों पर कोई योग्यता नहीं है।

   **भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सी एंड एजी) लेखापरीक्षा**

   **वित्तीय विवरणों की पूरक लेखापरीक्षाः** 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों पर सीएंडएजी की समीक्षा और टिप्पणियाँ, यदि कोई हो, वित्तीय विवरणों का हिस्सा हैं।




श्री आर.के. जैन, निदेशक (वित्त), गेल बैंकों की बैठक को संबोधित करते हुए

   **अन्य लेखापरीक्षा से सीएंडएजी पैराः** ऊपर उल्लिखित वित्तीय विवरणों की पूरक लेखापरीक्षा के अलावा, सीएंडएजी विभिन्न प्रकार की लेखापरीक्षा आयोजित करता है। 31 मार्च 2023 तक, सीएंडएजी लेखापरीक्षा से संबंधित चौदह प्रकाशित पैरा लंबित हैं, जिनमें ठहराव राहत का अनियमित भुगतान, कर्मचारी को अनुलाभों पर आयकर का अनियमित भुगतान, निजी बिजली उत्पादकों को दिया गया लाभ, आरआईएल से गैर–वसूली, परित्यक्त ब्लॉक, अर्ध वेतन/रुग्ण छुट्टी/अर्जित छुट्टी के नकदीकरण के लिए अनियमित भुगतान,

अवकाश नकदीकरण पर ईपीएफ योगदान के नियोक्ता के भाग के लिए अनियमित भुगतान, पेट्रोकेमिकल उत्पादन और परियोजना प्रबंधन, तेल और गैस ट्रांसमिशन पाइपलाइनों की सुरक्षा तैयारी, अपने कर्मचारियों को विशेष मौद्रिक प्रशंसा, शिफ्ट भत्ते के रूप में अधिकारियों को प्रदान किया गया लाभ, ईएंडपी से संबंधित न्यूनतम कार्य कार्यक्रम को पूरा करने में देरी, ओएंडएम दिशानिर्देशों का अनुपालन न करने के कारण निष्फल व्यय, वाहनों के संचालन और रखरखाव के खर्च के भुगतान के रूप में अधिकारियों को लाभ शामिल हैं। इन पैराओं के उत्तर प्रस्तुत कर दिए गए हैं और समय–समय पर स्थिति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जा रही है।

**2. लागत लेखापरीक्षक**

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 के लिए छह लागत लेखा परीक्षक नियुक्त किए हैं:

| क्र.सं. | लागत लेखा परीक्षक का नाम | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | मैसर्स आर.जे. गोयल एंड कंपनी, नई दिल्ली | उत्तरी क्षेत्र–। |
| 2 | मैसर्स चंद्रा वाधवा एंड कंपनी, नई दिल्ली | उत्तरी क्षेत्र–।। |
| 3 | मैसर्स शोम एंड बनर्जी, कोलकाता | मध्य क्षेत्र |
| 4 | मैसर्स ए.बी.के. एंड एसोसिएट्स, मुंबई | पश्चिमी क्षेत्र |
| 5 | मैसस धनंजय वी. जोशी एंड एसोसिएट्स, पुणे | दक्षिणी क्षेत्र |
| 6 | मैसस मणि एंड कंपनी, कोलकाता | पूर्वी क्षेत्र |

मैसर्स आर.जे. गोयल एंड कंपनी, नई दिल्ली प्रमुख लागत लेखा परीक्षक हैं।

आपकी कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप–धारा (1) के तहत केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट कंपनी (लागत रिकॉर्ड एवं लेखापरीक्षा) नियम, 2014 के तहत निर्धारित लागत लेखा रिकॉर्ड बनाए रख रही है।

प्रमुख लागत लेखापरीक्षक द्वारा लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट निर्धारित समय के भीतर निर्धारित प्रपत्र में केंद्र सरकार को दाखिल की जाती है। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए लागत लेखा परीक्षकों द्वारा लागत रिकॉर्ड में कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट कंपनी (लागत रिकॉर्ड और लेखापरीक्षा) नियम, 2014 के तहत निर्धारित समय अवधि के भीतर दाखिल की जाएगी।

**3. आंतरिक लेखापरीक्षक**

आपकी कंपनी में एक आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है, जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक द्वारा की जाती है। आपकी कंपनी ने चयनित साइटों के आंतरिक लेखापरीक्षा को भी आउटसोर्स किया था और प्रत्येक क्षेत्र के लिए वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान चार आंतरिक लेखापरीक्षा फर्म नियुक्त की थीं। आंतरिक लेखापरीक्षा फर्म का विवरण इस प्रकार है:–

| क्र.सं. | आंतरिक लेखा परीक्षक का नाम | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | मैसर्स जी एस माथुर एंड कंपनी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स | उत्तरी |
| 2 | मैसस निरंजन एंड नारायण, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स | दक्षिणी |
| 3 | मैसस बंदोपाध्याय भौमिक एंड कंपनी कॉस्ट अकाउंटेंट्स | पूर्वी |
| 4 | मैसस के जी सोमानी एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स | पश्चिमी |

**4. सचिवीय लेखापरीक्षक**

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए मैसर्स अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स को सचिवीय लेखापरीक्षक नियुक्त किया है। कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (एलओडीआर) विनियम और अन्य लागू कानूनों के प्रावधानों के लिए कंपनी सचिव द्वारा अनुपालन की पुष्टि करने वाली सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट, इस रिपोर्ट का हिस्सा है जो **अनुलग्नक–घ** के रूप में संलग्न है।

सचिवीय लेखापरीक्षक ने टिप्पणी की है कि गेल अंतिम लाभांश पर विचार के लिए 27.05.2022 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक के बारे में पूर्व सूचना के संबंध में स्टॉक एक्सचेंजों को नोटिस के लिए बहुत कम समय दे रहा है।

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट में की गई टिप्पणियों पर आपकी कंपनी की वास्तविक प्रतिक्रिया इस प्रकार थी:

वित्त वर्ष 2021–22 के लिए, गेल पहले से ही निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के पूंजी पुनर्गठन पर दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रहा था क्योंकि कंपनी ने पहले अंतरिम लाभांश (₹ 4 प्रति शेयर की दर से) और दूसरे अंतरिम लाभांष (₹ 5 प्रति शेयर की दर से) का भुगतान क्रमशः दिसंबर, 2021 और मार्च, 2022 में पहले ही कर दिया था। हालाँकि, चौथी तिमाही निष्पादन के आधार पर, 26.05.2022 को प्रबंधन द्वारा यह उचित माना गया कि शेयरध ाारकों के लाभ के लिए अंतिम लाभांश पर विचार करने के मामले को 27.05.2022 के लिए निर्धारित प्रस्तावित 441वीं बोर्ड बैठक में रखा जाए। तदनुसार, 27.05.2022 को होने वाली 441वीं बोर्ड बैठक में अंतिम लाभांश पर विचार के संबंध में सूचना 26 मई, 2022 को स्टॉक एक्सचेंजों को भेजी गई थी। कंपनी ने ऐसे गैर–अनुपालन के कारण स्टॉक एक्सचेंजों से दिनांक 16.06.2022 के पत्र के माध्यम से लगाए गए जुर्माने की छूट के लिए अनुरोध किया था। तथापि, एनएसई ने जुर्माने की माफी के लिए गेल के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया, जिसे दिनांक 01.06.2023 के पत्र के माध्यम से सूचित किया गया था और तदनुसार, 07.06.2023 को एनएसई को जुर्माना जमा कर दिया गया था। बीएसई से उत्तर की प्रतीक्षा है.

कंपनी ऊपर उल्लिखित को छोड़कर वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान सेबी (एलओडीआर) विनियमों और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनिवार्य आवश्यकताओं का पूरी तरह से अनुपालन कर रही थी।

## निदेशकों का निष्पादन मूल्यांकन

आपकी कंपनी एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है और स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी निदेशकों की नियुक्ति/नामांकन भारत के राष्ट्रपति द्वारा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से किया जा रहा है। इसलिए, स्वतंत्र निदेशकों सहित व्यक्तिगत निदेशकों का निष्पादन मूल्यांकन भारत सरकार द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी होने के नाते किया जा रहा है।

## निगमित सामाजिक जिम्मेदारी

आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि अपने हितधारकों के विकास में निर्णायक भूमिका निभाने की दिशा में प्रतिबद्धता समाज के वंचित वर्गों के उत्थान से जुड़ी है, जो अपने संचालन के क्षेत्रों में और उसके आसपास रहते हैं। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के सिद्धांत आपकी कंपनी की कॉर्पोरेट संस्कृति में गहराई से अपनाए गए हैं। प्रयासों को बढ़ाने के लिए, कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्षों के अतिरिक्त व्यय को समायोजित करने के बाद पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का ₹ 99.1 करोड़ अर्थात् 2.18% खर्च किया है।

कंपनी (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के तहत अपेक्षित सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट **अनुलग्नक–ड़** में प्रस्तुत की गई है।

आपकी कंपनी की सीएसआर नीति कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/CSRPolicy.html पर भी उपलब्ध है।

## ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण, और विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(ड) की आवश्यकता के अनुसार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी अपनाने के संरक्षण और विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय का विवरण **अनुलग्नक–च** में दिया गया है जो बोर्ड की रिपोर्ट का हिस्सा है।

गेल द्वारा सीबीडीटी के साथ अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते पर हस्ताक्षर



गेल ने सीबीडीटी के साथ मूल्य निर्धारण करार पर हस्ताक्षर किए।

### संबंधित पक्षों के साथ अनुबंध या व्यवस्थाओं का विवरण

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(ज) की आवश्यकता के अनुसार, कंपनी अधिनियम नियम, 2013 की धारा 188(1) में उल्लिखित संबंधित पक्षों के साथ अनुबंधों या व्यवस्थाओं का विवरण निर्धारित प्रपत्र एओसी–2 में **अनुलग्नक–छ** के रूप में संलग्न है।

आपकी कंपनी ने संबंधित पार्टी लेनदेन से निपटने के लिए एक नीति तैयार की है और इसे आपकी कंपनी की वेबसाइट *http://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILRelatedPartyTransactionPolicyMarch2022.pdf* पर होस्ट किया है।

### कर्मचारियों का विवरण

भारत सरकार के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा 5 जून, 2015 की अधिसूचना के अनुसार, सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधानों का पालन करने से छूट दी गई है। चूंकि आपकी कंपनी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए बोर्ड की रिपोर्ट के भाग के रूप में ऐसे विवरणों को शामिल नहीं किया गया है।

### वार्षिक विवरणी

वार्षिक विवरणी को अपनी कंपनी की वेबसाइट *https://gailonline.com/IZAnnualReports.html* पर होस्ट किया गया है।

### लाभांश वितरण नीति

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 43क के अनुसार, आपकी कंपनी ने एक लाभांश वितरण नीति तैयार की है। लाभांश का भुगतान कंपनी की लाभांश वितरण नीति के अनुसार किया जाता है।

कंपनी की लाभांश वितरण नीति कंपनी की वेबसाइट *http://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAIL%20Dividend%20Distribution%20Policy.pdf* पर उपलब्ध है।

### डिपोजिट स्वीकार करना

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान कोई डिपोजिट स्वीकार नहीं किया है।

### निधियां जुटाना

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपकी कंपनी ने 20 दिसंबर, 2022 को निजी प्लेसमेंट के आधार पर ₹ 10,00,000/– (दस लाख रुपए) के 7.34% के 15,750 वरिष्ठ, असुरक्षित, सूचीबद्ध, रेटेड, कर योग्य, गैर–संचयी, प्रतिदेय, गैर–परिवर्तनीय डिबेंचर (श्रृंखला– I) जारी किए थे जो प्रत्येक कुल मिलाकर ₹ 1575,00,00,000 (एक हजार पांच सौ पचहत्तर करोड़ रुपए) थे (आईएसआईएन – आईएनई129ए0801)। इन्हें नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के साथ–साथ बीएसई लिमिटेड (बीएसई) दोनों पर सूचीबद्ध किया गया है।

### विदेशी मुद्रा आय और व्यय

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान विदेशी मुद्रा प्रवाह 28,136.38 करोड़ रुपए और विदेशी मुद्रा बहिर्गमन 69,228.61 करोड़ रुपए रहा।

### निदेशक मंडल और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

01 अप्रैल 2022 से आपकी कंपनी के निदेशक मंडल/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं:

**नियुक्तियाँ:**

- श्री संदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (03.10.2022 से)
- श्री आयुष गुप्ता, निदेशक (मानव संसाधन) (22.08.2022 से)
- श्री महेश कुमार अग्रवाल, कंपनी सचिव (27.08.2022 से)
- श्री प्रवीण मल खनूजा, सरकार द्वारा नामित निदेशक (16.05.2023 से)
- श्री कुशाग्र मित्तल, सरकार द्वारा नामित निदेशक (16.05.2023 से)
- श्री संजय कुमार, निदेशक (विपणन) (15.06.2023 से)

**कार्यकाल समाप्तिः**

- श्री ई. एस. रंगनाथन, निदेशक (11.08.2022 तक)
- श्री ए.के. झा, कंपनी सचिव (26.08.2022 तक)
- श्री मनोज जैन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (31.08.2022 तक)
- डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, सरकार द्वारा नामित निदेशक (18.04.2023 तक)

बोर्ड निवर्तमान निदेशकों द्वारा कंपनी के साथ उनकी संबद्धता के दौरान दी गई मूल्यवान सेवाओं के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

### स्वतंत्र निदेशकों की घोषणा

कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) तथा सेबी (एलओडीआर)

विनियम, 2015 के विनियम 25(8) के अनुसार स्वतंत्र निदेशक से यह पुष्टि करते हुए आवश्यक घोषणा प्राप्त हुई है कि:

- ये अधिनियम की धारा 149(6) तथा सेबी (एलओडीआर) विनियम के विनियम 16(1)(ख) में निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं।
- उन्होंने कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के तहत भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान द्वारा रखे गए स्वतंत्र निदेशकों के डेटा बेस के साथ पंजीकरण कराया है।

## स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम

स्वतंत्र निदेशकों के प्रशिक्षण / परिचय कार्यक्रम का विवरण कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILfamiliarizationprogram23032022.pdf पर उपलब्ध हैं।

## आचार संहिता

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों की आवश्यकताओं के अनुसार, बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

## दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016

दिवाला और दिवालियापन संहिता के तहत कोई आवेदन नहीं किया गया है; इसलिए वित्तीय वर्ष के अंत में उनकी स्थिति के साथ–साथ वर्ष के दौरान दिवालिया और दिवालियापन संहिता, 2016 (2016 का 31) के तहत किए गए आवेदन या किसी भी कार्यवाही के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता लागू नहीं है।

## निदेशक उत्तरदायित्व वक्तव्य

आपके निदेशक इस बात की पुष्टि करते हैं कि उन्होंने:

i) 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखाओं की तैयारी में सामग्री विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ–साथ लागू लेखांकन मानकों का पालन किया है;

ii) ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया और उन्हें लगातार लागू किया तथा ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए जो वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति और समीक्षाधीन वर्ष के लिए कंपनी के लाभ का एक वास्तविक और उचित दृष्टिकोण देने के लिए उचित और विवेकपूर्ण हैं;

iii) कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकार्डों के रखरखाव हेतु उचित और पर्याप्त सावधानी बरती गई;

iv) 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखाओं को भविष्य में सतत रूप से बने रहने वाली कंपनी के आधार पर तैयार किया;

v) सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की गईं और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त थीं और प्रभावी ढंग से काम कर रही थीं; और

vi) कंपनी द्वारा अपनाए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए गए और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं।

## आभार

आपके निदेशक भारत सरकार, विशेषकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, विभिन्न राज्य सरकारों, विनियामक और सांविधिक प्राधिकारियों से प्राप्त सहायता, मार्गदर्शन और सहायता के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।

आपके निदेशक भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक और लेखा परीक्षकों से प्राप्त रचनात्मक सुझावों को स्वीकार करते हैं, और उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए आभारी हैं।

आपके निदेशक सभी शेयर मालिकों, व्यापार भागीदारों और गेल परिवार के सदस्यों को आपकी कंपनी में उनकी आस्था, भरोसे और विश्वास को बनाए रखने के लिए भी धन्यवाद देते हैं।

हमने जो कुछ हासिल किया है, वह आपकी कंपनी के कर्मचारियों के अथक और संगठित प्रयासों के बिना संभव नहीं होता; हम उनकी प्रतिबद्धता के लिए तहे दिल से सराहना करते हैं।

आपके निदेशक निवर्तमान बोर्ड सदस्यों से प्राप्त सहायता, मार्गदर्शन और समर्थन के लिए भी अपना आभार व्यक्त करते हैं।

आपके निदेशक और कर्मचारी विश्वास के साथ भविष्य के लिए तैयार हैं और सभी हितधारकों के लिए परस्पर बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में प्रतिबद्ध हैं।

कृते बोर्ड की ओर से

हस्ता. / –
**संदीप कुमार गुप्ता**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएनः 07570165)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 10.07.2023



**गेल, विजयपुर में कच्चे पानी का जलाशय टैंक**



गुजरात में गैस प्रोसेसिंग संयंत्र का दृश्य

# प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण



**अनुलग्नक–क**

# प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

## 1. उद्योग संरचना और विकास

### क. वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र

वित्त वर्ष 2022–23 में ऊर्जा क्षेत्र उथल–पुथल भरे दौर से गुजरा है। जबकि वैश्विक ऊर्जा बाजार पहले से ही कोविड–19 से उम्मीद से अधिक तेजी से आर्थिक सुधार के कारण आपूर्ति बाधाओं का सामना कर रहा था, यूरोप में भू–राजनीतिक संघर्ष ने अन्य कारकों के साथ, ऊर्जा आपूर्ति, मूल्य अस्थिरता को लेकर और अनिश्चितताओं को जन्म दिया और ऊर्जा की कीमतें बढ़कर नई ऊंचाइयों पर पहुंच गईं।

2021 में वैश्विक गैस की कीमतें उथल–पुथल भरी रहीं, साल की शुरुआत और अंत में कीमतों में बढ़ोतरी हुई। भू–राजनीतिक संघर्ष के कारण 2022 की शुरुआत में गैस की कीमतों में वृद्धि जारी रही। यूरोप में रूसी गैस निर्यात के संबंध में अनिश्चितता ने यूरोपीय कीमतों को नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा दिया। जेकेएम, टीटीएफ, एचएच आदि जैसे सभी गैस सूचकांकों में 2022 के दौरान कीमतों में अस्थिरता देखी गई थी और वित्त वर्ष 2023 की आखिरी तिमाही के दौरान कीमतों में नरमी आई थी।




वर्ष की पहली छमाही के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि मुख्य रूप से चल रहे भू–राजनीतिक संघर्ष के कारण आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण हुई। संभावित आर्थिक मंदी के कारण मांग में कमी की चिंताओं के कारण आम तौर पर बाद की छमाही में कीमतें कम हो गईं। इसके अलावा, चीन में गंभीर कोविड–19 रोकथाम उपायों ने भी वैश्विक पेट्रोलियम मांग को कम करने में योगदान दिया जिससे कीमतों में कमी आई।

वैश्विक ऊर्जा नीतियों पर हाल की चर्चाओं में कार्बन को हटाने और कम करने के महत्व और नेट जीरो लक्ष्यों की ओर परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पिछले वर्ष की घटनाओं ने, विशेष रूप से ऊर्जा क्षेत्र में, सभी हितधारकों को एक सबक सिखाया कि ऊर्जा परिवर्तन को संतुलित ऊर्जा समीकरण के सभी तीन घटकों अर्थात् सुरक्षा, सामर्थ्य और स्थिरता को ध्यान में रखना चाहिए। एक स्थायी ऊर्जा परिवर्तन की सफलता में उपरोक्त सभी तत्वों पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

कॉप–26 (पार्टियों का सम्मेलन) के बाद, दुनिया भर की सरकारें नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, ब्लयू और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं, कार्बन अवशोषक उपयोगिता और भंडारण (सीसीयूएस), आदि जैसी विभिन्न कम कार्बन ऊर्जा प्रणालियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में काम कर रही हैं। विश्व ऊर्जा 2023 पर बीपी दृष्टिकोण के अनुसार, वैश्विक ऊर्जा के भविष्य में चार प्रमुख रुझानों का प्रभुत्व होगाः हाइड्रोकार्बन की घटती भूमिका, नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से विस्तार, विद्युतीकरण में वृद्धि, और कम कार्बन वाले हाइड्रोजन का बढ़ता उपयोग। नवीकरणीय ऊर्जा का तेजी से विस्तार होगा, जिससे जीवाश्म ईंधन की घटती भूमिका की भरपाई होगी, जो ऊर्जा प्रणाली के निरंतर विद्युतीकरण पर आधारित है। ऊर्जा प्रणाली में कार्बन को हटाने या कम करने को अनिवार्य उद्योगों में कम–कार्बन हाइड्रोजन के बढ़ते उपयोग से भी समर्थन मिलेगा। सबसे स्वच्छ जीवाश्म ईंधन होने के नाते प्राकृतिक गैस सहायक बनकर ईंधन के रूप में ऊर्जा परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी। प्राकृतिक गैस सीमित मात्रा में पूंजी के इस्तेमाल और उत्सर्जन पर महत्वपूर्ण प्रभाव के साथ स्वच्छ, किफायती ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा कर सकती है।

### ख. वैश्विक गैस क्षेत्र

पिछला वर्ष वैश्विक प्राकृतिक गैस बाजार के लिए एक चुनौतीपूर्ण चरण रहा है। भू–राजनीतिक संकट ने अभूतपूर्व आपूर्ति दबाव डाला जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हो गया। नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन में व्यवधान सहित रूस की गैस पाइपलाइन में कटौती का असर यूरोप से परे गैस उपभोक्ताओं पर भी पड़ा, जिससे हाजिर कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई। इसके बावजूद, नीतिगत उपायों के संयोजन, तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के रिकॉर्ड प्रवाह और खपत में तेज गिरावट के कारण, अधिकांश यूरोपीय देश अपनी गैस सूची को आवश्यक स्तर से काफी अधिक भरने में सक्षम रहे।

वित्तीय वर्ष 2022–23 में वैश्विक प्राकृतिक गैस की कीमतें बहुत अस्थिर रही हैं और इसमें व्यापक वृद्धि और गिरावट देखी गई है। पहली छमाही में बाजार में भारी उतार–चढ़ाव रहा, जो मुख्य रूप से यूरोपीय बाजारों के अस्थिर होने के कारण था। विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त 2022 में अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद यूरोपीय गैस की कीमत 70% से अधिक गिर गई है और अमेरिका में कीमतें 18 महीने के निचले स्तर पर आ गई हैं, जो पिछले से एक वर्ष में बड़ा बदलाव है। जापान में, बेंचमार्क सितंबर 2022 में अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया। बेमौसम गर्म मौसम, बेहतर ऊर्जा दक्षता और गैस की खपत में व्यावहारिक परिवर्तन गिरावट के मुख्य कारण थे।

पिछले वर्ष भू–राजनीतिक संघर्ष के कारण उत्पन्न प्राकृतिक गैस संकट के कारण बाजार में कई समायोजन हुए हैं। एलएनजी व्यापार ने 2022 में एक दिशात्मक बदलाव किया क्योंकि एलएनजी के लिए यूरोपीय संघ की मांग रूसी पाइपलाइन आयात को बदलने के लिए बढ़ी और उच्च यूरोपीय कीमतों के बीच, वैश्विक एलएनजी व्यापार को यूरोप में पुनः व्यवस्थित किया गया। यूरोप द्वारा बढ़ी हुई एलएनजी खरीद के कारण बाजार सिकुड़ गया और विभिन्न आयातक देशों, विशेषकर विकासशील एशियाई देशों में मांग समाप्त हो गई। इस घटना ने दीर्घावधि अनुबंधों जैसी पारंपरिक सुविधाओं की वापसी के साथ एलएनजी अनुबंध व्यवहार को प्रभावित किया है।

यूक्रेन में भू–राजनीतिक संघर्ष, यूरोपीय संघ के देशों को गैस आपूर्ति में कमी और नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन में व्यवधान के कारण रूसी पाइपलाइन गैस निर्यात में पर्याप्त रूप से कमी आई है। यूरोपीय संघ पहले से ही ऐसे परिदृश्य में रूसी गैस पर अपनी निर्भरता कम करने की योजना पर काम कर रहा है। रूस और प्रमुख यूरोपीय आयातकों के बीच गैस आपूर्ति फिर से शुरू होने की संभावना बहुत कम लगती है। हालाँकि, रूस वैश्विक गैस बाजारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहेगा। मौजूदा बाजार की अस्थिरता को देखते हुए, रूस विभिन्न विकल्पों के माध्यम से गैर–यूरोपीय देशों में गैस की बिक्री बढ़ाने का लक्ष्य रखेगा जैसेः एशिया में पाइपलाइन के माध्यम से गैस की बिक्री बढ़ाना (पावर साइबेरिया 1 और 2), तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) निर्यात में वृद्धि, बिचौलियों (जैसे तुर्की) के माध्यम से घरेलू वृद्धि उपयोग और निर्यात में वृद्धि।

[1] https://blogs.worldbank.org/opendata/bubble-trouble-whats-behind-highs-and-lows-natural-gas-markets

[2] https://www.iea.org/reports/gas-market-report-q4-2022



गेल रणनीति समीक्षा बैठक के प्रतिभागी

आईईए गैस बाजार रिपोर्ट 2023 की दूसरी तिमाही के अनुसार, एशिया प्रशांत क्षेत्र से अधिक मांग आने के साथ, 2023 में वैश्विक गैस मांग स्थिर रहने की उम्मीद है। एशियाई गैस की मांग में 3% की वृद्धि का अनुमान है, जिसमें चीन और भारत मुख्य चालक होंगे।

## ग. भारत ऊर्जा क्षेत्र

दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में, भारत ऊर्जा प्राप्त करने, शहरीकरण और आय के बढ़ते स्तर में वृद्धि के कारण ऊर्जा खपत में भी ठोस वृद्धि की संभावना देख रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा खपत वाला देश है तथा आईईए और बीपी जैसी सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां अगले दो दशकों में ऊर्जा खपत में निरंतर और वृद्धि की भविष्यवाणी कर रही हैं।

विश्व ऊर्जा की बीपी सांख्यिकीय समीक्षा–2022 के अनुसार, भारत की कुल प्राथमिक ऊर्जा खपत 2020 के स्तर से 10% बढ़कर 2021 में 992 बीसीएम हो गई। तेल, गैस और कोयले से ऊर्जा खपत का संयुक्त हिस्सा 90% (कोयला–56.7%, तेल–26.5%, गैस–6.3%) था। नवीकरणीय, जलविद्युत और परमाणु ने अन्य 10% का योगदान दिया। इसके अलावा, प्राकृतिक गैस की खपत बढ़कर 62 बीसीएम (3% की वृद्धि) हो गई। हालाँकि, समग्र ऊर्जा बास्केट में वृद्धि के कारण प्राथमिक ऊर्जा में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 6.8% से घटकर 6.3% हो गई।

देश में बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए, भारत को ऊर्जा के सभी रूपों अर्थात् जीवाश्म ईंधन और कम कार्बन उत्सर्जन वाले ईंधन दोनों को अपनाने की आवश्यकता होगी। भारत की आर्थिक वृद्धि का उसकी ऊर्जा मांग से गहरा संबंध है, इसलिए, तेल और गैस की आवश्यकता के और बढ़ने का अनुमान है, जिससे यह क्षेत्र निवेश के लिए काफी अनुकूल हो जाएगा। बढ़ते बुनियादी ढांचे और सहायक पर्यावरण नीतियों के कारण प्राकृतिक गैस की खपत के लिए भारत का मध्यमावधि दृष्टिकोण ठोस बना हुआ है।

भारत प्राकृतिक गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन क्षेत्रों, हाइड्रोजन आदि में निवेश करके अपनी ऊर्जा बॉस्केट को विविध बना रहा है। सरकार ने बुनियादी ढांचे में निवेश को बढ़ावा देने, प्राथमिक ऊर्जा में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने और हाइड्रोकार्बन के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नीतियों और उदारीकरण के लिए विभिन्न नीतिगत उपाय लागू किए हैं। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक वाहनों और किफायती भंडारण प्रौद्योगिकियों को व्यापक रूप से अपनाने से आने वाले समय में ऊर्जा परिदृश्य बदल जाएगा।

## घ. भारत गैस क्षेत्र विकास

प्राकृतिक गैस ग्रिड विकसित करने के उद्देश्य से देश के हर हिस्से को जोड़ने के लिए परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) जैसे प्राकृतिक गैस बुनियादी ढांचे का विकास, देश भर में सीजीडी भौगोलिक क्षेत्र का विकास, पूर्वी तट में गैस की खोज, उत्पादन गतिविधियों में तेजी लाना आदि गैस बाजार को सकारात्मक संकेत देते हैं। सहायक नीतियों और पहलों के साथ, भारत सरकार गैस आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रही है।

6 से 8 फरवरी, 2023 तक बेंगलुरु में आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 21वीं सदी की दुनिया के भविष्य की दिशा निर्धारित करने में ऊर्जा क्षेत्र की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने चार प्रमुख क्षेत्रों के तहत ऊर्जा क्षेत्र की रणनीति पर मार्गदर्शन प्रदान किया – घरेलू अन्वेषण और उत्पादन बढ़ाना, आपूर्ति में विविधता लाना, जैव ईंधन, इथेनॉल, कंप्रेस्ड बायोगैस और सौर जैसे ईंधन का विस्तार और इलेक्ट्रिक वाहनों और हाइड्रोजन के माध्यम से कार्बन को हटाना या कम करना। माननीय प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार 2030 तक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की खपत को 6% से बढ़ाकर 15% करने के लिए मिशन मोड पर काम कर रही है, जहां 'एक राष्ट्र एक ग्रिड' के तहत सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे प्रदान किए जाएंगे।

विनियामक मोर्चे पर, भारत में गैस के उपयोग को आगे बढ़ाने और एक सुदृढ़ गैस–आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा कई पहल की गई हैं। पीएनजीआरबी ने "एक राष्ट्र, एक ग्रिड और एक टैरिफ" के मिशन के साथ प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए एकीकृत टैरिफ से संबंधित नियमों को शामिल करने के लिए "प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ विनियमों का निर्धारण" में संशोधन किया है। सुधार से विशेष रूप से दूर–दराज के क्षेत्रों में स्थित उपभोक्ताओं को लाभ होगा जहां वर्तमान में एडिटिव टैरिफ लागू है तथा गैस बाजारों के विकास और देश में गैस के उपयोग को बढ़ाने के लिए सरकार के दृष्टिकोण को सुविधाजनक बनाया जाएगा।

भारत सरकार ने किरीट पारिख समिति की सिफारिशों के आधार पर नई प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण व्यवस्था की भी घोषणा की है। नई मूल्य निर्धारण प्रणाली मासिक रूप से कीमतों की घोषणा करेगी और उन्हें भारतीय कच्चे तेल की बॉस्केट की अंतरराष्ट्रीय कीमत के 10% से जोड़ेगी।

भारत के ऊर्जा मानचित्र में सात प्रमुख कंपनियां शामिल हैं जो स्वच्छ और स्थायी ऊर्जा मिश्रण के लिए भारत के ऊर्जा दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं। 7 प्रमुख उपायों में गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना, जीवाश्म ईंधन का स्वच्छ उपयोग, जैव–ईंधन में वृद्धि, वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापना, कार्बन हटाने या कम करने के लक्ष्य में मदद के लिए ईवी का उपयोग, हाइड्रोजन जैसे उभरते ईंधन का पता लगाना और सभी ऊर्जा प्रणालियों में डिजिटल नवाचार के विस्तार जैसे लक्ष्य शामिल हैं।




श्री संदीप कुमार गुप्ता, सीएमडी, गेल (इंडिया) लिमिटेड और सुश्री फातेमा अल नूमी, सीईओ एडीएनओसी एलएनजी ने श्री हरदीप सिंह पुरी, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री, भारत और महामहिम डॉ. सुल्तान अहमद अल जाबेर, माननीय उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री, जलवायु परिवर्तन के लिए संयुक्त अरब अमीरात के विशेष दूत और एडीआईपीईसी में एडीएनओसी के प्रबंध निदेशक और समूह सीईओ की उपस्थिति में समझौता–ज्ञापन का आदान–प्रदान किया।

**प्राकृतिक गैस खपत का रुझान (एमएमएससीएमडी)**




(स्रोत–पीपीएसी)

**विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की खपत दर्शाने वाला डेटा (% वार)**

| क्षेत्र | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|
| उर्वरक | 28.52 | 31.70 | 29.4 | 33.05 |
| नगर गैस वितरण | 19.26 | 16.40 | 19.8 | 20.49 |
| विद्युत | 19.61 | 19.30 | 16.5 | 13.89 |
| रिफाइनरी | 13.78 | 14.10 | 8.6 | 6.66 |
| पेट्रोकेमिकल्स | 6.31 | 5.50 | 4.7 | 3.34 |
| अन्य | 12.52 | 13 | 21.0 | 22.58 |

तालिका से स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि शीर्ष तीन प्रमुख उपभोक्ताओं के बीच खपत पैटर्न में बदलाव आया है। जबकि उर्वरक उद्योग प्राकृतिक गैस का प्रमुख उपभोक्ता बना हुआ है, सीजीडी क्षेत्र अब विद्युत क्षेत्र को पीछे छोड़कर प्राकृतिक गैस का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बन गया है।

गैस की ऊंची कीमतों के कारण वित्त वर्ष 2023 में भारत की गैस खपत में 4.5% की गिरावट आई है। उच्च गैस की कीमतों ने बिजली क्षेत्र में गैस की खपत (वर्ष–दर–वर्ष 19.7% कम), रिफाइनिंग (वर्ष–दर–वर्ष 26.4% नीचे), पेट्रोकेमिकल क्षेत्र (वर्ष–दर–वर्ष 31.6% नीचे) को प्रभावित किया, जबकि सीजीडी क्षेत्र में मांग मोटे तौर पर स्थिर रही। हालांकि उर्वरक क्षेत्र में खपत में मामूली वृद्धि देखी गई, लेकिन यह अत्यधिक उतार–चढ़ाव वाले बाजार में गिरावट की भरपाई करने के लिए पर्याप्त नहीं थी।

11 और 11ए बोली दौर, आर्थिक तथा घरेलू, औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों में पीएनजी के बढ़ते उपयोग के परिणामस्वरूप नए नगरों में गैस नेटवर्क के जुड़ने के कारण सीजीडी क्षेत्र के लिए प्राकृतिक गैस की मांग लगातार बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही, यह भी नोट किया जाना चाहिए कि सीएनजी वाहनों की संख्या में काफी अधिक वृद्धि देखी जा रही है।

भारत अपने 6,000 कि.मी. लंबे स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्गों पर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ईंधन स्टेशनों के एक नेटवर्क की योजना बना रहा है। यह एक ऐसा कदम है जो हजारों ट्रक चालकों को प्रदूषणकारी डीजल की बजाय स्वच्छ ईंधन को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

गेल, खदानों में कोयले के परिवहन में लगे बड़े ट्रकों–डंपरों में एलएनजी किटों की रेट्रोफिटिंग के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के साथ एक प्रायोगिक परियोजना चला रहा है। गेल एक योजना भी बना रहा है और सभी संभावित प्रतिभागियों–नगर के गैस वितरकों, गैस आपूर्तिकर्ताओं, वित्त–पोषकों, बेड़े के मालिकों और ट्रक निर्माताओं–को अपने साथ जोड़ने और देश में एलएनजी–ईंधन वाले वाहनों के लिए एक प्रभावी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करने के लिए मना रहा है। डीजल की जगह एलएनजी से चलने वाले ट्रकों के इस्तेमाल से प्रदूषण में कमी आएगी।

गेल भारत में पर्यावरण, दक्षता और लागत प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में एक परिवर्तनकारी ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस की भूमिका को पहचानता है तथा जलवायु परिवर्तन और नेट जीरो उत्सर्जन से संबंधित भारत सरकार की पहल के साथ जुड़ा हुआ है। गेल अपने मुख्य व्यवसाय क्षेत्र जैसे गैस विपणन एवं ट्रांसमिशन, एनजीजी जैसे प्राकृतिक गैस बुनियादी ढांचे का निर्माण, देश भर में सीजीडी भौगोलिक क्षेत्र का विकास, पेट्रोकेमिकल पोर्टफोलियो विस्तार आदि को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इसके अलावा, यह नेट–जीरो लक्ष्य तथा हाइड्रोजन, नवीकरणीय, सीबीजी, आदि जैसे स्वच्छ ऊर्जा डोमेन में व्यावसायिक अवसरों की खोज करने के लिए एक रूपरेखा भी तैयार कर रहा है।

### ड. भारतीय पेट्रोकेमिकल क्षेत्र

भारत में रासायनिक और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की भारी मांग है तथा यह रसायनों और पेट्रोकेमिकल के लिए एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की इच्छा रखता है। बढ़ती मांग के साथ, भारत को अगले दशक में पेट्रोकेमिकल्स में वृद्धिशील वैश्विक विकास में 10 प्रतिशत से अधिक योगदान देने का अनुमान है। वर्तमान में, भारतीय केमिकल और पेट्रोकेमिकल उद्योग का मूल्य 178 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है और सभी विश्लेषक अगले दो दशकों के लिए भारत के विकास पथ को लेकर काफी आशान्वित हैं।

पॉलिमर की प्रति व्यक्ति खपत वैश्विक औसत का लगभग एक–तिहाई है। भारत में पॉलिमर की प्रति व्यक्ति औसत खपत 12 कि.ग्रा. है जबकि वैश्विक औसत 38 कि.ग्रा. है। इसलिए, प्रति व्यक्ति खपत में 1 कि.ग्रा. की वृद्धि का अर्थ है कि भारत को हर साल 1.3 मिलियन मीट्रिक टन क्रैकर की आवश्यकता है। पेट्रोकेमिकल उद्योग के विकास के प्रमुख कंपनियों में ठोस जीडीपी आउटलुक, कम पैठ वाले बाजार, तेजी से बढ़ते अंतिम–उपयोगकर्ता उद्योग और महत्वपूर्ण आयात प्रतिस्थापन अवसर शामिल हैं।

भारत की पेट्रोकेमिकल क्षमता का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 80%) सीमित फीडस्टॉक उपलब्धता के कारण रिफाइनरी आधारित बना हुआ है। ऐतिहासिक रूप से, नेफ्था भारतीय उत्पादकों के लिए प्रमुख फीडस्टॉक रहा है। यह मध्य पूर्व और अमेरिका जैसे अन्य क्षेत्रों, जहां प्रचुर गैस आपूर्ति के कारण पृथक पेट्रोकेमिकल परिसंपत्तियों का विकास हुआ है, के विपरीत है। इसके उल्लेखनीय अपवाद के रूप में पाता में गेल का पेट्रोकेमिकल संयंत्र, नागोथेन और दहेज में पूर्ववर्ती आईपीसीएल पेट्रोकेमिकल हैं जो प्राकृतिक गैस को फीडस्टॉक के रूप में उपयोग करते हैं। हालाँकि, भारत में प्रमुख नए ग्रीनफील्ड पेट्रोकेमिकल संयंत्र अपनी संपत्ति में मिश्रित फीड को तेजी से अपना रहे हैं। उसर में गेल का आगामी पीडीएचपीपी संयंत्र फीडस्टॉक के रूप में प्रोपेन पर आधारित है।

अधिकांश अपस्ट्रीम उत्पादकों ने ईथेन, प्रोपेन आदि जैसे विभिन्न मूल्य वर्धित उत्पादों को निकालने और मुख्य रूप से लीन गैस के परिवहन के लिए गैस प्रोसेसिंग शुरू की है। ये सभी कारक इको–प्रणाली में बहुआयामी फीडस्टॉक की उपलब्धता को बढ़ाने वाले हैं और सिंगल फीडस्टॉक पर निर्भरता को कम करेंगे। भारतीय पेट्रोकेमिकल कंपनियां परिस्थिति के अनुसार ढलने, लागत लाभ हासिल करने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आयात निर्भरता को कम करने के लिए उपलब्ध विभिन्न फीडस्टॉक का उपयोग करने का पता लगा सकती हैं।

## 2. गेल का निष्पादन – घरेलू और विदेशी

### 2.1 प्रचालन निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए गेल का प्रचालन निष्पादन इस प्रकार है:

| विवरण | यूओएम | 2022–23 | | 2021–22 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मात्रा | प्रचालन से राजस्व* (₹ करोड़ में) | मात्रा | प्रचालन से राजस्व* (₹ करोड़ में) |
| प्राकृतिक गैस विपणन | एमएमएस सीएमडी | 94.91 | 1,35,290 | 96.24 | 77,326 |
| प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन | एमएमएस सीएमडी | 107.28 | 6,661 | 110.98 | 6,392 |
| परिवहन की गई एलपीजी गैस | टीएमटी | 4,335 | 722 | 4,199 | 669 |
| पॉलिमर बिक्री | टीएमटी | 399 | 4,917 | 790 | 8,549 |
| तरल हाइड्रो–कार्बन बिक्री | टीएमटी | 929 | 5,570 | 1004 | 4,865 |

*अंतर खंड राजस्व सहित

#### » प्राकृतिक गैस विपणन

प्राकृतिक गैस (एनजी) व्यापार आपकी कंपनी के प्रमुख व्यवसायों में से एक बना हुआ है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपकी कंपनी ने 94.91 एमएमएससीएमडी (जिसमें 83.03 एमएमएससीएमडी की भारत के भीतर बिक्री और 11.88 एमएमएससीएमडी की विदेशी बिक्री शामिल है) का बिक्री आंकड़ा दर्ज किया जबकि वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान यह 96.24 एमएमएससीएमडी (जिसमें 86.55 एमएमएससीएमडी की भारत में बिक्री और 9.69 एमएमएससीएमडी की विदेशी बिक्री शामिल है) था। वित्त वर्ष 2022–23 में प्राकृतिक गैस विपणन में प्रचालन से राजस्व ₹ 1,35,290 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में यह ₹ 77,326 करोड़ था।

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 में 41.47 एमएमएससीएमडी घरेलू गैस का विपणन किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2021–22 में यह 41.85 एमएमएससीएमडी था। भारत में गेल द्वारा विपणन की गई कुल प्राकृतिक गैस की मात्रा में घरेलू गैस की मात्रा का योगदान लगभग 50% है। शेष 41.56 एमएमएससीएमडी (50%) गैस का भारत में विपणन आयातित दीर्घकालिक, मध्य–अवधि और स्पॉट एलएनजी मात्रा के माध्यम से किया गया था। क्षेत्र–वार विवरण नीचे दिया गया है:

**उर्वरक क्षेत्र:** गेल ने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान देश में उर्वरक क्षेत्र में खपत होने वाली लगभग 67% गैस की आपूर्ति की। इस वित्त वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने इन संयंत्रों को चालू करने के लिए मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड, पानागढ़, हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल), गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी को गैस की आपूर्ति की और इन संयंत्रों को सफलतापूर्वक वाणिज्यिक यूरिया उत्पादन प्राप्त करने में मदद की।

**विद्युत क्षेत्र:** आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान देश में गैस आधारित बिजली संयंत्रों द्वारा खपत होने वाली लगभग 43% गैस की आपूर्ति की। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने विभिन्न बिजली उत्पादकों के साथ उनकी बंद पड़ी इकाइयों को संचालित करने के लिए सफलतापूर्वक सहयोग किया है। गेल सस्ती कीमतों पर गैस आधारित बिजली उत्पादन इकाइयों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के अवसरों का पता लगाना जारी रखे हुए है और वर्तमान में घरेलू गैस के अलावा बिजली संयंत्रों को लगभग 1.79 एमएमएससीएमडी पुनर्गैसीकृत तरल प्राकृतिक गैस (आरएलएनजी) की आपूर्ति कर रहा है।

#### » प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन

आपकी कंपनी ने देश के कोने–कोने में लगभग 15,600 कि.मी. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के अपने नेटवर्क का विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान औसत गैस ट्रांसमिशन पिछले वित्त वर्ष में 110.98 एमएमएससीएमडी की तुलना में 107.28 एमएमएससीएमडी था। वित्त वर्ष 2022–23 में प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन के प्रचालन से राजस्व ₹ 6,661 करोड़ था, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2021–22 में यह ₹ 6,392 करोड़ था।

#### » तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) ट्रांसमिशन

आपकी कंपनी एलपीजी ट्रांसमिशन के लिए 2,040 कि.मी. एलपीजी पाइपलाइन नेटवर्क की मालिक है और उसका संचालन करती है, जैसे जामनगर–लोनी पाइपलाइन (जेएलपीएल) और विजाग–सिकंदराबाद पाइपलाइन (वीएसपीएल)। जेएलपीएल और वीएसपीएल नेटवर्क ने संयुक्त रूप से वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 4.355 एमएमटीपीए का थ्रूपुट हासिल किया है जबकि पिछले वित्त वर्ष 2021–22 में यह 4.199 एमएमटीपीए था। वित्त वर्ष 2022–23 में एलपीजी ट्रांसमिशन के प्रचालन से राजस्व ₹ 722 करोड़ था, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में यह ₹ 669 करोड था।

#### » पेट्रोकेमिकल्स

आपकी कंपनी की पाता परिसर में 810 किलो टन प्रति वर्ष (केटीए) की नेमप्लेट पॉलीमर उत्पादन क्षमता है। गेल की सहायक कंपनी, ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) की गेल इक्विटी 70% है, जिसकी क्षमता 280 केटीए है। बीसीपीएल संयंत्र का विपणन अधिकार गेल के पास है जो कुल विपणन पोर्टफोलियो को 1,090 केटीए तक ले जाता है।

गेल के पाता पेट्रोरसायन परिसर ने वित्त वर्ष 2022–23 में लगभग 55% क्षमता उपयोग हासिल किया है। आपकी कंपनी वित्त वर्ष 2021–22 में ₹ 8,549 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2022–23 में प्रचालन से ₹ 4,917 करोड़ का राजस्व अर्जित करने में सक्षम रही।

#### » एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन (एलएचसी)

आपकी कंपनी के पास देश में चार स्थानों पर पांच गैस प्रोसेसिंग संयंत्र यूनिटें (जीपीयू) हैं जिनकी कुल एलएचसी उत्पादन क्षमता 1.4 मिलियन मीट्रिक टन है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, कुल तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादन लगभग 0.93 मिलियन मीट्रिक टन था, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में 1.0 मिलियन मीट्रिक टन था, जिसमें से लगभग 92% एलपीजी और प्रोपेन का था। वित्त वर्ष 2022–23 में तरल हाइड्रोकार्बन के प्रचालन से राजस्व भी वित्त वर्ष 2021–22 में ₹ 4,865 करोड़ की तुलना में बढ़कर ₹ 5,570 करोड़ हो गया।

#### » अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी)

आपकी कंपनी के 13 ईएंडपी ब्लॉकों में भागीदारी हित हैं, जिनमें से 10 भारत में, 2 ब्लॉक म्यांमार में और 1 शेल गैस संयुक्त उद्यम ईगल फोर्ड बेसिन, टेक्सास, अमेरिका (पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी – जीजीयूआई के माध्यम से) में हैं। इनमें से, गेल तीन तटीय ब्लॉकों में एक ऑपरेटर है। (i) कैम्बे बेसिन में सीबी–ओएनएन–2010/11 और सीबी–ओएनएचपी–2017/12 क्रमशः एनईएलपी–IX और ओएएलपी–I बोली दौर के दौरान प्रदान किया गया, और (ii) राजस्थान बेसिन में ब्लॉक आरजे–ओएनएचपी–2021/1 को ओएएलपी–VII बोली दौर के दौरान प्रदान किया गया था। बारह

ईएंडपी ब्लॉक (ईगल फोर्ड बेसिन में शेल गैस को छोड़कर) विभिन्न परिसंघों में अपने भागीदारी हित (पीआइ) के अनुसार 2,656 कि.मी.[2] एकड़ क्षेत्रफल में फैले हैं।

हाइड्रोकार्बन की बिक्री से राजस्व म्यांमार में ए–1 एवं ए–3 और भारत में सीबी–ओएनएन–2000/1 एवं सीबी–ओएनएन–2003/2 (कैम्बे तटीय ब्लॉक) नामक 5 उत्पादक ब्लॉकों और एक (1) ईगल फोर्ड बेसिन, टेक्सास, अमेरिका में शेल गैस संयुक्त उद्यम एकड़ क्षेत्रफल से प्राप्त हो रहा है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान ईएंडपी गतिविधियों के प्रचालन से ₹ 1,134 करोड़ का राजस्व उत्पन्न हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में यह ₹ 834 करोड़ था। एक ऑपरेटर के रूप में आपकी कंपनी ने हाल ही में 18 मार्च, 2023 से गुजरात में अपने प्रचालित क्षेत्र गैलियाना#1 से वाणिज्यिक कच्चे तेल का उत्पादन शुरू किया है।

### » नवीकरणीय ऊर्जा

आपकी कंपनी अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने और नवीकरणीय परियोजनाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। गेल की कुल स्थापित क्षमता 132 मेगावाट वैकल्पिक ऊर्जा है; जिसमें से 117.95 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएं हैं और 14.05 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाएं हैं जिनमें लघु सौर इकाइयां शामिल हैं। संयंत्र से उत्पन्न बिजली ग्रिड से ली गई बिजली का स्थान लेगी, जो बिजली लागत को अनुकूल बनाने के अलावा इसके कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगी।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान बिजली उत्पादन गतिविधियों से प्रचालन से ₹ 46 करोड़ का राजस्व उत्पन्न हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में यह ₹ 51 करोड़ था।

### » शहर गैस वितरण

- आपकी कंपनी (सीजीडी जेवीसी/सहायक कंपनियों सहित) वर्तमान में दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता, आदि के प्रमुख मेट्रो शहरों सहित पूरे भारत में 67 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में काम करने के लिए अधिकृत है। ये सीजीडी नेटवर्क कुल मिलाकर देश में ~110 लाख घरेलू पीएनजी (डीपीएनजी) कनेक्शनों की लगभग 66% आवश्यकता को पूरा करते हैं। देश के कुल ~5,600 सीएनजी स्टेशनों में से, गेल समूह 42% हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हुए 2,360 सीएनजी स्टेशनों का संचालन करता है। इस वर्ष, आपकी कंपनी ने अपने संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियों के साथ मिलकर 10 लाख से अधिक घरों में पीएनजी कनेक्शन दिए हैं।
- गेल गैस लिमिटेड (आपकी कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) बेंगलुरु सहित 16 भौगोलिक क्षेत्रों में नगर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं का निष्पादन और संचालन कर रही है। वर्तमान में, गेल गैस की 6 संयुक्त उद्यम कंपनियां (जेवीसी) हैं और वे 9 भौगोलिक क्षेत्रों में सीजीडी परियोजना लागू कर रही हैं। गेल गैस अपने संयुक्त उद्यम कंपनियों के साथ 8.66 लाख घरों को डीपीएनजी प्रदान कर रही है और विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में फैले अपने 456 सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से वाहनों के लिए स्वच्छ ईंधन आवश्यकताओं को पूरा कर रही है।



गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा गेल गैस लिमिटेड के अध्यक्ष, श्री संदीप कुमार गुप्ता द्वारा व्हाइटफील्ड, बेंगलुरु में ब्लूम एनर्जी द्वारा नेक्सट्रा डेटा लिमिटेड (भारती एयरटेल की सहायक कंपनी) के डेटा सेंटर में स्थापित ईंधन सेल के लिए औद्योगिक पीएनजी आपूर्ति का उद्घाटन

- वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, गेल गैस ने अपनी संयुक्त उद्यम कंपनियों के साथ मिलकर लगभग 0.87 लाख घरेलू पीएनजी कनेक्शनों का लक्ष्य प्राप्त किया है और 132 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं।
- सीजीडी विस्तार के लिए आपकी कंपनी के लिए बेंगलुरु एक प्रमुख केंद्र बना रहा। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान बेंगलुरु भौगोलिक क्षेत्र में 40 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए गए और 34000 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए गए।

## 2.2 वित्तीय निष्पादन

(₹ करोड़ में)

| विवरण | वित्त वर्ष 2022–23 | वित्त वर्ष 2021–22 | परिवर्तन वृद्धि/(कमी) |
|---|---|---|---|
| प्रचालन से राजस्व | 1,44,302 | 91,646 | 57% |
| कर पूर्व लाभ | 6,584 | 13,590 | (52%) |
| कर पश्चात् लाभ | 5,302 | 10,364 | (49%) |

### » वित्तीय मापदंड

(₹ करोड़ में)

| विवरण | वित्त वर्ष 2022–23 | वित्त वर्ष 2021–22 |
|---|---|---|
| पूंजीगत व्यय (समूह कंपनियों में इक्विटी योगदान सहित) | 9,099 | 7,738 |
| रिजर्व और अधिशेष (ट्रांजिशन रिजर्व, अन्य व्यापक आय और बॉन्ड रिडेम्पशन रिजर्व को छोड़कर) अर्थात् फ्री रिजर्व | 44,284 | 45,480 |
| निवल मूल्य | 50,860 | 49,920 |
| कुल बकाया ऋण | 14,309 | 6,353 |

31 मार्च 2023 तक बकाया कुल ₹ 21.32 करोड़ के विदेशी मुद्रा ऋणों की तुलना में, 100% ऋणों को वित्तीय डेरिवेटिव से नियंत्रित किया जाता है।

### » अनुपात विश्लेषण

| विवरण | वित्त वर्ष 2022–23 | वित्त वर्ष 2021–22 |
|---|---|---|
| ऋण इक्विटी अनुपात | 0.22 | 0.15 |
| ऋण सेवा कवरेज अनुपात (गुना) | 3.91 | 7.47 |
| ब्याज कवरेज अनुपात (गुना) | 13.89 | 46.07 |
| निवल मूल्य पर वापसी (पीएटी/निवल मूल्य) (%) | 10.42 | 20.76 |
| नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ (पीबीआईटी/नियोजित पूंजी) (%) | 9.64 | 20.36 |
| देनदार कारोबार (शुद्ध ऋण बिक्री (अर्थात सकल कारोबार)/औसत व्यापार प्राप्तियां) | 14.56 | 14.22 |
| मांग सूची कारोबार (बेची गई वस्तुओं की लागत/औसत मांग सूची) | 33.77 | 28.45 |
| वर्तमान अनुपात (वर्तमान परिसंपत्ति/वर्तमान देयताएं) | 0.92 | 1.08 |
| प्रचालन लाभ मार्जिन (संचालन आय (संचालन ईबीआईटी)/संचालन से राजस्व (निवल)) (%) | 3.20 | 13.01 |
| शुद्ध लाभ मार्जिन (कर पश्चात् लाभ (पीएटी)/संचालन से राजस्व (शुद्ध)) (%) | 3.68 | 11.34 |

कंपनी ने तुलनात्मक रूप से बेहतर उत्पाद कीमतों के कारण वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में 57% की वृद्धि के साथ ₹ 1,43,976 करोड़ का रिकॉर्ड कारोबार किया। कर पूर्व लाभ ₹ 6,584 करोड़ रहा, जो 52% की कमी दर्शाता है, जबकि कर पश्चात लाभ ₹ 5,302 करोड़ रहा, जो पिछले वित्तीय वर्ष की







आईईडब्ल्यू प्रदर्शनी में गेल की भागीदारी की झलकियाँ

तुलना में 49% की कमी दर्शाता है। मुनाफे में यह गिरावट मुख्य रूप से अपस्ट्रीम आपूर्तिकर्ता (जीएमटीएस) से आपूर्ति में व्यवधान, रूस–यूक्रेन युद्ध से जुड़े भू–राजनीतिक संकट के कारण हुई, जिसके कारण स्पॉट गैस की कीमतें आसमान छू गईं, एनजी ट्रांसमिशन क्षेत्र से घरेलू गैस का आबंटन रद्द होना, एपीएम गैस की कीमतों में वृद्धि के साथ–साथ कई अन्य कारण भी हैं।

ऐसे सभी कारकों ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष के दौरान प्रमुख वित्तीय अनुपातों को काफी प्रभावित किया है और परिणामस्वरूप कंपनी का प्रचालन लाभ मार्जिन दबाव में रहा और 3.20% और निवल लाभ मार्जिन 3.68% रहा। इसके अलावा, निवल मूल्य पर प्रतिलाभ घटकर 10.42%, नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ 9.64%, ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (आईएससीआर) 13.89 गुना और ऋण सेवा कवरेज अनुपात (डीएससीआर) 3.91 गुना हो गया। चालू वित्त वर्ष के दौरान पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उधार में वृद्धि के कारण ऋण–इक्विटी अनुपात में वृद्धि हुई है। कंपनी की औसत संग्रह अवधि समान स्तर पर अर्थात् 25 दिन बनी हुई है और इन्वेंट्री–धारिता अवधि पिछले वर्ष के 13 दिनों की तुलना में सुधरकर 11 दिन हो गई है।

» **बाजार पूंजीकरण**

कंपनी का बाजार पूंजीकरण (बीएसई) 31 मार्च 2022 को ₹ 69,137 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2023 को ₹ 69,203 करोड़ हो गया, जो शेयर की कीमत ₹ 105.15**/शेयर से बढ़कर ₹ 105.25/शेयर होने के कारण हुआ।

**बोनस प्रभाव में समायोजित

### 2.3 कंपनी की वैश्विक उपस्थिति

आपकी कंपनी प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला के साथ परियोजनाओं/उद्यमों में अपनी भागीदारी के माध्यम से अपनी वैश्विक उपस्थिति का लगातार विस्तार कर रही है। अमेरिका, कतर, ऑस्ट्रेलिया, रूस आदि से लगभग 14 एमएमटीपीए के एलएनजी पोर्टफोलियो के साथ गेल अग्रणी वैश्विक एलएनजी कंपनियों में से एक के रूप में उभरा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलएनजी व्यापार व्यवसाय में सक्रिय रूप से शामिल है।

आपकी कंपनी म्यांमार में दो अपतटीय ईएंडपी ब्लॉक (ए–1 और ए–3) में एक परिसंघ का हिस्सा है। इन ब्लॉकों से लगभग 15.33 एमएमएससीएमडी गैस का उत्पादन किया जा रहा है और दक्षिण पूर्व एशिया गैस पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड (एसईएजीपी) के माध्यम से चीन और म्यांमार को आपूर्ति की जाती है, जिसमें गेल भी एक इक्विटी भागीदार है। एसईएजीपी गेल को नियमित रूप से लाभांश का भुगतान कर रहा है। वर्ष के दौरान, एसईए द्वारा पूर्ण ऋण चुकौती (मूलधन और ब्याज) कर दी गई है। म्यांमार में गेल का शाखा कार्यालय म्यांमार और अन्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में गैस मूल्य श्रृंखला और उससे आगे के क्षेत्रों में व्यापार के अवसरों की तलाश कर रहा है।

आपकी कंपनी तुर्कमेनिस्तान से भारत में गैस के आयात के लिए तुर्कमेनिस्तान–अफगानिस्तान–पाकिस्तान– भारत (तापी) प्राकृतिक गैस परियोजना में भारत सरकार की ओर से नामित है। तापी पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड (टीपीसीएल) को तापी पाइपलाइन के निर्माण, स्वामित्व और संचालन के लिए आइल ऑफ मैन में शामिल किया गया है। पाइपलाइन का निर्माण होने पर, 90 एमएमएससीएमडी (33 बीसीएम) प्राकृतिक गैस ले जाने की उम्मीद है, जिसमें से भारत को 38 एमएमएससीएमडी प्राप्त होगा। परियोजना वर्तमान में एफआईडी–पूर्व चरण में है, जिसमें टीपीसीएल द्वारा विभिन्न कार्यकलाप किए जा रहे हैं। वैश्विक ऊर्जा बाजार में परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए, गेल तुर्कमेनिस्तान से प्राप्त होने वाली पाइपलाइन गैस की विपणन योग्यता बढ़ाने के लिए परस्पर रूप से स्वीकार्य निबंधन एवं शर्तों पर निर्णय लेने के लिए तुर्कमेनगैस के साथ चर्चा कर रहा है। अफगानिस्तान के मौजूदा हालात के कारण, अफगानिस्तान के भीतर गतिविधियों को स्थगित रखा गया है।




गेल के वार्षिक परिणामों पर प्रेस सम्मेलन

आपकी कंपनी मिस्र में दो सीजीडी कंपनियों, फॉयम गैस कंपनी (एफजीसी) और नेशनल गैस कंपनी (नैटगैस) में इक्विटी हित रखती है, जो मिस्र में आवासीय, वाणिज्यिक और छोटे औद्योगिक ग्राहकों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने में शामिल है।

आपकी कंपनी चीन गैस होल्डिंग्स लिमिटेड (चाइना गैस) में एक इक्विटी भागीदार भी है, जो एक खुदरा गैस कंपनी है। यह चीन में नगर गैस और सीएनजी व्यवसाय में शामिल है और हांगकांग स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है। चाइना गैस अच्छा कार्य–निष्पादन कर रही है और नियमित रूप से लाभांश का भुगतान कर रही है।

आपकी कंपनी ने 2011 के दौरान ह्यूस्टन, टेक्सास में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में गेल ग्लो बल (यूएसए) इंक. ('जीजीयूआई') का गठन किया है। जीजीयूआई के टेक्सास, अमेरिका में ईगल फोर्ड शेल एकड़ में 20% हित है। मैसर्स कॉलन (ईगल फोर्ड) एलएलसी और मैसर्स टेक्सास अमेरिकन रिसोर्सेज ए एलएलसी ईगल फोर्ड में संयुक्त उद्यम क्षेत्र के लिए ऑपरेटर के रूप में काम कर रहे हैं।

आपकी कंपनी ने मार्च, 2013 में गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएनजी ('जीजीयूएलएल'), जो एक पूर्ण स्वामित्व वाली स्टेपडाउन सहायक कंपनी है, का गठन किया है ताकि प्राकृतिक गैस के तरलीकरण और ट्रांसमिशन के उद्देश्य के लिए कोव प्वाइंट टर्मिनल में 2.3 एमएमटीपीए क्षमता की बुकिंग हेतु कोव प्वाइंट पाइपलाइन में संबंधित क्षमता का एक दीर्घावधि (20 वर्ष) टर्मिनल सर्विस करार ('टीएसए') और कोव प्वाइंट एलएनजी, एलपी ('सीपीएलएल'), जिसे पहले डोमिनियन एनर्जी कोव प्वाइंट एलएनजी एलपी के रूप में जाना जाता था, के साथ एक पाइपलाइन आदर्श समझौता ('पीपीए') किया जा सके। जीजीयूएलएल कोव प्वाइंट टर्मिनल से गेल को लगभग ~34 एलएनजी कार्गो का निर्यात कर रहा है।

यूएलएल ने एलएनजी टर्मिनल के इनलेट पर डिलीवरी के लिए 430,000 डीटीएच/दिन प्राकृतिक गैस की खरीद और आपूर्ति के लिए डब्ल्यूजीएल मिडस्ट्रीम, इंक. ('डब्ल्यूजीएलएम') के साथ गैस बिक्री और खरीद समझौता ('जीएसपीए') भी किया है। अप्रैल 2021 में, सिक्स वन कमोडिटीज वेगा एलएलसी ने डब्ल्यूजीएलएम में 100% हित खरीदे थे और डब्ल्यूजीएलएम को सिक्स वन कमोडिटीज वेगा एलएलसी में बदल दिया गया है।

आपकी कंपनी ने सिंगापुर में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में 2004 में गेल ग्लोबल सिंगापुर प्रा. लिमिटेड (जीजीएसपीएल) का भी गठन किया है। जीजीएसपीएल एलएनजी ट्रेडिंग में लगी हुई है।

आपकी कंपनी ने ओएनजीसी विदेश सिंगापुर प्रा. लिमिटेड, आईओसीएल सिंगापुर प्रा. लिमिटेड, ऑयल इंडिया इंटरनेशनल प्रा. लिमिटेड और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से रूस में व्यावसायिक अवसरों की खोज के लिए भारत एनर्जी ऑफिस एलएलसी (बीईओ), मॉस्को, रूस का गठन किया है।

इस वित्तीय वर्ष में, आपकी कंपनी ने मैसर्स मित्सुई ओ.एस.के. लाइन्स, लिमिटेड, जापान से मैसर्स एलएनजी जैपोनिका शिपिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("जापोनिका") में 26% हिस्सेदारी हासिल कर ली है। "जैपोनिका" एलएनजी पोत "गेल भुवन" का संचालन करती है और आपकी कंपनी ने अमेरिका से एलएनजी शिपिंग के लिए जैपोनिका के साथ टाइम चार्टर पार्टी समझौता किया है।

## 3. भावी रूपरेखा

### 3.1 कार्यनीति

आपकी कंपनी भारत में गैस बाजारों के विस्तार के लिए नीतिगत रूपरेखा तैयार करने में सरकार के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई है। रणनीति 2030 के कार्यान्वयन के लिए तैयार, आपकी कंपनी भावी ऊर्जा की ओर परिवर्तन करते हुए संगठन की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए नए सिरे से रणनीतिक दिशा तय करने के लिए काम कर रही है।




गेल, जुबली टावर कार्यालय, नोएडा

प्रौद्योगिकी क्षेत्र, बाजार, विनियामक प्रथाओं और मैक्रो नीति दिशा में तेजी से होते बदलाव को देखते हुए, कंपनी समय–समय पर 'रणनीति 2030' की समीक्षा कर रही है और इन दिलचस्प लेकिन चुनौतीपूर्ण समय में विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

उपर्युक्त के अनुरूप, आपकी कंपनी की रणनीति कई महत्वाकांक्षी पहलों की रूपरेखा तैयार करना है। आपकी कंपनी गैस सोर्सिंग और विपणन, एलएनजी पोर्टफोलियो के विस्तार, नेशनल गैस ग्रिड (एनजीजी) के विस्तार, विकास और विस्तार जैसे विविध क्षेत्रों में नए अवसरों में उद्यम लगाने की क्षमताओं का लाभ उठाते हुए अपने मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों के पैमाने का विस्तार कर रही है, जिसमें गेल के विकास को बढ़ावा देने के लिए अगले दशक के लिए पीडीएचपीपी, सीजीडी, स्पेशलिटी केमिकल्स आदि में निवेश सहित पेट्रोकेमिकल्स पोर्टफोलियो शामिल है।

आपकी कंपनी ने पूरे देश में स्वच्छ ऊर्जा पहुंच प्रदान करने के लिए वर्ष के दौरान 1300 कि.मी. से अधिक पाइपलाइनों का निर्माण किया है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय गैस ग्रिड का महत्वपूर्ण भाग–बोकारो–अंगुल पाइपलाइन (533 कि.मी.) राष्ट्र को समर्पित की गई और श्रीकाकुलम–अंगुल पाइपलाइन (744 कि.मी.) की आधारशिला रखी गई।

देश और उसके ग्राहकों के लिए प्राकृतिक गैस सुरक्षित करने के लिए, आपकी कंपनी कड़े प्रयास कर रही है। आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 में घरेलू मोर्चे पर विभिन्न गैस ब्लॉकों से ई–नीलामी में 109.5 एमएमएससीएम की संचयी मात्रा प्राप्त की है, जबकि द्वि पक्षीय समझौतों और गैस एक्सचेंज के माध्यम से सोर्सिंग भी की है। आपकी कंपनी प्रमुख वैश्विक एलएनजी उत्पादकों के साथ तेजी से दीर्घकालिक एलएनजी सोर्सिंग के अवसर तलाश रही है।

नए अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने के अलावा, आपकी कंपनी अपेक्षित क्षमताओं और संसाधनों के निर्माण की दिशा में काम कर रही है। गैस पारेषण और गैस विपणन गेल के व्यवसाय के प्रमुख चालक हैं और इसने ~107 एमएमएससीएमडी प्राकृतिक गैस का संचार किया है। आपकी कंपनी ने मित्सुई ओएसके लाइन्स, जापान के 'एलएनजी जैपोनिका' जहाज में 26% इक्विटी हासिल कर ली है और 7 वर्ष और 02 वर्ष के विस्तार की कुल चार्टर अवधि के साथ एक दीर्घकालिक पोत किराए पर लिया है।

आपकी कंपनी बढ़ते रासायनिक पोर्टफोलियो की संभावना तलाश रही है और यह संभावित समाधान आवेदक के रूप में योग्य थी तथा इसने जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के व्यवसाय संचालन के लिए समाधान योजना प्रस्तुत की थी। एनसीएलटी ने आपकी कंपनी की जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए ₹ 2,079 करोड़ की समाधान योजना को मंजूरी दे दी थी, जिसकी उत्पादन क्षमता 1.25 एमएमटीपीए शुद्ध टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए) है। संकल्प योजना के कार्यान्वयन के अनुसार, आपकी कंपनी ने 01.06.2023 को जेबीएफ में ₹ 2,101 करोड़ का निवेश किया। परिणामस्वरूप, जेबीएफ 01.06.2023 से गेल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई है। आपकी कंपनी उसर (महाराष्ट्र) में 500 केटीए पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र स्थापित कर रही है और उसने 50 केटीए आईएसओ प्रोपाइल अल्कोहल (आईपीए) इकाई स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जबकि ईथेन क्रैकर की स्थापना की संभावनाओं का भी अध्ययन किया जा रहा है।

आपकी कंपनी देश में एलएनजी बाजारों को मजबूत करने की दिशा में कदम उठा रही है और प्रायोगिक आधार पर एलएनजी का उत्पादन करने में सक्षम छोटे पैमाने पर द्रवीकरण स्किड लगा रही है। ये संयंत्र नए सीजीडी क्षेत्रों में द्रवीकरण के माध्यम से प्राकृतिक गैस के वितरण और पृथक क्षेत्रों में गैस के द्रवीकरण में मदद करेंगे तथा एलएनजी ईंधन स्टेशनों की स्थापना में सहायता करेंगे। पोर्टेबल और स्केलेबल द्रवीकरण यूनिटों को पेश करने वाला यह देश में अपनी तरह की पहली कंपनी होगा।

भारत अपने 6,000 कि.मी. लंबे स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्गों पर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ईंधन स्टेशनों के एक नेटवर्क की योजना बना रहा है। यह एक ऐसा कदम है जो हजारों ट्रक चालकों को प्रदूषणकारी डीजल से स्वच्छ ईंधन पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। जैसा कि पहले कहा गया है, गेल डंपरों में एलएनजी किटों को फिर से फिट करने, एक योजना बनाने और देश में एलएनजी–ईंधन वाले वाहनों के लिए एक प्रभावी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करने के लिए सभी संभावित प्रतिभागियों को मनाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के साथ एक प्रायोगिक परियोजना चला रहा है।

गैस बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, रिफाइनरियों, सीएनजी और एलएनजी का उपयोग करने वाले परिवहन खंड, तीसरी–पीढ़ी आदि सहित औद्योगिक क्षेत्रों में उच्च गैस उपयोग एक प्राथमिक फोकस क्षेत्र रहा है। गेल ने अपने विविध गैस पोर्टफोलियो के माध्यम से अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने की परिकल्पना की है। आपकी कंपनी ने अपनी सीजीडी सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यम कंपनियों (जेवीसी) के साथ इस वित्त वर्ष के लिए 10 लाख से अधिक डीपीएनजी कनेक्शन और 350 से अधिक सीएनजी स्टेशन हासिल किए हैं। अजमेर में एलसीएनजी स्टेशन का उद्घाटन किया गया, जबकि सावरोली में एलएनजी स्टेशन यांत्रिक रूप से पूरा हो गया है। हाल ही में संपन्न 11वें और 11ए सीजीडी बोली दौर के दौरान, गेल के जेवीसी को 2 भौगोलिक क्षेत्र (जीए) बांदा, चित्रकूट और महोबा जिले और कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले प्रदान किए गए हैं।

आपकी कंपनी ने 2040 तक स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन में 100% की कमी और स्कोप 3 उत्सर्जन में 35% की कमी हासिल करने के लिए नेट जीरो जीएचजी उत्सर्जन लक्ष्य विकसित किया है। आपकी कंपनी ने 4 रणनीतिक स्तंभों के आधार पर अपनी नेट जीरो रणनीति बनाई है: ऑपरेशनल कार्बन हटाने या कम करने, ऊर्जा संक्रमण, कार्बन अवशोषक और उपयोग (सीसीयूएस), और समायोजन। नेट जीरो पथ पर चलने की दिशा में प्रेरणा के साथ आपकी कंपनी ने पवन ऊर्जा क्षेत्र में कदम रखने के साथ अपनी ऊर्जा बॉस्केट का और अधिक विस्तार कर दिया है तथा इसमें सौर, इथेनॉल सम्मिश्रण, सीबीजी, चक्रिय अर्थव्यवस्था और ग्रीन हाइड्रोजन नेट जीरो भविष्य को आकार देने में योगदान दे रहे हैं।

आपकी कंपनी निविदाओं में भागीदारी और परिचालन आरई परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के माध्यम से अपने आरई पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए जैविक और अकार्बनिक दोनों मार्गों की खोज कर रही है। पर्यावरणीय लाभों के परिप्रेक्ष्य में और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए आयात निर्भरता को कम करने के लिए, आपकी कंपनी सक्रिय रूप से जैव ईंधन (एथेनॉल, सीबीजी) में व्यावसायिक अवसरों की तलाश कर रही है। गेल संयुक्त उद्यम मोड के माध्यम से गुजरात और राजस्थान राज्यों में 500 (किलो लीटर प्रति दिन) केएलपीडी के दो 1जी इथेनॉल संयंत्र स्थापित करने में व्यावसायिक अवसर तलाश रहा है। आपकी कंपनी रांची और बेंगलुरु में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) पर आधारित संपीड़ित बायो गैस (सीबीजी) संयंत्र स्थापित कर रही है।

आपकी कंपनी ने अपनी तरह की पहली प्रायोगिक परियोजना शुरू की है, जिसमें अवंतिका गैस लिमिटेड के सीजीडी नेटवर्क में प्राकृतिक गैस में 2% तक हाइड्रोजन के मिश्रण का इंजेक्शन लगाया गया है। इसके अलावा, पीएनजीआरबी ने पीएनजी नेटवर्क में 5% मात्रा तक प्राकृतिक गैस के साथ हाइड्रोजन मिश्रण के प्रस्ताव को लागू करने के लिए मैसर्स एजीएल को भी मंजूरी दे दी है। आपकी कंपनी विजयपुर, मध्य प्रदेश में 10 मेगावाट हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता भी स्थापित कर रही है।

### डिजिटल रणनीति

आपकी कंपनी हमेशा नई प्रौद्योगिकियों को लागू करने और उन्हें अपनाने में सबसे आगे रही है और उसने विगत में डिजिटल प्रौद्योगिकियों में महत्वपूर्ण निवेश किया है। अस्थिर बाजार परिवेश से निपटने के लिए, आपकी कंपनी ने प्रभावी निर्णय लेने में सहायता करने और व्यावसायिक प्रचालन और प्रदर्शन में सुधार करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों में हुए विकास का लाभ उठाया है। आपकी कंपनी में डिजिटलीकरण पहल प्रचालन, रखरखाव और स्थिरता में सुधार पर केंद्रित है। नए डिजिटल समाधान प्रासंगिक डेटा को समय पर प्राप्त करने और निगरानी करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं तथा संचालन को बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद कर रहे हैं।



गेल ने अपनी भुगतान प्रक्रिया के डिजिटलीकरण और केंद्रीकरण के लिए अत्याधुनिक केंद्र का उद्घाटन किया। केंद्र ने 'सारथी' नाम से आईबीएम कंसल्टिंग के साथ साझेदारी की और एसएपी–ओपनटेक्स्ट के वेंडर इंव्याइस प्रबंधन (वीआईएम) के साथ सक्रियता हासिल की।

आपकी कंपनी ने हाल ही में विक्रेता चालान प्रबंधन (वीआईएम) के लिए अपनी तरह का पहला अत्याधुनिक केंद्र – 'सारथी' नामक साझा सेवा केंद्र (एसएससी) लागू किया है, जो पूर्ण डिजिटलीकरण, केंद्रीकरण और विक्रेता चालान भुगतान प्रक्रियाओं के स्वचालन की दिशा में एक बड़ा कदम है। वीआईएम समाधान, जो अप्रैल 2023 से सक्रिय हुआ, कागज–आधारित प्रणाली से हटकर, पूरी चालान प्रक्रिया को डिजिटल बनाता है। इसमें चालान की इलेक्ट्रॉनिक रसीद, स्वचालित डेटा प्राप्त करना और अनुमोदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए कार्यप्रवाह शामिल है। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी ने विक्रेता चालान को एक ही स्थान से प्रबंधित करने के लिए एक केंद्रीकृत चालान प्रबंधन केंद्र स्थापित किया है। वीआईएम समाधान दक्षता में सुधार करता है, लागत कम करता है और समग्र उत्पादकता बढ़ाता है।

आपकी कंपनी ने सॉफ्टवेयर बॉट्स के उपयोग के माध्यम से दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित करने के लिए रोबोटिक प्रोसेस स्वचालन (आरपीए) तकनीक को अपनाया है। आरपीए कार्यान्वयन दोहराए जाने वाले और समय लेने वाले कार्यों में मानवीय त्रुटि की संभावना को कम करते हुए दक्षता, सटीकता और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करता है।




स्विफ्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से ई–बीजी और एसबीएलसी का शुभारंभ

## 3.2 अवसर और नई पहल

### » प्राकृतिक गैस विपणन

आपकी कंपनी मौजूदा/उभरते क्षेत्रों में गैस की खपत के विस्तार पर काम करते हुए अपने मौजूदा ग्राहक आधार को मजबूत कर रही है। आपकी कंपनी ने मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड, पानागढ़, एचयूआरएल बरौनी और एचयूआरएल सिंदरी जैसे नए उर्वरक संयंत्रों को गैस की आपूर्ति शुरू करते हुए, जेएचबीडीपीएल के साथ प्रमुख एंकर लोड ग्राहकों के साथ संपर्क पूरा कर लिया है। एलएनजी व्यवसाय में, गेल ने बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान भारत में लगभग 6.08 एमएमटी एलएनजी मात्रा के 95 एलएनजी कार्गो आयात करने के साथ एक नई उपलब्धि हासिल की है।

आपकी कंपनी सीबीजी उत्पादकों से कंप्रेस्ड बायो–गैस के वाणिज्यिक उठान के लिए अन्य उद्योगों की कंपनियों और हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है।

आपकी कंपनी ने इंदौर, मध्य प्रदेश में प्राकृतिक गैस प्रणाली में हाइड्रोजन सम्मिश्रण की भारत की अपनी तरह की पहली परियोजना शुरू की है। हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इंदौर में मैसर्स अवंतिका गैस लिमिटेड को की जा रही है।

राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप, आपकी कंपनी ने नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क में हाइड्रोजन सम्मिश्रण की तकनीकी–व्यावसायिक व्यवहार्यता स्थापित करने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में हाइड्रोजन सम्मिश्रण शुरू किया है। यह परियोजना हाइड्रोजन आधारित और कार्बन मुक्त भविष्य की दिशा में भारत के सफर का प्रारंभिक कदम है। उम्मीद है कि यह प्रायोगिक परियोजना भारत में प्राकृतिक गैस में हाइड्रोजन इंजेक्ट करने के पहलुओं को कवर करने के लिए एक ठोस मानक और विनियामक ढांचे का निर्माण करने में मदद करेगी। यह भारत में इसी तरह की अन्य परियोजनाओं को अंजाम देने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

आपकी कंपनी अपने संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों के साथ प्रमुख राजमार्गों पर एलएनजी स्टेशन बनाने की दिशा में भी काम कर रही है ताकि हेवी–ड्यूटी वाहन (एचडीवी) क्षेत्र में एलएनजी का उपयोग ऑटोमोटिव ईंधन के रूप में किया जा सके। खनन क्षेत्र में भारी उपकरणों के लिए ऑटोमोटिव ईंधन के रूप में एलएनजी का उपयोग शुरू करने के प्रयास भी चल रहे हैं, जो व्यावसायिक रूप से हाई–स्पीड डीजल (एचएसडी) की जगह ले सकता है।

### » स्रोत और व्यापार

आपकी कंपनी ने खुद को एक प्रमुख वैश्विक एलएनजी कंपनी के रूप में स्थापित किया है। पिछले कई वर्षों में, गेल ने एलएनजी पोर्टफोलियो को जोखिम रहित बनाने के लिए एफओबी आधार पर टाइम स्वैप लेनदेन और तीसरे पक्ष की बिक्री सहित विभिन्न नए सौदे किए हैं। भारत में बढ़ती गैस मांग के साथ, कंपनी अपने पोत चार्टर और गंतव्य स्वैप आदि जैसे संरचित अनुकूल लेनदेन के इष्टतम मिश्रण के माध्यम से अधिकांश अमेरिकी मात्रा भारत में लाएगी।

आपकी कंपनी भारत में बढ़ती डाउनस्ट्रीम गैस मांग को पूरा करने के लिए अग्रणी वैश्विक एलएनजी उत्पादकों/व्यापारियों के साथ दीर्घकालिक अनुबंध करने के अवसरों की भी तलाश कर रही है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी वस्तु मूल्य जोखिम के प्रबंधन का सक्रिय रूप से नियंत्रण कर रही है।



श्री संजय कुमार, निदेशक (विपणन), गेल एलएनजी बैठक को संबोधित करते हुए

### » एलएनजी शिपिंग

अमेरिका से प्राप्त एलएनजी के परिवहन के लिए, आपकी कंपनी ने मित्सुई ओ.एस.के. लाइन्स, जापान की सहायक कंपनी से एक नवनिर्मित एलएनजी पोत ''डीएसएमई एच2520'' किराए पर लिया। यह जहाज अत्याधुनिक तकनीक और डिजाइन का है। इस पोत को किराए पर लेने के साथ, गेल के पास दीर्घकालिक चार्टर पर अपने बेड़े में 03 आधुनिक एलएनजी पोत होंगे।

इसके अलावा, कंपनी अपने शिपिंग बेड़े के अनुकूलन के साथ–साथ यूएस एफओबी मात्रा को उठाने और परिवहन लागत को अनुकूल करने के लिए समय–चार्टर पर अतिरिक्त पोतों को लेने के लिए लगातार बाजार की खोज करती रहती है।



दाभोल एलएनजी टर्मिनल पर निर्माणाधीन ब्रेकवाटर

### » एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल

कोंकण एलएनजी लिमिटेड (केएलएल) गेल की सहायक कंपनी है। आपकी कंपनी केएलएल के तहत महाराष्ट्र में 5 एमएमटीपीए दाभोल टर्मिनल की वाणिज्यिक ऑपरेटर है। ब्रेकवाटर सुविधाओं से संबंधित कमीशनिंग गतिविधियों के 100: पूरा होने के बाद, केएलएल पूरे वर्ष पूरी क्षमता से काम करने में सक्षम होगा।

आपकी कंपनी ने दीर्घकालिक आधार पर पीएलएल के दहेज टर्मिनल पर पुनर्गैसीकरण क्षमताओं को भी बुक किया है और यह टर्मिनल में बुक की गई क्षमता का कुशलतापूर्वक उपयोग कर रही है।

इसके अलावा, उड़ीसा में धामरा एलएनजी टर्मिनल चालू हो गया है और वाणिज्यिक संचालन के लिए तैयार है। गेल ने अपना पहला कार्गो स्थापित किया और 22 मई 2023 से एलएनजी का निर्वहन शुरू कर दिया है। इसके साथ, गेल के पाइपलाइन नेटवर्क को भारत के पूर्वी हिस्से में अपना पहला आरएलएनजी फीडिंग प्वाइंट मिल गया है।

इसके अलावा, गेल अपनी स्पॉट पुनर्गैसीकरण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, समय–समय पर हजीरा, दहेज आदि जैसे भारतीय पुनर्गैसीकरण टर्मिनलों पर अतिरिक्त पुनर्गैसीकरण क्षमता बुक करता है।

### » प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन

आपकी कंपनी नई प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों को विकसित करके और अपनी मौजूदा प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के विस्तार द्वारा अपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे की लंबाई बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपकी कंपनी ने निर्माणाधीन नए गैस स्रोतों को अपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के साथ जोड़ने के लिए कदम उठाए हैं जिसमें अपनी पाइपलाइनों में और अधिक और नए गैस इंजेक्शन बनाने के लिए राजस्थान/गुजरात में कृष्णा गोदावरी (केजी) बेसिन, कावेरी बेसिन, झरिया, बोकारो और शहडोल में कोल बेड मीथेन (सीबीएम) खोजें, बोली मार्ग और निर्माणाधीन आरएलएनजी टर्मिनलों के माध्यम से घरेलू गैस के नए स्रोत शामिल हैं। इसके अलावा, देश में अन्य पाइपलाइन कंपनियों की प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के साथ आंतरिक कनेक्शन (आईसी) भी प्रदान किए जा रहे हैं।




श्री दीपक गुप्ता, निदेशक (परियोजना), गेल इंफ्रास्ट्रक्चर सम्मेलन को संबोधित करते हुए

विभिन्न औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस का उपभोग करने और अन्य वैकल्पिक ईंधन से स्थानांतरित करने में सक्षम बनाने के लिए उन्हें अंतिम मील कनेक्टिविटी (एलएमसी) प्रदान करने के अलावा, आपकी कंपनी पीएनजीआरबी द्वारा 9वें और 10वें सीजीडी बोली दौर तक प्रदान किए गए देश के विभिन्न हिस्सों में लगभग 100 सीजीडी नेटवर्कों को हुकिंग–अप कनेक्टिविटी (अर्थात ट्रंक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से सीजीडी नेटवर्क तक कनेक्टिविटी) भी प्रदान कर रही है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान गैस की आपूर्ति/परिवहन के लिए 05 नए एलएमसी और 27 हुक–अप पूरे किए गए थे।

आपकी कंपनी ने गैस एक्सचेंज में लेनदेन किए गए गैस के सुचारू ट्रांसमिशन के लिए नए स्थापित गैस एक्सचेंज के साथ पद्धतियों को भी सुदृढ़ किया है। इसके अलावा, आपकी कंपनी देश की पहली गैस पाइपलाइन कंपनी है जिसने अपनी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में सामान्य वाहक क्षमता की आसान और पारदर्शी बुकिंग के लिए एक ऑनलाइन पाइपलाइन ओपन–एक्सेस पोर्टल शुरू किया था। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान पोर्टल के माध्यम से लगभग 9,700 क्षमता ट्रेंच (सीटी) अनुरोधों पर कार्रवाई की गई है, जबकि 2018 में ऑनलाइन पोर्टल के शुभारंभ के बाद से 31 मार्च 2023 तक प्राप्त कुल सीटी अनुरोध 21,000 से अधिक हैं।

### » राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) का विकास

राष्ट्रीय गैस ग्रिड विकसित करने के लिए, आपकी कंपनी अपने संयुक्त उद्यमों के साथ पूरे भारत में लगभग ‚7,879 कि.मी. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और अपने संयुक्त उद्यम/गेल गैस के संयुक्त उद्यम (जिसमें इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड द्वारा 1,656 कि.मी. और आंध्र प्रदेश गैस वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 391 कि.मी. शामिल है) के माध्यम से अन्य 2,047 कि.मी. पाइपलाइनें बिछाने की परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। चल रही परियोजनाओं की स्थिति इस प्रकार है:

1. **जेएचबीडीपीएल के अभिन्न अंग के रूप में जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो–धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) (2,655 कि.मी.) और बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन (बीजीपीएल) (729 कि.मी.) खंड:** यह पाइपलाइन नेटवर्क उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम से होकर गुजरेगा। पाइपलाइन नेटवर्क में दो गैस स्रोत होंगे, एक फूलपुर (इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश) में और दूसरा धामरा आरएलएनजी टर्मिनल (ओडिशा) में तथा यह गैस आपूर्ति प्राप्त करने के लिए एकीकृत एचवीजे नेटवर्क से भी जुड़ा होगा। बरौनी से गुवाहाटी तक की पाइपलाइन पूर्वोत्तर गैस ग्रिड को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ेगी। हाल ही में, पीएनजीआरबी ने जेएचबीडीपीएल नेटवर्क के क्षमता विस्तार और धामरा–पारादीप स्पर लाइन के बढ़ते आकार के लिए धामरा–हल्दिया पाइपलाइन (डीएचपीएल) (253 कि.मी.) को अधिकृत किया है। इसके साथ, एकीकृत जेएचबीडीपीएल नेटवर्क की विस्तार क्षमता पहले के 16 एमएमएससीएमडी से अब 23 एमएमएससीएमडी हो गई है।

   मार्च 2023 तक, 2,378 कि.मी. लंबी एकीकृत जेएचबीडीपीएल (बीजीपीएल सहित) को चालू किया गया है, जिसमें सिंदरी, बरौनी और गोरखपुर में 4 प्रमुख उर्वरक संयंत्रों अर्थात मैसर्स मैटिक्स फर्टिलाइजर्स, दुर्गापुर, मैसर्स हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) से कनेक्टिविटी शामिल है।

2. **कोच्चि–कुट्टनाड–बैंगलोर–मैंगलोर पाइपलाइन (केकेबीएमपीएल) परियोजना चरण–II (891 कि.मी.):** केरल और कर्नाटक से गुजरने वाली कोच्चि से मैंगलोर पाइपलाइन (केएमपीएल–450 कि.मी.) को चालू किया गया था तथा एंकर ग्राहक मैंगलोर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, ओएनजीसी मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड और मैंगलोर रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड को भी जोड़ा गया था। कूटनाड से बेंगलुरू पाइपलाइन के 129 कि.मी. खंड को भी चालू कर दिया गया है। तमिलनाडु खंड का कार्य चल रहा है।

3. **विजयपुर–औरैया–फूलपुर पाइपलाइन:** जेएचबीडीपीएल परियोजना की आपूर्ति में बाधा को दूर करने के लिए, विजयपुर से फूलपुर तक औरैया (667 कि.मी.) के माध्यम से एक समानांतर पाइपलाइन को डाला गया था। औरैया से फूलपुर (315 कि.मी.) के चरण–1 को मार्च 2019 में चालू किया गया था। इसके अलावा, विजयपुर से औरैया तक 352 कि.मी. के चरण–2 को मार्च 2022 में चालू किया गया है।

   मुंबई–नागपुर–झारसुगुड़ा पाइपलाइन (1,755 कि.मी.) एमएनजेपीएल, जो नेशनल गैस ग्रिड (एनजीजी) का हिस्सा है, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों के 25 जिलों से होकर गुजरेगी। यह ठाणे (महाराष्ट्र) से शुरू होगी और झारसुगुडा (ओडिशा) में जेएचबीडीपीएल से जुड़ेगी। साथ ही स्परलाइन का विस्तार नागपुर (महाराष्ट्र) से जबलपुर (मध्य प्रदेश) तक होगा। पाइपलाइन स्वच्छ

ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी और सीजीडी उद्योगों और एंकर लोड ग्राहकों की मांग को पूरा करेगी। मुंबई–नागपुर खंड का निर्माण कार्य जोर–शोर से चल रहा है।

4. **सुल्तानपुर–झज्जर–हिसार पाइपलाइन (135 कि.मी.)** 31.03.2023 को चालू हो गई है।

5. पाइपलाइन के रास्ते शहरों को प्राकृतिक गैस कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए श्रीकाकुलम (आंध्र प्रदेश)–अंगुल (ओडिशा) पाइपलाइन (744 कि.मी.), धामरा–हल्दिया पाइपलाइन (253 कि.मी.), हरिद्वार–ऋषिकेश–देहरादून पाइपलाइन (50 कि.मी.) का निर्माण कार्य चल रहा है।

» **पेट्रोकेमिकल्स**

पेट्रोरसायन व्यवसाय क्षेत्र के तहत, आपकी कंपनी उसर, महाराष्ट्र में 500 केटीए प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन और पॉलीप्रोपाइलीन (पीडीएच–पीपी) संयंत्र स्थापित कर रही है, जिसके 2025 में चालू होने की उम्मीद है। यह भारत में पहला संयंत्र होगा जिसमें प्रोपलीन के उत्पादन के लिए प्रोपेन डिहाइड्रोजनीकरण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इस परियोजना के लिए, मैसर्स ल्यूमस टेक्नोलॉजी एलएलसी, अमेरिका को पीडीएच यूनिट के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चुना गया है और मैसर्स ग्रेस टेक्नोलॉजीज इंक को पीपी यूनिट के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चुना गया है। परियोजना से संबंधित विभिन्न गतिविधियां जोर–शोर से चल रही हैं।

आपकी कंपनी पाटा में 60 केटीए पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) संयंत्र भी स्थापित कर रही है। परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई है। मैसर्स ग्रेस टेक्नोलॉजीज इंक, अमेरिका को पाता में पीपी यूनिट के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चुना गया है।

आपकी कंपनी ऊसर में 50 केटीए आइसोप्रोपेनॉल (आईपीए) यूनिट भी स्थापित कर रही है।

डिजिटल परिवर्तन समय की मांग है। पेट्रोकेमिकल बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा और बढ़ती मांग को देखते हुए, आपकी कंपनी ने तेजी से काम करने, चुस्त रहने और संगठन को प्रतिस्पर्धियों में आगे रहने के लिए प्रतिस्पर्धात्मकता क्षमता बढ़ाने हेतु एसएएस डेटा एनालिटिक्स टूल को अपनाया है। गेल पेट्रोकेमिकल्स व्यवसाय ने उन्नत डेटा एनालिटिक्स के लिए तीन बिजनेस एनालिटिक्स मॉड्यूल अर्थात मार्जिन अनुकूलन, मूल्य पूर्वानुमान और उत्पादन योजना विकसित की है। इसके अलावा, हमारी कंपनी अत्याधुनिक ग्राहक 360 और मार्केट इंटेलिजेंस प्रणाली के माध्यम से ग्राहक यात्राओं की मैपिंग और व्यवसाय बुद्धिमत्ता में सुधार कर रही है।

एनसीएलटी के माध्यम से कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत पेट्रोकेमिकल्स संयंत्र का अधिग्रहण

आपकी कंपनी लगातार गेल के साथ या विविध क्षेत्रों में तालमेल रखने वाली कंपनियों के अधिग्रहण की तलाश में है। बहुत सारे इक्विटी निवेशों की नियमित आधार पर जांच की जाती है। ऐसा ही एक अवसर जेबीएफ पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (जेबीएफपीएल) का अधिग्रहण था, जो कर्नाटक राज्य में मैंगलोर विशेष आर्थिक क्षेत्र (एमएसईजेड) के भीतर 1.25 एमएमटीपीए शुद्ध टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए) संयंत्र की स्थापना के लिए 2008 में निगमित एक पेट्रोकेमिकल्स कंपनी थी।

यह संयंत्र, पॉलिएस्टर संयंत्रों के लिए एक बैकवर्ड एकीकरण परियोजना है। संयंत्र का ट्रायल रन मार्च 2017 में आयोजित किया गया था; हालाँकि, उत्पादन शुरू नहीं हो सका, तथा तकनीकी विशिष्टताओं के अनुपालन और कमियों को दूर किया जा रहा था। उस समय, अतिरिक्त धनराशि लगाने की आवश्यकता थी।

एनसीएलटी के आदेश के अनुसार कंपनी को कॉर्पोरेट दिवाला और समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में दर्ज कराया गया था।

आपकी कंपनी ने उपर्युक्त कॉर्पोरेट दिवाला और समाधान प्रक्रिया में भाग लिया तथा सितंबर '22 में समाधान योजना प्रस्तुत की। ऋणदाताओं से अनुमोदन के बाद, एनसीएलटी ने मार्च '23 में जेबीएफपीएल के अधिग्रहण के लिए गेल की संकल्प योजना को मंजूरी दे दी। समाधान योजना के कार्यान्वयन के अनुसार, आपकी कंपनी ने 01.06.2023 को जेबीएफ में कुल समाधान योजना राशि के लिए ₹ 2,101 करोड़ का निवेश किया। परिणामस्वरूप, जेबीएफ 01.06.2023 से गेल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई है।

गेल और (अधिग्रहीत) जेबीएफपीएल की दो अलग–अलग पेट्रोकेमिकल क्षेत्रों अर्थात् क्रमशः पॉलीइथाइलीन (पीई) और प्यूरिफाइड टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए) में उपस्थिति है, जो आणविक संरचनाओं, फीडस्टॉक, उत्पाद विशेषताओं और लक्षित उपभोक्ता बाजार के अनुसार अलग–अलग हैं। पीटीए व्यवसाय की परिकल्पना मौजूदा पीई पोर्टफोलियो के पूरक कार्यक्षेत्र के रूप में की गई है। ऐसा समझा जाता है कि संयंत्र वर्ष 2020 तक संरक्षण में था और माननीय एनसीएलटी को प्रस्तुत गेल की पुनरुद्धार योजना के अनुसार, संयंत्र को मार्च '25 तक चालू किए जाने की योजना है।

» **कोयला गैसीकरण**

आपकी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) के साथ गठित एक जेवी–तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से कोयला गैसीकरण आधारित यूरिया परियोजना स्थापित कर रही है, इसमें प्रत्येक की 31.85% हिस्सेदारी है और फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआईएल) की 4.45% इक्विटी है। इस परियोजना में 2,200 एमटीपीडी अमोनिया और 3,850 एमटीपीडी यूरिया का उत्पादन करने की परिकल्पना की गई है।

परियोजना को सभी संयुक्त उद्यम भागीदारों से निवेश की मंजूरी मिल गई है और परियोजना की गतिविधियां कोयला गैसीकरण और अमोनिया/यूरिया की 02 प्रमुख एलएसटीके निविदाओं को अन्य ओएसबीएल/उपयोगिता पैकेज के साथ मैसर्स वुहान इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, चीन को प्रदान करने के साथ शुरू हो चुकी हैं। अन्य विक्रेताओं का चयन किया जा रहा है और साइट पर सभी परियोजना–पूर्व निर्माण गतिविधियों को पूरा कर लिया गया है। आर्थिक कार्यों संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 20 अप्रैल, 2021 को टीएफएल द्वारा उत्पादित यूरिया के लिए विशेष सब्सिडी नीति को मंजूरी दे दी है। परियोजना का वित्तीय समापन जून 2021 में ₹ 9,560 करोड़ (लगभग) के ऋण समझौते के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। लगभग ₹ 11,000 करोड़ मूल्य की संविदा पहले ही प्रदान की जा चुकी है और परियोजना ने कुल 23% प्रगति हासिल कर ली है।

गेल ने ईस्टर्न कोल फील्ड (ईसीएल) बर्धमान (प.बं.) में कोयले से सिंथेटिक प्राकृतिक गैस (एसएनजी) परियोजना के विकास के लिए 12 अक्तूबर, 2022 को कोल इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता–ज्ञापन के एक परिशिष्ट पर हस्ताक्षर किए।

» **स्टार्ट-अप पहल**

गेल ने आशाजनक स्टार्ट–अप में निवेश करने के लिए जुलाई 2017 में अपनी महत्वाकांक्षी स्टार्ट–अप पहल "पंख" लॉन्च की। आपकी कंपनी की स्टार्टअप पहल "पंख" का उद्देश्य ऐसे स्टार्ट–अप की पहचान करना, निवेश करना और उनका पोषण करना है जो दीर्घावधि में सफल कंपनियां बन सकते हैं और इस विविधीकरण से प्रतिलाभ प्रदान कर सकते हैं। इस पहल के तहत, प्रमुख क्षेत्रों में काम कर रहे नए और आशाजनक स्टार्ट–अप में वित्त–पोषण के लिए ₹ 100 करोड़ का प्रारंभिक कोष बनाया गया है। स्टार्ट–अप में गेल का निवेश एआई, लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, पोषण, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, पाइप निरीक्षण, ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण, जैव उत्पादों, आईओटी, उद्योग 4.0 (प्रक्रिया सुधार) आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में फैला हुआ है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपकी कंपनी ने ₹ 1.5 करोड़ की वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ सामाजिक सरोकार के क्रेडिट लाइन उत्पाद सहित फिनटेक क्षेत्र में 01 स्टार्ट–अप के साथ निवेश समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। आपकी कंपनी ने अब तक ₹ 69.69 करोड़ की कुल निवेश प्रतिबद्धता के साथ 34 स्टार्ट–अप को सहायता दी है। मौजूदा बाजार रुझानों के आधार पर इनमें से कुछ स्टार्ट–अप का मूल्यांकन कई गुना बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में गेल द्वारा समर्थित 04 स्टार्ट–अप्स ने उस मूल्यांकन से अधिक धन जुटाया है जिस पर गेल ने प्रारंभिक निवेश किया था।

## » एडवोकेसी पहल

भारत अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करना चाहता है और एक स्वच्छ, अधिक टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली में परिवर्तन करना चाहता है। भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने कहा है कि सूर्य देव के रथ को चलाने वाले सात घोड़ों के अनुरूप, भारत के ऊर्जा मानचित्र में गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के प्रयासों में तेजी लाने सहित सात प्रमुख कंपनियों की परिकल्पना की गई है।

पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल ऊर्जा स्रोत होने के कारण प्राकृतिक गैस 21वीं सदी का ईंधन बनने के लिए उपयुक्त है। प्राकृतिक गैस जिसे आमतौर पर ''हरित ईंधन'' के रूप में जाना जाता है, अपने रासायनिक गुणों के कारण सबसे स्वच्छ और कुशल हाइड्रोकार्बन है। हमारे देश को कार्बन हटाने और ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से, प्राकृतिक गैस को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न पहल की गई हैं और कदम उठाए गए हैं तथा 2030 तक देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में गैस की हिस्सेदारी लगभग 15ः होने की परिकल्पना की गई है। प्राकृतिक गैस प्रमुख चालक के रूप में पूरक हो सकती है और प्रकृति के आधार पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रगति को बढ़ाती है।

जीवाश्म ईंधन पहल के स्वच्छ उपयोग के तहत, कोयला गैसीकरण संयंत्रों को प्राकृतिक गैस ग्रिड के पास स्थापित किया जा सकता है, ताकि उत्पाद गैस या हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों में इंजेक्ट किया जा सके। इसके अलावा, प्राकृतिक गैस का उपयोग प्लास्टिक और रसायनों जैसे विभिन्न उत्पादों के उत्पादन में ईंधन/फीडस्टॉक के रूप में भी किया जा सकता है, जो इन उद्योगों के कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद कर सकता है।

देश में राष्ट्रीय गैस ग्रिड के विकास के लिए विभिन्न पाइपलाइन परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे देश के पूर्वी और पूर्वोत्तर हिस्सों सहित दूर–दराज के क्षेत्रों में गैस की उपलब्धता हो सकेगी। इसके लिए, सरकार ने पाइपलाइन परियोजनाओं के विकास और उर्वरक संयंत्रों जैसे प्रमुख लोड ग्राहकों के पुनरुद्धार के लिए अनुदान के प्रावधान सहित कई कदम उठाए हैं। प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क की पूरे भारत में उपस्थिति के अलावा, सरकार अंतिम उपभोक्ताओं तक प्राकृतिक गैस की उपलब्धता और पहुंच बढ़ाने के लिए भारत में सीजीडी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भी प्रयास कर रही है।

आपकी कंपनी के लिए एक उभरता हुआ विकास क्षेत्र जैविक कचरे के अवायवीय किण्वन से उत्पादित बायोगैस का विपणन है। बायोगैस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन के लिए बायोमास कचरे से आर्थिक मूल्य निकालने और परिवहन वाहनों के लिए (सीएनजी के समान) वैकल्पिक ईंधन के रूप में इसके उपयोग के लिए 01 अक्तूबर 2018 को सतत (सस्ते परिवहन के लिए स्थायी विकल्प) पहल शुरू की। इसके अलावा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अखिल भारतीय आधार पर सीजीडी नेटवर्क में इसके उपयोग के साथ विभिन्न संयंत्रों द्वारा उत्पादित सीबीजी के सामंजस्य के लिए नीतिगत दिशानिर्देश जारी किए हैं। गेल को सीबीजी–सीजीडी सामंजस्य योजना को संचालित करने का आदेश दिया गया है, जिसमें सीएनजी (टी) और पीएनजी (डी) खंडों में उपयोग के लिए सभी सीजीडी संस्थाओं को बायोगैस/सीबीजी को घरेलू गैस के साथ मिलाकर एक–समान आधार मूल्य पर आपूर्ति की जाएगी। समग्र गैस आपूर्ति परिदृश्य में बायोगैस अर्थव्यवस्था के विकास में तेजी लाने के उद्देश्य से नीतिगत ढांचे और प्रणालियों/तंत्रों को सक्षम बनाने के लिए उनका लगातार विकास किया जा रहा है।

जहां तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र का प्रश्न है, प्राकृतिक गैस में ग्रिड को संतुलित करने के साथ–साथ नवीकरणीय संसाधनों की चौबीसों घंटे उपलब्धता की कमी संबंधी चुनौती को कम करने की क्षमता है। अधिकतम खपत अवधि के दौरान प्राकृतिक गैस, अत्यधिक मांग से राहत देने और ग्रिड को संतुलित करने के लिए एक लचीले ऊर्जा भंडारण माध्यम के रूप में कार्य कर सकती है।

देश में परिवहन क्षेत्र और मोबिलिटी डोमेन के बारे में बात करें तो एक स्वच्छ मोबिलिटी समाधान के रूप में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्थापना के लिए बिजली वितरण और चार्जिंग अवसंरचना में महत्वपूर्ण निवेश करने की आवश्यकता होगी। तेजी से बढ़ते सीजीडी नेटवर्क के माध्यम से, प्राकृतिक गैस, उत्सर्जन को कम करने और स्वच्छ मोबिलिटी एजेंडे में मदद करने का प्रयास कर रही है।

हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में योगदान करते हुए, सीजीडी अवसंरचना का उपयोग अंतिम उपयोग के लिए प्राकृतिक गैस में हाइड्रोजन के मिश्रण के लिए किया जा सकता है। प्रायोगिक परियोजनाओं के माध्यम से सीजीडी नेटवर्क में सम्मिश्रण स्थापित करने के बाद, तकनीकी दायरे के अधीन सीजीडी नेटवर्क में हाइड्रोजन सम्मिश्रण का अधिकतम स्तर शुरू किया जा सकता है। भविष्य में हाइड्रोजन बैकबोन अवसंरचना के निर्माण के लिए, ईंधन की प्रकृति और अंतिम उपभोक्ताओं जैसी सहक्रियता को ध्यान में रखते हुए गैस पाइपलाइन अवसंरचना के उपयोग अधिकार का लाभ उठाया जा सकता है।

वर्षों से, गेल बेहतर पर्यावरणीय ईंधन के रूप में गैस का प्रचार करने और भारत में गैस के लिए उपलब्ध बाजार के अवसरों का समर्थन करने के लिए आयोजित उद्योग कार्यक्रमों का हिस्सा रहा है। गेल एफआईपीआई, सीआईआई, फिक्की, सीएसई, टेरी नीति आयोग आदि सहित विभिन्न भारतीय उद्योग संघों के साथ बातचीत कर रहा है। गेल सतत ऊर्जा नीति और गैस क्षेत्र में अपेक्षित सुधारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय गैस संघ, एडीबी, विश्व बैंक जैसे वैश्विक संघों के साथ लगातार जुड़ा हुआ है। गेल नियमित रूप से पीएनजीआरबी, विनियामक संस्था के साथ बातचीत करके उन्हें वर्तमान स्थिति और उद्योग के दृष्टिकोण से अवगत कराता है। गेल भारत में प्राकृतिक गैस के समर्थन और बाजार विकास को आगे बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ और सरकारी निकायों के साथ भी जुड़ा हुआ है।

गेल विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योग निकायों और संघों का हिस्सा है जो उद्योग के मुद्दों पर चर्चा करने तथा बेहतर समावेशी नीतियां बनाने और सुधार लाने के लिए सामूहिक तरीके से उद्योग की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए मंच प्रदान करते हैं। यह सार्वजनिक हित की उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण आधार बनता है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में, गेल निम्नलिखित संघों का हिस्सा थाः

- भारतीय पवन ऊर्जा संघ (आईडब्ल्यूपीए)
- पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री
- केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मेनुफैक्चरर्स (सीपीएमए)
- भारतीय प्लास्टिक पर्यावरण केंद्र (आईसीपीई)
- भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए)
- अंतर्राष्ट्रीय स्वैप और डेरिवेटिव एसोसिएशन इंक (आईएसडीए)
- इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी (आईएफजीई)
- तरलीकृत प्राकृतिक गैस आयातकों का अंतर्राष्ट्रीय समूह (जीआईआईजीएनएल)
- मानव संसाधन प्रबंधन सोसायटी (एसएचआरएम)
- अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए)
- राष्ट्रीय कार्मिक प्रबंधन संस्थान (एनआईपीएम)
- पाइपलाइन ऑपरेटर्स फोरम
- टेरी काउंसिल फॉर बिजनेस सस्टेनेबिलिटी (टेरी–सीबीएस)
- ग्लोबल रिपोर्टिंग इनिशिएटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जीआरआई)
- सार्वजनिक उद्यमों का स्थायी सम्मेलन (स्कोप)
- भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ (एफआईपीआई)
- फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की)
- ब्रिटिश सुरक्षा परिषद (भारत) एलएलपी
- भारत म्यांमार चैम्बर ऑफ कॉमर्स (आईएमसीसी)
- भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)
- अंतर्राष्ट्रीय गैस संघ (आईजीयू)

## » हरित ऊर्जा पहल

ग्रीन हाइड्रोजन उर्वरक उत्पादन और पेट्रोलियम रिफाइनिंग में हाइड्रोजन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक नवीकरणीय ऊर्जा आधारित वैकल्पिक ईंधन है। इसमें जीवाश्म ईंधन

पर भारत की निर्भरता को कम करने और इन औद्योगिक प्रक्रियाओं के कार्बन उत्सर्जन को कम करने की क्षमता है। यह कई प्रक्रियाओं से उत्सर्जन को रोकने में मदद कर सकता है जो उर्वरक, रसायन, पेट्रोकेमिकल और स्टील के उत्पादन जैसे जीवाश्म ईंधन से प्राप्त इनपुट सामग्री या फीडस्टॉक पर निर्भर करते हैं। हाइड्रोजन का उपयोग लंबी दूरी के परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा के दीर्घावधि भंडारण के लिए ईंधन के रूप में भी किया जा सकता है।



गेल, पाता पेट्रोकेमिकल संयंत्र में रूफ टॉप सौर परियोजना

आपकी कंपनी रणनीति 2030 के अनुरूप, कार्बनिक और अकार्बनिक मार्गों के माध्यम से अपने नवीकरणीय पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए विभिन्न अवसर तलाश रही है।

नेट जीरो भविष्य को आकार देने के लिए, आपकी कंपनी कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन में विभिन्न व्यावसायिक अवसर तलाश रही है। कंपनी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की पहल – सतत (सस्ते परिवहन के लिए स्थायी विकल्प) का एक अभिन्न हिस्सा है और आपकी कंपनी और उसके संयुक्त उद्यमों के रिटेल आउटलेट्स पर सीबीजी की विपणन संविदा प्रदान करने के लिए विभिन्न सीबीजी उत्पादकों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, कंपनी ने संभावित सीबीजी उत्पादकों को 327 'आशय–पत्र (एलओआई)' जारी किए हैं।

आपकी कंपनी ने सीबीजी उत्पादन संयंत्र स्थापित करके सीबीजी व्यवसाय में कदम रखने का निर्णय भी लिया है। कंपनी रांची में 5 टन प्रति दिन (टीपीडी) सीबीजी उत्पादन क्षमता का अपना पहला सीबीजी संयंत्र स्थापित कर रही है। इसने संयंत्र स्थापित करने के लिए नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) और संबंधित बुनियादी ढांचे की आपूर्ति के लिए रांची नगर निगम के साथ 22 वर्षों के लिए एक रियायत करार पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी को भूमि आबंटन सहित बेंगलुरु में सीबीजी संयंत्र लगाने के लिए 30.12.2022 को कर्नाटक सरकार से मंजूरी मिल गई है।

भारत सरकार के 'राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन' के अनुरूप, आपकी कंपनी विजयपुर (म.प्र.) में 4.3 टन प्रतिदिन की क्षमता वाली हरित हाइड्रोजन उत्पादन यूनिट स्थापित कर रही है। यूनिट जल इलेक्ट्रोलिसिस पर आधारित प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (पीईएम) तकनीक का उपयोग करके ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करेगी। इसके अलावा, एनजी/सीजीडी नेटवर्क में एच2 मिश्रण की तकनीकी व्यवहार्यता पर अध्ययन शुरू किया गया है।



हसन, कर्नाटक में गेल की पवन ऊर्जा परिसंपत्ति

अप्रैल 2021 में सीबीजी–सीजीडी सिंक्रोनाइजेशन योजना के शुरू होने के बाद, कंपनी ने पहले ही पूरे देश में सिंक्रोनाइजेशन योजना को चालू कर दिया है। सिंक्रोनाइजेशन योजना के कार्यान्वयन की मुख्य बातें इस प्रकार हैं:

क. सीबीजी–सीजीडी सिंक्रोनाइजेशन योजना के तहत पूरे भारत में 17 सीजीडी भौगोलिक क्षेत्रों में लगभग 38000 एससीएमडी (28 टीपीडी) बायोगैस/सीबीजी की आपूर्ति/इंजेक्शन किया गया था।

ख. सिंक्रो योजना के तहत संचयी बायोगैस/सीबीजी बिक्री 5490 मीट्रिक टन है। वित्त वर्ष 2022–23 के लिए, सीबीजी–सीजीडी सिंक्रनाइजेशन योजना के तहत प्रति मात्रा सीबीजी बिक्री 5322 टीपीए है।

ग. सीबीजी उत्पादक, गेल और सीजीडी कंपनी के बीच 46 त्रिपक्षीय समझौते (टीपीए) किए गए हैं।

घ. 28 सीबीजी संयंत्रों और 18 सीजीडी कंपनियों ने सिंक्रोनाइजेशन योजना के तहत समझौते किए हैं।

आपकी कंपनी हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए 10 मेगावाट पीईएम इलेक्ट्रोलाइजर स्थापित कर रही है। आपकी कंपनी ने गुजरात में 500 केएलपीडी बायोएथेनॉल संयंत्र स्थापित करने की व्यवहार्यता और पेट्रोकेमिकल/केमिकल संयंत्र, सौर और पवन परिसंपत्तियों से संबंधित अन्य व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लिमिटेड (जीएसीएल) के साथ समझौता–ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

आपकी कंपनी ने सौर ऊर्जा के विकास के लिए कुछ पहल भी की हैं जैसे (i) सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए बीएचईएल के साथ समझौता–ज्ञापन किया गया; (ii) कैप्टिव खपत के लिए नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की गई; (iii) सौर सेल/मॉड्यूल के निर्माण के लिए अवसर तलाशे गए; (iv) कॉर्पोरेट भागीदार के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के साथ सहयोग किया गया।

### » छोटे पैमाने की एलएनजी

भारत ने हाल के वर्षों में नगर गैस वितरण नेटवर्क का व्यापक विस्तार किया है, जिससे प्राकृतिक गैस की मांग में वृद्धि हुई है। द्रवीकरण सुविधाएं कुछ ऐसे क्षेत्रों से गैस स्थानांतरित करने में मदद कर सकती हैं जिनका व्यावसायिक रूप से दोहन नहीं किया गया है क्योंकि वे निकासी पाइपलाइन का समर्थन करने के लिए बहुत छोटे हैं।

आपकी कंपनी पाइपलाइनों से जुड़े क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की मांग को पूरा करने और पृथक क्षेत्रों से गैस परिवहन में मदद करने के लिए छोटी द्रवीकरण सुविधाएं स्थापित करने की योजना बना रही है।

आपकी कंपनी ने प्रायोगिक आधार पर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का उत्पादन करने में सक्षम दो छोटे पैमाने के द्रवीकरण स्किड के लिए ऑर्डर दिया है। स्वामित्व प्रौद्योगिकी–आधारित मोबाइल द्रवीकरण स्किड के माध्यम से द्रवीकरण प्राप्त किया जाएगा। ये संयंत्र नए शहर के गैस वितरण क्षेत्रों में द्रवीकरण के माध्यम से प्राकृतिक गैस के वितरण, पृथक क्षेत्रों में गैस के द्रवीकरण में मदद करेंगे और एलएनजी ईंधन स्टेशनों की स्थापना और बंकरिंग में सहायता करेंगे। पोर्टेबल और स्केलेबल द्रवीकरण यूनिटों को पेश करने वाला यह देश में अपनी तरह का पहला स्टेशन होगा।

आपकी कंपनी भारत में द्रवीकरण स्किड के निर्माण की संभावना पर भी चर्चा कर रही है।

## 4. जोखिम, चुनौतियाँ और न्यूनीकरण

### » पीएनजीआरबी विनियामक ढांचा

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) की स्थापना भारत सरकार द्वारा 1 अक्तूबर, 2007 को पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 के विभिन्न प्रावधानों को पूरा करने के लिए की गई थी। पीएनजीआरबी अधिनियम कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन की गतिविधियों को छोड़कर, रिफाइनिंग, प्रोसेसिंग, भंडारण, परिवहन, वितरण, विपणन तथा पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस की बिक्री को विनियमित करने के लिए एक कानूनी ढांचा उपलब्ध कराता है ताकि इसमें इन गतिविधियों में लगे उपभोक्ताओं और संस्थाओं के हितों की रक्षा हो सके। पीएनजीआरबी के मुख्य कार्यों में अन्य बातों के साथ–साथ, (क) सामान्य वाहक या संविदा वाहक के रूप में नई पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, संचालन या विस्तार करना और नया नगर गैस वितरण

नेटवर्क (सीजीडी नेटवर्क) बिछाना, निर्माण, संचालन या विस्तार के लिए प्राधिकार प्रदान करना (ख) मौजूदा प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों और सीजीडी नेटवर्क को सामान्य वाहक या संविदा वाहक के रूप में घोषित करना (ग) सामान्य वाहक या संविदा वाहक तक पहुंच को विनियमित करना (घ) सामान्य वाहक या संविदा वाहक की परिवहन दरों को विनियमित करना, और (ड.) इस अधिनियम के प्रावधानों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सौंपे गए ऐसे अन्य कार्यों को करना शामिल है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, पीएनजीआरबी ने प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों और सीजीडी नेटवर्क के संबंध में विभिन्न संशोधन और विनियम अधिसूचित किए हैं। प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के संबंध में, विनियामक प्रावधानों के आधार पर, पीएनजीआरबी ने आपकी कंपनी की नौ (09) परस्पर–जुड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों को एकीकृत करके 01 अप्रैल, 2023 से प्रभावी रूप से जोनल टैरिफ में विभाजित एक एकीकृत टैरिफ निर्धारित किया है, जिससे आपकी कंपनी के प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

इस अवधि के दौरान, पीएनजीआरबी ने 01 अप्रैल, 2023 से एकीकृत टैरिफ विनियमों को भी अधिसूचित किया है। इसके तहत, राष्ट्रीय गैस ग्रिड प्रणाली (एनजीजीएस) में शामिल सभी घटक प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए एकीकृत टैरिफ की गणना भारित औसत जोनल टैरिफ (पीएनजीआरबी द्वारा अनुमोदित) के रूप में की जाती है और उसके बाद इसे तीन जोन में जोनल यूनिफाइड टैरिफ में विभाजित किया जाता है, पहला जोन गैस स्रोत से 300 कि.मी. की दूरी को कवर करता है, दूसरा जोन 300 कि.मी. से अधिक और 1200 कि.मी. तक का होता है और तीसरा जोन 1200 कि.मी. से अधिक होता है। इसके तहत, एनजीजीएस से संबद्ध पाइपलाइनों से जुड़े देश भर के सभी ग्राहकों को उनके स्थान के आधार पर उन पर लागू एकल जोनल एकीकृत टैरिफ का भुगतान करना होगा। इस एकीकृत टैरिफ व्यवस्था से दूर–दराज के क्षेत्रों में स्थित ग्राहकों को टैरिफ युक्तिकरण के माध्यम से लाभ होगा और आपकी कंपनी सहित सभी पाइपलाइनों में गैस उपयोग बढ़ाने के लिए नए बाजारों के विकास की सुविधा मिलेगी।

इसके अलावा, एनजीजीएस का हिस्सा नहीं बनने वाली अन्य पाइपलाइनों के लिए परिवहन शुल्क पीएनजीआरबी द्वारा प्रत्येक पाइपलाइन के लिए अलग से निर्धारित किया जाता है और इसे 300 कि.मी.के प्रत्येक क्षेत्र के साथ क्षेत्रीय आधार पर विभाजित किया जाता है।

हाल ही में, पीएनजीआरबी 12वें बोली दौर के तहत जम्मू–कश्मीर/लद्दाख और पूर्वोत्तर में सीजीडी नेटवर्क विकसित करने का प्रस्ताव भी लेकर आया है। व्यावसायिक क्षमता के आधार पर, आपकी कंपनी इसमें भाग लेने का आकलन करेगी।

आपकी कंपनी गुरदासपुर–जम्मू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी है और पीएनजीआरबी ने गुरदासपुर–जम्मू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के प्राधिकार का आशय–पत्र जारी किया है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपकी कंपनी को गुजरात के जंबुसर क्षेत्र में एक अनुबंध कनेक्टिविटी पाइपलाइन विकसित करने का प्राधिकार भी दिया गया है जो नए घरेलू स्रोतों से अधिक गैस लाएगी। इस अवधि में, आपकी कंपनी के सहयोगियों को सीजीडी बोली के 11ए दौर के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित भौगोलिक क्षेत्र में नगर गैस वितरण नेटवर्क विकसित करने के लिए प्राधिकार भी प्रदान किया गया है।

पीएनजीआरबी ने प्रासंगिक मामलों में विभिन्न आदेश और निर्णय भी जारी किए हैं। उक्त विनियमों, संशोधनों, प्राधिकारों, आदेशों और निर्णयों का विवरण पीएनजीआरबी की आधिकारिक वेबसाइट (www.pngrb.gov.in) पर उपलब्ध है और इसका व्यवसाय पर अलग–अलग प्रभाव पड़ता है। पीएनजीआरबी के ये नियम, संशोधन, प्राधिकार, आदेश, निर्णय पीएनजीआरबी बेंच, अपीलीय न्यायाधिकरण और न्यायालयों के समक्ष अपील योग्य हैं और तदनुसार, उनमें से कुछ आपकी कंपनी से संबंधित अपील के विभिन्न चरणों में भी हैं। पीएनजीआरबी द्वारा विनियमों में किए गए किसी भी अंतिम परिवर्तन का समय और सामग्री आपकी कंपनी के नियंत्रण में नहीं है। हालाँकि, क्षेत्रीय मुद्दों पर पीएनजीआरबी के साथ नियमित बातचीत करने, विनियामक बोर्ड द्वारा आयोजित सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया में भागीदारी और लिखित रूप में विनियामक को तार्किक प्रस्तुतियाँ देने से आपकी कंपनी को नियमों में किसी भी अचानक या अप्रत्याशित बदलाव से जुड़े जोखिमों का अनुमान लगाने या उन्हें कम करने में मदद मिलती है।

## » प्राकृतिक गैस की कीमतें

आपकी कंपनी वर्तमान में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्रोतों से खरीदी गई प्राकृतिक गैस का विपणन करती है।

भारत सरकार ने अपने दिनांक 25 अक्तूबर, 2014 के आदेश द्वारा नए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश, 2014 को अधिसूचित किया था। 1 नवंबर, 2014 से अधिसूचना के अनुसार, गैस की कीमत एक विशिष्ट सूत्र के अनुसार वर्ष में दो बार निर्धारित की जाती है, जो संक्षेप में, दुनिया भर के प्रमुख केंद्रों में कारोबार की जाने वाली प्राकृतिक गैस का बारह महीने का औसत मूल्य (परिवहन और उपचार शुल्क को घटाकर) है। नए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश, 2014 ओएनजीसी और ओआईएल, नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) ब्लॉकों और पूर्व–एनईएलपी ब्लॉकों के लिए सभी नामित क्षेत्रों पर समान रूप से लागू होते हैं, जिन्हें पीएससी के अनुसार सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होती है, जबकि ये नामांकित ब्लॉकों के छोटे और अलग–अलग क्षेत्रों के मामले में लागू नहीं होते हैं जो 2013 के मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों के अंतर्गत आते हैं।

वैश्विक ऊर्जा कीमतें बढ़ने के कारण देश में उत्पादित गैस के मूल्य निर्धारण फॉर्मूले की समीक्षा के लिए भारत सरकार ने सितंबर–22 में डॉ. किरीट पारिख समिति का गठन किया। समिति ने घरेलू गैस की कीमतों को भारतीय कच्चे तेल की बॉस्केट से जोड़ने की सिफारिश की। भारत सरकार द्वारा डॉ. किरीट पारिख समिति की सिफारिशों पर निर्णय को अंतिम रूप दे दिया गया है।

तदनुसार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 7 अप्रैल 2023 को नए घरेलू गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश, 2014 में संशोधन को अधिसूचित किया। संशोधन के अनुसार, घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य (एपीएम मूल्य) पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण कक्ष (पीपीएसी) द्वारा समय–समय पर परिभाषित भारतीय क्रूड बास्केट मूल्य का 10% होगा। एपीएम कीमतें पीपीएसी द्वारा मासिक आधार पर घोषित की जाएंगी। ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा उनके नामांकन क्षेत्रों से उत्पादित गैस के लिए, एपीएम मूल्य न्यूनतम और अधिकतम सीमा के अधीन होगा। प्रारंभिक न्यूनतम और अधिकतम कीमत क्रमशः + 4/एमएमबीटीयू और + 6.5/एमएमबीटीयू होगी। यह सीमा अगले दो वर्षों (वित्त वर्ष 2023–24 और 2024–25) के लिए बनाए रखी जाएगी और फिर प्रत्येक वर्ष + 0.25/एमएमबीटीयू की वृद्धि की जाएगी। ओएनजीसी और ओआईएल के नामांकन क्षेत्रों में नए कुएं या कुएं से उत्पादित गैस, जहां एपीएम कीमतें न्यूनतम और सीमा के अधीन हैं, को इन एपीएम कीमतों पर 20ः प्रीमियम की अनुमति दी जाएगी।

इसके अलावा, भारत सरकार ने 21 मार्च, 2016 के अपने आदेश के तहत गहरे पानी, अति–गहरे पानी और उच्च दबाव–उच्च तापमान वाले क्षेत्रों में खोजों से उत्पादित गैस के लिए मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता सहित विपणन पर दिशानिर्देश अधिसूचित किए हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार, सरकार ने इन क्षेत्रों में उत्पादित गैस के लिए मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है, जिसकी गणना आयातित ईंधन तेल, स्थानापन्न ईंधन और एलएनजी की बारह महीने की औसत कीमत से कम करके की जाती है।

आपकी कंपनी घरेलू प्राकृतिक गैस की बिक्री पर विपणन मार्जिन अर्जित करती है। इसके अलावा, भारत सरकार ने 24 दिसंबर, 2015 की अपनी अधिसूचना में, जो 18 नवंबर, 2015 से लागू है, उर्वरक (यूरिया) और एलपीजी उत्पादकों को घरेलू गैस की आपूर्ति के लिए विपणन मार्जिन की सीमा ₹ 200 प्रति 1000 एससीएम कर दी है।

उपर्युक्त के अलावा, आपकी कंपनी मुख्य रूप से दहेज, गुजरात में पीएलएल से आयातित प्राकृतिक गैस खरीदती है। ऐसी पुनर्गैसीकृत एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस (आरएलएनजी) की खरीद और बिक्री कीमतें अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल मूल्य सूचकांकों पर आधारित होती हैं। इसके अलावा, आपकी कंपनी दुनिया भर के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से वाहक के माध्यम से सीधे एलएनजी आयात करती है तथा इसे दहेज, गुजरात और कोच्चि, केरल में पीएलएल के पुनर्गैसीकरण टर्मिनल पर या दाभोल, महाराष्ट्र में केएलएल पुनर्गैसीकरण टर्मिनल पर या शेल एनर्जी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में हजीरा एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) में पुनः गैसीकृत करती है। ऐसे एलएनजी आयात या तो तीन वर्ष से अधिक के दीर्घकालिक समझौते के तहत, तीन वर्ष तक के मध्यम अवधि के समझौते के तहत या स्पॉट कार्गो खरीद के तहत होते हैं। दीर्घकालिक और मध्यम अवधि के आयात के तहत, बिक्री मूल्य काफी हद तक खरीद मूल्य पर आधारित होता है। हालाँकि, स्पॉट कार्गो आयात के तहत, बिक्री मूल्य मांग और आपूर्ति परिदृश्य और ग्राहक सामर्थ्य पर निर्भर होता है। एलएनजी स्पॉट कार्गो का आयात अंतिम उपभोक्ताओं के सामर्थ्य और आवश्यकता तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एलएनजी की उपलब्धता के गहन मूल्यांकन पर आधारित है।

### » एलएनजी पोर्टफोलियो

आपकी कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों/सहयोगी कंपनियों ने अब तक अमेरिका में दो दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंध और सिंगापुर स्थित कंपनी से एक दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंध किया है ताकि बढ़ती एलएनजी मांग को पूरा किया जा सके:

- फरवरी 2018 से आपूर्ति के साथ सबाइन पास लिक्विफैक्शन टर्मिनल, अमेरिका से 3.50 एमएमटीपीए एलएनजी प्राप्त करने के लिए एलएनजी बिक्री और खरीद समझौता सबाइन पास लिक्विफैक्शन एलएलसी के साथ शुरू हुआ।
- अप्रैल, 2018 से आपूर्ति शुरू करने के साथ कोव प्वाइंट एलएनजी लिक्विफैक्शन टर्मिनल, अमेरिका में 2.30 एमएमटीपीए द्रवीकरण क्षमता की बुकिंग के लिए टर्मिनल सेवा समझौता और समान गैस मात्रा के लिए डब्ल्यूजीएल मिडस्ट्रीम (अब सिक्स वन कमोडिटीज) के साथ गैस बिक्री और खरीद समझौता किया गया।
- वित्त वर्ष 2018–19 से आपूर्ति शुरू होने के साथ 2.85 एमएमटीपीए अर्थात लगभग 10.26 एमएमएससीएमडी एलएनजी की सोर्सिंग के लिए पूर्ववर्ती एसईएफई मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर (एसएमटीएस), (जीएमटीएस सिंगापुर (गजप्रॉम) के साथ एलएनजी बिक्री और खरीद समझौता। गेल प्रभाव को कम करने के लिए विभिन्न प्रयास करके एसएमटीएस (तत्कालीन जीएमटीएस) व्यवधान से निपट रहा है। डाउनस्ट्रीम आरएलएनजी ग्राहकों को स्थायी स्तर पर गैस की आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई उपयुक्त युक्तिकरण करके की गई थी, जिससे गेल की आंतरिक खपत मुख्य रूप से पाता पेट्रोकेमिकल संयंत्र में और बाजार मूल्य पर एलएनजी/आरएलएनजी की अतिरिक्त मात्रा की खरीद द्वारा कम हो गई।
- ~0.3 एमएमटीपीए, अर्थात सीएफआर आधार पर लगभग 1.08 एमएमएससीएमडी एलएनजी की सोर्सिंग के लिए रास लाफैन लिक्वीफाइड नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड (3) के साथ एलएनजी बिक्री और खरीद समझौता।

उपर्युक्त एलएनजी अनुबंध आपकी कंपनी द्वारा बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था की मांग को पूरा करने और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ किए गए थे।

वित्त वर्ष 2016–17 से, आपकी कंपनी मूल्य और सूचकांक जोखिम को कम करने के लिए हेजिंग लेनदेन भी कर रही है। इसके अलावा, प्रणाली विस्तार के भाग के रूप में, आपकी कंपनी एलएनजी/पोत चार्टरिंग/पोत सर्विसेज पूछताछ के लिए ई–मेल प्रणाली से वेब आधारित पोर्टल पर स्थानांतरित हो गई है।

### » अक्षय ऊर्जा सहित बिजली

भारत कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता को तेज गति से बढ़ा रहा है। अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो में वृद्धि के साथ, ग्रिड की स्थिरता उद्योग के लिए सबसे अहम है। प्राकृतिक गैस आधारित बिजली संयंत्र ग्रिड स्थिरता प्रदान करने के लिए संतुलन बनाने का कार्य कर सकते हैं क्योंकि गैस संयंत्र कोयला आधारित संयंत्रों की तुलना में परिवर्तन करने के लिए अधिक तेज़ी से प्रतिक्रिया कर सकते हैं और उत्सर्जन को कम करने में आगे और मदद कर सकते हैं। पारंपरिक ईंधन संयंत्रों के संयंत्र लोड फैक्टर (पीएलएफ) में गिरावट आ रही है और प्राकृतिक गैस आधारित बिजली संयंत्र ढांचागत समस्याओं के साथ चल रहे हैं जिनका नीतिगत हस्तक्षेप करके समाधान किए जाने की आवश्यकता है। आपकी कंपनी विद्युत क्षेत्र द्वारा प्राकृतिक गैस के उठान को बढ़ाने/पुनर्जीवित करने के लिए मामला–दर–मामला आधार पर और एमओपीएंडएनजी और विद्युत मंत्रालय के गहन समन्वय के साथ काम कर रही है।

### » पॉलिमर, एलपीजी और अन्य एलएचसी

आपकी कंपनी पेट्रोरसायन, एलपीजी और अन्य एलएचसी उत्पादों का विपणन भी कर रही है। इन उत्पादों की कीमतें मांग और आपूर्ति को प्रभावित करने वाले वैश्विक और घरेलू कारकों से प्रभावित और निर्धारित होती हैं। आपकी कंपनी ने पेट्रोरसायन उत्पादों की स्थिर खपत सुनिश्चित करने के लिए बाजार में स्वीकार्य उत्पादों की एक श्रृंखला विकसित की है और पाता (उ.प्र.) और असम में उत्पादन सुविधाओं के साथ अपने पोर्टफोलियो को अनुकूल बनाया है। एलपीजी विपणन पीएसयू तेल विपणन कंपनियों के साथ गहन समन्वय करके तय किया जाता है। आपकी कंपनी के उत्पादों की श्रेणी में मार्जिन का प्रबंधन करने के लिए निरंतर उपाय किए जाते हैं।

### » विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव जोखिम

आपकी कंपनी, बड़े पैमाने पर एलएनजी, पूंजीगत सामान और विभिन्न नई परियोजनाओं के लिए भंडार और अतिरिक्त पुर्जों का आयात करती है, तथा संचालन और रखरखाव करती है। इसने पूंजीगत व्यय की आवश्यकता को पूरा करने और विदेशी निवेश करने के लिए विदेशी मुद्रा में ऋण भी लिया है। ऋण पोर्टफोलियो पूरी तरह से डेरिवेटिव उत्पादों (मुद्रा स्वैप और ब्याज दर स्वैप) के माध्यम से और विदेशी मुद्रा प्रवाह से स्वाभाविक बचाव करके नियंत्रित किया जाता है। आपकी कंपनी में विदेशी मुद्रा जोखिम के प्रबंधन के लिए एक अनुमोदित विदेशी मुद्रा और ब्याज दर जोखिम प्रबंधन नीति विद्यमान है जिसकी वित्तीय वर्ष के दौरान समीक्षा की गई है। अनुमोदित नीति के अनुसार आपकी कंपनी की विदेशी मुद्रा के अल्पकालिक और दीर्घकालिक जोखिम की निगरानी की जा रही है।

### » वस्तु मूल्य जोखिम

प्राकृतिक गैस के मूल्य जोखिम के प्रबंधन के लिए आपकी कंपनी में एक प्राकृतिक गैस मूल्य जोखिम प्रबंधन नीति है। अनुमोदित नीति के अनुसार आंतरिक खपत के साथ–साथ विभिन्न डाउनस्ट्रीम ग्राहकों को बेचने के लिए उपयोग की जाने वाली प्राकृतिक गैस के मूल्य जोखिम की निगरानी की जा रही है। जब भी बाजार में ऐसे अवसर उत्पन्न होते हैं, आपकी कंपनी आयातित प्राकृतिक गैस की कीमतों में उतार–चढ़ाव से उत्पन्न होने वाले मूल्य जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न डेरिवेटिव लेनदेन करती है।

### » प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा जोखिम

विभिन्न जोखिम गैस परिवहन और वितरण जैसे प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के विस्फोट, भूकंप, सुनामी, आतंकवादी गतिविधियों आदि से जुड़े हैं। इन जोखिमों को इन परियोजनाओं के डिजाइन चरण से ही कम किया जा रहा है। तथापि, ऐसे प्राकृतिक या मानव निर्मित जोखिम आकस्मिक घटनाएं हैं और इन्हें पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता है। यदि ऐसी कोई घटना होती है, तो कंपनी पर व्यापक देनदारियों आ जाती हैं। ऐसी घटनाओं के प्रभाव को कम करने के लिए, आपकी कंपनी के पास आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना है।

## » जोखिम प्रबंधन ढांचा

जोखिम प्रबंधन एक सतत प्रक्रिया है और आपकी कंपनी ने अपनी समग्र रणनीतिक और परिचालन प्रथाओं के साथ जोखिम प्रबंधन को एकीकृत करने की दृष्टि से एक व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) ढांचा स्थापित किया है। कंपनी ने बोर्ड की एक जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) का गठन किया है और इसकी भूमिका सेबी एलओडीआर विनियमों में निर्दिष्ट है। इसका प्राथमिक उद्देश्य जोखिम प्रबंधन के लिए एक संरचित दृष्टिकोण द्वारा समर्थित स्थायी और स्थिर व्यावसायिक विकास सुनिश्चित करना है। ईआरएम ढांचे में संगठन के लिए जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं को डिजाइन करना, लागू करना, निगरानी करना, समीक्षा करना और लगातार सुधार करना शामिल है।

गेल में ईआरएम ढांचा आईएसओ 31000 (जोखिम प्रबंधन – सिद्धांत और दिशानिर्देश) की आवश्यकताओं और ट्रेडवे कमीशन (सीओएसओ) के प्रायोजक संगठनों की समिति की सिफारिशों को शामिल करने के बाद डिजाइन किया गया है।

आपकी कंपनी के जोखिम प्रबंधन ढांचे की संरचना इस प्रकार है:




आपकी कंपनी में संगठन और इसके हितधारकों की सुरक्षा और मूल्यवर्धन के लिए एक जोखिम प्रबंधन नीति और प्रक्रिया उपलब्ध है जिसका उद्देश्य मौजूदा सांविधिक विनियमों के अनुपालन में निर्णयकर्ताओं द्वारा अपेक्षित/अनुमानित और मौजूदा जोखिमों के निष्पक्ष प्रबंधन के लिए एक जोखिम आसूचना ढांचा स्थापित करना है ताकि आपकी कंपनी की वित्तीय स्थिरता में सुधार और उद्देश्यों की स्पष्ट उपलब्धि सुनिश्चित हो सके।

### जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण

आपकी कंपनी जोखिमों के प्रबंधन के लिए एक ढांचागत 'अवरोह' और 'आरोह' दृष्टिकोण का उपयोग करती है। 'अवरोह' दृष्टिकोण अंतर्दृष्टि को दूर करने और प्रमुख जोखिमों पर स्पष्टता प्रदान करने में मदद करता है जबकि 'आरोह' दृष्टिकोण व्यापक जोखिम पहचान और प्राथमिकता को सुनिश्चित करने में मदद करता है, साथ ही इसमें ऐसी प्रक्रियाएं शामिल हैं जो एक मजबूत जोखिम प्रबंधन संस्कृति सुनिश्चित करने वाली कंपनी में निर्णय लेने को नियंत्रित करता है।

### जोखिम की पहचान

आपकी कंपनी व्यापार और वित्तीय जोखिमों के साथ–साथ गैर–वित्तीय जोखिमों जैसे जलवायु परिवर्तन, ईंधन की कीमतों, ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षा सहित विभिन्न प्रकार के जोखिमों का आकलन करती है जो भविष्य में व्यवसाय को प्रभावित कर सकते हैं और उस पर प्रभाव डाल सकते हैं। पहचाने गए जोखिमों को संगठन पर उनके प्रभाव और घटना की संभावना के आधार पर एक 'जोखिम रेटिंग' दी जाती है। किसी घटना के घटित होने और कंपनी पर उसके प्रभाव के बीच के समय के आधार पर 'जोखिम के वेग' को ध्यान में रखा जाता है।

बदलते कारोबारी परिदृश्य और आपकी कंपनी के विभिन्न अन्य गतिविधियों में विस्तार में, व्यावसायिक जोखिमों और उनकी उपशमन योजनाओं का नियमित आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। शीर्ष कॉर्पोरेट स्तर के प्रमुख जोखिम निम्नानुसार हैं:

1. उपयोग का अधिकार (आरओयू)/भूमि प्राप्त करने में देरी के कारण परियोजना निष्पादन में देरी का जोखिम
2. गैस ट्रांसमिशन पाइपलाइन के कम उपयोग से राजस्व की हानि होगी।
3. गेल का पुनर्गठन जोखिम (गेल की पाइपलाइन परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण और परिवहन प्रणाली ऑपरेटर (टीएसओ) के निर्माण के कारण चुनौतियां)
4. प्रणाली को दुर्भावनापूर्ण हमलों से बचाने के लिए अपर्याप्त नियंत्रण के परिणामस्वरूप डेटा की हानि और संचालन में व्यवधान की संभावना
5. उद्योग की कम मांग, कम कीमत और उच्च इनपुट लागत के कारण पेट्रोरसायन के मार्जिन में कमी का जोखिम।
6. कच्चे तेल की कीमतों/एलएनजी की कीमतों में प्रतिकूल उतार–चढ़ाव और घरेलू गैस की मात्रा में अपेक्षित वृद्धि के संदर्भ में एलएनजी का बाजार जोखिम।



'गैस अवसंरचना में क्रांति और विस्तार' पर कार्यकारी सत्र में गेल के निदेशक (परियोजना ) श्री दीपक गुप्ता आईईडब्ल्यू में अपने विचार साझा करते हुए

7. प्रमुख रिसाव का खतरा –
   (क) उच्च जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्र के अंतर्गत एलपीजी/प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से रिसाव के मामले में विस्फोट/उच्च मृत्यु दर।
   (ख) पेट्रोकेमिकल और जीपीयू/सी2–सी3 रिकवरी संयंत्र में रिसाव के मामले में विस्फोट/उच्च मृत्यु दर।
   (ग) गेल सीजीडी एनजी पाइपलाइनों में रिसाव के मामले में विस्फोट/उच्च मृत्यु दर।
8. तीसरे पक्ष के नुकसान और अतिक्रमण का जोखिम।
9. प्रतिकूल विनियामक परिवर्तनों का जोखिम।
10. ओएनजीसी सुविधाओं के बंद होने और गेल की आंतरिक खपत के लिए एपीएम/गैर–एपीएम गैस के आबंटन में कमी के कारण गेल के कारोबार पर प्रभाव।

उपर्युक्त सभी शीर्ष कॉर्पोरेट प्रमुख जोखिमों के साथ–साथ उपशमन उपायों की निगरानी शीर्ष प्रबंधन द्वारा बारीकी से की जा रही है।

पहचाने गए जोखिमों की गहराई से जांच की जाती है और कॉर्पोरेट स्तरीय जोखिम संचालन समिति (सीएलआरएससी) द्वारा तिमाही समीक्षा, जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) द्वारा द्विवार्षिक समीक्षा, लेखापरीक्षा समिति और बोर्ड द्वारा वार्षिक समीक्षा की जाती है।

## 5. निवेशक से संबंध और जुड़ाव

निवेशकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में कंपनियों को सक्षम बनाने में निवेशक संबंध (आईआर) आज की अस्थिर दुनिया में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कंपनी की निवेशक संबंध गतिविधियों का उद्देश्य सूचना/स्पष्टीकरण के सच्चे और निष्पक्ष प्रकटीकरण तथा द्विपक्षीय संचार के माध्यम से शेयरधारकों, निवेशकों और विश्लेषकों सहित हितधारकों के साथ विश्वास को बढ़ावा देना और लंबे समय तक विश्वास कायम करना है।

इन उद्देश्यों को हर समय आगे बढ़ाने के लिए, आपकी कंपनी लगातार आवश्यक जानकारी का खुलासा करती है और विभिन्न निवेशक संबंध गतिविधियों का संचालन करती है। निवेशक समुदाय के साथ निकटता से जुड़ने से कंपनी को निवेशकों का विश्वास हासिल करने में मदद मिलती है, जिससे वह आईआर कार्यक्रम से अधिकतम मूल्य प्राप्त करने में सक्षम हो जाती है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, आपकी कंपनी ने निवेशक संबंधों और जुड़ाव के लिए निम्नलिखित प्रमुख गतिविधियाँ आयोजित कीं:

क) निवेशकों और विश्लेषकों की बैठक 2022 का आयोजन

ख) वित्त वर्ष '23 की पहली तिमाही और दूसरी तिमाही/ वित्त वर्ष '23 की पहली छमाही, वित्त वर्ष '23 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद संगठित अर्निंग कॉल

ग) देश के शीर्ष ब्रोकरेज हाउस द्वारा आयोजित 8 घरेलू निवेशक सम्मेलन और 1 अंतर्राष्ट्रीय निवेशक सम्मेलन में भाग लिया

घ) नियमों, प्रमुख परियोजनाओं आदि में प्रमुख बदलाव लाने और कंपनी पर इसके प्रभाव को समझाने के लिए मार्च '23 में निवेशकों/विश्लेषकों के साथ परस्पर संवाद बैठक

इन सभी बैठकों/सम्मेलनों में कंपनी के शीर्ष प्रबंधन/वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस तरह की बैठक आयोजित करने और अर्निंग कॉल की व्यवस्था करने के अलावा, कंपनी ने आवश्यकता के आधार पर निवेशकों के साथ कार्यालय बैठक की भी व्यवस्था की।

आपकी कंपनी में निवेशक समुदाय की रुचि बढ़ी है और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए, कंपनी विनियामक और निष्पक्षता आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से उनके प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निवेशकों और विश्लेषकों के साथ जुड़ रही है।

इसके अलावा, आपकी कंपनी परियोजना के जमीनी विकास को प्रदर्शित करने के लिए विश्लेषक और निवेशक समुदाय के लिए साइट विजिट की भी व्यवस्था करती है, जिससे निवेशकों/विश्लेषकों को संयंत्र के कामकाज के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलती है। निवेशकों और विश्लेषकों तक सूचना प्रसारित करने की दिशा में कंपनी की ऐसी सभी पहलों को निवेशक और विश्लेषक समुदाय द्वारा समय–समय पर मान्यता और सराहना मिली है।

सेबी (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015 और सेबी (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) (संशोधन) विनियम, 2018 के अनुरूप, (प) तत्काल रिश्तेदारों के संदर्भ में नामित व्यक्ति(यों) से आवश्यक खुलासे प्राप्त करने के लिए गेल के इंट्रानेट पर संरचित डिजिटल डेटाबेस प्रणाली पहले से ही मौजूद है, (पप) कर्तव्यों को आगे बढ़ाने के लिए अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) साझा करना। इस प्रणाली ने कंपनी को सेबी पीआईटी विनियम 2015 के तहत आवश्यक डिजिटल डेटाबेस बनाए रखने में सक्षम बनाया है।

निवेशक प्रस्तुति(यां) और उल्लिखित दिशानिर्देश स्टॉक एक्सचेंजों के साथ साझा किए जाते हैं और आपकी कंपनी की वेबसाइट पर भी होस्ट किए जाते हैं।

## 6. क्षमता विकास

### » मानव पूंजी

31 मार्च, 2023 तक, आपकी कंपनी में 4823 (पूर्णकालिक निदेशक और सीवीओ सहित) कर्मचारी थे। आपकी कंपनी का मानना है कि कोई कंपनी मानव पूंजी में जितना अधिक निवेश करती है, उसकी उत्पादकता, नवाचार और सफलता की संभावना अधिक हो जाती है।

इसके साथ ही, कंपनी किसी परियोजना/कार्य से जुड़े मध्य–स्तर के कर्मचारियों को अवसर मिलने पर सीएमडी/निदेशकों के समक्ष प्रस्तुति देने के लिए नियुक्त करने की प्रथा का पालन कर रही है। यह प्रक्रिया युवा प्रतिभाओं को सामने लाती है और उन्हें शीर्ष प्रबंधन से रूबरू होने का मौका देते हुए अपने कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करती है।

आपकी कंपनी के पास प्रशिक्षण और सलाह के माध्यम से अपनी मानव पूंजी विकसित करने के लिए समर्पित संसाधन हैं। लोग हमारे सबसे कीमती संसाधन हैं और उनका प्रभावी निवेश और प्रबंधन गेल की निरंतर सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

आपकी कंपनी के पास अध्ययन उद्देश्यों के लिए अवकाश की अनुमति देने के लिए एक सुपरिभाषित नीति है, जो 5 वर्ष या उससे अधिक अनुभव वाले कर्मचारियों को अध्ययन उद्देश्यों के लिए विश्राम पर जाने की सुविधा प्रदान करती है।

नियमित प्रदर्शन फीडबैक उन प्रमुख पहलुओं में से एक है जिसके माध्यम से निष्पादन संस्कृति हासिल की जाती है। कार्यशालाओं के माध्यम से ''फीडबैक देने की कला' पर विशेष जोर दिया गया है। रिपोर्टिंग अधिकारियों को व्यक्तिगत क्षमताओं का आकलन करने के तरीकों को समझने, सुधार के क्षेत्रों का सुझाव देने आदि में मदद करने के लिए उसी विषय पर आंतरिक वीडियो (03 नं.) जारी किए गए थे।

मानव पूंजी में सुधार का एक प्रमुख निर्णायक कारक कर्मचारियों और उनके परिवारों को प्रदान किए गए बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता के माध्यम से विभिन्न कार्य स्थानों पर प्रदान किए जा रहे जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। कंपनी इस पहलू को उच्च महत्व देती है और यह सुनिश्चित करती है कि कर्मचारियों को टाउनशिप, अस्पताल, स्कूल, क्लब, खेल सुविधाओं आदि जैसी सर्वोत्तम सुविधाओं तक पहुंच प्राप्त हो। बुनियादी ढांचे के रखरखाव का ध्यान स्थानीय स्तर पर मानव संसाधन विभाग द्वारा किया जाता है।



गेल, विजयपुर में खेल सुविधा

मानव पूंजी प्रबंधन के संबंध में आपकी कंपनी का ध्यान व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पूरा करने, व्यवसाय को बनाए रखने और आवश्यक कार्य–निष्पादन प्रदान करने के साथ–साथ सुरक्षित और स्वस्थ कार्य माहौल प्रदान करना है। कार्यनीतिक और लक्षित विकास कार्यक्रमों तथा कर्मचारी संबद्धता पहल के माध्यम से, आपकी कंपनी कर्मचारी आधार का निर्माण कर रही है जो एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए उनकी क्षमता और प्रतिभा का लाभ उठा सकती है जहां स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच प्रदान की जाती है।

मूल्य वर्धित प्रति कर्मचारी उपलब्ध संसाधनों और व्यावसायिक अवसरों का अधिकतम और उत्पादक उपयोग करने पर बल देता है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए, प्रति कर्मचारी मूल्य वर्धन ₹ 218.29 लाख था।



श्री आयुष गुप्ता, निदेशक (एचआर), गेल ने भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 के दौरान "विकास के केंद्र में दक्षताः प्रौद्योगिकी, नवाचार, डिजिटलीकरण और प्रतिभा" विषय पर व्याख्यान दिया

## » नेतृत्व विकास कार्यक्रम

आने वाले वर्षों की चुनौतियों का संज्ञान लेते हुए, कंपनी ने निरंतर विकास पैटर्न को जारी रखने के लिए 2030 तक अपनी व्यावसायिक रणनीति को परिभाषित किया है। नई परियोजनाओं का नेतृत्व ऐसे नेताओं द्वारा किया जाना चाहिए जिनके पास कंपनी के लिए नए अवसरों की सक्रिय रूप से तलाश करके और समर्थन देकर उद्यमशीलता से कार्य करने का साहस हो। बोर्ड ने बोर्ड से नीचे के तीन स्तरों पर अधिकारियों के लिए उत्तराधिकार योजना नीति को मंजूरी दे दी है। नीति के तहत उत्तराधिकार योजना प्रक्रिया के लिए अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण और कार्यप्रणाली को विस्तार से सूचीबद्ध किया गया है। यह ई–7 से ई–9 ग्रेड के बीच विशिष्ट भूमिका (यूआर) की पहचान करता है। उक्त स्तरों में यूआर के लिए, आवश्यक और वांछित योग्यता और अनुभव के संदर्भ में विनिर्देश तैयार किए गए हैं।



यूफोरिया रंगमंच कार्यशाला के समापन में गेल के सीएमडी और बोर्ड के सदस्य भाग लेते हुए

ई–7 से ई–9 ग्रेड में सभी पहचानी गई विशिष्ट भूमिकाओं के लिए उत्तराधिकार और स्टाफिंग मौजूदा कैरियर प्रगति/डीपीसी और प्लेसमेंट/एपीई नीति ढांचे के माध्यम से संचालित की जाती है। प्रत्येक लक्ष्य यूआर के लिए भूमिका विशिष्टताओं को एपीई/डीपीसी के समय संभावित उत्तराधिकारी की तैयारी के स्तर का आकलन करने के लिए संदर्भित किया जाएगा।

आपकी कंपनी का मानना है कि क्षमता निर्माण और कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि इसकी कार्यनीतिक योजनाओं के सफल निष्पादन की कुंजी है। आने वाली चुनौतियों से निपटने के एक भाग के रूप में, आपकी कंपनी ने नेतृत्व विकास और करियर योजना को सुविधाजनक बनाने के लिए एक एकीकृत नेतृत्व विकास ढांचा और उत्तराधिकार योजना ढांचा तैयार किया है।

विकास कार्यनीति में निम्नलिखित बहुआयामी प्रतिभा विकास कार्यकलाप शामिल हैं:

- 360 डिग्री फीडबैक प्रक्रिया
- वरिष्ठ प्रबंधन विकास केंद्र (एसएमडीसी) प्रक्रिया
- केंद्रित विकास कार्यक्रम

360 डिग्री फीडबैक का उद्देश्य संबंधित कार्यपालकों को उनके साथियों, अधीनस्थों और वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से प्रभावी प्रतिक्रिया प्रदान करना है।

वरिष्ठ प्रबंधन विकास केंद्र (एसएमडीसी) प्रक्रिया मुख्य प्रबंधक (ई–5) ग्रेड और उससे ऊपर के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए शुरू की गई है। एसएमडीसी संगठन में बेहतर और प्रेरक नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए एक सहायता है। एसएमडीसी प्रक्रिया के इनपुट के आधार पर, अधिकारियों को प्रमुख बी–स्कूलों (जैसे आईआईएम) में योग्यता–विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है तथा इन्हें पुस्तकों और ई–लर्निंग मॉड्यूल के साथ पूरक बनाया जाता है।

इसके अतिरिक्त, सभी नए पदोन्नत महाप्रबंधक/मुख्य महाप्रबंधक (ई–7 और ई–8) स्तर के कार्यपालकों को एक ढांचागत प्रबंधन विकास कार्यक्रम भी प्रदान किया जाता है।

आपकी कंपनी निदेशकों के लिए मास्टर क्लास और बोर्ड रूम प्रभावशीलता जैसे क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से बोर्ड के पदों के लिए कार्यकारी निदेशक और मुख्य महाप्रबंधक के स्तर पर गेल के वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को तैयार कर रही है। साथ ही, भविष्य के नेताओं को विकसित करने के लिए, विभिन्न कार्य केंद्रों पर केस स्टडी के माध्यम से सतर्कता जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने की एक विशेष पहल की गई।

## » क्षमता विकास

गेल प्रशिक्षण संस्थान (जीटीआई) ने विशेष रूप से *गैस ट्रांसमिशन और वितरण, नगर गैस वितरण, गैस प्रोसेसिंग, पेट्रोकेमिकल्स और एलएनजी* के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास और पेशेवर प्रशिक्षण की आवश्यकता को पूरा करने के लिए संपूर्ण तेल और गैस बिरादरी के लिए अपने द्वार खोल दिए हैं। गेल प्रशिक्षण संस्थान ने 6 जून 2022 को ''सीखने की सुखद अनुभूति'' विषय के साथ अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया।

जीटीआई ने कोविड–19 के बाद अप्रैल 2022 से भौतिक मोड में प्रशिक्षण फिर से शुरू किया। जीटीआई (नोएडा और जयपुर) ने कर्मचारियों के प्रशिक्षण आवश्यकता मूल्यांकन (टीएनए) के आधार पर लगभग 221 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत 4520 से अधिक कर्मचारियों को कवर किया।

जीटीआई को एएसएमई बी31.8 और एएसएमई 31.8एस कोड जैसे एएसएमई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अधिकृत प्रशिक्षण प्रदाता (एटीपी) के रूप में *अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (एएसएमई)* द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। गेल के पास अधिकृत प्रशिक्षण प्रशिक्षक (एटीआई) के रूप में प्रमाणित अपने स्वयं के विषय विशेषज्ञ हैं, जो आंतरिक प्रतिभागियों के साथ–साथ बाहरी संगठनों के प्रतिभागियों के लिए एएसएमई बी31.8 और एएसएमई बी31.8एस मानक पर विभिन्न सत्र ले रहे हैं।




जीटीआई, नोएडा में गेल आभा का शुभारंभ

आईआईटी दिल्ली, आईआईटी बॉम्बे और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ विंड एनर्जी, चेन्नई आदि जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों की मदद से वैश्विक व्यापार के अनुरूप पर्यावरण और भारत के भावी विकास पथ, *नवीकरणीय और वैकल्पिक ऊर्जा (सौर और पवन ऊर्जा), विशेष रसायन, एनर्जी पाइपलाइन में हाइड्रोजन परिवहन, उद्योग 4.0 और स्वचालन और उभरती अर्थव्यवस्था में हाइड्रोजन की भूमिका* जैसे उभरते क्षेत्रों में क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए। गेल की रणनीति के क्षेत्र और अन्य उभरते व्यावसायिक क्षेत्र में वर्ष 2022–23 में 150 से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है, जबकि पिछले तीन वर्षों में कुल मिलाकर लगभग 550 कार्यकारी अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

जीटीआई ने बीपीसीएल, आईओसीएल, आईजीएल आदि सहित तेल और गैस के क्षेत्र में विभिन्न संगठनों के अधिकारियों और दुनिया भर के विभिन्न प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। जीटीआई ने विकासशील और पड़ोसी देशों के लिए आयोजित आईटीईसी (भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग) कार्यक्रम के तहत क्षमता निर्माण पहल के माध्यम से भारत की विकास साझेदारी में विदेश मंत्रालय के साथ भागीदारी की तथा अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रणाली और लेखापरीक्षा (आईसीआईएसए) के माध्यम से एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

उद्योग–शैक्षणिक सहयोग के तहत, गेल स्नातक इंजीनियरिंग कार्यक्रम के छात्रों के लिए *प्राकृतिक गैस इंजीनियरिंग* नामक वैकल्पिक पाठ्यक्रम के लिए संकाय/विषय वस्तु विशेषज्ञ प्रदान करके शैक्षणिक संस्थानों को सहायता प्रदान कर रहा है।

जीटीआई ने अप्रैल 2022 से जुलाई 2022 के दौरान *आजादी का अमृत महोत्सव* के दौरान सीएनजी और पीएनजी सहित नगर गैस वितरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

तेल और प्राकृतिक गैस पीएसयू में मिलेनियल अधिकारियों के लिए एक क्षेत्र व्यापी जुड़ाव मंच बनाने के लिए, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक एचआर कार्यबल का गठन किया गया था और इसे यूफोरिया नाम से एक उद्योग व्यापी युवा जुड़ाव मंच सौंपा गया था। जीटीआई ने तेल और गैस पीएसयू के युवा प्रतिभागियों के लिए एक पखवाड़ा थिएटर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का समापन एक नाटक के रूप में हुआ जिसका मंचन 26 जनवरी 2023 को जीटीआई में किया गया।

जीटीआई–नोएडा को वर्ष (2022–23) के दौरान दो अत्यधिक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

1) 25 जून 2022 को नवीन प्रशिक्षण प्रथाओं के लिए 31वें राष्ट्रीय पुरस्कार के दौरान आईएसटीडी द्वारा विशेष प्रशस्ति पुरस्कार।

2) सीखने और विकास के माध्यम से व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए बीएमएल मुंजाल पुरस्कार का 16वां संस्करण।

**कौशल विकास कार्यक्रमः**

आपकी कंपनी रायबरेली में कौशल विकास संस्थान (एसडीआई) और गुना और नगरम में गेल कौशल संस्थान में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए हाइड्रोकार्बन सेक्टर स्किल काउंसिल (एचएसएससी) और अन्य सेक्टर कौशल परिषदों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन का समर्थन करने में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

**क) गेल कौशल संस्थान–गुनाः** लाभप्रद रोजगार प्राप्त करने के लिए वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान कुल 400 युवाओं को विभिन्न कार्य भूमिकाओं में प्रशिक्षित किया गया।

**ख) गेल कौशल संस्थान–नगरमः** लाभकारी रोजगार प्राप्त करने के लिए वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 180 युवाओं को विभिन्न कार्य भूमिकाओं में प्रशिक्षित किया गया।

**ग) कौशल विकास संस्थान– एसडीआई–रायबरेलीः**

i. एसडीआई रायबरेली को भारत सरकार की पीएमकेवीवाई 4.0 योजना के तहत आत्मनिर्भर मॉडल की दिशा में कौशल प्रशिक्षण के लिए एनएसडीसी के साथ सरकारी प्रशिक्षण भागीदार (जीटीपी) के रूप में पंजीकृत और अनुमोदित किया गया है। संस्थान 5 स्टार रेटिंग से मान्यता–प्राप्त और संबद्ध है।

ii. वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान आत्मनिर्भर मॉडल पर कौशल की यूपीएसडीएम योजना के तहत प्रशिक्षित 117 उम्मीदवारों सहित कुल 405 युवाओं को लाभकारी रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया गया।

iii. इसके अलावा, एसडीआई रायबरेली ने वित्त वर्ष 2022–23 के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की पीएमकेवीवाई 4.0 योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 120 लाभार्थियों को पंजीकृत किया है।

iv. उत्तर प्रदेश सरकार के डिजीशक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 10.01.2023 को कौशल विकास संस्थान–रायबरेली में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के प्रशिक्षुओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए।

v. वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान कुल 98 लड़कियों को डाटा एंट्री ऑपरेटर, औद्योगिक इलेक्ट्रीशियन और प्रोसेस इंस्ट्रुमेंटेशन ऑपरेटर की कार्य–भूमिकाओं में प्रशिक्षित किया गया।

vi. प्रशिक्षुओं की सुविधा के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम पर ऑनलाइन व्याख्यान और एसडीआई के अन्य कार्यक्रम यूट्यूब चैनल ''एसडीआई रायबरेली'' पर प्रदर्शित किए जाते हैं।

## 7. स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन



गेल, पाता में रूफटॉप सोलर पीवी संयंत्र के साथ–साथ गेल पाता संयंत्र में व्यापक हरित पट्टी का रखरखाव

**कॉर्पोरेट एचएसई नीति**

आपकी कंपनी का दृष्टिकोण उच्चतम स्तर की सुरक्षा, कर्मचारी स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देना है। यह हमेशा पर्यावरण और समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास करता है।

आपकी कंपनी ने कॉर्पोरेट स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण नीति तैयार की है, जिसकी संगठन के दृष्टिकोण के अनुरूप एचएसई नीति को कारगर बनाने के लिए समय–समय पर समीक्षा की जा रही है। इस एचएसई नीति दस्तावेज में स्पष्ट रूप से एकीकृत स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) प्रबंधन प्रणाली के अनुरूप व्यवसाय संचालित करने के लिए शीर्ष प्रबंधन प्रतिबद्धता और कर्मचारी की जिम्मेदारियों को शामिल किया गया है।

आपकी कंपनी अपने व्यावसायिक क्षेत्रों और विभिन्न हितधारकों के व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता

रखकर सतत विकास के माध्यम से मूल्य सृजन करने का प्रयास करती है। आपकी कंपनी व्यावसायिक क्षेत्रों के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार अपनी सुविधाओं के डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव के लिए प्रतिबद्ध है। यह संविदा कर्मियों सहित सभी कर्मचारियों को संगठन के भीतर सकारात्मक एचएसई संस्कृति बनाने के लिए सुरक्षित कामकाजी आदतों और व्यवहार को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है ताकि किसी भी असुरक्षित कार्य/कार्रवाई को सूचित करने और रोकने, जैसा उचित समझा जाए, की जिम्मेदारी और अधिकार हो।

### » सुरक्षा निष्पादन

आपकी कंपनी ने मौजूदा स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के अनुसार प्रणाली विकसित की है। एचएसई मामलों से संबंधित एचएसई प्रबंधन प्रणाली तथा प्रबंधन नियंत्रण का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, गेल प्रतिष्ठानों में एचएसई निष्पादन की निगरानी के लिए एचएसई अंक प्रणाली मौजूद है। एचएसई अंक प्रणाली अधिमान देते हुए पूर्व–निर्धारित मापदंडों के माध्यम से एचएसई प्रबंधन प्रणाली की नेतृत्व प्रतिबद्धता, कर्मचारियों की भागीदारी, मानक संचालन प्रक्रियाओं, जोखिम मूल्यांकन, अग्निशमन प्रणाली और उपकरणों की स्वस्थता एवं संचालन क्षमता, आपातकालीन तैयारी, सुरक्षा ऑडिट आदि जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर ओएंडएम प्रतिष्ठानों के निष्पादन को मापने का एक अनूठा उपकरण है।



एमएनजीपीएल परियोजना के तहत मुंबई से नागपुर तक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाते हुए

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 में 97.60 का ''एचएसई अंक'' हासिल किया।

### » सुरक्षा प्रशिक्षण एवं जागरूकता

आपकी कंपनी के पास अपने नियमित कर्मचारियों को तकनीकी, व्यावहारिक, प्रबंधन और कार्यात्मक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नोएडा और जयपुर में उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान हैं।

कार्यस्थल से जुड़े खतरों और जोखिमों को जानने–समझने के लिए एचएसई प्रशिक्षण और जागरूकता को आपकी कंपनी के एचएसई प्रबंधन प्रणाली के प्रमुख घटकों में से एक के रूप में पहचाना गया है ताकि हानि नियंत्रण के लिए उपशमन उपायों को लागू किया जा सके। आपकी कंपनी ने ओआईएसडी और पीएनजीआरबी कोड/मानकों के अनुसार, ओएंडएम प्रतिष्ठानों में एक आंतरिक परिचालन और सुरक्षा प्रशिक्षण प्रणाली स्थापित की है। इस आंतरिक परिचालन और सुरक्षा प्रशिक्षण प्रक्रियाओं का उद्देश्य प्रबंधकों, पर्यवेक्षकों, श्रमिकों और अन्य हितधारकों को संरचित प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि उनके पास:

- अपने काम को सुरक्षित रूप से पूरा करने और ऐसे खतरे पैदा करने, जो खुद को या दूसरों को जोखिम में डाल सकते हैं, से बचने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल हो।
- कार्यस्थल के खतरों के बारे में जागरूकता और समझ हो, तथा उन्हें कैसे पहचाना जाए, रिपोर्ट और नियंत्रित किया जाए।
- विशिष्ट प्रशिक्षण, जब उनके काम में विशिष्ट खतरे शामिल हों।

इसके अलावा, विशिष्ट आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए, 13 से 15 और 16 से 18 फरवरी, 2023 तक पाता में कर्मचारियों के दो बैचों के लिए क्रमशः ''मचान के सुरक्षा पहलू, ऊंचाई पर काम से बचाव और बंद कमरे में काम करने'' पर एक विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

विश्वव्यापी औद्योगिक घटनाओं (अतीत में हुई) पर केस स्टडी भी मासिक आधार पर कर्मचारियों को वितरित की जाती हैं और केस स्टडी से सीखे गए सबक पर महीने के हर 10वें दिन मासिक सुरक्षा दिवस की बैठक के दौरान गेल प्रतिष्ठानों में भी चर्चा की जाती है।

### » सुरक्षा ऑडिट

आपकी कंपनी लागू कोड और मानकों के संबंध में कमियों की पहचान करने और सुधार क्षेत्रों, यदि कोई हों, की पहचान करने के लिए ओएंडएम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा ऑडिट करती है। लागू केंद्रीय और राज्य विनियमों के अनुसार, प्रतिष्ठानों के विभिन्न ऑडिट तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसियों (टीपीआईए) द्वारा किए जाते हैं:

- खतरनाक रसायन नियम (एमएसआईएचसी), 1989 के तहत खतरनाक रसायनों के निर्माता, भंडारण और आयात करने वाले प्रमुख प्रतिष्ठानों का बाहरी सुरक्षा ऑडिट वर्ष में एक बार किया जाता है।
- लागू पीएनजीआरबी विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए गेल, एलपीजी भंडारण एवं रखरखाव सुविधाओं, एनजी/एलपीजी पाइपलाइनों और सीजीडी नेटवर्क की तकनीकी और सुरक्षा ऑडिट पीएनजीआरबी द्वारा अनुमोदित तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी द्वारा की जा रही है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान पीएनजीआरबी नामांकित समिति द्वारा हजीरा–विजयपुर–जगदीशपुर (एचवीजे) प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एनजीपीएल) के हजीरा–विजयपुर खंड के पीएनजीआरबी विनियम, 2009 की अनुपालन मूल्यांकन लेखापरीक्षा आयोजित की गई थी।
- तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी), जो एमओपीएनजी, भारत सरकार की एक तकनीकी शाखा है, विभिन्न ओआईएसडी मानकों और दिशानिर्देशों के अनुरूपता की जांच करने के लिए 3/4 वर्ष में एक बार गैस प्रोसेसिंग संयंत्रों, पेट्रोकेमिकल्स और एनजी/एलपीजी पाइपलाइनों का सुरक्षा ऑडिट भी करती है।

आपकी कंपनी ने ओएंडएम सुविधाओं की आंतरिक तकनीकी और सुरक्षा ऑडिट करने के लिए एक व्यवस्थित प्रक्रिया स्थापित की है। पीएनजीआरबी और अन्य विनियमों, ओआईएसडी मानकों, प्रबंधन प्रशासन आदि के संबंध में सुधार क्षेत्रों की पहचान करने के लिए आंतरिक टीम द्वारा वर्ष में कम से कम एक बार आंतरिक लेखापरीक्षा (सक्रिय सुरक्षा ऑडिट और आंतरिक लेखापरीक्षा–सीओ) आयोजित की जा रही है। इसके अलावा, विद्युत सुरक्षा पहलुओं के संबंध में विभिन्न अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 02 ओएंडएम प्रतिष्ठानों का विद्युत सुरक्षा ऑडिट किया गया है।

### » व्यावसायिक स्वास्थ्य

आपकी कंपनी ने कर्मचारियों के व्यावसायिक स्वास्थ्य की निगरानी और उसे बढ़ाने के लिए व्यावसायिक स्वास्थ्य, स्वच्छता उपाय और चिकित्सा निगरानी कार्यक्रम लागू करने के लिए व्यावसायिक स्वास्थ्य दिशानिर्देश तैयार किए हैं। गेल में व्यावसायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए कॉर्पोरेट व्यावसायिक स्वास्थ्य समिति की तीन महीने में एक बार बैठक होती है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान ओएंडएम प्रतिष्ठानों में नियमित कर्मचारियों की व्यावसायिक स्वास्थ्य जांच भी की गई।

व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रणाली/सुविधाओं की प्रभावशीलता की जांच करने के लिए वित्त वर्ष 2022–23 में गैस प्रोसेसिंग यूनिटों वाघोडिया और गांधार में आंतरिक बहु–विषयक टीमों द्वारा व्यावसायिक स्वास्थ्य ऑडिट भी किया गया था।

### » एचएसई पहल और उपलब्धियां

आपकी कंपनी ने एचएसई प्रबंधन प्रणाली को और बेहतर करने के लिए विभिन्न पहल की हैं। कुछ महत्वपूर्ण एचएसई पहल और उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

- वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान आपकी कंपनी में प्रत्येक संचालन और रखरखाव (ओएंडएम) साइट पर हर महीने का 10वां दिन **"मासिक सुरक्षा दिवस"** के रूप में मनाया जाता है। इस दिन, सभी प्रतिष्ठानों के प्रभारी अधिकारी (ओआईसी) उनके अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों के सुरक्षा संबंधी पहलू की समीक्षा करते हैं।
- कार्यकारी निदेशकों/कार्यात्मक निदेशकों की अध्यक्षता में 08 स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।
- **"नवाचारों और सीखे गए सबक द्वारा एचएसई उत्कृष्टता प्राप्त करना"** विषय पर 19वीं वार्षिक एचएसई कार्यशाला 22 जून, 2022 को आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा किया गया।
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने 10 जून, 2022 को गेल जुबली टावर्स, नोएडा में गेल के सहयोग से **"प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों पर ज्ञान साझा करने की कार्यशाला"** का आयोजन किया। ज्ञान साझाकरण कार्यशाला में क्रॉस कंट्री पाइपलाइनों और नगर गैस वितरण नेटवर्क संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया।
- गेल की संगठनात्मक एचएसई लेखापरीक्षा 16 से 20 जनवरी 2023 तक ओआईएसडी द्वारा समन्वित कार्यकारी निदेशक (आईओसीएल) की अध्यक्षता वाली बहु–संगठनात्मक टीम द्वारा की गई, जैसा कि बागजान और चक्रवात ताउते की घटना की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा सिफारिश की गई थी।
- कार्यकारी निदेशक, कॉर्पोरेट परिचालन एवं रखरखाव की अध्यक्षता में वरिष्ठ स्तरीय समिति ने गेल की एचएसई प्रबंधन प्रणाली के अनुपालन की समीक्षा करने और प्रणालीगत सुधार क्षेत्रों की पहचान करने के लिए नगर गैस वितरण नेटवर्क का दौरा किया।
- लेखापरीक्षा सिफारिशों के अनुपालन को भौतिक रूप से सत्यापित करने के लिए ओएंडएम साइटों पर कॉर्पोरेट एचएसई अधिकारियों द्वारा 09 टी4एस/ओआईएसडी लेखापरीक्षा अनुपालन जांचें की गईं।
- गेल में एचएसई प्रबंधन प्रणाली को और सुदृढ़ करने के लिए ईएचएसएम मॉड्यूल पर 400 से अधिक कर्मचारियों को शामिल करते हुए 25 जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।
- गेल ने 10 से 11 मार्च, 2023 तक विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय मंच के तीसरे सत्र में भाग लिया।
- पीएनजीआरबी (तृतीय पक्ष अनुरूपता मूल्यांकन) विनियम 2015 के अनुपालन में बहु–विषयक टीम द्वारा नगर गैस वितरण नेटवर्क और संबंधित खुदरा बिक्री केंद्रों की आंतरिक तकनीकी और सुरक्षा ऑडिट की गई।



गेल के श्री आयुष गुप्ता, निदेशक (मा.सं.), गेल (इंडिया) लिमिटेड को प्रदान किए गए प्राकृतिक गैस क्षेत्र में परिवहन एवं लॉजिस्टिक के लिए डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू एंड गवर्नमेंट अवार्ड प्राप्त करते हुए

- कॉर्पोरेट एचएसई नीति, एचएसईएम प्रणाली, एफएंडएस नीति दस्तावेज, घटना रिपोर्टिंग प्रणाली जैसे विभिन्न एचएसई दिशानिर्देशों को लागू एचएसई आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधित और अद्यतन किया गया है।

## 8. नवाचार, अनुसंधान और विकास

प्रौद्योगिकी और नवाचार आपकी कंपनी के मूल मूल्यों में से एक है। इस परिप्रेक्ष्य में यह गेल में अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से नवाचार किफायती ऊर्जा परिवर्तन पथ विकसित करने और पर्यावरणीय कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दोहरी चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जैव–ईंधन जैसे कार्बन हटाने/कम करने के तकनीकी कार्यकलापों और हाइड्रोजन, अपशिष्ट मूल्यांकन और सीओ2 उपयोग जैसी नई स्थायी ऊर्जा मूल्य श्रृंखलाओं का विकास करना शामिल है। इस वर्ष के दौरान, अनुसंधान एवं विकास प्रयास मुख्य रूप से देश की आर्थिक वृद्धि के लिए ऊर्जा स्रोतों का व्यापक, अधिक स्थिर मिश्रण प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण ऊर्जा अनुसंधान कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए इन ऊर्जा परिवर्तनों, संसाधन संरक्षण और विकास अवसरों का लाभ उठाने पर केंद्रित थे।

तेल और गैस उद्योगों की उभरती जटिल ऊर्जा परिवर्तन चुनौतियों को हल करने के लिए शिक्षाविदों और उद्योगों के पेशेवरों से वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की अनगिनत टीमों के बीच सहयोग की आवश्यकता है। इस दिशा में, कंपनी सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास कार्यों के माध्यम से खुले नवाचार पर लगातार जोर देती है। यह नवोन्मेषी प्रतिमान नवाचार की क्षमता बढ़ाने का एक सशक्त उपकरण है क्योंकि यह अनुसंधान एवं विकास संसाधनों को कई गुना बढ़ाता है तथा कम जोखिम के साथ वैज्ञानिक और तकनीकी समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिक विकल्प भी प्रदान करता है।

आपकी कंपनी पूरे भारत में विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के साथ लगातार नई अनुसंधान साझेदारियां कर रही है, ताकि अवधारणा से पैमाने तक ऊर्जा अनुसंधान कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम किया जा सके। सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं को विकास रणनीति को बनाए रखते हुए हरित ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता द्वारा परिभाषित किया गया है। तदनुसार, इस वर्ष आपकी कंपनी अपशिष्ट मूल्यांकन और अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण, सीओ2 पृथक्करण, पाइपलाइन अखंडता प्रबंधन स्वदेशी कैटेलिस्ट विकास और हाइड्रोजन पहल आदि पर ध्यान केंद्रित करते हुए निम्नलिखित अनुसंधान विषयों पर शोध कार्य कर रही है।

अपशिष्ट मूल्यांकन और अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण के तहत अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम अपशिष्ट को कम करने के प्रयास का प्रतीक है। इस पहल के तहत, आपकी कंपनी उप–उत्पाद के रूप में हाइड्रोजन समृद्ध मीथेन और नैनोधातु–अवशोषित कार्बन हाइड्राइड के उत्पादन के लिए पेट्रोकेमिकल संयंत्र से निकलने वाले पानी के साथ लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास का एक साथ मूल्यांकन करने के लिए सह–गैसीकरण हाइड्रो थर्मल प्रक्रिया विकसित करने हेतु आईआईटी–रुड़की के साथ सहयोग कर रही है। इन उप–उत्पादों का उपयोग ईंधन सेल, बैटरी अनुप्रयोगों में इलेक्ट्रोकैटलिस्ट के रूप में किया जा सकता है। इस परियोजना का सफल परिणाम कीमती सामान निकालते समय औद्योगिक अपशिष्ट जल के उपचार के लिए एक स्थायी समाधान प्रदान कर सकता है।

शून्य तरल डिस्चार्ज को प्राप्त करने के लिए, आपकी कंपनी ने आईआईटी–मद्रास के सहयोग से संयंत्र में इसके पुनः उपयोग/पुनर्चक्रण के लिए अपशिष्ट जल के शुद्धिकरण हेतु प्रयोगशाला पैमाने पर "हाइड्रेट बनाने" की प्रक्रिया विकसित की है। अन्य पारंपरिक रीसाइक्लिंग प्रक्रिया की तुलना में, हाइड्रेट प्रक्रिया को "हरित प्रक्रिया" माना जाता है क्योंकि यह न्यूनतम गाद उत्पन्न करता है और कम ऊर्जा की खपत करता है। लैब स्केल प्रक्रिया ने लगभग 75–90% पृथक्करण दक्षता दिखाई है और आगे के सत्यापन के लिए इसे निरंतर बेंच स्केल मोड में बढ़ाया जा रहा है।

आपकी कंपनी नई पृथक्करण प्रक्रियाओं के विकास पर भी काम कर रही है जो प्राकृतिक गैस के शुद्धिकरण के दौरान आवश्यक ऊर्जा को कम कर सकती है। गेल आरएंडडी, आईआईटी–गुवाहाटी के सहयोग से प्राकृतिक गैस से सीओ2 के कुशल पृथक्करण

के लिए उच्च चयनात्मकता और पारगम्यता के साथ एक नवीन उच्च–प्रदर्शन मिश्रित–मैट्रिक्स झिल्ली विकसित कर रहा है। भविष्य में, ऊर्जा दक्षता में सुधार और उत्सर्जन को कम करने और प्राकृतिक गैस/बायोगैस को आसानी से समृद्ध बनाने के लिए इस प्रक्रिया को यूनिट संचालन में एकीकृत किया जा सकता है।



तत्कालीन कार्यवाहक सीएमडी और निदेशक (व्यापार विकास और विपणन) श्री एम.वी. अय्यर, गेल कॉर्पोरेट कार्यालय के दौरे के दौरान माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा रोजगार और श्रम राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली का स्वागत करते हुए

आपकी कंपनी की सुरक्षा के मूल मूल्य के अनुरूप, आपकी कंपनी अपनी पाइपलाइन परिसंपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए पाइपलाइन अखंडता प्रबंधन पर लगातार जोर देती है। इस संदर्भ में, आपकी कंपनी मौजूदा ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) प्रणाली का उपयोग करके एक स्वदेशी फाइबर ऑप्टिक–आधारित घुसपैठ और रिसाव का पता लगाने वाली प्रणाली विकसित कर रही है। इस प्रणाली को आईआईटी–मद्रास के सहयोग से विकसित किया जा रहा है तथा वास्तविक घुसपैठ की घटनाओं और गैस रिसाव का शीघ्र पता लगाने के बारे में अत्यधिक विश्वसनीय, सार्थक जानकारी प्रदान करने के लिए मशीन लर्निंग तकनीकों और बड़े डेटा विश्लेषण का लाभ उठाया जाएगा।

आपकी कंपनी पेट्रोकेमिकल उत्पादन के लिए स्वदेशी कैटेलिस्ट के विकास में भी उल्लेखनीय प्रयास कर रही है। इस मामले पर, सीएसआईआर–एनसीएल के सहयोग से किए गए व्यापक शोध के परिणामस्वरूप बेहतर उत्पाद गुणवत्ता के साथ पॉलिमर (एचडीपीई) उत्पादन के लिए क्रोमियम आधारित सिंगल साइट कैटेलिस्ट का सफल डिजाइन तैयार हुआ है। इसके अलावा, इसकी तापीय स्थिरता में सुधार के लिए अनुसंधान कार्य प्रगति पर हैं।

सीएसआईआर प्रयोगशाला और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग के अलावा, आपकी कंपनी ने तेल और गैस अधिकारियों का क्षमता निर्माण करने के लिए आईआईटी–बॉम्बे में तेल, गैस और ऊर्जा उत्कृष्टता केंद्र (सीओई–ओजीई) की स्थापना करने तथा मिशन मोड दृष्टिकोण के माध्यम से जीवाश्म ईंधन उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए स्थायी अनुसंधान समाधान विकसित करने के लिए अन्य तेल और गैस पीएसयू के साथ भी साझेदारी की है।



गेल, हजीरा में मीटर परीक्षण सुविधा

इसके अलावा, हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में हरित हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए "राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन" में भारत सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए, कंपनी सीजीडी नेटवर्क में हरित हाइड्रोजन के इंजेक्शन और प्राकृतिक गैस के मूल्यांकन पर इसके प्रभाव की जांच के लिए एक प्रायोगिक परियोजना भी चला रही है। ईआईएल और आईआईटी–कानपुर के सहयोग से पाइपलाइन। वर्तमान में 5% हाइड्रोजन का मिश्रण किया जा रहा है और जल्द ही इसे आगे के मूल्यांकन के लिए धीरे–धीरे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, आपकी कंपनी गुना, मध्य प्रदेश में पीईएम वॉटर इलेक्ट्रोलाइजर पर आधारित 10 मेगावाट का हरित हाइड्रोजन संयंत्र (भारत में सबसे बड़ा) भी स्थापित करने जा रही है। चालू होने पर, यह संयंत्र प्रतिदिन लगभग 4.3 मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा।

इस वर्ष, आपकी कंपनी ने अपशिष्ट प्लास्टिक से डीजल, 2डी सीओएफ अवशोषक के थोक संश्लेषण, गैस हाइड्रेट प्रक्रिया का उपयोग करके अपशिष्ट जल उपचार, क्रॉस–कंट्री गैस पाइपलाइन और सोडियम–ऑयन बैटरी के निरीक्षण के लिए मानव रहित हवाई वाहन के क्षेत्र में पांच भारतीय पेटेंट दायर किए हैं। इसके अलावा, आपकी कंपनी को पाइपलाइन स्वास्थ्य निगरानी, पीवी तैयारी के




गेल, जुबली टावर में एनजीएमसी

लिए बेहतर प्रक्रिया, समुद्री हाइड्रेट से मीथेन पुनर्प्राप्ति, एलएनजी प्रशीतन का उपयोग करके समुद्री जल अलवणीकरण, और मीथेन भंडारण के लिए 3 डी–सीओएफ अवशोषक के क्षेत्रों में पांच पेटेंट भी प्रदान किए गए हैं। अब तक, आपकी कंपनी को विशिष्ट अवधारणाओं, उत्पादों और प्रक्रियाओं के लिए 20 पेटेंट (17 भारतीय + 3 विदेशी) दिए गए हैं।

आपकी कंपनी अपनी विभिन्न सुविधाओं में अनुसंधान एवं विकास प्रमुख के तहत तकनीकी उन्नयन नवाचार पहलों को भी सख्ती से लागू करती है। ये प्रौद्योगिकी परिवर्तन और नवीनीकरण परियोजनाएं हमारे प्रतिष्ठानों में संचालन में दक्षता में सुधार या लागत में कमी के लिए कार्यान्वित की जाती हैं। इस योजना के तहत किए गए कुछ उत्कृष्ट उपायों में ये शामिल हैं; इन–लाइन निरीक्षण के लिए कम प्रवाह वाले इंटेलिजेंट पिगिंग टूल का उपयोग, प्राकृतिक गैस क्लोज लूप अंशांकन सुविधा की स्थापना, सी2/सी3/सी4 रिकवरी को बढ़ाकर एलएचसी उत्पादन का अनुकूलन तथा नवीनतम सीपीसीबी दिशानिर्देशों के अनुसार निरंतर उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (सीईएमएस) विश्लेषकों का एकीकरण।

नवाचार का सफर एक ठोस नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से शुरू होता है जो व्यावसायिक समस्याओं का समाधान करने के लिए टीमवर्क और प्रणालीगत सोच को बढ़ावा देती है। इस नई खोज, संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आपकी कंपनी केंद्रीय सुझाव योजना के माध्यम से सभी कर्मचारियों से सरल व्यावसायिक विचारों को प्रोत्साहित करती है और ऐसे विचारों का लगातार मूल्यांकन किया जाता है। उनकी व्यवहार्यता के आधार पर, परिचालन में लचीलेपन और प्रभावकारिता में सुधार के लिए सर्वोत्तम सुझावों को लागू किया जाता है।

### 9. सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन

आपकी कंपनी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन के माध्यम से ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को मानकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध है। आपकी कंपनी प्रभावी गुणवत्ता प्रथाओं, नवाचार और मानकीकरण के कार्यान्वयन के माध्यम से निरंतर और सतत सुधार के लिए प्रयास करती है। गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली और ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली को विभिन्न पाइपलाइनों और प्रक्रिया यूनिटों के साथ–साथ कॉर्पोरेट और विपणन कार्यालयों में भी लागू किया गया है। आपकी कंपनी अपने कर्मचारियों की भागीदारी के साथ गुणवत्ता सर्किल परियोजनाएं चलाती है जिसके परिणामस्वरूप कर्मचारियों में उच्च मनोबल और उत्पादकता में वृद्धि होती है। ग्राहक मूल्य प्रबंधन और ग्राहक संतुष्टि सूचकांक सर्वेक्षणों के माध्यम से ग्राहकों के विचारों को जाना जा रहा है। आपकी कंपनी को यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान ग्राहक संतुष्टि सूचकांक 89% रहा है।

### 10. स्थिरता पहल

आपकी कंपनी हमारी मूल्य श्रृंखला में सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) को एकीकृत करने में दृढ़ विश्वास रखती है और अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने में योगदान करती है। आपकी कंपनी, भारत की शीर्ष गैस डिस्ट्रीब्यूटर होने के नाते, अपने स्थिर प्रचालन और निर्णय द्वारा देश के ऊर्जा क्षेत्र को स्थायी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। स्थिरता, पर्यावरण के पारिस्थितिक, आर्थिक और सामाजिक तत्वों के संदर्भ में कंपनी के प्रचालन की जांच करके दीर्घकालिक मूल्य बनाने की एक विधि है। कंपनी का स्थिरता रोडमैप हितधारकों की आवश्यकताओं, स्वच्छ और सुलभ ऊर्जा के लिए देश की रणनीति और देश में प्राकृतिक गैस की बढ़ती मांग के आधार पर सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है।

वर्ष 2022 के लिए लंदन स्टॉक एक्सचेंज ग्रुप सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स के एक भाग के रूप में एफटीएसई4 गुड इंडेक्स सीरीज (एफटीएसई ईएसजी रेटिंग) में शामिल होना आपकी कंपनी के लिए एक उपलब्धि है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के पर्यावरण, सामाजिक और नियंत्रण प्रथाओं को प्रदर्शित करने की क्षमता की पुष्टि करता है। कंपनी को सक्षम–2023 के दौरान 'ऊर्जा संरक्षण और ईंधन दक्षता में महत्वपूर्ण योगदान' के लिए पीसीआरए द्वारा और सीएनबीसी नेटवर्क 18 द्वारा इसकी स्थिरता और कार्बन हटाने/कम करने की पहल के लिए ग्रीन रिबन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार कंपनी के निरंतर स्थिरता प्रयासों को मान्यता प्रदान करते हैं।

एक जिम्मेदार ऊर्जा कंपनी होने के नाते और अपने कार्बन हटाने/कम करने के लक्ष्यों में और तेजी लाने के लिए, गेल ने 2040 तक स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन में 100% की कमी करने और स्कोप 3 उत्सर्जन में 35% की कमी हासिल करने के लिए एक नेट–जीरो रणनीति और स्पष्ट संगठन–आधारित कार्बन रूपरेखा विकसित की है। गेल के लिए विज्ञान आधारित नेट–जीरो महत्वाकांक्षा और कार्य–योजना पर विस्तृत अध्ययन करने के बाद कार्य–योजना विकसित की गई है।

कंपनी ने अपने नेट जीरो 2040 विजन के अनुरूप 'पेट्रोकेमिकल, गैस प्रोसेसिंग और पेट्रोलियम रिफाइनरियों में कार्बन हटाने/कम करने के लिए प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और जीवन अवधि मूल्यांकन' नामक अध्ययन आयोजित करने के लिए आईआईटी बॉम्बे के तत्वावधान में तेल, गैस और ऊर्जा उत्कृष्टता केंद्र (सीओईओजीई) के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसने अपने प्रतिष्ठानों में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए अग्रणी प्रौद्योगिकी प्रदाता के साथ कार्बन अवशोषक उपयोगिता और प्राप्ति (सीसीयूएस) पर एक तकनीकी वाणिज्यिक अध्ययन शुरू किया है।

गेल और उसके सीजीडी संयुक्त उद्यम द्वारा जारी एलओआई के तहत भारत में स्थापित किए जा रहे सीबीजी संयंत्रों की कार्बन क्रेडिट क्षमता का आकलन करने के लिए, कंपनी ने पूरे भारत में 03 सीबीजी संयंत्रों में एक मॉडल अध्ययन किया है।

### 11. पर्यावरण संरक्षण और संरक्षण/नवीकरणीय ऊर्जा विकास

आपकी कंपनी प्रमाणित एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली तथा व्यवसाय स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) के माध्यम से सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक प्रमुख ऊर्जा कंपनी होने के नाते, आपकी कंपनी देश के लिए स्थायी ऊर्जा भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपकी कंपनी के पास पर्यावरणीय क्षरण को रोकने के लिए कॉर्पोरेट एचएसई के साथ–साथ सतत विकास नीति भी है और इसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर समुदायों, पर्यावरण और हितधारकों के लाभ के लिए सतत तरीके से विकास जारी रखना है। स्थिरता संचालन समिति सतत विकास नीति निर्देशों का समर्थन करती है, और कंपनी की स्थिरता महत्वाकांक्षाओं को क्रियान्वित करने और प्रासंगिक जोखिमों और प्रदर्शन के प्रबंधन के लिए जवाबदेह है।



विश्लेषकों और निवेशकों के साथ परस्पर चर्चा बैठक

आपकी कंपनी प्राकृतिक गैस में अपने व्यवसाय के आधार पर निम्न–कार्बन अर्थव्यवस्था को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आपकी कंपनी ने पाइपलाइन नेटवर्क के विकास के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे बिजली, उर्वरक, सीजीडी और अन्य उद्योगों को ईंधन और फीडस्टॉक के रूप में गैस की आपूर्ति हुई है, जहां प्राकृतिक गैस पारंपरिक ईंधन की तुलना में 50 से 60 प्रतिशत कम कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन करती है। यह वायुमंडल में अल्प

जीवन अवधि वाली ग्रीनहाउस गैसों का भी उत्सर्जन करती है। कोयले के विपरीत, प्राकृतिक गैस को शुद्ध करने के लिए भारी मात्रा में पानी की आवश्यकता नहीं होती है और यह भूजल को प्रदूषित नहीं करती है। इसके अलावा, इसे या तो पाइपलाइन के माध्यम से गैस के रूप में या बंद क्रायोजेनिक पोत के माध्यम से तरल के रूप में ले जाया जाता है और इसलिए परिवहन के दौरान यह हवा को दूषित नहीं करता है। जब इसका उपयोग बिजली उत्पादन में या परिवहन ईंधन के रूप में किया जाता है, तो प्राकृतिक गैस के परिण ाामस्वरूप अन्य ईंधन की तुलना में एसओएक्स, एनओएक्स, एचजी और कणों का उत्सर्जन नगण्य होता है। प्राकृतिक गैस का बढ़ता उपयोग स्थानीय वायु गुणवत्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

आपकी कंपनी के ओएंडएम प्रतिष्ठान पर्यावरण (संरक्षण) नियमों के प्रावधानों के अनुरूप हैं और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से वैध पर्यावरण मंजूरी के तहत संचालित होते हैं। संचालन के लिए वायु और जल सहमति राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से प्राप्त की गई है, और यह यथा लागू है। आपकी कंपनी आंतरिक टीम और साथ ही स्वतंत्र तृतीय–पक्ष एजेंसियों के माध्यम से नियमित आधार पर पर्यावरणीय गुणवत्ता का आकलन करने के लिए पर्यावरण ीय मापदंडों की निगरानी करती है। पर्यावरणीय गुणवत्ता की निगरानी के लिए अद्यतन और नवीनतम तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया जाता है। निगरानी नियमित रूप से की जाती है और रिपोर्ट संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को भेजी जाती है। पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों के उचित कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया संयंत्रों और पाइपलाइनों के लिए एक लेखापरीक्षा भी आयोजित की जाती है। चूंकि आपकी कंपनी अपने फीडस्टॉक के साथ–साथ ईंधन आवश्यकताओं के लिए प्राकृतिक गैस का उपयोग करती है, इसलिए उत्सर्जित प्रदूषकों का स्तर लगातार राष्ट्रीय निर्धारित मानदंडों से काफी कम है। प्रदूषकों के प्रभावी फैलाव के लिए पर्याप्त स्टैक ऊंचाई प्रदान की गई है। सभी भट्टियों में कम एनओएक्स बर्नर का उपयोग किया जाता है। वाष्प–रिटर्न सर्किट के साथ लोडिंग सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। आपकी कंपनी के पाता और विजयपुर स्थित पेट्रोकेमिकल परिसर में निरंतर आधार पर स्टैक वायु और परिवेशी वायु की निगरानी की सुविधा है। अत्याधुनिक स्थायी परिवेशी वायु निगरानी स्टेशन वास्तविक समय के आधार पर सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन, कार्बन मोनोऑक्साइड और शोर के स्तर को मापते हैं।

आपकी कंपनी अपने विविध व्यावसायिक क्षेत्रों के साथ–साथ पर्यावरण और जैव विविधता की सुरक्षा के लिए लगातार पहल कर रही है। आपकी कंपनी के सभी प्रमुख प्रतिष्ठान अपने संबंधित स्थलों पर व्यापक वनीकरण करते हैं और अपेक्षित क्षेत्र को हरित पट्टी के रूप में बनाए रखते हैं। ये हरित पट्टी क्षेत्र देशी पौधों और जीवों की एक विस्तृत श्रृंखला का पर्यावास हैं। इन हरित–पट्टी क्षेत्रों के भीतर विशाल जलाशय भी हैं जो विभिन्न प्रकार के जलीय जीवों का घर हैं। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से, इन हरित–पट्टी क्षेत्रों की देखभाल और संरक्षण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उपयोग किया जाता है। पर्यावरणीय मुद्दों की रोकथाम और समय पर उपशमन सुनिश्चित करने के लिए गेल यूनिटों और उसके आसपास के क्षेत्र के पर्यावरण और पारिस्थितिकी से संबंधित नियमित सर्वेक्षण और अध्ययन किए गए हैं।

आपकी कंपनी विभिन्न जल प्रबंधन पहलों जैसे मीठे पानी की खपत में कमी, वर्षा जल संचयन प्रणाली/वर्षा जल संग्रह प्रणाली, अपशिष्ट जल निर्वहन की निगरानी एवं प्रबंधन, अपशिष्ट जल उपचार तथा हमारी पर्यावरण नीति, राष्ट्रीय, स्थानीय और क्षेत्रीय दिशानिर्देशों के आधार पर रीसाइक्लिंग के माध्यम से साइटों पर पानी के संरक्षण के लिए हमेशा नए और स्मार्ट दृष्टिकोण को प्रोत्साहित और समर्थन करती है। आपकी कंपनी पानी को एक बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन मानती है और इसलिए इसकी खपत पर बारीकी से निगरानी और नियंत्रण किया जाता है। इसके अलावा, उत्पन्न अपशिष्ट जल को कम करने और उसका उपचार करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाया गया है। आपकी कंपनी पानी के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की अवधारणा को अधिक से अधिक अपनानी है। सभी स्थानों पर डिस्चार्ज संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के मानदंडों के अनुरूप है। आपकी कंपनी का सभी स्थानों पर परिचालन अत्याधुनिक है और इसमें स्वच्छ प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। पूरी कंपनी में गंदे पानी का पर्याप्त उपचार और पुनः उपयोग किया जाता है। उपचारित अपशिष्ट जल को रिसाइकल किया जाता है। इनका इस्तेमाल संयंत्र और टाउनशिप परिसर के भीतर बागवानी उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इसके अलावा, अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं। आपकी कंपनी उत्पन्न कचरे के प्रकार अर्थात खतरनाक और गैर–खतरनाक के आधार पर कुशलतापूर्वक पृथक्करण, उपचार और निपटान करके अपने कचरे का प्रबंधन करती है। पानी और अपशिष्ट जल के नमूनों का विश्लेषण आंतरिक प्रयोगशाला के साथ–साथ बाहरी प्रयोगशालाओं में भी नियमित रूप से किया जाता है।

आपकी कंपनी ने रिपोर्टिंग वर्ष 2022–23 में प्रभावी प्रबंधन प्रक्रियाओं के माध्यम से ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए कई पहल की हैं, जिसमें कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाना (प्रतिस्थापन और रेट्रोफिटिंग), सर्वोत्तम प्रथाएं, ऊर्जा दक्षता प्रशिक्षण/कार्यशालाएं और 'जलवायु परिवर्तन अनुकूलन' और उपशमन के उपाय शामिल हैं। ऊर्जा खपत



गेल, हजीरा का व्यापक दृश्य

की निगरानी करना, ऊर्जा ऑडिट करना और ऊर्जा दक्षता उपायों को लागू करना सभी को हमारी अत्यधिक कुशल एकीकृत ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली द्वारा आसान बनाया गया है।

उपर्युक्त के अलावा, वर्ष 2022–23 के दौरान आपकी कंपनी द्वारा की गई महत्वपूर्ण पहल/उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

गेल, पाता में प्रायोगिक स्तर पर माइक्रोबियल रूट के माध्यम से एकत्रित सीओ2 का उपयोग: हाल के वर्षों में, सीओ2 की व्यावहारिक पृथक्करण प्रौद्योगिकी के रूप में इसकी संभावना के कारण सूक्ष्म शैवाल की खेती पर नए सिरे से ध्यान दिया गया है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में शैवाल–आधारित सीओ2 रूपांतरण एक किफायती विकल्प प्रदान करता है। गेल, पाता ने केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर), धनबाद के सहयोग से माइक्रोबियल रूट के माध्यम से सीओ2 अवशोषण के लिए प्रायोगिक स्तर पर एक परियोजना शुरू की है। सीओ2 पृथक्करण के लिए सूक्ष्म शैवाल संवर्धन की कृत्रिम प्रणाली भी विकसित की गई है।

- **मियावाकी वृक्षारोपण:** गेल, पाता ने मियावाकी पद्धति पर आधारित 1,50,000 पौधों के रोपण के लिए एक परियोजना शुरू की है। वृक्षारोपण गेल, पाता के निकट 4.3 हेक्टेयर क्षेत्र में किया गया। यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा मियावाकी बागान है। वन महोत्सव 2022 के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य वन विभाग (यूपीएसएफडी) के माध्यम से वृक्षारोपण किया गया।
- **गेल पाता का ईपीआर:** गेल, पाता को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के तहत 24.11.2022 को पॉलिमर उत्पादों के ब्रांड मालिक के रूप में सीपीसीबी के केंद्रीकृत पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। वित्तीय वर्ष 2021–22 (995 मी.टन) और वित्तीय वर्ष 2022–23 (2885 मी.टन) के लिए ईपीआर दायित्व को ईपीआर पोर्टल पर 3880 मी.टन (श्रेणी–।। पुनर्चक्रण) के लिए ईपीआर प्रमाणपत्र प्राप्त होने के बाद उपयुक्त रूप से पूरा कर लिया गया है।
- **संजीवनी – एक सतत यात्रा:** गेल पाता ने पत्रिका का तीसरा संस्करण, "संजीवनी–एक सतत यात्रा" प्रकाशित किया है, जिसे पूरी तरह से घरेलू टीम द्वारा डिजाइन और तैयार किया गया है। इसे 02.01.2023 को जारी किया गया था। गेल पाता के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने इस प्रकाशन के लिए व्यापक योगदान दिया है। यह प्रकाशन उन पहलों में से एक है जो हमारे कर्मचारियों के बीच पर्यावरण और स्थिरता जागरूकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।
- **शून्य तरल डिस्चार्ज:** गेल पाता में शून्य तरल डिस्चार्ज/उपचारित अपशिष्ट जल रिसाइकल के लिए डिजाइन आधार और बुनियादी इंजीनियरिंग तैयार की गई है। परियोजना की मंजूरी के बाद, साइट पर कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा। गेल, विजयपुर पहले से ही शून्य डिस्चार्ज आधार पर संचालित किया जा रहा है।
- **तितली उद्यान का निर्माण:** गेल, पाता में तितली उद्यान के विकास हेतु रूपरेखा तैयार की गई थी। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान तितली उद्यान के लिए निर्माण और विकासात्मक गतिविधियाँ पूरी होने के बाद इसका उद्घाटन किया गया है।
- **ग्रीनको रेटिंग:** ग्रीनको रेटिंग "दुनिया में अपनी तरह का पहला" समग्र ढांचा है जो जीवन चक्र दृष्टिकोण का उपयोग करके अपनी गतिविधियों की पर्यावरण मित्रता पर कंपनियों का मूल्यांकन करता है। गेल ने वित्त वर्ष 2019–20 में ग्रीनको रेटिंग को अपनाने का सफर शुरू किया था। इस प्रयास में सीआईआई ग्रीनको द्वारा गेल, वाघोडिया और गेल, विजयपुर को सिल्वर रेटिंग और गेल, पाता को गोल्ड रेटिंग दी गई है।
- **सीईएमएस:** संयंत्र उत्सर्जन स्टैक के लिए सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (सीईएमएस) विभिन्न स्थानों पर सभी स्टैक के लिए स्थापित की जाती है, जिसके माध्यम से वास्तविक समय के आधार पर उत्सर्जन गुणवत्ता बनाए रखी जाती है।
- **जैविक अपशिष्ट खाद:** पाता, विजयपुर और अन्य स्थानों पर जैविक अपशिष्ट खाद (ओडब्ल्यूसी) संयंत्र संचालित किए जा रहे हैं। उत्पादित खाद का उपयोग संयंत्र परिसर और आसपास के क्षेत्र में बागवानी के उद्देश्य से किया जाता है।

## 12. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनकी पर्याप्तता

आपकी कंपनी में विशिष्ट और कुशल आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां हैं। इसके व्यवसाय का व्यवस्थित, नैतिक और कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए इसकी व्यावसायिक यूनिटों और सेवा संस्थाओं के लिए संगठनात्मक संरचना, नियमावली और मानक संचालन प्रक्रियाएं स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई हैं। कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली दक्षता, विश्वसनीयता, लेखा रिकॉर्ड की पूर्णता और विश्वसनीय वित्तीय और प्रबंधन जानकारी की समय पर तैयारी सुनिश्चित करती है। विभिन्न व्यावसायिक प्रक्रियाओं के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण ढांचा और जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स (आरसीएम) मौजूद है और प्रबंधन द्वारा इसकी लगातार समीक्षा की जाती है। इसके अलावा, यह सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन, कंपनी की परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग और सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है।

आपकी कंपनी में स्वतंत्र और अभिन्न आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है जिसमें व्यावसायिक और तकनीकी क्षेत्र से संबंधित पहलुओं को कवर करने वाले दक्ष पेशेवर हैं। आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग कार्यात्मक रूप से लेखापरीक्षा समिति को रिपोर्ट करता है और प्रशासनिक रूप से निदेशक (वित्त) को रिपोर्ट करता है। लेखापरीक्षा कार्य लेखापरीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक लेखापरीक्षा कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किए जाते हैं। आंतरिक लेखापरीक्षा व्यावसायिक प्रक्रियाओं की जोखिम–आधारित लेखापरीक्षा के माध्यम से आंतरिक नियंत्रण की प्रभावकारिता की जांच करता है। आंतरिक लेखापरीक्षा के मिशन के अनुरूप "व्यापक और गुणवत्तापूर्ण लेखापरीक्षा सेवाएँ प्रदान करना, जो व्यवसाय संचालन की दक्षता को सुविधाजनक बनाता है, सूचना की अखंडता को बढ़ाता है और संचालन प्रक्रियाओं में सुधार करने वाली सिफारिशों के परिणामस्वरूप, कंपनी को अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है", महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियों को इसके मूल कारण और प्रभाव के साथ प्रबंधन को सूचित किया जाता है। लेखापरीक्षा समिति नियमित रूप से आंतरिक लेखापरीक्षा और सीएंडएजी लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों की समीक्षा करती है।

## 13. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

आपकी कंपनी सामाजिक रूप से जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में समुदायों, पर्यावरण और प्रक्रिया में शामिल अन्य सभी हितधारकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझती है और स्वीकार करती है। आपकी कंपनी में सीएसआर कार्य का उद्देश्य सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देना और कंपनी के संचालन और विकास के साथ आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक उद्देश्यों को एकीकृत करना है। आपकी कंपनी के दृष्टिकोण के अनुरूप, सीएसआर पहल समाज और उन समुदायों में मूल्य सृजन को बढ़ाने का प्रयास करती है, जिसमें वह अपनी सेवाओं, आचरण और पहल के माध्यम से काम करती है, ताकि गरीबी उन्मूलन को गति प्रदान की जा सके, समाज के लिए निरंतर विकास को बढ़ावा दिया जा सके, समृद्ध और समावेशी भारत के विकास में योगदान देने के दीर्घकालिक लक्ष्य के साथ समुदाय और पिरामिड के निचले भाग में रहने वाले लोगों का विकास किया जा सके।

आपकी कंपनी ने पहचाने गए विषयगत क्षेत्रों, अर्थात स्वास्थ्य और पोषण पर व्यय के संबंध में डीपीई दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है।

## 14. लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली)

भारत का मिशन लाइफ लोगों को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ने के लिए सशक्त बनाना चाहता है। "पर्यावरण के लिए जीवन शैली (लाइफ)" की अवधारणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवंबर 2021 को ग्लासगो में कॉप26 में पेश किया था, जिसमें व्यक्तियों और संस्थानों के वैश्विक समुदाय से लाइफ को नासमझी और विनाशकारी उपभोग की बजाय "पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के

लिए "सोच–समझकर और जानबूझकर उपयोग" की दिशा में एक अंतरराष्ट्रीय जन आंदोलन के रूप में चलाने का आह्वान किया गया था। लाइफ प्रत्येक व्यक्ति पर ऐसा जीवन जीने का व्यक्तिगत और सामूहिक कर्तव्य डालता है जो पृथ्वी के हित में हो और इसे नुकसान न पहुँचाए। जो लोग ऐसी जीवनशैली अपनाते हैं उन्हें लाइफ के तहत ग्रह अनुकूल लोगों के रूप में जाना जाता है।

गेल भारत से कार्बन हटाने/कम करने के लक्ष्यों में योगदान देने और इसकी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजनेस वर्ल्ड के मई 2022 अंक में प्रकाशित एक लेख में, गेल को देश की शीर्ष 10 कंपनियों में सूचीबद्ध किया गया है, जिन्होंने संसाधनों के कुशल उपयोग, सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने, समावेशी आपूर्ति श्रृंखला, और अन्य महत्वपूर्ण स्थिरता मेट्रिक्स के निगमन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार करके एक स्थायी भविष्य की ओर मार्ग प्रशस्त किया है। मिशन लाइफ पर्यावरण के लिए जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु कर्मचारियों और कंपनी की संस्कृति के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मिशन लाइफ के लिए गेल द्वारा विषय–वार पहल:

» **ऊर्जा बचाएं**



ऊर्जा परिवर्तन में प्रौद्योगिकी स्विच और ऊर्जा के मौजूदा स्रोत को बदलने के लिए की गई पहल शामिल हैं। जबकि वर्तमान में प्राकृतिक गैस एक स्वच्छ परिवर्तनकारी ईंधन है, यह भविष्य का स्वच्छ ईंधन नहीं है। इसलिए गेल अपने उत्सर्जन को कम करने के लिए सीबीजी, इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल, ग्रीन हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक हरित ईंधन स्रोतों की खोज कर रहा है।

गेल की वैकल्पिक ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता 131.75 मेगावाट है और इसकी नेट जीरो रूपरेखा के तहत विभिन्न आरई परियोजनाओं की योजना बनाई गई है।

गेल परिचालन कार्बन को हटाने/कम करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है जिसमें ऊर्जा दक्षता, ईंधन स्विच, विद्युतीकरण आदि के माध्यम से अपने प्रत्यक्ष आंतरिक जीएचजी उत्सर्जन को कम करने की तकनीक और पहल शामिल है।

» **पानी बचाएं**



गेल यह सुनिश्चित करता है कि उसके प्रचालन से विभिन्न साइटों पर जल संसाधनों की आपूर्ति और गुणवत्ता पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। गेल ने अपने परिचालन को लचीला बनाने के लिए भविष्य में पानी से संबंधित किसी भी जोखिम का सक्रिय रूप से मूल्यांकन किया है और उसे कम किया है। गेल में, हम पानी की मांग की निगरानी के लिए नियमित रूप से जल ऑडिट (आंतरिक और तीसरे पक्ष दोनों) करते हैं। गेल अपनी पर्यावरण नीति, राष्ट्रीय, स्थानीय और क्षेत्रीय दिशानिर्देशों के आधार पर मीठे पानी की कम खपत, वर्षा जल संचयन/संग्रह प्रणाली, अपशिष्ट जल निर्वहन की निगरानी एवं प्रबंधन, अपशिष्ट जल उपचार और रीसाइक्लिंग जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से विभिन्न साइटों पर जल बचत के नवीन विचारों को प्रोत्साहित और समर्थन करता है।

» **एकल उपयोग प्लास्टिक को न कहें**



गेल अपने सभी परिचालनों और कार्यालयों में एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूकता पैदा करने और प्रणाली स्थापित करके एकल उपयोग प्लास्टिक से बचने के लिए प्रतिबद्ध है।

» **कचरा घटाएं**



गेल यह सुनिश्चित करता है कि अपशिष्ट पदार्थों का निपटान इस तरह से किया जाए कि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर उनका प्रभाव कम से कम पड़े। हम संसाधन कुशल प्रौद्योगिकी को तैनात करके अपने परिचालन में चक्रीय अर्थव्यवस्था को लागू करने का प्रयास करते हैं। हम प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं का पालन करते हैं जिसमें सभी साइटों पर खतरनाक और गैर–खतरनाक कचरे को कम करना, पुनः उपयोग करना, रिसाइकल करना और जिम्मेदारी से निपटान करना शामिल है।

» **स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं**



केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए) की एक पहल, "हरित और स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से आजादी का अमृत महोत्सव" जागरूकता अभियान के भाग के रूप में गेल, कराईकल द्वारा सक्षम साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया था। इस साइक्लोथॉन का उद्देश्य लोगों में ईंधन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना और थोड़ी दूरी के लिए साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना है, जिससे न केवल ईंधन की बचत होगी बल्कि स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण बनाने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा, गेल एक स्वस्थ जीवन शैली जीने और कर्मचारियों को योग दिवस, वॉकथॉन, मैराथन आदि में भाग लेने के लिए आमंत्रित करने के लिए अपने टाउनशिप में ओपन जिम, मनोरंजक और खेल सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करता है।



गेल टाउनशिप, विजयपुर में जिम की सुविधा

» **ई-कचरा घटाएं**




गेल के पास प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली है जिसमें ई–कचरा निपटान भी शामिल है, जो अधिकृत विक्रेताओं को नियुक्त करके अत्यंत सावधानी और जिम्मेदारी के साथ किया जाता है। गेल की साइटों पर संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व योजना प्रस्तुत की गई है। तदनुसार, यह अपशिष्ट संग्रहण और पुनर्चक्रण का प्रबंधन करता है।

## 15. पुरस्कार एवं सम्मान

- गेल (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी को तेल और गैस क्षेत्र के लिए भारत का 'सर्वश्रेष्ठ सीईओ' पुरस्कार मिला है, जो उन्हें भारत सरकार के केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री द्वारा प्रदान किया गया।
- गेल ने 2022 में "एनर्जी ट्रांजिशन – मिडस्ट्रीम" श्रेणी में "प्लैट्स ग्लोबल एनर्जी अवार्ड" जीता।
- गेल ने बिजली और ऊर्जा श्रेणी में "एसएआरएफए सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट पुरस्कार, एकीकृत रिपोर्टिंग पुरस्कार और निगमित शासन प्रकटीकरण के लिए सार्क वर्षगांठ पुरस्कार, 2021 में कांस्य शील्ड जीती है।

- गेल ने 2022 में आईसीएआई द्वारा जेएलपीएल के लिए "लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता 2019" के लिए 17वां राष्ट्रीय पुरस्कार जीता।
- गेल ने 2022 में वित्तीय रिपोर्टिंग (2020–21) में "आईसीएआई अवार्ड्स ऑफ एक्सीलेंस की सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की श्रेणी गए में गोल्ड शील्ड" प्राप्त की।
- जीटीआई को 2022 में प्रतिष्ठित आईएसटीडी "इनोवेटिव ट्रेनिंग प्रैक्टिस" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- राजभाषा में सराहनीय प्रदर्शन के लिए गेल को पेट्रोलियम राजभाषा शील्ड योजना के तहत 2021–22 के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- निदेशक (वित्त) को उनके शानदार नेतृत्व और पथ–प्रदर्शक पहल की मान्यता के लिए ग्लोबल रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स कांग्रेस (2022) और डाउनस्ट्रीम इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स 2022 में "सीएफओ ऑफ द ईयर अवार्ड 2022" से सम्मानित किया गया।
- निदेशक (वित्त) को ईटी एसेंट – 21वें वैश्विक संस्करण और छठे संस्करण के भारत बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर में "सर्वश्रेष्ठ सीएफओ ऑयल एंड गैस" श्रेणी के तहत "सीएफओ लीडर ऑफ द ईयर" से सम्मानित किया गया।
- जीपीयू गांधार ने "सीआईआई ग्रीनको सिल्वर रेटिंग" जीती।
- वीएसपीएल पाइपलाइन को 2022 में गेल में पाइपलाइन क्षेत्र में "सीआईआई ग्रीनको सिल्वर रेटिंग" से सम्मानित किया गया।
- केकेबीएमपीएल ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा श्रेष्ठ सुरक्षा पुरस्कार – 2022 जीता।
- वीएसपीएल ने एचआईसीसी, हैदराबाद में सीआईआई, हैदराबाद से ग्रीनको सिल्वर अवार्ड जीता।
- भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने गेल विजयपुर, गैस प्रोसेसिंग यूनिट को सुरक्षा पुरस्कार (कांस्य ट्रॉफी) – 2022 के विजेता से सम्मानित किया।
- गेल को 9वें पीएसयू पुरस्कार के तहत गवर्नेंस नाउ द्वारा प्रतिष्ठित "डिजिटल पीएसयू – डिजिटल 2.0" से सम्मानित किया गया।
- सीएसआर और स्थिरता में नेतृत्व और उत्कृष्टता के लिए ईटी एसेंट राष्ट्रीय पुरस्कार 2022
- राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार 2022
- गेल की "हवा बदलो" पहल ने बेहतर पर्यावरण के लिए वायु प्रदूषण के खिलाफ लगातार सामाजिक जागरूकता अभियान के लिए इकोनॉमिक टाइम्स ब्रांड इक्विटी शार्क अवॉर्ड्स '22 जीता।

### *चेतावनी विवरण*

*कंपनी के उद्देश्यों, रणनीतियों, अनुमानों एवं आकलनों, अपेक्षाओं आदि को दर्शाने वाली बोर्ड की रिपोर्ट तथा प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण में दिए गए विवरण विद्यमान कानूनों और विनियमों के अर्थ में "भावी विवरण" और प्रगतिशील हो सकते हैं। अपने स्वभाव से, भावी विवरणों के लिए आपकी कंपनी को अनुमान लगाने की आवश्यकता होती है और वे अंतर्निहित जोखिमों और अनिश्चितताओं के अधीन होते हैं। भावी विवरण जिसमें कई अंतर्निहित पहचाने गए/गैर–पहचाने गए जोखिम और अनिश्चितताएं शामिल हैं, वास्तविक परिणाम अपेक्षाओं से भौतिक रूप से भिन्न हो सकते हैं। कंपनी के संचालन को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारकों में वैश्विक और घरेलू मांग और आपूर्ति की स्थिति, सरकारी नियमों/कर कानूनों में बदलाव, देश के भीतर आर्थिक विकास और मुकदमेबाजी और औद्योगिक संबंध जैसे कारक शामिल हैं। चूंकि इन मान्यताओं के अंतर्निहित कारक समय के साथ परिवर्तन होते रहते हैं, इसलिए जिन अनुमानों पर वे आधारित हैं, उनमें भी तदनुसार परिवर्तन होने की संभावना रहती है। ये भावी विवरण केवल आपकी कंपनी के मौजूदा इरादों, विश्वासों और अपेक्षाओं को दर्शाते हैं। आपकी कंपनी किसी भी भावी विवरण को संशोधित या अद्यतन करने के लिए कोई दायित्व नहीं मानती है, चाहे वह नई जानकारी, भावी घटनाओं, या अन्यथा के कारण हो। पाठकों को आगाह किया जाता है कि वे भावी कथनों पर अत्यधिक विश्वास न करें।*



**गेल विजयपुर संयंत्र का विहंगम दृश्य**

अनुलग्नक–ख

# निगमित शासन पर रिपोर्ट

## 1. निगमित शासन पर कंपनी का सिद्धांत

निगमित शासन का तात्पर्य उस पद्धति से है जिसमें किसी कंपनी को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधित किया जाता है कि उसके सभी हितधारकों को उसकी आय और संपत्ति में उचित हिस्सा मिले और सभी भौतिक जानकारी का खुलासा हो। अच्छे कॉर्पोरेट प्रशासन में किसी कंपनी की अपने व्यवसाय को कानूनी, नैतिक और पारदर्शी तरीके से चलाने की प्रतिबद्धता शामिल होती है। निगमित शासन में कंपनी के प्रबंधन, उसके बोर्ड, उसके शेयरधारकों और अन्य हितधारकों के बीच संबंधों की एक व्यवस्था शामिल होती है। निगमित शासन वह ढांचा भी प्रदान करता है जिसके माध्यम से कंपनी के उद्देश्य निर्धारित किए जाते हैं और उन उद्देश्यों को प्राप्त करने और निगरानी के साधन भी प्रदान किए जाते हैं।

पारदर्शिता, अखंडता और जवाबदेही तीन सिद्धांत हैं जो गेल में निगमित शासन का मार्गदर्शन करते हैं। शासन प्रणाली का उद्देश्य शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों, ठेकेदारों, विक्रेताओं और बड़े पैमाने पर समाज सहित सभी हितधारकों के लिए मूल्य को अधिकतम करने के लिए कंपनी के व्यवसाय के नैतिक और जिम्मेदार आचरण के उच्च मानक स्थापित करना है। इसका उद्देश्य कंपनी और उसके हितधारकों के बीच विश्वास के रिश्ते को मजबूत करना तथा कंपनी को अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करना है।

गेल में निगमित शासन हमारी मूल्य प्रणाली को दर्शाता है। प्रभावी निगमित शासन के माध्यम से, बोर्ड एक ऐसी संस्कृति को स्थापित करने और बनाए रखने का प्रयास करता है जो गेल को अपने उद्देश्य को पूरा करने और टिकाऊ साझेदारी का निर्माण करके तथा ईमानदारी और नैतिकता, सम्मान, ग्राहक, सुरक्षा, उत्कृष्टता और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के अपने मूल मूल्यों को बनाए रखते हुए अपने दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाएगी।

गेल प्रशासन, नैतिकता और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का उपयोग करके व्यवसाय करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करने पर ध्यान केंद्रित करती है। शासन मानकों को विश्व स्तर पर बेंचमार्क किया गया है और हम दुनिया भर में अपनाई जा रही उभरती सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने का प्रयास करते हैं।

## 2. निदेशक मंडल

### i. संदर्भ की शर्तें

ठोस निगमित शासन ढांचे के अनुरूप, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 {सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015)}, कंपनी अधिनियम, 2013, लोक उद्यम विभाग (निगमित शासन के लिए डीपीई दिशानिर्देश) द्वारा जारी सीपीएसई, 2010 के लिए निगमित शासन पर दिशानिर्देश आदि सहित सभी सांविधिक, महत्वपूर्ण और भौतिक जानकारी को समय–समय पर बोर्ड के समक्ष रखा जाता है।

### ii. संरचना

कंपनी भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सरकारी कंपनी है। निदेशकों को भारत सरकार द्वारा नामित/नियुक्त किया जाता है।

निदेशक मंडल में कार्यकारी (कार्यात्मक) और गैर–कार्यकारी निदेशक शामिल होते हैं। 31 मार्च, 2023 को, बोर्ड में 12 (बारह) निदेशक थे, जिनमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित 5 (पांच) कार्यात्मक निदेशक, 7 (सात) गैर–कार्यकारी निदेशक {जिसमें 1 (एक) सरकारी नामित निदेशक तथा 6 (छह) स्वतंत्र निदेशक शामिल थे}।

इसके अलावा 31 मार्च, 2023 को उपस्थिति, अन्य निदेशकों की संख्या और प्रत्येक निदेशक की समितियों की अध्यक्षता/सदस्यता का विवरण निम्नानुसार है:

| निदेशक का नाम और पदनाम | कार्यकाल के दौरान भाग ली गई बैठकों की संख्या | पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति | 31 मार्च, 2023 को अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद | 31 मार्च, 2023 को अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं के नाम जहां व्यक्ति निदेशक की श्रेणी के साथ निदेशक है | 31 मार्च, 2023 को अन्य कंपनियों में समिति सदस्यता | 31 मार्च, 2023 को अन्य कंपनियों की समितियों में अध्यक्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **I. कार्यात्मक निदेशक (पूर्णकालिक)** | | | | | | |
| श्री संदीप कुमार गुप्ता<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,<br>03.10..2022 से | 5 | लागू नहीं | 3 | • पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड–निदेशक | • पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड–हित–धारक संबंध समिति | - |
| श्री मनोज जैन<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,<br>31.08..2022* तक | 9 | हाँ | - | - | - | - |
| श्री एम.वी. अय्यर निदेशक (व्यापार विकास)** | 14 | हाँ | 8 | • महानगर गैस लिमिटेड – अध्यक्ष | - | - |
| श्री राकेश कुमार जैन निदेशक (वित्त) और सीएफओ | 15 | | 6 | • इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड –निदेशक | - | • गेल गैस लिमिटेड– लेखा परीक्षा समिति |
| श्री दीपक गुप्ता<br>निदेशक (परियोजना) | 15 | हाँ | 2 | - | - | - |
| श्री आयुष गुप्ता<br>निदेशक (मा.सं.)<br>22.08.22 से | 7 | हाँ | 1 | - | - | - |

| निदेशक का नाम और पदनाम | कार्यकाल के दौरान भाग ली गई बैठकों की संख्या | पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति | 31 मार्च, 2023 को अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद | 31 मार्च, 2023 को अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं के नाम जहां व्यक्ति निदेशक की श्रेणी के साथ निदेशक है | 31 मार्च, 2023 को अन्य कंपनियों में समिति सदस्यता | 31 मार्च, 2023 को अन्य कंपनियों की समितियों में अध्यक्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री ई.एस. रंगानाथन<br>निदेशक<br>(11.08.2022 तक)*** | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| **II. गैर–कार्यकारी निदेशक (सरकारी नामित)** | | | | | | |
| डॉ. नवनीत मोहन कोठारी | 15 | हाँ | - | - | - | - |
| **III. गैर–कार्यकारी निदेशक (स्वतंत्र)** | | | | | | |
| श्री अखिलेश जैन | 15 | हाँ | - | - | - | - |
| श्री शेर सिंह | 15 | हाँ | - | - | - | - |
| श्री संजय कश्यप | 15 | हाँ | - | - | - | - |
| डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी | 15 | हाँ | - | - | - | - |
| श्रीमती कंगबाम इनौचा देवी | 15 | हाँ | 1 | - | - | - |
| प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे | 15 | हाँ | - | - | - | - |

*पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) ने गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री मनोज जैन को वर्ष के दौरान 01.04.2022 से 21.08.2022 तक निदेशक (एचआर), गेल के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

** एमओपी एंड एनजी ने श्री एम.वी. अय्यर (व्यवसाय विकास) को दिनांक 01.09.2022 से 02.10.2022 तक सीएमडी, गेल के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा। इसके अलावा, एमओपी एंड एनजी ने श्री एम.वी. अय्यर (व्यवसाय विकास) को वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान निदेशक (विपणन) के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपना जारी रखा।

***भारत के राष्ट्रपति ने दिनांक 18 जनवरी, 2022 के पत्र सं. सी–31022/1/2022–वीआईजी–पीएनजी द्वारा श्री ई.एस. रंगानाथन, निदेशक (विपणन), गेल को निलंबित कर दिया गया था। इसके अलावा, एमओपी एंड एनजी ने दिनांक 28.08.2022 के पत्र सं. सीए–31022/1/2018–पीएनजी (41987) द्वारा डीओपीटी के दिनांक 12.08.2022 के आदेश को अग्रेषित किया जिसमें गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक (विपणन) के पद से श्री ई.एस. रंगानाथन के कार्यकाल को समय पूर्व 12.08.2022 से समाप्त करने और परिणामस्वरूप ग्रहणाधिकार अवधि के भीतर गेल (इंडिया) लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद पर उनका प्रत्यावर्तन करने के मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) के निर्णय से अवगत कराया।

**टिप्पणियाँ:**

1. जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है निदेशकों द्वारा धारित निदेशक पद में, सार्वजनिक लिमिटेड, प्राइवेट लिमिटेड और विदेशी कंपनियों के निदेशक पद शामिल हैं।

2 समिति की सदस्यता/अध्यक्षता केवल लेखापरीक्षा समिति और हितधारक संबंध समिति के लिए मानी जाती है।

3. कंपनी की 38वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022 को आयोजित की गई थी।

4. 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए संबंधित निदेशक(कों) से प्राप्त प्रकटीकरण के आधार पर:

   i. निदेशक आपस में एक–दूसरे से संबंधित नहीं हैं और अन्य प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों से भी संबंधित नहीं हैं। स्वतंत्र निदेशक(कों) ने घोषणा की है कि वे सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और कंपनी अधिनियम, 2013 में प्रदान किए गए स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं।

   ii. बोर्ड में कोई भी निदेशक 10 (दस) से अधिक समिति (समितियों) का सदस्य या सभी सार्वजनिक कंपनियों में 5 (पांच) से अधिक समिति (समितियों) का अध्यक्ष नहीं है, जिसमें वह एक निदेशक है।

   iii. किसी भी गैर–कार्यकारी निदेशक के पास कंपनी का कोई इक्विटी शेयर नहीं है।

   iv. 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी गैर–कार्यकारी निदेशक का कंपनी के साथ कोई आर्थिक संबंध या लेनदेन नहीं था।

5. आगामी 39वीं एजीएम में नियुक्त/पुनर्नियुक्त किए जाने वाले निदेशकों का संक्षिप्त विवरण 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए एजीएम के नोटिस का हिस्सा है।

6. गेल (इंडिया) लिमिटेड पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सरकारी कंपनी है, निदेशक(कों) को नियुक्त/नामित करने का अधिकार भारत सरकार के पास है। कंपनी के सभी निदेशक अर्थात् कार्यकारी, गैर–कार्यकारी निदेशकों को कंपनी के लिए आवश्यक कौशल/विशेषज्ञता/दक्षता के आधार पर एमओपीएंडएनजी द्वारा नियुक्त/नामित किया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए, निदेशक मंडल ने सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के तहत कंपनी के अपेक्षित व्यवसाय के संदर्भ में किसी निदेशक द्वारा आवश्यक मुख्य कौशल/विशेषज्ञता/दक्षता की सूची की पहचान नहीं की है।

7. निदेशकों को सचिवीय मानकों के अनुसार बोर्ड/समिति की बैठकों में भाग लेने की सुविधा के लिए वीडियो–कांफ्रेंसिंग सुविधाओं का भी उपयोग किया जाता है।

8. वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान कंपनी के बोर्ड में सभी स्वतंत्र निदेशकों को भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए) की वेबसाइट पर स्वतंत्र निदेशक के डेटाबैंक पर पंजीकृत किया गया था।

### iii. बैठक का विवरण

वित्तीय वर्ष 2022–2023 के दौरान, बोर्ड की 15 (पंद्रह) बैठकें – वर्ष 2022 में 6 मई, 27 मई, 19 जून, 14 जुलाई, 27 जुलाई, 4 अगस्त, 17 अगस्त, 22 अगस्त, 26 अगस्त, 26 सितंबर, 21 अक्तूबर, 4 नवंबर, 5 दिसंबर को, तथा वर्ष 2023 में 30 जनवरी और 13 मार्च को आयोजित की गई थीं।

### iv. स्वतंत्र निदेशकों की बैठक

कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 की आवश्यकता के अनुसार वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान गैर–स्वतंत्र निदेशकों और प्रबंधन के सदस्यों की उपस्थिति के बिना स्वतंत्र निदेशकों की एक अलग बैठक 13 मार्च, 2023 को आयोजित की गई थी।

### v. बोर्ड में शामिल करना और प्रशिक्षण/उत्तराधिकार योजना

नियुक्ति पर, नव नियुक्त निदेशकों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों तथा उनके कानूनी और विनियामक दायित्वों पर आवश्यक जानकारी का विवरण देने वाली एक स्वागत किट प्रदान की जाती है। नवनियुक्त निदेशकों को कंपनी के व्यवसाय और उसकी गतिविधियों के बारे में जानकारी पर एक प्रस्तुति दी जाती है।

इसके अलावा, कंपनी ने कंपनी के बोर्ड सदस्यों के लिए एक प्रशिक्षण नीति तैयार की है। कंपनी के निदेशकों को निगमित शासन, निदेशकों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों और डीपीई, कार्यक्षेत्र और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित अन्य उद्योग से संबंधित मामलों पर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए समय–समय पर नामित किया जाता है।

स्वतंत्र निदेशकों के प्रशिक्षण/परिचय कार्यक्रमों का विवरण कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILfamiliarizationprogram17112022.pdf पर उपलब्ध है।

## 3. बोर्ड की समितियां

बोर्ड समितियां कंपनी के शासी ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इनका गठन उन विशिष्ट क्षेत्रों/गतिविधियों से निपटने के लिए किया जाता है जो कंपनी से संबंधित हैं और जिन्हें करीब से देखने की जरूरत है। बोर्ड विभिन्न समितियों के संदर्भ की शर्तों का गठन, समनुदेशन, सह–चयन और निर्धारण करता है। समितियों के सभी निर्णय और सिफारिशें सूचना या अनुमोदन के लिए बोर्ड के समक्ष रखी जाती हैं। निर्णय के कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित कार्यवृत्त समिति के सदस्यों और संबंधित विभाग/समूह को भी परिचालित किए जाते हैं। समितियों के कार्यवृत्त को समिति की अगली बैठक में सदस्यों द्वारा और बोर्ड की बैठक में सभी निदेशकों की जानकारी के लिए नोट किए जाने के लिए प्रस्तुत किया जाता है। की गई कार्रवाई रिपोर्ट जिसमें की गई कार्रवाई की आवश्यकता होती है और समिति(यों) को वापस रिपोर्ट की जाती है, भी नियमित आधार पर संबंधित समिति को प्रस्तुत की जाती है।

वर्तमान में, बोर्ड की 13 समितियां हैं जिनमें पांच सांविधिक समितियां शामिल हैं अर्थात लेखापरीक्षा समिति, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति, हितधारक संबंध समिति और जोखिम प्रबंधन समिति। बोर्ड की सांविधिक समितियों का विवरण नीचे दिया गया है और बोर्ड की अन्य समितियों के बारे में जानकारी अलग से वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा हैं।

## क. लेखापरीक्षा समिति

### i. संदर्भ की शर्तें

लेखापरीक्षा समिति की संदर्भ शर्तें समय–समय पर यथा संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और निगमित शासन के लिए डीपीई दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार हैं। इसमें अन्य बातों के साथ–साथ वित्तीय रिपोर्टिंग का निरीक्षण प्रक्रिया, लेखा परीक्षकों के लिए शुल्क के निर्धारण की सिफारिश करना, प्रदान की गई किसी भी अन्य सेवाओं के भुगतान के लिए लेखा परीक्षकों को भुगतान की मंजूरी देना, वार्षिक और तिमाही वित्तीय विवरणों की समीक्षा करना, सांविधिक/आंतरिक लेखा परीक्षकों के प्रदर्शन की समीक्षा करना और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता की समीक्षा करना, आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा करना, आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा करना, आंतरिक जांच के निष्कर्षों की समीक्षा करना, सांविधिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा करना, व्हिसल ब्लोअर तंत्र की समीक्षा करना, अनुमोदन या संबंधित पार्टियों के साथ कंपनी के लेनदेन के किसी भी बाद का संशोधन करना; अंतर–कॉर्पोरेट ऋणों और निवेशों की संवीक्षा करना; कंपनी के उपक्रमों या परिसंपत्तियों का मूल्यांकन करना, जहां–कहीं आवश्यक हो; आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों और जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन करना शामिल है। इसके अलावा, यह कंपनी में नैतिकता के सभी पहलुओं को देखता है और तिमाही आधार पर बजट पूंजीगत व्यय की समीक्षा भी करता है, जिसमें धारिता कंपनी द्वारा सहायक कंपनी में 100 करोड़ रुपए या 10% से अधिक के ऋण और/या अग्रिम/निवेश के उपयोग, मौजूदा ऋण/अग्रिम/निवेश सहित सहायक कंपनी की परिसंपत्ति का आकार, जो भी कम हो, की समीक्षा की जाती है।

लेखापरीक्षा समिति की भूमिका, उत्तरदायित्व और शक्तियां सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015; कंपनी अधिनियम, 2013; समय–समय पर जारी डीपीई दिशानिर्देश के अनुसार हैं।

### ii. संरचना

31 मार्च, 2023 तक, लेखापरीक्षा समिति में श्री अखिलेश जैन अध्यक्ष के रूप में, श्री आयुष गुप्ता और प्रो. रविकांत कोहले सदस्य के रूप में शामिल थे। समिति के सभी सदस्यों को वित्तीय और प्रबंधन मामलों में अपेक्षित अनुभव है।

निदेशक (वित्त) और आंतरिक लेखापरीक्षा के प्रमुख लेखापरीक्षा समिति की बैठकों के लिए स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। समिति को आवश्यक जानकारी/स्पष्टीकरण प्रदान करने के लिए, जब भी आवश्यक हो, अन्य कार्यात्मक निदेशकों और वरिष्ठ कार्यात्मक अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाता है। सांविधिक लेखापरीक्षकों के प्रतिनिधियों ने समिति की बैठकों में भाग लिया जिसमें तिमाही वित्तीय परिणाम/वित्तीय विवरणों पर विचार किया गया। जब भी लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट से संबंधित मामलों पर विचार किया जाता है तो लागत लेखा परीक्षकों के प्रतिनिधियों को भी लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में आमंत्रित किया जाता है। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करता है।

### iii. बैठक विवरण

2022–23 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान, लेखापरीक्षा समिति की 10 (दस) बैठकें आयोजित की गईं: वर्ष 2022 में 28 अप्रैल, 27 मई, 19 जून, 14 जुलाई, 4 अगस्त, 17 अगस्त, 29 सितंबर, 4 नवंबर को, और वर्ष 2023 में 30 जनवरी और 13 मार्च को। बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार थी:

| क्र.सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 1. | श्री अखिलेश जैन – अध्यक्ष | 10 | 10 |
| 2. | श्री एम.वी. अय्यर (31.08.2022 तक) | 6 | 6 |
| 3. | श्री आयुष गुप्ता (01.09.2022 से) | 4 | 4 |
| 4. | प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे | 10 | 10 |

### iv. सतर्कता तंत्र – व्हिसल ब्लोअर और धोखाधड़ी रोकथाम नीति

कंपनी ने 'व्हिसल ब्लोअर नीति' लागू की है जिसमें कर्मचारी किसी भी अनुचित गतिविधि की सक्षम प्राधिकारी को रिपोर्ट करने के लिए स्वतंत्र हैं जिसके परिणामस्वरूप किसी भी कर्मचारी द्वारा कानूनों,

नियमों, विनियमों या आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है।

यह नीति असाधारण मामलों में लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष तक सीधी पहुंच की अनुमति देती है। इसके अलावा, किसी भी शिकायत की जांच के दौरान, व्हिसल ब्लोअर नीति के तहत, शिकायत की सामग्री को छोड़कर, शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता की पहचान को जांच के लिए सौंपी गई नामित एजेंसी द्वारा, यहां तक कि लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को भी प्रकट नहीं किया जाता है।

व्हिसल ब्लोअर नीति के लिंक पर निम्नलिखित लिंक द्वारा पहुंचा जा सकता है– https://gailonline.com/pdf/others/Circular_Whistle%20Blower%20Policy_12.02.2019-english.pdf

इसके अलावा, कंपनी ने धोखाधड़ी या संदिग्ध धोखाधड़ी को रोकने, उसका पता लगाने और त्वरित निपटान की अनुमति देने के लिए धोखाधड़ी रोकथाम नीति तैयार की है। सभी स्तरों पर संगठन के भीतर अपनाई गई प्रणाली को उचित रूप से संप्रेषित किया गया है और कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/others/FraudPreventionPolicyRev01withSOPonFPPRev00.pdf पर प्रदर्शित किया गया है।

"भ्रष्ट/ धोखाधड़ी/ मिलीभगत/ जबरदस्ती के व्यवहार के मामले में कार्रवाई के लिए प्रक्रिया" – के लिंक पर निम्नलिखित लिंक द्वारा पहुँचा जा सकता है– https://gailonline.com/pdf/others/Annexure-II.pdf

लेखापरीक्षा समिति व्हिसल ब्लोअर प्रणाली और धोखाधड़ी रोकथाम नीति के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा तभी करती है, जब उक्त नीतियों के तहत कोई शिकायत प्राप्त होती है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान व्हिसल ब्लोअर नीति और धोखाधड़ी रोकथाम नीति के तहत कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

## ख. हितधारक संबंध समिति

### i. संदर्भ की शर्तें

समिति की संदर्भ की शर्तों में अन्य बातों के साथ–साथ, कंपनी के शेयरधारकों, डिबेंचर धारकों और अन्य सुरक्षा धारकों के हित के विभिन्न पहलुओं तथा रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरएंडटीए) से संबंधित मामलों को जारी करने को मंजूरी देने, डुप्लिकेट शेयर प्रमाण–पत्र, सूचीबद्ध इकाई के सुरक्षा धारकों की शिकायतों को हल करने के लिए, जिसमें शेयरों के हस्तांतरण/संचरण से संबंधित शिकायतें, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होना, नए/डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी करने, आम बैठक आदि, शेयरधारकों द्वारा मतदान अधिकारों के प्रभावी प्रयोग के लिए किए गए उपायों की समीक्षा करने, रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में सूचीबद्ध इकाई द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के अनुपालन की समीक्षा करने, विभिन्न उपायों और पहलों की समीक्षा करने के लिए सूचीबद्ध इकाई द्वारा दावा न किए गए लाभांश की मात्रा को कम करने तथा कंपनी के शेयरधारकों द्वारा लाभांश वारंट/वार्षिक रिपोर्टें/सांविधिक नोटिस की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने पर विचार किया जाता है।

हितधारक संबंध समिति की भूमिका सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और समय–समय पर संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार है।

### ii. संयोजन

31 मार्च, 2023 तक, हितधारक संबंध समिति में श्रीमती कंगबाम इनोचा देवी अध्यक्ष के रूप में, श्री दीपक गुप्ता और श्री आयुष गुप्ता सदस्य के रूप में शामिल थे।

### iii. बैठक और अन्य विवरण

2022–23 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान, समिति की 2 (दो) बैठकें आयोजित की गई थीः 4 नवंबर 2022 और 14 मार्च 2023 को। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार थीः

| क्र. सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 1. | श्रीमती कंगबाम इनोचा देवी – अध्यक्ष | 2 | 2 |
| 2. | श्री राकेश कुमार जैन (31.08.2022 तक) | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | श्री दीपक गुप्ता | 2 | 2 |
| 4. | श्री आयुष गुप्ता (01.09.2022 से) | 2 | 2 |

सेबी स्कोर्स/स्टॉक एक्सचेंज/कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए)/डिपॉजिटरी/अन्य सांविधिक प्राधिकारियों जिनमें शेयरधारकों/एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड से प्राप्त दैनिक अनुरोध, रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरएंडटीए) या कंपनी शामिल हैं, को शिकायत माना जाता है। संबंधित तिमाहियों के दौरान प्राप्त और निवारण की गई शिकायतों की स्थिति बोर्ड के समक्ष रखी जा रही है।

वर्ष 2022–23 के दौरान सेबी/स्टॉक एक्सचेंजों और अन्य सांविधिक निकायों के माध्यम से शेयरधारकों/निवेशकों से 1,209 शिकायतें प्राप्त हुई, जो लाभांश की प्राप्ति, वार्षिक रिपोर्ट आदि जैसे मामलों से संबंधित थीं। 31 मार्च, 2023 को 3 शिकायतें लंबित थीं जिनका सांविधिक समय–सीमा के भीतर समाधान कर दिया गया है।

कंपनी ने यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं कि शेयरधारक से संबंधित मामलों/मुद्दों को उचित प्राथमिकता दी जाए और इन्हें आरएंडटीए द्वारा उचित समय के भीतर हल किया जाए।

सदस्य(यों) को उनके अनुरोध, यदि कोई हो, दर्ज करने की सुविधा के लिए, आरएंडटीए और कंपनी के नामित ई–मेल आईडी admin@mcsregistrars.com और shareholders@gail.co.in हैं जिसका सदस्य(यों) की सूचना के लिए पर्याप्त रूप से खुलासा किया जाता है। इसके अलावा, शेयरधारकों को नवीनतम घटनाक्रम और तिमाही अनुपालन के बारे में अद्यतन जानकारी देने के लिए कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com पर 'निवेशक संबंध' नामक एक अलग समर्पित खंड है जिसमें वित्तीय जानकारी, शेयरधारिता पैटर्न, निगमित शासन रिपोर्ट; कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट, स्वतंत्र निदेशकों से संबंधित जानकारी, विभिन्न प्रेस विज्ञप्तियों सहित सामान्य जानकारी, समाचार–पत्र प्रकाशन, नोटिस, आदि, नीतियां, निवेशक की जानकारी अर्थात् लाभांश घोषणा, निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) हस्तांतरण, भुगतान न किया गया लाभांश, लाभांश इतिहास, आदि शामिल होता है।

## ग. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

### i. संदर्भ की शर्तें

इस समिति के विचारार्थ विषय हैं

क. निष्पादन संबंधित वेतन (पीआरपी) पूल पर विचार–विमर्श करना और निर्णय लेना तथा कर्मचारियों को पीआरपी के वितरण की नीति।

ख. बोर्ड द्वारा विचार किए जाने से पहले पीआरपी के अलावा अन्य वेतन और भत्तों से संबंधित मुद्दों की जांच करना।

ग. निदेशक की योग्यता, सकारात्मक विशेषताओं और स्वतंत्रता का निर्धारण करने के लिए मानदंडों का निर्धारण तथा निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और अन्य कर्मचारियों के पारिश्रमिक से संबंधित नीति की बोर्ड को सिफारिश करना; स्वतंत्र निदेशकों और बोर्ड के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना; बोर्ड विविधता पर नीति तैयार करना; निदेशक बनने के लिए पात्र व्यक्तियों की पहचान करना जिन्हें निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किया जा सकता है, और बोर्ड को उनकी नियुक्ति और हटाने की सिफारिश करना।

घ. वरिष्ठ प्रबंधन को देय सभी पारिश्रमिक, जो कोई भी हों, की बोर्ड को सिफारिश करना।

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की भूमिका सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015; कंपनी अधिनियम, 2013 और समय–समय पर संशोधित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम, 2010 के लिए निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देश सेबी (एलओडीआर) विनियिम, 2015 के अनुसार हैं।

### ii. बोर्ड का निष्पादन मूल्यांकन

कंपनी एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) है और स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी निदेशकों की नियुक्ति/नामांकन भारत के राष्ट्रपति, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से किया जाता है। इसलिए, स्वतंत्र निदेशकों सहित व्यक्तिगत निदेशकों के प्रदर्शन का मूल्यांकन नियुक्ति प्राधिकारी होने के नाते भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 5 जून, 2015 को जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकारी कंपनियों को बोर्ड और उसकी समितियों के मूल्यांकन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(त) के प्रावधानों का अनुपालन करने से छूट दी गई है।

### iii. संरचना

31 मार्च 2023 तक, कंपनी की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति में डॉ. नंदगोपाल नारायणसामी अध्यक्ष के रूप में तथा डॉ नवनीत मोहन कोठारी और श्री शेर सिंह सदस्य के रूप में शामिल थे। निदेशक (वित्त) और निदेशक (मानव संसाधन) नामांकन और पारिश्रमिक समिति की बैठकों में स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं।

### iv. बैठक और अन्य विवरण

वित्त वर्ष 2022–23 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की 1 (एक) बैठक 17 अगस्त, 2022 को आयोजित की गईं। बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार थी:

| क्र. सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 1. | डॉ नंदगोपाल नारायणसामी – अध्यक्ष | 1 | 1 |
| 2. | श्री नवनीत मोहन कोठारी | 1 | 0 |
| 3. | श्री शेर सिंह | 1 | 1 |

### v. निदेशकों का पारिश्रमिक

कंपनी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए इसके कार्यात्मक निदेशकों का पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है। सरकार द्वारा नामित निदेशकों को कंपनी से कोई पारिश्रमिक नहीं मिलता है। स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड और समिति की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए आकस्मिक खर्चों के अलावा क्रमशः ₹ 40,000/– और ₹ 30,000/– के सिटिंग शुल्क का भुगतान किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों को भुगतान किए गए पारिश्रमिक का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ लाख में)

| क्र.सं. | निदेशक का नाम | वेतन और भत्ते | पीएफ में अंशदान | अन्य लाभ और अनुलाभ | निष्पादन संबंधित भुगतान | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनोज जैन<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,<br>(31.08.2022 तक) | 94.91 | 4.23 | 7.76 | 27.88 | 134.78 |
| 2. | श्री संदीप कुमार गुप्ता<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक<br>(03.10.2022 से) | 29.85 | 4.98 | 0.20 | 0.00 | 35.02 |
| 3. | श्री ई.एस. रंगानाथन<br>निदेशक (विपणन)<br>(11.08.2022 तक) | 47.69 | 0.00 | 0.30 | 0.00 | 47.99 |
| 4. | श्री एम.वी. अय्यर<br>निदेशक (व्यवसाय विकास) | 51.06 | 9.84 | 14.52 | 26.39 | 101.82 |
| 5. | श्री राकेश कुमार जैन<br>निदेशक (वित्त) और सीएफओ | 62.02 | 9.52 | 2.90 | 25.48 | 99.92 |
| 6. | श्री दीपक गुप्ता<br>निदेशक (परियोजनाएं) | 57.38 | 9.34 | 2.65 | 3.35 | 72.73 |
| 7. | श्री आयुष गुप्ता<br>निदेशक (एचआर)<br>(22.08.2022 से) | 35.82 | 5.56 | 1.71 | 20.59 | 63.67 |

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने कोई स्टॉक–विकल्प योजना शुरू नहीं की थी।

कार्यकारी निदेशकों का सेवा अनुबंध पांच वर्ष या सेवानिवृत्ति तक, जो भी पहले हो, के लिए है। सेवा से पृथकता के मामले में तीन महीने की नोटिस अवधि या उसके एवज में वेतन आवश्यक है।

स्वतंत्र निदेशकों को आमतौर पर भारत सरकार द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा, भारत सरकार के प्रशासनिक मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी नामित निदेशकों को बोर्ड में शामिल होने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किया जाता है।

कंपनी स्वतंत्र निदेशकों को औपचारिक नियुक्ति पत्र जारी करती है। इसके अलावा, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 46 के अनुसार, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें कंपनी की वेबसाइट के लिंक https://www. gailonline.com/ IZInvestorInformation.html पर उपलब्ध हैं।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, निदेशक मंडल और उसकी समिति(यों) की बैठकों में भाग लेने के लिए कंपनी द्वारा भुगतान की गई रिवर्स चार्ज प्रणाली के तहत वस्तु और सेवा कर को छोड़कर, स्वतंत्र निदेशकों को भुगतान की गई बैठक शुल्क का विवरण इस प्रकार है:

| क्र. सं. | स्वतंत्र निदेशक(कों) का नाम | बोर्ड की बैठकों की संख्या में भाग लिया | समिति (समितियों) की बैठकों की संख्या जिनमें भाग लिया | राशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अखिलेश जैन | 15 | 13 | 9.90 |
| 2 | श्री शेर सिंह | 15 | 3 | 6.90 |
| 3 | श्री संजय कश्यप | 15 | 4 | 7.20 |
| 4 | डॉ. नंदगोपाल नारायणस्वामी | 15 | 12 | 9.60 |
| 5 | श्रीमती कंगबाम इनौचा देवी | 15 | 4 | 7.20 |
| 6 | प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे | 15 | 14 | 10.20 |

### v. 31.03.2022 को निदेशक(कों) द्वारा धारित इक्विटी शेयर

जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, को छोड़कर, किसी भी निदेशक के पास कंपनी को उनके द्वारा की गई घोषणा के अनुसार कंपनी में उनके नाम पर कोई इक्विटी शेयर नहीं है:

| क्र.सं. | निदेशक(कों) का नाम | धारित शेयरों की संख्या (31 मार्च, 2023 तक) |
|---|---|---|
| 1 | श्री एम.वी. अय्यर | 816 |

## घ. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति

### i. संदर्भ की शर्तें

सीएसआर समिति के विचारार्थ विषयों में अन्य बातों के साथ–साथ, सीएसआर नीति तैयार करना और बोर्ड को सिफारिश करना, खर्च की जाने वाली राशि की सिफारिश करना और समय–समय पर कंपनी की सीएसआर नीति की निगरानी करना तथा बोर्ड द्वारा प्रत्यायोजित कोई अन्य गतिविधि करना शामिल है।

सीएसआर समिति की भूमिका कंपनी अधिनियम, 2013 और समय–समय पर संशोधित डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार है।

### ii. संरचना

31 मार्च, 2023 को कंपनी की सीएसआर समिति में श्री संदीप कुमार अध्यक्ष के रूप में, तथा श्री आयुष गुप्ता, श्री अखिलेश जैन और श्री संजय कश्यप सदस्य के रूप में शामिल थे।

### iii. बैठक और अन्य विवरण

2022–23 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान, सीएसआर समिति की 3 (तीन) बैठकें 2022 में 14 जून, 21 अक्तूबर को और 18 जनवरी 2023 को आयोजित की गईं। बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति इस प्रकार थी:

| क्र. सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 1 | श्री मनोज जैन (अध्यक्ष 31.08.2022 तक) | 1 | 1 |
| 2 | श्री एम.वी. अय्यर (सदस्य 02.10.2022 तक तथा अध्यक्ष 01.09.2022 से 02.10.2022 तक) | 1 | 1 |
| 3 | श्री संदीप कुमार गुप्ता (अध्यक्ष 03.10.2022 से) | 2 | 2 |
| 4 | श्री अखिलेश जैन | 3 | 3 |
| 5 | श्री संजय कश्यप | 3 | 3 |
| 6 | श्री आयुष गुप्ता (01.09.2022 से) | 2 | 2 |

सीएसआर गतिविधियों और उस पर किए गए व्यय का विवरण निदेशकों की रिपोर्ट/प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण में एक अलग खंड में विस्तार से दिया गया है। नीति के अनुसार, प्रत्येक वर्ष कर पश्चात् लाभ का कम से कम दो प्रतिशत कंपनी के विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों के लिए निर्धारित किया जाता है जो प्रभावी परिणामों के लिए निर्धारित होते हैं। यह कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुरूप स्थिरता, मापनीयता और पारदर्शिता को अधिकतम करने के लिए अपने सीएसआर कार्यक्रमों की पहचान, कार्यान्वयन, रखरखाव और निगरानी में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करता है।

## ड. जोखिम प्रबंधन समिति

### i. संदर्भ की शर्तें

जोखिम प्रबंधन समिति के विचारार्थ विषय हैं:

1) एक विस्तृत जोखिम प्रबंधन नीति तैयार करना जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:

   क. विशेष रूप से वित्तीय, परिचालन, क्षेत्रीय, स्थिरता (विशेष रूप से, ईएसजी से संबंधित जोखिम), सूचना, साइबर सुरक्षा जोखिम या समिति द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य जोखिम सहित सूचीबद्ध कंपनी द्वारा सामना किए जाने वाले आंतरिक और बाहरी जोखिमों की पहचान के लिए एक ढांचा।

   ख. पहचाने गए जोखिमों के आंतरिक नियंत्रण के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं सहित जोखिम को कम करने के उपाय।

   ग. व्यवसाय निरंतरता योजना।

2) यह सुनिश्चित करना कि कंपनी के व्यवसाय से जुड़े जोखिमों की निगरानी और मूल्यांकन के लिए उपयुक्त कार्यप्रणाली, प्रक्रियाएं और प्रणालियां मौजूद हैं;

3) जोखिम प्रबंधन प्रणाली की पर्याप्तता का मूल्यांकन करने सहित जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन की निगरानी करना;

4) जोखिम प्रबंधन नीति की समय–समय पर समीक्षा करने के लिए, दो वर्ष में कम से कम एक बार, बदलते उद्योग की गतिशीलता और विकसित जटिलता पर विचार करना;

5) निदेशक मंडल को अपनी चर्चाओं, सिफारिशों और की जाने वाली कार्रवाइयों की प्रकृति और सामग्री के बारे में सूचित करना;

6) मुख्य जोखिम अधिकारी (यदि कोई हो) की नियुक्ति, हटाने और पारिश्रमिक की शर्तें जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा समीक्षा के अधीन होंगी।

7) जोखिम प्रबंधन योजना, साइबर सुरक्षा की निगरानी और समीक्षा, जोखिम प्रबंधन समिति की भूमिका सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के अनुसार होगी; कंपनी अधिनियम, 2013 और समय–समय पर संशोधित जोखिम प्रबंधन नीति को मंजूरी देना।

**ii. संरचना**

31 मार्च, 2023 तक कंपनी की जोखिम प्रबंधन समिति में अध्यक्ष के रूप में श्री शेर सिंह तथा श्री आर.के. जैन, श्री दीपक गुप्ता और श्रीमती कंगबाम इनोचा देवी सदस्य के रूप में शामिल थे।

**iii. बैठक और अन्य विवरण**

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, जोखिम प्रबंधन समिति की 2 (दो) बैठकें 22 अगस्त 2022 को और 10 फरवरी 2023 को आयोजित की गईं। बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति इस प्रकार थी:

| क्र. सं. | सदस्य | बैठकों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यकाल के दौरान आयोजित | उपस्थिति |
| 1 | श्री शेर सिंह (अध्यक्ष) | 2 | 2 |
| 2 | श्री एम.वी. अय्यर (31.08.2022 तक) | 1 | 0 |
| 3 | श्री आर.के. जैन | 2 | 2 |
| 4 | श्री दीपक गुप्ता | 1 | 1 |
| 5 | श्रीमती कंगबाम इनोचा देवी | 2 | 2 |

एक ठोस जोखिम प्रबंधन ढांचा कंपनी की व्यावसायिक कार्यनीति और संचालन का समर्थन करता है। व्यापार विस्तार और हितों से उत्पन्न होने वाले नए और उभरते जोखिमों के लिए जोखिम प्रबंधन ढांचे को लगातार अद्यतन किया जाता है।

जोखिमों का मूल्यांकन किया जाता है, उनकी मात्रा निर्धारित की जाती है और उन्हें प्राथमिकता दी जाती है तथा विभिन्न चरणों में उपशमन योजनाओं की समीक्षा और निगरानी की जाती है। जोखिम प्रबंधन नीति और प्रक्रियाओं की समय–समय पर समीक्षा की जाती है और जोखिम प्रबंधन समिति, लेखापरीक्षा समिति और बोर्ड द्वारा इनकी निगरानी की जाती है। जोखिम प्रबंधन ढांचे को निदेशकों की रिपोर्ट के प्रबंधन और चर्चा विश्लेषण खंड में विस्तार से दिया गया है।

## 4. सामान्य निकाय बैठकें

### i. स्थान और समय – पिछली तीन एजीएम

पिछली तीन एजीएम के दौरान पारित विशेष संकल्पों का स्थान, समय और विवरण इस प्रकार है:

| वित्तीय वर्ष | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|
| **एजीएम** | **36वीं** | **37वीं** | **38वीं** |
| **दिनांक और समय** | 22.09.2020 को प्रातः 11:30 बजे | 09.09.2021 को प्रातः 11:30 बजे | 26.08.2022 को प्रातः 11:30 बजे |
| **स्थान** | कंपनी के पंजीकृत कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) | कंपनी के पंजीकृत कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) | कंपनी के पंजीकृत कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) |
| **पारित विशेष संकल्प** | . | . | कंपनी बहिर्नियमावली के वस्तु खंड में संशोधन |
| **विवरण** | . | . | गेल एक ऐसी संस्कृति को स्थापित करने और बनाए रखने के लिए नए व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रवेश करने की संभावना तलाश रहा था जो कंपनी को उसके दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों और सतत विकास हासिल करने में सक्षम बनाएगी। इसलिए, कंपनी की बहिर्नियमावली में संशोधन के लिए कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी मांगी गई थी। |

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान सदस्यों की कोई असाधारण आम बैठक आयोजित नहीं की गई थी।

**ii. डाक मतपत्र**

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ('नियम') के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के प्रावधानों, सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021 और परिपत्र सं. 03/2022 दिनांक 05 मई, 2022 और अन्य प्रासंगिक परिपत्रों के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचिबद्धताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अन्य प्रासंगिक परिपत्र और अधिसूचनाएं तथा अन्य लागू कानूनों और विनियमों (वर्तमान में लागू किसी भी सांविधिक संशोधन या पुनः अधिनियमन सहित) के अनुसरण में, दो डाक मतपत्र केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (रिमोट ई–वोटिंग) से आयोजित किए गए थे ताकि 24 मार्च, 2022 और 06 अक्तूबर, 2022 के पोस्टल बैलेट नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों के लिए सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त किया जा सके।

पोस्टल बैलेट नोटिस केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में भेजा गया था जिनके नाम नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ('सीडीएसएल') से प्राप्त सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी मालिकों की सूची में शामिल थे और जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ अपने ई–मेल पते पंजीकृत किए थे। विशेष प्रस्तावों के माध्यम से पारित पोस्टल बैलेट नोटिस में शामिल व्यावसायिक मदों का विवरण निम्नानुसार है:

**क. दिनांक 24 मार्च, 2022 का डाक मतपत्र नोटिस**

| | |
|---|---|
| अंतिम तारीख | शुक्रवार, 25 मार्च, 2022 |
| डाक मतपत्र की अवधि | शुक्रवार, 1 अप्रैल, 2022 (प्रातः 9:00 बजे) (भारतीय समयानुसार) से शनिवार, 30 अप्रैल, 2022 (सायं 5:00 बजे) (भारतीय समयानुसार) तक। |
| मोड | रिमोट ई–वोटिंग |
| डाक मतपत्र प्रक्रिया पूरी करने वाले व्यक्ति का विवरण | श्री सचिन अग्रवाल, पार्टनर, अग्रवाल एस एंड एसोसिएट्स को मतदान की डाक मतपत्र प्रक्रिया की केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड (रिमोट ई–वोटिंग) के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। |

| पिछले वर्ष डाक मतपत्र के माध्यम से पारित विशेष प्रस्तावों का विवरण | मतदान पैटर्न का विवरण | |
|---|---|---|
| | मतदान % (पक्ष में) | मतदान % (विरोध में) |
| (1) प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे (डीआईएन 09406892) की कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति | 98.59 | 1.41 |
| (2) कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री शेर सिंह (डीआईएन 09404758) की नियुक्ति | 98.17 | 1.83 |
| (3) कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में डॉ. नंदगोपाल नारायणस्वामी (डीआईएन 06535490) की नियुक्ति | 97.91 | 2.09 |
| (4) श्री अखिलेश जैन (डीआईएन 07731983) की कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति | 97.74 | 2.26 |
| (5) कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री संजय कश्यप (डीआईएन 09402360) की नियुक्ति | 98.17 | 1.83 |
| (6) श्रीमती कंगबाम इनौचा देवी (डीआईएन 07812922) की कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति | 98.18 | 1.82 |

**ख. दिनांक 6 अक्तूबर, 2022 का डाक मतपत्र नोटिस**

| | |
|---|---|
| अंतिम तारीख | शुक्रवार, 7 अक्तूबर, 2022 |
| डाक मतपत्र की अवधि | शुक्रवार, 14 अक्तूबर, 2022 (प्रातः 9:00 बजे) (भारतीय समयानुसार) से शनिवार, 12 नवंबर, 2022 (सायं 5:00 बजे) (भारतीय समयानुसार) तक। |
| मोड | रिमोट ई–वोटिंग |
| डाक मतपत्र प्रक्रिया पूरी करने वाले व्यक्ति का विवरण | श्री सचिन अग्रवाल, पार्टनर, अग्रवाल एस एंड एसोसिएट्स को मतदान की डाक मतपत्र प्रक्रिया की केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड (रिमोट ई–वोटिंग) के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। |

डाक मतपत्र प्रक्रिया में कोई विशेष संकल्प पारित नहीं किया गया था।

## 5. संचार के साधन

वित्तीय निष्पादन पर प्रासंगिक और विश्वसनीय जानकारी का समय पर प्रकटीकरण सुशासन के मूल में है। इस दिशा में उठाए गए प्रमुख कदम इस प्रकार हैं:

- **तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणाम:** कंपनी के तिमाही गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम और लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणाम निर्धारित अवधि के भीतर घोषित किए जाते हैं। परिणाम प्रमुख समाचार पत्रों जैसे इकोनॉमिक टाइम्स, बिजनेस स्टैंडर्ड आदि में प्रकाशित किए जाते हैं। इसके अलावा, इन्हें कंपनी की वेबसाइट https:// www.gailonline.com/IZFinancialResult.html पर भी डाला जाता है।
- **एनईएपीएस (एनएसई इलेक्ट्रॉनिक एप्लिकेशन प्रोसेसिंग सिस्टम) और बीएसई कॉर्पोरेट अनुपालन और सूचीबद्धता केंद्र:** एनएसई और बीएसई ने कॉरपोरेट्स के लिए वेब–आधारित एप्लिकेशन विकसित किए हैं। वित्तीय परिणाम, शेयरधारिता पैटर्न, निगमित शासन रिपोर्ट आदि जैसे आवधिक अनुपालन इलेक्ट्रॉनिक रूप से एनईएपीएस और बीएसई सूची केंद्र पर दर्ज किए जाते हैं।
- **समाचार विज्ञप्ति, प्रस्तुतियाँ आदि:** कंपनी संस्थागत निवेशकों और विश्लेषकों आदि के साथ संवाद करने के लिए सालाना निवेशकों की बैठक आयोजित करती है। आधिकारिक समाचार/प्रेस विज्ञप्तियां और प्रस्तुतियाँ, निवेशकों/विश्लेषकों को की गई कांफ्रेंस कॉल की प्रतिलिपि समय–समय पर कंपनी की वेबसाइट पर डाली जाती है तथा स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित की जाती है।
- **वेबसाइट:** कंपनी की वेबसाइट www.gailonline.com में 'निवेशक क्षेत्र' नामक एक समर्पित खंड है जिसमें शेयरधारकों के लिए अद्यतन प्रासंगिक जानकारी है।
- **वार्षिक रिपोर्ट:** वार्षिक रिपोर्ट जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ बोर्ड की रिपोर्ट, प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण, निगमित शासन रिपोर्ट, पृथक लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल हैं, को सदस्यों और अन्य पात्र लोगों को परिचालित किया जाता है। वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां संसद में रखी जाती हैं। इसे कंपनी की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाता है जिसे निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है– https://gailonline.com/IZAnnualReports.html
- बैठक के दौरान दिए गए **अध्यक्ष के भाषण/विज्ञप्ति** को शेयरधारकों की सूचना के लिए कंपनी की वेबसाइट पर भी डाला जाता है।
- **स्कोर्स (सेबी शिकायत निवारण प्रणाली):** सेबी निवेशकों की शिकायतों को एक केंद्रीकृत वेब–आधारित शिकायत निवारण प्रणाली अर्थात् स्कोर्स में प्रोसेस करता है। इस प्रणाली के माध्यम से, शेयरधारक कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है, कंपनी/आरटीए शिकायत पर की गई कार्रवाई को अपलोड करता है जिसे शेयरधारक द्वारा देखा जा सकता है। कंपनी और शेयरधारक सेबी के माध्यम से ऑनलाइन स्पष्टीकरण मांग सकते हैं।
- **निवेशकों को पत्र:** शेयरधारकों को हर वर्ष अवैतनिक/दावा न किए गए लाभांश/शेयरों का दावा करने के लिए नियमित अनुस्मारक भेजे जा रहे हैं।

- **हरित पहल:** ईमेल के माध्यम से शेयरधारकों को महत्वपूर्ण संचार भेजना: कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई हरित पहल के संदर्भ में, सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से दस्तावेजों की सर्विस की अनुमति देने के लिए, कंपनी पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न संचार/दस्तावेज जैसे वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम का नोटस, एनएसीएच सूचना आदि ई–मेल के माध्यम से उन शेयरधारकों को भेज रही है जिन्होंने डीपी/आरएंडटीए के साथ अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत की है।

- **निर्दिष्ट ईमेल–आईडी:** कंपनी के पास निवेशक सेवा के लिए एक निर्दिष्ट ईमेल–आईडी है: shareholders@gail.co.in.

- एमसीए/सेबी परिपत्रों के अनुपालन में, सभी पात्र शेयरधारकों को केवल ईमेल के माध्यम से वार्षिक रिपोर्ट भेजी गई थी।

  पात्र शेयरधारकों को ईमेल भेजने से पहले सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से शेयरधारकों के पंजीकृत ईमेल–आईडी को अद्यतन/सत्यापित करने के भी प्रयास किए गए हैं।

- आयकर अधिनियम, 1961 के नए अधिनियमित प्रावधानों का पालन करना और सभी पात्र शेयरधारकों को लाभांश पर टीडीएस की कटौती से छूट के संबंध में उन्हें आवश्यक दस्तावेज (फॉर्म 15छ, फॉर्म 15ज, फॉर्म 10च, घोषणा–एनआरआई, एफपीआई, एफआईआई) जमा करने का अवसर देने के लिए पत्र भेजा गया था।

## 6. सामान्य शेयरधारक सूचना

### » आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम): दिनांक, समय और स्थान

कंपनी की 39वीं वार्षिक आम बैठक बुधवार, 23 अगस्त, 2023 को प्रातः 11.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस/अन्य ऑडियो वीडियो साधनों के माध्यम से होनी निश्चित हुई है।

### » लाभांश विवरण:

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, निदेशक मंडल/हितधारकों ने लाभांश के भुगतान को मंजूरी दी, जिसके लिए रिकॉर्ड तिथि/बुक क्लोजर तिथि और लाभांश भुगतान की तारीखें निम्नलिखित विवरण के अनुसार हैं:

| क्र.सं. | घोषित लाभांश | लाभांश के अनुमोदन की तिथि | लाभांश | रिकॉर्ड तिथि/ बुक क्लोजर | लाभांश भुगतान तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंतिम लाभांश 2021–22 | 26.08.2022 | 10% (₹ 1.00/- प्रति शेयर) | 02.08.2022 | 09.09.2022 |
| 2. | अंतरिम लाभांश 2022–23 | 13.03.2023 | 40% (₹ 4.00/- प्रति शेयर) | 21.03.2023 | 27.03.2023 |

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के अनुसार, कंपनी सदस्यों को भुगतान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित भुगतान के इलेक्ट्रॉनिक मोड का उपयोग कर रही है। जहां लाभांश भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जाता है, ऐसे प्रेषण के संबंध में सदस्यों को अलग से सूचना भेजी जा रही है। जहां लाभांश का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से नहीं किया जा सकता है, उसका भुगतान वारंट/डीडी द्वारा किया जाता है, जिस पर बैंक खाता विवरण मुद्रित होता है। बैंक खाता विवरण उपलब्ध न होने की स्थिति में वारंट पर सदस्यों का पता मुद्रित किया जाएगा।

### » निवेशक शिक्षा और सुरक्षा कोष (आईईपीएफ)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के अनुसार, भुगतान के लिए देय होने की तारीख से सात साल की अवधि के लिए बकाया और बकाया लाभांश राशि को केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में स्थापित आईईपीएफ में स्थानांतरित करने की आवश्यकता है।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2014–15 और वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए दावा न किए गए/भुगतान न किए गए अंतिम लाभांश की ₹ 37.77 लाख की राशि आईईपीएफ में अंतरित की है। 31 मार्च, 2023 तक ₹ 4.57 करोड़ आईईपीएफ में अंतरित किए जा चुके हैं। निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकारी (लेखा, लेखापरीक्षा, स्थानांतरण और रिफंड) नियम, 2016 की धारा 124(6) और नियम 6(5) की आवश्यकता के अनुसार, सभी शेयर जिनके संबंध में लाभांश का भुगतान या दावा लगातार सात साल या उससे अधिक तक नहीं किया गया है, को आईईपीएफ प्राधिकारी के खाते में अंतरित किया जाएगा। इस संबंध में वर्ष 2022–23 के दौरान आईईपीएफ प्राधिकारी के खाते में 16,574 शेयर अंतरित किए गए हैं। 31.03.2023 तक 2,63,662 शेयर आईईपीएफ प्राधिकारी के खाते में अंतरित किए जा चुके हैं।

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान आईईपीएफ प्राधिकारी खाते में भुगतान/दावा न किए गए लाभांश और शेयरों के अंतरण की बाद की देय तिथियां निम्नानुसार हैं:

| वित्तीय वर्ष | लाभांश का प्रकार | लाभांश (%) | भुगतान न किए गए लाभांश का दावा करने की अंतिम तिथि | आईईपीएफ में अंतरण की देय तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | अंतिम | 30 | 22.10.2023 | 22.11.2023 |
| 2016-17 | अंतरिम | 85 | 24.02.2024 | 24.03.2024 |

आईईपीएफ को भुगतान/दावा न की गई राशि के अंतरण के बाद, कंपनी/आरएंडटीए के खिलाफ कोई दावा नहीं होगा। जिन सदस्यों ने अभी तक अपने लाभांश वारंट को नहीं भुनाया है, वे ऐसे वारंट के एवज में डिमांड ड्राफ्ट जारी करने के लिए आरएंडटीए/कंपनी से संपर्क कर सकते हैं। तथापि, जिन शेयरधारकों का भुगतान/दावा न किया गया लाभांश आईईपीएफ को अंतरित किया गया है, वे कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और भारत सरकार द्वारा इस संबंध में बनाए गए नियमों के अनुसार ऐसे दावों के संबंध में रिफंड के पात्र होंगे। अधिक विवरण https:// www.gailonline.com/IZInvestorsZone.html और https://www. gailonline.com/IZGeneralInformation.html पर उपलब्ध हैं।

कंपनी ने आईईपीएफ (कंपनियों के पास पड़ी भुगतान और दावा न की गई राशि के बारे में जानकारी अपलोड करना) नियम, 2012 के अनुसार कंपनी की वेबसाइट पर दावा न किए गए लाभांश के संबंध में जानकारी अपलोड की है।

### » अन्य विवरण

सदस्य पता/बैंक विवरण/लाभांश अधिदेश/ईमेल आईडी में परिवर्तन, यदि कोई हो, के लिए संपर्क कर सकते हैं –

i) यदि शेयर **भौतिक मोड** में हैं, तो आरएंडटीए/कंपनी को।

ii) यदि शेयर **इलेक्ट्रॉनिक मोड** में रखे जाते हैं, तो उनके डिपॉजिटरी भागीदार (डीपी) को।

बैंक खाता विवरण और उनके बैंकरों के एमआईसीआर कोड, जैसा कि उनके डीपी के रिकॉर्ड में उल्लेख किया गया है, लाभांश वारंट पर ओवरप्रिंटिंग या राष्ट्रीय स्वचालित क्लियरिंग हाउस के माध्यम

से लाभांश के प्रेषण, जहां भी लागू हो, के लिए उपयोग किया जाता है। लाभांश संबंधी गतिविधियों पर एक विस्तृत संदर्भ नोट 'निवेशक संबंध' के तहत कंपनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

» **स्टॉक एक्सचेंजों पर प्रतिभूतियों की सूची बनाना**

| स्टॉक एक्सचेंज और पता | सुरक्षा कोड |
|---|---|
| **इक्विटी शेयर** | |
| बीएसई लिमिटेड | 532155 |
| नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड | गेल–ईक्यू |
| **जीडीआर** | |
| लंदन स्टॉक एक्सचेंज | गेल डेली |
| **गैर–परिवर्तनीय डेबेंचर** | |
| बीएसई लिमिटेड | 974439 |
| नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड | गेल |

- इक्विटी शेयरों का आईएसआईएन – आईएनई129ए01019
- डेबिट प्राइवेट प्लेसमेंट का आईएसआईएन – आईएनई129ए08014

बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड, 4सी और डी सिद्धिविनायक चैम्बर्स, गांधी नगर, एमआईजी क्रिकेट क्लब के सामने, बांद्रा पूर्व, मुंबई–400051, उपर्युक्त डिबेंचर श्रृंखला के लिए डिबेंचर ट्रस्टी है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 से संबंधित कंपनी के सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और बांडों के लिए वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान संबंधित स्टॉक एक्सचेंजों को मांग पर किया गया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 के लिए नेशनल स्क्यूरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) को वार्षिक अभिरक्षा शुल्क का भुगतान भी कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, कंपनी की प्रतिभूतियों को व्यापार से निलंबित नहीं किया गया था।

**बाजार मूल्य डेटा (वित्त वर्ष 2022–23)**

**वित्त वर्ष 2022–23 के लिए बाजार मूल्य डेटा**

| माह | गेल बीएसई | | | गेल एनएसई | | | बाजार पूंजीकरण (₹ करोड़ में) | | बाजार सूचकांक (उच्च) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | उच्च (₹ में) | निम्न (₹ में) | मात्रा (माह के अंतिम दिन को ट्रेड किए गए शेयरों की सं.) | उच्च (₹ में) | निम्न (₹ में) | मात्रा (माह के अंतिम दिन को ट्रेड किए गए शेयरों की सं.) | बीएसई (माह के अंतिम मूल्य पर आधारित) | एनएसई (माह के अंतिम मूल्य पर आधारित) | सेंसेक्स | निफ्टी |
| अप्रैल '22 | 173.45 | 154.50 | 539998 | 173.50 | 154.50 | 12674567 | 70646.53 | 70668.73 | 60845.10 | 18114.65 |
| मई '22 | 163.45 | 141.55 | 624382 | 163.50 | 141.50 | 29501879 | 65362.47 | 65362.47 | 57184.21 | 17132.85 |
| जून '22 | 155.15 | 129.05 | 330991 | 155.20 | 129.00 | 9851023 | 59219.73 | 59263.56 | 56432.65 | 16793.85 |
| जुलाई '22 | 148.00 | 129.60 | 370555 | 147.90 | 129.55 | 4676585 | 64194.89 | 64260.64 | 57619.27 | 17172.80 |
| अगस्त '22 | 148.75 | 128.50 | 971228 | 148.80 | 128.10 | 11123165 | 59636.15 | 59658.07 | 60411.20 | 17992.20 |
| **बोनस पश्चात – शेयर मूल्य** | | | | | | | | | | |
| सितम्बर '22 | 93.20 | 83.00 | 864599 | 93.40 | 83.00 | 11829278 | 57203.37 | 57236.24 | 60676.12 | 18096.15 |
| अक्तूबर '22 | 91.50 | 84.15 | 1442396 | 91.50 | 84.15 | 12658201 | 60030.66 | 60030.66 | 60786.70 | 18022.80 |
| नवम्बर '22 | 95.00 | 87.90 | 766436 | 94.95 | 87.90 | 18501717 | 62299.07 | 62299.07 | 63303.01 | 18816.05 |
| दिसम्बर '22 | 100.20 | 90.20 | 549905 | 100.20 | 90.20 | 7280552 | 63186.71 | 63153.83 | 63583.07 | 18887.60 |
| जनवरी '23 | 102.80 | 91.80 | 1914510 | 102.85 | 91.85 | 24892166 | 62627.82 | 62562.07 | 61343.96 | 18251.95 |
| फरवरी '23 | 106.20 | 91.00 | 865727 | 106.20 | 91.05 | 17617907 | 67559.15 | 67493.40 | 61682.25 | 18134.75 |
| मार्च '23 | 112.80 | 102.00 | 540643 | 112.80 | 101.90 | 15641500 | 69202.92 | 69137.17 | 60498.48 | 17799.95 |

**सेंसेक्स बनाम गेल**




**निफ्टी बनाम गेल**




*सितंबर, 2022 में बोनस शेयर जारी करने (1:2) को ध्यान में रखते हुए गेल शेयर मूल्य को दोनों ग्राफ में समायोजित किया गया है।*

## » शेयर अंतरण प्रणाली

**डीमैट अंतरण:** कंपनी के शेयरों का अनिवार्य रूप से डीमैट रूप में कारोबार किया जा रहा है और ये भारत में दोनों डिपॉजिटरी अर्थात् एनएसडीएल और सीडीएसएल के तहत व्यापार के लिए उपलब्ध हैं। एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड कंपनी का डिपॉजिटरी इंटरफेस और शेयर ट्रांसफर एजेंट है।

**भौतिक अंतरण:** सेबी ने अपने दिनांक 25.01.2022 के परिपत्र के माध्यम से यह अनिवार्य कर दिया है कि सभी सूचीबद्ध संस्थाएँ प्रतिभूतियों को केवल डीमटेरियलाइज्ड रूप में जारी करेंगी। तदनुसार, कंपनी सेबी अधिसूचना के अनुसार डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करने, ट्रांसमिशन, ट्रांसपोजिशन आदि के अनुरोधों पर विचार कर रही है और उन्हें संबोधित कर रही है। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.gailonline.com पर निवेशक संबंध खंड देखें।

## » शेयरधारिता का वितरण

31 मार्च, 2023 को कंपनी की शेयरधारिता का वितरण नीचे दिया गया है:

| धारित शेयरों की संख्या | शेयरों की संख्या | कुल की तुलना में % | शेयर धारकों की संख्या | कुल की तुलना में % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 83,744 | 0.00 | 83,744 | 8.84 |
| 2-10 | 9,27,629 | 0.01 | 1,64,623 | 17.37 |
| 11-50 | 57,60,978 | 0.09 | 2,13,087 | 22.48 |
| 51-100 | 91,04,224 | 0.14 | 1,16,733 | 12.32 |
| 101-200 | 1,86,20,969 | 0.28 | 1,26,007 | 13.30 |
| 201-750 | 6,24,90,355 | 0.95 | 1,56,273 | 16.49 |
| 751-5000 | 12,83,78,139 | 1.95 | 78,386 | 8.27 |
| 5001-10000 | 3,52,13,902 | 0.54 | 4,935 | 0.52 |
| 10001-15000 | 1,61,63,738 | 0.25 | 1,300 | 0.14 |
| 15001 और उससे अधिक | 629,83,55,965 | 95.79 | 2,612 | 0.27 |
| **कुल** | **657,50,99,643** | **100.00** | **9,47,700** | **100.00** |

* भारत के राष्ट्रपति के पास धारित 338,75,80,047 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

## » 31 मार्च, 2023 तक शीर्ष 10 शेयरधारक

| क्र.सं. | शेयरधारक(कों) का नाम | शेयर | % |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत के राष्ट्रपति | 3,38,75,80,047 | 51.52 |
| 2 | भारतीय जीवन बीमा निगम | 39,97,24,515 | 6.08 |
| 3 | ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 32,67,16,386 | 4.97 |
| 4 | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 16,33,58,190 | 2.48 |
| 5 | भारतीय जीवन बीमा निगम – पी एंड जीएस फंड | 11,35,75,966 | 1.73 |
| 6 | एचडीएफसी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड ए/सी एचडीएफसी बैलेंस्ड एडवांटेज फंड | 5,93,93,088 | 0.90 |
| 7 | एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड | 5,32,93,368 | 0.81 |
| 8 | डॉयचे बैंक ट्रस्ट कंपनी अमेरिका | 4,87,93,407 | 0.74 |
| 9 | स्टिचिंग डिपॉजिटरी एपीजी इमर्जिंग मार्केट्स इक्विटी पी | 4,49,25,112 | 0.68 |
| 10 | एचडीएफसी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड–एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड | 4,00,00,000 | 0.61 |
| | **कुल** | **4,63,73,60,079** | **70.52** |

*भारत के राष्ट्रपति की कुल शेयरधारिता में से, ऑफर फॉर सेल–2004 से संबंधित 3,188 शेयर और उस पर बोनस शेयर जो शेयरधारकों के सही विवरण की अनुपलब्धता के कारण क्रेडिट के लिए लंबित हैं।

### » 31 मार्च, 2023 को शेयरधारिता का पैटर्न




### » बकाया जीडीआर/एडीआर/वारंट या परिवर्तनीय उपकरण

31 मार्च, 2023 तक, 4,87,93,407 (0.75%) इक्विटी शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 81,32,235 जीडीआर बकाया थे। एक जीडीआर छह अंतर्निहित इक्विटी शेयरों का प्रतिनिधित्व करता है। जीडीआर को इक्विटी शेयरों में बदलने से कुल इक्विटी पूंजी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

लंदन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध जीडीआर के समापन मूल्य को दर्शाने वाले जीडीआर का प्रदर्शन निम्नानुसार दिया गया है:




### » शेयरों और नकदी का डीमटेरियलाइजेशन:

31 मार्च, 2023 तक, कंपनी के पास 9,47,700 शेयरधारक थे, जिनमें से 9,47,105 शेयरधारक डीमैट मोड में इक्विटी शेयर रखे हुए थे और 595 शेयरधारक भौतिक मोड में इक्विटी शेयर रखे हुए थे। कंपनी के इक्विटी शेयरों का आईएसआईएन INE129A01019 है और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा कंपनी को आबंटित कारपोरेट पहचान सं. L40200DL1984GOI018976 है।

### » शेयर पूंजी लेखापरीक्षा रिपोर्ट का समाधान

प्रेक्टिसिंग कंपनी सचिव ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) और कुल जारी/प्रदत्त पूंजी के साथ भौतिक मोड में कुल शेयर पूंजी के साथ समाधान करने के लिए तिमाही आधार पर शेयर पूंजी लेखापरीक्षा की है। लेखापरीक्षा ने पुष्टि की है कि कुल जारी/प्रदत्त पूंजी, भौतिक रूपों में शेयरों की कुल संख्या और एनएसडीएल और सीडीएसएल के पास रखे गए डीमैटरियलाइज्ड शेयरों की कुल संख्या के अनुरूप है।

### » वस्तु मूल्य जोखिम या विदेशी मुद्रा जोखिम और बचाव गतिविधियां

ग्राहकों के लिए खरीदे गए प्राकृतिक गैस के आयात और गैस की आंतरिक खपत पर मूल्य जोखिम का प्रबंधन करने और एलपीजी/एलएचसी उत्पादों की बिक्री और ईएंडपी ब्लॉकों से उत्पादित कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की बिक्री के लिए कंपनी में एक अनुमोदित वस्तु मूल्य जोखिम प्रबंधन नीति है। कंपनी ने आयातित एलएनजी की खरीद और बिक्री से जुड़े विभिन्न सूचकांकों की अस्थिरता से उत्पन्न होने वाले मूल्य जोखिम को कम करने के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान विभिन्न बचाव लेनदेन किए हैं।

इसके अलावा, कंपनी ने विदेशी मुद्रा जोखिम के संबंध में ब्याज और मुद्रा जोखिम के प्रबंधन के लिए विदेशी मुद्रा और ब्याज दर जोखिम प्रबंधन नीति को मंजूरी दी है। कंपनी ने अब तक लिए गए विभिन्न विदेशी मुद्रा ऋणों से संबंधित ब्याज और मुद्रा जोखिम का प्रबंधन किया है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान गेल में उनकी कमोडिटी हेजिंग स्थिति सहित जोखिम प्रबंधन गतिविधियों के संबंध में प्रकटीकरण निम्नलिखित अनुलग्नक के तहत दिया गया है।


गेल गांव, पाता में गेल परिवार के बच्चों का प्रदर्शन

**अनुलग्नक**

1. हेजिंग सहित वस्तुओं के संबंध में सूचीबद्ध इकाई की जोखिम प्रबंधन नीति (ऐसी नीति में वस्तुओं के लिए इकाई के कुल जोखिम, इकाई द्वारा सामना की जाने वाली वस्तु जोखिम, हेज्ड जोखिम आदि को नीचे निर्दिष्ट अनुसार ध्यान में रखा जाएगा)
2. पूरे वर्ष के दौरान इकाई द्वारा सामना किए गए वस्तु और वस्तु जोखिमों के लिए सूचीबद्ध इकाई जोखिमः

क) सूचीबद्ध इकाई का कुल जोखिमः ₹ 38,475.22 करोड

ख) विभिन्न वस्तुओं के लिए सूचीबद्ध इकाई का जोखिमः

| वस्तु का नाम | विशेष वस्तु के लिए जोखिम भारतीय रुपए में | विशेष वस्तु के लिए मात्रा के अनुसार जोखिम | वस्तु डेरिवेटिव्स के माध्यम से बचाव किए गए ऐसे जोखिम का % | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | घरेलू बाजार | | अंतरराष्ट्रीय बाजार | | कुल |
| | | | ओटीसी | एक्सचेंज | ओटीसी | एक्सचेंज | |
| प्राकृतिक गैस | ₹ 32,396.69 करोड़ | 372.19 टीबीटीयू | शून्य | शून्य | 13.58% | शून्य | 13.58% |
| एलपीजी और एलएचसी | ₹ 4,945 करोड़ | 929 टीएमटी | शून्य | शून्य | 3.50% | शून्य | 3.50% |
| ईएंडपी – कच्चा तेल | ₹ 24.78 करोड़ | 43,775 बैरल | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| ईएंडपी – प्राकृतिक गैस | ₹ 1,108.75 करोड़ | 16.60 टीबीटीयू | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**टिप्पणी**

1) जोखिम में बैक टू बैक आधार पर बेची गई मात्रा शामिल नहीं है।

2) जोखिम वित्तीय वर्ष 2022–23 से संबंधित है।

ग. वर्ष के दौरान सूचीबद्ध इकाई द्वारा सामना किए गए वस्तु जोखिम और उनका प्रबंधन कैसे किया गया हैः कंपनी में ग्राहकों के लिए खरीदे गए प्राकृतिक गैस के आयात या गैस की आंतरिक खपत और एलपीजी/एलएचसी उत्पादों की बिक्री और ईएंडपी ब्लॉकों से उत्पादित कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की बिक्री पर मूल्य जोखिम का प्रबंधन करने के लिए एक अनुमोदित वस्तु मूल्य जोखिम प्रबंधन नीति है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान विभिन्न सूचकांकों की अस्थिरता से उत्पन्न होने वाले मूल्य जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न बचाव लेनदेन किए हैं।

» **प्रमुख संयंत्र स्थल**

कंपनी के प्रमुख संयंत्र स्थान निम्नलिखित हैंः

**पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, पाता**
डाकघर पाता – 206241
जिला औरैया (उ.प्र.)

**एलपीजी रिकवरी प्लांट, विजयपुर**
गेल कॉम्प्लेक्स, विजयपुर–473112
जिला गुना (म.प्र.)

**एलपीजी रिकवरी संयंत्र, वाघोड़िया**
जीआईडीसी औद्योगिक एस्टेट
वाघोडिया – 391760
जिला बड़ौदा (गुजरात)

**एलपीजी रिकवरी प्रोजेक्ट, गांधार**
ग्राम रोजनतंकरिया ताल
अमोद, जिला भरूच – 392140
(गुजरात)

**पत्र–व्यवहार हेतु पता**

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

16, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
**फोनः** 91–11–26172580/26182955
**फैक्स नं.:** 91–11–26185941
**वेबसाइटः** www.gailonline.com
**ई–मेलः** shareholders@gail.co.in

शेयरधारक कंपनी के आरएंडटीए से यहां संपर्क कर सकते हैं:

एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड

**यूनिटः गेल (इंडिया) लिमिटेड**

एफ–65, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया
फेज– I, नई दिल्ली–110020
**फोनः** 91–11–41406149/50/51/52
**फैक्सः** 91–11–41709881
**वेबसाइटः** www.mcsregistrars.com
**ई–मेलः** admin@mcsregistrars.com

## 7. प्रकटीकरण

### क. नीतियां

क. कंपनी ने सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 23 के संदर्भ में एक संबंधित पार्टी लेनदेन नीति तैयार की है। यह नीति कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILRelatedPartyTransactionPolicyMarch2022.pdf पर उपलब्ध है।

ख. भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015 के अनुसरण में, बोर्ड ने कंपनी में उनकी स्थिति के आधार पर उन्हें उपलब्ध अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के आधार पर नामित व्यक्तियों द्वारा कंपनी के शेयरों की खरीद और/या बिक्री को रोकने के उद्देश्य से "अंतरंग व्यापार की रोकथाम के लिए आचार संहिता" और "अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के उचित प्रकटीकरण के लिए आचरण और प्रक्रिया संहिता" निर्धारित की है। उपरोक्त सभी को सेबी (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) संशोधन विनियम, 2018 में संशोधन के अनुरूप संशोधित किया गया है। इस संहिता का उद्देश्य किसी भी मूल्य संवेदनशील जानकारी के दुरुपयोग को रोकने और कंपनी के शेयरों में सौदे करके किसी भी अंतरंग व्यापार गतिविधि को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर शेयरधारकों के हितों की रक्षा करना है। अंतरंग व्यापार का संशोधित कोड कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILInsider%20Trading%20Code%202018-10.04.2019. pdf पर उपलब्ध है और इसके लिए संशोधित आचार संहिता और प्रक्रिया अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी का उचित प्रकटीकरण कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAIL-Principles-of-FairDisclosures.pdf पर उपलब्ध है।

ग. कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज(जों) को घटनाओं या सूचनाओं के प्रकटीकरण की आवश्यकता का पता लगाने और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 30 के उप–विनियम (4) के खंड (पप) के तहत निर्दिष्ट घटनाओं और सूचनाओं की भौतिकता निर्धारित करने के लिए मानदंडों को परिभाषित करने के लिए भौतिकता और प्रकटीकरण के निर्धारण हेतु एक नीति तैयार की है। यह नीति कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILPolicyforDeterminationofMaterialityandDisclosure06102022.pdf पर उपलब्ध है।

घ. सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 43क की आवश्यकता के अनुसार, लाभांश वितरण नीति को कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAIL%20Dividend%20Distribution%20Policy.pdf पर डाला गया है।

## ख. पुष्टि और अनुपालन

क. 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष तक की अवधि के लिए, कंपनी ने कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के साथ पठित यथा संशोधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित लेखा मानकों के अनुसार अपने वित्तीय विवरण तैयार किए हैं। तदनुसार, कंपनी ने अपने वित्तीय विवरण तैयार किए हैं जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के साथ–साथ 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए तुलनात्मक अवधि के आंकड़ों के साथ, जैसा कि महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के सार में वर्णित है, के लिए लागू इंड–एएस का अनुपालन करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, कोई भी महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन नहीं हुआ है, जिसका बड़े पैमाने पर कंपनी के हितों के साथ संभावित टकराव हो सकता हो। वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय विवरण के नोट सं. 44 में "संबंधित पार्टी प्रकटीकरण" के विवरण का खुलासा किया गया है।

ख. कंपनी के निदेशक मंडल ने बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों कह आचार संहिता को अपनाया है। कोड की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/CodeofConductason09042019.pdf पर उपलब्ध है। बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

ग. कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज(जों), एमओपीएंडएनजी/डीपीई को निर्धारित समय के भीतर निर्दिष्ट प्रारूप में निगमित शासन पर रिपोर्ट दायर की है।

घ. कंपनी के सीईओ और सीएफओ ने अन्य बातों के साथ–साथ सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17(8) के तहत अपेक्षित वित्तीय विवरणों की शुद्धता, आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्तता और बोर्ड और लेखापरीक्षा समिति को प्रमाणित अन्य मामलों की पुष्टि की।

ङ. कंपनी ने, कंपनी पर लागू कानूनों के अनुपालन को कवर करते हुए ऑनलाइन कानूनी अनुपालन प्रबंधन प्रणाली लागू की है। एक अनुपालन रिपोर्ट तैयार की जाती है और उसे बोर्ड की समीक्षा के लिए द्विवार्षिक रूप से प्रस्तुत किया जाता है।

च. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान (अर्थात् वित्त वर्ष 2022–23), 01.01.2023 से गेल में बोर्ड स्तर और बोर्ड स्तर से नीचे के अधिकारियों और गैर–यूनियनाकृत पर्यवेक्षकों के वेतन संशोधन के निरंतर कार्यान्वयन के संबंध में राष्ट्रपति के निर्देश, पेटोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दिनांक 16.02.2023 के पत्र के माध्यम से प्राप्त हुए हैं; और यह गेल में 01.01.2023 से अगले 3 वर्षों के लिए लागू है।

छ. बही खातों में व्यय की कोई भी मद डेबिट नहीं की गई है, जो व्यवसाय के प्रयोजनों के लिए न हो या व्यय जो व्यक्तिगत प्रकृति के हों।

इसके अलावा, प्रशासनिक और कार्यालय खर्च तथा वित्तीय खर्च 2022–23 का कुल व्यय क्रमशः 1.67% और 0.22% है, जबकि 2021–22 में यह 2.67% और 0.22% था।

ज. बोर्ड की बैठक और आम बैठक में लागू सभी सचिवीय मानकों का विधिवत अनुपालन किया जाता है।

झ. वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, किसी भी स्वतंत्र निदेशक ने अपने कार्यकाल की समाप्ति से पहले अपने पद से त्याग–पत्र नहीं दिया।

ञ. किसी भी संशोधन के साथ संस्था द्वारा प्राप्त सभी क्रेडिट रेटिंग की सूची को निदेशकों की रिपोर्ट में देखा जा सकता है।

ट. वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान अधिमान आबंटन या योग्य संस्थान प्लेसमेंट के माध्यम से कोई धन नहीं जुटाया गया। हालाँकि कंपनी ने 15,750, 7.34% वरिष्ठ, असुरक्षित, सूचीबद्ध, रेटेड, कर योग्य, गैर–संचयी, प्रतिदेय, गैर–परिवर्तनीय डिबेंचर (श्रृंखला–I) जारी किए थे, जिनमें से प्रत्येक का कुल मूल्य ₹ 10,00,000/– (दस लाख रुपए) था। निजी प्लेसमेंट के आधार पर ₹ 1575,00,00,000 (एक हजार पांच सौ पचहत्तर करोड़ रुपए)। निधियों का पूरा उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया गया जिसके लिए इन्हें जुटाया गया था और निधियों के उपयोग में कोई विचलन या भिन्नता नहीं है।

ठ. मैसर्स अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स, प्रक्टिसिंग कंपनी सचिव ने प्रमाणित किया है कि कंपनी के बोर्ड के किसी भी निदेशक को बोर्ड/एमसीए या ऐसे किसी सांविधिक प्राधिकारी द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त या जारी रखने से वंचित या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

ड. वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, ऐसा कोई उदाहरण नहीं था, जहां बोर्ड ने बोर्ड की किसी भी समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया हो, जो अनिवार्य रूप से आवश्यक है।

ढ. सांविधिक लेखा परीक्षकों (मैसर्स एआर एंड कंपनी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली और मैसर्स गांधी मनोचा एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली) तथा नेटवर्क फर्म/नेटवर्क संस्था में सभी संस्थाओं जिसमें सांविधिक लेखापरीक्षक एक हिस्सा है, को सूचीबद्ध संस्था और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा समेकित आधार पर भुगतान की गई सभी सेवाओं का कुल शुल्क ₹ 1.78 करोड है।

ण. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण बोर्ड की रिपोर्ट 2022–23 में दिया गया है।

ग. लंबित मामलों/गैर–अनुपालन के उदाहरणों का खुलासा

गेल को तारीख की सूचना में देरी के संबंध में सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 29(2) का अनुपालन न करने के लिए दिनांक 14.06.2022 को ई–मेल के माध्यम से एनएसई और बीएसई से एक पत्र प्राप्त हुआ था। बोर्ड की बैठक में अंतिम लाभांश की सिफारिश पर विचार किया गया और प्रत्येक पर ₹ 11,800/– (जीएसटी सहित) का जुर्माना लगाया गया। एनएसई और बीएसई के दिनांक 14.06.2022 के नोटिस के उत्तर में, गेल ने एनएसई और बीएसई से उनके द्वारा लगाए गए जुर्माने की छूट के लिए अनुरोध किया था। हालाँकि, एनएसई ने जुर्माना माफ करने के गेल के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया और तदनुसार, एनएसई को जुर्माना जमा कर दिया गया था।

इसके अलावा, भारत सरकार द्वारा आवश्यक संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति न करने के कारण, कंपनी ने 30 सितंबर, 2021 और 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त महीने के लिए विनियम 17(2)/17 (2क) का अनुपालन, 31 मार्च, 2020 से 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए विनियम 17(1), विनियम 18(1) का अनुपालन 31 दिसंबर, 2020 से 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त

तिमाही के लिए, विनियम 19(1)/19(2) 30 सितंबर, 2020 से 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए, विनियम 20(2)/(2क) तिमाही के लिए 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त और 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए विनियम 21(2) बीएसई और एनएसई से क्रमशः ₹ 44,56,860/– और ₹ 58,72,860/– की राशि का जुर्माना माफ करने का अनुरोध किया था।

इस संबंध में सेबी द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार जुर्माना माफ करने के गेल के निरंतर अनुरोध के आधार पर, एनएसई द्वारा लगाए गए ₹ 58,72,860/– का कुल जुर्माना घटाकर ₹ 10,66,720/– कर दिया गया, जिसका कंपनी द्वारा विधिवत भुगतान किया गया था।

कंपनी वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनिवार्य आवश्यकताओं का पूरी तरह से अनुपालन कर रही थी।

इसके अलावा, सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 की अनुसूची V के भाग ग की अनिवार्य आवश्यकता के अलावा, अनुसूची II के भाग ड़ में निर्दिष्ट निम्नलिखित विवेकाधीन/गैर–अनिवार्य आवश्यकताओं को निम्नानुसार लागू किया गया है:

- कंपनी की अध्यक्षता अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा की जाती है जो कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है, जिसे कंपनी की बहिर्नियमावली के संदर्भ में भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- वित्तीय परिणाम व्यापक रूप से प्रकाशित किए जा रहे हैं और कंपनी की वेबसाइट पर भी डाले जा रहे हैं।
- कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अपने वित्तीय विवरणों पर सांविधिक लेखा परीक्षकों से कोई अर्हता प्राप्त नहीं की है।
- कंपनी में एक आंतरिक आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है जो कार्यात्मक रूप से लेखापरीक्षा समिति को रिपोर्ट करता है और प्रशासनिक रूप से निदेशक (वित्त) को रिपोर्ट करता है।
- लोक उद्यम विभाग ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए निगमित शासन पर दिशा–निर्देश, 2010 तैयार किए हैं। कंपनी इन दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रही है।

## 8. सहायक कंपनियां – निगरानी ढांचा

कंपनी अपने प्रतिनिधियों को सहायक कंपनियों के बोर्ड में नामित करती है। इसके अलावा, सहायक कंपनियों के निदेशक मंडल की बैठकों के कार्यवृत्त समय–समय पर कंपनी के बोर्ड के समक्ष रखे जाते हैं। सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 24 और निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार, सहायक कंपनियों के प्रदर्शन की, अन्य बातों के साथ–साथ, लेखापरीक्षा समिति और बोर्ड द्वारा निम्नानुसार समीक्षा की जाती है:

(i) गैर–सूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किए गए निवेश;

(ii) समेकित वित्तीय विवरण जिसमें सहायक कंपनियों आदि के वित्तीय विवरण शामिल हैं,

(iii) कंपनी की सहायक कंपनियों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण लेनदेन और व्यवस्थाओं का आवधिक विवरण

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 46 के अनुसार, कंपनी ने 'सामग्री सहायक कंपनी(कंपनियों) के लिए नीति' तैयार की है। यह कंपनी की वेबसाइट https://www.gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILMaterialSubsidiarypolicyFinal2021.pdf पर उपलब्ध है।

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों, 2010 के अनुसार कंपनी में कोई सामग्री असूचीबद्ध सहायक कंपनी नहीं है।

## 9. अनुपालन प्रमाणपत्र

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 की अनुसूची V(ड़) के तहत निर्धारित निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन की पुष्टि करने वाले कंपनी के लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।



गेल, विजयपुर में हरित परिदृश्य

अनुलग्नक – ग

## निगमित नियंत्रण पर लेखापरीक्षक का प्रमाण–पत्र

**गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों के लिए**

हमने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड ("कंपनी") द्वारा निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है, जैसा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम–2015") और लोक उद्यम विभाग (डीपीई दिशानिर्देश) द्वारा जारी किए गए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए निगमित शासन पर दिशानिर्देश, 2010 में निर्धारित है।

### प्रबंधन की जिम्मेदारी

निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी में सूचीबद्धता विनियम–2015 और डीपीई दिशानिर्देशों में निर्धारित निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है।

### लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

1. हमारी जिम्मेदारी निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं और उसके कार्यान्वयन की जांच करने तक सीमित है। यह न तो लेखापरीक्षा है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरणों पर राय की अभिव्यक्ति है।
2. कंपनी द्वारा निगमित शासन की आवश्यकताओं की शर्तों के अनुपालन पर उचित आश्वासन प्रदान करने के उद्देश्य से हमने कंपनी द्वारा बनाए गए बही खातों और अन्य प्रासंगिक रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच की है।
3. हमने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी विशेष उद्देश्यों (संशोधित 2016) के लिए रिपोर्ट या प्रमाण–पत्र पर मार्गदर्शन नोट के अनुसार कंपनी के प्रासंगिक रिकॉर्ड की जांच की है। मार्गदर्शन नोट के लिए यह आवश्यक है कि हम आईसीएआई द्वारा जारी आचार संहिता की नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें। हमने गुणवत्ता मानक (एसक्यूसी) 1, फर्मों के गुणवत्ता नियंत्रण, जो लेखापरीक्षा और ऐतिहासिक वित्तीय जानकारी और अन्य आश्वासन और संबंधित सेवा संबद्धता की समीक्षा करती हैं, की प्रासंगिक लागू आवश्यकताओं का अनुपालन किया है।

### राय

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने निम्नलिखित को छोड़कर, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और डीपीई दिशानिर्देशों में निर्धारित निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन किया हैः

क) जैसा कि निगमित शासन रिपोर्ट के पैरा सं. 3ग(ii) में कहा गया है, कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 5 जून, 2015 को जारी अधिसूचना द्वारा सरकारी कंपनियों को धारा 134(3)(च) के प्रावधानों के अनुपालन के लिए प्रदान की गई छूट को ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने सूचीबद्धता विनियम–2015 के विनियम 17(10) का अनुपालन नहीं किया है, जिसके लिए संपूर्ण निदेशक मंडल द्वारा स्वतंत्र निदेशकों और सूचीबद्धता विनियम, 2015 के विनियम 25(4) द्वारा निष्पादन मूल्यांकन अपेक्षित है, जिसके गैर–स्वतंत्र निदेशकों, अध्यक्ष और समग्र रूप से निदेशक मंडल के निष्पादन के संबंध में समीक्षा की आवश्यकता है। तथापि, सूचीबद्धता समझौते के तहत समान छूट भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड में विचाराधीन है।

ख) नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17,18 और 19 के तहत गैर–अनुपालन के लिए मौद्रिक जुर्माना लगाया है, जिसके खिलाफ कंपनी ने छूट के अनुरोध के साथ उत्तर प्रस्तुत किया है। हालाँकि, एनएसई ने 21 सितंबर, 2022 और 1 जून, 2023 के पत्र के द्वारा क्रमशः विनियम 19 (30 सितंबर, 2020 से 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए) और विनियम 29 (31 मई, 2022 को समाप्त अवधि) का अनुपालन न करने के लिए जुर्माना लगाया है।

हम आगे उल्लेख करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

### उपयोग पर प्रतिबंध

प्रमाणपत्र कंपनी के सदस्यों को केवल भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और डीपीई दिशानिर्देशों की आवश्यकता के अनुपालन करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है, और इसका उपयोग किसी अन्य व्यक्ति या किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। तदनुसार, हम किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए जिसे यह रिपोर्ट दिखाई गई है या जिसके हाथ में यह हमारी पूर्व लिखित सहमति के बिना आ सकती है, किसी भी दायित्व या देखभाल के किसी भी देयता या कर्तव्य को स्वीकार नहीं करते हैं।

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 002744C

हस्ता. / –
**प्रियांशु जैन**
भागीदार
सदस्यता सं. 530262
यूडीआईएनः 23530262BGWUIK1227

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 00458N

हस्ता. / –
**मनोज भारद्वाज**
भागीदार
सदस्यता सं. 098606
यूडीआईएनः 23098606BGSSOD2237

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 14.07.2023**

**अनुलग्नक –घ**

# सचिवालय लेखा–परीक्षा रिपोर्ट

**31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए**

**[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी**

**(प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में]**

**सेवा में,**

**सदस्य,**

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

हमने लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन में और **गेल (इंडिया) लिमिटेड** (जिसे बाद से गेल/कंपनी कहा गया है) द्वारा अच्छी कॉरपोरेट प्रथाओं के अनुपालन में सचिवीय लेखापरीक्षा की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार से की गई कि इसने हमें कॉर्पोरेट संचालन/सांविधिक अनुपालन के मूल्यांकन के लिए उचित आधार प्रदान किया और इस पर मैंने अपनी राय व्यक्त की है।

गेल के बही खातों, कागजात, लघु बही खातों, फॉर्म और दाखिल की गई रिटर्न तथा अन्य दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर और कंपनी द्वारा बनाए गए अन्य रिकॉर्ड और कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों को सचिवीय लेखा परीक्षा के संचालन के दौरान, हम एतद्द्वारा यह रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में, कंपनी ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, नीचे सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह कि कंपनी में उचित बोर्ड–प्रक्रिया और अनुपालन–प्रणाली विद्यमान है और उसका नीचे दर्शाए अनुसार ढंग से अनुपालन किया गया है:

हमने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए गेल द्वारा रखे गए बही–खातों, लघु बही खातों, फार्मों, दाखिल रिटर्न और अन्य अभिलेखों की प्रावधानों के अनुसार जांच की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

(iii) भंडार अधिनियम, 1996 और इसके अंतर्गत बनाए गए विनियम और उप–नियम;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, ओवरसीज प्रत्यक्ष निवेश और बाहरी वाणिज्यिक उधार की सीमा तक इसके अधीन बनाए गए नियम एवं विनियम;

(v) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अंतर्गत निर्धारित निम्नलिखित नियम और दिशानिर्देश:–

(क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियम, 2011;

(ख) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015;

(ग) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018;

(घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) दिशानिर्देश, 1999;

(ड.) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम और इनकी सूचीबद्धता) विनियम, 2021;

(च) कंपनी अधिनियम और ग्राहक से निपटने के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (निर्गम रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण अभिकर्ता) विनियम, 1993;

(छ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों को सूची से हटाना) विनियम, 2021;

(ज) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों को क्रय द्वारा वापस लेना) विनियम, 2018;

(vi) कंपनी के निदेशक मंडल को प्रस्तुत की गई आंतरिक अनुपालन व्यवस्था के अंतर्गत आवधिक प्रमाण–पत्र के आधार पर कंपनी को सूचीबद्ध करने के लिए, नीचे सूचीबद्ध किए गए अन्य विशिष्ट लागू कानूनों (उद्योग के लिए लागू) के अधीन अनुपालन/प्रक्रिया/प्रणाली:

1) पेट्रोलियम अधिनियम, 1934

2) पेट्रोलियम नियम, 2002

3) ऑयलफील्ड (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948

4) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959

5) पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में उपयोगकर्ता के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, 1962

6) विस्फोटक अधिनियम 1884 और भारतीय विस्फोटक नियम 1983

7) गैस सिलेण्डर नियम 2004

8) तेल उद्योग विकास अधिनियम, 1974

9) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड अधिनियम, 2006

10) सॉल्वेंट, राफिनेट एंड स्लॉप (अधिग्रहण, बिक्री, संग्रहण और ऑटोमोबाइल में उपयोग की रोकथाम) आदेश, 2000

11) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (शहर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए विशिष्टता) विनियम, 2008

12) पेट्रोलियम उत्पाद (उत्पादन, भंडारण और आपूर्ति का रखरखाव) आदेश, 1999

13) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 और पर्यावरण (संरक्षण नियम, 1986)

14) खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन और निपटान) नियम, 1989

15) ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000

16) जल (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977 और जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) उपकर नियम, 1978

17) बैटरियां (प्रबंधन और निपटान) नियम, 2001

18) केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989

19) जल (प्रदूषण नियंत्रण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974

20) वायु (प्रदूषण नियंत्रण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974

21) खतरनाक रसायन निर्माण, संग्रहण और आयात नियम, 1989

22) एसएमपीवी (यू) नियम, 1999 द्वारा संशोधित अनुसार स्थिर और मोबाइल दबाव वेसल्स (अनफार्यड) नियम, 1981

23) भारतीय वन अधिनियम, 1927

24) ओजोन अवमूल्यन पदार्थ (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000

25) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000

26) भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और भारतीय टेलीग्राफ नियम, 1951

27) भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी (वैश्विक समुद्री संकट और सुरक्षा प्रणाली का संचालन के लिए वाणिज्यिक रेडियो ऑपरेटर प्रमाण–पत्र दक्षता और लाइसेंस) नियम, 1994

28) भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933

29) खान अधिनियम, 1952

30) शस्त्र अधिनियम, 1959

हमने लागू खंडों के अनुपालन की भी निम्नानुसार जांच की है:

(क) भारत के कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित सचिवीय मानक।

(ख) भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड के साथ इक्विटी सूचीकरण करार, एनएसई के साथ ऋण सूचीकरण करार तथा लंदन स्टॉक एक्सचेंज के साथ जीडीआर सूचीकरण करार; और

(ग) सीपीएसई (डीपीई दिशानिर्देश) के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन पर डीपीई दिशानिर्देश।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी ने निम्नलिखित टिप्पणियों के अधीन उपर्युक्त अधिनियम, नियम, विनियम, दिशानिर्देश, मानक आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है:

**टिप्पणी सं. 1**

*भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 29(2)/29(3) का अनुपालन न करना: कंपनी ने लाभांश के लिए 27.05.2022 को निदेशक मंडल की बैठक के बारे में पूर्व सूचना देने में देरी की है।*

**हम आगे रिपोर्ट करते हैं** कि कंपनी ने निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, जिसका गठन कंपनी अधिनियम, 2013, डीपीई दिशानिर्देश और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसार किया जाना है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में जो परिवर्तन हुए, वे अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए।

**हम आगे रिपोर्ट करते हैं** कि कंपनी ने सेबी (पीआईटी) विनियम, 2015 के विनियम 3(5) और 3(6) के अनुसार एसडीडी अनुपालन किया है।

**हम आगे रिपोर्ट करते हैं** कि लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों की निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार और संचालन के अनुरूप कंपनी में पर्याप्त प्रणालियां और प्रक्रियाएं मौजूद हैं।

**हम आगे रिपोर्ट करते हैं** कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, कंपनी में उपर्युक्त संदर्भित कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में कंपनी के मामलों पर प्रमुख प्रभाव डालने वाली कोई विशिष्ट घटना/कार्य नहीं हुआ है।

**हम आगे रिपोर्ट करते हैं** कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियमन 29(2)/29(3) के तहत गैर–अनुपालन के लिए मौद्रिक जुर्माना लगाया है जिसके विरुद्ध कंपनी ने छूट अनुरोधों के साथ प्रतिक्रियाएँ प्रस्तुत की हैं। कंपनी के छूट अनुरोध के आधार पर, एनएसई ने लगाया गया जुर्माना माफ कर दिया है।

एनएसई ने विनियम 17(1), 17(2क), 18(1), 19(1) (2), 20, 21 के तहत गैर–अनुपालन के लिए कुल ₹ 58,72,860/– का जुर्माना लगाया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 बोर्ड की संरचना और बोर्ड की उप–समितियों से संबंधित हैं। गेल ने जुर्माना माफ करने का अनुरोध किया. एनएसई द्वारा दिनांक 21.09.2022 के पत्र सं. एनएसई/सूची/एसओपी/0697 ने ₹ 58,72,860/– के कुल जुर्माने को घटाकर ₹ 10,66,720/– कर दिया है, जिसका कंपनी द्वारा विधिवत भुगतान किया गया था।

**कृते अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स,**
कंपनी सचिव,
आईसीएसआई विशिष्ट कोड: P2003DE049100
साथी समीक्षा प्रमाणपत्र सं. 2725/2022

हस्ता./–
**सीएस. गरिमा ग्रोवर**
भागीदार
एसीएस सं.: 27100
सी.पी.सं.: 23626

**दिनांक: 09.05.2023**
**स्थान: नई दिल्ली**

यूडीआईएन: A027100E000273161

इस रिपोर्ट को हमारे समसंख्यक दिनांक के पत्र के साथ पढ़ा जाए जो **'अनलग्नक क'** के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट का एक अभिन्न हिस्सा है।

**अनुलग्नक – क**

प्रति,

सदस्यगण,

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

समसंख्यक तारीख की हमारी रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जाए।

(i) सचिवीय अभिलेखों का रखरखाव कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। लेखापरीक्षा के लिए हमारे सामने प्रस्तुत किए गए अभिलेखों के हमारे निरीक्षण के आधार पर, इन सचिवीय अभिलेखों पर एक राय व्यक्त करना हमारा उत्तरदायित्व है।

(ii) हमने लेखापरीक्षा पद्धतियों और प्रक्रियाओं का पालन किया है जो सचिवीय अभिलेखों की सामग्री की शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्य परिलक्षित होते हैं, परीक्षण के आधार पर सत्यापन किया गया था। हम मानते हैं कि अनुसरण की जाने वाली प्रक्रियाएं और प्रथाएं हमारी राय के लिए एक उचित आधार प्रदान करती हैं।

(iii) हमने कंपनी के वित्तीय अभिलेखों और लेखा पुस्तकों की शुद्धता और उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है और हमारी रिपोर्ट में अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा पहले ही बताई गई टिप्पणियों/टिप्पणियों/कमियों को शामिल नहीं किया गया है।

(iv) जहां–कहीं आवश्यक था, हमने कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन और घटनाओं आदि के होने के बारे में प्रबंधन का प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है।

(v) कॉर्पोरेट और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी परीक्षा परीक्षण के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी और हमारी राय देने के लिए कि कंपनी के पास उचित बोर्ड–प्रक्रियाएं और अनुपालन–तंत्र है या नहीं।

(vi) सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में आश्वासन है और न ही उस प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

**कृते अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स,**
कंपनी सचिव,
आईसीएसआई विशिष्ट कोडः P2003DE049100
साथी समीक्षा प्रमाणपत्र सं. 2725/2022

हस्ता./–
**सीएस. गरिमा ग्रोवर**
भागीदार
एसीएस सं.: 27100
सी.पी.सं.: 23626

**दिनांकः 09.05.2023**
**स्थानः नई दिल्ली**



गेल गांव टाउनशिप, पाता में तितली उद्यान का विहंगम दृश्य

अनुलग्नक – ङ

# निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों (कंपनी {निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसरण, (किसी भी सांविधिक आंशोधन(नों) या वर्तमान में लागू पुनः अधिनियमन सहित}) पर वार्षिक रिपोर्ट

## 1. कंपनी की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा

आपकी कंपनी स्थानीय आबादी का जीवन स्तर बढ़ाने और आर्थिक कल्याण करने के लिए, सीएसआर परियोजनाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है जो अपने कार्य केंद्रों और उसके आसपास के समुदायों को लाभान्वित करती हैं और समय के साथ परिणाम देती हैं। आपकी कंपनी उभरते मुद्दों की पहचान करने, परियोजनाओं को विकसित करने और चुनौतियों का प्रभावी ढंग से उत्तर देने के प्रयास में समुदायों, सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य के साथ सहयोग करते हुए एक बहु–हितधारक दृष्टिकोण अपनाती है। आपकी कंपनी स्थिरता, मापनीयता और पारदर्शिता को अधिकतम करने के लिए अपने सीएसआर कार्यकलापों को पहचानने, उन्हें लागू करने, बनाए रखने और निगरानी में सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करने का प्रयास करती है। आपकी कंपनी का मानना है कि, यह लोगों की जरूरतों को पूरा करने, समुदायों को लाभान्वित करने और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए कार्य कर रही है जो अंततः व्यापक समुदाय को सतत प्रगति के लक्ष्य की ओर प्रशस्त है।

कंपनी के दृष्टिकोण के अनुरूप, सीएसआर नीति इस बात पर बल देती है कि अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से, आपकी कंपनी समाज/समुदाय में मूल्य सृजन को बढ़ाने का प्रयास करती है, जिसमें वह पर्यावरण संबंधी समस्याओं एवं समुदाय और समाज के लिए निरंतर विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी सेवाओं, आचरण और पहल के माध्यम से काम करती है।

सीएसआर कार्यक्रमों की पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए एक सुदृढ़ निगरानी तंत्र मौजूद है। साइट का दौरा, नियमित परियोजना रिपोर्टिंग, दस्तावेजी साक्ष्य, प्रभावी परियोजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आदि जैसी विभिन्न प्रणालियों के माध्यम से समय–समय पर निगरानी की जाती है।

जबकि आपकी कंपनी ने हमारे व्यावसायिक क्षेत्रों के आसपास के समुदायों के साथ काम करने के हमारे अनुभव के आधार पर, क़ानून की अनुसूची VII में पहचाने गए विभिन्न विषयों और क्षेत्रों पर सीएसआर परियोजनाओं और कार्यक्रमों को शुरू किया है, आपकी कंपनी ने अनुसूची में निर्धारित क्षेत्रों में से हस्तक्षेप किए जाने वाले सात प्रमुख क्षेत्रों को चुना है। ये सात **प्रमुख क्षेत्र** हमारे सभी सीएसआर कार्यकलापों के मूल में हैं, और इन्हें उपयुक्त रूप से गेल *हृदय* कहा गया है।




आपकी कंपनी की सीएसआर पहल से वित्त वर्ष 2022–23 में देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में 14,70,000 से अधिक लोगों को लाभ हुआ है।

गेल *आरोग्य* के तहत, मोबाइल मेडिकल यूनिटों के संचालन के माध्यम से प्रदान की गई डोरस्टेप चिकित्सा देखभाल सुविधा के माध्यम से वंचित आबादी तक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं का विस्तार किया गया, जिसमें एमसीआई पंजीकृत एमबीबीएस डॉक्टर, फार्मासिस्ट, एएनएम (सहायक नर्स और मिडवाइफ) और एक लैब तकनीशियन सहित पेशेवरों की योग्य टीम शामिल है। गेल *आरोग्य* के तहत अन्य परियोजनाओं में एसटीआई (यौन संचारित संक्रमण) क्लीनिकों का संचालन, कुपोषित महिलाओं और बच्चों को पोषण किट प्रदान करना, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करना, सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों का प्रावधान और स्वच्छ पेयजल तथा स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में काम करना शामिल है। गेल सीएसआर अस्पताल और सार्वजनिक सेवा भवन के विस्तार के माध्यम से एक आध्यात्मिक स्मार्ट शहर के रूप में श्री बद्रीनाथ धाम शहर के निर्माण और पुनर्विकास के लिए भी सहायता प्रदान कर रहा है, जो तीर्थयात्रियों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधा होगी। आपकी कंपनी द्वारा की गई विभिन्न स्वास्थ्य पहलों ने मौजूदा स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में अंतराल को पाटने में मदद की है और वर्ष के दौरान लगभग 13,00,000 लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।



गेल की मोबाइल मेडिकल यूनिट के लाभार्थी

गेल *कौशल* के तहत, लगभग 2,500 व्यक्तियों को हाइड्रोकार्बन क्षेत्र, प्लास्टिक उत्पाद निर्माण आदि से संबंधित व्यवसायों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दृष्टिबाधित लाभार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इन प्रशिक्षित लाभार्थियों में से अधिकांश को विभिन्न क्षेत्रों में लाभप्रद रूप से नियोजित किया गया है और प्रत्येक लाभार्थी अपनी–अपनी घरेलू आय में वृद्धि में योगदान दे रहा है।



गेल *कौशल* संस्थान, गुना, म.प्र. में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करते युवा

गेल *उज्ज्वल* के तहत सीएसआर पहल ने ग्रामीण और शहरी मलिन बस्तियों में वंचित छात्रों को शिक्षा को बढ़ावा देने, सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे के समर्थन और मध्य प्रदेश में भारत सरकार के अटल इनोवेशन मिशन के लिए समर्थन देकर 30,000 से अधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और समर्थन करने में सहायता की। प्रोजेक्ट गेल *उत्कर्ष* के तहत, 210

छात्रों को 3 *उत्कर्ष* केंद्रों कानपुर, वाराणसी और हल्द्वानी में इंजीनियरिंग/मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की गई। गेल *उत्कर्ष* ने इस वर्ष एक और शानदार सफलता हासिल की, जब उसके कानपुर केंद्र के सभी 100 छात्र जेईई मेन्स 2023 परीक्षा के लिए उत्तीर्ण हुए। इसके अलावा, हल्द्वानी केंद्र (उत्तराखंड) के 50 में से 47 छात्रों और वाराणसी (यूपी) के ऑल–गर्ल्स सेंटर के 30 में से 28 छात्रों ने भी प्रतिष्ठित जेईई मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण की। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब गेल *उत्कर्ष* को अपने कानपुर केंद्र से जेईई मेन्स में 100% सफलता मिली। जेईई मेन्स 2023 में सभी 3 केंद्रों अर्थात् कानपुर, हल्द्वानी और वाराणसी को मिलाकर इस वर्ष कुल सफलता दर 97.76% है।



श्री आयुष गुप्ता, निदेशक (मानव संसाधन), गेल उत्कर्ष 100 सफल छात्रों में से एक छात्र को सम्मानित करते हुए

गेल *सक्षम* के तहत लगभग 7800 दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) को क्षमता निर्माण और कौशल विकास सहायता के साथ सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इस पहल ने दिव्यांगजनों को आत्मविश्वास और सम्मान की भावना हासिल करने, दूसरों पर निर्भरता कम करने के साथ–साथ आजीविका के अवसरों तक अधिक पहुंच हासिल करने तथा सशक्त बनाने में मदद की है।

वाराणसी के पवित्र घाटों को प्रदूषण मुक्त बनाने के प्रयास में, गेल सीएसआर अपनी हरित पहल के तहत वाराणसी नगर निगम के सहयोग से पेट्रोल/डीजल नौकाओं को सीएनजी नौकाओं में बदलने का समर्थन कर रहा है। 07.07.2022 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 500 नावें राष्ट्र को समर्पित कीं, जिन्हें पेट्रोल और डीजल से पर्यावरण–अनुकूल संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) पर चलने के लिए परिवर्तित किया गया है।

**सीएसआर के तहत सहयोगात्मक परियोजनाएं**

अपनी सहयोगी पहलों के भाग के रूप में, आपकी कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में छह कौशल विकास संस्थानों (एसडीआई) अर्थात् एसडीआई – रायबरेली, भुवनेश्वर, कोच्चि, विशाखापत्तनम, अहमदाबाद और गुवाहाटी को सहायता दी है। ये एसडीआई पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से स्थापित किए गए हैं और भारत सरकार के "कौशल भारत मिशन" के अनुरूप हैं। वित्त वर्ष 2022–23 में, आपकी कंपनी ने 03 कौशल विकास संस्थानों (एसडीआई) अर्थात एसडीआई–रायबरेली, अहमदाबाद और गुवाहाटी के परिचालन व्यय के लिए ₹ 2.75 करोड़ की सहायता दी है। गेल प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए एमओपीएनजी के तत्वावधान में ओआईएल पीएसयू की सहयोगी पहल का भी समर्थन कर रहा है। वित्त वर्ष 2022–23 में गेल ने ₹ 27.29 करोड़ का योगदान दिया है।

आकांक्षी जिलों के परिवर्तन के लिए माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, गेल ने आकांक्षी जिलों में विकास गतिविधियाँ शुरू की हैं और ₹ 12.87 करोड़ का व्यय किया है।

स्वच्छता के उद्देश्य की दिशा में काम करते हुए, गेल ने वर्ष 2022–23 के लिए स्वच्छता कार्य योजना के तहत ₹ 36.51 करोड़ की परियोजनाएं और गतिविधियां शुरू की हैं।

वित्त वर्ष 2022–23 के लिए कुल सीएसआर व्यय ₹ 99.1 करोड़ है अर्थात पिछले वित्तीय वर्षों के अतिरिक्त व्यय को समायोजित करने के बाद पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 2.18%।

इसके अलावा, अन्य अनिवार्य सीएसआर लक्ष्यों के संबंध में स्थिति निम्नलिखित है:

| मद | वास्तविक प्राप्त राशि (₹ में) |
|---|---|
| वित्त वर्ष 2022–23 में कुल सीएसआर व्यय | 99.1 करोड़ (2.18%) |
| विषयगत क्षेत्र:<br>(स्वास्थ्य और पोषण)<br>– लक्ष्य की तुलना में 60% कुल सीएसआर खर्च अर्थात ₹ 59.46 करोड़ | 60.31 करोड़ |

सीएसआर परियोजनाओं का कार्यान्वयन और निगरानी कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों और सीएसआर नीति के अनुपालन में है। इसके अलावा, सीएसआर गतिविधियों के लिए वितरित निधि का उपयोग बोर्ड द्वारा अनुमोदित उद्देश्य और उचित माध्यम से किया गया है।

## 2. सीएसआर समिति की संरचना

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(1) के प्रावधानों के अनुपालन में, 31.03.2023 को बोर्ड की सीएसआर समिति में निम्नलिखित शामिल हैं:

| क्र.सं. | निदेशक का नाम | पदनाम/ निदेशकता की प्रकृति | वर्ष के दौरान आयोजित सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या | वर्ष के दौरान सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या में भाग लिया |
|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री मनोज जैन (31.08.2022 तक) | अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक/ अध्यक्ष सीएसआर समिति | 1 | 1 |
| 02. | श्री एम.वी. अय्यर (02.10.2022 तक) | सदस्य: 01.02.2022 – 31.08.2022)<br>अध्यक्ष: 01.09.2022 – 02.10.2022) | 1 | 1 |
| 03. | श्री संदीप गुप्ता (03.10.2022 से) | अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक/ अध्यक्ष सीएसआर समिति | 2 | 2 |
| 04. | श्री आयुष गुप्ता | निदेशक (मा.सं.)/सदस्य, सीएसआर समिति | 2 | 2 |

| क्र.सं. | निदेशक का नाम | पदनाम/ निदेशकता की प्रकृति | वर्ष के दौरान आयोजित सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या | वर्ष के दौरान सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या में भाग लिया |
|---|---|---|---|---|
| 05. | श्री अखिलेश जैन | स्वतंत्र निदेशक/सदस्य, सीएसआर समितिं | 3 | 3 |
| 06. | श्री संजय कश्यप | स्वतंत्र निदेशक/सदस्य, सीएसआर समिति | 3 | 3 |

**3. वेब–लिंक प्रदान करें जहां कंपनी की वेबसाइट पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर समिति, सीएसआर नीति और सीएसआर परियोजनाओं की संरचना का खुलासा किया गया है।**

(i) सीएसआर समिति की संरचना का वेब–लिंकः https://gailonline.com/RTI.html

(ii) सीएसआर नीति का वेब–लिंकः https://gailonline.com/CSRPolicy.html

(iii) बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर परियोजनाओं का वेब–लिंकः https://gailonline.com/pdf/ CSR/CSRProjectsFY202223.pdf

**4. कंपनी (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम 2014, यदि लागू हो तो नियम 8 के उप–नियम (3) के अनुसरण में किए गए सीएसआर परियोजनाओं के प्रभाव आकलन के वेब–लिंक के साथ कार्यकारी सारांश प्रदान करें।**

कंपनी (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम 2014 के नियम 8 के उप–नियम (3) के अनुसरण में, वित्त वर्ष 2022–23 में पात्र सीएसआर परियोजनाओं का प्रभाव मूल्यांकन स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा किया गया है। रिपोर्ट इस लिंक पर उपलब्ध हैंः https://www.gailonline. com/CSRIndex. html (प्रभाव आकलन रिपोर्ट)।

संबंधित परियोजनाओं के कार्यकारी सारांश **अनुलग्नक–ड़1** में संलग्न हैं।

**5. (क) धारा 135 की उप–धारा (5) के अनुसार कंपनी का औसत शुद्ध लाभः ₹ 8252.64 करोड़**

**(ख) धारा 135 की उप–धारा (5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत ₹ 165.05 करोड़**

**(ग) पिछले वित्तीय वर्षों की सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष – शून्य**

**(घ) वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित की जाने वाली आवश्यक राशि, यदि कोई होः ₹ 74.27 करोड़**

**(ड.) वित्तीय वर्ष के लिए कुल सीएसआर दायित्व (ख+ग–घ): ₹ 90.78 करोड़**

**6. (क) सीएसआर परियोजनाओं पर खर्च की गई राशि (चालू परियोजना और चालू परियोजना के अलावा दोनों): व्यय की गई राशि – ₹ 94.12 करोड़,**

**(ख) प्रशासनिक उपरि शीर्ष में खर्च की गई राशिः ₹ 4.49 करोड़**

**(ग) प्रभाव आकलन पर खर्च की गई राशि, यदि लागू होः ₹ 0.49 करोड़**

**(घ) वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई कुल राशि (एबीसी): ₹ 99.1 करोड़**

**(ड.) वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई या अव्ययित सीएसआर राशिः**

| वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई कुल राशि (₹ करोड़ में) | अव्ययित राशि (₹ करोड़ में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | धारा 135 की उप–धारा (6) के अनुसार अव्ययित सीएसआर खाते में हस्तांतरित कुल राशि | | धारा 135 की उप–धारा (5) के दूसरे प्रावधान के अनुसार अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट किसी भी फंड में हस्तांतरित राशि | | |
| | राशि | अंतरण की तारीख | निधि का नाम | राशि | अंतरण की तारीख |
| 99.1 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

**(च) समायोजन के लिए अतिरिक्त राशि, यदि कोई हो**

| क्र.सं. | विवरण | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | धारा 135 की उपधारा (5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत (पिछले वर्षों के अतिरिक्त व्यय की भरपाई के बाद) | 90.78 |
| (ii) | वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई कुल राशि | 99.1 |
| (iii) | वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई अतिरिक्त राशि [(ii)-(i)] | 8.32* |
| (iv) | पिछले वित्तीय वर्षों की सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष, यदि कोई हो | शून्य |
| (v) | आगामी वित्तीय वर्षों में समायोजन के लिए उपलब्ध राशि [(iii)-(iv)] | 8.32 |

*उपरोक्त 5(ड़) के अनुसार वित्त वर्ष 2022–23 के लिए कुल सीएसआर दायित्व ₹ 90.78 करोड़ है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई अतिरिक्त राशि की गणना तदनुसार ₹ 8.32 करोड़ (₹ 99.1 करोड़ – ₹ 90.78 करोड़) के रूप में की गई है।

7. पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए अव्ययित सीएसआर राशि का विवरणः शून्य

8. क्या वित्तीय वर्ष में खर्च की गई निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व राशि के माध्यम से कोई पूंजीगत संपत्ति बनाई या अर्जित की गई हैः शून्य, गेल के लिए सीएसआर के माध्यम से कोई परिसंपत्ति बनाई या अर्जित नहीं की गई है।

यदि हाँ, तो सृजित/अर्जित पूंजीगत संपत्तियों की संख्या दर्ज करें – लागू नहीं।

वित्तीय वर्ष में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व राशि के माध्यम से बनाई गई या अर्जित की गई ऐसी परिसंपत्ति से संबंधित विवरण प्रस्तुत करें:

| क्र.सं. | संपत्ति या परिसंपत्ति का संक्षिप्त विवरण (संपत्ति का पूरा पता और स्थान सहित) | संपत्ति या परिसंपत्ति का पिनकोड | सृजन की तारीख | खर्च की गई सीएसआर राशि (₹ में) | पंजीकृत स्वामी की कंपनी/प्राधिकारी/लाभार्थी का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | | |
| | | | | | सीएसआर पंजीकरण संख्या, यदि लागू हो | नाम | पंजीकृत पता |
| लागू नहीं | | | | | | | |

(सभी फील्ड को राजस्व रिकॉर्ड में प्रदर्शित होने के अनुसार लिया जाना चाहिए, फ्लैट नंबर, मकान नंबर, नगर निगम कार्यालय/नगर निगम/ग्राम पंचायत को निर्दिष्ट किया जाना चाहिए और अचल संपत्ति के क्षेत्र के साथ–साथ सीमाएं भी निर्दिष्ट की जानी चाहिए)

9. यदि कंपनी धारा 135 की उपधारा (5) के अनुसार औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रही है, तो कारण निर्दिष्ट करें: लागू नहीं

हस्ता./–
आयुष गुप्ता
निदेशक (मा.सं.)
(डीआईएनः 09681775)

हस्ता./–
संदीप कुमार गुप्ता
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
और अध्यक्ष, सीएसआर समिति
(डीआईएनः 07570165)



गेल, पाता पेट्रोकेमिकल संयंत्र

अनुलग्नक ड़1

## केपीएमजी के माध्यम से वित्त वर्ष 2019–20 और वित्त वर्ष 2020–21 की पात्र सीएसआर परियोजनाओं का तृतीय पक्ष प्रभाव आकलन अध्ययन

### परियोजना 1: गेल आरोग्य – विभिन्न राज्यों में 50 एमएमयू के संचालन के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं

**परियोजना का उद्देश्य:** मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से स्थापित सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली तक सीमित पहुंच के साथ वंचित वर्ग को बुनियादी मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना।

**प्रमुख हितधारक:**

गेल, डॉक्टर, फार्मासिस्ट और एमएमयू वैन की नर्सें, परियोजना स्थानों के लाभार्थी, कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभाव:** बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर और बढ़ी हुई पहुंच।

**परियोजना का परिणाम:**

i. मुफ्त दवाएँ और समय पर उपचार हेतु एक्सेस।

ii. हस्तक्षेप के बाद स्वास्थ्य और फिटनेस में सुधार।

iii. हस्तक्षेप के बाद स्वास्थ्य पर व्यय में कमी।

iv. स्वास्थ्य (रोकथाम एवं इलाज) के संबंध में जागरूकता में वृद्धि।

### परियोजना 2: परियोजना आरोग्य – कई राज्यों में 06 एमएमयू के संचालन के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं

**परियोजना का उद्देश्य:** मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से स्थापित सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली तक सीमित एक्सेस के साथ वंचित वर्ग को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना

**प्रमुख हितधारक:** गेल, डॉक्टर, फार्मासिस्ट और एमएमयू वैन की नर्सें, दरांग (असम), उधमसिंह नगर (उत्तराखंड), बलिया (उ.प्र.) और सियाहा (मिजोरम) में खारुपेटिया और दलगांव के परियोजना स्थानों में लाभार्थी, कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभाव:** बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर और बढ़ी हुई एक्सेस।

**परियोजना का परिणाम:**

i. मुफ्त दवाएँ और समय पर उपचार तक एक्सेस।

ii. हस्तक्षेप के बाद स्वास्थ्य और फिटनेस में सुधार।

iii. हस्तक्षेप के बाद स्वास्थ्य पर व्यय में कमी।

iv. स्वास्थ्य (रोकथाम एवं इलाज) के संबंध में जागरूकता में वृद्धि।

### परियोजना 3: गेल उत्कर्ष सुपर 100 – इंजीनियरिंग प्रवेश के लिए विशेष आवासीय कोचिंग के लिए सहायता

(i) द्वाराहाट, उत्तराखंड– 40 लाभार्थी

(ii) श्रीनगर, उत्तराखंड– 40 लाभार्थी

**परियोजना का उद्देश्य:** द्वाराहाट और श्रीनगर, उत्तराखंड में वंचित बच्चों के लिए आईआईटी/जेईई और अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग प्रदान करना।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, कोचिंग संस्थान के छात्र, गेल उत्कर्ष उत्तराखंड परियोजना प्रमुख, गेल उत्कर्ष उत्तराखंड विषय शिक्षक, कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभाव:** प्रमुख संस्थानों से उच्च शिक्षा तक एक्सेस में वृद्धि।

**परियोजना का परिणाम:**

i. समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए कोचिंग सुविधाओं और उच्च शिक्षा तक बेहतर एक्सेस।

ii. निःशुल्क आवासीय कोचिंग सुविधा के कारण उच्च शिक्षा कोचिंग के लिए माता–पिता पर वित्तीय बोझ कम हुआ।

iii. छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार हुआ और पढ़ाई में रुचि बढ़ी।

iv. सामाजिक स्तर पर असमानता को कम करके परिवार के जीवन स्तर में सुधार।

### परियोजना 4: गेल उत्कर्ष सुपर 100 – कानपुर, उत्तर प्रदेश में इंजीनियरिंग प्रवेश के लिए विशेष आवासीय कोचिंग के लिए सहायता – 100 लाभार्थी

**परियोजना का उद्देश्य:** कानपुर (उ.प्र.) में वंचित बच्चों को आईआईटी/जेईई और अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग प्रदान करना।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, कोचिंग संस्थान के छात्र, गेल उत्कर्ष कानपुर परियोजना प्रमुख, गेल उत्कर्ष कानपुर संस्थान विषय शिक्षक, कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभाव:** प्रमुख संस्थानों से उच्च शिक्षा तक पहुंच में वृद्धि।

**परियोजना का परिणाम:**

i. समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए कोचिंग सुविधाओं और उच्च शिक्षा तक बेहतर पहुंच।

ii. निःशुल्क आवासीय कोचिंग सुविधा के कारण उच्च शिक्षा कोचिंग के लिए माता–पिता पर वित्तीय बोझ कम हुआ।

iii. छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार हुआ और पढ़ाई में रुचि बढ़ी।

iv. सामाजिक स्तर पर असमानता को कम करके परिवार के जीवन स्तर में सुधार।

### परियोजना 5: विभिन्न राज्यों में दिव्यांगजनों को सहायता और सहायक उपकरणों के वितरण के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक और उपकरण प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, 5 जिलों के दिव्यांगजन (हरिद्वार, काशीपुर, औरैया, शिवपुरी, ढेंकनाल में परियोजना के प्राथमिक लाभार्थी), कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभाव:** दिव्यांगजनों के बीच सहायता और सहायक उपकरणों तक बेहतर पहुंच से दिव्यांगता के कारण आने वाली चुनौतियों में कमी आई है।

**परियोजना का परिणाम:**

i. सहायता और सहायक उपकरणों के बारे में जागरूकता में सुधार।

ii. दिव्यांगजनों के बीच पहुंच और गतिशीलता में सुधार।

iii. दिव्यांगजनों के जीवन स्तर में सुधार।

iv. दिव्यांगजनों की परिवार के सदस्यों/देखभाल करने वालों पर निर्भरता कम हुई।

### परियोजना 6: कर्नाटक के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत और पुनर्वास गतिविधियों के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** बाढ़ के दौरान प्रभावित लोगों को आपदा राहत सहायता प्रदान करना।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, फायर स्टेशन प्रतिनिधि, लाभार्थी।

**परियोजना का परिणाम:** बेहतर और समय पर आपदा प्रतिक्रिया से आपदाओं के दौरान आने वाली चुनौतियों में कमी आई।

**परियोजना का परिणाम:**

i. बचाव अभियान चलाते समय तैयारियों में सुधार।

ii. बचाव कर्मियों/कर्मचारियों की दक्षता में वृद्धि।

iii. पुनर्प्राप्ति अवधि कम हुई और लचीलापन बढ़ा।

### परियोजना 7: गेल कौशल स्कूल गुना (मध्य प्रदेश) में नौकरी से जुड़े कौशल प्रशिक्षण के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** कौशल प्रशिक्षण और समग्र विकास के माध्यम से युवाओं में आर्थिक सुरक्षा और स्थिरता पैदा करना, जिससे उद्योग की नौकरियों या स्व-रोजगार के माध्यम से अवसरों की उपलब्धता में वृद्धि हो सके।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, प्रशिक्षण भागीदार, लाभार्थी (गेल कौशल स्कूल, गुना मध्य प्रदेश के छात्र)।

**परियोजना का प्रभाव:** व्यावसायिक कौशल तक बेहतर पहुंच से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है।

**परियोजना का परिणाम:**

i. व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण हेतु युवाओं की बेहतर एक्सेस।

ii. समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के अवसर और जीवन स्तर में सुधार।

iii. संगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए प्रशिक्षित युवाओं की बेहतर उपलब्धता।

iv. समाज के कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण।

v. हाशिए पर रहने वाले समुदायों के युवाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिरता में सुधार।

### परियोजना 8: गेल स्कूल नगरम (आंध्र प्रदेश) में नौकरी से जुड़े कौशल प्रशिक्षण के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** कौशल प्रशिक्षण और समग्र विकास के माध्यम से युवाओं में आर्थिक सुरक्षा और स्थिरता पैदा करना, जिससे उद्योग की नौकरियों या स्व-रोजगार के माध्यम से अवसरों तक पहुंच में वृद्धि हो सके।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, प्रशिक्षण भागीदार, लाभार्थी (गेल कौशल स्कूल, नगरम, आंध्र प्रदेश के छात्र)।

**परियोजना का प्रभाव:** व्यावसायिक कौशल हेतु बेहतर एक्सेस से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**परियोजना का परिणाम:**

i. व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण हेतु युवाओं की बेहतर एक्सेस।

ii. समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के अवसर और जीवन स्तर में सुधार।

iii. संगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए प्रशिक्षित युवाओं की बेहतर उपलब्धता।

iv. समाज के कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण।

v. हाशिए पर रहने वाले समुदायों के युवाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिरता में सुधार।

### परियोजना 9: उत्तरी गुवाहाटी, कामरूप जिले में स्वच्छ भारत और संबंधित मिशन के तहत विकास गतिविधि के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** कामरूप में स्वच्छता बढ़ाना, सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना और नवीकरणीय एवं स्वच्छ ऊर्जा का प्रावधान करना।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, सरकारी स्कूलों के छात्र लाभार्थी, सरकारी स्कूलों के शिक्षक और प्रिंसिपल, जिला प्रशासन, कार्यान्वयन एजेंसी से हितधारक।

**परियोजना का प्रभाव:** सरकारी स्कूलों में आरओ जल संयंत्रों और सौर हाइब्रिड पावर पैक तक बेहतर पहुंच और जिला प्रशासन तक तिपहिया कूड़ेदान तक पहुंच में सुधार, जिससे सुरक्षित पेयजल, नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा की अनुपलब्धता और अपर्याप्त अपशिष्ट संग्रह के कारण आने वाली चुनौतियों में कमी आई।

**परियोजना का परिणाम:**

i. सरकारी स्कूलों में स्वच्छ पेयजल के एक्सेस में सुधार।

ii. सरकारी स्कूलों में नवीकरणीय और विश्वसनीय ऊर्जा तक बेहतर पहुंच।

iii. जिले में स्वच्छता और कचरा संग्रहण सुविधाओं में सुधार।

iv. हस्तक्षेप के बारे में सकारात्मक सामुदायिक धारणा।

### परियोजना 10: गुना, मध्य प्रदेश में टिपर, कूड़ेदान जैसे स्वच्छ उपकरणों के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** स्वच्छता को बढ़ाना और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति समर्थन बढ़ाना।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, गुना, शिवपुरी और राघोगढ़ जिलों के नगर निगमों के सदस्य, कार्यान्वयन एजेंसी, कचरा संग्रहकर्ता, गुना, शिवपुरी और राघोगढ़ के लाभार्थी।

**परियोजना का प्रभाव:** जिलों में कचरा निपटान वाहनों तक बेहतर पहुंच, जिससे कचरा संग्रहण और निपटान में सुधार हुआ और समुदाय में स्वास्थ्य और स्वच्छता में वृद्धि हुई।

**परियोजना का परिणाम:**

i. टिपर और कूड़ेदान के प्रावधान के कारण कचरा संग्रहण और पृथक्करण प्रक्रिया में समग्र सुधार हुआ।

ii. कूड़ा बीनने वालों/हाथ से मैला ढोने वालों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण में समग्र सुधार।

iii. जिलों में अपशिष्ट पृथक्करण के संबंध में जागरूकता सृजन में सुधार।

iv. बेहतर अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण प्रणाली के कारण जिलों में स्वच्छता और साफ-सफाई में सुधार हुआ।

### परियोजना 11: बीबीएमपी, बैंगलोर को यांत्रिक कचरा संग्रहण मशीन प्रदान करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** बेंगलुरु में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन में सहायता करना, जिससे शहर की स्वच्छता में सुधार हो और इसे प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी), कचरा संग्रहकर्ता, लाभार्थी।

**परियोजना का प्रभाव:** ऊर्जा-कुशल कचरा निपटान मशीनों तक पहुंच में वृद्धि और घरेलू स्तर पर कचरा संग्रहण में सुधार।

**परियोजना का परिणाम:**

i. क्षेत्र में कचरा संग्रहण और पृथक्करण प्रक्रिया में सुधार।

ii. शहर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई में सुधार।

iii. स्वच्छ ईंधन विकल्पों को अपनाने से दीर्घावधि में वायु प्रदूषण में कमी आएगी।

iv. कचरा संग्रहण वाहन चालक, वाहन रखरखाव आदि जैसे रोजगार के अवसर पैदा करके स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान।

v. अपशिष्ट पृथक्करण के संबंध में स्थानीय समुदाय के बीच जागरूकता बढ़ी।

### परियोजना 12: रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड में स्मार्ट क्लास, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन और बुनियादी ढांचे के प्रावधान के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में 15 सरकारी स्कूलों में शिक्षा अवसंरचना सहायता प्रदान करना।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, 15 स्कूलों के छात्र (उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में अगस्त्यमुनि, बसुकेदार, भीरी, चौरिया, चोपता, घंगासु बांगर, कोट बांगर, कोठगी, मालतोली, सिद्धसौद, गुप्तकाशी, रुद्रप्रयाग, फाटा, बुधना, उखीमठ में परियोजना के प्राथमिक लाभार्थी) स्कूलों के शिक्षक और कर्मचारी, छात्रों के माता–पिता, कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभाव:** स्कूलों में बुनियादी ढांचे में सुधार से सीखने के माहौल में सुधार हुआ।

**परियोजना का परिणाम:**

i. स्कूलों में बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं (ब्लैकबोर्ड, लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास) तक बेहतर पहुंच से पढ़ाई में उपस्थिति और रुचि बढ़ी है।

ii. आरओ वाटर प्यूरीफायर के प्रावधान के माध्यम से छात्रों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल तक पहुंच में सुधार।

iii. सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन के प्रावधान के माध्यम से स्कूलों में महिला छात्रों के स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार।

### परियोजना 13: जीएचएस स्कूल, मुंडेरी, जिला के नवीनीकरण के लिए सहायता। कन्नूर, केरल

**परियोजना का उद्देश्य:** जमीनी विकास कार्य के लिए जीएचएस स्कूल, मुंडेरी, कन्नूर जिला, केरल के नवीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना

**प्रमुख हितधारक:** गेल, स्कूलों में छात्र (प्राथमिक लाभार्थी), छात्रों के माता–पिता, शिक्षक और स्कूल के अन्य कर्मचारी, कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभाव:** छात्रों के नामांकन में सुधार के साथ–साथ पाठ्येतर गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी में वृद्धि।

**परियोजना का परिणाम:**

i. छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार।

ii. विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ी।

iii. पाठ्येतर गतिविधियों में रुचि बढ़ी और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ।

iv. पढ़ाई में रुचि बढ़ी।

### परियोजना 14: असम के बारपेटा में सरकारी स्कूलों में शौचालयों के निर्माण के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** सरकारी स्कूलों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए स्वच्छता सुविधा प्रदान करना।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, सरकारी स्कूलों के छात्र (बारपेटा में परियोजना के प्राथमिक लाभार्थी), शिक्षक, प्रिंसिपल और स्कूलों के अन्य कर्मचारी, कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभाव:** स्कूलों में स्वच्छता और साफ–सफाई में सुधार।

**परियोजना का परिणाम:**

i. छात्रों के स्वास्थ्य में सुधार.

ii. छात्रों की उपस्थिति और शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार।

iii. निर्मित शौचालयों में बेहतर सुविधाएं।

iv. शौचालयों के उपयोग के महत्व पर सामुदायिक धारणा में सुधार हुआ।

### परियोजना 15: राजमंड्री संसदीय क्षेत्र के सरकारी सह शैक्षिक स्कूलों में शौचालयों के प्रावधान के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:** स्कूलों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए स्वच्छता सुविधा प्रदान करना।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, स्कूली बच्चों और शिक्षकों/स्कूल प्रधानाचार्यों सहित सरकारी स्कूलों के लाभार्थी, कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभाव:** स्कूलों में स्वच्छता और साफ–सफाई में सुधार।

**परियोजना का परिणाम:**

i. छात्रों के लिए शौचालयों और स्वच्छता सुविधाओं तक बेहतर एक्सेस।

ii. स्कूली छात्रों की उपस्थिति और शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार।

iii. सरकारी स्कूलों में समग्र स्वच्छता और साफ–सफाई में सुधार।

iv. महिला छात्रों की उपस्थिति और प्रतिधारण दर में वृद्धि।

### परियोजना 16: खूंटी सदर अस्पताल, जिला खूंटी, झारखंड में जिला अस्पताल सेवाओं को मजबूत करने के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्य:**

i. खूंटी में जिला अस्पताल के माध्यम से समुदाय को व्यापक माध्यमिक स्वास्थ्य देखभाल (विशेषज्ञ और रेफरल सेवाएं) प्रदान करना।

ii. स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता के स्वीकार्य मानक को प्राप्त करना और बनाए रखना।

iii. सेवाओं को जिले के लोगों और उन अस्पतालों/केंद्रों की जरूरतों के प्रति अधिक संवेदनशील और संवेदनशील बनाना जहां से मामले जिला अस्पतालों को भेजे जाते हैं।

**प्रमुख हितधारक:** गेल, अस्पताल में डॉक्टर और अन्य प्रशासनिक कर्मचारी, जिला कार्यालय, लाभार्थी।

**परियोजना का प्रभाव:** किफायती उपचार और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था में कमी के साथ–साथ समुदाय के लिए समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं हेतु एक्सेस।

**परियोजना का परिणाम:**

i. समुदाय के सदस्यों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं हेतु एक्सेस में वृद्धि।

ii. जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार।

iii. जिला अस्पताल में समय पर बीमारियों की पहचान और उपचार उपलब्ध।

iv. उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था में कमी।

### परियोजना 17: जिला गिरिडीह, झारखंड में 20 आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) के नवीनीकरण और उन्हें मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में परिवर्तित करने के लिए सहायता।

**परियोजना का उद्देश्य:**

i. नवोन्मेषी एलटी बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता को बढ़ाना, इस प्रकार आंगनवाड़ी केंद्रों को अधिक बाल–केंद्रित बनाने में सक्षम बनाना।

ii. बच्चों के सीखने के अनुभव को बढ़ाने के लिए आंगनवाड़ी केंद्र में एक एकीकृत प्रौद्योगिकी समाधान रखना।

iii. बच्चों के लिए सीखने को अधिक इंटरैक्टिव, प्रभावी और दिलचस्प बनाने के लिए पाठ्यक्रम में शामिल किए गए पहचाने गए कठिन स्थानों पर उपयुक्त डिजिटल सामग्री का विकास।

iv. एलसीटी, शिक्षाशास्त्र और सामग्री एकीकरण, मल्टीमीडिया सामग्री के वितरण का उपयोग करने पर आंगनवाड़ी शिक्षकों की क्षमता निर्माण।

**प्रमुख हितधारकः** गेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (गिरिडीह, झारखंड में 20 आंगनवाड़ी केंद्रों में परियोजना के प्राथमिक लाभार्थी), आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के माता–पिता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (गिरिडीह), आंगनवाड़ी केंद्रों में भाग लेने वाले बच्चे।

**परियोजना का प्रभावः** बच्चों के प्रारंभिक बचपन के सीखने के स्तर में सुधार और सामग्री वितरण के मामले में शिक्षकों की क्षमता निर्माण के साथ–साथ आंगनवाड़ी केंद्रों में उनका प्रतिधारण।

**परियोजना का परिणामः**

i. बच्चों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे तक एक्सेस।

ii. आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य सुविधाओं तक बेहतर एक्सेस।

iii. आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ी।

iv. बच्चों का समग्र विकास बढ़ा।

### परियोजना 18: गेल हरितः दिल्ली के शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए स्थायी हरित आवरण की स्थापना के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्यः** दिल्ली/एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर वनीकरण और उद्यानों के माध्यम से स्थायी हरित आवरण स्थापित करना।

**प्रमुख हितधारकः** गेल, कार्यान्वयन एजेंसी, लाभार्थी – स्थानीय समुदाय।

**परियोजना का परिणामः** दिल्ली/एनसीआर के शहरी क्षेत्रों में पौधों के आवरण में वृद्धि और समुदाय के सदस्यों के बीच वनीकरण के महत्व पर जागरूकता में वृद्धि।

**परियोजना का आउटपुट और परिणामः**

i. दिल्ली/एनसीआर के शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाना।

ii. वृक्षारोपण स्थल पर मिट्टी का संरक्षण।

iii. स्थानीय समुदाय के लिए मनोरंजक लाभ।

### परियोजना 19: उत्तर प्रदेश के वाराणसी में नगर निगम के लिए स्टील कूड़ादान की आपूर्ति और स्थापना के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्यः** वाराणसी के लोगों के लिए बेहतर स्वच्छता और अपशिष्ट निपटान सुविधाओं तक बेहतर एक्सेस।

**प्रमुख हितधारकः** गेल, कार्यान्वयन एजेंसी, वाराणसी नगर कॉर्पोरेशन के प्रतिनिधि और लाभार्थी (कूड़ादान का उपयोग करने वाले समुदाय के सदस्य)।

**परियोजना का प्रभावः** स्टील के कूड़ेदानों के प्रावधान के माध्यम से समग्र स्वच्छता में सुधार।

**परियोजना का परिणामः**

i. कूड़ेदानों के नियमित उपयोग से वाराणसी में कचरा संग्रहण प्रक्रिया में सुधार हुआ है।

ii. आबादी के बीच अपशिष्ट निपटान और पृथक्करण के महत्व के बारे में जागरूकता में सुधार हुआ।

iii. वाराणसी शहर भर में स्वच्छता और साफ–सफाई में सुधार।

### परियोजना 20: उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जिला प्रशासन को 5000 धातु ट्री गार्ड के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्यः** वाराणसी में जिला प्रशासन को 5000 धातु ट्री गार्ड प्रदान करना।

**प्रमुख हितधारकः** गेल, कार्यान्वयन एजेंसी, जिला प्रशासन।

**परियोजना का प्रभावः** पेड़ों/पौधों की कटाई में कमी और पौधों की वृद्धि में सुधार।

**परियोजना का परिणामः**

i. हरित आवरण/पौधों और पेड़ों की सुरक्षा में सुधार।

ii. पेड़ों की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

iii. हवा की गुणवत्ता में सुधार।

iv. मृदा अपरदन में कमी।

### परियोजना 21: आंध्र प्रदेश में सीएसआर के तहत विकास कार्यों के लिए सहायताः आरओ जल संयंत्रों की आपूर्ति और निर्माण

**परियोजना का उद्देश्यः** आंध्र प्रदेश के चिन्हित स्थानों में जल शुद्धिकरण संयंत्र स्थापित करना और पंचायत स्थानों पर स्कूली बच्चों और आम जनता को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना।

**प्रमुख हितधारकः** गेल, स्कूल में लाभार्थी (स्कूल में छात्र प्राथमिक लाभार्थी हैं), स्कूल में शिक्षक और अन्य कर्मचारी, लक्षित गांवों में समुदाय के सदस्य (प्राथमिक लाभार्थी), कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभावः** छात्रों और समुदाय के सदस्यों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच में वृद्धि।

**परियोजना का परिणामः**

i. स्वच्छ पेयजल तक पहुंच में सुधार।

ii. छात्रों के स्वास्थ्य में सुधार।

iii. विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति में वृद्धि।

iv. सकारात्मक सामुदायिक धारणा।

### परियोजना 22: औरैया, उत्तर प्रदेश में हैंडपंपों की स्थापना के लिए सहायता

**परियोजना का उद्देश्यः** औरैया में ग्रामीण समुदायों में पीने के पानी की उपलब्धता में सुधार करना।

**प्रमुख हितधारकः** गेल, औरैया जिले के लाभार्थी, कार्यान्वयन एजेंसी।

**परियोजना का प्रभावः** हैंडपंपों के प्रावधान के माध्यम से पानी की उपलब्धता (पीने के उद्देश्य, अन्य उद्देश्य) में वृद्धि।

**परियोजना का परिणामः**

i. औरैया में स्वच्छ पेयजल सुविधाओं की पहुंच में वृद्धि और सुधार।

ii. पानी लाने में लगने वाले समय में कमी, जिसका उपयोग समुदाय के सदस्य अन्य उत्पादक गति.विधियों में कर सकते हैं, जिससे उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

iii. ग्रामीण समुदायों में वॉश की स्थिति में सुधार।

**अनुलग्नक–च**

## कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) के अनुसार ऊर्जा, प्रौद्योगिकी अपनाने और विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय का संरक्षण

### क. ऊर्जा का संरक्षण

**I. ऊर्जा के संरक्षण पर उठाए गए कदम या प्रभाव**

एक स्थायी संगठन बनने की आकांक्षा रखते हुए, गेल लगातार ऊर्जा–दक्ष प्रथाओं को अपना रहा है और आईएसओ–50001: ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के दायरे में उत्कृष्ट प्रौद्योगिकियों को लागू कर रहा है, जो ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देश भर में हमारे प्रतिष्ठानों में निम्नलिखित प्रमुख ऊर्जा संरक्षण पहल की गई हैं।

**क. विजयपुर में डीएम वॉटर ट्रांसफर पंप में वेरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव (वीएफडी) की स्थापनाः**

फरवरी 2023 में मोटर गति को विनियमित और नियंत्रित करने के लिए डीएम वॉटर ट्रांसफर पंप मोटर (रेटिंग–75 कि.वाट) में वीएफडी स्थापित और चालू किया गया है। अनुमान है कि इससे प्रति वर्ष लगभग 1,65,000 यूनिट बिजली खपत की बचत होगी।

**ख. विजयपुर में सी2सी3 यूनिट में स्टीम ट्रैप का सुधारः**

सी2सी3 यूनिट में स्थापित स्टीम नेटवर्क की व्यापक लेखापरीक्षा की गई और उनकी प्रचालन स्थिति, अनुप्रयोग और स्थान के अलावा स्टीम ट्रैप का एक विस्तृत डेटाबेस तैयार किया गया। जहां भी आवश्यकता हुई, नए ट्रैप लगाने के साथ–साथ सभी खराब स्टीम ट्रैप को बदल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप लगभग 9.5 टन प्रति घंटा (टीपीएच) भाप की बचत हुई। ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस की अनुमानित बचत लगभग 4.18 एमएमएससीएम प्रति वर्ष है।

**ग. कंप्रेसर स्टेशनों पर ग्रिड बिजली आपूर्ति की शुरूआतः**

कैलारस कंप्रेसर स्टेशन जुलाई 2022 से जीईजी पावर से ग्रिड पावर में स्थानांतरित हो गया है। इसके परिणामस्वरूप लगभग विद्युत ऊर्जा की बचत हुई है। इसके परिणामस्वरूप ग्रिड आपूर्ति के बाद विद्युत भार अनुकूलन के कारण प्रति वर्ष लगभग 9,51,200 किलोवाट विद्युत ऊर्जा की बचत हुई है क्योंकि स्थिर जीईजी प्रचालन के लिए आवश्यक गैर–जरूरी विद्युत लोड बंद कर दिया गया है।

**घ. एलपीजी यूनिट विजयपुर में पीआरडीएस प्रणाली और एचवीएसी प्रणाली से कंडेंसेट वॉटर की रिकवरीः**

कंडेनसेट वॉटर के उपयोग के लिए सी2सी3 यूनिट के सस्पेक्ट कंडेनसेट हेडर को एलपीजी यूनिट में पीआरडीएस प्रणाली और एचवीएसी प्रणाली के कंडेनसेट हेडर को जोड़ने के लिए आंतरिक संशोधन किए गए थे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य अपशिष्ट–जल उपचार संयंत्रों पर अपशिष्ट भार को कम करते हुए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना और लगभग 2,32,000 मी$^3$ प्रति वर्ष ताजे पानी की खपत को बचाना था।

**ड़. आधुनिक एवं नई पीढ़ी के ऊर्जा दक्ष उपकरणों की स्थापनाः**

गेल साइटों पर, विश्वसनीयता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए पुराने और कम ऊर्जा कुशल उपकरणों को आधुनिक और नई पीढ़ी के ऊर्जा दक्ष उपकरणों से बदलने का निरंतर अभियान चल रहा है। इस दिशा में की गई कुछ प्रमुख पहलों का उल्लेख नीचे दिया गया है:

- खेड़ा कंप्रेसर स्टेशन पर जीटीसी के जीएसी (कूलर के बाद गैस) फैन मोटर का स्वचालित संचालन, पंखों को शुरू करने और रोकने के लिए विनियमन पैरामीटर के रूप में तापमान का उपयोग करके पीएलसी लॉजिक नियंत्रण लागू करना है। महत्वपूर्ण विद्युत ऊर्जा बचत का अनुमान है क्योंकि प्रक्रिया की आवश्यकता के अनुसार रात में और सर्दियों के दौरान केवल 02 जीएसी पंखों की आवश्यकता होती है/चलाए जाते हैं जबकि संशोधन से पहले 05 जीएसी पंखे चलाए जाते थे। वित्त वर्ष 2022–23 में अनुमानित ऊर्जा बचत लगभग 3,88,952 कि.वॉट घंटा है।
- वाघोडिया में ऊर्जा दक्ष मोटरें इन सर्विस वॉटर पंप, कूलर के बाद गैस, एचआरएसजी और सीडब्ल्यूपी स्थापित किए गए। अनुमानित बचत लगभग 1,44,000 कि.वाट प्रति वर्ष है।
- गेल के विभिन्न प्रतिष्ठानों में ऊर्जा दक्ष एलईडी फिटिंग और प्रकाश व्यवस्था के साथ पारंपरिक एचपीएमवी/एचपीएसवी लैंप और अन्य प्रकाश प्रणालियों की रेट्रोफिटिंग/प्रतिस्थापन। अनुमानित बचत लगभग 4,01,215 कि.वाट प्रति वर्ष है।
- विद्युत फैक्टर में सुधार के लिए गेल भवन मुंबई में 200 केवीएआर कैपेसिटर बैंक स्थापित और चालू किया गया तथा यह ऊर्जा खपत को कम करने में भी योगदान देगा।
- गेल के विभिन्न प्रतिष्ठानों में पुराने और ऊर्जा दक्ष एसी प्रणाली को ऊर्जा कुशल स्टार रेटेड एसी सिस्टम से बदलना। इससे विद्युत ऊर्जा की खपत में भी सुधार होगा।
- वित्त वर्ष 2022–23 में गेल, पाता में 2815 एचपीएमवी/फ्लोरोसेंट लाइट फिटिंग को एलईडी फिक्स्चर से बदला गया, जिसके परिणामस्वरूप 10,95,218 किलोवाट की ऊर्जा बचत हुई।

**च. गेल, पाता में विद्युत संयंत्र में यूटिलिटी बॉयलर के इकोनॉमाइजर ब्लॉक का प्रतिस्थापन**

विद्युत संयंत्र–2 में इकोनॉमाइजर ब्लॉक को बेहतर डिजाइन के इकोनॉमाइजर ब्लॉक से बदला गया। कुल 204 कॉइल्स और 400 वर्गमीटर इन्सुलेशन को बदला गया। नई व्यवस्था से प्रति वर्ष लगभग 4300 एमएमकेसीएएल ईंधन ऊर्जा की बचत होने की उम्मीद है।

**छ. गेल, पाता में गैस क्रैकर यूनिट (जीसीयू) और विद्युत संयंत्र के लिए एलपी स्टीम हेडर एकीकरण**

यह एकीकरण जीसीयू–2 में स्टीम लेट डाउन (वीएचपी से एलपी) के दौरान खोई हुई ऊर्जा को बचाने में सक्षम होगा। इसमें वार्षिक आधार पर ~4000 एमएमकेसीएएल थर्मल (ईंधन) ऊर्जा बचाने की क्षमता है।

**ज. गेल, पाता में स्टीम ट्रैप जीविका प्रबंधन कार्यक्रम**

पाता पेट्रोकेमिकल परिसर में दोषपूर्ण स्टीम ट्रैप की मरम्मत/प्रतिस्थापन के माध्यम से वाष्प हानि में कमी बड़े पैमाने पर की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 650 दोषपूर्ण वाष्प ट्रेप को ठीक किया गया, जिससे 46,270 एमएमकेसीएएल की थर्मल ऊर्जा बचत में योगदान हुआ है।

**झ.** पीसी–। और पीसी–।। स्टीम नेटवर्क के बीच वीएचपी स्टीम हेडर इंटरकनेक्शन के परिणामस्वरूप बॉयलर यूनिटों का संचालन अनुकूलित हुआ है तथा इसके परिणामस्वरूप परिचालन दक्षता और लचीलेपन में सुधार हुआ है।

ञ. नगों का जीसीयू–1 में 02 भट्टियों के इन्सुलेशन सुधार की स्थापना के परिणामस्वरूप दक्षता में सुधार हुआ है और वार्षिक आधार पर ताप हानि में 2227 एमएमकेसीएएल की कमी आई है।

ट. जीसीयू–1 में एथिलीन टावर कंडेनसर, इसके रिफ्लक्स ड्रम और डी इथेनाइजर फीड हीटर आदि के लिए कोल्ड इंसुलेशन और क्लैडिंग प्रतिस्थापन कार्य पूरा किया गया।

## II. ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग के लिए कंपनी द्वारा उठाए गए कदमः

क. सीजीडी नेटवर्क में प्राकृतिक गैस में हरित हाइड्रोजन सम्मिश्रणः

राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप, एजीएल, इंदौर के नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क में हरित हाइड्रोजन मिश्रण 2% से बढ़कर 5% हो गया। एनजी में हाइड्रोजन सम्मिश्रण के विभिन्न स्तरों के कारण सीजीडी/एनजी पाइपलाइन नेटवर्क पर प्रभाव का अध्ययन भी एसएमई सलाहकार के माध्यम से किया जा रहा है।

ख. सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना और कमीशनिंगः

प्रतिष्ठानों का सोलराइजेशन सौर क्षमता का दोहन करने का एक सतत प्रयास है और इस मोर्चे पर गेल के विभिन्न स्थानों पर 1545 किलोवाट ग्रिड से जुड़े और ऑफ–ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित और चालू किए गए हैंः

- गेल के विभिन्न प्रतिष्ठानों में पुराने और ऊर्जा दक्ष एसी प्रणाली को ऊर्जा कुशल स्टार रेटेड एसी सिस्टम से बदलना। इससे विद्युत ऊर्जा की खपत में भी सुधार होगा।
- **गांधारः** 267 किलोवाट ग्रिड से जुड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र
- **मुंबई क्षेत्रः** 64 केडब्ल्यूपी ग्रिड से जुड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र
- **वाघोडियाः** 190 केडब्ल्यूपी ग्रिड से जुड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र
- **दिबियापुर क्षेत्रः** 182 केडब्ल्यूपी ग्रिड से जुड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र
- **खेड़ाः** 20 केडब्ल्यूपी ऑफ–ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र
- **कोच्चिः** 10 केडब्ल्यूपी ग्रिड से जुड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र
- **वडोदराः** 209 केडब्ल्यूपी ग्रिड से जुड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र
- **पाताः** 500 केडब्ल्यूपी ग्रिड से जुड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र

ग. पवन ऊर्जा उत्पादन क्रेडिटः निम्नलिखित स्थानों के लिए गेटको नेटवर्क के माध्यम से गुजरात में स्थापित पवन ऊर्जा संयंत्रों द्वारा उत्पन्न पवन ऊर्जा के संचालन के लिए पवन ऊर्जा उत्पादन क्रेडिट का लाभ उठाया गया है।

- हजीरा
- गंधार
- वाघोडिया
- समाखियाली
- कांडला

घ. गेल राजमंड्री में 125 केवीए डीजल जेनरेटर को 125 केवीए गैस इंजन जेनरेटर से बदलना।

## III. ऊर्जा संरक्षण उपकरणों पर पूंजी निवेश

निम्नलिखित विवरण के अनुसार ऊर्जा संरक्षण उपकरणों पर पूंजी निवेश लगभग ₹~27 करोड है।

| परियोजना का संक्षिप्त विवरण | पूंजी निवेश (₹ लाख में) |
|---|---|
| विभिन्न गेल प्रतिष्ठानों में रूफ टॉप सौर ऊर्जा प्रणालियाँ | |
| गेल, पाता में पावर प्लांट–।। में यूटिलिटी बॉयलर के इकोनॉमाइजर ब्लॉक का प्रतिस्थापन | 669 |
| एचपीएमवी/फ्लोरेसेंट लाइट फिटिंग को एलईडी फिक्स्चर से बदलना, गेल पाता | 200 |
| कम वाट क्षमता वाली ऊर्जा कुशल एलईडी फिटिंग के साथ पारंपरिक एचपीएमवी/एचपीएसवी लैंप और अन्य प्रकाश प्रणालियों की रेट्रोफिटिंग/प्रतिस्थापन | 194 |
| गेल पाता में रूफ टॉप सोलर (500 किलोवाट) | 180 |
| सी2सी3 यूनिट क्षेत्र में स्टीम ट्रैप का सुधार | 106 |
| गेल, पाता में स्टीम ट्रैप जीविका प्रबंधन कार्यक्रम | 95 |
| पुराने एवं अप्रचलित उपकरणों को ऊर्जा दक्ष उपकरणों से बदलना | 25 |
| डीएम जल अंतरण पंप मोटर में वीएफडी की स्थापना | 11 |
| **कुल** | **2707** |

## ख. प्रौद्योगिकी समावेशन

**I. प्रौद्योगिकी समावेशन की दिशा में किए गए प्रयासः**

गेल ने अपनी बरौनी गुवाहाटी पाइपलाइन परियोजना के लिए नदी तल के नीचे पाइपलाइन बिछाने के लिए माइक्रो–टनलिंग ट्रेंचलेस टेक्नोलॉजी (एमटीटी) को अपनाया है, जहां क्षैतिज दिशा ड्रिलिंग (एचडीडी) के निष्पादन में कठिनाई थी।

गेल की नीति समय–समय पर स्थापित उपकरणों/यंत्रों की तकनीक के पुराना होने की समीक्षा करने और उन्हें नवीनतम अत्याधुनिक, विश्वसनीय और सुरक्षित प्रणालियों के साथ अपग्रेड करने की है। गेल की विभिन्न यूनिटों में नीचे उल्लेख किए गए अनुसार ऐसे कई उन्नयन किए गए हैंः

क. एलपीजी यूनिट विजयपुर में ओटी नेटवर्क के डीसीएस सिस्टम के लिए अंतिम बिंदु सुरक्षा (ईपीएस) प्रणाली का पहली बार कार्यान्वयन, जो बाहरी साइबर हमलों से डीसीएस नेटवर्क की साइबर सुरक्षा में सुधार करता है और विश्वसनीयता में भी सुधार करता है।

ख. सीपीसीबी/एमपीसीबी सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए विजयपुर में एलईएफ–1 और 2, पीआरयू–1 एवं 2, आरजी हीटर 1 एवं 2, एलपीजी और सी2सी3 यूनिटों के पैकेज बॉयलर स्टैक में ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (ओसीईएमएस) स्थापित की गई है।

ग. विजयपुर में सी2सी3 रिकवरी यूनिट में स्थापित सीमेंस गैस टरबाइन एसजीटी700 यूनिटों के लिए सीमेंस पीसीएस7 प्रणाली को नवीनतम प्लेटफॉर्म पर अपग्रेड करना, जो साइबर सुरक्षा में सुधार करता है।

घ. एनसीआर क्षेत्र के अंतर्गत 02 नॉन–पिगेबल पाइपलाइन खंडों का बड़े–स्टैंडऑफ गैर–संपर्क मैग.नेटोमेट्री विधि का उपयोग करके निरीक्षण किया गया और लगभग 90ः आत्मविश्वास स्तर हासिल किया गया।

ड. प्रत्येक स्टेशन पर बिजली की खपत की दूरस्थ निगरानी के लिए स्काडा के साथ वीएपीएल टर्मि.नलों पर विद्युत मीटरों का एकीकरण।

च. डीवीपीएल–एचआरएसजी के समीप विजयपुर के एचवीजे कंप्रेशर स्टेशन में रियलटाइम एम्बिएंट नोएज़ मॉनिटरिंग प्रणाली की स्थापना।

छ. गेल, पाता में संक्षारक सेवा पाइपलाइनों और पोतों में स्वचालित अल्ट्रासोनिक मोटाई माप तकनीक का उपयोग।

ज. गेल, पाता में सभी छह कच्चे जल जलाशयों का ऑनलाइन बाथमीट्रिक सर्वेक्षण (पानी के नीचे गाद स्तर का पता लगाने के लिए)।

झ. विद्युत सुरक्षा प्रणाली के दोष संवेदन तंत्र का डिजिटलीकरणः संख्यात्मक रिले के साथ इलेक्ट्रोमैकेनिकल रिले को बदलना।

ञ. बेहतर सुरक्षा के लिए 6.6केवी एसएफ6 सर्किट ब्रेकरों को वैक्यूम सर्किट ब्रेकरों से बदलना।

ट. एसटीजी में तेज और सटीक वोल्टेज नियंत्रण के लिए डिजिटल स्वचालित वोल्टेज नियामक के साथ स्वचालित वोल्टेज रेगुलेटर यूनिट का प्रतिस्थापन।

ठ बॉयलर इग्निटर सिस्टम का उन्नयन

ड. संयंत्र की विभिन्न यूनिटों में पीएलसी और फ्रंटएंड उन्नयन।

**III. उत्पाद सुधार, लागत में कमी, उत्पाद विकास या आयात प्रतिस्थापन जैसे लाभ प्राप्तः**

विभिन्न गेल यूनिटों द्वारा प्रौद्योगिकी परिनियोजन/तकनीकी उन्नयन के माध्यम से विभिन्न लाभ प्राप्त किए गए हैं जैसेः

- पहाड़ी इलाकों में नदी के पार सफलतापूर्वक पाइपलाइन बिछाना, जहां पत्थरों की मौजूदगी एचडीडी निष्पादन को बहुत कठिन बना देती है।
- जलवायु परिवर्तन के मुद्दों और डीकार्बोनाइजेशन का समाधान करना।
- बेहतर सिस्टम विश्वसनीयता
- उन्नत प्रक्रिया सुरक्षा और संरक्षा तैयारी
- आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान
- बेहतर विनियामक अनुपालन

**III. आयातित प्रौद्योगिकी (वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पिछले तीन वर्षों के दौरान आयातित) के मामले में, निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत दी जाएः**

लागू नहीं।

**IV. अनुसंधान एवं विकास/नवाचार पहल पर व्यय**

गेल विभिन्न अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोगात्मक तरीके से अनुसंधान कार्यों को आगे बढ़ाने और विभिन्न गेल सुविधाओं पर नवीन विकासात्मक परियोजनाओं को लागू करने के लिए अनुसंधान एवं विकास/नवाचार पहल के लिए पर्याप्त बजट आबंटित करता है।

इस वर्ष गेल ने अनुसंधान एवं विकास/नवाचार पहल के तहत ₹ 180.62 करोड़ खर्च किए हैं।

## ग. विदेशी मुद्रा आय और मुद्रा व्यय

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, विदेशी मुद्रा प्रवाह ₹ 28,136.38 करोड़ और विदेशी मुद्रा बर्हिप्रवाह ₹ 69,228.61 करोड़ था।



गेल, विजयपुर में ताजे पानी का जलाशय

**अनुलग्नक–छ**

## प्रपत्र सं. एओसी–2

(अधिनियम की धारा 134 की उप–धारा (3) के खंड (ज) और कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(2) के अनुसरण में),

**कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उप–धारा (1) में संदर्भित उसके तीसरे प्रावधान के अंतर्गत कुछ नजदीकी लेनदेनों सहित संबंधित पक्षों के साथ कंपनी द्वारा किए गए अनुबंधों/व्यवस्थाओं के विवरण के प्रकटन के लिए प्रपत्र**

**1. ऐसे अनुबंध या व्यवस्था या लेनदेनों का विवरण जो स्वतंत्र नहीं हैं –**

गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान सबंधित पक्षों, जो स्वतंत्र नहीं हैं, के साथ कोई अनुबंध या व्यवस्था या लेनदेन नहीं किया है।

**2. स्वतंत्र आधार पर सामग्री अनुबंधों या व्यवस्थाओं या लेनदेनों का विवरण**

क. संबंधित पक्ष का नाम और संबंध का प्रकार – पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल) जो गेल (इंडिया) लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम है।

ख अनुबंधों/व्यवस्थाओं/लेनदेनों का प्रकार – रिगैसिफाइड तरलीकृत प्राकृतिक गैस (आरएलएनजी) की खरीद और एलएनजी गैसीकरण टर्मिनल(लों) की रिगैसिफिकेशन सुविधाओं का उपयोग

ग. अनुबंधों/व्यवस्थाओं/लेनदेनों की अवधि – दिनांक 26.09.2003, 31.03.2010 (15.12.2017 को संशोधित) का रिगैसीकरण बिक्री क्रय करार तथा दिनांक 06.09.2012 का गैस क्रय करार, जो चल रहा है।

घ. मूल्य, यदि कोई हो, सहित अनुबंधों या व्यवस्थाओं या लेनदेनों की विशेष शर्तें – पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड द्वारा रिगैसिफिकेशन सुविधाएं, आरएलएनजी की आपूर्ति (दीर्घकालीन और तत्काल) प्रदान की जानी थी। पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के साथ लेनदेन वित्तीय वर्ष 2022–23 में लगभग ₹ 35,304.57 करोड़ था।

ङ. निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन, यदि कोई हो, की तारीख – लागू नहीं, क्योंकि अनुबंध कारोबार की सामान्य प्रक्रिया में और स्वतंत्र था।

च. अग्रिमों के तौर पर अदा की गई राशि, यदि कोई हो – शून्य

बोर्ड के लिए और उनकी ओर से

हस्ता./–

**संदीप कुमार गुप्ता**

**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

**(डीआईएनः 07570165)**



गेल, पाता पेट्रोकेमिकल संयंत्र

# व्यवसाय उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट



# व्यवसाय उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट (बीआरएसआर) वित्त वर्ष 2022–23

## भाग कः सामान्य प्रकटीकरण

### I. सूचीबद्ध कंपनी का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सूचीबद्ध कम्पनी की कार्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन): | L40200DL1984GOI018976 |
| 2. | सूचीबद्ध कम्पनी का नामः | गेल (इंडिया) लिमिटेड |
| 3. | निगमन का वर्षः | 16/08/1984 |
| 4. | पंजीकृत कार्यालय पता | 16, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली–110066 |
| 5. | कॉरपोरेट पताः | 16, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली–110066 |
| 6. | ई–मेल पता | shareholders@gail.co.in |
| 7. | दूरभाष नम्बर | +91 1126182955 |
| 8. | वेबसाइट | https://gailonline.com |
| 9. | वित्तीय वर्ष जिसके लिए रिपोर्टिंग की जा रही हैः | 2022-23 |
| 10. | स्टॉक एक्सचेंज का नाम जहां शेयर सूचीबद्ध हैंः | एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध इक्विटी शेयर। जीडीआर एलएसई में सूचीबद्ध हैं |
| 11. | प्रदत्त पूंजीः | भारतीय रुपए 6575.10 करोड |
| 12. | उस व्यक्ति का नाम और संपर्क विवरण (टेलीफोन, ईमेल पता) जिससे बीआरएसआर रिपोर्ट पर किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क किया जा सकता हैः | |
| | डीआईएन संख्या | 07570165 |
| | नाम | संदीप कुमार गुप्ता |
| | पदनाम | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |
| | टेलीफोन नंबर | 011–26102077 |
| | ईमेल आईडीः | cmd@gail.co.in |
| 13. | रिपोर्टिंग सीमा – क्या इस रिपोर्ट के तहत प्रकटीकरण पृथक आधार पर (अर्थात, केवल कंपनी के लिए) या समेकित आधार पर (अर्थात, कंपनी और सभी संस्थाओं के लिए जो एक साथ समेकित वित्तीय विवरण का हिस्सा बनाते हैं) | पृथक |

### II. उत्पाद/सेवाएं

**14. व्यावसायिक गतिविधियों का विवरण (कारोबार के 90% का लेखांकन):**

| क्र. सं. | मुख्य गतिविधि का विवरण | व्यावसायिक गतिविधि का विवरण | कंपनी के कारोबार का % |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राकृतिक गैस विपणन | प्राकृतिक गैस, जैव ईंधन का विपणन | 87% |
| 2 | प्राकृतिक गैस और एलपीजी ट्रांसमिशन | पाइपलाइन के जरिए प्राकृतिक गैस और एलपीजी का ट्रांसमिशन | 5% |
| 3 | पेट्रोरसायन | पॉलीथीन और पॉलीप्रोपाइलीन का उत्पादन और विपणन | 3% |
| 4 | अन्य तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादन | एलपीजी, प्रोपेन, पेंटेन, नेफ्था आदि का उत्पादन और विपणन | 3% |
| 5 | नवीकरणीय ऊर्जा | बिजली (पवन और सौर ऊर्जा) का उत्पादन तथा विद्युत क्रय करार के माध्यम से बिक्री | * |

*बिजली सेवा और अन्य उत्पाद/सेवाएं कुल कारोबार में 2% का योगदान करती हैं।

**15. कंपनी द्वारा बेचे गए उत्पाद/सेवाएं (कंपनी के कारोबार के 90% के लिए लेखांकन)**

| क्र. सं. | उत्पाद/सेवा | एनआईसी कोड | कुल कारोबार का % योगदान |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस, तरल और गैसीय ईंधन और संबंधित उत्पाद – कच्चा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस (एनजी ट्रेडिंग) | 99611912 | 87% |
| 2 | प्राथमिक रूप में प्लास्टिक (पेटकेम) | 99611715 | 3% |
| 3 | प्राकृतिक गैस (एनजी ट्रांसमिशन) का पाइपलाइन के माध्यम से परिवहन<br>अन्य वस्तुओं की पाइपलाइन के माध्यम से परिवहन सेवाएं जो अन्यत्र वर्गीकृत नहीं हैं (एन.ई.सी.) (एलपीजी ट्रांसमिशन) | 99651312 | 5% |
| 4 | ठोस, तरल और गैसीय ईंधन और संबंधित उत्पाद एन.ई.सी. – तरल हाइड्रोकार्बन (एलएचसी) | 99611919 | 3% |
| 5 | बिजली (पवन और सौर ऊर्जा) | 99611970 | * |

* बिजली सेवा और अन्य उत्पाद/सेवाएं कुल कारोबार में 2% का योगदान करती हैं।

### III. संचालन

**16. उन स्थानों की संख्या जहां कंपनी के संयंत्र और/या संचालन/कार्यालय स्थित हैं:**

| स्थान | संयंत्रों की संख्या | कार्यालयों की संख्या | कुल |
|---|---|---|---|
| **राष्ट्रीय** | 5 गैस प्रोसेसिंग संयंत्र,<br>1 पेट्रोकेमिकल संयंत्र,<br>9 एलपीजी पंपिंग/प्रेषण टर्मिनल,<br>8 प्राकृतिक गैस कंप्रेसर स्टेशन | 13 अंचल विपणन कार्यालय<br>13 पाइपलाइन प्रधान कार्यालय<br>2 प्रशिक्षण संस्थान | 51 |
| **अंतर्राष्ट्रीय** | 0 | 04 | 04 |

**17. बाज़ार, जहां कंपनी द्वारा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं:**

**क. स्थानों की संख्या**

| स्थान | संख्या |
|---|---|
| **राष्ट्रीय**<br>**(राज्यों की संख्या)** | **22 राज्य:** उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, असम, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, बिहार, पंजाब, गोवा<br>**04 केंद्र शासित प्रदेश:** दिल्ली, चंडीगढ़, पुडुचेरी, दादरा नगर हवेली |
| **अंतर्राष्ट्रीय**<br>**(देशों की संख्या)** | चार:<br>1. सिंगापुर: गेल ग्लोबल (सिंगापुर) प्रा. लिमिटेड<br>2. अमेरिका: गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक. और गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी<br>3. रूस: एलएलसी भारत एनर्जी कार्यालय, मास्को<br>4. म्यांमार: गेल कार्यालय |

**ख. कंपनी के कुल कारोबार के प्रतिशत के रूप में निर्यात का कितना योगदान है?**

कंपनी के कुल कारोबार के प्रतिशत के रूप में निर्यात का कुल योगदान 0% है।

**ग. ग्राहकों के प्रकारों का संक्षिप्त विवरण दें:**

प्राकृतिक गैस खंड में, गेल के सबसे प्रमुख ग्राहक हैं:

- **उर्वरक क्षेत्र:** प्राकृतिक गैस का प्रमुख उपभोक्ता उर्वरक क्षेत्र है, जो हमारे गैस वितरण का 38% हिस्सा है।
- **विद्युत क्षेत्र:** गेल गैस आधारित बिजली संयंत्रों द्वारा खपत की जाने वाली 10% से अधिक गैस की आपूर्ति करता है।
- **सीजीडी क्षेत्र:** गेल सीएनजी (टी) और पीएनजी (डी) खंड में गैस की आपूर्ति के लिए नगर गैस वितरण कंपनियों को 25% गैस की आपूर्ति करता है।
- **अन्य:** इसमें इस्पात, रिफाइनरी, स्पंज आयरन, पेट्रोरसायन, गेल की आंतरिक खपत शामिल है, जो हमारे गैस वितरण का 15% है।
- **विदेशों में:** गेल विदेशों में 12% प्राकृतिक गैस की बिक्री करता है।

प्राकृतिक गैस परिवहन: देश में विद्युत, उर्वरक, सीजीडी और अन्य विभिन्न उद्योगों की मौजूदा/भावी प्राकृतिक गैस की मांग को पूरा करने के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन अवसंरचना विभिन्न गैस स्रोतों को विभिन्न गैस बाजारों से जोड़ती है।

गेल कई क्षेत्रों में फैले औद्योगिक ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एलएलडीपीई और एचडीपीई की वार्षिक आपूर्ति करता है।

तरल हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में हमारे प्रमुख ग्राहक विभिन्न उद्योग, घरेलू, वाणिज्यिक और ऑटो क्षेत्र से हैं।

### IV. कर्मचारी

**18. वित्तीय वर्ष के अंत में विवरण:**

**क. कर्मचारी और कामगार (दिव्यांगों सहित)*:**

| क्र.सं. | विवरण | कुल (क) | पुरुष | | महिला | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या (ख) | % (ख/क) | संख्या (ग) | % (ग/क) |
| | | | **कर्मचारी** | | | |
| 1. | स्थायी (घ) | 4000 | 3722 | 93.05 | 278 | 6.95 |
| 2. | स्थायी के अलावा (ड.) | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 3. | कुल कर्मचारी (घ + ड.) | 4000 | 3722 | 93.05 | 278 | 6.95 |
| | | | **कामगार** | | | |
| 4. | स्थायी (च) | 823 | 789 | 95.87 | 34 | 4.13 |
| 5. | स्थायी के अलावा (छ) | 17501 | 17030 | 97.31 | 471 | 2.69 |
| 6. | कुल कामगार (च + छ) | 18324 | 17819 | 97.24 | 505 | 2.76 |

***बोर्ड सदस्य (पूर्णकालिक), सीवीओ और स्थायी कर्मचारी सहित: 4823**

**ख. दिव्यांग कर्मचारी और कामगारः**

| क्र. सं. | विवरण | कुल (क) | पुरुष | | महिला | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या (ख) | % (ख/क) | संख्या (ग) | % (ग/क) |
| | **दिव्यांग कर्मचारी** | | | | | |
| 1. | स्थायी (घ) | 63 | 57 | 90.48% | 6 | 9.52% |
| 2. | स्थायी के अलावा (ड.) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. | **कुल कर्मचारी (घ + ड़)** | **63** | **57** | **90.48%** | **6** | **9.52%** |
| | **दिव्यांग कामगार** | | | | | |
| 4. | स्थायी (च) | 34 | 29 | 85.29% | 5 | 14.71% |
| 5. | स्थायी के अलावा (छ) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6. | **कुल कामगार (च + छ)** | **34** | **29** | **85.29%** | **5** | **14.71%** |

**19. महिलाओं की भागीदारी/समावेशन/प्रतिनिधित्व**

| | कुल (क) | महिलाओं की संख्या और प्रतिशत | |
|---|---|---|---|
| | | संख्या (ख) | % (ख/क) |
| **निदेशक मंडल** | 12 | 1 | 8.33 |
| **प्रमुख प्रबंधन कार्मिक** | 1 (पूर्णकालिक निदेशकों को छोड़कर) | 0 | 0 |

**20. स्थायी कर्मचारियों और कर्मचारियों के लिए करोबार दर (पिछले 3 वर्षों के रुझान दर्शाएं)**

| | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्त वर्ष में कारोबार दर) | | | वित्त वर्ष 2021–22 (वर्तमान वित्त वर्ष में कारोबार दर) | | | वित्त वर्ष 2020–21 (पिछले वित्त वर्ष में कारोबार दर) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | कुल | पुरुष | महिला | कुल | पुरुष | महिला | कुल |
| **स्थायी कर्मचारी** | 4.29% | 5.39% | 4.37% | 4.82% | 3.73% | 4.75% | 2.84% | 3.77% | 2.91% |
| **स्थायी कामगार** | 2.61% | 0% | 2.55% | 2.16% | 2.74% | 2.19% | 2.43% | 2.63% | 2.44% |

कारोबार दर की गणना व्यवसाय उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग फॉर्मेट के मार्गदर्शन के अनुसार की गई है।

**V. होल्डिंग, सहायक और संबद्ध कंपनियां (संयुक्त उद्यम सहित)**

**21. (क) होल्डिंग/सहायक/ संबद्ध कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के नाम**

| क्र. सं. | होल्डिंग/सहायक/संबद्ध कंपनियों/संयुक्त उद्यमों का नाम (क) | क्या होल्डिंग/सहायक/ संबद्ध/संयुक्त उद्यम है | सूचीबद्ध कंपनी द्वारा धारित शेयरों का % | क्या कॉलम क में दर्शाई गई कंपनी सूचीबद्ध कंपनी की व्यवसाय उत्तरदायित्व पहल में भाग लेती है? (हां नहीं) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गेल गैस लिमिटेड | सहायक | 100.00 | हाँ |
| 2. | त्रिपुरा नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड | सहायक | 48.98 | हाँ |
| 3. | कोंकण एलएनजी लिमिटेड | सहायक | 93.50 | हाँ |
| 4. | गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक | सहायक | 100.00 | नहीं |
| 5. | गेल ग्लोबल (सिंगापुर)– प्रा.लि. | सहायक | 100.00 | नहीं |
| 6. | बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड | सहायक | 88.13 | नहीं |
| 7. | अवंतिका गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 49.99 | हाँ |
| 8. | भाग्यनगर गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 48.73 | नहीं |
| 9. | सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 25.00 | हाँ |
| 10. | ग्रीन गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 49.98 | नहीं |
| 11. | इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड | संबद्ध | 22.50 | हाँ |
| 12. | इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 20.00 | नहीं |
| 13. | एलएलसी भारत एनजी ऑफिस | संबद्ध | 20.00 | नहीं |
| 14. | एलएनजी जापोनिका शिपिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड | संबद्ध | 26.00 | नहीं |
| 15. | महानगर गैस लिमिटेड | संबद्ध | 32.50 | हाँ |
| 16. | महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 22.50 | हाँ |
| 17. | ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड (ओपीएएल) | संबद्ध | 49.21 | हाँ |
| 18. | ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी (ओटीपीसी) | संबद्ध | 26.00 | हाँ |
| 19. | तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 33.33 | नहीं |
| 20. | वडोदरा गैस लिमिटेड (वीजीएल) | संयुक्त उद्यम | 50.00 | नहीं |

| क्र. सं. | होल्डिंग/सहायक/संबद्ध कंपनियों/संयुक्त उद्यमों का नाम (क) | क्या होल्डिंग/सहायक/संबद्ध/संयुक्त उद्यम है | सूचीबद्ध कंपनी द्वारा धारित शेयरों का % | क्या कॉलम क में दर्शाई गई कंपनी सूचीबद्ध कंपनी की व्यवसाय उत्तरदायित्व पहल में भाग लेती है? (हां नहीं) |
|---|---|---|---|---|
| 21. | पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड | संबद्ध | 12.50 | हाँ |
| 22. | फयूम गैस कंपनी | संबद्ध | 19.00 | नहीं |
| 23. | चाइना गैस होल्डिंग लिमिटेड | संबद्ध | 2.76 | नहीं |
| 24. | तापी पाइपलाइन कंपनी | संयुक्त उद्यम | 5.00 | नहीं |
| 25. | रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड | संबद्ध | 14.72 | नहीं |
| 26. | ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) | संबद्ध | 70.00 | हाँ |

## VI. सीएसआर विवरण

22. (i) क्या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार सीएसआर लागू है: हाँ

(ii) कारोबार (₹ में): 1,43,976 करोड़ (सकल कारोबार–पृथक) (वित्त वर्ष 2022–23)

(iii) निवल संपत्ति' (₹ में): 50,859.54 करोड़ (वित्त वर्ष 2022–23)

*कंपनी अधिनियम के अनुसार

## VII. पारदर्शिता और प्रकटीकरण अनुपालन

23. राष्ट्रीय उत्तरदायी व्यवसाय आचरण दिशानिर्देशों के तहत किसी भी सिद्धांत (सिद्धांत 1 से 9) पर शिकायतें:

| हितधारक समूह जिससे शिकायत प्राप्त होती है | मौजूदा शिकायत निवारण तंत्र (हां/नहीं) (यदि हां, तो शिकायत निवारण नीति के लिए वेब–लिंक प्रदान करें) | वित्त वर्ष 2022–2023 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | वित्त वर्ष 2021–2022 पिछला वित्तीय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष के दौरान दर्ज शिकायतों की संख्या | वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या | टिप्पणियां | वर्ष के दौरान दर्ज शिकायतों की संख्या | वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या | टिप्पणियां |
| समुदाय | हाँ | 261 | 0 | इन शिकायतों को सीपीग्राम पोर्टल के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। | 243 | 0 | इन शिकायतों को सीपीग्राम पोर्टल के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। |
| निवेशक (शेयरधारकों के अलावा)<br>शेयरधारक | हाँ<br>https://www.gailonline.com/IZQuarterlyCompliances.html (CST) | 1209 | 0 | | 12 | 0 | गेल निवेशकों और शेयरधारकों के लिए संयुक्त डेटा साझा करता है। |
| कर्मचारी और श्रमिक | हाँ | 38 | 0 | 37 शिकायतें कर्मचारी संबंध विभाग द्वारा ऑनलाइन शिकायत प्रणाली में प्राप्त | 10 | 0 | |
| ग्राहक | हाँ<br>ग्राहक मूल्य प्रबंधन सर्वेक्षण, ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण | 74 | 0 | 0 | 62 | 0 | प्राप्त ग्राहक शिकायतों का टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक समाधान किया गया। |
| मूल्य श्रृंखला भागीदार | हाँ | 7 | 0 | इन शिकायतों को सीपीग्राम पोर्टल के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। | 28 | 0 | इन शिकायतों को सीपीग्राम पोर्टल के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। |
| अन्य (कृपया निर्दिष्ट करें) | हाँ | 34 | 0 | इन 34 शिकायतों को सीपीग्राम पोर्टल के माध्यम से ट्रैक किया जाता है (इस संख्या में मूल्य श्रृंखला भागीदारों और समुदायों को शामिल नहीं किया गया है) | 79 | 0 | इन 79 शिकायतों में से 76 को सीपीग्राम पोर्टल से ट्रैक किया जाता है (इस संख्या में मूल्य श्रृंखला भागीदारों और समुदायों को शामिल नहीं किया गया है) और 03 स्वतंत्र बाहरी मॉनिटर (आईईएम) से हैं। |

**24. कंपनी के सामग्री उत्तरदायी व्यवसाय आचरण मुद्दों का अवलोकन**

कृपया पर्यावरणीय और सामाजिक मामलों से संबंधित भौतिक रूप से उत्तरदायी व्यवसाय आचरण एवं स्थिरता के मुद्दों को इंगित करें जो आपके व्यवसाय के लिए जोखिम या अवसर प्रस्तुत करते हैं, इसकी पहचान करने के लिए तर्क, जोखिम को अनुकूल बनाने या कम करने के दृष्टिकोण के साथ–साथ इसके वित्तीय प्रभावों को निम्नलिखित प्रारूप में दर्शाएं:

| क्र. सं. | पहचानी गई सामग्री समस्या | बताएं कि क्या यह जोखिम है या अवसर (आर/ओ) | जोखिम/अवसर की पहचान करने का औचित्य | जोखिम के मामले में, अनुकूलन या इसे कम करने के उपाय | जोखिम या अवसर के वित्तीय प्रभाव (सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव दर्शाएं) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संसाधन अनुकूलन और परिचालन उत्कृष्टता (अपशिष्ट प्रबंधन, जल प्रबंधन, ऊर्जा प्रबंधन) | अवसर | गेल में, हम हमेशा संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए प्रयास करते हैं। हम सह–प्रोसेसिंग के लिए सीमेंट भट्ठे में ईंधन के रूप में सीमेंट उद्योग हेतु अपने उच्च कैलोरी अपशिष्ट का निपटान कर रहे हैं।<br>ऊर्जा प्रबंधन में, हम ऊर्जा लेखापरीक्षा, आईएसओ 50001 के माध्यम से अपनी अक्षय ऊर्जा खपत, ऑफसेटिंग, सुधार और अनुकूलन प्रक्रिया दक्षता का विस्तार करने के तरीकों की सक्रिय रूप से खोज कर रहे हैं। | | सकारात्मक |
| 2 | व्यवसाय विकास | अवसर | गेल वर्तमान में ~17,600 कि.मी. पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन करती है और देश में बेची जाने वाली प्राकृतिक गैस की कुल मात्रा का दो–तिहाई बाजार में बेचती है। इसके अतिरिक्त, हम अगले पांच वर्षों में एक और 4,200 कि.मी. पाइपलाइन की लंबाई जोड़ेंगे। 2030 तक प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में अपने हिस्से को 15% तक बढ़ाकर प्राकृतिक गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनना भारत की ऊर्जा कार्यनीति के लिए महत्वपूर्ण है। भारत सरकार ने 'एक राष्ट्र एक गैस ग्रिड' की स्थापना की दिशा में मल्टी बिलियन अमरीकी डालर के निवेश की योजना बनाई है, जो गैस आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस राष्ट्रव्यापी गति ने गेल को विस्तार के लिए जगह प्रदान की है। | | सकारात्मक |
| 3 | हितधारक संबंध प्रबंधन | अवसर | गेल अपने स्थानीय समुदायों, ग्राहकों और अन्य हितधारकों के साथ सीधे बातचीत करता है ताकि सबसे महत्वपूर्ण जरूरतों की पहचान की जा सके, वंचित लोगों के जीवन को समझा जा सके और उचित कार्यनीतिक समाधान प्रदान किया जा सके। गेल स्थानीय समुदायों पर अपने व्यवसाय संचालन के अनुकूल और प्रतिकूल प्रभाव को समझता है और उन्हें कम करने का प्रयास करता है। हितधारकों की भागीदारी गेल को अपने हितधारकों की उभरती जरूरतों की पहचान करने तथा सतत व्यावसायिक विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्यों की योजना बनाने में मदद करती है। | | सकारात्मक |
| 4 | नेट जीरो/ कार्बन हटाना | अवसर | गेल भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप कार्बटन हटाने की क्षमताओं को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपरोक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, कंपनी वर्तमान में विज्ञान–आधारित लक्ष्यों को शामिल करके एक नेट–जीरो कार्यनीति रूपरेखा विकसित कर रही है। | | सकारात्मक |
| 5 | मानव पूंजी प्रबंधन (कर्मचारी कल्याण, कर्मचारी जुड़ाव, विविधता और समावेश) | अवसर | गेल एक सुदृढ़ मानव पूंजी के महत्व को पहचानता है। सुदृढ़ मानव पूंजी हमें अपने निरंतर व्यापार विकास को बनाए रखने और बड़े पैमाने पर समाज के विकास में योगदान करने में मदद करती है। कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रयास करती है कि कर्मचारियों को अनुकूल कार्य वातावरण और विकास के अवसर प्रदान किए जाएं। परिणामस्वरूप, कंपनी की नौकरी छोड़ने की दर 4.06% है, जो इसके ठोस मानव पूंजी प्रबंधन का एक प्रमाण है। | | सकारात्मक |

| क्र. सं. | पहचानी गई सामग्री समस्या | बताएं कि क्या यह जोखिम है या अवसर (आर/ओ) | जोखिम/अवसर की पहचान करने का औचित्य | जोखिम के मामले में, अनुकूलन या इसे कम करने के उपाय | जोखिम या अवसर के वित्तीय प्रभाव (सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव दर्शाएं) |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | स्वास्थ्य और सुरक्षा (ग्राहक, कर्मचारी और आपूर्तिकर्ता) | जोखिम | हमारे व्यवसाय की प्रकृति के कारण हमारे कर्मचारियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारे लिए एक बड़ा जोखिम है। हालांकि, हम किसी भी स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी घटनाओं से बचने के लिए लगातार प्रयास करते हैं। | कर्मचारियों की व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य गेल का मुख्य ध्यान दिया जाने वाला क्षेत्र है। नई परिसंपत्तियों के विकास में कंपनी के निवेश का मूल्यांकन हमेशा जोखिम से जुड़े जोखिम की पहचान और जोखिम विश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। गेल में, सभी परियोजनाओं को सकारात्मक हैजोप अध्ययन और जोखिम विश्लेषण के बाद ही कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित किया जाता है। यह हमें न केवल संबद्ध जोखिम को कम करने में मदद करता है बल्कि नियमित अंतराल पर निवारक उपाय करने में भी सक्षम बनाता है। | नकारात्मक |

## खंड खः प्रबंधन और प्रक्रिया प्रकटीकरण

इस खंड का उद्देश्य व्यवसायों को एनजीआरबीसी सिद्धांतों और मूल तत्वों को अपनाने की दिशा में स्थापित संरचनाओं, नीतियों और प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने में मदद करना है।

**पी1 व्यवसाय को नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ आचरण और नियंत्रण करना चाहिए।**

**पी2 व्यवसायों को ऐसी वस्तुएं और सेवाएं प्रदान करनी चाहिए जो सुरक्षित हों और उनके पूरे जीवन चक्र में स्थिरता में योगदान दें।**

**पी3 व्यवसायों को सभी कर्मचारियों के हितों को बढ़ावा देना चाहिए।**

**पी4 व्यवसायों को सभी हितधारकों के हितों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति उत्तरदायी होना चाहिए, विशेषकर उन लोगों के प्रति जो वंचित, कमजोर और हाशिए पर हैं।**

**पी5 व्यवसायों को मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए।**

**पी6 व्यवसाय को पर्यावरण का सम्मान करना चाहिए, उसकी रक्षा करनी चाहिए और उसे पुनर्स्थापित करने के प्रयास करने चाहिए।**

**पी7 व्यवसाय, जब सार्वजनिक और नियामक नीति को प्रभावित करने में लगे हों, तो उन्हें जिम्मेदार तरीके से ऐसा करना चाहिए।**

**पी8 व्यवसायों को समावेशी विकास और समान विकास का समर्थन करना चाहिए।**

**पी9 व्यवसायों को अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं के साथ जिम्मेदार तरीके से जुड़ना चाहिए और उन्हें मूल्य प्रदान करना चाहिए।**

| प्रकटन प्रश्न | पी1 | पी2 | पी3 | पी4 | पी5 | पी6 | पी7 | पी8 | पी9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **नीति और प्रबंधन प्रक्रिया** | | | | | | | | | |
| 1.क. क्या आपकी संस्था की नीति/नीतियों में एनजीआरबीसी के प्रत्येक सिद्धांत और उसके मूल तत्व शामिल हैं। (हां/नहीं) | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां |
| ख. क्या नीति को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है? (हां/नहीं) | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां |
| ग. नीतियों का वेब लिंक, यदि उपलब्ध हो | संदर्भ क, ख | संदर्भ घ | संदर्भ च, झ | संदर्भ घ, च | संदर्भ च, झ | संदर्भ घ | संदर्भ क, घ | संदर्भ ङ, घ, झ | संदर्भ घ |
| | बाहरी हितधारकों के लिए प्रासंगिक सभी नीतियां गेल वेबसाइटः http://www.gailonline.com पर निम्नलिखित पते पर होस्ट की गई हैं।<br>क. आचार संहिता<br>1. बोर्ड के सदस्य और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक<br>https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/CodeofConductason09042019.pdf | | | | | | | | |

| प्रकटन प्रश्न | पी1 | पी2 | पी3 | पी4 | पी5 | पी6 | पी7 | पी8 | पी9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 निष्पक्ष प्रकटीकरण और आचरण संहिता – अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना के निष्पक्ष प्रकटीकरण के लिए प्रथाएं और प्रक्रियाएं https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAIL-Principles-of-Fair-Disclosures.pdf<br>3. आंतरिक व्यापार कोड द्वारा व्यापार को विनियमित करने, निगरानी करने और रिपोर्ट करने के लिए आचार संहिता – अंदरूनी व्यापार संहिता https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAIL-Insider%20Trading%20Code%20 2018-10.04.2019.pdf<br>ख. धोखाधड़ी निवारण नीति – https://gailonline.com/pdf/others/FraudPreventionPolicy.pdf<br>ग. गेल (इंडिया) लिमिटेड और टीआईआई के बीच समझौता–ज्ञापन – https://gailonline.com/pdf/others/MOU-With-TII- 23rd.July-2007.pdf<br>घ. स्थिरता विकास नीति – https://www.gailonline.com/pdf/Sustainability/Sustainability%20 Policy10-02-2020.pdf<br>ड. गेल सीएसआर नीति – https://gailonline.com/CSR_Ploicy.html<br>च. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संदर्भ में आंतरिक शिकायत समिति का गठन https://gailonline.com/pdf/others/PolicyforPreventionProhibitionAndRedressalOFSexual HarassmentOfWomenAtWorkplace25042023.pdf<br>छ. (1) गेल सामग्री सहायक नीति https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILMaterialSubsidiarypolicyFinal2021.pdf<br>(2) गेल संबंधित पार्टी लेन–देन नीति https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILRelatedPartyTransactionPolicyMarch2022.pdf<br>(3) भौतिकता और प्रकटीकरण के निर्धारण के लिए गेल नीति – https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAILPolicyforDeterminationofMaterialityand Disclosure06102022.pdf<br>ज. लाभांश वितरण नीति – . https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/GAIL%20Dividend%20Distribution%20Policy.pdf<br>झ. निदेशक मंडल की विविधता संबंधी नीति – https://gailonline.com/pdf/InvestorsZone/Policy%20on%20Diversity%20of%20Board.pdf<br>ञ. व्हिसल ब्लोअर नीति – https://gailonline.com/pdf/others/Circular_Whistle%20Blower%20Policy_12.02.2019-english.pdf | | | | | | | | |
| 2. क्या संस्था ने नीति को प्रक्रियाओं में बदला है। (हां/नहीं) | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां |
| 3. क्या सूचीबद्ध नीतियों में आपके मूल्य श्रृंखला भागीदार भी शामिल हैं? (हां/नहीं) | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां |
| 4. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कोड/प्रमाणन/ लेबल/मानकों का नाम (जैसे वन प्रबंधन परिषद, फेयरट्रेड, वर्षावन गठबंधन, ट्रस्टिया) मानकों (जैसे एसए 8000, ओएचएसएएस, आईएसओ, बीआईएस) जिसे आपकी कंपनी द्वारा अपनाया गया है और प्रत्येक सिद्धांत में शामिल किया गया है। | सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्य–कताएँ, 2015 के प्रावधान | आईएसओ 9001 | ओएचएस एएस 18001/ आईएसओ 45001 | सेबी विनियम, 2015 की अनुसूची ।। भाग घ (3) | सेबी विनियम, 2015 की अनुसूची ।। भाग घ (3) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 2(78) | आईएसओ 14001 आईएसओ 50001 ग्रीनको रेटिंग | एसडीजी और राष्ट्रीय प्रतिबद्धताएं | कंपनी अधिनियम की धारा 135 | एसडी जी |
| 5. विशिष्ट समय–सीमा के साथ कंपनी द्वारा निर्धारित विशिष्ट प्रतिबद्धताएं, ध्येय और लक्ष्य, यदि कोई हों। | संदर्भ क | संदर्भ ख | संदर्भ ग | संदर्भ घ | संदर्भ ड़ | संदर्भ च | संदर्भ छ | संदर्भ घ, ज, झ | संदर्भ ञ |
| | * गेल (इंडिया) लिमिटेड पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के प्रशासनिक नियंत्रण में एक सरकारी कंपनी है। इसने एमओपीएंडएनजी के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें लक्ष्य शामिल हैं और दी गई रिपोर्टिंग अवधि के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की उम्मीद है। ये लक्ष्य राजस्व, बाजार सीमा, पूंजीगत व्यय, ईबीआईटीए आदि जैसे आर्थिक मानकों के साथ–साथ अनुसंधान एवं विकास/नवाचार पहलों पर व्यय, एमएसएमई (वंचित समूह और महिलाओं) से खरीद, कंपनी के अधिनियम के अनुपालन आदि से संबंधित हैं। इसमें गेल के विकास को बढ़ावा देने के लिए अगले दशक के लिए राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) का विस्तार, पीडीएचपीपी और क्रैकर सहित पेट्रोकेमिकल्स पोर्टफोलियो का विकास, सीजीडी में निवेश आदि भी शामिल है। | | | | | | | | |

<table>
<tr><th>प्रकटन प्रश्न</th><th>पी1</th><th>पी2</th><th>पी3</th><th>पी4</th><th>पी5</th><th>पी6</th><th>पी7</th><th>पी8</th><th>पी9</th></tr>
<tr><td rowspan="11"></td><td colspan="9">क. गेल निगमित शासन पर कंपनी अधिनियम, 2013 (या सूचीबद्ध संस्थाओं के मामले में सेबी (एलओडीआर) विनियमों) में प्रावधान का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है जैसेः (i) निदेशक मंडल की संरचना (ii) बोर्ड समितियां (लेखापरीक्षा समिति) आदि) (iii) बोर्ड की बैठकें आयोजित करना (iv) प्रकटीकरण और पारदर्शिता</td></tr>
<tr><td colspan="9">ख. वर्ष 2022–23 के लिए अनुसंधान एवं विकास/नवाचार पहलों पर न्यूनतम व्यय का लक्ष्य 145.12 करोड़ है।</td></tr>
<tr><td colspan="9">ग. कंपनी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह, अग्निशमन सेवा सप्ताह, विश्व पर्यावरण दिवस मनाया है तथा आपातकालीन तैयारियों और सीपीएसई में मानव संसाधनों के स्वास्थ्य और सुरक्षा सुधार के लिए अन्य कई सेमिनार, कार्यक्रम, कार्यशाला, ऑनसाइट और ऑफसाइट मॉक ड्रिल आयोजित किए हैं।</td></tr>
<tr><td colspan="9">घ. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को खरीद और समय पर भुगतान (एमएसई के माध्यम से माल और सेवाओं की खरीद का 25% (अ.जा./अ.ज.जा. एमएसई से 4% और महिला एमएसई से 3% सहित)।</td></tr>
<tr><td colspan="9">ड़ गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत की एक सरकारी कंपनी है, जिसका लक्ष्य मानव अधिकारों की बिल्कुल अनदेखी नहीं करना है।</td></tr>
<tr><td colspan="9">च. 2030 तक 3 जीडब्ल्यू अक्षय ऊर्जा का विकास करने का लक्ष्य</td></tr>
<tr><td colspan="9">छ. गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत की एक सरकारी कंपनी है और यह अपने व्यवसाय से संबंधित आधिकारिक सार्वजनिक परामर्श में भाग लेती है।</td></tr>
<tr><td colspan="9">ज. डीपीई दिशानिर्देशः (i) सुगम्य भारत अभियान पर दिशानिर्देश (ii) शिक्षुता अधिनियम, 1961 के कार्यान्वयन पर दिशानिर्देश (iii) सीपीएसई द्वारा सीएसआर व्यय पर समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश।</td></tr>
<tr><td colspan="9">झ. जीईएम पोर्टल से कुल खरीद का 25%</td></tr>
<tr><td colspan="9">ञ. गेल का नेट–शून्य लक्ष्यः 2040 तक स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन में 100 प्रतिशत की कमी और स्कोप 3 उत्सर्जन में 35 प्रतिशत की कमी</td></tr>
<tr><td colspan="9">ट. उपभोक्ताओं के लिए सरकारी नियमों के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया और पद्धति जिसमें उपभोक्ता संतुष्टि सूचकांक का लक्ष्य शामिल है।</td></tr>
<tr><td rowspan="5">6. विशिष्ट प्रतिबद्धताओं, लक्ष्यों और ध्येयों की तुलना में निष्पादन तथा यदि उन्हें पूरा नहीं किया जाता है तो उसके कारण बताएं।</td><td>संदर्भ क</td><td>संदर्भ ख</td><td>संदर्भ ग</td><td>संदर्भ घ</td><td>संदर्भ ड़</td><td>संदर्भ च</td><td>संदर्भ छ</td><td>संदर्भ घ, ज, झ</td><td>संदर्भ ञ</td></tr>
<tr><td colspan="9">क. कंपनी विनियम 17(1), 17(2।), 18(1), 19(1)/(2), 20 और 21, जो मुख्य रूप से बोर्ड और अन्य सांविधिक समितियों जैसे लेखापरीक्षा समिति, हितधारक संबंध समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति और जोखिम प्रबंधन समिति के गठन से संबंधित है, सहित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (सेबी एलओडीआर विनियम, 2015) का अनुपालन कर रही है।<br><br>गेल को तारीख की सूचना में अल्प सूचना के संबंध में सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 29(2) के गैर–अनुपालन के लिए दिनांक 14.06.2022 को ई–मेल के माध्यम से एनएसई और बीएसई से एक पत्र प्राप्त हुआ था। अंतिम लाभांश की सिफारिश पर विचार करने के लिए बोर्ड की बैठक में प्रत्येक पर ₹ 11,800/– (जीएसटी सहित) का जुर्माना लगाया गया। एनएसई और बीएसई के दिनांक 14.06.2022 के नोटिस के उत्तर में, गेल ने एनएसई और बीएसई से उनके द्वारा लगाए गए जुर्माने की छूट के लिए अनुरोध किया था। तथापि, एनएसई ने जुर्माना माफ करने के गेल के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया और तदनुसार, एनएसई को जुर्माना जमा कर दिया गया।<br><br>इसके अलावा, भारत सरकार द्वारा अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति न करने के कारण, कंपनी ने बीएसई और एनएसई से 30 सितंबर, 2021 और 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त महीने के लिए विनियम 17(2)/17 (2क) के साथ, 31 मार्च, 2020 से 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए विनियम 17(1), विनियम 18(1) के साथ 31 दिसंबर, 2020 से 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही, 30 सितंबर, 2020 से 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए विनियम 19(1)/19(2), समाप्त तिमाही के लिए विनियम 20(2)/(2क) 31 दिसंबर, 2021 और 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए विनियमन 21(2) का अनुपालन न करने के कारण लगाए गए क्रमशः ₹ 44,56,860/– और ₹ 58,72,860/– के जुर्माने की छूट के लिए अनुरोध किया था।<br><br>इस संबंध में सेबी द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार जुर्माना माफ करने के गेल के निरंतर अनुरोध के आधार पर, एनएसई द्वारा लगाए गए ₹ 58,72,860/– का कुल जुर्माना घटाकर ₹ 10,66,720/– कर दिया गया, जिसका कंपनी द्वारा विधिवत भुगतान किया गया था।</td></tr>
<tr><td colspan="9">ख. कंपनी ने वित्त वर्ष 22–23 में अनुसंधान एवं विकास/नवाचार पहल पर व्यय पर ₹ 180.62 करोड़ खर्च किए हैं।</td></tr>
<tr><td colspan="9">ग. कंपनी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया है और सीपीएसई में मानव संसाधनों के स्वास्थ्य और सुरक्षा सुधार के लिए अन्य कई सेमिनार, कार्यक्रम, कार्यशाला, ऑनसाइट और ऑफसाइट मॉक ड्रिल आयोजित की है।</td></tr>
<tr><td colspan="9">घ. वित्त वर्ष 22–23 में एमएसई से की गई कुल खरीद का मूल्य ₹ 1541 करोड़ था, जो लगभग 46.09% है।</td></tr>
</table>

| प्रकटन प्रश्न | पी1 | पी2 | पी3 | पी4 | पी5 | पी6 | पी7 | पी8 | पी9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ड. गेल को वित्त वर्ष 2022–23 में 34 मानवाधिकार शिकायतें प्राप्त हुई हैं। एक जिम्मेदार कंपनी के रूप में, हम सभी मानव अधिकार नियमों और प्रथाओं का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। | | | | | | | | |
| | च. गेल की नवीकरणीय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता 132 मेगावाट है; जिसमें से 118 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएं और 14.05 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाएं हैं। कंपनी बेंगलुरु में 300 टन प्रति दिन (टीपीडी) एमएसडब्ल्यू पर आधारित सीबीजी संयंत्र स्थापित कर रही है। गेल मध्य प्रदेश के विजयपुर में 4.3 टीपीडी ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए 10 मेगावाट का इलेक्ट्रोलाइजर भी स्थापित कर रहा है। गेल ने वित्त वर्ष 2022–23 तक नवीकरणीय ऊर्जा में संचयी रूप से ₹ 685.27 करोड़ का निवेश किया है। | | | | | | | | |
| | छ. गेल सभी सार्वजनिक नीति परामर्शों में भाग लेता है और राष्ट्र के हित में सुधार के लिए अपने व्यवसाय से संबंधित फीडबैक प्रदान करता है। यह अपने व्यवसाय पर लागू सभी विनियमों और नीतियों का अनुपालन और पालन भी करता है। | | | | | | | | |
| | ज. वित्त वर्ष 2022–23 में, गेल ने कई सीएसआर परियोजनाओं के लिए पिछले वित्तीय वर्षों के अतिरिक्त व्यय को समायोजित करने के बाद ₹ 99.1 करोड़ का सीएसआर व्यय किया है, अर्थात पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 2.18% (ये सीएसआर परियोजनाएं गेल हृदय के प्रमुख क्षेत्र – उन्नति, उज्जवल, आरोग्य, सशक्त, कौशल, हरित, सक्षम के अंतर्गत आती हैं)। | | | | | | | | |
| | झ. वित्त वर्ष 2022–23 में, जेम पोर्टल के माध्यम से हमारी खरीद ₹ 2,541 करोड़ थी जो जेम पोर्टल से कुल पात्र खरीद का 74.40% है (समझौता–ज्ञापन के अनुसार)। | | | | | | | | |
| | ञ. गेल के सभी प्रचालन स्थान कंपनी के लक्ष्यों के अनुरूप सक्रिय रूप से विभिन्न पहल कर रहे हैं जैसे सोलर पीवी और रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र, पवन ऊर्जा संयंत्र, क्षणिक उत्सर्जन निगरानी, ऊर्जा दक्षता में सुधार और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण। कॉर्पोरेट स्तर पर, कंपनी सीबीजी, इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल, हरित हाइड्रोजन और सीसीयूएस जैसी ऊर्जा परिवर्तन पहलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। | | | | | | | | |
| | ट. गेल सभी विनियमों का अनुपालन करता है और सभी लागू प्रक्रियाओं का पालन करता है। | | | | | | | | |

**अभिशासन, नेतृत्व और निरीक्षण**

**7. ईएसजी से संबंधित चुनौतियों, लक्ष्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट के लिए जिम्मेदार निदेशक द्वारा वक्तव्य (सूचीबद्ध कंपनी को यह प्रकटीकरण करने के संबंध में छूट है)**

कृपया गेल वार्षिक रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 22–23 में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश देखें।

8. व्यवसाय उत्तरदायित्व नीति(यों) के कार्यान्वयन और निरीक्षण के लिए जिम्मेदार उच्चतम प्राधिकारी का विवरण।

| | |
|---|---|
| डीआईएन नंबर | 07570165 |
| नाम | संदीप कुमार गुप्ता |
| पदनाम | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |
| टेलीफोन नंबर | 011-26102077 |
| ईमेल आईडीः | cmd@gail.co.in |

| | |
|---|---|
| 9. क्या कंपनी में बोर्ड/निदेशक की निर्दिष्ट समिति है जो स्थिरता संबंधी मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार है? (हां/नहीं)। यदि हां, तो विवरण दें। | जी हां, कंपनी के बीआर निष्पादन का आकलन करने के लिए गेल में बोर्ड की एक सतत विकास समिति (एसडीसी) है। वित्त वर्ष 2022–23 में एसडीसी की 3 बैठकें हुई। इसके अलावा, गेल के बोर्ड की अन्य उप–समितियां हैं जो समय–समय पर बैठक करती हैं। एसडीसी की भूमिका सतत विकास योजना तैयार करना और उसके कार्यान्वयन की निगरानी करना, स्थिरता रिपोर्ट का अनुमोदन करना और एचएसई प्रदर्शन और आपातकालीन तैयारियों की समीक्षा करना है। |

**10. कंपनी द्वारा एनजीआरबीसी की समीक्षा का विवरणः**

| समीक्षा के लिए विषय | क्या समीक्षा बोर्ड के निदेशक/समिति/किसी अन्य समिति द्वारा की गई थी | | | | | | | | | आवृत्ति (वार्षिक/अर्धवार्षिक/तिमाही/अन्य कोई – कृपया निर्दिष्ट करें) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पी1 | पी2 | पी3 | पी4 | पी5 | पी6 | पी7 | पी8 | पी9 | पी1 | पी2 | पी3 | पी4 | पी5 | पी6 | पी7 | पी8 | पी9 |
| उपर्युक्त नीतियों की तुलना में निष्पादन और अनुवर्ती कार्रवाई | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | वार्षिक/अर्धवार्षिक/तिमाही अनुपालन* | | | | | | | | |
| सिद्धांतों की प्रासंगिकता की सांविधिक आवश्यकताओं के साथ अनुपालन, और किसी गैर–अनुपालन में सुधार | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | हां | | | | | | | | | |

*हम सभी सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन कर रहे हैं और आवश्यकता के अनुसार निष्पादन की समीक्षा की जाती है।

| **11. क्या कंपनी ने किसी बाहरी एजेंसी द्वारा अपनी नीतियों के कामकाज का स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन किया है? (हां/नहीं)। यदि हां, तो एजेंसी का नाम बताएं।** | पी1 | पी2 | पी3 | पी4 | पी5 | पी6 | पी7 | पी8 | पी9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जी हां, गेल जीआरआई मानक के अनुसार सालाना बाहरी रूप से सुनिश्चित एक स्थिरता रिपोर्ट प्रकाशित करता है। बाहय एजेंसी का नामः ब्यूरो वेरिटास | | | | | | | | |

**12. यदि ऊपर दिए गए प्रश्न (1) का उत्तर "नहीं" है, अर्थात सभी सिद्धांत किसी नीति द्वारा कवर नहीं किए जाते हैं, तो उसके कारण बताएं**

| प्रश्न | पी1 | पी2 | पी3 | पी4 | पी5 | पी6 | पी7 | पी8 | पी9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कंपनी अपने व्यवसाय में मूल सामग्री पर विचार नहीं करती (हां/नहीं) | लागू नहीं होता | | | | | | | | |
| कंपनी ऐसे स्तर पर नहीं है जहां वह निर्दिष्ट सिद्धांतों पर नीतियां बनाने और लागू करने की स्थिति में है (हां/नहीं) | | | | | | | | | |
| कंपनी के पास कार्य के लिए वित्तीय या/मानव और तकनीकी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं (हां/नहीं) | | | | | | | | | |
| इसे अगले वित्तीय वर्ष में करने की योजना है (हां/नहीं) | | | | | | | | | |
| कोई अन्य कारण (कृपया निर्दिष्ट करें) | | | | | | | | | |

## खंड ग: सिद्धांत के अनुसार निष्पादन प्रकटीकरण

इस खंड का उद्देश्य संस्थाओं को प्रमुख प्रक्रियाओं और निर्णयों के साथ सिद्धांतों और मूल तत्वों को जोड़कर उनके निष्पादन को प्रदर्शित करने में मदद करना है। मांगी गई जानकारी को "आवश्यक" और "नेतृत्व" के रूप में वर्गीकृत किया गया है। जबकि इस रिपोर्ट को दर्ज करने के लिए अनिवार्य प्रत्येक इकाई से आवश्यक संकेतकों का खुलासा करने की उम्मीद की जाती है, नेतृत्व संकेतक स्वेच्छा से उन संस्थाओं द्वारा प्रकट किए जा सकते हैं जो सामाजिक, पर्यावरणीय और नैतिक रूप से जिम्मेदार होने की अपनी खोज में उच्च स्तर की प्रगति की इच्छा रखते हैं।

**सिद्धांत 1: व्यवसायों को निष्ठा के साथ और नैतिक, पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से खुद का संचालित और शासित करना चाहिए।**

**आवश्यक संकेतक**

**1. वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत के आधार पर प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा प्रतिशत कवरेज:**

| खंड | आयोजित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों की कुल संख्या | प्रशिक्षण के अंतर्गत शामिल विषय/सिद्धांत और इसके प्रभाव | जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल संबंधित श्रेणी में व्यक्तियों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| निदेशक मंडल | कई अवसरों पर 51 प्रशिक्षण कार्यक्रम/समारोह/संगोष्ठी आयोजित की गई। (गेल ने वर्ष के दौरान अपने कर्मचारी, कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेतृत्व के लिए विभिन्न विषयों पर कई प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इन कार्यक्रमों का विवरण हमारी वेबसाइट के साथ–साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है)। | व्यावसायिक परिचय कार्यक्रम, निदेशकों/केएमपी के लिए क्षमता निर्माण, जिसमें कानूनों, सीएसआर गतिविधियों आदि में प्रमुख विनियामक परिवर्तन शामिल हैं। | 100 |
| मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक | | | 100 |
| बीओडी और केएमपी के अलावा कर्मचारी | | नौ सिद्धांतों के अनुरूप तकनीकी, कार्यात्मक सुरक्षा, प्रबंधकीय और व्यवहार संबंधी विषय। | 11.30 |
| कामगार | | | 9.4 |

**2. वित्तीय वर्ष में विनियामकों/कानून प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों के साथ कार्यवाही में भुगतान किए गए जुर्माने/शास्ति/दंड/पुरस्कार/चक्रवृद्धि ब्याज शुल्क/निपटान राशि का विवरण (कंपनी या निदेशकों/केएमपी द्वारा) निम्नलिखित प्रारूप में प्रस्तुत करें**

**(टिप्पणी: कंपनी सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 में निर्दिष्ट और कंपनी की वेबसाइट पर बताए गए अनुसार भौतिकता के आधार पर प्रकटीकरण करेगी:**

**मौद्रिक**

| | एनजीआरबीसी सिद्धांत | विनियामक/प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों का नाम | राशि (₹ में) | मामले का संक्षिप्त विवरण | क्या अपील की गई है? (हां/नहीं) |
|---|---|---|---|---|---|
| दंड/ जुर्माना | शून्य | शून्य | 0 | शून्य | शून्य |
| समाधान | शून्य | शून्य | 0 | शून्य | शून्य |
| चक्रवृद्धि ब्याज शुल्क | शून्य | शून्य | 0 | शून्य | शून्य |

**गैर–मौद्रिक**

| | एनजीआरबीसी सिद्धांत | विनियामक/प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों का नाम | मामले का संक्षिप्त विवरण | क्या अपील की गई है? (हां/नहीं) |
|---|---|---|---|---|
| कारावास | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| सजा | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**3. उपर्युक्त प्रश्न 2 में प्रदर्शित मामलों में से, उन मामलों में अपील/संशोधन का विवरण दिया गया है जहां मौद्रिक या गैर–मौद्रिक कार्रवाई की अपील की गई है।**

| मामले का विवरण | विनियामक/प्रवर्तन/एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों का नाम |
|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं |

**4. क्या कंपनी में भ्रष्टाचार–रोधी या रिश्वत विरोधी नीति है? यदि हां, तो संक्षेप में विवरण प्रदान करें और यदि उपलब्ध हो तो नीति का वेब–लिंक प्रदान करें।**

गेल, इसकी सहायक कंपनियां और संयुक्त उद्यम (जेवी), जो सीवीओ, गेल के अधिकार क्षेत्र में हैं, रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों और परिपत्रों का पालन करते हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार, गेल ने अपनी निविदाओं में खरीद में सत्यनिष्ठा समझौता (आईपी) का प्रावधान अपनाया है। सत्यनिष्ठा समझौता निविदा देने और शिकायतों, यदि कोई हो, के समाधान में भारत सरकार और सीवीसी की स्थापित प्रक्रियाओं, नीतियों और दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी के लिए स्वतंत्र मंच प्रदान करता है। वर्तमान में, गेल के पास सभी निविदाओं में आईपी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए तीन स्वतंत्र बाहरी मॉनिटर (आईईएम) का एक पैनल है। गेल द्वारा व्हिसल ब्लोअर नीति अपनाई गई है। यह नीति गेल के कर्मचारियों और निदेशकों पर लागू होती है। नीति कर्मचारियों को अनैतिक व्यवहार या धोखाधड़ी के बारे में वास्तविक समस्याओं की रिपोर्ट करने के लिए एक चैनल प्रदान करती है और धोखाधड़ी या संदिग्ध धोखाधड़ी का पता लगाने, रोकथाम और रिपोर्टिंग के लिए किसी भी उत्पीड़न से व्हिसल ब्लोअर की सुरक्षा भी करती है, गेल ने एक धोखाधड़ी रोकथाम नीति तैयार की है जो गेल पर लागू है। यह नीति निदेशकों, कर्मचारियों, प्रशिक्षुओं, प्रशिक्षुओं, सलाहकार के रूप में कार्यरत पूर्व कर्मचारियों, तदर्थ/अस्थायी/अनुबंध के आधार पर लगे हुए विक्रेता(ओं), आपूर्तिकर्ता(ओं), ठेकेदार(कों), ग्राहक(ओं), ऋणदाता(ओं), सलाहकार(ओं), सेवा प्रदाता(ओं) पर नियुक्त व्यक्ति(यों, किसी भी बाहरी एजेंसी(एजेंसियों) या उनके प्रतिनिधि, ऐसी एजेंसियों और/या किसी अन्य पार्टियों के कर्मचारी द्वारा गेल के साथ व्यापार लेनदेन के संबंध में धोखाधड़ी या संदिग्ध धोखाधड़ी पर लागू होती है।

व्हिसल ब्लोअर नीति परिपत्र Whistle Blower Policy_12.02.2019-english.pdf (gailonline.com) कर्मचारियों को अनैतिक व्यवहार या धोखाधड़ी के बारे में वास्तविक समस्याओं की रिपोर्ट करने के लिए एक चैनल प्रदान करती है और व्हिसल ब्लोअर को किसी भी उत्पीड़न से बचाती है और रिपोर्टिंग करने वाले कर्मचारी के खिलाफ किसी भी प्रतिकूल कार्रवाई से बचती है। सतर्कता तंत्र के माध्यम से चिंता का विषय एक संरक्षित प्रकटीकरण का समाधान किया जा सकता है और लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को भेजा जा सकता है तथा प्रकटीकरण की गोपनीयता बनाए रखी जाती है। जांच समिति खुलासे की समीक्षा करती है और दोषी पाए जाने पर दोषी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जाती है।

गेल धोखाधड़ी निवारण नीति का लिंक – FraudPreventionPolicy.pdf (gailonline.com) और धोखाधड़ी निवारण नीति के लिए नामांकित नोडल अधिकारी (ओं) का लिंक – NominatedNodalOfficersforFraudPreventionPolicy.pdf (gailonline.com)

**5. ऐसे निदेशकों/केएमपी/कर्मचारियों/कामगार की संख्या जिनके विरुद्ध किसी कानून प्रवर्तन एजेंसी द्वारा रिश्वतखोरी/भ्रष्टाचार के आरोप में अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी**

वर्ष के दौरान, एक कार्यात्मक निदेशक के विरुद्ध सी.बी.आई. द्वारा कार्रवाई की गई।

**6. हितों के टकराव के संबंध में शिकायतों का विवरण:**

| | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | टिप्पणियां | संख्या | टिप्पणियां |
| निदेशकों के हितों के टकराव के मुद्दों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या | 0 | शून्य | 0 | शून्य |
| केएमपी के हितों के टकराव के मुद्दों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या | 0 | शून्य | 0 | शून्य |

**7. भ्रष्टाचार और हितों के टकराव के मामलों पर नियामकों/कानून प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों द्वारा जुर्माना/दंड/कार्रवाई से संबंधित मुद्दों पर की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

लागू नहीं

### नेतृत्व संकेतक

**1. वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत पर मूल्य श्रृंखला भागीदारों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम:**

| आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की कुल संख्या | प्रशिक्षण के अंतर्गत शामिल विषय/सिद्धांत | जागरूकता कार्यक्रमों के तहत कवर किए गए मूल्य श्रृंखला भागीदारों का प्रतिशत (ऐसे भागीदारों के साथ किए गए व्यवसाय के मूल्य के अनुसार) |
|---|---|---|
| एमएसई के लिए 20 विक्रेता विकास कार्यक्रम (विशेष रूप से अ.जा./अ.ज.जा. और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई के लिए 4 विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम/हैंड होल्डिंग सत्र सहित) आयोजित किए गए थे। | सिद्धांत 1, 2 और 3 | 100% |

हम नियमित व्यावसायिक आवश्यकताओं के भाग के रूप में गेल इंडिया में कई प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र आयोजित करते हैं।

**2. क्या बोर्ड के सदस्यों से जुड़े हितों के टकराव से बचने/प्रबंधन के लिए कंपनी में कोई व्यवस्था हैं? (हां/नहीं) यदि हां, तो उसका विवरण दें।**

जी हां, गेल नैतिकता और विश्वास की संस्कृति को बढ़ावा देता है। हितों के टकराव से बचने के लिए, कंपनी सभी हितधारकों के बीच जिम्मेदारी को बढ़ावा देती है। जब भी किसी निदेशक की किसी एजेंडे/मामले में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हिस्सेदारी होगी, तो वे चर्चा में भाग लेने से बचेंगे। प्रत्येक निदेशक लिखित रूप में नोटिस देकर किसी कंपनी या निकाय की कॉर्पोरेट फर्म, या व्यक्तियों के अन्य संघ में अपनी रुचि का खुलासा करता है; और उसे बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। यह नीति सेबी (सूचीबद्धता बाध्याताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (समय–समय पर संशोधित) और कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा शासित होती है। इसमें संबंधित पक्षों से जुड़े लेनदेन को संभालने के लिए भौतिकता नीतियां और सिफारिशें भी शामिल हैं। नीति का लिंक नीचे दिया गया है: GAILRelatedPartyTransactionPolicyMarch2022.pdf (gailonline.com)

**सिद्धांत 2: व्यवसायों को सामान और सेवाएं इस तरह से प्रदान करनी चाहिए कि वे स्थायी और सुरक्षित हों।**

**आवश्यक संकेतक**

1. **कंपनी द्वारा किए गए कुल आरएंडडी तथा पूंजीगत व्यय निवेश के लिए उत्पाद और प्रक्रियाओं के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों में सुधार के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में आरएंडडी और पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) निवेश का प्रतिशत।**

| | 2022-23 | 2021-22 | पर्यावरणीय सामाजिक प्रभावों के सुधार का विवरण |
|---|---|---|---|
| आरएंडडी (सहयोगी अनुसंधान कार्यों पर राजस्व व्यय)* | भारतीय रुपए 6.55 करोड़ (4%) | भारतीय रुपए 11.73 करोड़ (5%) | इस वर्ष हमारे सहयोगी आरएंडडी प्रयास मुख्य रूप से अपशिष्ट मूल्यांकन और अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण, सीओ2 पृथक्करण, पाइपलाइन अखंडता प्रबंधन और स्वदेशी कैटेलिस्ट विकास आदि पर केंद्रित हैं। |
| पूंजीगत व्यय (नवाचार गतिविधियां)# | भारतीय रुपए 174.07 करोड (96%) | भारतीय रुपए 231.97 करोड़ (95%) | प्रौद्योगिकी नवीनीकरण और आधुनिकीकरण कार्यों के माध्यम से विभिन्न गेल साइटों पर नवाचार और विकासात्मक परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं जो सामान्य तौर पर बेहतर प्रक्रिया/दक्षता/सुरक्षा और/या लागत न्यूनीकरण के संदर्भ में लाभ लाती हैं। |
| **कुल (करोड़)** | **180.71** | **243.70** | |

2. **क) क्या स्थायी सोर्सिंग के लिए कंपनी में प्रक्रियाएं हैं? (हां/नहीं)**

   **हां**

   **ख) यदि हां, तो कितने प्रतिशत निवेशों को स्थायी रूप से प्राप्त किया गया?**

- जी हाँ। गेल में हरित खरीद प्रथाएं हैं जो पारदर्शी, निष्पक्ष, प्रतिस्पर्धी, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल खरीद प्रथाओं को सक्षम बनाती हैं। सभी ई–निविदाओं के लिए एक समर्पित पोर्टल है – गेल (इंडिया) लिमिटेड । निविदाः– (gailonline. com) पर देखा जा सकता है।
- ई–निविदा ने कागज के उपयोग को कम करने में योगदान दिया है और यह कंपनी की हरित पहल के रूप में विकसित हुआ है। हमारा आईटी विभाग अन्य विभागों के सहयोग से पोर्टल के निर्बाध कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए कुशलतापूर्वक काम करता है और हमारी विस्तारित आईटी सेवाएं प्रदान करने में मदद करता है।
- गेल ने परियोजनाओं में भारी अनुबंध दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने और प्रतिहस्ताक्षर करने के लिए दस्तावेज ट्रांसमिटल प्रणाली शुरू की है। जिसमें गेल अधिकारी द्वारा दस्तावेजों का प्रिंटआउट निकाले बिना डिजिटल माध्यम से बड़ी मात्रा वाले दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जाते हैं। डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित यह अनुबंध दस्तावेज ठेकेदार को ऑनलाइन प्रेषित किया जाता है, जो दस्तावेज पर प्रतिहस्ताक्षर करता है और इसे गेल को वापस भेजता है।
- गेल की निविदाओं में ग्रीन पैकेजिंग का प्रावधान शामिल किया गया है।
- विद्युत उपकरणों की स्टार रेटिंग।
- केवल एलईडी की नई लाइटिंग और लाइटिंग फिक्स्चर की खरीद।
- बिजली की अतिरिक्त खपत से बचने के लिए उपयोगिता क्षेत्र में स्वचालित रूप से लाइट बंद करना।
- गेल ने स्टार्टअप नीति भी पेश की है जिसमें पंजीकृत स्टार्टअप को तकनीकी बीईसी को पूरा करने की अनिवार्य आवश्यकता से छूट दी गई है। सभी बोलीदाताओं को हमारे अनुबंधों की सामान्य शर्तों की स्वीकृति की पुष्टि करने की आवश्यकता होती है, जिसमें वे (क) समाज, (ख) पर्यावरण, (ग) श्रम अभ्यास (घ) मानवाधिकार पहलुओं पर प्रभाव से संबंधित सभी प्रावधानों का पालन करने की पुष्टि करते हैं। इसके अलावा, वस्तुओं और सेवाओं की अधिकांश आवश्यकताएं लगभग 88: स्थानीय स्तर पर पूरी की जाती हैं।

3. **(क) प्लास्टिक (पैकेजिंग सहित) (ख) ई–कचरा (ग) खतरनाक अपशिष्ट और (घ) अन्य अपशिष्ट के उनकी आयु पूरा होने पर उनके पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और निपटान के लिए अपने उत्पादों को सुरक्षित रूप से पुनः प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं का उल्लेख करें।**

हमारी अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया में, हमारा लक्ष्य जोखिम और गैर–जोखिम दोनों तरह के कचरे को कम करना है। इसके अतिरिक्त, हम गेल की साइटों पर 3–आर कार्यनीति के तहत इस कचरे को कम करने, पुनः उपयोग करने, पुनर्चक्रण का भी पालन करते हैं, जिससे हमारे कचरे को कम करने का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में प्रगति तेज होती है। स्रोत पर कचरे को कम करने की और अधिक विचारों की खोज के लिए या संचालन में छोटे बदलावों के माध्यम से हम आंतरिक और बाहरी एजेंसियों (एसपीसीबी/तृतीय पक्ष लेखापरीक्षा) के माध्यम से अपशिष्ट लेखापरीक्षा करते हैं, यह विनियमों के अनुसार हमारे अपशिष्ट प्रबंधन अनुपालन का पता लगाने में भी मदद करता है। हम गर्व से साझा कर रहे हैं कि अपशिष्ट लेखापरीक्षा के अनुसार व्यवसाय संचालन या उत्पाद का कोई अपशिष्ट संबंधी प्रभाव नहीं पाया गया।

4. **क्या विस्तारित निर्माता उत्तरदायित्व (ईपीआर) कंपनी की गतिविधियों पर लागू होता है (हां/नहीं)। यदि हां, तो क्या कचरा संग्रहण योजना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रस्तुत विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) योजना के अनुरूप है? यदि नहीं, तो इसके समाधान के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दें।**

जी हां, गेल पाता को सीपीसीबी के केंद्रीकृत ईपीआर पोर्टल पर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के तहत ब्रांड स्वामी के साथ–साथ आयातक के रूप में पंजीकृत किया गया है। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नवीनतम संशोधनों के अनुसार, ईपीआर लक्ष्यों के बराबर ईपीआर प्रमाणपत्रों की खरीद अपशिष्ट संग्रहण योजना के उद्देश्य को पूरा करती है। संबंधित वित्त वर्ष के लिए ईपीआर लक्ष्यों के अनुपालन में गेल पाता द्वारा वित्त वर्ष 2021–22 और वित्त वर्ष 2022–23 के लिए क्रमशः 995 मीट्रिक टन और 2885 मीट्रिक टन के लिए ईपीआर प्रमाणपत्र खरीदे गए हैं। इसके अलावा, गेल विजयपुर ने बैटरी आयात करने के लिए सीपीसीबी से ईपीआर प्रमाणपत्र भी लिया है।

**नेतृत्व संकेतक**

1. **क्या कंपनी ने अपने किसी उत्पाद (विनिर्माण उद्योग के लिए) या अपनी सेवाओं (सेवा उद्योग के लिए) के लिए जीवन चक्र परिप्रेक्ष्य/आकलन (एलसीए) किया है? यदि हां, तो निम्नलिखित प्रारूप में विवरण प्रदान करें?**

| एनआईसी कोड | उत्पाद/सेवा का नाम | कुल कारोबार का % योगदान | वह सीमा जिसके लिए जीवन चक्र परिप्रेक्ष्य/मूल्यांकन किया गया था | क्या स्वतंत्र बाहरी एजेंसी द्वारा कराया गया (हां/नहीं) | सार्वजनिक डोमेन में सूचित परिणाम (हां/नहीं)। यदि हां, तो वेब–लिंक प्रदान करें |
|---|---|---|---|---|---|
| 33330 | नेफथा | 0.34 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर*[1] | हाँ | नहीं |
| 3411063 | पेंटेन | 0.20 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |
| 3411068 | प्रोपेन | 0.25 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |
| 3341004 | एलपीजी | 4.3 | पाटा संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |
| 3342004 | ईथीलीन | 0.00 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |
| 3342008 | प्रोपलीन | 0.24 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |
| 3337000 | मिश्रित ईंधन तेल | 0.18 | पाता संयंत्र के लिए गेट से गेट (सिस्टम बाउंड्री) के भीतर | हाँ | नहीं |

*[1] वर्तमान में एलसीए केवल 1 संयंत्र (अर्थात् पाता) के लिए आयोजित किया जाता है, भविष्य में अन्य संयंत्रों के लिए भी एलसीए आयोजित किया जाएगा।

2. **यदि आपके उत्पादों/सेवाओं के उत्पादन या निपटान से उत्पन्न होने वाली कोई महत्वपूर्ण सामाजिक या पर्यावरणीय समस्याएं और/या जोखिम हैं, जैसा कि जीवन चक्र परिप्रेक्ष्य/आकलन (एलसीए) में या किसी अन्य माध्यम से पहचाना गया है, तो उसे कम करने की कार्रवाई के साथ–साथ संक्षेप में उसका वर्णन करें।**

| क्र.सं. | उत्पाद का नाम | जोखिम का विवरण | की गई कार्रवाई |
|---|---|---|---|
| 1 | नेफथा | **उच्च जोखिमः** ग्लोबल वार्मिंग<br>**मध्यम जोखिमः** समुद्री पारिस्थितिकी विषाक्तता, मानव कैंसर जनित विषाक्तता और मीठे पानी की पारिस्थितिकी विषाक्तता | गेल ने अपने नेट जीरो लक्ष्य 2040 (स्कोप 1 और स्कोप 2) के विस्तार में एक डीकार्बोनाइजेशन रणनीति विकसित की है। सीबीजी, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं, हरित हाइड्रोजन, दक्षता में सुधार इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करने के लिए पहचाने जाने वाले कुछ प्रमुख कारक हैं।<br>इन उत्पादों का रखरखाव बंद प्रणाली में किया जाता है और रिसाव, यदि कोई हो, को रोकने के लिए नियमित रिसाव जांच की जाती है। |
| 2 | पेंटेन | | |
| 3 | प्रोपेन | | |
| 4 | एलपीजी | | |
| 5 | ईथीलीन | | |
| 6 | प्रोपलीन | | |
| 7 | मिश्रित ईंधन तेल | | |

3. **उत्पादन (निर्माण उद्योग के लिए) या सेवाएं प्रदान करने (सेवा उद्योग के लिए) में उपयोग की जाने वाली कुल सामग्री (मूल्य के अनुसार) में रीसाइकल या पुनः उपयोग की गई इनपुट सामग्री का प्रतिशत।**

| इनपुट सामग्री दर्शाएं | कुल सामग्री की तुलना में रिसाइकल या पुनः उपयोग इनपुट सामग्री | |
|---|---|---|
| | वित्त वर्ष 2022–23 | वित्त वर्ष 2021–22 |
| पोलीथाइलीन (3411067) | ~1% | ~1% |

4. **उत्पादों की आयु के पूरा होने पर निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार पुनः उपयोग, रीसाइकल और सुरक्षित रूप से निपटाई गई मात्रा की राशि (मीट्रिक टन में):**

प्राकृतिक गैस संचरण और विपणन के मामले में उत्पाद पैकेजिंग को पुनः प्राप्त करने की कोई गुंजाइश नहीं है। गेल की पॉलीमर पैकिंग को द्वितीयक और तृतीयक बाजारों के माध्यम से रीसाइकल किया जा रहा है।

| | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | | | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुनः उपयोग | रीसाइकल | सुरक्षित निपटान | पुनः उपयोग | रीसाइकल | सुरक्षित निपटान |
| प्लास्टिक (पैकेजिंग सहित) | 0 | 2885 | 0 | 0 | 995 | 0 |
| ई–कचरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| जोखिम अपशिष्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अन्य अपशिष्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

5. **प्रत्येक उत्पाद श्रेणी के लिए पुनः दावा किए गए उत्पाद और उनकी पैकेजिंग सामग्री (बेचे गए उत्पादों के % के रूप में)। (पुनर्प्राप्त उत्पाद और उनकी पैकेजिंग सामग्री संबंधित श्रेणी में बेचे गए कुल उत्पादों के % के रूप में उत्पाद श्रेणी बताएं)**

| उत्पाद श्रेणी बताएं | संबंधित श्रेणी में बेचे गए कुल उत्पादों के % के रूप में पुनः प्राप्त उत्पाद और उनकी पैकेजिंग सामग्री |
|---|---|
| | शून्य, प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन और विपणन के मामले में उत्पाद पैकेजिंग को पुनः प्राप्त करने की कोई गुंजाइश नहीं है। |

**सिद्धांत 3: व्यवसायों को सभी कर्मचारियों का सम्मान करना चाहिए और उनके कल्याण को बढ़ावा देना चाहिए, जिसमें उनकी मूल्य श्रृंखलाएं भी शामिल हैं**

**आवश्यक संकेतक**

1. **क. कर्मचारियों के कल्याण के लिए उपायों का विवरण:**

कर्मचारी लाभों में वेतन, मजदूरी, अंशदायी भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, अप्रयुक्त छुट्टी के लिए छुट्टी का नकद भुगतान, अनुपस्थिति के लिए भुगतान, सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ और अन्य सेवा–निवृत्ति लाभ शामिल हैं। सभी अल्पकालिक कर्मचारी लाभों को उनकी अघोषित राशि पर उस लेखा अवधि में मान्यता दी जाती है जिसमें वे खर्च किए जाते हैं।

| श्रेणी | द्वारा कवर किए गए कर्मचारियों का % | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | स्वास्थ्य बीमा | | दुर्घटना बीमा | | मातृत्व लाभ | | पितृत्व लाभ | | डे केयर सुविधाएं | |
| | | संख्या (ख) | % (ख/क) | संख्या (ग) | % (ग/क) | संख्या (घ) | % (घ/क) | संख्या (ङ) | % (ङ/क) | संख्या (च) | % (च/क) |
| **स्थायी कर्मचारी** | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 3,722 | 3,722 | 100 | 3,722 | 100 | लागू नहीं | लागू नहीं | 3,722 | 100 | 0 | 0 |
| महिला | 278 | 278 | 100 | 278 | 100 | 278 | 100 | लागू नहीं | लागू नहीं | 0 | 0 |
| **कुल** | **4,000** | **4,000** | **100** | **4,000** | **100** | **278** | **6.95** | **3,722** | **93.05** | **0** | **0** |
| **स्थायी कर्मचारियों के अलावा** | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| महिला | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |

**ख. श्रमिकों के कल्याण के लिए उपायों का विवरण:**

| श्रेणी | द्वारा कवर किए गए कर्मचारियों का % | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | स्वास्थ्य बीमा | | दुर्घटना बीमा | | मातृत्व लाभ | | पितृत्व लाभ | | डे केयर सुविधाएं | |
| | | संख्या (ख) | % (ख/क) | संख्या (ग) | % (ग/क) | संख्या (घ) | % (घ/क) | संख्या (ङ) | % (ङ/क) | संख्या (च) | % (च/क) |
| **स्थायी कर्मचारी** | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 789 | 789 | 100 | 789 | 100 | लागू नहीं | लागू नहीं | 789 | 100 | शून्य | 0 |
| महिला | 34 | 34 | 100 | 34 | 100 | 34 | 100 | लागू नहीं | लागू नहीं | शून्य | 0 |
| **कुल** | **823** | **823** | **100** | **823** | **100** | **34** | **4.13** | **789** | **95.87** | **0** | **0** |
| **स्थायी कर्मचारियों के अलावा** | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 17,030 | 17,030 | 100 | 17,030 | 100 | लागू नहीं | लागू नहीं | 17,030 | 100 | शून्य | 0 |
| महिला | 471 | 471 | 100 | 471 | 100 | 471 | 100 | लागू नहीं | लागू नहीं | शून्य | 0 |
| **कुल** | **17,501** | **17,501** | **100** | **17,501** | **100** | **471** | **2.69** | **17,030** | **97.31** | **0** | **0** |

2. **चालू वित्त वर्ष और पिछले वित्तीय वर्ष के लिए सेवानिवृत्ति लाभों का विवरण।**

गेल के सभी स्थायी कर्मचारी भविष्य निधि के पात्र हैं और ठेका श्रमिक कर्मचारी राज्य बीमा योजना, कामगार मुआवजा अधिनियम, अन्य सांविधिक लाभ/भुगतान आदि के अंतर्गत आते हैं। गेल में, ठेकेदारों के लिए दुर्घटना बीमा के तहत अपने संबंधित श्रमिक को कवर करना अनिवार्य है।

| लाभ | वित्त वर्ष 2022–23 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | वित्त वर्ष 2021–22 पिछला वित्तीय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल कर्मचारियों के % के रूप में शामिल कर्मचारियों की संख्या | कुल श्रमिकों के % के रूप में शामिल श्रमिकों की संख्या | कटौती की गई और प्राधिकारी को जमा की गई (हां/नहीं/लागू नहीं) | कुल कर्मचारियों के % के रूप में शामिल कर्मचारियों की संख्या | कुल श्रमिकों के % के रूप में शामिल श्रमिकों की संख्या | कटौती की गई और प्राधिकारी को जमा की गई (हां/नहीं/लागू नहीं) |
| पीएफ | 100 | 100 | हाँ | 100 | 100 | हाँ |

| लाभ | वित्त वर्ष 2022–23 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | वित्त वर्ष 2021–22 पिछला वित्तीय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल कर्मचारियों के % के रूप में शामिल कर्मचारियों की संख्या | कुल श्रमिकों के % के रूप में शामिल श्रमिकों की संख्या | कटौती की गई और प्राधिकारी को जमा की गई (हां/नहीं/लागू नहीं) | कुल कर्मचारियों के % के रूप में शामिल कर्मचारियों की संख्या | कुल श्रमिकों के % के रूप में शामिल श्रमिकों की संख्या | कटौती की गई और प्राधिकारी को जमा की गई (हां/नहीं/लागू नहीं) |
| ग्रेच्यूटी | 100 | 100 | हाँ | 100 | 100 | हाँ |
| ईएसआई | 100 | 100 | हाँ | 100 | 100 | हाँ |
| अन्य | 0 | 0 | लागू नहीं | 0 | 0 | लागू नहीं |

**3. कार्यस्थलों तक एक्सेस**

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की आवश्यकताओं के अनुसार, क्या दिव्यांग कर्मचारियों और श्रमिकों की कंपनी के परिसर/कार्यालयों तक आसान पहुंच है? यदि नहीं, तो क्या इस संबंध में कंपनी द्वारा कोई कदम उठाया जा रहा है।

जी हां, हमारे कार्यालय दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की आवश्यकताओं के अनुसार दिव्यांग कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए सुलभ हैं।

**4. क्या दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार कंपनी में समान अवसर नीति है? यदि हां, तो नीति का वेब–लिंक प्रदान करें।**

गेल सीधी भर्ती में दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षण, छूट, रियायतें आदि प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी राष्ट्रपति के निर्देशों तथा अन्य निर्देशों एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है।

**5. पैतृक अवकाश लेने वाले स्थायी कर्मचारियों और श्रमिकों की काम पर लौटने तथा प्रतिधारण दर।**

| लिंग | स्थायी कर्मचारी और कामगार (वित्त वर्ष 2021–22) | |
|---|---|---|
| | काम पर लौटने की दर | प्रतिधारण दर |
| पुरुष | 98.9% | 100% |
| महिला | 54.2% | 100% |
| **कुल** | 93.5% | 100% |

**6. क्या कर्मचारियों और कामगारों की निम्नलिखित श्रेणियों के लिए शिकायतों को प्राप्त करने और उनका निवारण करने के लिए कोई प्रणाली मौजूद है? यदि हां, तो प्रणाली का संक्षेप में विवरण दें।**

गेल में कर्मचारियों की शिकायतों के समाधान के लिए शिकायत निवारण प्रणाली सहित कई ऑनलाइन शिकायत पोर्टल हैं। यह पोर्टल त्वरित समाधान करने और प्रणाली की निगरानी के लिए त्रिस्तरीय प्रणाली पर काम करता है। एचआर प्रभारी शिकायत दर्ज करने और 10 दिनों की अवधि के भीतर इसका समाधान करने के लिए जवाबदेह है। इसके अलावा, देरी या असंतोषजनक समाधान या परिणाम के मामले में कॉर्पोरेट एचआर पर कार्रवाई की जा सकती है। पूरी प्रक्रिया 15 दिनों के भीतर पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

| | हां/नहीं (यदि हां, तो प्रणाली का संक्षेप में विवरण दें) |
|---|---|
| **स्थायी कामगार** | हाँ |
| **स्थायी कामगारों के अलावा** | हाँ |
| **स्थायी कर्मचारी** | हाँ |
| **स्थायी कर्मचारियों के अलावा** | हाँ |

**7. सूचीबद्ध कंपनी द्वारा मान्यता–प्राप्त संघ(घों) या यूनियनों में कर्मचारियों और कामगारों की सदस्यताः**

गेल में, कर्मचारियों को किसी भी नकारात्मक परिणाम के बिना, खुले तौर पर या गुमनाम रूप से किसी भी समस्या को उठाने का अधिकार है। कंपनी अपने कर्मचारियों को सांविधिक प्रावधानों और आचार संहिता के दायरे में कर्मचारियों या श्रमिक संघों में शामिल होने और श्रमिक संघ बनाने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। विभिन्न कर्मचारी संघों जैसे श्रमिक संघों, महिला मंचों, अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारी संघ, आदि को मान्यता और समर्थन देकर एसोसिएशन और सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता का अधिकार किया जाता है। वर्तमान में, गेल में तीन कर्मचारी और गामगार संघ कार्यरत हैं, अर्थात गेल एम्पलाइज एसोसिएशन (जीईए), गेल कर्मचारी संघ (जीकेएस) और गेल अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारी कल्याण संघ (जीसेवा)। 31 मार्च 2023 तक, गेल की कुल कर्मचारी शक्ति का 16.62: इन संघों के सदस्य हैं।

| श्रेणी | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | | | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | संबंधित श्रेणी के कुल कर्मचारी/कामगार (क) | संबंधित श्रेणी में कर्मचारियों/कामगारों की संख्या, जो संघ(घों) या यूनियन(नों) का हिस्सा हैं (ख) | % (ख/क) | संबंधित श्रेणी में कुल कर्मचारी/कामगार (ग) | संबंधित श्रेणी में कर्मचारियों/कामगारों की संख्या, जो संघ(घों) या यूनियन(नों) का हिस्सा हैं (घ) | % (घ/ग) |
| **कुल स्थायी कर्मचारी** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| – पुरुष | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| – महिला | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल स्थायी कामगार** | 823 | 823 | 100 | 860 | 860 | 100 |
| – पुरुष | 789 | 789 | 100 | 824 | 824 | 100 |
| – महिला | 34 | 34 | 100 | 36 | 36 | 100 |

**8. कर्मचारियों और कामगारों को दिए गए प्रशिक्षण का विवरण:**

| श्रेणी | वित्त वर्ष 2022–23 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | | | वित्त वर्ष 2021–22 पिछला वित्तीय वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय पर | | कौशल उन्नयन पर | | कुल (घ) | स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय पर | | कौशल उन्नयन पर | |
| | | सं. (ख) | % (ख/क) | सं. (ग) | % (ग/क) | | सं.(ड़) | % (ड़/घ) | सं.(च.) | % (च/घ) |
| **कर्मचारी** | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 3,718* | 708 | 19.04 | 1,327 | 35.70 | 3,621 | 1,161 | 32.06 | 1,928 | 53.24 |
| महिला | 278 | 26 | 9.35 | 151 | 54.32 | 272 | 56 | 20.59 | 137 | 50.37 |
| **कुल** | **3,996*** | **734** | **18.37** | **1,478** | **36.98** | **3,893** | **1,217** | **31.26** | **2,065** | **53.04** |
| **कामगार** | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 789 | 160 | 20.28 | 130 | 16.48 | 824 | 824 | 100 | 824 | 100 |
| महिला | 34 | 0 | 0 | 7 | 20.59 | 36 | 36 | 100 | 36 | 100 |
| **कुल** | **823** | **160** | **19.44** | **137** | **16.65** | **860** | **860** | **100** | **860** | **100** |

सभी कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किया जाता है। तथापि, उपर्युक्त तालिका के अनुसार विशिष्ट स्वास्थ्य और सुरक्षा उपायों पर समर्पित दीर्घावधि और अल्पावधि प्रशिक्षण दिए गए।

*बोर्ड सदस्यों को छोड़कर

**9. कर्मचारियों और कामगारों के प्रदर्शन और करियर विकास की समीक्षा का विवरण:**

| श्रेणी | वित्त वर्ष 2022–23 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | वित्त वर्ष 2021–22 पिछला वित्तीय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | सं. (ख) | % (ख/क) | कुल (ग) | सं. (घ) | % (घ/ग) |
| **कर्मचारी** | | | | | | |
| पुरुष | 3,722 | 3,722 | 100 | 3,621 | 3,621 | 100 |
| महिला | 278 | 278 | 100 | 272 | 272 | 100 |
| **कुल** | **4,000** | **4,000** | **100** | **3,893** | **3,893** | **100** |
| **कामगार** | | | | | | |
| पुरुष | 789 | 789 | 100 | 824 | 824 | 100 |
| महिला | 34 | 34 | 100 | 36 | 36 | 100 |
| **कुल** | **823** | **823** | **100** | **860** | **860** | **100** |

**10. स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली:**

**क. क्या संस्था द्वारा व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है? (हां/नहीं)। यदि हां, तो ऐसी प्रणाली की कवरेज बताएं?**

जी हां, "पेट्रोलियम उद्योग में सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली" पर तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय मानक के अनुरूप गेल में एचएसई प्रबंधन प्रणाली तैयार की गई है। तदनुसार, 18 घटकों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (एचएसईएमएस) के भाग के रूप में पहचाना गया है जो गेल (इंडिया) लिमिटेड की सभी गतिविधियों पर लागू होते हैं। एचएसई दस्तावेज गेल प्रतिष्ठानों में कार्यान्वयन के लिए प्रत्येक घटक के लिए आवश्यकताओं और दिशानिर्देशों का एक सेट प्रदान करता है। गेल ने एसएपी आधारित एचएसई प्रबंधन प्रणाली भी शुरू की है जिसमें घटना प्रबंधन प्रणाली (सुरक्षा अवलोकन, चूक और घटना/दुर्घटना के निकट रिकॉर्डिंग), जोखिम मूल्यांकन और कार्य सुरक्षा विश्लेषण, परिवर्तन का प्रबंधन और सुरक्षा ऑडिट/गतिविधि निगरानी जैसी कई कार्यक्षमताएं हैं। ये सभी कॉर्पोरेट एचएसई नीति के विभिन्न घटकों के साथ अंतर्निहित हैं।

**ख. कार्य-संबंधी खतरों की पहचान करने और संस्था द्वारा नियमित और गैर-नियमित आधार पर जोखिमों का आकलन करने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाएं क्या हैं?**

विभिन्न खतरों की पहचान करने और जोखिम कम करने के उपायों को लागू करने के लिए डिजाइन चरण के दौरान हैजोप अध्ययन और जोखिम विश्लेषण किया जाता है। कार्य-संबंधी खतरों की पहचान करने और नियमित और गैर-नियमित कार्य/गतिविधि के लिए जोखिमों का आकलन करने की प्रणाली मौजूद है। कार्य सुरक्षा विश्लेषण के साथ मानक संचालन प्रक्रिया के माध्यम से नियमित गतिविधियों का प्रबंधन किया जा रहा है जबकि गैर-नियमित गतिविधियों को कार्य परमिट, मानक कार्य प्रक्रिया/निर्देश और कार्य सुरक्षा विश्लेषण के माध्यम से किया जाता है। इसके अलावा, हैजोप अध्ययन और जोखिम विश्लेषण भी नियमित अंतराल पर किया जाता है और उपयुक्त जोखिम उपशमन उपाय किए जाते हैं। खतरों और जोखिम की पहचान करने का गैर-नियमित आधार ओआईएसडी और पीएनजीआरबी द्वारा अनिवार्य विभिन्न सांविधिक लेखापरीक्षा के माध्यम से किया जाता है। ये उन खतरों और जोखिमों की पहचान करने के लिए भी आयोजित किए जाते हैं जो नियमित आधार पर आते हैं। यह कार्य सुरक्षा विश्लेषण (जेएसए), एसओपी की समय-समय पर समीक्षा, बाल-बाल बचने की घटनाओं और उनके उपशमन की रिपोर्टिंग, सुरक्षा टिप्पणियों और उनके उपशमन की रिपोर्टिंग और विभिन्न घटनाओं के बारे में जागरूक करने और भविष्य में होने वालीऐसी घटनाओं को रोकने के लिए घटना के मामला अध्ययन पर जानकारी के प्रसार के माध्यम से किया जाता है। ये खतरों और जोखिमों की पहचान के गैर-नियमित आधार हैं।

**ग. क्या आपके पास काम से संबंधित खतरों की रिपोर्ट करने और ऐसे जोखिमों से खुद को दूर करने के लिए श्रमिकों के लिए प्रक्रियाएं हैं। (हां/नहीं)**

जी हां, हमारे पास सुरक्षा अवलोकन (असुरक्षित अधिनियम/स्थिति) और बाल-बाल बचने की रिपोर्टिंग के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली है। प्लेटफॉर्म कर्मचारियों को आवश्यक और समयबद्ध कार्रवाई के लिए असुरक्षित अधिनियम/स्थिति की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। एसएपी में सुरक्षा अवलोकन और बाल-बाल बचने की रिपोर्टिंग के लिए सभी कर्मचारियों को प्रणाली की सुविधा प्रदान की गई है। संविदा कर्मचारी अपने गेल पर्यवेक्षक के माध्यम से तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाइयों के लिए मैन्युअल प्रक्रिया के माध्यम से भी ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट कर सकते हैं। सुरक्षा संबंधी घटनाओं के समाधान के लिए सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए गेल पीएनजीआरबी और ओआईएसडी के दिशानिर्देशों का पालन करता है।

**घ. क्या संस्था के कर्मचारियों/कर्मचारियों की गैर-व्यावसायिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच है? (हां नहीं)**

जी हाँ।

**11. निम्नलिखित प्रारूप में सुरक्षा संबंधी घटनाओं का विवरण:**

| सुरक्षा घटना/संख्या | श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2022-23 वर्तमान वित्तीय वर्ष | वित्त वर्ष 2021-22 पिछला वित्तीय वर्ष |
|---|---|---|---|
| चोट लगने से समय हानि आवृत्ति दर (एलटीआईएफआर) (प्रति दस लाख व्यक्ति घंटे किया गया काम) | कर्मचारी | 0.18 | 0 |
| | कामगार | 0 | 0 |
| कुल रिकॉर्ड करने योग्य कार्य-संबंधी चोटें | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कामगार | 0 | 0 |
| मरने वालों की संख्या | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कामगार | 4 | 0 |
| उच्च परिणाम वाली कार्य-संबंधी चोट या अस्वस्थता (मृत्यु को छोड़कर) | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कामगार | 3 | 0 |

**12. एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा किए गए उपायों का वर्णन करें।**

संविदा श्रमिकों सहित कर्मचारियों के व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने के लिए कब्जाधारक/फैक्टरी प्रबंधक की अध्यक्षता में संरक्षा समिति की बैठकें तिमाही में एक बार आयोजित की जाती हैं। गैर-नियमित कार्यों को सुरक्षित तरीके से करने के लिए वर्क परमिट प्रणाली लागू है, कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी गैर-नियमित महत्वपूर्ण गतिविधियों का कार्य सुरक्षा विश्लेषण किया जाता है। हम हर साल कर्मचारियों के स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए चिकित्सा निगरानी भी करते हैं। डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव लागू मानकों और कोडों का पालन करके किया जाता है। एचएसई प्रबंधन प्रणाली यह सुनिश्चित करने के लिए मौजूद है कि प्रत्येक गतिविधि सुरक्षित रूप से और न्यूनतम जोखिम के साथ की जाए। हम हर साल खतरनाक प्रक्रियाओं में शामिल कर्मचारियों के स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए चिकित्सा निगरानी भी करते हैं। संयंत्र परिसर के अंदर और आसपास स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए परिवेशी वायु निगरानी प्रणाली मौजूद है।

**13. कर्मचारियों और कामगारों द्वारा निम्नलिखित पर की गई शिकायतों की संख्याः**

| | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | | | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वर्ष के दौरान दायर | वर्ष के अंत में लंबित संकल्प | टिप्पणियां | वर्ष के दौरान दायर | वर्ष के अंत में लंबित संकल्प | टिप्पणियां |
| कार्य स्थितियां | 04 | 0 | - | 05 | 0 | - |
| स्वास्थ्य एवं संरक्षा | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |

**14. वर्ष का आकलनः**

| | आपके संयंत्रों और कार्यालयों का % जिनका मूल्यांकन किया गया था (कंपनी या सांविधिक प्राधिकारियों या तृतीय पक्षों द्वारा) |
|---|---|
| स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रथाएं | 100 |
| कार्य स्थितियां | 100 |

**15. संरक्षा संबंधी घटनाओं (यदि कोई हो) और स्वास्थ्य और संरक्षा प्रथाओं तथा काम करने की स्थितियों के आकलन से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण जोखिमों/चिंताओं के समाधान के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

– एसओपी की समय–समय पर समीक्षा की जाती है
– वर्क परमिट प्रणाली की समीक्षा की गई
– एचएसई प्रबंधन प्रणाली, एफएंडएस नीति, एचएसई नीति आदि सहित विभिन्न प्रणालियों की समीक्षा की गई।

**नेतृत्व संकेतक**

**1. क्या कंपनी (क) कर्मचारियों (हां/नहीं) (ख) कामगारों (हां/नहीं) की मृत्यु की स्थिति में कोई जीवन बीमा या कोई प्रतिपूरक पैकेज प्रदान करती है।**

जी हां, हमारे पास कर्मचारियों और कामगारों की मृत्यु के मामले में 'मृत्यु राहत कोष' नामक प्रतिपूरक पैकेज की व्यवस्था है। ठेके पर काम करने वाले कर्मचारी, कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923 के तहत आते हैं और ठेकेदार द्वारा नियमित रूप से एक बीमा पॉलिसी प्राप्त की जाती है। मृत्यु/दिव्यांगता लाभ जहां कर्मचारी पर राज्य बीमा अधिनियम (ईएसआई), 1948 लागू नहीं है; और जहां भी ईएसआई अधिनियम, 1948 लागू होता है, ठेकेदार के माध्यम से ठेका श्रमिकों को ईएसआई अधिनियम, 1948 के तहत लाभ सुनिश्चित किया जाता है।

**2. यह सुनिश्चित करने के लिए कि मूल्य श्रृंखला भागीदारों द्वारा सांविधिक देय राशि काट ली गई है और जमा कर दी गई है, कंपनी द्वारा किए गए उपायों का उल्लेख करें।**

हमारे पास कई तंत्र और प्रणालियां हैं, जो हमारे मूल्य श्रृंखला भागीदारों के सांविधिक बकाया को सुनिश्चित करती हैं। हमारे पास सुपरिभाषित प्रक्रियाएं और पद्धतियां हैं जिनमें सभी संभावित उपाय शामिल हैं जिनका अनुपालन कंपनी द्वारा किया गया है जैसे अनुबंध खंड, बिल अनुमोदन आदि।

**3. उन कर्मचारियों/कामगारों की संख्या उपलब्ध कराएं, जिन्हें काम से संबंधित चोट/बीमारी/मृत्यु का सामना करना पड़ा है (जैसा कि ऊपर आवश्यक संकेतकों के प्रश्न 11 में बताया गया है), जिनका पुनर्वास किया गया है और उन्हें उपयुक्त रोजगार दिया गया है या जिनके परिवार के सदस्यों को उपयुक्त रोजगार दिया गया है।**

वित्तीय वर्ष 2022–23 और वित्त वर्ष 2021–22 में कोई मृत्यु नहीं हुई या कर्मचारी/कामगार का कोई मामला नहीं है, जिन्हें उच्च परिणाम कार्य संबंधी चोट/अस्वस्थता का सामना करना पड़ा है।

| | प्रभावित कर्मचारियों/कामगारों की कुल संख्या | | पुनर्वास किए गए कर्मचारियों/कामगारों की संख्या और उपयुक्त रोजगार दिया गया है या जिसके परिवार के सदस्यों को उपयुक्त रोजगार दिया गया है | |
|---|---|---|---|---|
| | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
| कर्मचारी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कामगार | 0 | 0 | 0 | 0 |

**4. क्या कंपनी निरंतर रोजगार की सुविधा और सेवानिवृत्ति या रोजगार की समाप्ति के परिणामस्वरूप कैरियर समाप्ति का प्रबंधन करने के लिए परिवर्तन सहायता कार्यक्रम प्रदान करती है? (हां/नहीं)**

गेल ने निरंतर सहायता प्रदान करने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए 76 कौशल प्रबंधन और आजीवन सीखने के कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

**5. मूल्य श्रृंखला भागीदारों के मूल्यांकन पर विवरणः**

| | मूल्य श्रृंखला भागीदारों का % (ऐसे भागीदारों के साथ किए गए व्यवसाय के मूल्य से) जिनका मूल्यांकन किया गया था |
|---|---|
| स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रथाएं | 100 |
| कार्य स्थितियां | 100 |

**6. स्वास्थ्य और संरक्षा प्रथाओं और मूल्य श्रृंखला भागीदारों की कार्य स्थितियों के आकलन से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण जोखिमों/समस्याओं को दूर करने के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

**लागू नहीं होता, क्योंकि स्वास्थ्य और संरक्षा प्रथाओं और मूल्य श्रृंखला भागीदारों की कार्य स्थितियों के आकलन से उत्पन्न कोई महत्वपूर्ण जोखिम/समस्याएं नहीं थीं।**

## सिद्धांत 4: व्यवसायों को अपने सभी हितधारकों के हितों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति उत्तरदायी होना चाहिए

### आवश्यक संकेतक

**1. कंपनी के प्रमुख हितधारक समूहों की पहचान संबंधी प्रक्रियाओं का वर्णन करें।**

हितधारक सहभागिता गेल के व्यवसाय का एक महत्वपूर्ण पहलू है। कंपनी सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने के लिए हितधारकों की पहचान करने और उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी लेती है। हितधारकों के साथ जुड़ाव और उनकी समस्याओं और हितों को समझना भौतिकता मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है।

गेल के लिए, हितधारक जुड़ाव हितधारकों की पहचान करने और प्राथमिकता देने की एक बहु–स्तरीय प्रक्रिया है, साथ ही जुड़ाव के तरीकों और पद्धतियों की पहचान करना और हितधारकों की अपेक्षाओं को प्रबंधित करना भी है। ऐसे व्यक्तियों और समूहों की एक सूची बनाई गई है जिनके हित कंपनी की गतिविधियों से प्रभावित होते हैं या प्रभावित हो सकते हैं तथा उन्हें आंतरिक और बाहरी हितधारक समूहों में वर्गीकृत किया गया है। आंतरिक हितधारकों में सभी कर्मचारी शामिल हैं जबकि प्रमुख बाहरी हितधारकों में शेष 12 हितधारक समूह शामिल हैं अर्थात सरकार और अन्य विनियामक, निवेशक, आपूर्तिकर्ता, ग्राहक, संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियां, उद्योग संघ, समुदाय, ठेकेदार/कार्यान्वयन एजेंसियां, शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान, गैर–सरकारी संगठन/सिविल सोसायटी संगठन, बड़े पैमाने पर जनता और मीडिया।

**2. अपनी कंपनी के लिए प्रमुख के रूप में पहचाने गए हितधारक समूहों और प्रत्येक हितधारक समूह के साथ जुड़ने की अवधि की सूची बनाएं।**

| हितधारक समूह | क्या कमजोर और सीमांत समूह के रूप में पहचान की गई है (हां/नहीं) | संचार के चैनल (ईमेल, एसएमएस, समाचार–पत्र, इश्तहार, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट), अन्य | नियुक्ति की अवधि (वार्षिक/अर्धवार्षिक/तिमाही/अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें) | इस तरह की संबद्धता के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों और समस्याओं सहित जुड़ने का उद्देश्य और कार्यक्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| सरकार और अन्य विनियामक – बाहरी हितधारक | नहीं | एमओयू<br>त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट<br>वार्षिक रिपोर्ट | वार्षिक,<br>मासिक और आवश्यकता आधारित | • सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी मिशनों का समर्थन करना<br>• स्वच्छ गैस आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन में सरकार का समर्थन करना<br>• संबंध बनाना<br>• समझौता–ज्ञापनों के माध्यम से प्रदर्शन मूल्यांकन<br>• प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना<br>• प्रमुख निवेश योजनाओं पर चर्चा करना |
| वित्तीय संस्थान – आंतरिक और बाहरी हितधारक | नहीं | o निवेशकों के साथ आमने–सामने बैठक<br>o आईआर सम्मेलनों/रोड शो में भाग लेना<br>o निवेश समुदाय के लिए साइट का दौरा आयोजित करना<br>o निवेश समुदाय के लिए सम्मेलन कॉल की व्यवस्था करना<br>o विश्लेषक बैठकें आयोजित करना<br>o सार्वजनिक खुलासे और तिमाही वित्तीय परिणाम प्रकाशित करना<br>o प्रेस सम्मेलन आयोजित करना<br>o शेयरधारकों और जीडीआर धारक के साथ पत्राचार करना | वार्षिक,<br>तिमाही | • वित्तीय निष्पादन<br>• व्यापक भविष्य की रणनीतियाँ साझा करना<br>• प्रतिक्रिया प्राप्त करना और समस्याओं का समाधान करना<br>• प्रमुख निर्णयों पर शेयरधारकों से अनुमोदन लेना |

| हितधारक समूह | क्या कमजोर और सीमांत समूह के रूप में पहचान की गई है (हां/नहीं) | संचार के चैनल (ईमेल, एसएमएस, समाचार–पत्र, इश्तहार, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट), अन्य | नियुक्ति की अवधि (वार्षिक/अर्धवार्षिक/तिमाही/अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें) | इस तरह की संबद्धता के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों और समस्याओं सहित जुड़ने का उद्देश्य और कार्यक्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| कर्मचारी– आंतरिक हितधारक | नहीं | o संतुष्टि सर्वेक्षण<br>o सोशल मीडिया<br>o शिकायत निवारण<br>o सुझाव योजनाएं<br>o सीएमडी ओपन हाउस<br>o विभिन्न समितियां<br>o गेल दिवस समारोह<br>o ईमेल, जर्नल,<br>o कर्मचारी संघों और यूनियनों के साथ बैठकें | वार्षिक, त्रैमासिक, मासिक, दैनिक | • गेल के व्यावसायिक लक्ष्यों पर संचार, मूल्य, और सिद्धांत<br>• प्रमुख परियोजनाओं पर कार्य योजना<br>• सर्वोत्तम प्रथाओं का कार्यान्वयन<br>• सीखने और विकास को सुविधाजनक बनाना<br>• प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों और कार्य योजनाओं की निगरानी करना<br>• समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना<br>• विचार सृजन, साझा करना और सीखना |
| आपूर्तिकर्ता – बाहरी हितधारक | जी हाँ, कंपनी के कुछ आपूर्तिकर्ता समाज के हाशिये पर पड़े वर्ग से हैं | o उद्योग सम्मेलन<br>o उच्च प्रबंधन स्तर की समिति तक पहुंच<br>o विक्रेता विकास कार्यक्रम/विक्रेता कोचिंग कार्यक्रम<br>o अ.जा./अ.ज.जा. के स्वामित्व वाले एमएसई के लिए व्यावहारिक कार्यक्रम<br>o सभी निविदाओं के लिए पूर्व–निविदा या पूर्व–बोली बैठक<br>o सूक्ष्म और लघु उद्यमों के साथ बैठकें | वार्षिक, तिमाही, मासिक, दैनिक | • प्रचालन संबंधी निर्णयों के बारे में जानकारी देना<br>• उनके प्रदर्शन डेटा/जानकारी की तलाश करना<br>• उनकी समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना<br>• विवाद समाधान<br>• अनुबंधों की समीक्षा |
| ग्राहक–बाहरी हितधारक | नहीं | o वार्षिक ग्राहक बैठक<br>o अंचल ग्राहक बैठक<br>o ग्राहक परस्पर चर्चा बैठक<br>o ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण | वार्षिक,<br>तिमाही | • उनकी संतुष्टि के स्तर को समझना<br>• परिचालन संबंधी चिंताओं का समाधान करना<br>• नए उत्पाद विकास पर प्रतिक्रिया प्राप्त करना |
| गेल (इंडिया) लिमिटेड के संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियां – बाहरी हितधारक | नहीं | o आवश्यकता आधारित बैठकें<br>o रिपोर्ट और समाचार पत्र | आवश्यकता आधारित | • प्रमुख निवेश योजनाओं पर चर्चा<br>• प्रदर्शन डेटा साझा करना<br>• प्रमुख विषयों पर निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करना |
| उद्योग संघ – बाहरी हितधारक | नहीं | o सेमिनार<br>o सम्मेलन<br>o उद्योग एक्सपो<br>o साक्षात्कार<br>o रिपोर्ट और समाचार पत्र | आवश्यकता आधारित | • प्रदर्शन डेटा साझा करना प्रमुख निर्णयों और परियोजनाओं के बारे में सूचित करना<br>• सम्मेलनों और सेमिनारों में भाग लेना<br>• सार्वजनिक नीति हिदायत देना |
| समुदाय – बाहरी हितधारक | हाँ | o बैठकें और सीधी बातचीत<br>o सामुदायिक कार्यक्रम<br>o विश्लेषण और प्रभाव आकलन की आवश्यकता<br>o सीएसआर पहल व कॉर्पोरेट संचार सामग्री | आवश्यकता आधारित | • आवश्यकता मूल्यांकन करने और सामुदायिक विकास परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए समुदायों के साथ जुड़ना<br>• गंभीर घटनाओं पर उनकी समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना<br>• सामुदायिक शिकायत निवारण |

| हितधारक समूह | क्या कमजोर और सीमांत समूह के रूप में पहचान की गई है (हां/नहीं) | संचार के चैनल (ईमेल, एसएमएस, समाचार-पत्र, इश्तहार, विज्ञापन, सामुदायिक बैठकें, नोटिस बोर्ड, वेबसाइट), अन्य | नियुक्ति की अवधि (वार्षिक/अर्धवार्षिक/तिमाही/अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें) | इस तरह की संबद्धता के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों और समस्याओं सहित जुड़ने का उद्देश्य और कार्यक्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| ठेकेदार/कार्यान्वयन एजेंसियां बाहरी हितधारक | जी हाँ, कंपनी के कुछ ठेकेदार समाज के वंचित वर्ग से संबंधित हैं | o आवश्यकता–आधारित बैठकें<br>o बैठकें<br>o वेबसाइट | वार्षिक, त्रैमासिक, मासिक, दैनिक | • प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना<br>• प्रचालन संबंधी निर्णयों को सूचित करना<br>• अपने काम को कंपनी की नीतियों और अधिदेशों (अनुपालन) के अनुरूप बनाना<br>• उनके प्रदर्शन डेटा/जानकारी प्राप्त करना<br>• उनकी समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना<br>• कंपनी के दायित्वों जैसे अनुबंध नवीनीकरण, भुगतान आदि के बारे में बताना<br>• विवाद समाधान<br>• अनुबंधों की समीक्षा |
| शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान – बाहरी हितधारक | नहीं | o परियोजना बैठकें<br>o आवधिक समीक्षाएँ<br>o वेबसाइट<br>o सोशल मीडिया<br>o प्रेस | आवश्यकता आधारित | • सामुदायिक विकास परियोजनाओं का क्रियान्वयन<br>• गंभीर घटनाओं पर उनकी समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना |
| गैर–सरकारी संगठन/नागरिक समाज संगठन – बाहरी हितधारक | नहीं | o परियोजना बैठकें<br>o वार्षिक समीक्षा | आवश्यकता आधारित | • सामुदायिक विकास परियोजनाओं का क्रियान्वयन<br>• गंभीर घटनाओं पर उनकी समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना |
| बड़े पैमाने पर जनता–बाहरी हितधारक | नहीं | o सोशल मीडिया अभियान/पोस्ट आदि।<br>o सामुदायिक कार्यक्रम व सीएसआर पहल<br>o निगमित संचार सामग्री जैसे वेबसाइट आदि।<br>o प्रेस | वार्षिक,<br>तिमाही,<br>मासिक,<br>दैनिक | • जनता के लिए गेल की पहल में भाग लेना और उसका समर्थन करना<br>• निष्क्रिय नागरिकों को सक्रिय उपभोक्ता में परिवर्तित करना<br>• ब्रांड जागरूकता और बेहतर ब्रांड रिकॉल<br>• गंभीर घटनाओं पर उनकी समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना |

**नेतृत्व संकेतक**

1. **आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक विषयों पर हितधारकों और बोर्ड के बीच परामर्श के लिए प्रक्रियाएं प्रदान करें या यदि परामर्श दिया जाता है, तो बोर्ड को इस तरह के परामर्श से फीडबैक कैसे प्रदान किया जाता है।**

गेल हितधारकों की पहचान करने और प्राथमिकता देने, जुड़ाव के साधनों और मोड की पहचान करने अर्थात भौतिकता सर्वेक्षण और आमने–सामने बैठकर एकल चर्चा की बहु–स्तरीय प्रक्रिया के माध्यम से अपने हितधारकों के साथ सक्रिय बातचीत के महत्व को पहचानता है। इससे कंपनी को उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने और हितधारकों का विश्वास बनाने में मदद मिलती है। गेल भौतिकता मूल्यांकन प्रक्रिया आयोजित करता है जहां इसमें व्यवसाय के सापेक्ष महत्व और कंपनी के व्यवसाय पर उनके प्रभाव के आधार पर अपने हितधारकों को या इसके विपरीत शामिल किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी स्थिरता के मुद्दों पर अपने हितधारकों के साथ परामर्श करती है और उन्हें कंपनी के स्थिरता लक्ष्यों पर अपना दृष्टिकोण देने के लिए प्रोत्साहित करती है। हितधारक परामर्श के परिणामों की समीक्षा बोर्ड समिति द्वारा की जाती है।

2. **क्या पर्यावरण और सामाजिक विषयों की पहचान और प्रबंधन का समर्थन करने के लिए हितधारक परामर्श का उपयोग किया जाता है (हां/नहीं)। यदि हां, तो इन विषयों पर हितधारकों से प्राप्त जानकारी को कंपनी की नीतियों और गतिविधियों में कैसे शामिल किया गया, इसके उदाहरण सहित विवरण प्रदान करें।**

जी हां, गेल उन मुद्दों की जांच करने के लिए भौतिकता मूल्यांकन प्रक्रिया आयोजित करता है जो हितधारकों की पहचान और प्राथमिकता देने की बहु–स्तरीय प्रक्रिया के माध्यम से व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण हैं, जुड़ाव के साधनों और मोड की पहचान की जाती है अर्थात भौतिकता सर्वेक्षण और आमने–सामने बैठकर एकल चर्चा। अंत में, कंपनी महत्वपूर्ण हितधारकों की पहचान करती है जो भौतिकता प्रक्रिया में शामिल हैं और प्रमुख

भौतिक समस्याओं का आकलन करते समय उनके दृष्टिकोण पर विचार किया जाता है। इस हितधारक फीडबैक का उपयोग प्रमुख ईएसजी क्षेत्रों को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

3. **कमजोर/वंचित हितधारक समूहों की समस्याओं को दूर करने के लिए किए गए कार्यों और उनके साथ संपर्क स्थापित करने का उदाहरणों के साथ विवरण प्रदान करें।**

अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता के भाग के रूप में, गेल ने पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ के 2% के सांविधिक अनिवार्य व्यय से अधिक खर्च किया। आपकी कंपनी की सीएसआर पहल से वित्त वर्ष 2022–23 में देश के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को लाभ हुआ है।

हमारे कई सीएसआर कार्यक्रमों में से कुछ का यहां उल्लेख करना उपयुक्त होगा। गेल आरोग्य के तहत, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में काम करने वाली मोबाइल मेडिकल यूनिटों के संचालन के माध्यम से वंचित आबादी तक घर–घर चिकित्सा देखभाल सुविधाएं पहुंचाई गईं। आपकी कंपनी द्वारा की गई विभिन्न स्वास्थ्य पहलों ने मौजूदा स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में अंतराल को पाटने में मदद की है। गेल कौशल के तहत, हाइड्रोकार्बन क्षेत्र, प्लास्टिक उत्पाद निर्माण, दृष्टिबाधित लोगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण आदि से संबंधित व्यवसायों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इन प्रशिक्षित लाभार्थियों में से अधिकांश को विभिन्न क्षेत्रों में लाभप्रद रूप से नियोजित किया गया है, प्रत्येक लाभार्थी सालाना संबंधित घरेलू आय में वृद्धि में योगदान देता है। गेल सक्षम के तहत लगभग 7800 दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) को क्षमता निर्माण और कौशल विकास सहायता के साथ सहायता उपकरण प्रदान किए गए।

## सिद्धांत 5: व्यवसायों को मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए।

### आवश्यक संकेतक

1. **कर्मचारी और कामगार जिन्हें निम्नलिखित प्रारूप में मानवाधिकारों के मुद्दों और कंपनी की नीति(यों) पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है:**

| श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2022–23 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | वित्त वर्ष 2021–22 पिछला वित्तीय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | कवर किए गए कर्मचारियों/कामगारों की संख्या (ख) | % (ख/क) | कुल (ग) | कवर किए गए कर्मचारियों/कामगारों की संख्या (घ) | % (घ/ग) |
| **कर्मचारी** | | | | | | |
| स्थायी | 3,996* | 418 | 10.46 | 3,893 | 393 | 10.09 |
| स्थायी के अलावा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल कर्मचारी** | **3,996*** | **418** | **10.46** | **3,893** | **393** | **10.09** |
| **कामगार** | | | | | | |
| स्थायी | 823 | 14 | 1.70 | 860 | 22 | 2.56 |
| स्थायी के अलावा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **कुल कर्मचारी** | **823** | **14** | **1.70** | **860** | **22** | **2.56** |

*बोर्ड के सदस्यों को छोड़कर

2. **निम्नलिखित प्रारूप में कर्मचारियों और कामगारों को भुगतान की गई न्यूनतम मजदूरी का विवरण:**

गेल सुनिश्चित करता है कि उसकी सभी सुविधाएं, जो पूरे भारत में फैली हुई हैं, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 में निर्धारित न्यूनतम मजदूरी नियमों को पूरा करें। वास्तविक वेतन न्यूनतम मजदूरी की आवश्यकता से काफी अधिक है, और यह हर राज्य में भिन्न–भिन्न है।

| श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2022–23 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | | | वित्त वर्ष 2021–22 पिछला वित्तीय वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | न्यूनतम मजदूरी के बराबर | | न्यूनतम वेतन से अधिक | | कुल (घ) | न्यूनतम मजदूरी के बराबर | | न्यूनतम वेतन से अधिक | |
| | | सं. (ख) | % (ख/क) | सं. (ग) | % (ग/क) | | सं. (ड) | % (ड./घ) | सं. (च) | % (च/घ) |
| **कर्मचारी** | | | | | | | | | | |
| **स्थायी** | 4,000 | 0 | 0 | 4,000 | 100 | 3,893 | 0 | 0 | 3,893 | 100 |
| पुरुष | 3,722 | 0 | 0 | 3,722 | 100 | 3,621 | 0 | 0 | 3,621 | 100 |
| महिला | 278 | 0 | 0 | 278 | 100 | 272 | 0 | 0 | 272 | 100 |
| **स्थायी के अलावा** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| पुरुष | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| महिला | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **कामगार** | | | | | | | | | | |
| **स्थायी** | 823 | 0 | 0 | 823 | 100 | 860 | 0 | 0 | 860 | 100 |
| पुरुष | 789 | 0 | 0 | 789 | 100 | 824 | 0 | 0 | 824 | 100 |
| महिला | 34 | 0 | 0 | 34 | 100 | 36 | 0 | 0 | 36 | 100 |

| श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2022–23 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | | | वित्त वर्ष 2021–22 पिछला वित्तीय वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (क) | न्यूनतम मजदूरी के बराबर | | न्यूनतम वेतन से अधिक | | कुल (घ) | न्यूनतम मजदूरी के बराबर | | न्यूनतम वेतन से अधिक | |
| | | सं. (ख) | % (ख/क) | सं. (ग) | % (ग/क) | | सं. (ड) | % (ड./घ) | सं. (च) | % (च/घ) |
| **स्थायी के अलावा** | 17501 | 0 | 0 | 17501 | 100 | 17,084 | 0 | 0 | 17,084 | 100 |
| पुरुष | 17030 | 0 | 0 | 17030 | 100 | 16,645 | 0 | 0 | 16,645 | 100 |
| महिला | 471 | 0 | 0 | 471 | 100 | 439 | 0 | 0 | 439 | 100 |

**3. निम्नलिखित प्रारूप में पारिश्रमिक/वेतन/मजदूरी का विवरणः**

गेल सुनिश्चित करता है कि उसकी सभी सुविधाएं, जो पूरे भारत में फैली हुई हैं, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 में निर्धारित न्यूनतम मजदूरी नियमों को पूरा करें। वास्तविक वेतन न्यूनतम मजदूरी की आवश्यकता से काफी अधिक है, और यह हर राज्य में भिन्न–भिन्न है।

| | पुरुष | | महिला | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | संबंधित श्रेणी के पारिश्रमिक/वेतन/मजदूरी का मान | संख्या | संबंधित श्रेणी के पारिश्रमिक/वेतन/मजदूरी का मान |
| निदेशक मंडल (बीओडी) | 05 | 323463 | 00 | 0 |
| प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक | 01(पूर्णकालिक निदेशकों को छोड़कर) | 233569 | 00 | 0 |
| बीओडी और केएमपी के अलावा अन्य कर्मचारी | 3715 | 146090.6 | 278 | 131602.2 |
| कामगार | 789 | 65691.36 | 34 | 60992 |

**4. क्या आपके पास कोई केंद्र बिंदु (व्यक्ति/समिति) है जो मानवाधिकारों के प्रभावों या व्यवसाय के कारण या योगदान के मुद्दों का समाधान करने के लिए जिम्मेदार है? (हां/नहीं)।**

जी हां, हमारी सभी नीतियां पूरी तरह से मानव अधिकार सिद्धांतों, भारत के संविधान और सभी लागू श्रम कानूनों की पुष्टि करती हैं। हम अपने पूरे परिचालन में मौलिक मानवाधिकारों और नैतिक श्रम मानकों को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्रम नीति और प्रथाएं मानवाधिकारों और श्रम प्रथाओं से संबंधित मामलों के लिए अंतरराष्ट्रीय ढांचे (आईएलओ सम्मेलन सहित) से जुड़ी हैं। मानवाधिकारों से संबंधित मुद्दों और प्रभावों के समाधान के लिए, प्रत्येक इकाई/कार्यालय/ स्थापना के लिए एक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है। गेल किसी भी रूप में बाल श्रम को सख्ती से प्रतिबंधित करता है। मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ शून्य–सहिष्णुता की नीति है। इन नीतियों का उद्देश्य कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामले में संवेदनशील बनाना है, और इसे ठेकेदारों और विक्रेताओं तक भी बढ़ाया जाता है। हम किसी भी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ राष्ट्रपति के दिशानिर्देशों और भारत सरकार के निर्देशों का भी पालन करते हैं। हम पूरे संगठन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हैं और इसके लिए कर्मचारी द्वारा एसोसिएशन (गेल कर्मचारी संघ)/संघ (गेल कर्मचारी संघ) का गठन किया गया है।

**5. मानवाधिकारों के मुद्दों से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए मौजूद आंतरिक प्रणालियों का उल्लेख करें।**

गेल में, मानवाधिकारों से संबंधित किसी भी कदाचार के प्रति हमारी शून्य सहनशीलता की नीति है। मानवाधिकार से संबंधित किसी भी मुद्दे का समाधान के लिए हमारे यहां अत्यधिक पारदर्शी और सुलभ आंतरिक प्रणाली है। कर्मचारियों की शिकायतें दर्ज करने के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली है। पोर्टल यह सुनिश्चित करने के लिए त्रि–स्तरीय संरचना का उपयोग करता है कि शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए और प्रणाली की प्रायः निगरानी की जाती है। संबंधित एचआर प्रभारी शिकायत दर्ज करने और शिकायत पंजीकरण के 10 दिनों की अवधि के भीतर इसका समाधान करने के लिए जवाबदेह है। मानवाधिकार मुद्दों से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए हमारे पास हेल्पडेस्क भी है।

ऑनलाइन पोर्टल का लिंक नीचे दिया गया हैः गेल (इंडिया) लिमिटेड । ऑनलाइन शिकायतेंः– GAIL (India) Limited | Online Complaints:– (gailonline.com) https://www.gailonline.com/onlineComplaints.html

हमारे यहां एक महिला प्रकोष्ठ है, और प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य महिला कर्मचारियों की विकास संबंधी आवश्यकताओं को देखना है। प्रकोष्ठ सदस्य नियमित रूप से हमारी महिला कार्यबल के साथ उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं या किसी भी प्रकार के समर्थन की आवश्यकता को समझने के लिए संपर्क करते हैं।

**6. कर्मचारियों और कामगारों द्वारा निम्नलिखित पर की गई शिकायतों की संख्याः**

| | वित्त वर्ष 2022–23 वर्तमान वित्तीय वर्ष | | | वित्त वर्ष 2021–22 पिछला वित्तीय वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वर्ष के दौरान दायर | वर्ष के अंत में लंबित निर्णय | टिप्पणियां | वर्ष के दौरान दायर | वर्ष के अंत में लंबित निर्णय | टिप्पणियां |
| यौन उत्पीड़न | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| कार्यस्थल पर भेदभाव | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| श्रम मजदूरी | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| बलात/अनैच्छिक श्रम | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| मजदूरी | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| मानवाधिकार से जुड़े अन्य मुद्दे | 34 | 0 | - | 71 | 0 | - |

7. **भेदभाव और उत्पीड़न के मामलों में शिकायतकर्ता के प्रतिकूल परिणामों को रोकने के लिए प्रणाली।**

गेल यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि कार्यबल में कोई भेदभाव और उत्पीड़न न हो तथा किसी भी भेदभाव और उत्पीड़न के बारे में वह शून्य सहनशीलता रखता है, इसकी विस्तृत जांच की जाती है और दोषी पाए जाने पर गंभीर कार्रवाई की जाती है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण के लिए हमारे पास समर्पित नीति है। यह कार्यस्थल पर सभी कर्मचारियों और श्रमिकों पर लागू होता है, जिनमें एजेंटों या संपर्ककर्ता के माध्यम से नामांकित लोग भी शामिल हैं। इसमें एक समर्पित शिकायत निवारण प्रणाली है, जिसके तहत कार्यस्थलों पर शिकायतों का संज्ञान लेने के लिए केंद्रीय स्तर पर आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। कार्यबल के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाते हैं।

8. **क्या मानवाधिकार आवश्यकताएं आपके व्यापार समझौतों और अनुबंधों का हिस्सा हैं? (हां/नहीं)**

जी हां।

9. **वर्ष के लिए आकलनः**

| | आपके संयंत्रों और कार्यालयों का प्रतिशत जिनका मूल्यांकन किया गया था (कंपनी या सांविधिक प्राधिकारियों या तृतीय पक्षों द्वारा) |
|---|---|
| बाल श्रम | 100 |
| बलात/अनैच्छिक श्रम | 100 |
| यौन उत्पीड़न | 100 |
| कार्यस्थल पर भेदभाव | 100 |
| मजदूरी | 100 |
| अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें | 100 |

10. **उपर्युक्त प्रश्न 9 में मूल्यांकनों से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण जोखिमों/समस्याओं को दूर करने के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

हमारे यहां अपने हितधारकों की समस्याओं को दूर करने और हल करने के लिए कई ऑनलाइन पोर्टल और ऑफ़लाइन प्रणालियां हैं। सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने की दिशा में गेल की प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में, यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं कि सभी कर्मचारियों का किसी भी प्रकार का उत्पीड़न और भेदभाव न हो। इस दिशा में, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए गेल की एक परिभाषित नीति है। इस दिशा में, गेल में अनुचित श्रम प्रथाओं के विरुद्ध कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए परिभाषित नीति, अंतरराष्ट्रीय ढांचे (आईएलओ सम्मेलन सहित) के अनुरूप श्रम नीति, आचार संहिता, सीडीए नियम, स्थायी आदेश, धोखाधड़ी रोकथाम नीति और व्हिसल ब्लोअर नीति है।

**नेतृत्व संकेतक**

1. **मानवाधिकार शिकायतों का समाधान करने के परिणामस्वरूप संशोधित/शुरू की जा रही व्यावसायिक प्रक्रिया का विवरण।**

प्रारंभिक जांच के लिए, गेल ने सभी निवेश समझौतों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ अनुबंध के लिए एक मानवाधिकार खंड शामिल किया है। सभी बोलीदाताओं को गेल की अनुबंधों की सामान्य शर्तों की स्वीकृति की पुष्टि करना आवश्यक है जिसमें वे समाज के पर्यावरण, श्रम प्रथाओं और मानवाधिकार पहलुओं पर प्रभाव से संबंधित सभी प्रावधानों का पालन करने की पुष्टि करते हैं।

2. **किए गए किसी भी मानवाधिकार विचार–विमर्श के दायरे और कवरेज का विवरण।**

सभी नए आपूर्तिकर्ताओं की मानवाधिकार मानदंड के तहत जांच की गई है। गेल बाल श्रम और जबरन श्रम न करने की नीति का सख्ती से पालन करता है। गेल सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त दीर्घकालिक निपटान (एलटीएस) के संदर्भ में नियमित श्रमिकों को सांविधिक भुगतान सहित वेतन और लाभों का भुगतान सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, गेल अपनी विभिन्न गतिविधियों में विभिन्न ठेकेदारों के माध्यम से लगे अनुबंधित श्रमिकों को मजदूरी और अन्य सांविधिक लाभों का भुगतान सुनिश्चित करता है। निविदाओं/कार्य आदेशों में विशिष्ट अनुबंध प्रावधानों को शामिल किया गया है और सभी ठेकेदारों को इसका पालन करना आवश्यक है। गेल विभिन्न कानूनों के अनुसार उचित कामकाजी स्थितियाँ प्रदान करना भी सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, गेल यह सुनिश्चित करता है कि किसी भी श्रमिक का कोई शोषण न हो और कोई अनुचित श्रम प्रथा मौजूद न हो।

3. **दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की आवश्यकताओं के अनुसार, क्या कंपनी का परिसर/कार्यालय दिव्यांग आगंतुकों के लिए सुलभ है?**

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की आवश्यकताओं के अनुसार, 100% कार्यालय दिव्यांग आगंतुकों के लिए सुलभ हैं।

4. **मूल्य श्रृंखला भागीदारों के मूल्यांकन पर विवरण**

| | मूल्य श्रृंखला भागीदारों का % (ऐसे भागीदारों के साथ किए गए व्यापार के मूल्य के आधार पर) जिनका मूल्यांकन किया गया था |
|---|---|
| यौन उत्पीड़न | 100 |
| कार्यस्थल पर भेदभाव | 100 |
| बाल श्रम | 100 |
| बलात श्रम/अनैच्छिक श्रम | 100 |
| मजदूरी | 100 |
| अन्य – ईएसजी | 100 |

5. **उपर्युक्त प्रश्न 4 में मूल्यांकनों से उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण जोखिमों/समस्याओं को दूर करने के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे आपूर्तिकर्ता आचार संहिता और अनुपालन आधारित पर्यावरण और सामाजिक मानदंडों का पालन करें, जिसमें मानवाधिकार के खंड हैं। दोनों के पालन की निगरानी गेल द्वारा भी की जाती है। जब कभी आवश्यकता होती है, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं के लिए क्षमता निर्माण की पहल भी करते हैं।

## सिद्धांत 6: व्यवसायों को पर्यावरण की रक्षा और बहाली का सम्मान और प्रयास करना चाहिए

**आवश्यक संकेतक**

1. **निम्नलिखित प्रारूप में कुल ऊर्जा खपत (जूल या गुणकों में) और ऊर्जा तीव्रता का विवरण:**

| मापदंड | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|
| कुल बिजली खपत (क) | 14,99,471 जीजे | 19,83,078 जीजे |
| कुल ईंधन खपत (ख) | 4,66,73,781 जीजे | 5,50,14,953 जीजे |
| अन्य स्रोतों के माध्यम से ऊर्जा की खपत (ग) | 18,92,082 जीजे | 15,28,339 जीजे |
| **कुल ऊर्जा खपत (क+ख+ग)** | 5,00,65,334 जीजे | 5,85,26,370 जीजे |
| कारोबार की प्रति रुपए ऊर्जा तीव्रता (कुल ऊर्जा खपत/कारोबार रुपए में) | 347.73 जीजे/ भारतीय रुपए करोड में | 640.15 जीजे/ भारतीय रुपए करोड में |
| ऊर्जा तीव्रता (वैकल्पिक) – इकाई द्वारा प्रासंगिक मीट्रिक का चयन किया जा सकता है | लागू नहीं | लागू नहीं |

**टिप्पणी: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।**

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

2. **क्या संस्था के पास भारत सरकार की प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना के तहत नामित उपभोक्ताओं (डीसी) के रूप में पहचान की गई कोई साइट/सुविधाएं हैं? (हां/नहीं) यदि हां, तो बताएं कि क्या पीएटी योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य हासिल किए गए हैं। यदि लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है, तो की गई उपचारात्मक कार्रवाई, यदि कोई हो, प्रदान करें।**

जी हां, गेल का पाटा संयंत्र ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) चक्र प्ट के तहत एक नामित उपभोक्ता है। जी हां, पीएटी योजना के तहत 2016–17 के आधार वर्ष के साथ 6.17% की कटौती का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

3. **जल से संबंधित निम्नलिखित खुलासे का विवरण निम्न प्रारूप में उपलब्ध कराएं:**

| मापदंड | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|
| **स्रोत से जल निकासी (किलो लीटर में)** | | |
| (i) सतही जल | 1,55,49,166 | 2,02,21,035 |
| (ii) भूजल | 1,46,214 | 2,77,308.4 |
| (iii) थर्ड पार्टी वाटर | 0 | 0 |
| (iv) समुद्री जल/विलवणीकृत जल | 0 | 0 |
| (अ) अन्य (नगरपालिका) | 18,11,297 | 16,89,174 |
| **जल निकासी की कुल मात्रा (किलोलीटर में) (i + ii+ iii + iv + v)** | 1,75,06,677 | 2,21,87,517.1 |
| **पानी की खपत की कुल मात्रा (किलोलीटर में)** | 1,75,06,677 | 2,21,87,517.1 |
| **प्रति रुपया टर्नओवर पानी की तीव्रता (पानी की खपत/कारोबार)** | 121.59 कि.ली./भारतीय रुपए करोड में | 242.68 कि.ली./भारतीय रुपए करोड में |
| **पानी की तीव्रता (वैकल्पिक) – कंपनी द्वारा संगत मीट्रिक का चयन किया जाए** | लागू नहीं | लागू नहीं |

**टिप्पणी: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।**

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

4. **क्या कंपनी ने शून्य तरल डिस्चार्ज के लिए कोई प्रणाली लागू की है? यदि हां, तो इसके कवरेज और कार्यान्वयन का ब्यौरा दें।**

गेल की अधिकांश सुविधाएं शून्य तरल डिस्चार्ज वाली हैं। इसके अलावा गेल पाता पेट्रोकेमिकल प्लांट जीरो लिक्विड डिस्चार्ज लागू कर रहा है। अन्य साइटों के लिए, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी)/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) की प्रवाह सीमा के अनुपालन को मान्य करने के लिए विनिर्माण स्थलों पर पानी के निर्वहन की निगरानी की जाती है। प्रक्रियाओं से निकलने वाले अपशिष्ट जल का उपचार अपशिष्ट उपचार संयंत्रों (ईटीपी) के माध्यम से किया जाता है। उपचार में पीएच को समायोजित करना, निलंबित ठोस पदार्थों को हटाना और जैविक ऑक्सीजन मांग (बीओडी), यदि कोई हो, को कम करना शामिल है। इसके अलावा, कोई भी जल निकाय डिस्चार्ज से प्रभावित नहीं हुआ है।

5. **कृपया कंपनी द्वारा वायु उत्सर्जन निम्नलिखित प्रारूप में उत्सर्जन (जीएचजी उत्सर्जन के अलावा) का विवरण प्रदान करें:**

| मापदंड | कृपया यूनिट निर्दिष्ट करें | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|---|
| एनओएक्स | मीट्रिक टन/वार्षिक | 800 | 1142 |
| एसओएक्स | मीट्रिक टन/वार्षिक | 520 | 474 |
| पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) | मीट्रिक टन/वार्षिक | 243 | 290 |
| ठोस कार्बनिक प्रदूषण (पीओपी) | मीट्रिक टन/वार्षिक | 0 | 0 |
| परिवर्तनशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी) | मीट्रिक टन/वार्षिक | 88 | 53 |
| खतरनाक वायु प्रदूषक (एचएपी) | मीट्रिक टन/वार्षिक | 0 | 0 |
| अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें (सीओ) | टन/वार्षिक | 713 | 949 |

**टिप्पणी: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।**

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

6. **निम्नलिखित प्रारूप में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन) और इसकी तीव्रता का विवरण प्रदान करें:**

| मापदंड | यूनिट | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|---|
| कुल स्कोप 1 उत्सर्जन (सीओ2, सीएच4, एन2ओ, एचएफसी, पीएफसी, एसएफ6, एनएफ3 का जीएचजी में विवरण, यदि उपलब्ध हो) | सीओ2 समकक्ष मीट्रिक टन | 36,56,175 | 41,33,249 |
| कुल स्कोप 2 उत्सर्जन (सीओ2, सीएच4, एन2ओ, एचएफसी, पीएफसी, एसएफ6, एनएफ3 का जीएचजी विवरण, यदि उपलब्ध हो) | सीओ2 समकक्ष मीट्रिक टन | 3,19,380 | 4,34,135 |

| मापदंड | यूनिट | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|---|
| कुल स्कोप 1 + स्कोप 2 | सीओ$_2$ समकक्ष मीट्रिक टन | 39,75,555 | 45,67,383 |
| कुल स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन प्रति रुपए कारोबार | सीओ$_2$ समकक्ष /करोड़ रुपए का मीट्रिक टन | 28 | 50 |
| कुल स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन तीव्रता (वैकल्पिक) – कंपनी द्वारा प्रासंगिक मीट्रिक का चयन किया जा सकता है | | लागू नहीं | लागू नहीं |

**टिप्पणीः क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।**

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

7. **क्या कंपनी में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने से संबंधित कोई परियोजना है? यदि हां, तो विवरण दें।**

गेल ने विज्ञान आधारित नेट जीरो महत्वाकांक्षा और कार्य योजना विकसित करने के लिए एक व्यापक अध्ययन किया है। अध्ययन में प्रचालन सीमाओं (स्कोप 1 और स्कोप 2) और मूल्य श्रृंखला (स्कोप 3) में गेल के जीएचजी उत्सर्जन का गहन मूल्यांकन शामिल था। इसके अलावा, हमने अपनी विकास योजनाओं की समीक्षा करने और नेट जीरो के प्रति संगठनात्मक तत्परता का आकलन करने के लिए हितधारकों के साथ बातचीत की। आकलन के आधार पर, हमने स्कोप 1, स्कोप 2 और स्कोप 3 में लघु, मध्यम और दीर्घकालिक लक्ष्यों के साथ एक स्पष्ट कार्बन उन्मूलन रूपरेखा विकसित की है। हमारी नेट जीरो रणनीति का लक्ष्य स्कोप 1 में 100ः कमी हासिल करना, तथा स्कोप 2 उत्सर्जन और 2040 तक स्कोप 3 उत्सर्जन में 35ः की कमी करना है। हमने नेट जीरो में अपने परिवर्तन को तेज करने के लिए डीकार्बोनाइजेशन लीवर, ऊर्जा संक्रमण के अवसरों और हरित वित्तपोषण विकल्पों का भी पता लगाया है। ऑपरेशनल डीकार्बोनाइजेशन में ऊर्जा दक्षता, ईंधन स्विच, विद्युतीकरण आदि के माध्यम से अपने प्रत्यक्ष आंतरिक जीएचजी उत्सर्जन को कम करने के लिए गेल द्वारा की गई तकनीक और पहल शामिल हैं। इनमें से कुछ योजनाबद्ध/की गई पहल हैं,

क) पाइपलाइन की मरम्मत और अनुरक्षण के दौरान प्राकृतिक गैस के निकास को कम करने के उपायों को लागू करना। इस पहल से प्रति वर्ष लगभग 3 एमएमएससीएम प्राकृतिक गैस की बचत होगी।

ख) हम आंतरिक ईंधन स्रोत के रूप में प्राकृतिक गैस से कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) पर स्विच कर रहे हैं।

ग) बिजली उत्पादन के लिए गैस टर्बाइनों में प्राकृतिक गैस के साथ हरित हाइड्रोजन को मिश्रित करने के चरणबद्ध दृष्टिकोण को लागू करने से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है।

घ) फीड गैस टरबाइन में अपशिष्ट ताप पुनर्प्राप्ति का उपयोग करके बिजली का उत्पादन।

ङ.) पारंपरिक लाइटों को एलईडी लाइटों में परिवर्तित करना।

च) सर्किट ब्रेकरों से एसएफ6 का चरणबद्ध निष्कासन।

प्रचालन डीकार्बोनाइजेशन के अलावा, गेल नवीकरण ऊर्जा, सीबीजी, इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल, ग्रीन हाइड्रोजन, कार्बन अवशोषण, उपयोग और भंडारण और कार्बन समायोजन में ऊर्जा परिवर्तन परियोजनाएं शुरू कर रहा है।

8. **कंपनी द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान किया जाए:**

| मापदंड | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|
| **उत्पन्न कुल अपशिष्ट (मीट्रिक टन में)** | | |
| **प्लास्टिक कचरा (क)** | 137 | 249.68 |
| **ई–कचरा (ख)** | 22.11 | 6.83 |
| **जैव चिकित्सा अपशिष्ट (ग)** | 0.21 | 3.59 |
| **निर्माण और ध्वस्त मलबा (घ)** | 0 | 0 |
| **बैटरी अपशिष्ट (ड़)** | 58.14 | 7.1 |
| **रेडियोधर्मी अपशिष्ट (च)** | 0 | 0 |
| अन्य जोखिमपूर्ण अपशिष्ट। कृपया निर्दिष्ट करें, यदि कोई हो। (छ) (बास्केट फिल्टर, खाली ड्रम, टार, तैलीय कीचड मी.टन में) | 3392.44 | 3599.45 |
| अन्य गैर–खतरनाक सृजित अपशिष्ट (ज)। कृपया निर्दिष्ट करें, यदि कोई हो। (संरचना के आधार पर विवरण अर्थात क्षेत्र के लिए प्रासंगिक सामग्री द्वारा) | 3136.94 | 3,706.61 |
| **कुल (क+ख+ग+घ+ड़+च+छ+ज)** | **6746.84** | **7573.26** |
| **उत्पन्न कचरे की प्रत्येक श्रेणी के लिए, पुनर्चक्रण, पुनः उपयोग या अन्य पुनर्प्राप्ति के माध्यम से प्राप्त कुल अपशिष्ट संचालन (मीट्रिक टन में)** | | |
| **कचरे की श्रेणी – ठोस (मी.टन)** | | |
| (i) पुनर्नवीनीकरण | 2615.2 | 4222 |
| (ii) पुनः उपयोग किया गया | 0 | 0 |
| (iii) अन्य रिकवरी ऑपरेशन | 0 | 0 |
| **कुल** | **2615.2** | **4222** |
| **उत्पन्न कचरे की प्रत्येक श्रेणी के लिए, निपटान विधि की प्रकृति के अनुसार कुल अपशिष्ट का निपटान (मीट्रिक टन में)** | | |
| **कचरे की श्रेणी–ठोस (मी.टन)** | | |
| (i) भस्मीकरण | | 713.24 |
| (ii) लैंडफिलिंग | 241 | 21 |
| (iii) अन्य निपटान संचालन | 7.48 | 4.9 |
| **कुल** | **3057.48** | **739.14** |

**टिप्पणीः क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।**

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

**9. अपने प्रतिष्ठानों में अपनाए गए अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं का संक्षेप में वर्णन करें। अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं में खतरनाक और जहरीले रसायनों के उपयोग को कम करने के लिए आपकी कंपनी द्वारा अपनाई गई कार्यनीति और ऐसे कचरे के प्रबंधन के लिए अपनाई गई प्रथाओं का उल्लेख करें।**

- गेल नई संसाधन कुशल प्रौद्योगिकी प्राप्त करने के लिए चक्रिय अर्थव्यवस्था की अवधारणा को लागू करने की इच्छा रखता है। इसका उद्देश्य अपनी सुविधाओं से अपशिष्ट उत्पादन में कमी लाने और हमारे परिचालन में यथासंभव हद तक पुनर्चक्रण/पुनः उपयोग करने के तरीकों की खोज पर ध्यान केंद्रित करना है।
- गेल का लक्ष्य जोखिम और गैर–जोखिम दोनों तरह के कचरे के उत्पादन को कम करना है।
- गेल अपनी साइटों पर उत्पन्न गैर–जोखिम कचरे को कम करने, पुनः उपयोग करने और पुनर्चक्रण के 3आर सिद्धांत का पालन करता है।
- जोखिम कचरे को अलग किया जाता है और समर्पित भंडारण स्थान में संग्रहित किया जाता है। सभी जोखिम कचरे को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) उपचार भंडारण और निपटान सुविधाओं (टीएसडीएफएस) या रिसाइक्लरों को भेजा जाता है। प्लास्टिक अपशिष्ट, जैव–चिकित्सा अपशिष्ट और ई–कचरे को अलग किया जाता है और तीसरे पक्ष के पुनर्चक्रणकर्ताओं को भेजा जाता है। किसी भी रिसाव से बचने के लिए प्रत्यक्ष और ट्रांसपोर्ट इमरजेंसी कार्ड के अनुसार खतरनाक कचरे के परिवहन के दौरान सुरक्षा सावधानियां बरती जाती हैं।
- पाता संयंत्र में गेल ने आम जोखिम अपशिष्ट उपचार, भंडारण और निपटान सुविधा (सीएचडब्ल्यूटीएसडीएफ) और रिसाइक्लरों को भेजने से पहले संग्रह के लिए एक समर्पित अपशिष्ट भंडारण सुविधा शुरू की है।
- पॉलिमर पैकिंग को द्वितीयक और तृतीयक बाजारों के माध्यम से रिसाइकल किया जा रहा है।
- गेल विभिन्न आरएंडडी पहलों के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन और न्यूनतमकरण प्रौद्योगिकी विकास की दिशा में काम कर रहा है।

**10. यदि कंपनी में पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों (जैसे राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभयारण्य, जैवक्षेत्र रिजर्व, आर्द्रभूमि, जैव विविधता हॉटस्पॉट, वन, तटीय विनियमन क्षेत्र आदि) में संचालन/कार्यालय हैं, जहां पर्यावरण अनुमोदन/मंजूरी की आवश्यकता है, तो कृपया निम्नलिखित प्रारूप में विवरण निर्दिष्ट करें:**

गेल का पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों (जैसे राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभ्यारण्य, जैवक्षेत्र रिजर्व, आर्द्रभूमि, जैव विविधता हॉटस्पॉट, वन, तटीय विनियमन क्षेत्र आदि) के आसपास कोई कार्यालय स्थित नहीं है।

| क्र. सं. | संचालनों/ कार्यालयों का स्थान | संचालनों का प्रकार | क्या पर्यावरण अनुमोदन/मंजूरी की शर्तों का अनुपालन किया जा रहा है? (हां/नहीं)। यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और क्या सुधारात्मक कार्रवाई की गई है, यदि कोई हो। |
|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**11. चालू वित्तीय वर्ष में लागू कानूनों के आधार पर संस्था द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन का विवरण:**

| परियोजना का नाम और संक्षिप्त विवरण | ईआईए अधिसूचना संख्या | दिनांक | क्या स्वतंत्र बाह्य एजेंसी द्वारा आयोजित (हाँ/नहीं) | परिणाम सार्वजनिक डोमेन में संप्रेषित (हाँ/नहीं) | संबंधित वेब लिंक |
|---|---|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**12. क्या कंपनी भारत में लागू पर्यावरण कानून/विनियमों/दिशानिर्देशों का अनुपालन करती है, जैसे जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और उसके तहत नियम (हां/नहीं)। यदि नहीं, तो ऐसे सभी गैर–अनुपालनों का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:**

– जी हां, गेल अनुपालन करता है।

| क्र. सं. | कानून/ विनियम/ दिशानिर्देश निर्दिष्ट करें जिनका पालन नहीं किया गया था | गैर–अनुपालन का विवरण प्रदान करें | प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या अदालतों जैसी विनियामक एजेंसियों द्वारा लगाया गया कोई भी जुर्माना/ दंड/ कार्रवाई | सुधारात्मक कार्रवाई की गई, यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

## नेतृत्व संकेतक

**1. अक्षय और गैर–नवीकरणीय स्रोतों से खपत की गई कुल ऊर्जा (जूल या गुणकों में) का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:**

| मापदंड | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|
| **अक्षय स्रोतों से** | | |
| कुल बिजली खपत (क) | 1,16,872 जीजे | 1,13,711 जीजे |
| कुल ईंधन खपत (ख) | 0 | 0 |
| अन्य स्रोतों के माध्यम से ऊर्जा की खपत (ग) | 0 | 0 |
| **अक्षय स्रोतों से खपत कुल ऊर्जा (क+ख+ग)** | 1,16,872 जीजे | 1,13,711 जीजे |
| **गैर–नवीकरणीय स्रोतों से** | | |
| कुल बिजली खपत (घ) | 14,99,471 जीजे | 19,83,078 जीजे |
| कुल ईंधन खपत (ड.) | 4,66,73,781 जीजे | 5,50,14,953 जीजे |
| ऊर्जा खपत अन्य स्रोतों के माध्यम से (च) | 17,75,211 जीजे | 14,14,628 जीजे |
| **गैर–नवीकरणीय स्रोतों से खपत की गई कुल ऊर्जा (डी+ई+एफ)** | 4,99,48,463 जीजे | 5,84,12,659 जीजे |

**टिप्पणीः क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।**

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

**2. डिस्चार्ज किए गए पानी से संबंधित निम्नलिखित विवरण प्रदान करें:**

| (iii) समुद्रीजल में | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|
| **गंतव्य और उपचार के स्तर के अनुसार पानी का निर्वहन (किलोलीटर में)** | | |

| (iii) समुद्रीजल में | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|
| **(i) सतही जल के लिए** | | |
| – कोई उपचार नहीं | 0 | 0 |
| – उपचार सहित<br>– कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें | 21,97,609<br>माध्यमिक स्तर | 16,38,325<br>माध्यमिक स्तर |
| **(ii) भूजल में** | | |
| – कोई उपचार नहीं | 0 | 0 |
| – उपचार सहित<br>– कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| **(iii) समुद्री जल में** | 0 | 0 |
| – कोई उपचार नहीं | 0 | 0 |
| – उपचार सहित<br>– कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| **(iv) तीसरे पक्ष को भेजा गया** | 0 | 0 |
| – कोई उपचार नहीं | | |
| – उपचार सहित<br>– कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| **(v) अन्य** | 0 | 0 |
| – कोई उपचार नहीं | 0 | 0 |
| – उपचार सहित<br>– कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| **कुल डिस्चार्ज पानी (कि.ली. में)** | **21,97,609** | **16,38,325** |

**टिप्पणी: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।**

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

3. **क्षेत्रों में पानी की निकासी, खपत और निर्वहन, पानी की कमी वाले क्षेत्रों में स्थित प्रत्येक सुविधा/संयंत्र के लिए, निम्नलिखित जानकारी प्रदान करें:**

**क्षेत्र का नाम:** गंधार, झाबुआ

**संचालन की प्रकृति:** गांधार एक गैस प्रोसेसिंग यूनिट है, झाबुआ एनजी कंप्रेसर स्टेशन है।

निम्नलिखित प्रारूप में जल निकासी, खपत और निर्वहन:

| मापदंड | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|
| **स्रोत से जल निकासी (कि.ली.में)** | | |
| (i) सतही जल | 0 | 0 |
| (ii) भूजल | 27,423 | 27,423 |
| (iii) थर्ड पार्टी वाटर | 0 | 0 |
| (iv) समुद्री जल/अलवणीकृत जल | 0 | 0 |
| (v) अन्य (नगरपालिका) | 13,09,767 | 12,35,614 |
| **जल निकासी की कुल मात्रा (कि.ली. में)** | 13,37,190 | 12,63,037 |
| **पानी की खपत की कुल मात्रा (कि.ली. में)** | 13,37,190 | 12,63,037 |
| **प्रति रुपए करोबार जल तीव्रता** (पानी की खपत/कारोबार) | 9.29 कि.ली./भारतीय रुपए करोड़ | 13.82 कि.ली./भारतीय रुपए करोड़ |
| **पानी की तीव्रता** (वैकल्पिक) – कंपनी द्वारा प्रासंगिक मीट्रिक का चयन किया जा सकता है | लागू नहीं | लागू नहीं |
| **गंतव्य और उपचार के स्तर के अनुसार पानी का डिस्चार्ज (कि.ली. में)** | | |
| **(i) सतही जल के लिए** | | |
| – कोई उपचार नहीं | 0 | 0 |
| – उपचार सहित<br>– कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| **(ii) भूजल में** | | |
| – कोई उपचार नहीं | 0 | 0 |
| – उपचार सहित<br>– कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| **(iii) समुद्री जल में** | | |
| – कोई उपचार नहीं | 0 | 0 |
| – उपचार सहित<br>– कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| **(iv) तीसरे पक्ष को भेजा गया** | | |
| – कोई उपचार नहीं | 0 | 0 |
| – उपचार सहित<br>– कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| **(v) अन्य** | | |
| – कोई उपचार नहीं | 0 | 0 |
| – उपचार सहित<br>– कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| **कुल डिस्चार्ज पानी (कि.ली. में)** | 0 | 0 |

**टिप्पणी: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।**

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

**4. कृपया निम्नलिखित प्रारूप में कुल स्कोप 3 उत्सर्जन और इसकी तीव्रता का विवरण प्रदान करें:**

| मापदंड | यूनिट | वित्त वर्ष 2022–23 (वर्तमान वित्तीय वर्ष) | वित्त वर्ष 2021–22 (पिछला वित्तीय वर्ष) |
|---|---|---|---|
| कुल स्कोप 3 उत्सर्जन (सीओ2, सीएच4, एन2ओ, एचएफसी, पीएफसी, एसएफ6, एनएफ3 जीएचजी में विवरण, यदि उपलब्ध हो) | सीओ$_2$ समकक्ष मीट्रिक टन | 2,34,23,804 | 2,40,06,532 |
| **कुल स्कोप 3 उत्सर्जन प्रति रुपए कारोबार** | सीओ$_2$ समकक्ष/करोड़ रुपए का मीट्रिक टन | 159.76 | 262.58 |
| **कुल स्कोप 3 उत्सर्जन तीव्रता** (वैकल्पिक) – कंपनी द्वारा प्रासंगिक मीट्रिक का चयन किया जा सकता है | | N/A | N/A |

**टिप्पणी: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन/आश्वासन किया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम बताएं।**

जी हां, गेल (इंडिया) लिमिटेड {"गेल"} ने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्टिंग अवधि के लिए स्थिरता रिपोर्ट का एक स्वतंत्र आश्वासन कराने के लिए ब्यूरो ऑफ वेरिटास को नियुक्त किया है।

**5. उपर्युक्त आवश्यक संकेतकों के प्रश्न 10 में बताए गए पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में, रोकथाम और उपचारात्मक गतिविधियों के साथ–साथ ऐसे क्षेत्रों में जैव विविधता पर कंपनी के महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव का विवरण प्रदान करें।**

पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों (जैसे राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभ्यारण्य, जैवक्षेत्र रिजर्व, आर्द्रभूमि, जैव विविधता हॉटस्पॉट, वन, तटीय विनियमन क्षेत्र आदि) के आसपास गेल का कोई कार्यालय स्थित नहीं है।

**6. यदि संस्था ने कोई विशिष्ट पहल की है या संसाधन दक्षता में सुधार के लिए नवीन प्रौद्योगिकी या समाधान का उपयोग किया है, या उत्सर्जन/अपशिष्ट डिस्चार्ज/अपशिष्ट उत्पन्न होने के कारण प्रभाव को कम किया है, तो कृपया उसका विवरण और साथ ही ऐसी पहल के परिणाम निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार प्रदान करें:**

| क्र. सं. | शुरू की गई पहल | पहल का विवरण (वेब–लिंक, यदि कोई हो, सार के साथ उपलब्ध कराया जाए) | पहल का परिणाम |
|---|---|---|---|
| 1. | अपशिष्ट सुधार (अपशिष्ट मूल्य निर्धारण पहल) | 1. गेल बबलिंग फ्लूडाइज्ड बेड पायरोलिसिस प्रक्रिया का उपयोग करके पेट्रोरसायन तेल गाद से मूल्य वर्धित रसायनों और ईंधन की रिकवरी पर एक शोध परियोजना पर काम कर रहा है। यह परियोजना भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के सहयोग से संचालित की जा रही है। | परियोजना के परिणाम मूल्य समृद्ध रसायनों और ईंधन की रिकवरी के दौरान तेल गाद निपटान समस्या को कम करेंगे। |
| | | 2. गेल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के सहयोग से हाइड्रेट प्रक्रिया का उपयोग करके अपशिष्ट जल के उपचार के लिए एक शोध परियोजना भी चला रहा है। | आरओ आधारित अपशिष्ट जल शोधन की तुलना में अनुकूलित हाइड्रेट आधारित अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली का विकास ऊर्जा कुशल होने की उम्मीद है। |

**7. क्या संस्था में व्यवसाय निरंतरता और आपदा प्रबंधन योजना है? 100 शब्दों में/वेब लिंक का विवरण दें।**

जी हां, हमारी आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना (ईआरडीएमपी), पीएनजीआरबी, घटना रिपोर्टिंग प्रणाली (आईआरएस) और निकासी मानक संचालन प्रक्रिया किसी भी आपदा के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करती है और जागरूकता लाने के लिए ऑनसाइट और ऑफसाइट मॉक ड्रिल भी आयोजित की जाती है ताकि किसी भी दुर्घटना के दौरान इसका इस्तेमाल किया जा सके। गेल में, एक समर्पित आपदा प्रबंधन दल है जिसमें घटना से निपटने वाली टीम और सेक्टर–1, नोएडा में डेटा सेंटर को प्रभावित करने वाली किसी भी आपदा का प्रबंधन शामिल है। हमारी कई प्रणालियाँ और तंत्र हमारी डिजिटल पहल, जोखिम प्रबंधन योजना, हमारे आपूर्तिकर्ताओं से हमारे प्रमुख और गैर–प्रमुख दोनों कार्यों से संबंधित वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति जैसे व्यापार निरंतरता सुनिश्चित करते हैं।

**8. कंपनी की मूल्य श्रृंखला से उत्पन्न होने वाले पर्यावरण पर किसी भी महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव का खुलासा करें। इस संबंध में कंपनी द्वारा क्या उपशमन या अनुकूलन उपाय किए गए हैं?**

पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव सूचित नहीं किया गया है।

**9. मूल्य श्रृंखला भागीदारों का प्रतिशत (ऐसे भागीदारों के साथ किए गए व्यवसाय के मूल्य के अनुसार) जिनका मूल्यांकन पर्यावरणीय प्रभावों के लिए किया गया था।**

मानकों पर 100% नए आपूर्तिकर्ताओं की जांच की जाती है।

## सिद्धांत 7: व्यवसाय, जब सार्वजनिक और विनियामक नीति को प्रभावित करने में संलग्न होते हैं, तो उन्हें इस तरह से करना चाहिए जो जिम्मेदार और पारदर्शी हो।

### आवश्यक संकेतक

**1. क. व्यापार और उद्योग मंडलों/संघों के साथ संबद्धता की संख्या।**

वित्त वर्ष 2022–23 में गेल 21 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों का हिस्सा था।

**ख. शीर्ष 10 व्यापार और उद्योग मंडलों/संघों (ऐसे निकाय के कुल सदस्यों के आधार पर निर्धारित) की सूची बनाएं, जो इकाई का सदस्य/से संबद्ध है।**

| | व्यापार और उद्योग चैम्बरों/संघों का नाम | व्यापार और उद्योग चैम्बरों/संघों की पहुंच (राज्य/राष्ट्रीय) |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय पवन ऊर्जा संघ (आईडब्ल्यूपीए) | भारत |
| 2. | केमिकल एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीपीएए) | भारत |

| व्यापार और उद्योग चैम्बरों/संघों का नाम | व्यापार और उद्योग चैम्बरों/संघों की पहुंच (राज्य/राष्ट्रीय) |
|---|---|
| 3. तरलीकृत प्राकृतिक गैस आयातकों का अंतर्राष्ट्रीय समूह (आईसीपीई) | अंतरराष्ट्रीय |
| 4. भारतीय प्लास्टिक पर्यावरण केंद्र (आईसीपीई) | भारत |
| 5. प्राकृतिक गैस सोसायटी (एनजीएस) | भारत |
| 6. भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) | भारत |
| 7. ग्लोबल रिपोर्टिंग इनिशिएटिव | भारत |
हमारी राय में, कंपनी के पास सभी भौतिक मामलों में एक पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है, और 31 मार्च, 2023 तक वित्तीय रिपोर्टिंग की तुलना में वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, जो कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों की तुलना में आंतरिक नियंत्रण पर आधारित थे और जिसमें द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की तुलना में लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन टिप्पण में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करना शामिल है।

हमने पता लगाए गए सुधार के क्षेत्रों पर विचार किया है जिन्हें कंपनी के 31 मार्च, 2023 के पृथक इंड एएस वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में लागू किए गए लेखापरीक्षा परीक्षणों की प्रकृति, समय और सीमा का निर्धारण करने में ऊपर उल्लेख किए गए अनुसार आगे और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। तथापि, सुधार के ये क्षेत्र कंपनी के पृथक इंड एएस वित्तीय विवरणों पर हमारी राय को प्रभावित नहीं करते हैं।

**कृते ए.आर. एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
भागीदार
सदस्यता सं.: 072209
यूडीआईएनः 23072209BGVYOZ8897

**कृते गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000458N

हस्ता./–
**मनोज भारद्वाज**
भागीदार
सदस्यता सं.: 098606
यूडीआईएनः 23098606BGSSNP8155

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 18 मई, 2023**

# गेल (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली
## 31 मार्च 2023 तक पृथक तुलन–पत्र

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | टिप्पण सं. | 31 मार्च 2023 तक | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| | **परिसंपत्तियां** | | | |
| 1 | गैर–चालू परिसंपत्तियां | | | |
| | क) परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण | 2 | 39,414.32 | 35,736.71 |
| | ख) कार्यशील पूंजी | 3 | 13,662.48 | 13,071.31 |
| | ग) मूर्त परिसंपत्तिया | 4 | 2,854.97 | 2,534.68 |
| | घ) परिसंपत्तियों के उपयोग का अधिकार | 2क | 2,038.04 | 1,509.60 |
| | ड.) वित्तीय परिसंपत्तियां | | | |
| | i) निवेश | 5 | 12,788.77 | 12,120.92 |
| | ii) व्यापार प्राप्तियां | 6 | 1,044.28 | 1,049.61 |
| | iii) ऋण | 7 | 3,317.06 | 3,129.72 |
| | iv) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां | 8 | 527.92 | 1,089.43 |
| | च) गैर–वर्तमान कर परिसंपत्तियां (निवल) | 9 | 725.87 | 431.96 |
| | छ) अन्य गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां | 12 | 1,004.48 | 797.80 |
| | **उप–योग (1)** | | **77,378.19** | **71,471.74** |
| 2 | चालू परिसंपत्तियां | | | |
| | क) मांग सूची | 10 | 5,281.27 | 3,015.24 |
| | ख) वित्तीय परिसंपत्तियां | | | |
| | i) व्यापार प्राप्य | 6क | 10,366.30 | 7,316.38 |
| | ii) नकद तथा उसके समकक्ष | 11 | 173.77 | 1,367.56 |
| | iii) नकद तथा उसके समकक्ष के अलावा बैंक शेष | 11क | 228.19 | 717.39 |
| | iv) ऋण | 7क | 67.72 | 99.11 |
| | v) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां | 8क | 1,800.35 | 1,686.63 |
| | ग) अन्य वर्तमान परिसंपत्तियां | 12क | 835.79 | 666.47 |
| | **उप–योग (2)** | | **18,753.39** | **14,868.78** |
| | **कुल परिसंपत्तियां (1+2)** | | **96,131.58** | **86,340.52** |
| | **इक्विटी तथा देयताएं** | | | |
| 1 | **इक्विटी** | | | |
| | क) इक्विटी शेयर पूंजी | 13 | 6,575.10 | 4,440.39 |
| | ख) अन्य इक्विटी | 14 | 49,078.57 | 51,146.41 |
| | **उप–योग (1)** | | **55,653.67** | **55,586.80** |
| | **देयताएं** | | | |
| 2 | xj&pky n;rk, | | | |
| | क) वित्तीय देयताएं | | | |
| | i) उधार | 15 | 7,837.08 | 4,830.09 |
| | ii) पट्टा देयताएं | | 1,039.17 | 938.68 |
| | iii) अन्य वित्तीय देयताएं | 16 | 732.80 | 691.53 |
| | ख) प्रावधान | 17 | 799.26 | 666.39 |
| | ग) संविदा देयताएं | | 495.73 | 429.71 |
| | घ) आस्थगित कर देयता (निवल) | 20 | 4,662.78 | 4,767.28 |
| | ड.) अन्य गैर–वर्तमान देयताएं | 19 | 4,541.57 | 4,675.95 |
| | **उप–योग (2)** | | **20,108.39** | **16,999.63** |

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | टिप्पण सं. | 31 मार्च 2023 तक | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| 3 | **वर्तमान देयताएं** | | | |
| | क) वित्तीय देयताएं | | | |
| | i) उधार | 15क | 6,471.66 | 1,522.67 |
| | ii) पट्टा देयताएं | | 381.63 | 364.32 |
| | iii) व्यापार देयताएं | | | |
| | क) लघु उद्यमों एवं सूक्ष्म उद्यमों की कुल बकाया देयताएं | 18 | 337.10 | 292.37 |
| | ख) लघु उद्यमों एवं सूक्ष्म उद्यमों के अलावा लेनदारों के कुल बकाया देयताएं | 18 | 6,962.14 | 5,173.60 |
| | iv) अन्य वित्तीय देयताएं | 16क | 3,687.74 | 3,926.31 |
| | ख) अन्य वर्तमान देयताएं | 19क | 1,027.16 | 1,045.70 |
| | ग) संविदा देयताएं | | 608.70 | 585.24 |
| | घ) प्रावधान | 17क | 893.39 | 843.88 |
| | **उप–योग (3)** | | **20,369.52** | **13,754.09** |
| | **कुल इक्विटी और देयताएं (1+2+3)** | | **96,131.58** | **86,340.52** |

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और संलग्न टिप्पणियां पृथक वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।

**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**

हस्ता./–
**एम.के. अग्रवाल**
कंपनी सचिव
(एसीएस सं.: 69402)

हस्ता./–
**आर.के. जैन**
निदेशक (वित्त)
(डीआईएनः 08788595)

हस्ता./–
**एम.वी. अय्यर**
निदेशक (बीडी) एवं निदेशक (विपणन)
(डीआईएनः 08198178)

हस्ता./–
**एस.के. गुप्ता**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएनः 07570165)

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

कृते **ए.आर. एंड कंपनी**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
फर्म नं. 002744C
हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
**(भागीदार)**
सदस्यता सं. 072209

कृते **गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
फर्म नं. 000458N
हस्ता./–
**मनोज भारद्वाज**
**(भागीदार)**
सदस्यता सं. 098606

स्थानः **नई दिल्ली**
दिनांकः **18 मई 2023**

# गेल (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली
## 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष का लाभ एवं हानि पृथक विवरण

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | टिप्पण सं. | 31 मार्च 2023 तक | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| I | प्रचालनों से राजस्व (सकल) | 21 | 1,44,301.61 | 91,645.72 |
| II | अन्य आय | 22 | 2,684.70 | 2,046.86 |
| III | **कुल राजस्व (I+II)** | | **1,46,986.31** | **93,692.58** |
| IV | **व्यय** | | | |
| | उपभुक्त सामग्रियों की लागत | | 6,860.15 | 5,044.04 |
| | उत्पाद शुल्क | | 51.93 | 19.24 |
| | व्यापार में स्टॉक की खरीद | | 1,23,975.78 | 66,064.91 |
| | तैयार माल, व्यापार स्टॉक और चल रहा कार्य | 23 | (1,959.99) | (326.77) |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 24 | 1,773.77 | 1,711.17 |
| | वित्त लागत | 25 | 311.72 | 174.43 |
| | मूल्यह्रास तथा परिशोधन व्यय | 26 | 2,488.07 | 2,111.17 |
| | अन्य व्यय | 27 | 6,901.07 | 5,304.10 |
| | **कुल व्यय (IV)** | | **1,40,402.50** | **80,102.29** |
| V | **कर पूर्व लाभ ( III+IV )** | | **6,583.81** | **13,590.29** |
| VI | **कर व्यय** | | | |
| | (1) वर्तमान कर | | | |
| | –वर्तमान वर्ष | | 1,277.47 | 3,248.41 |
| | –पूर्व अवधियों से संबंधित कर का समायोजन | | (52.37) | (77.57) |
| | (2) आस्थगित कर | | 57.20 | 55.48 |
| | **कुल कर व्यय** | | **1,282.30** | **3,226.32** |
| VII | **वर्ष हेतु लाभ (V-VI)** | | **5,301.51** | **10,363.97** |
| VIII | **अन्य व्यापक आय (ओसीआई)** | | | |
| | **(क) मद जिसे बाद की अवधियों में लाभ एवं हानि में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा** | | | |
| | नकद प्रवाह हेज लाभ/(हानि) पर निवल संचलन | | (689.16) | 890.80 |
| | उस पर प्रभावी आयकर | | 173.45 | (224.20) |
| | **निवल ओसीआई जिसे लाभ एवं हानि में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा (क)** | | **(515.71)** | **666.60** |
| | **(ख) मदें जिन्हें बाद की अवधियों में लाभ एवं हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाएगा** | | | |
| | (i) एफवीटीओसीआई इक्विटी शेयरों पर निवल लाभ/(हानि) | | (357.85) | 1,886.98 |
| | उस पर प्रभावी आय कर | | 1.25 | (1.32) |
| | | | **(356.60)** | **1,885.66** |
| | (ii) परिभाषित लाभ योजनाओं पर पुनर्माप लाभ/(हानि) | | 46.69 | 46.84 |
| | उस पर आयकर प्रभाव | | (11.75) | 8.93 |
| | | | **34.94** | **55.77** |
| | **निवल ओसीआई जिसे लाभ या हानि (ख) में पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाएगा** | | **(321.66)** | **1,941.43** |
| | **वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय (क+ख)** | | **(837.37)** | **2,608.03** |
| IX | **वर्ष के लिए कुल व्यापक आय (VII+VII) (लाभ/(हानि) और अवधि के लिए ओसीआई शामिल है)** | | **4,464.14** | **12,972.00** |
| X | प्रति इक्विटी शेयर आय (रुपए में) (प्रत्येक का अंकित मूल्य ₹ 10) | **क** | | |
| | क) मूल | | 8.04 | 15.56 |
| | ख) प्रति शेयर कम की गई आय | | 8.04 | 15.56 |

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और संलग्न टिप्पणियां पृथक वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न अंग हैं। उपरोक्त अवधि के दौरान कोई प्रचालन बंद नहीं किया गया।

**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हस्ता./– | हस्ता./– | हस्ता./– | हस्ता./– |
| **एम.के. अग्रवाल** | **आर.के. जैन** | **एम.वी. अय्यर** | **एस.के. गुप्ता** |
| कंपनी सचिव | निदेशक (वित्त) | निदेशक (बीडी) एवं निदेशक (विपणन) | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |
| (एसीएस सं.: 69402) | (डीआईएनः 08788595) | (डीआईएनः 08198178) | (डीआईएनः 07570165) |

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

| | |
|---|---|
| कृते **ए.आर. एंड कंपनी** | कृते **गांधी मिनोचा एंड कंपनी** |
| **चार्टर्ड एकाउंटेंट्स** | **चार्टर्ड एकाउंटेंट्स** |
| फर्म नं. 002744C | फर्म नं. 000458N |
| हस्ता./– | हस्ता./– |
| **पवन के. गोयल** | **मनोज भारद्वाज** |
| **(भागीदार)** | **(भागीदार)** |
| सदस्यता सं. 072209 | सदस्यता सं. 098606 |

स्थानः **नई दिल्ली**
दिनांकः **18 मई 2023**

# 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का पृथक विवरण

## क. इक्विटी शेयर पूंजी

**31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए**

इक्विटी शेयर पूंजी (जारी, अभिदान और प्रदत्त इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 10)

| विवरण | टिप्पण सं. | ₹ करोड़ में |
|---|---|---|
| 1 अप्रैल 2022 को | 13 | 4,440.39 |
| वर्ष के दौरान शेयरों का बायबैक* | | (56.99) |
| वर्ष के दौरान शेयरों का बोनस इश्यू# | | 2,191.70 |
| **31 मार्च 2023 को** | | 6,575.10 |

*वर्ष के दौरान कंपनी ने ₹ 190 प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर 5,69,85,463 इक्विटी शेयर वापस खरीदे।
#वर्ष के दौरान कंपनी ने 1:2 के अनुपात में बोनस शेयर इश्यू किए हैं।

**31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए**

इक्विटी शेयर पूंजी (जारी, अभिदान और प्रदत्त इक्विटी शेयर प्रत्येक ₹ 10)

| विवरण | टिप्पण सं. | ₹ करोड़ में |
|---|---|---|
| 1 अप्रैल 2021 को | 13 | 4,440.39 |
| **31 मार्च 2022 को** | | 4,440.39 |

## ख. अन्य इक्विटी

**31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए** **(₹ करोड़ में)**

| विवरण | आरक्षित और अधिशेष | | | | आरक्षित और अधिशेष | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिधारित आय | बॉंड रीडेम्पशन रिजर्व | सामान्य रिजर्व | आरक्षित पूंजी मोचन | इक्विटी शेयरों के एफवीटीओसीआई पर निवल (हानि)/ लाभ | नकद प्रवाह बचाव लाभ/(हानि) पर निवल संचलन | |
| **1 अप्रैल 2022 को शेष** | **41,904.72** | **-** | **3,505.49** | **69.76** | **4,658.78** | **1,007.66** | **51,146.41** |
| वर्ष के लिए लाभ | 5,301.51 | | | | | | 5,301.51 |
| परिभाषित लाभ योजनाओं पर पुनः माप लाभ/(हानि) (कर का निवल) | 34.94 | | | | | | 34.94 |
| वर्ष के दौरान रिजर्व में अंतरण | - | - | (56.98) | | | | (56.98) |
| वर्ष के दौरान रिजर्व से अंतरण | - | | - | 56.98 | | | 56.98 |
| शेयरों की बॉयबैक (बॉयबैक कर और व्यय सहित) | - | | (1,271.90) | | | | (1,271.90) |
| शेयरों का बोनस इश्यू | (15.09) | | (2,176.61) | | | | (2,191.70) |
| अंतिम लाभांश | (438.34) | | | | | | (438.34) |
| अंतरिम लाभांश | (2,630.04) | | | | | | (2,630.04) |
| **वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय/ (हानि)** | | | | | | | |
| एफवीटीओसीआई इक्विटी शेयरों पर शुद्ध लाभ/(हानि) | | | | | (356.60) | | (356.60) |
| नकदी प्रवाह पर निवल संचलन लाभ/(हानि) | | | | | | (515.71) | (515.71) |
| **31 मार्च 2023 को शेष** | **44,157.70** | **-** | **-** | **126.74** | **4,302.18** | **491.95** | **49,078.57** |

**31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए** (₹ करोड़ में)

| विवरण | आरक्षित और अधिशेष | | | | आरक्षित और अधिशेष | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिधारित आय | बॉंड रीडेम्प्शन रिजर्व | सामान्य रिजर्व | आरक्षित पूंजी मोचन | इक्विटी शेयरों के एफवीटी ओसीआई पर निवल (हानि)/ लाभ | नकद प्रवाह बचाव लाभ/(हानि) पर निवल संचलन | |
| **1 अप्रैल 2021 को शेष** | **36,399.48** | **104.77** | **2,469.09** | **69.76** | **2,786.60** | **341.06** | **42,170.76** |
| वर्ष के लिए लाभ | 10,363.97 | | | | | | 10,363.97 |
| परिभाषित लाभ योजनाओं पर पुनः माप लाभ (कर का निवल) | 55.77 | | | | | | 55.77 |
| इक्विटी शेयरों के एफवीटीओसीआई पर शुद्ध लाभ/(हानि) (कर का निवल) प्रतिधारित आय में पुनर्वर्गीकृत* | 13.48 | | | | (13.48) | | - |
| वर्ष के दौरान रिजर्व में अंतरण | (1,044.28) | (112.65) | | | | | (1,156.93) |
| वर्ष के दौरान रिजर्व से अंतरण | 112.65 | 7.88 | 1,036.40 | | | | 1,156.93 |
| लाभांश | (3,996.35) | | | | | | (3,996.35) |
| **वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय/ (हानि)** | | | | | | | |
| एफवीटीओसीआई इक्विटी शेयरों पर शुद्ध लाभ/(हानि) | - | | | | 1,885.66 | | 1,885.66 |
| नकदी प्रवाह पर निवल संचलन लाभ/(हानि) | - | | | | | 666.60 | 666.60 |
| **31 मार्च 2022 को शेष** | **41,904.72** | **-** | **3,505.49** | **69.76** | **4,658.78** | **1,007.66** | **51,146.41** |

*मैसर्स एडवरब टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स अटेंटिव एआई सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में निवेश की बिक्री के कारण, उचित मूल्य लाभ (कर का निवल) को प्रतिधारित आय में पुनर्वर्गीकृत किया गया।

**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**

हस्ता./–
**एम.के. अग्रवाल**
कंपनी सचिव
(एसीएस सं.: 69402)

हस्ता./–
**आर.के. जैन**
निदेशक (वित्त)
(डीआईएनः 08788595)

हस्ता./–
**एम.वी. अय्यर**
निदेशक (बीडी) एवं निदेशक (विपणन)
(डीआईएनः 08198178)

हस्ता./–
**एस.के. गुप्ता**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएनः 07570165)

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

कृते **ए.आर. एंड कंपनी**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
फर्म नं. 002744C

हस्ता./–
**पवन के. गोयल**
**(भागीदार)**
सदस्यता सं. 072209

कृते **गांधी मिनोचा एंड कंपनी**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
फर्म नं. 000458N

हस्ता./–
**मनोज भारद्वाज**
**(भागीदार)**
सदस्यता सं. 098606

स्थानः **नई दिल्ली**
दिनांकः **18 मई 2023**

# गेल (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली
# 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए
# नकदी प्रवाह का पृथक विवरण

(₹ करोड़ में)

| | विवरण | समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए | |
|---|---|---|---|
| | | 31 मार्च 2023 | 31 मार्च 2022 |
| **क)** | **परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | 1 कर पूर्व लाभ | 6,583.81 | 13,590.29 |
| | **2 के लिए समायोजनः** | | |
| | मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 2,488.07 | 2,111.17 |
| | वित्त लागत | 311.72 | 174.43 |
| | निवेश पर लाभांश आय | (1,463.97) | (870.94) |
| | ब्याज आय | (679.77) | (601.36) |
| | निवेश की बिक्री पर (लाभ)/हानि | (6.81) | (18.90) |
| | म्यूचुअल फंड निवेश पर एमटीएम (लाभ)/हानि | | 0.42 |
| | कर्मचारी लाभ के लिए प्रावधान | 183.33 | 143.80 |
| | संभावित दायित्वों का प्रावधान | 45.21 | 53.29 |
| | संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 13.09 | 53.47 |
| | अन्य प्रावधान | 10.80 | (3.23) |
| | सरकारी अनुदान का परिशोधन | (100.79) | (68.91) |
| | वित्तीय गारंटी दायित्व का परिशोधन | (5.35) | (5.36) |
| | वित्तीय गारंटी पर संभावित ऋण हानि | 46.62 | 169.58 |
| | परिसंपत्तियों की बिक्री पर (लाभ)/हानि (निवल) | 5.84 | 12.03 |
| | हानि/सीडब्ल्यूआईपी के लिए प्रावधान | 46.73 | (11.42) |
| | कमोडिटी डेरिवेटिव (नेट) पर एमटीएम हानि | (114.93) | 241.36 |
| | बट्टे खाते में डाला गया शुष्क कुओं का व्यय | | 0.08 |
| | मद–हानि के लिए प्रावधान/(उलटना) (निवल) | 55.38 | - |
| | **उप–योग (2)** | **835.17** | **1,379.51** |
| | **कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पहले परिचालन लाभ (1+2)** | **7,418.98** | **14,969.80** |
| | **कार्यशील पूंजी में परिवर्तन (नकद और नकद समकक्षों को छोड़कर)** | | |
| | व्यापार और अन्य प्राप्तियां | (2,064.59) | (5,762.47) |
| | मांग सूची | (2,265.76) | (415.73) |
| | व्यापार और अन्य देय | 1,237.14 | 3,158.39 |
| | **कार्यशील पूंजी में परिवर्तन (नकदी और नकद समकक्षों को छोड़कर)** | **(3,093.21)** | **(3,019.81)** |
| | **संचालन से उत्पन्न नकदी (3+4)** | **4,325.77** | **11,949.99** |
| | **प्रत्यक्ष कर का भुगतान** | (1,517.76) | (3,196.01) |
| | **परिचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह (5+6)** | **2,808.01** | **8,753.98** |
| **ख)** | **निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | अचल परिसंपत्तियों की खरीद/सीडब्ल्यूआईपी | (7,419.10) | (5,951.12) |
| | अचल परिसंपत्तियों की बिक्री | 77.49 | 32.74 |
| | सरकारी अनुदानों की प्राप्ति (पूंजीगत अनुदान) | - | 589.55 |
| | म्यूचुअल फंड में निवेश | (11,113.00) | (12,104.95) |
| | म्यूचुअल फंड की बिक्री | 11,119.81 | 12,591.91 |
| | अन्य कंपनियों में निवेश | (1,065.43) | (943.58) |
| | निवेश से बिक्री | | 19.43 |
| | प्राप्त ऋण – (प्रदत्त) | 42.17 | 56.59 |

(₹ करोड़ में)

| | विवरण | समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए | |
|---|---|---|---|
| | | **31 मार्च 2023** | **31 मार्च 2022** |
| | प्राप्त ब्याज | 482.50 | 425.53 |
| | निवेश पर प्राप्त लाभांश | 1,322.23 | 870.94 |
| | **निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह** | **(6,553.33)** | **(4,412.96)** |
| **ग)** | **वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह** | | |
| | उधार की चुकौती | (1,121.01) | (1,537.95) |
| | अवधि के दौरान उधार | 9,077.00 | 1,900.00 |
| | भुगतान की गई पट्टा देयताएं | (350.96) | (205.02) |
| | भुगतान की गई पट्टा देयताओं पर ब्याज | (76.29) | (29.10) |
| | शेयरों का बायबैक | (1,328.88) | - |
| | भुगतान किया गया लाभांश | (3,067.94) | (3,994.26) |
| | भुगतान की गई वित्त लागत | (580.39) | (319.35) |
| | **वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह** | **2,551.53** | **(4,185.68)** |
| | **नकद और नकद समकक्षों में निवल वृद्धि (क+ख+ग)** | **(1,193.79)** | **155.34** |
| | अवधि के प्रारंभ होने पर नकद और नकद समकक्ष | 1,367.56 | 1,212.22 |
| | अवधि के बंद होने पर नकद और नकद समकक्ष | 173.77 | 1,367.56 |

**टिप्पणी:**

**1. वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह में निम्नलिखित गैर–नकदी परिवर्तन शामिल हैं:**

| | विवरण | 31 मार्च 2023 | 31 मार्च 2022 |
|---|---|---|---|
| | विनिमय दर में परिवर्तन के कारण (लाभ)/हानि | (6.08) | (0.82) |

2. नकद प्रवाह विवरण नकद प्रवाह के इंड एएस 7 विवरण के अनुसार अप्रत्यक्ष विधि का इस्तेमाल करके तैयार किया गया है।
3. चालू वर्ष की प्रस्तुति/प्रकटीकरण के अनुरूप जहां भी आवश्यक हो, पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनः समूहीकृत/पुनः वर्गीकृत किया गया है।
4. नकद और नकद समकक्ष के लिए टिप्पण 11 देखें।

**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हस्ता./– | हस्ता./– | हस्ता./– | हस्ता./– |
| **एम.के. अग्रवाल** | **आर.के. जैन** | **एम.वी. अय्यर** | **एस.के. गुप्ता** |
| कंपनी सचिव | निदेशक (वित्त) | निदेशक (बीडी) एवं निदेशक (विपणन) | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |
| (एसीएस सं.: 69402) | (डीआईएन: 08788595) | (डीआईएन: 08198178) | (डीआईएन: 07570165) |

**हमारी समसंख्यक पृथक रिपोर्ट के अनुसार**

| | |
|---|---|
| कृते **ए.आर. एंड कंपनी** | कृते **गांधी मिनोचा एंड कंपनी** |
| **चार्टर्ड एकाउंटेंट्स** | **चार्टर्ड एकाउंटेंट्स** |
| फर्म नं. 002744C | फर्म नं. 000458N |
| हस्ता./– | हस्ता./– |
| **पवन के. गोयल** | **मनोज भारद्वाज** |
| **(भागीदार)** | **(भागीदार)** |
| सदस्यता सं. 072209 | सदस्यता सं. 098606 |

स्थान: **नई दिल्ली**
दिनांक: **18 मई 2023**

**टिप्पण – क**

# 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

**प्रति शेयर आय (ईपीएस)**

मूल और प्रति शेयर कम की गई ईपीएस राशियों की गणना कंपनी के इक्विटी धारकों के कारण वर्ष के लाभ को वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है। प्रति शेयर कम की गई ईपीएस की गणना कंपनी के इक्विटी धारकों के कारण वर्ष के लिए लाभ को वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और इक्विटी शेयरों में सभी प्रति शेयर कम किए गए संभावित इक्विटी शेयरों के रूपांतरण पर जारी किए जाने वाले इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

निम्नलिखित मूल और प्रति शेयर कम की गई ईपीएस गणना में उपयोग की जाने वाली आय और शेयर डेटा को दर्शाता है:

**(₹ करोड़ में)**

| विवरण | 31 मार्च 2023 | 31 मार्च 2022 |
|---|---|---|
| लाभ और हानि विवरण के अनुसार वर्ष के लिए लाभ | 5,301.51 | 10,363.97 |
| **मूल आय के लिए कंपनी के इक्विटी धारकों के कारण लाभ** | **5,301.51** | **10,363.97** |
| | **संख्या करोड़ में** | **संख्या करोड़ में** |
| मूल ईपीएस की गणना में इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या | 659.41 | 666.06 |
| **प्रति शेयर कम की गई ईपीएस की गणना में इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या** | **659.41** | **666.06** |
| **प्रति इक्विटी शेयर आय (₹)** | | |
| **मूल** | 8.04 | 15.56 |
| **प्रति शेयर कम की गई आय** | 8.04 | 15.56 |
| **प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य (₹ में)** | **10** | **10** |

**टिप्पणी:**

शेयरधारकों के अनुमोदन के अनुसार, कंपनी ने सितंबर 2022 में प्रत्येक ₹ 10 के प्रत्येक दो मौजूदा इक्विटी शेयरों के लिए ₹ 10 के एक इक्विटी शेयर के अनुपात में बोनस शेयर जारी किए हैं। तदनुसार, प्रति शेयर आय को इंड एएस 33 के अनुसार पिछले वर्ष के लिए बहाल किया गया है।

# टिप्पण: 1क: कॉर्पोरेट सूचना और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

## कॉर्पोरेट सूचना

गेल (इंडिया) लिमिटेड ("गेल" या "कंपनी") भारत में स्थित एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है (सीआईएन: L40200DL1984GOI018976) और इसे 16 अगस्त, 1984 को निगमित किया गया था। कंपनी के इक्विटी शेयर भारत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं। कंपनी की ग्लोबल डिपॉजिटरी प्राप्तियां (जीडीआर) लंदन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं। 31 मार्च 2023 को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी पूंजी में भारत सरकार की हिस्सेदारी 51.52% है। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय 16, भीकाजी कामा प्लेस, आर के पुरम, नई दिल्ली–110066 में स्थित है।

गेल भारत में सबसे बड़ी सरकारी स्वामित्व वाली प्राकृतिक गैस प्रोसेसिंग और वितरण कंपनी है। कंपनी का एक विविध व्यापार पोर्टफोलियो है और प्राकृतिक गैस के सोर्सिंग और व्यापार, एलपीजी, तरल हाइड्रोकार्बन और पेट्रोरसायन के उत्पादन, पाइपलाइनों के माध्यम से प्राकृतिक गैस और एलपीजी के संचरण आदि में इसके भागीदारी हित हैं। गेल की भारत और विदेशों में तेल और गैस ब्लॉक में भी भागीदारी है।

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के पृथक वित्तीय विवरणों को 18 मई 2023 को निदेशक मंडल के एक संकल्प के अनुसार जारी करने के लिए अधिकृत किया गया था।

## तैयारी का आधार

कंपनी के पृथक वित्तीय विवरण समय–समय पर यथा संशोधित और अधिनियम के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों सहित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 133 के तहत कारपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।

वित्तीय विवरणों को लेखांकन के प्रोद्भवन के आधार पर भविष्य में बने रहने वाली एक संस्था के रूप में तैयार किया गया है। कंपनी ने कुछ मदों को छोड़कर परिसंपत्तियों और देयताओं के लिए ऐतिहासिक लागत आधार अपनाया है जिन्हें एक अलग आधार पर मापा गया है और इस तरह के आधार को प्रासंगिक लेखा नीति में प्रकट किया गया है।

वित्तीय विवरण भारतीय रुपए (₹) में प्रस्तुत किए जाते हैं और मूल्यों को निकटतम करोड़ (दो दशमलव तक) तक पूर्णांकित किया जाता है, जब तक कि अन्यथा संकेत न दिया जाए।

## 1. लेखांकन नीतियां

### 1.1 परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई)

क) पीपीई की एक वस्तु की लागत को एक परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है लेकिन तभी, और केवल तभी, जब:

- i. यह संभावना हो कि भावी आर्थिक लाभ संस्था को प्राप्त हों; तथा
- ii. किसी वस्तु की लागत को विश्वसनीयता से मापा जा सकता है।

ख) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण मूल लागत पर प्राप्त कर/शुल्क ऋण, कम संचित मूल्यह्रास/परिशोधन और संचयी हानि/परिशोधन को घटाकर लिखा गया है। ऐसी परिसंपत्तियों के चालू होने तक नियत परिसंपत्तियों के अधिग्रहण से संबंधित सभी लागतों को पूंजीकृत किया जाता है। चालू की गई संपत्तियों के मामले में जहां ठेकेदारों को अंतिम भुगतान लंबित है, पूंजीकरण अनंतिम आधार पर किया जाता है, जो सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त होने तक अनंतिम दायित्व को शामिल करते हुए, निपटान के वर्ष में लागत और मूल्यह्रास में आवश्यक समायोजन के अधीन होते हैं।

ग) भंडार और अतिरिक्त पुर्जे जो पीपीई की परिभाषा को पूरा करते हैं (चाहे घटक के रूप में या अन्यथा) और मान्यता मानदंडों को पूरा करते हैं, अंतर्निहित परिसंपत्ति में पीपीई के रूप में पूंजीकृत होते हैं। पीपीई के प्रमुख निरीक्षण और मरम्मत पर व्यय को पूंजीकृत किया जाता है, जब यह परिसंपत्ति पहचान मानदंडों को पूरा करती है। पिछले निरीक्षण और मरम्मत की लागत की किसी भी शेष राशि को अमान्य कर दिया गया है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु के प्रमुख हिस्से को बदलने की लागत को उस वस्तु की वहन राशि में जोड़ा जाता है यदि यह संभावना हो कि उस हिस्से के भीतर शामिल भविष्य के आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और इसकी लागत को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है। बदले गए हिस्से की वहन राशि की पहचान रद्द कर दी जाती है, भले ही बदले गए हिस्से का अलग से मूल्यह्रास किया गया हो। यदि बदले गए हिस्से की वहन राशि निर्धारित करना व्यावहारिक नहीं है, तो कंपनी बदलने की लागत का उपयोग यह संकेत देने के लिए करती है कि बदले गए हिस्से के अधिग्रहण या निर्माण के समय उसकी लागत क्या थी।

घ) पीपीई की खरीद के समय तकनीकी जानकारी/खर्च किए गए लाइसेंस शुल्क को अंतर्निहित परिसंपत्ति के भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है।

ड़) सुरक्षा या पर्यावरणीय कारणों से पीपीई की वस्तुएं खरीदी जा सकती हैं। ऐसे पीपीई का अधिग्रहण, हालांकि पीपीई के किसी विशेष मौजूदा मद के भावी आर्थिक लाभों में सीधे वृद्धि नहीं कर रहा है, यह किसी कंपनी के लिए अपनी अन्य परिसंपत्तियों से भावी आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक हो सकता है। पीपीई की ऐसी वस्तुओं को संपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है।

च) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मान्यता तब रद्द कर दी जाती है जब उनके उपयोग से या उनके निपटान पर भविष्य में कोई आर्थिक लाभ होने की उम्मीद नहीं होती है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु की मान्यता रद्द करने पर लाभ और हानि को निपटान से बिक्री आय, यदि कोई हो, और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में निर्धारित किया जाता है तथा लाभ एवं हानि के विवरण में डाला जाता है। ऐसी परिस्थिति में, जहां संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की एक वस्तु को छोड़ दिया जाता है, उसी अवधि में संपत्ति, संयंत्र और उपकरण से संबंधित शुद्ध वहन लागत को बट्टे खाते में डाल दिया जाता है।

छ) इंड एएस में परिवर्तन पर, कंपनी ने दिनांक 01.04.2015 को मान्यता–प्राप्त अपने सभी पीपीई के वहन मूल्य को जारी रखने के लिए चुना है, जिसे पिछले जीएएपी के अनुसार मापा गया है और उस वहन मूल्य को पीपीई की मानी गई लागत के रूप में उपयोग किया गया है।

### 1.2 अमूर्त परिसंपत्तियां

क) उपयोग का अधिकार (आरओयू), सॉफ्टवेयर, लाइसेंस जैसी अमूर्त परिसंपत्तियां जिनसे भविष्य में स्थायी आर्थिक लाभ प्राप्त होने की उम्मीद है, उन्हें अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और अधिग्रहण की उनकी लागत कम संचित परिशोधन और किसी भी संचित हानि पर दर्ज की जाती है।

ख) किए गए व्यय जो अमूर्त संपत्तियों के तहत पूंजीकरण के लिए पात्र हैं, उन्हें विकास के तहत अमूर्त संपत्तियों के रूप में तब तक किया जाता है जब तक कि वे अपने वांछित उपयोग के लिए तैयार न हो जाएं।

ग) किसी अमूर्त संपत्ति की मान्यता तब रद्द कर दी जाती है जब उसके उपयोग से या उसके निपटान पर भविष्य में कोई आर्थिक लाभ होने की उम्मीद नहीं होती है। किसी अमूर्त संपत्ति की मान्यता रद्द करने पर लाभ या हानि को शुद्ध

निपटान आय, यदि कोई हो, और अमूर्त संपत्ति की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में निर्धारित किया जाता है और लाभ एवं हानि के विवरण में डाला जाता है।

घ) इंड एएस में परिवर्तन पर, कंपनी ने दिनांक 01.04.2015 को पिछले जीएएपी के अनुसार मापी गई अपनी सभी अमूर्त परिसंपत्तियों के वहन मूल्य को जारी रखने के लिए चुना है और उस वहन मूल्य को अमूर्त परिसंपत्ति की मानी गई लागत के रूप में उपयोग किया है।

## 1.3 चल रहा पूंजीगत कार्य

क) कार्य शुरू होने पर जहां आरओयू का अधिग्रहण किया जाता है, वास्तविक भुगतान/अनुमानित देयता के आधार पर कार्यशील पूंजी के तहत फसल मुआवजे का हिसाब लगाया जाता है।

ख) कार्यशील पूंजी में परियोजनाओं में उपयोग के लिए साइट पर प्राप्त मार्गस्थ/उपकरण/सेवाओं आदि में सामग्री सहित निर्माण भंडार शामिल हैं।

ग) निर्माण अवधि के दौरान किए गए सभी राजस्व व्यय, जो संपत्ति के अधिग्रहण/निर्माण के लिए अत्यधिक जिम्मेदार हैं, ऐसी परिसंपत्तियों के चालू होने के समय पूंजीकृत होते हैं।

### 1.4 अन्वेषण और विकास लागत

**क)** कंपनी अन्वेषण, विकास और उत्पादन गतिविधियों के लिए संबंधित मेजबान सरकार और विभिन्न निकाय कॉरपोरेट्स के साथ उत्पादन हिस्सेदारी संविदा (पीएससी) और राजस्व हिस्सेदारी संविदा (आरएससी) की प्रकृति में शामिल या अनिगमित संयुक्त उद्यमों के माध्यम से की गई तेल और गैस की अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियाँ, जिनमें अन्वेषण और मूल्यांकन लागत शामिल है, इस प्रकार हैः

(i) भूगर्भीय और भूभौतिकीय (जीएंडजी) की लागत जिसमें भूकंपीय सर्वेक्षण शामिल हैं, अन्वेषण और मूल्यांकन प्रस्तावों के लिए सतही पट्टा किराया आदि को राजस्व व्यय के रूप में उस वर्ष में मान्यता दी जाती है जिसमें ये खर्च की जाती हैं।

(ii) अन्वेषक/मूल्यांकन वेल की लागत को कार्यशील पूंजी पर – विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्तियां/कार्यशील पूंजी के रूप में लिया जाता है। इस तरह के अन्वेषी वेल को उस वर्ष में पूंजीकृत किया जाता है जिसमें उत्पादक संपत्ति बनाई जाती है। ऐसी लागतों को उस वर्ष के बट्टे खाते में डाल दिया जाता है जब शुष्क/त्यागा गया निर्धारित किया जाता है।

(iii) सभी "अन्वेषी वेल की प्रगति" की लागत को लाभ एवं हानि विवरण में डेबिट किया जाता है, उन वेल को छोड़कर जिनके लिए पर्याप्त मात्रा में भंडार के उचित संकेत मिले हों तथा उद्यम रिजर्व और आर्थिक और परियोजना की परिचालन व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए पर्याप्त प्रगति कर रहा हो।

**ख) उत्पादन संपत्तियों का पूंजीकरण**

उत्पादन संपत्तियों को "पूर्ण वेल/उत्पादक वेल" के रूप में पूंजीकृत किया जाता है जब क्षेत्र/क्षेत्र में वेल प्रमाणित विकसित तेल और गैस भंडार की स्थापना पर व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने के लिए तैयार होते हैं।

उत्पादन संपत्तियों की लागत में सफल अन्वेषी वेल, विकास वेल की लागत, सहायक उपकरणों की प्रारंभिक मूल्यह्रास सुविधाएं और अनुमानित भविष्य परित्याग लागत शामिल है।

**ग) उत्पादन संपत्तियों का ह्रास**

उत्पादन विधि की यूनिट (यूओपी)" का उपयोग करके उत्पादन परिसंपत्तियां समाप्त हो जाती हैं। सभी पूंजीगत लागत के लिए प्रभारित उत्पादन की कमी या यूनिट की गणना वर्ष के दौरान उत्पादन के अनुपात में वर्ष के अंत में प्रमाणित विकसित भंडार के रूप में की जाती है।

**घ) उत्पादन संपत्तियों की उत्पादन लागत**

जैसा कि ऑपरेटर द्वारा दर्शाया गया है, उत्पादन लागत में कंपनी के हिस्से में मूल्यह्रास और सहायक उपकरण और सुविधाओं की लागू परिचालन लागत सहित वेल पूर्व शीर्ष और वेल पश्चात् शीर्ष व्यय शामिल हैं।

**ङ.) संयुक्त प्रचालन के लिए लेखांकन**

कंपनी उत्पादन हिस्सेदारी संविदा (पीएससी) और राजस्व हिस्सेदारी संविदा के माध्यम से दर्ज किए गए संयुक्त प्रचालन में अपने हितों के संबंध में, वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों, देयताओं, आउटपुट की बिक्री से राजस्व, संयुक्त प्रचालन यूनिट के खर्चों में अपने आनुपातिक हिस्से को मान्यता देती है।

### 1.5 विदेशी मुद्रा लेनदेन

क) कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपया (₹) है।

ख) विदेशी मुद्रा में लेन–देन शुरू में लेनदेन की तारीख पर प्रचलित विनिमय दर पर होते हैं।

ग) मौद्रिक मदों (जैसे नकद, प्राप्य, ऋण, देय आदि) विदेशी मुद्राओं में मूल्यवर्ग, वर्ष के अंत में बकाया, वर्ष के अंत में प्रचलित विनिमय दरों (देयताओं के लिए बीसी बिक्री दर और प्राप्य के लिए टीटी खरीद दर) पर नामित किया जाता है।

घ) गैर–मौद्रिक मदों (जैसे निवेश, संपत्ति संयंत्र और उपकरण आदि), विदेशी मुद्राओं में मूल्यवर्ग को लेनदेन की तारीख पर प्रचलित विनिमय दर पर हिसाब में लिया जाता है।

ङ.) विनिमय अंतर के कारण या तो निपटान या परिवर्तन पर होने वाले किसी भी लाभ या हानि को लाभ एवं हानि विवरण में समायोजित किया जाता है।

च) विदेशी मुद्रा में उचित मूल्य पर मापी गई गैर–मौद्रिक वस्तुओं का विनिमय दरों का उपयोग उस तिथि पर किया जाता है जब उचित मूल्य निर्धारित किया जाता है। गैर–मौद्रिक वस्तुओं के परिवर्तन पर होने वाले लाभ या हानि को ऐसी वस्तु के उचित मूल्य के निर्धारण पर उत्पन्न होने वाले लाभ या हानि के अनुरूप, या तो अन्य व्यापक आय या लाभ और हानि के विवरण में, जैसा भी मामला हो, मान्यता दी जाती है।

### 1.6 उधार लेने की लागत

उधार लेने की लागत में निम्नलिखित शामिल हैः

(क) ब्याज व्यय की गणना प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करके की जाती है जैसा कि इंड एएस 109–'वित्तीय लिखत' में वर्णित है।

(ख) पट्टा देयताओं पर ब्याज व्यय इंड एएस 116–'पट्टे' के अनुसार मान्यता प्राप्त है, और

(ग) विदेशी मुद्रा उधार से उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतर उस सीमा तक होता है कि उन्हें ब्याज लागत के समायोजन के रूप में माना जाता है।

अर्हक परिसंपत्तियां प्राप्त करने के उद्देश्य से विशेष रूप से उधार ली गई और परिसंपत्ति की लागत के साथ पूंजीकरण के लिए पात्र निधियों की उधार लागत को उस तारीख तक पूंजीकृत किया जाता है जब परिसंपत्ति ऐसी निधियों के अस्थायी निवेश पर अर्जित किसी भी आय को शुद्ध करने के बाद अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होती है। अन्य उधारी लागतों को वर्ष में होने वाले व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

### 1.7 सरकारी अनुदान

सरकारी अनुदानों को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि उचित आश्वासन न हो कि कंपनी उनसे जुड़ी शर्तों का पालन करेगी और अनुदान प्राप्त किया जाएगा। मूल्यह्रास योग्य परिसंपत्तियों के मामले में, परिसंपत्ति की लागत को सकल मूल्य पर दिखाया जाता है और उस पर अनुदान को आस्थगित आय में लिखा जाता है जिसे परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन पर लाभ एवं हानि विवरण में आय के रूप में मान्यता दी जाती है। गैर–मूल्यह्रास योग्य परिसंपत्तियों से संबंधित सरकारी अनुदानों को भी कुछ दायित्वों की पूर्ति की आवश्यकता हो सकती है और तब उन्हें उन अवधियों में लाभ या हानि में मान्यता दी जाएगी जो दायित्वों को पूरा करने की लागत वहन करते हैं।

### 1.8 बिक्री के लिए धारित गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां

बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों या निपटान समूहों को वहन राशि के निचले स्तर पर और बिक्री की लागत को घटाकर उचित मूल्य पर मापा जाता है। बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत परिसंपत्तियों और देयताओं को तुलन–पत्र में अलग से प्रस्तुत किया जाता है।

गैर–वर्तमान संपत्ति या निपटान समूहों को बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि उनकी अग्रणीत राशि मुख्य रूप से निरंतर उपयोग के बजाय बिक्री के माध्यम से वसूल की जाएगी। प्रबंधन को वर्गीकरण की तारीख से एक वर्ष के भीतर अपेक्षित बिक्री के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। बिक्री की योजना को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई से यह संकेत मिलना चाहिए कि यह संभावना नहीं है कि योजना में महत्वपूर्ण बदलाव किए जाएंगे या योजना को वापस ले लिया जाएगा।

पीपीई और अमूर्त परिसंपत्तियों को एक बार बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास या परिशोधन नहीं किया जाता है।

### 1.9 मांग सूची

क) पाइपलाइनों में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और प्राकृतिक गैस के स्टॉक का मूल्यांकन लागत पर पहले आओ पहले पाओ (एफआईएफओ) के आधार पर या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, के आधार पर किया जाता है।

ख) कच्चे माल और तैयार माल का मूल्यांकन भारित औसत लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है। तैयार माल में उत्पाद शुल्क और जहां भी लागू हो, रॉयल्टी शामिल है।

ग) स्टॉक इन प्रोसेस का मूल्यांकन भारित औसत लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है। इसका मूल्यांकन भारित औसत लागत पर किया जाता है जहां तैयार माल जिसमें इन्हें शामिल किया जाना है, भारित औसत लागत पर या उससे ऊपर बेचे जाने की उम्मीद है।

घ) माल के उत्पादन में उपयोग के लिए भंडार और पुर्जे तथा अन्य सामग्री का मूल्यांकन भारित औसत लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है। इसका मूल्यांकन भारित औसत लागत पर किया जाता है, जहां तैयार माल जिसमें उन्हें शामिल किया जाएगा, को/या उससे अधिक लागत पर बेचे जाने की उम्मीद है।

ड.) अधिशेष/अप्रचलित स्टोर और पुर्जों का मूल्यांकन लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है।

च) पूंजीगत परिसंपत्ति के निर्माण में उपयोग के लिए रखे गए अधिशेष/अप्रचलित पूंजी भंडारों का मूल्यांकन लागत से कम या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य पर किया जाता है।

छ) पारगमन में आयातित एलएनजी का मूल्यांकन सीआईएफ मूल्य या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य जो भी कम हो, पर किया जाता है।

ज) नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) का मूल्यांकन लागत पर पहले आओ पहले पाओ (एफआईएफओ) के आधार पर या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, के आधार पर किया जाता है।

### 1.10 राजस्व मान्यता

कंपनी ने इंड एएस 115 में परिवर्तन पर संशोधित पूर्वव्यापी दृष्टिकोण को लागू किया है।

क) राजस्व को अनुबंध के तहत निष्पादन दायित्व की संतुष्टि पर ग्राहकों को वादा किए गए सामान या सेवाओं के नियंत्रण के हस्तांतरण को दर्शाने के लिए मान्यता दी जाती है, जो उस विचार को दर्शाता है जिसके लिए यूनिट उन वस्तुओं या सेवाओं के बदले पात्र होने की उम्मीद करती है। प्रतिफल में ग्राहकों द्वारा उन परिसंपत्तियों का योगदान शामिल होता है जिन पर कंपनी का नियंत्रण होता है।

ख) जहां निष्पादन दायित्व समय के साथ पूरा हो जाता है, कंपनी रिपोर्टिंग की तारीख तक निष्पादन पूर्णता के आधार पर इनपुट/आउटपुट पद्धति का उपयोग करके राजस्व का पता लगाती है। जहां एक समय पर निष्पादन दायित्व पूरा हो जाता है, कंपनी राजस्व का पता लगाती है जब ग्राहक अनुबंध में वादा किए गए सामान और सेवाओं का नियंत्रण प्राप्त करता है।

ग) कंपनी सेवाओं की बिक्री के संबंध में राजस्व के लेखांकन में आउटपुट पद्धति का उपयोग करती है। आउटपुट पद्धति के उपयोग के लिए कंपनी को निष्पादन पूर्ण होने की तिथि उदाहरण के लिए कालातीत समय के आधार पर राजस्व की पहचान करने की आवश्यकता होती है। अनुबंध की अवधि के दौरान अनुमानों का लगातार मूल्यांकन किया जाता है और कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में समय के साथ पूरा हुए अपने निष्पादन दायित्वों की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति को फिर से मापती है।

घ) कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में अपने अनुमानित लेनदेन मूल्य को अपडेट करती है, ताकि रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूद परिस्थितियों और रिपोर्टिंग अवधि के दौरान परिस्थितियों में बदलाव, दंड, छूट और क्षति आदि को निष्ठापूर्वक प्रस्तुत किया जा सके।

ड.) बीमा दावों का हिसाब बीमाकर्ताओं द्वारा स्वीकार किए गए दावों के आधार पर किया जाता है।

च) दावों (ग्राहकों से विलंबित वसूली पर ब्याज सहित) को तब हिसाब में लिया जाता है, जब इस बात की पर्याप्त निश्चितता हो कि दावा वसूली योग्य हैं।

छ) प्राकृतिक गैस के न्यूनतम गारंटीकृत खरीद (एमजीओ) के संबंध में देयता प्रदान नहीं की जाती है जहां इसे ग्राहकों से वसूली योग्य एमजीओ द्वारा सुरक्षित किया जाता है। वर्ष के दौरान एमजीओ के भुगतान/प्राप्तियों को प्राप्ति के आधार पर समायोजित किया जाता है।

ज) एलपीजी के परिवहन से संबंधित न्यूनतम प्रभार प्राप्ति के आधार पर दर्ज किए जाते हैं।

झ) ग्राहकों के साथ गैस बिक्री समझौते के अनुसार, गैस के वार्षिक खरीद या भुगतान मात्रा (एटीओपीक्यू) के लिए प्राप्त राशि का हिसाब वसूली के आधार पर किया जाता है और देयता के रूप में दिखाया जाता है जब तक कि अनुबंध के अनुसार ग्राहक को गैस की डिलीवरी नहीं की जाती है।

ञ) लाभांश को तब मान्यता दी जाती है जब भुगतान प्राप्त करने का अधिकार स्थापित हो जाता है, यह संभव है कि लाभांश से जुड़े आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और लाभांश की राशि को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है।

### 1.11 मूल्यह्रास/परिशोधन

**क) संपत्ति संयंत्र और उपकरण (पीपीई)**

i. पीपीई पर मूल्यह्रास (सहायक संपत्तियों को शामिल करते हुए) कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ।। में निर्दिष्ट तरीके और उपयोगी जीवन के अनुसार, सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) पर आनुपातिक आधार पर प्रदान किया जाता है (खरीदी गई परिसंपत्तियों के लिए मासिक अनुपात), नीचे उल्लिखित परिसंपत्तियों को छोड़कर जहां बाह्य/आंतरिक तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न उपयोगी जीवन लिया गया है:

| विवरण | वर्ष |
|---|---|
| कर्मचारियों के उपयोग के लिए प्रदान किया गया फर्नीचर | 6 वर्ष |
| कर्मचारियों के उपयोग के लिए प्रदान किए गए बिजली के उपकरण | 4 वर्ष |
| कर्मचारियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराए गए मोबाइल फोन | 2 वर्ष |

ii. पट्टाधारित भूमि की लागत स्थायी पट्टों को छोड़कर पट्टा अवधि के दौरान परिशोधित की जाती है।

iii. अचल संपत्तियों की मूल लागत में मूल्य समायोजन के कारण मूल्यह्रास संभावित रूप से लगाया जाता है।

iv. पीपीई के अवशिष्ट मूल्यों, उपयोगी जीवन और मूल्यह्रास के तरीकों की प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में समीक्षा की जाती है और यदि उपयुक्त हो तो उसे संभावित रूप से समायोजित किया जाता है। यदि पिछले अनुमानों से महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हैं तो भावी अवधि के लिए मूल्यह्रास/परिशोधन को संशोधित किया जाता है। कंपनी ने पीपीई के अवशिष्ट मूल्य को संपत्ति की लागत का 5% माना है।

**ख) अमूर्त परिसंपत्तियां**

i. उपयोग का अधिकार (आरओयू) अनिश्चित काल तक बना रहता है (जिस अवधि के लिए उनसे शुद्ध नकदी प्रवाह उत्पन्न करने की उम्मीद की जाती है, इस तथ्य को देखते हुए कि इन अधिकारों का उपयोग संबंधित पाइपलाइनों के जीवन के बाद भी किया जा सकता है) परिशोधन नहीं किया जाता है, लेकिन वार्षिक हानि के लिए परीक्षण किया जाता है।

ii. सॉफ्टवेयर और लाइसेंस आदि वाली अमूर्त परिसंपत्तियां पूंजीकरण की तारीख से उपयोगी जीवन पर स्ट्रेट लाइन पद्धति (एसएलएम) पर परिशोधित की जाती हैं, जिसे 5 वर्ष/वास्तविक उपयोग जीवन से अधिक नहीं माना जाता है।

iii. परिसंपत्तियों की हानि, यदि कोई हो, के बाद उसके शेष उपयोगी जीवन पर परिसंपत्तियों की संशोधित वहन राशि पर मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है।

**ग) उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित पूंजीगत परिसंपत्ति सुविधाएं**

जिस भूमि का स्वामित्व कंपनी के पास नहीं है, उस भूमि पर उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित पूंजीगत परिसंपत्ति सुविधाओं का कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ।। में निर्दिष्ट उपयोगी जीवन के अनुसार एसएलएम आधार पर मूल्यह्रास किया गया है।

### 1.12 कर्मचारी लाभ

(क) सभी अल्पकालिक कर्मचारी लाभों को लेखांकन अवधि में बिना छूट वाली राशि के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें वे खर्च किए जाते हैं।

(ख) भविष्य निधि में कंपनी का योगदान योग्य कर्मचारी के वेतन के एक निश्चित प्रतिशत के आधार पर इस उद्देश्य के लिए स्थापित एक अलग ट्रस्ट को प्रेषित किया जाता है और इसे लाभ एवं हानि विवरण/सीडब्ल्यूआईपी में डेबिट किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी भविष्य निधि ट्रस्ट को कंपनी द्वारा मुआवजा दिए जाने के लिए भावी अवधि में ब्याज की वैधानिक दर को पूरा करने के लिए फंड परिसंपत्तियों में किसी भी कमी के लिए बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार प्रावधान करती है।

(ग) सेवानिवृत्ति के बाद की चिकित्सा योजना के संबंध में परिभाषित लाभ योजनाओं के तहत कर्मचारी लाभ और उपदान को परिभाषित लाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य के आधार पर मान्यता दी जाती है, जिसकी गणना अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर की जाती है। संबंधित योजनागत परिसंपत्तियों से अधिक बीमांकिक देयता को वर्ष के दौरान मान्यता दी गई है।

(घ) वर्ष के अंत में किए गए बीमांकिक मूल्यांकन की अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति का उपयोग करके अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभों पर दायित्व, जैसे, छुट्टी का नकद भुगतान, मुआवजा अनुपस्थिति और दीर्घ सेवा पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

(ड.) बीमांकिक लाभ और हानि को शामिल करते हुए पुनर्माप को तुलन–पत्र में संबंधित डेबिट या क्रेडिट के साथ लाभ एवं हानि या अन्य व्यापक आय विवरण के माध्यम से घटित होने वाले वर्ष में, जैसा भी मामला हो, मान्यता दी जाती है। बाद की अवधियों में लाभ एवं हानि विवरण के लिए पुनः मापों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाता है।

(च) कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए पेंशन लाभ के लिए एक परिभाषित योगदान योजना भी संचालित करती है और अंशदान एक अलग ट्रस्ट को प्रेषित किया जाता है।

(छ) बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार उपदान और सेवानिवृत्ति के बाद की चिकित्सा योजना (पीआरएमएस) के लिए देयता एक अलग ट्रस्ट के साथ वित्त पोषित है।

### 1.13 गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर नकद उत्पादन इकाई की वहन राशि की समीक्षा की जाती है। यदि आंतरिक/बाह्य कारकों के आधार पर हानि का कोई संकेत मिलता है, तो हानि को स्वीकार किया जाता है जहां परिसंपत्ति की अग्रणीत राशि उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक होती है।

### 1.14 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं, आकस्मिक परिसंपत्तियां और पूंजीगत प्रतिबद्धताएं

किसी प्रावधान को तब मान्यता दी जाती है यदि, किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप, कंपनी के पास वर्तमान कानूनी या रचनात्मक दायित्व है जिसका अनुमान विश्वसनीय रूप से लगाया जा सकता है, और यह संभव है कि दायित्व को निपटाने के लिए आर्थिक लाभ के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी। यदि निधियों के समय मूल्य का प्रभाव महत्वपूर्ण है, तो प्रावधान की राशि दायित्व को निपटाने के लिए अपेक्षित व्यय का वर्तमान मूल्य होगी। जब छूट का उपयोग किया जाता है, तो समय गुज़रने के कारण प्रावधान में वृद्धि को वित्त लागत के रूप में मान्यता दी जाती है।

प्रावधान के रूप में मान्यता–प्राप्त राशि, दायित्व से संबंधित जोखिमों और अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए, रिपोर्टिंग तारीख को वर्तमान दायित्व को निपटाने के लिए आवश्यक विचार का सबसे अच्छा अनुमान है।

जब किसी प्रावधान को निपटाने के लिए आवश्यक कुछ या सभी आर्थिक लाभ किसी तीसरे पक्ष से वसूल किए जाने की उम्मीद की जाती है, तो प्राप्य को परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है यदि यह वस्तुतः निश्चित है कि प्रतिपूर्ति प्राप्त होगी और प्राप्य की राशि को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है तो किसी प्रावधान से संबंधित व्यय, यदि कोई हो, को प्रतिपूर्ति के शुद्ध लाभ एवं हानि के विवरण में डाला जाता है।

आकस्मिक देयताएं संभावित दायित्व हैं जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होती हैं और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक भावी घटनाओं के घटित होने या न होने से होती है जो पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में नहीं हैं। जहां यह संभव नहीं है कि आर्थिक लाभ के बहिर्प्रवाह की आवश्यकता होगी, या राशि का विश्वसनीय रूप से अनुमान नहीं लगाया जा सकता है, वहां दायित्व को आकस्मिक दायित्व के रूप में दर्शाया जाता है, जब तक कि आर्थिक लाभ के बहिर्वाह की संभावना बहुत कम न हो। आकस्मिक देयताओं का खुलासा प्रबंधन/स्वतंत्र विशेषज्ञों के निर्णय के आधार पर किया जाता है। प्रत्येक तुलन–पत्र की तिथि पर इनकी समीक्षा की जाती है और वर्तमान प्रबंधन अनुमान को प्रतिबिंबित करने के लिए समायोजित किया जाता है।

आकस्मिक परिसंपत्तियां संभावित परिसंपत्तियां हैं जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होती हैं और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के घटित होने या न होने से होती है जो पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में नहीं हैं। आकस्मिक परिसंपत्तियों का खुलासा वित्तीय विवरणों में तब किया जाता है जब प्रबंधन के निर्णय के आधार पर आर्थिक लाभ का प्रवाह संभावित होता है। यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार मूल्यांकन किया जाता है कि विकास वित्तीय विवरणों में उचित रूप से प्रतिबिंबित हो।

माप में पर्याप्त मात्रा में अनुमान लगाने वाले प्रावधानों को मान्यता दी जाती है जब पिछली घटनाओं के परिणामस्वरूप वर्तमान दायित्व होता है और यह संभावना है कि संसाधनों का बहिर्वाह होगा। प्रत्येक मामले में 5 लाख रुपए से अधिक की आकस्मिक देयताओं/परिसंपत्तियों का भुगतान लेखाओं में टिप्पणियों के रूप में किया जाता है, सिवाय इसके कि जब निपटान/वसूली की काफी कम संभावना हो।

पूंजीगत लेखाओं पर निष्पादित की जाने वाली शेष अनुबंधों की अनुमानित राशि 5 लाख रुपए से अधिक के प्रत्येक मामले में प्रकट की जाती है।

## 1.15 आय पर कर

### क) वर्तमान कर

वर्तमान कर का प्रावधान आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। रिपोर्टिंग तिथि पर सभी अस्थायी अंतरों पर परिसंपत्तियों और देयताओं के कर आधारों और उनकी वहन राशियों के लिए रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार अधिनियमित या वास्तविक रूप से अधिनियमित किए गए कर की दर और कर कानूनों पर विचार करते हुए वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्य के लिए तुलन–पत्र पद्धति का उपयोग करते हुए आस्थगित कर प्रदान किया जाता है।

### ख) आस्थगित कर

लाभ एवं हानि विवरण के बाहर मान्यता–प्राप्त मदों से संबंधित आस्थगित कर, लाभ एवं हानि विवरण (या तो अन्य व्यापक आय या इक्विटी में) के बाहर मान्यता–प्राप्त है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की अग्रणीत राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर की जाती है और इसे इस सीमा तक समायोजित किया जाता है कि अब यह संभावना नहीं है कि परिसंपत्ति के सभी या उसके हिस्से को वसूल करने की अनुमति देने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा।

आस्थगित कर देयताओं को सभी कर योग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्यता दी जाती है, सिवाय इसके कि जब आस्थगित कर देयताएं किसी लेनदेन में परिसंपत्तियों/देयताओं/साख की प्रारंभिक पहचान से उत्पन्न होती हैं जो एक व्यावसायिक संयोजन नहीं है और लेनदेन पर, न तो लेखांकन लाभ या हानि और न ही कर योग्य लाभ को प्रभावित करता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों/देयताओं को रिपोर्टिंग तिथि पर अधिनियमित कर दरों (और कर कानूनों) के आधार पर मापा जाता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों और आस्थगित कर देयताओं को समायोजित किया जाता है यदि इन्हें समायोजित करने का कोई कानूनी अधिकार मौजूद है।

## 1.16 अनुसंधान एवं विकास व्यय

अनुसंधान और विकास पर राजस्व व्यय को उस वर्ष के लाभ एवं हानि विवरण में दर्ज किया जाता है जिसमें यह खर्च किया गया है। अनुसंधान और विकास पर पूंजीगत व्यय को पूंजीकृत किया जाता है यदि वह संपत्ति के रूप में योग्य हो।

## 1.17 नकद और नकद समकक्ष

नकद और नकद समकक्ष में बैंक और हाथ में नकद तथा तीन महीने या उससे कम की मूल परिपक्वता के साथ अल्पकालिक जमा राशि शामिल हैं, जो मूल्य में परिवर्तन के एक मामूली जोखिम के अधीन हैं।

## 1.18 खंड रिपोर्टिंग

कंपनी का प्रबंधन संसाधन आवंटन और निष्पादन मूल्यांकन के बारे में निर्णय लेने के उद्देश्य से अपने व्यावसायिक खंडों के परिचालन परिणामों की निगरानी करता है। खंड प्रदर्शन का मूल्यांकन लाभ या हानि के आधार पर किया जाता है और वित्तीय विवरणों में लाभ या हानि के साथ लगातार मापा जाता है।

उत्पादों/सेवाओं की प्रकृति के आधार पर परिचालन खंडों की पहचान की गई है।

क) खंड राजस्व में अंतर–खंड राजस्व सहित खंड के साथ/आवंटित करने योग्य सीधे पहचाना गया राजस्व शामिल है।

ख) खंड के परिणाम निर्धारित करने के लिए उन व्ययों पर विचार किया जाता है जो सीधे तौर पर पहचाने जा सकते हैं/खंडों के लिए आवंटित किए जा सकते हैं।

ग) व्यय जो समग्र रूप से कंपनी से संबंधित हैं और जो खंडों के लिए आवंटित नहीं हैं, उन्हें गैर–आवंटित व्यय के तहत शामिल किया गया है।

घ) आय जो समग्र रूप से कंपनी से संबंधित है और खंडों के लिए आवंटित नहीं है, को असंबद्ध आय में शामिल किया गया है।

ड.) सीडब्ल्यूआईपी और देयताओं को शामिल करने वाली खंड परिसंपत्तियां संबंधित खंडों के साथ सीधे पहचान योग्य हैं। गैर–आवंटित संपत्ति और देयताएं उन परिसंपत्तियों और देयताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं जो समग्र रूप से कंपनी से संबंधित हैं और किसी भी खंड के लिए आवंटित नहीं हैं।

## 1.19 प्रति शेयर आय

प्रति इक्विटी शेयर मूल आय की गणना वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से इक्विटी शेयरधारकों के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ को विभाजित करके की जाती है। वर्ष के दौरान इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और कम किए गए संभावित इक्विटी शेयरों के योग से कर के बाद समायोजित शुद्ध लाभ को विभाजित करके प्रति इक्विटी शेयर कम की गई आय की गणना की जाती है।

### 1.20 परिसमापन हानि/मूल्य में कमी अनुसूची

परिसमाप्त क्षतियों/मूल्य कटौती अनुसूची के लिए वसूल की गई राशि को जब भी मामला सुलझाया जाता है, समायोजित/विनियोजित किया जाता है।

### 1.21 नकदी प्रवाह का विवरण

नकदी प्रवाह का विवरण इंड एएस 7, 'नकद प्रवाह का विवरण' में निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि के अनुसार तैयार किया जाता है।

### 1.22 उचित मूल्य मापन

कंपनी प्रत्येक तुलन–पत्र तिथि पर उचित मूल्य पर डेरिवेटिव और विशिष्ट निवेश (सहायक, संयुक्त उद्यम और सहयोगियों के अलावा) को शामिल करते हुए वित्तीय साधनों को मापती है।

सभी परिसंपत्तियां और देयताएं जिनके लिए वित्तीय विवरणों में उचित मूल्य को मापा जाता है या उनका निपटान किया जाता है, उन्हें उचित मूल्य पदानुक्रम के भीतर वर्गीकृत किया जाता है, जो कि निम्नतम स्तर के इनपुट के आधार पर वर्णित है, और जो समग्र रूप से उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण है:

(i) **स्तर 1 –** समान परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत (गैर–समायोजित) बाजार मूल्य।

(ii) **स्तर 2 –** मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण निम्नतम स्तर का इनपुट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देखने योग्य है।

(iii) **स्तर 3 –** मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण निम्नतम स्तर इनपुट अप्राप्य है।

आवर्ती आधार पर तुलन–पत्र में पहचाने जाने वाली परिसंपत्तियों और देयताओं के लिए, कंपनी यह निर्धारित करती है कि क्या प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्गीकरण के पुनर्मूल्यांकन द्वारा (निम्नतम स्तर के इनपुट के आधार पर जो पूर्ण रूप से उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण है) पदानुक्रम में स्तरों के बीच स्थानांतरण हुआ है।

उचित मूल्य विसंगतियों के उद्देश्य के लिए, कंपनी ने परिसंपत्ति या देयता की प्रकृति, विशेषताओं और जोखिमों तथा उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर के आधार पर परिसंपत्ति और देयताओं का जोखिम निर्धारित किया है जैसा कि ऊपर बताया गया है।

### 1.23 वित्तीय लिखत

वित्तीय साधन कोई भी ऐसा अनुबंध है जो किसी कंपनी की वित्तीय परिसंपत्ति और दूसरी कंपनी की वित्तीय देयता या इक्विटी साधन को जन्म देता है।

### (क) वित्तीय परिसंपत्तियां

#### क) वर्गीकरण

कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों को वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए अपने व्यापार मॉडल और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक नकदी प्रवाह विशेषताओं के आधार पर लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से अन्य व्यापक आय या उचित मूल्य के माध्यम से परिशोधित लागत, उचित मूल्य के माध्यम से वर्गीकृत करती है।

#### ख) प्रारंभिक मान्यता और माप

सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को शुरू में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है, साथ ही वित्तीय परिसंपत्तियों के मामले में लाभ एवं हानि विवरण, लेनदेन लागत जो वित्तीय संपत्ति के अधिग्रहण के कारण होती है, के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज नहीं की जाती है।

#### ग) बाद की माप

बाद के माप के प्रयोजनों के लिए वित्तीय परिसंपत्तियों को निम्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:

**i. परिशोधन लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां**

डेरिवेटिव और विशिष्ट निवेशों के अलावा एक वित्तीय परिसंपत्ति को बाद में परिशोधन लागत पर मापा जाता है यदि इसे एक व्यवसाय मॉडल के भीतर रखा जाता है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करने के लिए परिसंपत्ति को धारित करना है और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तारीख को नकदी प्रवाह बढ़ाती हैं जो केवल मूलधन और बकाया मूलधन पर ब्याज का भुगतान होता है।

**ii. अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां**

विशिष्ट निवेश वाले डेरिवेटिव के अलावा किसी वित्तीय परिसंपत्ति को बाद में अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है यदि इसे एक व्यवसाय मॉडल के भीतर रखा गया हो जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करना और वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तों दोनों द्वारा प्राप्त किया जाता है। वृद्धि नकदी प्रवाह के लिए निर्दिष्ट तिथियों पर जो केवल मूलधन और बकाया मूलधन पर ब्याज का भुगतान है। कंपनी ने अपने निवेशों के लिए एक अपरिवर्तनीय चुनाव किया है जिसे इक्विटी लिखतों के रूप में वर्गीकृत किया गया है ताकि इसके व्यापार मॉडल के आधार पर अन्य व्यापक आय में उचित मूल्य में बाद के परिवर्तनों को प्रस्तुत किया जा सके।

**iii. लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां**

किसी वित्तीय परिसंपत्ति जिसमें डेरिवेटिव शामिल हैं जिसे उपरोक्त किसी भी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया गया है, का बाद में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्यांकन किया जाता है।

#### घ) मान्यता रद्द करना

किसी वित्तीय परिसंपत्ति को प्राथमिक रूप से तब अमान्य कर दिया जाता है जब परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अधिकार समाप्त हो गए हों या कंपनी ने परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अपने अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया हो।

#### ङ.) सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों में निवेश

i. कंपनी ने लागत पर सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों में अपने निवेश का हिसाब लगाया है। कंपनी यह आकलन करती है कि क्या कोई संकेत है कि इन निवेशों को नुकसान हो सकता है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद है, तो निवेश को उसके उचित मूल्य के आधार पर हानि के लिए माना जाता है।

ii. जब कंपनी सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध की ओर से वित्तीय गारंटी जारी करती है, तो यह शुरू में वित्तीय गारंटी को उनके उचित मूल्यों पर मापती है और बाद में निम्न में से उच्चतर उपाय करती है:

- इंड एएस 109 की हानि आवश्यकताओं के अनुसार निर्धारित हानि भत्ते की राशि, और
- शुरुआत में कम मान्यता प्राप्त राशि, जब उचित हो, भारतीय लेखा मानक 115 'ग्राहकों के साथ अनुबंधों से राजस्व' के सिद्धांतों के अनुसार मान्यता–प्राप्त आय की संचयी राशि।

iii. कंपनी वित्तीय गारंटी के प्रारंभिक उचित मूल्य को वित्तीय गारंटी दायित्व के रूप में दर्ज की गई संबंधित देयता के साथ मानित निवेश के रूप में मान्यता देती है। इस तरह के समझे गए निवेश को सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यम और संबद्ध कंपनी में निवेश की अग्रणीत मूल्य राशि में जोड़ा जाता है। वित्तीय गारंटी की शेष अवधि में लाभ एवं हानि विवरण में वित्तीय गारंटी दायित्व को अन्य आय के रूप में मान्यता दी गई है।

**च) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि**

कंपनी व्यापार प्राप्य या अनुबंध राजस्व प्राप्य और सभी पट्टा प्राप्य आदि वित्तीय परिसंपत्तियों पर हानि की माप और मान्यता के लिए अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) मॉडल के आधार पर हानि का आकलन करती है।

## (ख) वित्तीय देयताएं

**क) वर्गीकरण**

कंपनी लाभ और हानि के विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं को छोड़कर, सभी वित्तीय देयताओं को बाद में परिशोधित लागत पर मापा जाता है। इस तरह की देयताओं, डेरिवेटिव को शामिल करने के बाद उचित मूल्य पर मापा जाएगा।

**ख) प्रारंभिक मान्यता और माप**

सभी वित्तीय देयताओं को शुरू में उचित मूल्य पर, तथा ऋण और उधार और देय राशि के मामले में, सीधे जिम्मेदार लेनदेन लागतों को घटाकर मान्यता दी जाती है। कंपनी की वित्तीय देयताओं में व्यापार और अन्य भुगतान, ऋण और उधार शामिल हैं, जिसमें बैंक ओवरड्राफ्ट, और व्युत्पन्न वित्तीय साधन शामिल हैं।

**ग) बाद की माप**

वित्तीय देयताओं की माप उनके वर्गीकरण पर निर्भर करती है, जैसा कि नीचे वर्णित है:

**i. परिशोधन लागत पर वित्तीय देयताएं**

प्रारंभिक मान्यता के बाद, ब्याज वाले ऋणों और उधारों को बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का उपयोग करके परिशोधन लागत पर मापा जाता है। लाभ और हानि को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है जब देयताओं को और साथ ही ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता नहीं दी जाती है।

परिशोधन लागत की गणना अधिग्रहण पर किसी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखकर की जाती है और शुल्क या लागत जो ईआईआर का एक अभिन्न अंग है। ईआईआर परिशोधन को लाभ और हानि के विवरण में वित्त लागत के रूप में शामिल किया गया है।

**ii. लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं**

लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में व्यापार के लिए धारित वित्तीय देयताएं और लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में प्रारंभिक मान्यता पर नामित वित्तीय देयताएं शामिल हैं। वित्तीय देयताओं को व्यापार के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि वे निकट अवधि में पुनर्खरीद के उद्देश्य से खर्च की जाती हैं। इस श्रेणी में कंपनी जो इंड एएस 109 द्वारा परिभाषित हेजिंग संबंधों में हेजिंग उपकरणों के रूप में नामित नहीं हैं, द्वारा दर्ज किए गए व्युत्पन्न वित्तीय साधन शामिल होते हैं। अलग किए गए अंतर्निहित डेरिवेटिव को भी व्यापार के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब तक कि उन्हें प्रभावी बचाव इंस्ट्रूमेंट के रूप में नामित नहीं किया जाता है।

व्यापार के लिए धारित देयताओं पर लाभ या हानि को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

**घ) मान्यता हटाना**

किसी वित्तीय दायित्व को अमान्य कर दिया जाता है जब दायित्व के तहत दायित्व का निर्वहन किया जाता है या रद्द कर दिया जाता है या समाप्त हो जाता है।

## (ग) अंतर्निहित डेरिवेटिव्स

क) यदि हाइब्रिड संविदा होस्ट है जो इंड एएस 109 के दायरे में एक परिसंपत्ति है, तो कंपनी अंतर्निहित डेरिवेटिव को अलग नहीं करती है। बल्कि, यह पूरे हाइब्रिड संविदा के लिए इंड  एएस 109 में निहित वर्गीकरण आवश्यकताओं को लागू करती है।

ख) यदि हाइब्रिड संविदा होस्ट है जो भारतीय लेखा मानक 109 के दायरे में एक परिसंपत्ति नहीं है, तो कंपनी होस्ट से अंतर्निहित डेरिवेटिव को अलग करती है और उचित मूल्य पर उपायों को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता–प्राप्त उचित मूल्य में परिवर्तन के साथ मापती है, और केवल तभी जब:

(i) अंतर्निहित व्युत्पन्न की आर्थिक विशेषताएं और जोखिम होस्ट की आर्थिक विशेषताओं और जोखिमों से संबंधित नहीं हैं।

(ii) अंतर्निहित व्युत्पन्न के समान शर्तों वाला एक अलग साधन किसी व्युत्पन्न की परिभाषा को पूरा करेगा; तथा

(iii) लाभ या हानि में मान्यता–प्राप्त उचित मूल्य में परिवर्तन के साथ हाइब्रिड अनुबंध को उचित मूल्य पर नहीं मापा जाता है।

## (घ) वित्तीय साधनों का समायोजन

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं को समायोजित किया जाता है और शुद्ध राशि को तुलन–पत्र में रिपोर्ट किया जाता है यदि मान्यता–प्राप्त राशियों को समायोजित करने के लिए वर्तमान में लागू करने योग्य कानूनी अधिकार है और परिसंपत्तियों को प्राप्त करने तथा देयताओं का एक–साथ निपटान करने के लिए निवल आधार पर निपटान करने का इरादा हो।

## (ड.) व्युत्पन्न वित्तीय साधन और बचाव लेखांकन

कंपनी अपने विदेशी मुद्रा जोखिमों, ब्याज दर जोखिमों और वस्तु मूल्य जोखिमों को हेज करने के लिए भावी मुद्रा संविदा, ब्याज दर स्वैप्स, क्रॉस करेंसी ब्याज दर स्वैप्स, वस्तु स्वैप संविदा के रूप में डेरिवेटिव वित्तीय साधनों का उपयोग करती है।

**क) डेरिवेटिव संविदाएं जिन्हें हेजिंग लिखतों के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया गया है**

i.. इंड–एएस 109 के तहत जिन डेरिवेटिव्स को हेजिंग लिखतों के रूप में नामित नहीं किया गया है, उन्हें शुरू में उस तारीख को उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है जिस दिन एक डेरिवेटिव संविदा की जाती है और बाद में उसे उचित मूल्य पर फिर से मापा जाता है। डेरिवेटिव्स को वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में तब ले जाया जाता है जब उचित मूल्य सकारात्मक होता है और वित्तीय देयताओं के रूप में जब उचित मूल्य नकारात्मक होता है।

ii. डेरिवेटिव के उचित मूल्य में परिवर्तन से उत्पन्न होने वाले किसी भी लाभ या हानि को सीधे लाभ एवं हानि विवरण में लिखा जाता है।

**ख) बचाव लिखतों के रूप में नामित डेरिवेटिव संविदाएं**

i. विदेशी मुद्रा और वस्तु बचाव लेनदेन से उत्पन्न होने वाले जोखिम को कम करने के लिए इंड एएस 109 के तहत हेजिंग लिखतों के रूप में नामित डेरिवेटिव को नकदी प्रवाह बचाव के रूप में माना जाता है।

ii. कंपनी निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार बचाव लिखत करती है, लिखित सिद्धांत प्रदान करती है जो कंपनी की जोखिम प्रबंधन रणनीति के अनुरूप होता है।

iii. बचाव लिखतों को संविदा की शुरुआत में बचाव के रूप में नामित और प्रलेखित किया जाता है। बचाव उपकरणों की प्रभावशीलता का आकलन और मूल्यांकन स्थापना के समय तथा निरंतर आधार पर किया जाता है। नामित बचाव लिखत के उचित मूल्य में परिवर्तन के प्रभावी भाग को "अन्य व्यापक आय" में "नकद प्रवाह बचाव रिजर्व" के रूप में मान्यता दी गई है। अप्रभावी भाग के उत्पन्न होते ही इसे लाभ एवं हानि विवरण में तुरंत दर्ज किया जाता है। नकद प्रवाह बचाव रिजर्व में जमा राशि को उसी अवधि(यों) में लाभ या हानि के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जाता है, जिसके दौरान बचाव की गई वस्तु लाभ या हानि खाते के विवरण को प्रभावित करती है। यदि बचाव की गई मद गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों/देयताओं की लागत है, तो नकद प्रवाह बचाव रिजर्व के रूप में मान्यता प्राप्त राशि को गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों/देयताओं की प्रारंभिक अग्रणीत राशि में स्थानांतरित कर दिया जाता है।

iv. यदि हेजिंग संबंध अब हेज लेखांकन के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो हेज लेखांकन को संभावित रूप से बंद कर दिया जाता है। यदि हेजिंग लिखित समाप्त हो जाती है या बेच दी जाती है, समाप्त कर दी जाती है या उसका प्रयोग किया जाता है, तो नकद प्रवाह हेजिंग रिजर्व में मान्यता–प्राप्त हेजिंग लिखितों पर संचयी लाभ या हानि नकद प्रवाह हेजिंग रिजर्व में रहती है, जब तक कि हेज प्रभावी नहीं था। नकद प्रवाह हेजिंग रिजर्व में पहले से मान्यता–प्राप्त संचयी लाभ या हानि को अंतर्निहित लेनदेन होने पर लाभ एवं हानि विवरण में अंतरित कर दिया जाता है। यदि पूर्वानुमानित लेन–देन अब होने की उम्मीद नहीं है, तो नकदी प्रवाह हेजिंग रिजर्व में जमा राशि को लाभ एवं हानि विवरण में पुनः वर्गीकृत किया जाता है।

## 1.24 पट्टे

कंपनी ने इंड एएस 116 "पट्टों" के रूप में अपनाया और संशोधित पूर्वव्यापी पद्धति का उपयोग करते हुए 1 अप्रैल, 2019 को मौजूद सभी पट्टा संविदाओं के लिए मानक लागू किया। कंपनी संविदा की शुरुआत में मूल्यांकन करती है कि क्या संविदा में कोई पट्टा शामिल है, अर्थात् यदि संविदा प्रतिफल के बदले में किसी पहचान की गई परिसंपत्ति के उपयोग को नियंत्रित करने का अधिकार देती है।

### एक पट्टेदार के रूप में

**क) पट्टे की पहचान करना**

संविदा की शुरुआत में, कंपनी यह आकलन करती है कि संविदा कोई पट्टा है या नहीं। यदि कोई संविदा एक पट्टा है, या इसमें शामिल है, क्या संविदा किसी पहचान की गई परिसंपत्ति के उपयोग को विचार के बदले में समय की अवधि के लिए नियंत्रित करने का अधिकार देती है।

कंपनी मूल्यांकन करती है कि क्याः

i. संविदा में पहचानी गई परिसंपत्ति का उपयोग शामिल है, जो स्पष्ट रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से निर्दिष्ट है।

ii. कंपनी को उपयोग की पूरी अवधि के दौरान परिसंपत्ति के उपयोग से सभी आर्थिक लाभों को पर्याप्त रूप से प्राप्त करने का अधिकार है, और

iii. कंपनी को परिसंपत्ति के उपयोग को निर्देशित करने का अधिकार है।

कंपनी पट्टा भुगतान करने के लिए पट्टा देयताओं को पहचानती है और उपयोग की जाने वाली परिसंपत्तियों में अंतर्निहित परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार का प्रतिनिधित्व करती है।

**ख) उपयोग का अधिकार परिसंपत्ति (आरओयू) की प्रारंभिक मान्यता**

कंपनी पट्टा प्रारंभ तिथि (अर्थात, अंतर्निहित परिसंपत्ति उपयोग के लिए उपलब्ध होने की तिथि) पर किसी आरओयू परिसंपत्ति की पहचान करती है। आरओयू परिसंपत्तियों को शुरू में किसी भी संचित मूल्यह्रास और हानि को कम लागत पर मापा जाता है, और पट्टा देयताओं के किसी भी पुनर्मापन के लिए समायोजित किया जाता है। उपयोग के अधिकार की परिसंपत्तियों की लागत में मान्यता–प्राप्त पट्टा देयताओं की राशि, प्रारंभ तिथि पर या उससे पहले किए गए किसी भी पट्टा भुगतान के लिए समायोजित, साथ ही किसी भी प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत और अंतर्निहित परिसंपत्ति को हटाने और समाप्त करने के लिए लागत का अनुमान लगाना या प्राप्त पट्टा प्रोत्साहनों को घटाकर अंतर्निहित परिसंपत्ति या साइट को बहाल करना जहां वे स्थित हैं, शामिल है।

**ग) उपयोग का अधिकार परिसंपत्ति (आरओयू) के बाद के माप**

आरओयू परिसंपत्तियों को बाद में प्रारंभ तिथि से आरओयू परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन की समाप्ति या पट्टे की अवधि की समाप्ति तक सीधी–रेखा पद्धति का उपयोग करके परिशोधित किया जाता है। यदि पट्टे पर दी गई परिसंपत्ति का स्वामित्व पट्टा अवधि के अंत में कंपनी को अंतरित हो जाता है या लागत खरीद विकल्प के प्रयोग को दर्शाती है, तो मूल्यह्रास की गणना परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन का उपयोग करके की जाती है। इसके अलावा, परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकार समय–समय पर हानियों, यदि कोई हो, द्वारा कम किया जाता है, और पट्टा देयता के कुछ पुनर्मापन के लिए समायोजित किया जाता है। खंड 1.12 में गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि में लेखांकन नीतियां देखें।

**घ) पट्टा दायित्व की प्रारंभिक मान्यता**

पट्टा देयताओं को शुरू में पट्टा अवधि में भुगतान किए जाने वाले पट्टा भुगतान के वर्तमान मूल्य पर मापा जाता है। पट्टा देयताओं के मापन में शामिल पट्टा भुगतान में निम्नलिखित शामिल हैं:

i. निश्चित भुगतान, जिसमें महत्वपूर्ण निश्चित भुगतान शामिल है

ii. परिवर्तनीय पट्टा भुगतान जो एक सूचकांक या दर पर निर्भर करता है

iii. अवशिष्ट मूल्य गारंटी के तहत देय होने वाली राशियां; तथा

iv. एक खरीद विकल्प, विस्तार विकल्प और शीघ्र समाप्ति के लिए दंड के तहत प्रति शेयर मूल्य केवल तभी होता है जब कंपनी उन विकल्पों का प्रयोग करने के लिए पूरी तरह से निश्चित हो।

**ड.) बाद में पट्टा दायित्व का मापन**

पट्टा देयताओं को बाद में ब्याज की वृद्धि को दर्शाने के लिए बढ़ाया जाता है और पट्टा भुगतान के लिए कम किया जाता है। इसके अलावा, पट्टा देयताओं की वाहक राशि का पुनः मूल्यांकन किया जाता है क्या पट्टा अवधि में कोई आशोधन, परिवर्तन किया

गया है (उदाहरण के लिए, इस तरह के पट्टा भुगतानों को निर्धारित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सूचकांक या दर में परिवर्तन के परिणामस्वरूप भविष्य के भुगतान में परिवर्तन) या अंतर्निहित परिसंपत्ति को खरीदने के विकल्प के मूल्यांकन में परिवर्तन किया गया है।

### च) अल्पकालिक पट्टे और कम मूल्य की परिसंपत्ति के पट्टे

कंपनी अपने अल्पकालिक पट्टों पर अल्पकालिक पट्टा मान्यता छूट लागू करती है (अर्थात् वे पट्टे जिनकी पट्टे की अवधि शुरू होने की तारीख से 12 महीने या उससे कम है और जिसमें खरीद विकल्प शामिल नहीं है)। यह कम मूल्य की परिसंपत्तियां मान्यता छूट के पट्टे को भी लागू करती हैं। अल्पकालिक पट्टों और कम मूल्य की परिसंपत्तियों के पट्टों पर लीज भुगतान को लाभ एवं हानि विवरण में व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है।

**एक पट्टेदार के रूप में**

जिन पट्टों में कंपनी किसी परिसंपत्ति सभी जोखिमों और स्वामित्व प्रदान करने को पर्याप्त रूप से अंतरित नहीं करती है, उन्हें परिचालन पट्टों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। प्रचालन पट्टे से किराया आय को पट्टा अवधि में सीधी रेखा आधार पर मान्यता दी जाती है।

पट्टों को वित्तीय पट्टों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब कंपनी से पट्टेदार को स्वामित्व अंतरण के सभी जोखिम और अवार्ड पर्याप्त रूप से होते हैं। वित्त पट्टों के तहत पट्टेदारों से देय राशि को प्राप्य के रूप में दर्ज किया जाता है और वित्त पट्टा आय को लेखा अवधि के लिए आवंटित किया जाता है ताकि पट्टे के संबंध में बकाया शुद्ध निवेश पर वापसी की निरंतर आवधिक दर को दर्शाया जा सके।

### अनुमान और पूर्वानुमान

**पट्टेदार के रूप में छूट दर का निर्धारण**

कंपनी पट्टे में निहित ब्याज दर को आसानी से निर्धारित नहीं कर सकती है, इसलिए, यह पट्टा देयताओं को मापने के लिए अपनी वृद्धिशील उधार दर (आईबीआर) का उपयोग करती है। कंपनी अपनी वृद्धिशील उधार दर का अनुमान लगाती है, जो कि ब्याज की वह दर है जिसे कंपनी को एक समान अवधि में संपार्श्विक आधार पर उधार लेने के लिए भुगतान करना होगा, जो समान आर्थिक वातावरण में देखने योग्य उपलब्ध इनपुट (जैसे बाजार ब्याज दर) का उपयोग करके पट्टे के भुगतान के बराबर है।

### 1.25 कंपनी नीचे दिए गए वर्तमान/गैर–वर्तमान वर्गीकरण के आधार पर तुलन–पत्र में संपत्ति और देयताओं को प्रस्तुत करती है।

**किसी परिसंपत्ति को चालू तब माना जाता है जब इसके:**

- सामान्य प्रचालन चक्र में बेचे जाने या उपभोग किए जाने की उम्मीद है या इरादा है।
- मुख्य रूप से व्यापार के उद्देश्य से रखा जाता है।
- रिपोर्टिंग अवधि के बाद बारह महीनों के भीतर साकार होने की उम्मीद हो, या
- नकद या नकद समतुल्य जब तक कि रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीने के लिए देनदारी का निपटान करने के लिए इसका आदान–प्रदान या उपयोग करने पर प्रतिबंध न हो।

अन्य सभी परिसंपत्तियों को गैर–वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**किसी दायित्व को चालू माना जाता है जब:**

- सामान्य प्रचालन चक्र में इसका निपटारा होने की उम्मीद हो।
- यह मुख्य रूप से व्यापार के उद्देश्य से रखा जाता है।
- इसका निपटान रिपोर्टिंग अवधि के बाद बारह महीनों के भीतर किया जाना हो, या
- रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीने के लिए दायित्व के निपटान को स्थगित करने का कोई बिना शर्त अधिकार नहीं है।

अन्य सभी देयताओं को गैर–चालू देयताओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

### 1.26 हाल की लेखांकन घोषणाएँ – मानक जारी किए गए लेकिन अभी तक प्रभावी नहीं हैं:

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने 31 मार्च 2023 की अधिसूचना सं. जी.एस.आर 242 (अ.) के माध्यम से कंपनी (भारतीय लेखा मानक) संशोधन नियम, 2023 को अधिसूचित किया है, जो 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी है। निम्नलिखित प्रमुख संशोधन हैं:

**इंड एएस 1 – वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति**

संशोधनों के अनुसार कंपनियों को अपनी महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के बजाय अपनी सामग्री लेखांकन नीतियों को प्रकट करने की आवश्यकता है। लेखांकन नीति की जानकारी, अन्य जानकारी के साथ, तब महत्वपूर्ण होती है जब उससे सामान्य प्रयोजन वित्तीय विवरणों के प्राथमिक उपयोगकर्ताओं के निर्णयों को प्रभावित करने की उचित उम्मीद की जा सकती है। कंपनी को उम्मीद नहीं है कि इस संशोधन से उसके वित्तीय विवरणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

**इंड एएस 12 – आयकर**

संशोधन स्पष्ट करता है कि कंपनी को पट्टों और डीकमीशनिंग दायित्वों जैसे लेनदेन पर स्थगित कर का हिसाब कैसे देना चाहिए। संशोधनों ने इंड एएस 12 (मान्यता छूट) के पैरा 15 और 24 में मान्यता छूट के दायरे को सीमित कर दिया ताकि यह अब उन लेनदेन पर लागू न हो, जो प्रारंभिक मान्यता पर, समान कर योग्य और कटौती योग्य अस्थायी अंतर पैदा करती हैं। कंपनी अपने वित्तीय विवरणों में प्रभाव, यदि कोई हो, का मूल्यांकन कर रही है।

**इंड एएस 8 – लेखांकन नीतियां, लेखांकन अनुमानों में परिवर्तन और त्रुटियां**

संशोधन लेखांकन अनुमानों की परिभाषा को बदलकर लेखांकन अनुमानों में परिवर्तन की परिभाषा को स्पष्ट करता है। नई परिभाषा के तहत, लेखांकन अनुमान ''वित्तीय विवरणों में मौद्रिक राशियाँ हैं जो माप अनिश्चितता के अधीन हैं''। यदि लेखांकन नीतियों के लिए वित्तीय विवरणों में वस्तुओं को इस तरह से मापने की आवश्यकता होती है जिसमें माप अनिश्चितता शामिल हो, तो संस्थाएं लेखांकन अनुमान विकसित करती हैं। कंपनी यह उम्मीद नहीं करती है कि इस संशोधन का उसके वित्तीय विवरणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

# टिप्पणः 1खः महत्वपूर्ण लेखांकन निर्णय, अनुमान और पूर्वानुमान

कंपनी के पृथक वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन को निर्णय, अनुमान और पूर्वानुमान लगाने की आवश्यकता होती है जो पृथक वित्तीय विवरणों की तिथि पर राजस्व, व्यय, परिसंपत्ति और देयताओं की रिपोर्ट की गई मात्रा को प्रभावित करते हैं। अनुमान और पूर्वानुमानों का निरंतर मूल्यांकन किया जाता है तथा ये प्रबंधन के अनुभव और अन्य कारकों पर आधारित होते हैं, जिनमें भावी घटनाओं की अपेक्षाएं शामिल होती हैं जिन्हें परिस्थितियों में उचित माना जाता है। इन अनुमानों और पूर्वानुमानों के बारे में अनिश्चितता के परिणामस्वरूप ऐसे परिणाम हो सकते हैं जिनके लिए भावी अवधि में प्रभावित परिसंपत्तियों या देयताओं की अग्रेनीत राशि के समायोजन की आवश्यकता होती है।

विशेष रूप से, कंपनी ने उन क्षेत्रों की पहचान की है जहां महत्वपूर्ण निर्णयों, अनुमानों और मान्यताओं की आवश्यकता होती है। इन क्षेत्रों में से प्रत्येक के बारे में अधिक जानकारी और वे विभिन्न लेखा नीतियों को कैसे प्रभावित करते हैं, नीचे दी गई हैं तथा ये वित्तीय विवरणों से संबंधित टिप्पणियों में भी शामिल हैं। अनुमानों में परिवर्तन की भी संभावित रूप से गणना की जाती है।

### 1. अधिनिर्णय

कंपनी की लेखा नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया में, प्रबंधन ने निर्णय लिए हैं, जिनका पृथक वित्तीय विवरणों में शामिल राशियों पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता हैः

### 1.1 आकस्मिकताएं

आकस्मिक देयताएं और संपत्तियां जो कंपनी के खिलाफ दावे के संबंध में व्यवसाय के सामान्य कार्यों से उत्पन्न हो सकती हैं जिनमें विधि, ठेकेदार, भूमि तक पहुंच और अन्य दावे शामिल होते हैं। उनकी प्रकृति से, आकस्मिकताओं का समाधान तभी होगा जब एक या अधिक अनिश्चित भावी घटनाएँ घटित होंगी या घटित होने से रह जाएंगी। आकस्मिकताओं के अस्तित्व और संभावित मात्रा के आकलन में स्वाभाविक रूप से महत्वपूर्ण निर्णय लेने और भावी घटनाओं के परिणाम के बारे में अनुमानों का उपयोग शामिल है।

### 2. अनुमान और पूर्वानुमान

रिपोर्टिंग तिथि पर भविष्य और अनुमान अनिश्चितता के अन्य प्रमुख स्रोतों से संबंधित प्रमुख धारणाएं, जिनमें अगले वित्तीय वर्ष के भीतर परिसंपत्तियों और देयताओं की अग्रेनीत राशियों के समायोजन का व्यापक जोखिम शामिल है, नीचे दी गई हैं। कंपनी वित्तीय विवरण तैयार करते समय उपलब्ध मापदंडों पर अपनी मान्यताओं और अनुमानों को निर्धारित करती है। तथापि, मौजूदा परिस्थितियों और भावी विकास के बारे में धारणाएं बाजार परिवर्तन या कंपनी के नियंत्रण से परे उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों के कारण बदल सकती हैं। ऐसे परिवर्तन होने पर इन्हें अनुमानों में दर्शाया जाता है।

### 2.1 कोविड–19 से वैश्विक स्वास्थ्य महामारी से संबंधित अनिश्चितताओं का अनुमानः

11 मार्च, 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने नए कोरोना वायरस ("कोविड–19") के प्रकोप को वैश्विक महामारी के रूप में घोषित किया। यह प्रकोप महत्वपूर्ण उथल–पुथल और आर्थिक गतिविधियों की मंदी का कारण बन रहा है। मार्च 2020 के अंतिम सप्ताह में कंपनी का संचालन मामूली रूप से प्रभावित हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार द्वारा कोविड–19 के मद्देनज़र लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन के कारण बिक्री की मात्रा में मामूली कमी आई।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, व्यापार प्राप्तियों जैसी कंपनी की संपत्ति की वहन राशि की वसूली का आकलन करने में, ऋण/अग्रिम, अमूर्त परिसंपत्ति, निवेश और अन्य परिसंपत्तियां आदि, कंपनी ने इन वित्तीय विवरणों के अनुमोदन की तारीख तक विभिन्न आंतरिक और बाहरी सूचनाओं पर विचार किया है और यह निष्कर्ष निकाला है कि ये नकदी प्रवाह अनुमानों के आधार पर वसूली योग्य हैं।

कंपनी ने वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर कोविड–19 के संभावित प्रभाव का आकलन किया है और उम्मीद है कि दीर्घकालिक आधार पर/परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन पर/वित्तीय स्थिति आदि पर व्यवसाय के संचालन को बनाए रखने पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### 2.2 गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर मूल्यांकन करती है कि क्या कोई संकेत है कि कोई परिसंपत्ति खराब हो सकती है। उपयोग में मूल्य का आकलन करने में, भावी नकदी प्रवाह के अनुमान को कर–पूर्व छूट दर का उपयोग करके उनके वर्तमान मूल्य पर छूट दी जाती है जो धन के समय मूल्य और परिसंपत्ति के लिए विशिष्ट जोखिमों के वर्तमान बाजार आकलन को दर्शाता है। उचित मूल्य निर्धारित करने में, हाल के बाजार लेनदेन को ध्यान में रखा जाता है। यदि ऐसे किसी भी लेन–देन की पहचान नहीं की जा सकती है, तो एक उपयुक्त मूल्यांकन मॉडल का उपयोग किया जाता है।

### 2.3 परिभाषित लाभ योजनाएं

परिभाषित लाभ योजना की लागत और अन्य रोजगार के बाद के लाभ और इस तरह के दायित्व का वर्तमान मूल्य बीमांकिक मूल्यांकन का उपयोग करके निर्धारित किया जाता है। किसी बीमांकिक मूल्यांकन में विभिन्न धारणाएँ बनाना शामिल है जो भविष्य में वास्तविक विकास से भिन्न हो सकती हैं। इनमें छूट दर, भावी वेतन वृद्धि, मृत्यु दर और भावी पेंशन वृद्धि का निर्धारण शामिल है। मूल्यांकन में शामिल जटिलताओं और इसकी दीर्घकालिक प्रकृति के कारण, परिभाषित लाभ दायित्व इन मान्यताओं में परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है। प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर सभी मान्यताओं की समीक्षा की जाती है।

### 2.4 वित्तीय लिखतों का उचित मूल्य मापन

जब तुलन–पत्र में दर्ज वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं के उचित मूल्यों को सक्रिय बाजारों में उद्धृत कीमतों के आधार पर नहीं मापा जा सकता है, तो उनके उचित मूल्य को डीसीएफ मॉडल को शामिल करते हुए मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करके मापा जाता है। इन मॉडलों के इनपुट, जहां संभव हो, हाल के बाजार उद्धृत मूल्यों से लिए जाते हैं, लेकिन जहां यह संभव नहीं है, वहां उचित मूल्यों को स्थापित करने के लिए कुछ हद तक निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। निर्णयों में नकदी जोखिम, ऋण जोखिम और अस्थिरता जैसे सूचना शामिल होते हैं। इन धारणाओं के बारे में अनुमानों में परिवर्तन वित्तीय लिखतों के रिपोर्ट किए गए उचित मूल्य को प्रभावित कर सकते हैं।

### 2.5 वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

वित्तीय परिसंपत्तियों के हानि प्रावधान चूक के जोखिम और अपेक्षित हानि दरों की धारणाओं पर आधारित हैं। कंपनी इन अनुमानों को बनाने और कंपनी के पिछले इतिहास, मौजूदा बाजार स्थितियों के साथ–साथ प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में भावी अनुमानों के आधार पर, हानि गणना के लिए इनपुट का चयन करने में निर्णय का उपयोग करती है। सहायक कंपनियों, संयुक्त उपक्रमों या संबद्ध कंपनियों में निवेश पर हुई हानि का हिसाब रियायती नकदी प्रवाह/निवल संपत्ति मूल्य पद्धति, बाहरी एजेंसियों की मूल्यांकन रिपोर्ट, निवेशकर्ता कंपनी के पिछले इतिहास आदि को ध्यान में रखकर लगाया जाता है।

# गेल (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली

## टिप्पण: 2 – 31 मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

₹ करोड़ में

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | हानि* | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2022 को | वर्ष के दौरान में वृद्धि | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/ निपटान | 31 मार्च 2023 को | 1 अप्रैल 2022 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/ समायोजन | 31 मार्च 2023 को | 1 अप्रैल 2022 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2023 को | 31 मार्च 2023 को |
| भूमि : फ्रीहोल्ड | 596.87 | 5.44 | 104.84 | - | 707.15 | - | - | - | - | - | | - | 707.15 |
| भवन : कार्यालय/अन्य | 1,088.77 | 3.62 | 226.68 | (0.07) | 1,319.00 | 248.68 | 36.00 | (0.04) | 284.64 | - | | - | 1,034.36 |
| भवन : आवासीय | 362.43 | 2.84 | 2.57 | (0.43) | 367.41 | 77.54 | 10.88 | (0.08) | 88.34 | - | | - | 279.07 |
| बंक हाउस | 3.75 | 0.08 | - | (0.15) | 3.68 | 2.63 | 0.46 | (0.14) | 2.95 | - | | - | 0.73 |
| संयंत्र और मशीनरी | 42,476.91 | 474.02 | 4,301.91 | (145.67) | 47,107.17 | 9,370.89 | 1,793.92 | (49.78) | 11,115.03 | 39.14 | (3.54) | 35.60 | 35,956.54 |
| रेलवे लाइन और साइडिंग | 0.27 | - | - | - | 0.27 | - | - | - | - | - | | - | 0.27 |
| विद्युत उपकरण | 445.28 | 43.35 | 38.87 | (7.84) | 519.66 | 263.49 | 51.08 | (7.19) | 307.38 | - | | - | 212.28 |
| फर्नीचर और फिक्स्चर | 166.41 | 20.47 | 5.94 | (10.49) | 182.33 | 82.40 | 16.39 | (9.28) | 89.51 | - | | - | 92.82 |
| कार्यालय उपकरण | 299.22 | 29.53 | 34.51 | (23.20) | 340.06 | 205.58 | 37.04 | (21.60) | 221.02 | - | | - | 119.04 |
| अन्य उपकरण | 255.86 | 42.14 | 5.00 | (18.48) | 284.52 | 132.13 | 38.32 | (16.65) | 153.80 | - | | - | 130.72 |
| परिवहन उपकरण | 9.45 | 3.66 | - | (0.05) | 13.06 | 5.67 | 0.73 | (0.03) | 6.37 | - | | - | 6.69 |
| **ईएंडपी परिसंपत्तियां** | | | | | | | | | | | | | |
| उत्पादक संपत्ति | 993.24 | - | 514.23 | - | 1,507.47 | 537.42 | 98.80 | - | 636.22 | - | | - | 871.25 |
| सहायता उपकरण और सुविधाएं | 6.24 | - | - | - | 6.24 | 2.42 | 0.43 | (0.01) | 2.84 | - | | - | 3.40 |
| **कुल** | **46,704.70** | **625.15** | **5,234.55** | **(206.38)** | **52,358.02** | **10,928.85** | **2,084.05** | **(104.80)** | **12,908.10** | **39.14** | **(3.54)** | **35.60** | **39,414.32** |

* परिसंपत्तियों की क्षति के लिए टिप्पण सं. 46 देखें

## टिप्पणः 2 – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

₹ करोड़ में

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | हानि* | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के दौरान में वृद्धि | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| भूमि : फ्रीहोल्ड | 538.17 | 25.72 | 32.98 | - | 596.87 | - | - | - | - | - | | - | 596.87 |
| भवन : कार्यालय/अन्य | 989.15 | 4.20 | 95.74 | (0.32) | 1,088.77 | 214.17 | 34.63 | (0.12) | 248.68 | - | | - | 840.09 |
| भवन : आवासीय | 334.83 | 0.60 | 27.01 | (0.01) | 362.43 | 66.95 | 10.59 | - | 77.54 | - | | - | 284.89 |
| बंक हाउस | 2.81 | 0.89 | 0.05 | - | 3.75 | 2.37 | 0.26 | - | 2.63 | - | | - | 1.12 |
| संयंत्र और मशीनरी | 38,604.77 | 329.48 | 3,628.23 | (85.57) | 42,476.91 | 7,791.51 | 1,610.67 | (31.29) | 9,370.89 | 40.84 | (1.70) | 39.14 | 33,066.88 |
| रेलवे लाइन और साइडिंग | 0.27 | - | - | - | 0.27 | - | - | - | - | - | | - | 0.27 |
| विद्युत उपकरण | 410.34 | 17.17 | 28.16 | (10.39) | 445.28 | 229.28 | 43.47 | (9.26) | 263.49 | - | | - | 181.79 |
| फर्नीचर और फिक्स्चर | 159.49 | 9.53 | 2.08 | (4.69) | 166.41 | 70.08 | 15.88 | (3.56) | 82.40 | - | | - | 84.01 |
| कार्यालय उपकरण | 279.58 | 4.67 | 17.63 | (2.66) | 299.22 | 172.57 | 35.34 | (2.33) | 205.58 | - | | - | 93.64 |
| अन्य उपकरण | 231.52 | 35.73 | 5.99 | (17.38) | 255.86 | 112.64 | 34.87 | (15.38) | 132.13 | - | | - | 123.73 |
| परिवहन उपकरण | 9.43 | 0.02 | - | - | 9.45 | 4.85 | 0.82 | - | 5.67 | - | | - | 3.78 |
| **ई एंड पी परिसंपत्तियां** | | | | | | | | | | | | | |
| उत्पादक संपत्ति | 980.10 | - | 13.13 | - | 993.24 | 463.59 | 73.83 | - | 537.42 | - | | - | 455.82 |
| सहायता उपकरण और सुविधाएं | 4.91 | - | 1.33 | - | 6.24 | 2.05 | 0.36 | - | 2.42 | - | | - | 3.82 |
| **कुल** | **42,545.37** | **428.01** | **3,852.33** | **(121.02)** | **46,704.70** | **9,130.06** | **1,860.72** | **(61.93)** | **10,928.85** | **40.84** | **(1.70)** | **39.14** | **35,736.71** |

* परिसंपत्ति की हानि के लिए टिप्पण सं. 46 देखें

## टिप्पण: 2 – 31 मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए उपयोग का अधिकार

₹ करोड़ में

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2022 को | वर्ष के दौरान जोड़ | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2023 को | 1 अप्रैल 2022 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/ समायोजन | 31 मार्च 2023 को | 31 मार्च 2023 को |
| भूमि : लीजहोल्ड | 287.60 | 532.86 | 5.12 | (2.92) | 822.66 | 30.60 | 29.24 | (2.91) | 56.93 | 765.73 |
| भवन : लीजहोल्ड | 58.87 | 12.66 | - | (2.21) | 69.32 | 26.88 | 15.51 | (1.89) | 40.50 | 28.82 |
| संयंत्र और मशीनरी: लीज़होल्ड | 1,414.88 | 388.15 | - | (2.46) | 1,800.57 | 202.32 | 361.16 | (2.49) | 560.99 | 1,239.58 |
| वाहन: लीजहोल्ड | 14.91 | 0.83 | - | - | 15.74 | 6.86 | 4.97 | - | 11.83 | 3.91 |
| **कुल** | **1,776.26** | **934.50** | **5.12** | **(7.59)** | **2,708.29** | **266.66** | **410.88** | **(7.29)** | **670.25** | **2,038.04** |

## टिप्पण: 2क – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए उपयोग का अधिकार

₹ करोड़ में

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के दौरान जोड़ | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/ समायोजन | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| भूमि : लीजहोल्ड | 273.57 | 10.44 | 3.59 | - | 287.60 | 17.60 | 13.00 | - | 30.60 | 257.00 |
| भवन : लीजहोल्ड | 58.13 | 22.42 | - | (21.68) | 58.87 | 30.80 | 17.75 | (21.67) | 26.88 | 31.99 |
| संयंत्र और मशीनरी: लीज़होल्ड | 543.34 | 871.54 | - | - | 1,414.88 | 8.24 | 194.08 | - | 202.32 | 1,212.56 |
| वाहन: लीजहोल्ड | 14.54 | 7.25 | - | (6.88) | 14.91 | 4.96 | 8.79 | (6.89) | 6.86 | 8.05 |
| **कुल** | **889.58** | **911.65** | **3.59** | **(28.56)** | **1,776.26** | **61.60** | **233.62** | **(28.56)** | **266.66** | **1,509.60** |

## टिप्पणः 3 – 31 मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए कार्यशील पूंजी

₹ करोड़ में

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | प्रावधान और हानि | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2022 को | वर्ष के दौरान जमा/समायोजन | वर्ष के दौरान पूंजीकरण | सेवानिवृत्ति/ स्थानांतरण | 31 मार्च 2023 को | 1 अप्रैल 2022 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2023 को | 31 मार्च 2023 को |
| **क. मूर्त** | | | | | | | | | |
| **संयंत्र और मशीनरी** | | | | | | | | | |
| लाइनपाइप निर्माण और संबंधित सुविधाएं | 7,665.40 | 4,555.79 | (4,760.17) | (1.23) | 7,459.79 | 11.05 | 108.74 | 119.79 | 7,340.00 |
| प्रेषण/प्राप्ति टर्मिनल | 42.08 | 4.04 | (45.29) | - | 0.83 | - | - | - | 0.83 |
| कंप्रेसर स्टेशन | 4.37 | 3.20 | (6.19) | - | 1.38 | - | - | - | 1.38 |
| दूरसंचार/टेलीसुपरवाइजरी प्रणाली | 2.03 | 0.07 | (0.64) | - | 1.46 | - | - | - | 1.46 |
| अन्य | 441.94 | 423.57 | (167.02) | (0.08) | 698.41 | - | - | - | 698.41 |
| पेट्रोरसायन | 248.11 | 638.65 | (0.12) | - | 886.64 | - | - | - | 886.64 |
| खोजे जा रहे कुएं | 258.06 | 2.18 | (7.52) | - | 252.72 | 191.20 | (49.23) | 141.97 | 110.75 |
| चल रहा विकास | 592.95 | 240.24 | (506.71) | - | 326.48 | 14.19 | (14.19) | - | 326.48 |
| भवन | 13.06 | 70.13 | (73.90) | - | 9.29 | 5.28 | - | 5.28 | 4.01 |
| लाइनपाइप, स्टॉक/ मार्गस्थ में पूंजीगत वस्तुएं | 4,031.30 | 270.09 | (1.02) | - | 4,300.37 | 6.44 | 1.41 | 7.85 | 4,292.52 |
| **ख. अमूर्त** | **0.17** | **-** | **(0.17)** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** |
| **कुल** | **13,299.47** | **6,207.96** | **(5,568.75)** | **(1.31)** | **13,937.37** | **228.16** | **46.73** | **274.89** | **13,662.48** |

## टिप्पणः 3 – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए कार्यशील पूंजी

₹ करोड़ में

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | प्रावधान और हानि | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के दौरान जमा/समायोजन | वर्ष के दौरान पूंजीकरण | सेवानिवृत्ति/ स्थानांतरण | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| **क. मूर्त** | | | | | | | | | |
| **संयंत्र और मशीनरी** | | | | | | | | | |
| लाइनपाइप निर्माण और संबंधित सुविधाएं | 7,094.48 | 4,305.13 | (3,733.95) | (0.26) | 7,665.40 | 10.76 | 0.29 | 11.05 | 7,654.35 |
| प्रेषण/प्राप्ति टर्मिनल | 38.95 | 3.21 | (0.08) | - | 42.08 | - | - | - | 42.08 |
| कंप्रेसर स्टेशन | 0.91 | 3.99 | (0.53) | - | 4.37 | - | - | - | 4.37 |
| दूरसंचार/टेलीसुपरवाइजरी प्रणाली | 3.65 | (0.87) | (0.75) | - | 2.03 | - | - | - | 2.03 |
| अन्य | 369.28 | 347.37 | (274.63) | (0.08) | 441.94 | - | - | - | 441.94 |
| पेट्रोरसायन | 67.69 | 193.57 | (13.15) | - | 248.11 | - | - | - | 248.11 |
| खोजे जा रहे कुएं | 268.83 | (1.66) | (9.11) | - | 258.06 | 194.50 | (3.30) | 191.20 | 66.86 |
| चल रहा विकास | 252.72 | 345.58 | (5.35) | - | 592.95 | 14.95 | (0.76) | 14.19 | 578.76 |
| भवन | 38.94 | 15.56 | (41.42) | (0.02) | 13.06 | 5.28 | - | 5.28 | 7.78 |
| लाइनपाइप, स्टॉक/ मार्गस्थ में पूंजीगत वस्तुएं | 4,007.54 | 24.75 | (0.99) | - | 4,031.30 | 14.09 | (7.65) | 6.44 | 4,024.86 |
| **ख. अमूर्त** | **-** | **0.33** | **(0.16)** | **-** | **0.17** | **-** | **-** | **-** | **0.17** |
| **कुल** | **12,142.99** | **5,236.96** | **(4,080.12)** | **(0.36)** | **13,299.47** | **239.58** | **(11.42)** | **228.16** | **13,071.31** |

## टिप्पण: 4 – 31 मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए अमूर्त परिसंपत्तियां

₹ करोड़ में

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्यह्रास और क्षति | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2022 को | वर्ष के दौरान जमा | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2023 को | 1 अप्रैल 2022 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन | 31 मार्च 2023 को | 31 मार्च 2023 को |
| उपयोग का अधिकार | 2,483.50 | 14.30 | 318.71 | (0.43) | 2,816.08 | 0.22 | - | - | 0.22 | 2,815.86 |
| सॉफ्टवेयर/लाइसेंस | 165.25 | 0.51 | 10.23 | (0.30) | 175.69 | 113.85 | 23.03 | (0.30) | 136.58 | 39.11 |
| **कुल** | **2,648.75** | **14.81** | **328.94** | **(0.73)** | **2,991.77** | **114.07** | **23.03** | **(0.30)** | **136.80** | **2,854.97** |

## टिप्पण: 4 – 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए अमूर्त परिसंपत्तियां

₹ करोड़ में

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | | संचित मूल्य ह्रास | | | | निवल ब्लॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के दौरान जमा | एयूसी से अधिग्रहण | वर्ष के दौरान बिक्री/निपटान | 31 मार्च 2022 को | 1 अप्रैल 2021 को | वर्ष के लिए | वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन | 31 मार्च 2022 को | 31 मार्च 2022 को |
| उपयोग का अधिकार | 2,235.89 | 33.99 | 213.63 | - | 2,483.50 | 0.22 | - | - | 0.22 | 2,483.28 |
| सॉफ्टवेयर/लाइसेंस | 155.58 | 5.64 | 10.57 | (6.55) | 165.25 | 95.76 | 24.59 | (6.51) | 113.85 | 51.40 |
| **कुल** | **2,391.47** | **39.63** | **224.20** | **(6.55)** | **2,648.75** | **95.98** | **24.59** | **(6.51)** | **114.07** | **2,534.68** |

# टिप्पणः 5 – निवेश – गैर–वर्तमान

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| (क) | **सहायक कंपनियों में**<br>**इक्विटी शेयरों में**<br>**गैर–उद्धृत, लागत पर** | | | | |
| 1 | गेल ग्लोबल (सिंगापुर) प्रा. लिमिटेड<br>(इसमें ₹ 3.20 करोड़ का मानित निवेश शामिल है (पिछले वर्षः ₹ 0.02 करोड) जो बिना किसी प्रतिफल के दी गई वित्तीय गारंटी के लिए गारंटी शुल्क के उचित मूल्य को दर्शाता है) | 71,00,000<br>(यूएसडी 1 प्रत्येक) | 45.14 | 71,00,000<br>(यूएसडी 1 प्रत्येक) | 41.96 |
| 2 | गेल गैस लिमिटेड<br>(₹ 34.08 करोड का मानित निवेश (पिछले वर्षः ₹ 23.43 करोड़) के मानित निवेश सहित जो किसी प्रतिफल पर विचार किए बिना वित्तीय गारंटी के लिए गारंटी शुल्क के उचित मूल्य को दर्शाता है) | 2,00,00,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 2,034.08 | 1,62,50,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 1,648.43 |
| 3 | गेल ग्लोबल यूएसए इंक.<br>(₹ 7.24 करोड का मानित निवेश (पिछले वर्षः 6.97) के मानित निवेश सहित जो किसी प्रतिफल पर विचार किए बिना वित्तीय गारंटी के लिए गारंटी शुल्क के उचित मूल्य को दर्शाता है) | 3,60,00,000<br>(यूएसडी 1 प्रत्येक) | 186.41 | 3,60,00,000<br>(यूएसडी 1 प्रत्येक) | 186.14 |
| | क्षति हानि के लिए प्रावधान | | (179.17) | | (179.17) |
| 4 | त्रिपुरा प्राकृतिक गैस कंपनी लिमिटेड | 14,69,388<br>(₹ 100 प्रत्येक) | 14.69 | 14,69,388<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 14.69 |
| 5 | बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड | 43,86,50,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 438.65 | 20,00,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 200.00 |
| 6 | कोंकण एलएनजी लिमिटेड'<br><br>(प्रत्येक ₹ 10 के 73,07,77,422 पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर, प्रत्येक ₹ 10 के 19,44,11,603 पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर ₹ 8.01 प्रति शेयर पर प्राप्त किए गए और प्रत्येक ₹ 10 के 13,97,52,264 इक्विटी शेयर, ₹ 1 पर अर्जित किए गए) | 1,06,49,41,289<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 886.45 | 73,39,41,289<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 555.45 |
| | **अधिमान शेयरों में**<br>**गैर–उद्धृत, लागत पर** | | | | |
| 1 | कोंकण एलएनजी लिमिटेड<br>(10% संचयी अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय वरीयता शेयर) | 25,20,03,718<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 252.00 | 25,20,03,718<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 252.00 |
| | **उप योग (क)** | | **3,678.25** | | **2,719.50** |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| (ख) | **सहायक कंपनियों में**<br>**इक्विटी शेयरों में**<br>**गैर–उद्धृत, लागत पर** | | | | |
| 1 | सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड | 1,50,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 15.00 | 1,50,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 15.00 |
| 2 | ग्रीन गैस लिमिटेड<br>(₹ 83.39/– प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहीत 5,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं) | 2,30,47,250<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 23.09 | 2,30,47,250<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 23.09 |
| 3 | महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड | 2,25,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 22.50 | 2,25,00,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 22.50 |
| 4 | अवंतिका गैस लिमिटेड<br>(₹ 29/– प्रति शेयर के प्रीमियम पर आवंटित 70,57,038 इक्विटी शेयर सहित) | 2,95,57,038<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 50.02 | 2,95,57,038<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 50.02 |
| 5 | भाग्यनगर गैस लिमिटेड<br>(₹ 40/– प्रति शेयर के प्रीमियम पर आवंटित 2,11,50,000 इक्विटी शेयर सहित) | 4,36,50,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 128.25 | 4,36,50,000<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 128.25 |
| 6 | वडोदरा गैस लिमिटेड | 7,91,37,831<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 79.14 | 7,91,37,831<br>(₹ 10 प्रत्येक) | 79.14 |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| 7 | तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड | 80,54,80,825 (₹ 10 प्रत्येक) | 805.48 | 80,54,80,825 (₹ 10 प्रत्येक) | 805.48 |
| 8 | तापी पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड | 8,25,025 (यूएसडी 10 प्रत्येक) | 55.38 | 8,25,025 (यूएसडी 10 प्रत्येक) | 55.38 |
| | क्षति हानि के लिए प्रावधान (नोट संख्या 47(I) देखें) | | (55.38) | | |
| 9 | इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (₹ 0.27 करोड़ का अनुमानित निवेश शामिल है (पिछला वर्षः ₹ शून्य) बिना किसी विचार के दी गई वित्तीय गारंटी के लिए गारंटी शुल्क के उचित मूल्य को दर्शाता है) | 19,80,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 198.27 | 8,50,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 85.00 |
| | **उप योग (ख)** | | **1,321.75** | | **1,263.86** |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| (ग) | **संबद्ध कंपनियों में**<br>**इक्विटी शेयरों में**<br>**उद्धृत, लागत पर** | | | | |
| 1 | चाइना गैस होल्डिंग्स लिमिटेड (एचके डॉलर 1.15 प्रति शेयर के प्रीमियम पर प्राप्त) | 15,00,00,000 (एचके डॉलर 0.01 प्रत्येक) | 97.37 | 15,00,00,000 (एचके डॉलर 0.01 प्रत्येक) | 97.37 |
| 2 | पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (₹ 5/– प्रति शेयर के प्रीमियम पर आवंटित 1,00,00,000 इक्विटी शेयर सहित, 05 जुलाई 2017 को 1:1 बोनस जारी किया गया) | 18,75,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 98.75 | 18,75,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 98.75 |
| 3 | महानगर गैस लिमिटेड | 3,21,02,750 (₹ 10 प्रत्येक) | 32.10 | 3,21,02,750 (₹ 10 प्रत्येक) | 32.10 |
| 4 | इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (11 नवंबर 2017 को 5:1 के अनुपात में शेयर विभाजन) | 15,75,00,000 (₹ 2 each) | 31.50 | 15,75,00,000 (₹ 2 each) | 31.50 |
| | **गैर–उद्धृत, लागत पर** | | | | |
| 1 | ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड | 99,23,69,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 992.37 | 99,23,69,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 992.37 |
| 2 | फयूम गैस कंपनी (एलई 478.95 प्रति शेयर के प्रीमियम पर प्राप्त) | 19,000 (एलई 100 प्रत्येक) | 8.10 | 19,000 (एलई 100 प्रत्येक) | 8.10 |
| 3 | ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड | 99,49,45,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 994.95 | 99,49,45,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 994.95 |
| 4 | रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड | 27,03,04,320 (₹ 10 प्रत्येक) | 270.30 | 27,03,04,320 (₹ 10 प्रत्येक) | 270.30 |
| 5 | ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी लिमिटेड (₹ 0.96 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहीत) | 29,12,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 319.05 | 29,12,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 319.05 |
| 6 | एलएनजी जापोनिका शिपिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड# | 260 (यूएसडी 1 प्रत्येक) | - | | - |
| | **एलएलसी की सदस्यता/भागीदारी हित में – गैर–उद्धृत** | | | | |
| 1 | एलएलसी भारत एनर्जी ऑफिस (20% शेयरधारिता) | | 0.76 | | 0.76 |
| | **उप योग (ग)** | | **2,845.25** | | **2,845.25** |

# 31 मार्च 2023 को पूर्णांकित करने के कारण दर्शाई नहीं गई राशि ₹ 21,633 (पिछला वर्षः ₹ शून्य) है।

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| (घ) | **इक्विटी शेयरों में अन्य निवेश**<br>**उद्धृत, अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य** | | | | |
| 1 | गुजरात इंडस्ट्रीज पावर कंपनी लिमिटेड (₹ 15/– प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित 1,90,200 इक्विटी शेयर सहित) | 5,70,600 (₹ 10 प्रत्येक) | 4.33 | 5,70,600 (₹ 10 प्रत्येक) | 4.19 |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| 2 | ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (वित्त वर्ष 1999–2000 के दौरान ₹ 10/– के 3,42,66,845 शेयर 162.34 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर हासिल किए, वित्तीय वर्ष 2006–07 के दौरान प्रत्येक ₹ 10/– के 1,71,33,422 बोनस शेयर प्राप्त हुए, वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान ₹ 10/– के 5,14,00,267 इक्विटी शेयरों को ₹ 5/– के इक्विटी शेयरों में विभाजित किया गया था तथा वित्त वर्ष 2010–11 के दौरान उक्त विभाजन के बाद प्रत्येक ₹ 5/– के 1:1 इक्विटी शेयरों का बोनस जारी किया गया, इसके बाद, वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान 1:2 इक्विटी शेयरों का बोनस इश्यू प्राप्त हुआ है) | 30,84,01,602 (₹ 5 प्रत्येक) | 4,658.41 | 30,84,01,602 (₹ 5 प्रत्येक) | 5,054.70 |
| | **अन्य व्यापक आय के माध्यम से गैर–उद्धृत, उचित मूल्य** | | | | |
| 1 | साउथ ईस्ट एशिया गैस पाइपलाइन कंपनी लिमिटेड | 8,347 (यूएसडी 1 each) | 185.50 | 8,347 (यूएसडी 1 each) | 168.27 |
| 2 | गुजरात स्टेट एनर्जी जेनरेशन लिमिटेड | 2,07,60,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 8.43 | 2,07,60,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 8.98 |
| 3 | इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड | 36,93,750 (₹ 10 प्रत्येक) | 12.50 | 36,93,750 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.85 |
| 4 | सीईआईडी कंसल्टेंट्स एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड (₹ 555.70 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 88,386 (₹ 10 प्रत्येक) | 19.37 | 88,386 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.00 |
| 5 | डुसेरे टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (₹ 596.34 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 49,477 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.73 | | - |
| | **उप योग (ख)** | | **4,892.27** | | **5,246.99** |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| (e) | **स्टार्ट–अप कंपनियां** | | | | |
| | **इक्विटी शेयरों में** | | | | |
| | **गैर–उद्धृत, अन्य व्यापक आय के माध्यम से लागत पर** | | | | |
| 1 | जेवी फूडवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड (₹ 5,524.49 प्रति शेयर के प्रीमियम पर 180 इक्विटी शेयर, ₹ 4,459,27 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित 2,909 इक्विटी शेयर और ₹ 2,461.32 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित 765 इक्विटी शेयर) | 3,854 (₹ 10 प्रत्येक) | - | 3,854 (₹ 10 प्रत्येक) | - |
| 2 | भगवानदास रिटेल प्राइवेट लिमिटेड (₹ 8,976 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 467 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.42 | 467 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.42 |
| 3 | टैचे टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (₹ 890.98 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 1,307 (₹ 10 प्रत्येक) | - | 1,307 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.12 |
| 4 | क्षुमत एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (₹ 5,990 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 2,499 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.50 | 2,499 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.50 |
| 5 | सर्वोदय इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड (₹ 2,240.23 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 5,555 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.25 | 5,555 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.25 |
| 6 | पर्सपियन इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड (₹ 3,79,994.18 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 52 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.98 | 52 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.98 |
| 7 | टायचीजुनो स्पेशलिटी टायर्स प्राइवेट लिमिटेड (₹ 13,418.57 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 2,234 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.00 | 2,234 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.00 |
| 8 | वीडीटी पाइपलाइन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (₹ 22,490 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 1,111 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.50 | 1,111 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.50 |
| 9 | फेदरडाइन प्राइवेट लिमिटेड (₹ 8,490 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 1,764 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.50 | 1,764 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.50 |
| 10 | आरडी ग्रो ग्रीन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (₹ 752.72 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 10,095 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.77 | 10,095 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.77 |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| 11 | जुनिक एनर्जीज प्राइवेट लिमिटेड (₹ 8,387.14 प्रति शेयर के प्रीमियम पर प्राप्त) | 1,190 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.00 | 1,190 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.00 |
| 12 | वसीटार प्राइवेट लिमिटेड (₹ 3,250 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 4,907 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.60 | 2,453 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.80 |
| 13 | जियो क्लाइमेट रिस्क सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (₹ 17,990 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,111 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.00 | 1,111 (₹ 10 प्रत्येक)) | 2.00 |
| 14 | आईआरओवी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (₹ 15,740 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,904 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.00 | 1,904 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.00 |
| 15 | आर्कटुरस बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (₹ 1,037.14 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 9,549 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.00 | 9,549 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.00 |
| 16 | क्रिया लैब्स प्राइवेट लिमिटेड (₹ 1,000 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 5,940 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.60 | 5,940 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.60 |
| 17 | क्वांटन पावरट्रेन प्राइवेट लिमिटेड (₹ 1,249.26 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 27,794 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.50 | 25,808 (₹ 10 प्रत्येक) | 3.25 |
| 18 | प्रायोगिक टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (₹ 286.30 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 20,248 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.60 | 20,248 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.60 |
| 19 | याली मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (₹ 11,728.21 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 1,073 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.26 | 1,073 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.26 |
| 20 | सेलेक्ट्रिक ऑटोमोटिव ड्राइव्स प्राइवेट लिमिटेड (₹ 13,322.34 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,770 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.36 | 1,770 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.36 |
| 21 | ओरक्सा एनर्जीज प्राइवेट लिमिटेड (₹ 3,631.33 प्रति शेयर के प्रीमियम पर प्राप्त) | 14,033 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.11 | 14,033 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.11 |
| 22 | पीआई बीम लैब्स प्राइवेट लिमिटेड (₹ 14,319.45 प्रति शेयर के प्रीमियम पर प्राप्त) | 3,489 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.00 | 3,489 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.00 |
| 23 | क्लीनर्जी टेक सोल्यूशन्स प्राइवेट लि. (₹ 3,865.97 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अधिग्रहित) | 1,290 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.50 | 1,290 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.50 |
| 24 | ज़ोंटा इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड (₹ 9,018.78 प्रति शेयर के प्रीमियम पर अर्जित) | 5,537 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.00 | 5,537 (₹ 10 प्रत्येक) | 5.00 |
| 25 | एलआर एनर्जी वृंदावन प्राइवेट लिमिटेड | 18,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.80 | 8,00,000 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.80 |
| 26 | कार्गोसाइट वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (प्रति शेयर 48,901.09 के प्रीमियम पर प्राप्त) | 408 (₹ 10 प्रत्येक) | 2.00 | | - |
| 27 | जायमा एनालिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड (प्रति शेयर 31,509.87 के प्रीमियम पर हासिल किया गया) | 475 (₹ 10 प्रत्येक) | 1.50 | | - |
| 28 | गुड मूव लॉजिस्टिक्स एंड ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (प्रति शेयर 3,769.86 के प्रीमियम पर प्राप्त) | 1,322 (₹ 10 प्रत्येक) | 0.50 | | - |
| | **उप योग (ड़)** | | **51.25** | | **45.32** |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| **(च)** | **सहकारी समितियों में इक्विटी शेयरों में गैर–उद्धृत लागत पर** | | | | |
| 1 | ग्रीन फील्ड (बी) को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, मुंबई | 40 (₹ 50 प्रत्येक) | - | 40 (₹ 50 प्रत्येक) | - |
| 2 | एविलियन ग्रीनफील्ड्स को–ऑप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, मुंबई | 5 (₹ 50 प्रत्येक) | - | 5 (₹ 50 प्रत्येक) | - |
| 3 | सूरज हाइट्स ए को–ऑप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, मुंबई | 15 (₹ 50 प्रत्येक) | - | 15 (₹ 50 प्रत्येक) | - |
| | **उप योग (च)** | | **-** | | **-** |
| | **सकल योग (क+ख+ग+घ+ड.+च)** | | **12,788.77** | | **12,120.92** |

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | राशि | शेयरों की संख्या | राशि |
| | **प्रारंभिक शेष** | | **12,120.92** | | **9,255.34** |
| | वर्ष के दौरान आवंटन | | 1,066.71 | | 978.95 |
| | वर्ष के दौरान निवेश के निपटान का वहन मूल्य (हानि प्रावधान का निवल) | | - | | (12.65) |
| | वर्ष के दौरान मानित निवेश | | 14.37 | | 19.10 |
| | वर्ष के दौरान उचित मूल्य में परिवर्तन | | (357.85) | | 1,880.18 |
| | वर्ष के दौरान हानि लाभ/(हानि) | | (55.38) | | - |
| | **अंतिम शेष** | | **12,788.77** | | **12,120.92** |

fVIif.k;k&

| | | |
|---|---|---|
| उद्धृत निवेश की कुल राशि | | |
| – बही मूल्य (वाहक मूल्य पर) | 4,922.46 | 5,318.61 |
| – बाजार मूल्य | 20,578.25 | 18,329.05 |
| गैर–उद्धृत निवेश की कुल राशि (क्षति प्रावधान का सकल) | 8,100.86 | 6,981.48 |

क) सहायक/सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों/संबद्ध कंपनियों में पूर्वोक्त निवेशों में से कुछ शेयर गेल के साथ संयुक्त रूप से गेल अधिकारियों के नाम पर हैं।

ख) निवेश का मूल्यांकन टिप्पण सं.1 में दी गई लेखा नीति सं. 1.23 के अनुसार किया गया है।

ग) वर्ष के अंत तक निवेश के मूल्य में हानि की कुल राशि ₹ 234.55 करोड़ है (पिछले वर्ष ₹ 179.17 करोड़)

घ) सहायक, सहयोगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के अलावा अन्य निवेशों का मूल्यांकन ओसीआई के माध्यम से प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख में उचित मूल्य पर किया जाता है।

ड.) स्टार्ट–अप कंपनियों में किया गया निवेश और उसका उचित मूल्य शुरुआती 10 वर्षों के लिए बही मूल्य के बराबर माना जाता है।

## टिप्पण: 6 – व्यापार प्राप्य – गैर–चालू

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| संबंधित पार्टियों से | | 331.80 | | 331.80 |
| अन्यों को | | 1,324.46 | | 1,326.58 |
| | | 1,656.26 | | 1,658.38 |
| **घटा:** अपेक्षित ऋण हानि के लिए प्रावधान | | 611.98 | | 608.77 |
| **कुल** | | **1,044.28** | | **1,049.61** |

## टिप्पण: 6क – व्यापार प्राप्य – चालू

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| संबंधित पार्टियों से | | 2,736.24 | | 1,321.98 |
| अन्यों को | | 7,736.27 | | 6,090.73 |
| | | 10,472.51 | | 7,412.71 |
| **घटा:** अपेक्षित ऋण हानि के लिए प्रावधान | | 106.21 | | 96.33 |
| **कुल** | | **10,366.30** | | **7,316.38** |

## व्यापार प्राप्तियों का ब्योरा

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| गैर–चालू | | | | |
| अच्छी मानी गईं – सुरक्षित | - | | - | |
संबद्ध कंपनी वह कंपनी है जिस पर समूह का महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। महत्वपूर्ण प्रभाव का अर्थ निवेशक की वित्तीय और प्रचालन नीति के निर्णय में भाग लेने के अधिकार से है, लेकिन उन नीतियों पर उसका नियंत्रण या संयुक्त नियंत्रण नहीं होता।

संयुक्त उद्यम एक प्रकार की संयुक्त व्यवस्था है जिसके द्वारा जिन पार्टियों का व्यवस्था पर संयुक्त नियंत्रण होता है, उनका संयुक्त उद्यम की निवल संपत्तियों पर अधिकार होता है। संयुक्त नियंत्रण एक करार के द्वारा नियंत्रण के लिए साझा होने की व्यवस्था है, जो तभी मौजूद होती है जब नियंत्रण के बारे में पार्टियां एकमत से सहमत हों।

अपनी संबद्ध कंपनी और संयुक्त उद्यम में समूह का निवेश इक्विटी पद्धति

का उपयोग करने के लिए किया जाता है। इक्विटी विधि के तहत, संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम में निवेश शुरू में लागत पर आधारित होता है। अधिग्रहण की तारीख के बाद से संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम की निवल परिसंपत्तियों में समूह के शेयर में हुए परिवर्तनों को देखते हुए निवेश के बही मूल्य को समायोजित किया जाता है। संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम की साख को दीर्घावधि निवेश के रूप में बही मूल्य में शामिल किया गया है और इसे व्यक्तिगत हानि के तौर पर नहीं परखा जाता।

लाभ और हानि विवरण संबद्ध कंपनी या संयुक्त उद्यम के संचालन के परिणामों में समूह के शेयर को दर्शाता है। उन निवेशकों के ओसीआई में कोई भी परिवर्तन समूह के ओसीआई के शेयर के रूप में प्रस्तुत किया गया है। उन निवेशितियों के ओसीआई में कोई भी बदलाव समूह के ओसीआई के भाग के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इसके अलावा, जब सहयोगी या संयुक्त उद्यम की इक्विटी में सीधे तौर पर कोई बदलाव होता है, तो समूह इक्विटी में बदलाव के विवरण में किसी भी बदलाव के अपने हिस्से को पहचानता है, जब भी लागू हो, उसी का पालन तब किया जाता है जब पिछले वर्षों में समेकन की तारीख के बाद संयुक्त उद्यम/संबद्ध कंपनियों द्वारा प्रारंभिक वित्तीय को संशोधित किया जाता है। समूह और सबद्ध कंपनियों या संयुक्त उद्यम के बीच लेनदेन से होने वाले अवास्तविक लाभ और हानि को संबद्ध या संयुक्त उद्यम में हित की सीमा तक समाप्त कर दिया जाता है। किसी संबद्ध और संयुक्त उद्यम के लाभ या हानि में समूह की हिस्सेदारी का कुल योग लाभ और हानि विवरण में दर्शाया गया है।

समूह की सहायोगी कंपनी और संयुक्त उद्यम के वित्तीय विवरणों को समूह के रूप में उसी रिपोर्टिंग अवधि के लिए तैयार किया जाता है, जैसे कि टिप्पणी 29 में उल्लेख किया गया है। जब कभी आवश्यक होता है, लेखांकन नीतियों में ऐसे समूह के अनुसार समायोजन किया जाता है।

### 1. लेखांकन नीतियां

### 1.1 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई)

(i) पीपीई की किसी मद की लागत को तभी परिसंपत्ति के तौर पर मान्यता प्रदान की जाती है, यदि –

- i. यह संभव हो कि भविष्य में संस्था को आर्थिक लाभ हो, और
- ii. किसी मद की लागत का मापन विश्वसनीय तौर पर किया जा सके।

(ii) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को मूल्यहास को घटाने के बाद एवं संचयी हानि को उनकी मूल कर/ड्यूटी क्रेडिट की निवल लागत पर दर्शाया गया है। ऐसी परिसंपत्तियों के चालू होने तक अचल संपत्तियों के अधिग्रहण से संबंधित सभी लागत पूंजीकृत हैं। संस्थापित परिसंपत्तियों के मामले में, जहां ठेकेदारों को अंतिम भुगतान किया जाना है, वहां पूंजीकरण अनंतिम आधार पर किया गया है, जिसमें सक्षम प्राधिकारी की अनंतिम लंबित स्वीकृति शामिल है, बशर्ते कि निपटान वर्ष में लागत और मूल्यहास में आवश्यक समायोजन किया जाए।

(iii) भंडार और अतिरिक्त पुर्जे जो पीपीई की परिभाषा को पूरा करते हों (चाहे घटक के रूप में या अन्यथा) और मान्यता मानदंडों को पूरा करते हों, उन्हें अंतर्निहित परिसंपत्ति में पीपीई के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। पीपीई के प्रमुख निरीक्षण और मरम्मत पर व्यय को पूंजीकृत किया जाता है, जब यह परिसंपत्ति पहचान मानदंडों को पूरा करता हो। पिछले निरीक्षण और मरम्मत की लागत की किसी भी शेष राशि को अमान्य कर दिया गया है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु के प्रमुख हिस्से को बदलने की लागत को उस वस्तु की वहन राशि में पहचाना जाता है यदि यह संभव है कि उस हिस्से के भीतर शामिल भावी आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और इसकी लागत को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है। बदले गए हिस्से की वहन राशि की पहचान रद्द कर दी जाती है, भले ही बदले गए हिस्से का अलग से मूल्यह्रास किया गया हो। यदि बदले गए हिस्से की वहन राशि निर्धारित करना व्यावहारिक नहीं है, तो कंपनी प्रतिस्थापन की लागत का उपयोग यह संकेत देने के लिए करती है कि बदले गए हिस्से के अधिग्रहण या निर्माण के समय उसकी लागत क्या थी।

(iv) पीपीई की खरीद के समय तकनीकी जानकारी/लाइसेंस शुल्क पर किए गए व्यय को अंतर्निहित परिसंपत्ति के भाग के रूप में पूंजीकृत किया गया है।

(v) सुरक्षा या पर्यावरणीय कारणों से पीपीई की वस्तुएं खरीदी जा सकती हैं। ऐसे पीपीई का अधिग्रहण, हालांकि पीपीई के किसी विशेष मौजूदा मद के भावी आर्थिक लाभों में सीधे वृद्धि नहीं कर रहा है, लेकिन किसी कंपनी के लिए अपनी अन्य परिसंपत्तियों से भावी आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक हो सकता है। पीपीई की ऐसी वस्तुओं को परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है।

(iv) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मान्यता तब रद्द कर दी जाती है जब उनके उपयोग से या उनके निपटान पर भविष्य में कोई आर्थिक लाभ की उम्मीद नहीं होती है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु की मान्यता रद्द करने पर लाभ और हानि को निपटान से बिक्री आय, यदि कोई हो, और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में निर्धारित किया जाता है और लाभ और हानि विवरण में पहचाना जाता है। ऐसी परिस्थिति में, जहां संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की एक वस्तु को छोड़ दिया जाता है, उसी अवधि में संपत्ति, संयंत्र और उपकरण से संबंधित शुद्ध वहन लागत को बट्टे खाते में डाल दिया जाता है।

(viii) भारतीय लेखांकन मानक अपनाए जाने पर, कंपनी ने दिनांक 01.04.2015 को मान्यता प्राप्त अपने सभी पीपीई के अग्रेनीत मूल्य, जिसका मापन गत जीएएपी के अनुसार किया गया है और अग्रेनीत मूल्य को पीपीई की लागत समझा गया है, को जारी रखने का विकल्प चुना है।

### 1.2 अमूर्त परिसंपत्तियां

क) उपयोग का अधिकार (आरओयू), सॉफ्टवेयर, लाइसेंस जैसी अमूर्त संपत्तियां, जिनसे भावी आर्थिक लाभ उपलब्ध कराने की अपेक्षा की जाती है, को अमूर्त संपत्ति के रूप में पूंजीकृत किया गया है और संचित परिशोधन और किसी भी संचित हानि के नुकसान को घटाकर उनकी अधिग्रहण लागत को लिखा गया है।

ख) किए गए व्यय जो अमूर्त संपत्तियों के तहत पूंजीकरण के लिए पात्र हैं, उन्हें विकास के तहत अमूर्त संपत्तियों के रूप में तब तक किया जाता है जब तक कि वे अपने वांछित उपयोग के लिए तैयार न हो जाएं।

ग) किसी अमूर्त संपत्ति की मान्यता तब रद्द कर दी जाती है जब उसके उपयोग से या उसके निपटान पर भविष्य में कोई आर्थिक लाभ होने की उम्मीद नहीं होती है। किसी अमूर्त संपत्ति की मान्यता रद्द करने पर लाभ या हानि को शुद्ध निपटान आय, यदि कोई हो, और अमूर्त संपत्ति की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में निर्धारित किया जाता है और लाभ एवं हानि के विवरण में डाला जाता है।

घ) भारतीय लेखांकन मानक अपनाए जाने पर, कंपनी ने दिनांक 01.04.2015 को मान्यता–प्राप्त अपनी सभी अमूर्त परिसंपत्तियों के अग्रेनीत मूल्य, जिसका मापन पिछले जीएएपी के अनुसार किया गया है और अग्रेनीत मूल्य को पीपीई की लागत समझा गया है, को जारी रखने का विकल्प चुना है।

### 1.3 कार्यशील पूंजी

क) वास्तविक भुगतान/अनुमानित दायित्व के आधार पर प्रगत्यधीन पूंजीगत कार्य के अंतर्गत जहां उपयोग का अधिकार अपेक्षित हो, वहां जब कभी कार्य शुरू होता है, फसल के मुआवजे का हिसाब लगाया जाता है।

ख) कार्यशील पूंजी कार्य में परियोजनाओं में उपयोग के लिए साइट पर प्राप्त सामग्री/उपकरण/सेवाओं आदि सहित निर्माण अवधि शामिल है, जिसे ऐसी परिसंपत्तियों की स्थापना के समय पूंजीकृत किया जाता है।

ग) निर्माण अवधि के दौरान हुए सभी राजस्व व्यय, जो विशेष रूप से अधिग्रहण/निर्माण परिसंपत्तियों के कारण होते हैं, को ऐसी परिसंपत्तियों के चालू होने के समय पूंजीकृत किया जाता है।

### 1.4 अन्वेषण और विकास लागत

क) कंपनी, संयुक्त उद्यमों के माध्यम से तेल एवं गैस अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों के लेखांकन के लिए सफल प्रयास पद्धति अपनाती है, जिसमें संबंधित मेजबान सरकार और अन्वेषण, विकास और उत्पादन गतिविधियों के लिए विभिन्न निकायों के साथ उत्पादन शेयरिंग संविदा (पीएससी) और राजस्व शेयरिंग संविदा (आरएससी) शामिल होती है, जिसमें अन्वेषण और उत्पादन लागत को निम्नानुसार शामिल किया जाता है :

(i) भूगर्भीय और भूभौतिकीय (जीएंडजी) लागतों सहित भूकंपीय सर्वेक्षण, भूतल पट्टा किराया आदि अन्वेषण और मूल्यांकन प्रस्तावों के लिए उस वर्ष में राजस्व व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है, जिसमें इन पर खर्च किया जाता है।

(ii) कार्यशील विकास/पूंजीगत कार्य के अंतर्गत अमूर्त परिसंपत्तियों के रूप में अन्वेषणीय/विकास कुंओं की लागत वर्ष में ऐसे अन्वेषी कुंओं को पूंजीकृत किया जाता है जिसमें उत्पादक परिसंपत्ति का सृजन किया जाता है। सूखे/परित्यक्त कुंओं के रूप में निर्धारित होने पर इसकी लागत को बट्टे खाते में डाल दिया जाता है।

(iii) सभी 'कार्यशील अन्वेषी कुंओं' की लागत को उन कुंओं को छोड़कर लाभ एवं हानि विवरण में से घटा दिया जाता है, जिनके लिए वहां उचित मात्रा में भंडार मिलने का उचित संकेत हो, और उद्यम भंडार तथा परियोजना की आर्थिक और प्रचालन व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहा हो।

**ख) उत्पादक परिसंपत्तियों का पूंजीकरण**

उत्पादक परिसंपत्तियों का पूंजीकरण 'पूर्ण कुएं/उत्पादक कुएं' के तौर पर तब किया जाता है जब क्षेत्र/फील्ड में कुएं वाणिज्यिक उत्पादन करने के लिए तैयार हों और उनसे तेल एवं गैस भंडार का विकास प्रमाणित हो गया है।

उत्पादक परिसंपत्ति की लागत में सफल अन्वेषण कुओं, विकासशील कुओं की लागत और उपकरणों एवं सुविधाओं के समर्थन का प्रारंभिक मूल्यहास तथा सुविधाएं और अनुमानित भावी परित्याग करने की लागत शामिल होती है।

**ग) उत्पादक परिसंपत्तियों में कमी**

उत्पादक परिसंपत्तियों में कमी, 'उत्पादन पद्धति की इकाई (यूओपी)' का प्रयोग करके की जाती है। सभी पूंजीगत लागत के लिए प्रभारित उत्पादन की कमी या इकाई की गणना वर्ष के दौरान उत्पादन के अनुपात में की जाती है जिसे वर्ष के अंत में विकसित रिजर्व प्रमाणित किया जाता है।

**घ) उत्पादन परिसंपत्तियों की उत्पादन लागत**

प्रचालक द्वारा दर्शाए गए अनुसार कंपनी के उत्पादन लागत के शेयर में कुआं लेने से पूर्व तथा कुआं लेने के पश्चात शीर्ष व्यय शामिल होता है जिसमें सहायक उपकरण और सुविधाओं का मूल्यहास एवं वर्तमान प्रचालन लागत शामिल होती है।

**ङ.) संयुक्त प्रचालनों का लेखांकन**

उत्पादन हिस्सेदारी संविदाओं (पीएससी) के जरिए किए गए संयुक्त प्रचालनों में अपने हितों के संबंध में, कंपनी अपने आनुपातिक शेयरों को परिसंपत्तियों, देयताओं, आउटपुट की बिक्री से प्राप्त राजस्व, वित्तीय विवरणों में संयुक्त प्रचालन कंपनी के व्यय के रूप में मानती है।

## 1.5 विदेशी मुद्रा लेनदेन

क) कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपए (₹) है।

ख) विदेशी मुद्रा में लेनदेन की प्रारंभिक गणना लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर की जाती है।

ग) वर्ष के अंत में बकाया विदेशी मुद्रा में नामित मौद्रिक मदों (जैसे नकद, वसूली योग्य राशि, ऋण देयताएं आदि) को वर्ष के अंत में प्रचलित विनिमय दरों (देयता के लिए बीसी विक्रय दर तथा प्राप्ति योग्य राशि के लिए टीटी क्रय दर) में परिवर्तित किया जाता है।

घ) विदेशी मुद्राओं में मूल्यवर्गित गैर–मौद्रिक वस्तुओं (जैसे कि इक्विटी निवेश, संपत्ति संयंत्र और उपकरण, अमूर्त संपत्ति आदि) का हिसाब उचित मूल्य पर मापी गई दरों के अलावा लेनदेन की तारीख पर प्रचलित विनिमय दर पर किया जाता है।

ङ.) निपटान या लेनदेन में विनिमय अंतर के कारण हुए किसी भी लाभ या हानि को लाभ एवं हानि विवरण में समायोजित किया जाता है।

च) किसी विदेशी मुद्रा में उचित मूल्य पर मापी गई गैर–मौद्रिक मदों को उचित मूल्य का निर्धारण करते हुए उस तारीख को विनिमय दरों का प्रयोग करके निकाला जाता है। गैर–मौद्रिक मदों के अंतरण से होने वाले लाभ या हानि को ऐसी मद के उचित मूल्य के निर्धारण से उत्पन्न मद के लाभ या हानि के अनुसार स्वीकार किया जाता है, जो अन्य व्यापक आय में या लाभ एवं हानि विवरण, जैसी भी स्थिति हो, में होती है।

## 1.6 उधार लागत

उधार लेने की लागत में निम्नलिखित शामिल हैः

(क) ब्याज व्यय की गणना प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करके की जाती है जैसा कि इंड एएस 109–'वित्तीय लिखत' में वर्णित है।

(ख) पट्टा देनदारियों पर ब्याज व्यय इंड एएस 116–'पट्टे' के अनुसार मान्यता प्राप्त है, और

(ग) विदेशी मुद्रा उधार से उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतर उस सीमा तक होता है कि उन्हें ब्याज लागत के समायोजन के रूप में माना जाता है।

अर्हक परिसंपत्तियां प्राप्त करने के उद्देश्य से विशेष रूप से उधार ली गई और परिसंपत्ति की लागत के साथ पूंजीकरण के लिए पात्र निधियों की उधार लागत को उस तारीख तक पूंजीकृत किया जाता है जब परिसंपत्ति ऐसी निधियों के अस्थायी निवेश पर अर्जित किसी भी आय को शुद्ध करने के बाद अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होती है। अन्य उधारी लागतों को वर्ष में होने वाले व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

## 1.7 सरकारी अनुदान

सरकारी अनुदान को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि उचित आश्वासन नहीं दिया जाता है कि कंपनी उनसे जुड़ी शर्तों का अनुपालन करेगी और अनुदान प्राप्त होगा। मूल्यहास वाली परिसंपत्तियों के मामले में, परिसंपत्तियों की लागत को सकल मूल्य पर दर्शाया गया है और उस पर अनुदान को आस्थगित आय पर लिया जाता है जिसे परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन की तुलना में लाभ एवं हानि विवरण में आय के रूप में माना जाता है। गैर–मूल्यहास परिसंपत्तियों से संबंधित अनुदान को कुछ दायित्वों की पूर्ति की भी आवश्यकता हो सकती है और फिर दायित्वों को पूरा करने की लागत को वहन करने वाली अवधि में लाभ या हानि में मान्यता दी जाएगी।

## 1.8 बिक्री के लिए रखी गई गैर–वर्तमान परिसंपत्ति

बिक्री के लिए वर्गीकृत की गई गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों या प्रयोज्य समूहों को ले जाने की मात्रा के आधार पर मापा जाता है और बिक्री हेतु उचित मूल्य कम होता है। बिक्री के लिए वर्गीकृत परिसंपत्तियों और देयताओं को अलग–अलग तुलन–पत्र में प्रस्तुत किया गया है।

गैर–वर्तमान परिसंपत्तियों या प्रयोज्य समूहों की बिक्री हेतु वर्गीकृत किया जाता है यदि उनकी वहन राशि को निरंतर उपभोग के बजाय बिक्री के माध्यम से मुख्य रूप से पुनः प्राप्त किया जाएगा। प्रबंधन वर्गीकरण की तिथि से एक वर्ष के अंदर अपेक्षित बिक्री के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। बिक्री की योजना को पूरा करने हेतु आवश्यक कार्रवाई से संकेत मिलता है कि यह संभावना नहीं है कि योजना में महत्वपूर्ण बदलाव किए जाएंगे या यह योजना वापस ले ली जाएगी।

बिक्री के लिए एक बार वर्गीकृत पीपीई और अमूर्त परिसंपत्ति का मूल्यहास या परिशोधन नहीं किया जाता है।

## 1.9 माल सूची

क) पाइपलाइनों में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और प्राकृतिक गैस के भंडार को पहले आओ, पहले पाओ (एफआईएफओ) आधार पर या वसूली योग्य मूल्य पर, जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है।

ख) कच्चे माल एवं तैयार उत्पादों को भारित औसत लागत या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है। तैयार उत्पादों में उत्पाद शुल्क और रॉयल्टी, जहां–कहीं भी हो, शामिल की जाती है।

ग) कच्चे स्टॉक का मूल्य भारित औसत लागत या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर लगाया जाता है। इसका उस भारित औसत लागत पर मूल्य लगाया जाता है, जहां तैयार उत्पाद, जिसमें इसे बेचे जाने के लिए शामिल किया जाना है, या उपर्युक्त भारित औसत लागत पर बेचे जाने की संभावना है।

घ) मालसूची के उत्पादन के लिए प्रयोग हेतु भंडार और पुर्जे तथा अन्य सामग्री का मूल्य भारित औसत मूल्य या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर लगाया जाता है। इसका मूल्य भारित औसत लागत

जहां तैयार उत्पाद, जिनमें इन्हें बेचे जाने के लिए शामिल किया जाएगा, को उपर्युक्त लागत पर बेचे जाने की संभावना होती है।

ड.) अधिशेष/अप्रचलित स्टोर तथा पुर्जों का मूल्य लागत या निवल प्राप्त योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर लगाया जाता है।

च) पूंजीगत परिसंपत्ति के निर्माण में प्रयोग हेतु रखे गए अधिशेष/पुराने पूंजीगत स्टोर तथा पूर्जों का मूल्य लागत या निवल प्राप्ति योग्य मूल्य, इसके न्यूनतम पर लगाया जाता है।

छ) मार्गस्थ आयातित एलएनजी का मूल्य या निवल प्राप्ति योग्य मूल्य, जो भी कम हो, के सीआईएफ मूल्य पर लगाया जाता है।

ज) अक्षय उर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) का मूल्यांकन पहले आओ, पहले पाओ (एफआईएफओ) आधार पर या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्यांकन किया जाता है।

### 1.10 राजस्व की गणना

कंपनी ने भारतीय लेखांकन मानक 115 के लिए परिवर्तन पर संशोधित पूर्वव्यापी दृष्टिकोण लागू किया है।

क) राजस्व को उन वस्तुओं या सेवाओं के नियंत्रण के हस्तांतरण के रूप में मान्यता दी गई है जो संविदा के तहत निष्पादन दायित्व की संतुष्टि पर ग्राहकों को एक राशि में संविदा के तहत दर्शाती हैं, जो उस विचार को दर्शाता है जिसके अनुसार इकाई उन वस्तुओं या सेवाओं के बदले में हकदार होने की उम्मीद करती है। इस विचार में ग्राहकों द्वारा उन परिसंपत्तियों के लिए योगदान शामिल है जिन पर कंपनी का नियंत्रण है।

ख) जहां निष्पादन की बाध्यता समय के साथ संतुष्ट हो जाती है, कंपनी रिपोर्टिंग तिथि तक निष्पादन पूरा होने के आधार पर इनपुट/आउटपुट विधि का उपयोग करते हुए राजस्व को मान्यता देती है। जहां निष्पादन दायित्व समय में एक समय बिंदु पर संतुष्ट हो जाता है, कंपनी राजस्व को मान्यता देती है जब ग्राहक को अनुबंध में तय की गई वस्तुओं और सेवाओं का नियंत्रण प्राप्त होता है।

ग) कंपनी सेवाओं की बिक्री के संबंध में राजस्व के लिए लेखांकन में आउटपुट विधि का उपयोगी करती है। आउटपुट विधि के उपयोग के लिए कंपनी को प्रदर्शन के आधार पर राजस्व को पहचानने की आवश्यकता होती है, जैसे कि आज तक, कालातीत में अनुबंध की अवधि के दौरान अनुमानों का लगातार मूल्यांकन किया जाता है और कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में समय के साथ संतुष्ट अपने निष्पादन दायित्वों की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति का फिर से मापन करती है।

घ) कंपनी रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूद परिस्थितियों और जुर्मानों, छूट एवं नुकसान आदिसहित रिपोर्टिंग अवधि के दौरान मौजूद परिस्थितियों का ईमानदारी से प्रतिनिधित्व करने हेतु प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में अपने अनुमानित लेनदेन मूल्य को अपडेट करती है।

ड.) बीमे के दावों की गणना तब की जाती है जब बीमाकर्ताओं द्वारा इसका दावा प्राप्त हो जाता है।

च) दावों (जिनमें ग्राहकों से विलंब से प्राप्त ब्याज सहित) की गणना तब की जाती है, जब यह निश्चत हो जाए कि दावे प्राप्त हो जाएंगे।

छ) प्राकृतिक गैस की न्यूनतम गारंटी आफटेक (एमजीओ) के संबंध में देयता उपलब्ध नहीं कराई जाती है क्योंकि इसके ग्राहकों से वसूली योग्य एमजीओ द्वारा प्राप्त किया जाता है। एमजीओ के कारण वर्ष के दौरान भुगतान/प्राप्तियों को उनकी प्राप्ति के आधारपर समायोजित किया जाता है।

ज) एलपीजी के परिवहन से संबंधित न्यूनतम प्रभारों की गणना प्राप्ति आधार पर की जाती है।

झ) ग्राहकों के साथ गैस बिक्री समझौते के संदर्भ में, गैस की वार्षिक टेक या पे क्वांटिटी (एटीओपीक्यू) की ओर प्राप्त राशि का एहसास होने के आधार पर हिसाब लगाया जाता है और जब तक गैस अनुबंध के अनुसार ग्राहक तक नहीं पहुंचाई जाती है, तब तक देयता के रूप में दिखाया जाता है।

ञ) लाभांश को तब मान्यता दी जाती है जब भुगतान प्राप्त करने का अधिकार स्थापित हो जाता है, यह संभव है कि लाभांश से जुड़े आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और लाभांश की राशि को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है।

### 1.11 मूल्यह्रास/परिशोधन

**क) परिसंपत्तियां, संयंत्र और उपकरण (पीपीई)**

नीचे दी गई परिसंपत्तियों जहां विभिन्न उपयोग अवधि को बाहरी/आंतरिक तकनीकी के आधार पर मूल्यांकन के बाद हिसाब में लिया जाता है, इनको छोड़कर पीपीई मूर्त परिसंपत्तियों (परिसंपत्ति को सक्षम करने सहित) पर मूल्यह्रास का प्रावधान यथानुपात आधार (मासिक यथानुपात खरीदी गई परिसंपत्तियों के लिए) पर स्ट्रेट लाइन पद्धति (एसएलएम) पर कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ।। में विनिर्दिष्ट पद्धति एवं उपयोग अवधि के अनुसार किया जाता है:

| विवरण | वर्ष |
|---|---|
| कर्मचारियों के उपयोग हेतु प्रदत्त फर्नीचर | 6 वर्ष |
| कर्मचारियों के उपयोग हेतु प्रदत्त विद्युत उपकरण | 4 वर्ष |
| कर्मचारियों के उपयोग हेतु प्रदत्त मोबाइल फोन | 2 वर्ष |

पट्टे वाली भूमि की लागत शाश्वत पट्टे को छोड़कर पट्टा अवधि के दौरान परिशोधित की जाती है।

अचल संपत्तियों की मूल लागत में मूल्य समायोजन के कारण मूल्यह्रास संभावित रूप से लगाया जाता है।

पीपीई के अवशिष्ट मूल्यों, उपयोगी जीवन और मूल्यह्रास के तरीकों की प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में समीक्षा की जाती है और यदि उपयुक्त हो तो उसे संभावित रूप से समायोजित किया जाता है। यदि पिछले अनुमानों से महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हैं तो भावी अवधि के लिए मूल्यह्रास/परिशोधन को संशोधित किया जाता है। कंपनी ने पीपीई के अवशिष्ट मूल्य को संपत्ति की लागत का 5ः माना है।

**ख) अमूर्त परिसंपत्तियां**

i. अनिश्चित आयु (जिसके लिए ऐसी किसी अवधि हेतु कोई प्रत्याशित सीमा नहीं है, जिससे इस बात को देखते हुए उनसे निवल नकद प्रवाह का सृजन करने की संभावना हो कि इन अधिकारों का संबंधित पाइपलाइनों की आयु के बाद भी उपयोग किया जा सकता है) परिशोधित नहीं होती, लेकिन इसकी वार्षिक क्षति की दृष्टि से जांच की जाती है।

ii. सॉफ्टवेयर और लाइसेंस आदि वाली अमूर्त परिसंपत्तियां पूंजीकरण की तारीख से उपयोगी जीवन पर स्ट्रेट लाइन पद्धति (एसएलएम) पर परिशोधित की जाती हैं, जिसे 5 वर्ष/वास्तविक उपयोग जीवन से अधिक नहीं माना जाता है।

iii. परिसंपत्तियों की क्षति, यदि कोई हो, के बाद मूल्यह्रास इसके शेष लाभदायक उपयोग अवधि पर मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है।

**ग) ग्राहक के परिसर पर संस्थापित पूंजीगत परिसंपत्तियां**

ऐसी भूमि, जिसका स्वामित्व कंपनी के पास नहीं है, ग्राहक के परिसर पर संस्थापित पूंजीगत परिसंपत्तियों की सुविधाओं को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–।। में विनिर्दिष्ट लाभदायक उपयोग अवधिके अनुसार एसएलएम आधार पर मूल्यहासित किया जाता है।

### 1.12 कर्मचारी हितलाभ

(क) सभी संक्षिप्त अवधि कर्मचारी हितलाभ के लिए लेखांकन अवधि में छूट से वंचित राशि पर पहचान की जाती है जिसमें उन्हें खर्च किया जाता है।

(ख) भविष्य निधि में कंपनी का अंशदान, पात्र कर्मचारी के वेतन के एक नियत प्रतिशत के आधार पर इस प्रयोजन के लिए स्थापित एक अलग ट्रस्ट में जमा किया जाता है तथा उसे लाभ एवं हानि/सीडब्ल्यूआईपी विवरण में दर्ज किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी भावी अवधि में ब्याज की सांविधिक दर, जिसकी प्रतिपूर्ति कंपनी द्वारा भविष्य निधि ट्रस्ट में की जाएगी, को पूरा करने के लिए निधि परिसंपत्तियों में किसी कमी के लिए वास्तविक मूल्यांकन के अनुसार प्रावधान किया जाता है।

(ग) सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा योजना और उपदान के अंतर्गत कर्मचारी हितलाभों के लिए परिभाषित बाध्यता के वर्तमान मूल्य के आधार पर मान्यता दी जाती है, जिसकी गणना अनुमानित इकाई की ऋण प्रकिया का उपयोग करके वास्तविक मूल्यांकन आधार पर की जाती है। वर्ष के दौरान, संबंधित योजना परिसंपत्तियों से अधिक बीमांकिक दायित्वों को मान्यता दी जाती है।

(घ) अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभों पर दायित्व, जैसे अवकाश नकदीकरण, अनुपस्थिति के मुआवजे और दीर्घ सेवा पुरस्कार साल के अंत में किए गए वास्तविक मूल्यांकन के अनुमानित यूनिट क्रेडिट विधि का उपयोग करके प्रदान किए जाते हैं।

(ड.) पुनः माप में वास्तविक लाभ और हानि को लाभ एवं हानि विवरण या वर्ष के दौरान होने वाली अन्य व्यापक आय के माध्यम से प्रतिधारित आय में संबंधित ऋण या जमा के रूप में तुलन–पत्र में दर्शाया जाता है। पुनः माप को बाद की अवधियों में लाभ और हानि विवरण में पुनः वर्गीकृत नहीं किया जाता है।

(च) कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए पेंशन लाभ के लिए एक परिभाषित योगदान योजना भी प्रचालित करती है और योगदान एक अलग ट्रस्ट को भेज दिया जाता है।

(छ) उपदान एवं सेवानिवृत्ति उपरांत चिकित्सा योजनो (पीआरएमएस) हेतु प्रावधान बीमांकिक मूल्यांकन के अनुरूप एक अलग ट्रस्ट में वित्तपोषित किया जाता है।

### 1.13 गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति

नकदी उत्पादन यूनिट की अग्रेनीत राशि की समीक्षा प्रत्येक समीक्षाधीन तिथि को की जाती है। यदि आंतरिक/बाहरी तथ्यों के आधार पर नुकसान होने का कोई संकेत हो तो ऐसी हानि की पहचान की जाती है, जहां किसी अन्य परिसंपत्ति की वर्तमान राशि उसकी वसूली योग्य राशि से बढ़ जाती है।

### 1.14 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं, आकस्मिक परिसंपत्तियां और पूंजीगत प्रतिबद्धताएं

किसी प्रावधान को तब मान्यता दी जाती है यदि, किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप, कंपनी के पास वर्तमान कानूनी या रचनात्मक दायित्व है जिसका अनुमान विश्वसनीय रूप से लगाया जा सकता है, और यह संभव है कि दायित्व को निपटाने के लिए आर्थिक लाभ के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी। यदि निधियों के समय मूल्य का प्रभाव महत्वपूर्ण है, तो प्रावधान की राशि दायित्व को निपटाने के लिए अपेक्षित व्यय का वर्तमान मूल्य होगी। जब छूट का उपयोग किया जाता है, तो समय गुज़रने के कारण प्रावधान में वृद्धि को वित्त लागत के रूप में मान्यता दी जाती है।

प्रावधान के रूप में मान्यता–प्राप्त राशि, दायित्व से संबंधित जोखिमों और अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए, रिपोर्टिंग तारीख को वर्तमान दायित्व को निपटाने के लिए आवश्यक विचार का सबसे अच्छा अनुमान है।

जब किसी प्रावधान को निपटाने के लिए आवश्यक कुछ या सभी आर्थिक लाभ किसी तीसरे पक्ष से वसूल किए जाने की उम्मीद की जाती है, तो प्राप्य को परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है यदि यह वस्तुतः निश्चित है कि प्रतिपूर्ति प्राप्त होगी और प्राप्य की राशि को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है तो किसी प्रावधान से संबंधित व्यय, यदि कोई हो, को प्रतिपूर्ति के शुद्ध लाभ एवं हानि के विवरण में डाला जाता है।

आकस्मिक देनदारियां संभावित दायित्व हैं जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होती हैं और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक भावी घटनाओं के घटित होने या न होने से होती है जो पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में नहीं हैं। जहां यह संभव नहीं है कि आर्थिक लाभ के बहिर्प्रवाह की आवश्यकता होगी, या राशि का विश्वसनीय रूप से अनुमान नहीं लगाया जा सकता है, वहां दायित्व को आकस्मिक दायित्व के रूप में दर्शाया जाता है, जब तक कि आर्थिक लाभ के बहिर्वाह की संभावना बहुत कम न हो। आकस्मिक देनदारियों का खुलासा प्रबंधन/स्वतंत्र विशेषज्ञों के निर्णय के आधार पर किया जाता है। प्रत्येक तुलन–पत्र की तिथि पर इनकी समीक्षा की जाती है और वर्तमान प्रबंधन अनुमान को प्रतिबिंबित करने के लिए समायोजित किया जाता है।

आकस्मिक परिसंपत्तियां संभावित परिसंपत्तियां हैं जो पिछली घटनाओं से उत्पन्न होती हैं और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के घटित होने या न होने से होती है जो पूरी तरह से कंपनी के नियंत्रण में नहीं हैं। आकस्मिक परिसंपत्तियों का खुलासा वित्तीय विवरणों में तब किया जाता है जब प्रबंधन के निर्णय के आधार पर आर्थिक लाभ का प्रवाह संभावित होता है। यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार मूल्यांकन किया जाता है कि विकास वित्तीय विवरणों में उचित रूप से प्रतिबिंबित हो।

माप में पर्याप्त मात्रा में अनुमान लगाने वाले प्रावधानों को मान्यता दी जाती है जब पिछली घटनाओं के परिणामस्वरूप वर्तमान दायित्व होता है और यह संभावना है कि संसाधनों का बहिर्वाह होगा। प्रत्येक मामले में 5 लाख रुपए से अधिक की आकस्मिक देनदारियों/परिसंपत्तियों का भुगतान लेखाओं में टिप्पणियों के रूप में किया जाता है, सिवाय इसके कि जब निपटान/वसूली की काफी कम संभावना हो।

पूंजीगत लेखाओं पर निष्पादित की जाने वाली शेष अनुबंधों की अनुमानित राशि 5 लाख रुपए से अधिक के प्रत्येक मामले में प्रकट की जाती है।

### 1.15 आय पर कर

**क) वर्तमान कर**

वर्तमान कर का प्रावधान आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। रिपोर्टिंग तिथि पर सभी अस्थायी अंतरों पर परिसंपत्तियों और देनदारियों के कर आधारों और उनकी वहन राशियों के लिए रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार अधिनियमित या वास्तविक रूप से अधिनियमित किए गए कर की दर और कर कानूनों पर विचार करते हुए वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्य के लिए तुलन–पत्र पद्धति का उपयोग करते हुए आस्थगित कर प्रदान किया जाता है।

**ख) आस्थगित कर**

लाभ एवं हानि विवरण के बाहर मान्यता–प्राप्त मदों से संबंधित आस्थगित कर, लाभ एवं हानि विवरण (या तो अन्य व्यापक आय या इक्विटी में) के बाहर मान्यता–प्राप्त है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की अग्रणीत राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर की जाती है और इसे इस सीमा तक समायोजित किया जाता है कि अब यह संभावना नहीं है कि परिसंपत्ति के सभी या उसके हिस्से को वसूल करने की अनुमति देने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा।

आस्थगित कर देयताओं को सभी कर योग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्यता दी जाती है, सिवाय इसके कि जब आस्थगित कर देयताएं किसी लेनदेन में परिसंपत्तियों/देयताओं/साख की प्रारंभिक पहचान से उत्पन्न होती हैं जो एक व्यावसायिक संयोजन नहीं है और लेनदेन पर, न तो लेखांकन लाभ या हानि और न ही कर योग्य लाभ को प्रभावित करता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों/देयताओं को रिपोर्टिंग तिथि पर अधिनियमित कर दरों (और कर कानूनों) के आधार पर मापा जाता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों और आस्थगित कर देयताओं को समायोजित किया जाता है यदि इन्हें समायोजित करने का कोई कानूनी अधिकार मौजूद है।

### 1.16 अनुसंधान एवं विकास व्यय

अनुसंधान एवं विकास पर राजस्व व्ययको उपार्जित किए जाने वाले वर्ष के लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है। अनुसंधान एवं विकास पर पूंजीगत व्यय को मूर्त परिसंपत्ति के रूप में समान अर्हता के मामले में पूंजीकृत किया जाता है।

### 1.17 नकद एवं नकद समकक्ष

नकद और नकद समकक्ष बैंक में जमा और नकद के तौर पर तीन महीने या उससे पूर्व मूल परिपक्वता वाली अवधि अल्पावधि जमा राशि शामिल है, जो कि मूल्य में परिवर्तनों के नगण्य जोखिम के अधीन रहता है।

### 1.18 खंड रिपोर्टिंग

कंपनी का प्रबंधन संसाधन आबंटन और प्रदर्शन मूल्यांकन के बारे में निर्णय लेने के उद्देश्य से अपने व्यावसायिक खंड के प्रचालन परिणाम की निगरानी करता है। खंड निष्पादन का मूल्यांकन लाभ या हानि के आधार पर किया जाता है और इसे वित्तीय विवरणों में सतत तौर पर लाभ या हानि के साथ मापा जाता है।

प्रारंभिक खंड का अभिनिर्धारण उत्पादों/सेवाओं की प्रकृति के आधार पर किया जाता है।

क) खंड राजस्व में अंतर–खंड राजस्व सहित खंडपर प्रत्यक्ष तौर पर लागू किया जाने वाला/आबंटन योग्य राजस्व शामिल है।

ख) खंड के परिणामों का अभिनिर्धारण करने के लिए खंड के लिए प्रत्यक्ष तौर पर अभिनिर्धारण योग्य/आबंटन योग्य व्यय पर विचार किया जाता है।

ग) कंपनी से पूर्ण तौर पर संबंधित व्यय, जिसे खंडों के लिए आबंटित नहीं किया जा सकता, उसे आबंटित न किए जाने वाले व्यय में शामिल किया जाता है।

घ) कंपनी की ऐसी सम्पूर्ण आय, जिसे खंडों के लिए आबंटित नहीं किया जा सकता, उसे आबंटित न की जाने वाली आय में शामिल किया जाता है।

ङ.) सीडब्ल्यूआईपी और देयताओं को शामिल करने वाली खंड परिसंपत्तियां संबंधित खंडों के साथ सीधे पहचान योग्य हैं। गैर–आबंटित संपत्ति और देयताएं उन परिसंपत्तियों और देयताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं जो समग्र रूप से कंपनी से संबंधित हैं और किसी भी खंड के लिए आबंटित नहीं हैं।

### 1.19 प्रति शेयर आय

प्रति इक्विटी शेयर मूल आय की गणना वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या द्वारा इक्विटी शेयरधारकों को देय कर पश्चात निवल लाभ को विभाजित करके की जाती है। प्रति शेयर कम की गई आय की गणना इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या के औसत तथा वर्ष के दौरान प्रति शेयर कम किए गए संभावित इक्विटी शेयरों को समायोजित निवल लाभ से विभाजित करके की जाती है।

### 1.20 परिसमापन क्षतियां/मूल्य में कटौती अनुसूची

जब कभी मामले का निपटान किया जाता है, तो परिसमापन क्षति/मूल्य कटौती अनुसूची के लिए वसूली गई राशि को समायोजित/विनियोजित किया जाता है।

### 1.21 नकदी प्रवाह विवरण

नकदी प्रवाह विवरण भारतीय लेखांकन मानक 7 'नकदी प्रवाह विवरण' में निर्धारित अप्रत्यक्ष विधि के अनुसार किया जाता है।

### 1.22 उचित मूल्य माप

कंपनी प्रत्येक तुलन–पत्र की तारीख को उचित मूल्य पर व्युत्पन्न और विशिष्ट निवेश (सहायक कंपनी, संयुक्त उपक्रम और संबद्ध कंपनी के अतिरिक्त) सहित वित्तीय साधनों का मापन करती है।

सभी परिसंपत्तियां और देयताएं, जिनके उचित मूल्य की गणना वित्तीय विवरणों में की जाती है अथवा उनका प्रकटीकरण किया जाता है, को उचित मूल्य पदानुक्रम के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है और निम्न वर्णित इनपुट स्तर के आधार पर दर्ज किया जाता है, जो पूर्ण तौर पर उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण हैं :

(i) **स्तर 1 –** समान परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत (असमायोजित) बाजार मूल्य

(ii) **स्तर 2 –** मूल्यांकन तकनीक, जिनके लिए निम्नतम स्तर इनपुट उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण होता है, को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष माना जाता है।

(iii) **स्तर 3 –** मूल्यांकन तकनीक, जिनके लिए निम्नतम स्तर इनपुट उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण होता है, को स्वीकार योग्य नहीं माना जाता है।

परिसंपत्तियां और देयताएं, जिन्हें आवर्ती आधार पर तुलन–पत्र में दर्ज किया जाता है, के लिए कंपनी यह निर्धारित करती है कि क्या अंतरण प्रत्येक सूचित अवधि के अंत में पुनः मूल्यांकन श्रेणी के पदानुक्रम स्तर के आधार पर हुआ है (न्यूनतम स्तर इनपुट के आधार पर पूर्ण तौर पर उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण होता है)।

उचित मूल्य प्रकटीकरण के प्रयोजन के लिए, कंपनी ने परिसंपत्तियों और देयताओं के वर्गों का निर्धारण परिसंपत्तियों या देयताओं के गुणों और जोखिम की प्रकृति के आधार पर किया है और उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर को ऊपर स्पष्ट किया गया है।

### 1.23 वित्तीय लिखित

वित्तीय लिखित वह संविदा है जो किसी कंपनी की वित्तीय परिसंपत्ति और किसी अन्य कंपनी की वित्तीय देयता पर इक्विटी को बढ़ाता है।

#### (क) वित्तीय परिसंपत्तियां

**क) वर्गीकरण**

कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों का वर्गीकरण करती है, जिन्हें बाद में परिशोधित लागत पर, अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर या वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए अपने व्यापार मॉडल के आधार पर लाभ और हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है।

**ख) प्रारंभिक मान्यता और माप**

सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को शुरू में उचित मूल्य पर दर्ज किया जाता है और यदि लेनदेन लागत, जो वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण के कारण होती है, को लाभ एवं हानि विवरण में दर्ज नहीं किया जाता है।

**ग) परवर्ती माप**

परवर्ती माप के उद्देश्य से वित्तीय परिसंपत्तियों को नीचे दी गई श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है :

**i. परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां**

व्युत्पन्न और विशिष्ट निवेश के अलावा अन्य किसी वित्तीय परिसंपत्ति, यदि यह किसी व्यवसाय मॉडल में शामिल है, को बाद में परिशोधित लागत पर मापा जाता है, जिसका उद्देश्य संविदागत नकदी प्रवाह को एकत्रित करने के लिए परिसंपत्ति को बनाए रखना है और वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें नकदी प्रवाह की विशिष्ट तारीखों के अनुसार निर्धारित होती हैं जो केवल मूलधन का और बकाया मूलधन राशि के ब्याज का भुगतान होती हैं।

**ii. अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां**

विशिष्ट निवेश सहित व्युत्पन्न के अलावा किसी वित्तीय परिसंपत्ति को बाद में अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य के रूप में मापा जाता है, यदि यह किसी व्यवसाय मॉडल में डाला जाता है जिसका उद्देश्य संविदागत नकदी प्रवाह और वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचना दोनों को हासिल करना होता है तथा वित्तीय परिसंपत्तियों की संविदागत शर्तों की नकदी प्रवाह की तारीखों के अनुसार निर्धारित होती हैं जो केवल मूलधन का और बकाया मूलधन राशि के ब्याज का भुगतान होती हैं। कंपनी ने अपने निवेश के लिए स्थिर चयन किया है जिसे इक्विटी साधनों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है ताकि बाद में इसके व्यापार मॉडल पर आधारित अन्य व्यापक आय के उचित मूल्य में होने वाले बदलाव किए जा सकें।

**iii. लाभ और हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां**

व्युत्पन्न सहित वित्तीय परिसंपत्ति, जिसे उपरोक्त किसी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया गया है, को बाद में लाभ या हानि के माध्यम से उचित रूप से मूल्य निर्धारण किया जाता है।

**(iv) मान्यता समाप्त करना**

किसी वित्तीय परिसंपत्ति की मुख्य रूप से तब मान्यता समाप्त कर दी जाती है जब किसी परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अधिकार की समय–सीमा समाप्त हो गई हो या कंपनी ने परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अपने अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया हो।

**(v) सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों में निवेश**

i. कंपनी ने लागत पर सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों को अपने निवेश के लिए जिम्मेदार बताया है। कंपनी यह मूल्यांकन करती है कि क्या इस बात के कोई संकेत हैं कि इन निवेशों से हानि हो सकती है और यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद होता है, तो निवेश को उसके उचित मूल्य के आधार पर क्षति माना जाता है।

ii. जब कंपनी आनुषंगिक कंपनियों, संयुक्त उपक्रमों और सहायक कंपनियों के लिए वित्तीय प्रतिभूतियों जारी करती है, तो प्रारंभ में कंपनी द्वारा वित्तीय प्रतिभूति की गणना उचित मूल्य पर और तदुपरांत उससे अधिक मूल्य पर की जाती है:

- भारतीय लेखांकन मानक 109 की हानि अपेक्षाओं के अनुसार नियत हानि भत्ते की राशि; और
- शुरुआत में कम मान्यता प्राप्त राशि, जब उचित हो, भारतीय लेखा मानक 115 'ग्राहकों के साथ अनुबंधों से राजस्व' के सिद्धांतों के अनुसार मान्यता–प्राप्त आय की संचयी राशि।

iii. कंपनी वित्तीय प्रतिभूति के प्रारंभिक उचित मूल्य को निवेश समकक्ष मानती है, और इसकी समदृश देयता को वित्तीय प्रतिभूति बाध्यता के तौर पर दर्ज किया जाता है। ऐसे मानित निवेश को सहायक कंपनियों, संयुक्त उपक्रमों और संबद्ध कंपनियों में निवेश की अग्रेनीत धनराशि के तौर पर जोड़ा जाता है। वित्तीय प्रतिभूति बाध्यता को वित्तीय प्रतिभूति की शेष अवधि में लाभ एवं हानि विवरण में अन्य आय के तौर पर मान्यता प्रदान की जाती है।

**(vi) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि**

कंपनी माप के लिए अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) के मॉडल के आधार पर नुकसान का आकलन करती है और वित्तीय परिसंपत्तियों पर हानि को दर्ज करती है जो व्यापार प्राप्तियों या अनुबंध राजस्व प्राप्तियों और पट्टे की सभी प्राप्तियों आदि से होती हैं।

## (ख) वित्तीय देयताएं

**(i) वर्गीकरण**

कंपनी सभी वित्तीय देयताओं का वर्गीकरण करती है जिन्हें बाद में लाभ और हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं को छोड़कर परिशोधित लागत पर मापा जाता है। व्युत्पन्नों सहित ऐसी देयताओं को बाद में उचित मूल्य पर मापा जाएगा।

**(ii) प्रारंभिक मान्यता और माप**

सभी वित्तीय देयताओं को शुरु में उचित मूल्य पर तथा ऋण और उधार एवं देयताओं के मामले में प्रत्यक्ष लेनदेन लागतों के निवल पर मापा जाता है। कंपनी की वित्तीय देयताओं में व्यापार और अन्य देयताएं, ऋण और उधार सहित बैंक ओवरड्राफ्ट, और व्युत्पन्न वित्तीय साधन शामिल होते हैं।

**(iii) परिवर्ती माप**

वित्तीय देयताओं का माप उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है, जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है :

**i. परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएं**

प्रारंभिक मान्यता के बाद, प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का उपयोग करके ब्याज–आधारित ऋण और उधार को परिशोधित लागत पर मापा जाता है। जब देयताएं और ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया समाप्त की जाती हैं तो लाभ और हानि को लाभ और हानि विवरण में दर्ज किया जाता है।

परिशोधित लागत की गणना अधिग्रहण और शुल्क या लागत जो ईआईआर का अभिन्न अंग हैं, पर किसी भी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखते हुए की जाती है। ईआईआर परिशोधन को लाभ और हानि विवरण में वित्त लागत के रूप में शामिल किया गया है।

**ii. लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं**

विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में, लाभ और हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में प्रारंभिक मान्यता पर व्यापारिक और वित्तीय देयताओं के लिए निर्धारित वित्तीय देयताएं शामिल हैं। वित्तीय देयताओं को व्यापार के लिए निर्धारित अनुसार वर्गीकृत किया जाता है, यदि उन्हें निकट अवधि में पुनः खरीद के प्रयोजन के लिए खर्च किया जाता है। इस श्रेणी में कंपनी द्वारा दर्ज व्युत्पन्न वित्तीय साधन शामिल होते हैं जिन्हें हेजिंग साधनों के रूप में विनिर्दिष्ट नहीं किया जाता है, जैसा कि भारतीय लेखांकन मानक 109 में परिभाषित है। अलग–अलग समाहित व्युत्पन्न को भी व्यापार के लिए वर्गीकृत किया जाता है, जब तक कि उन्हें प्रभावी हेजिंग साधन के रूप में विनिर्दिष्ट नहीं कर दिया जाता है।

व्यापार के लिए रखी गई देयताओं पर लाभ या हानि को लाभ और हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

**(iv) मान्यता समाप्त करना**

देयताओं के अंतर्गत दायित्व का निर्वहन या रद्द अथवा समाप्त होने पर वित्तीय देयता को समाप्त कर दिया जाता है।

## (ग) अंतर्निहित व्युत्पन्न

क) यदि हाइब्रिड संविदा में ऐसा मेजबान शामिल है जो भारतीय लेखांकन मानक 109 के दायरे में एक परिसंपत्ति है, तो कंपनी अंतर्निहित व्युत्पन्न को पृथक तौर पर नहीं दर्शाती है। इसके बजाय, कंपनी सम्पूर्ण 'हाइब्रिड' संविदा के लिए भारतीय लेखांकन मानक 109 में निहित वर्गीकरण अपेक्षाओं को लागू करती है।

ख) यदि हाइब्रिड संविदा में ऐसा मेजबान शामिल है, जो भारतीय लेखांकन मानक 109 के दायरे में एक परिसंपत्ति नहीं है, तो कंपनी अंतर्निहित व्युत्पन्नों को मेजबान से पृथक तौर पर दर्शाते हुए लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता प्राप्त उचित मूल्य में परिवर्तनों सहित उचित मूल्य का मापन करती है, और यदि केवल :

(i) अंतर्निहित व्युत्पन्न की आर्थिक विशेषताएं और जोखिम आर्थिक विशेषताओं तथा मेजबान के जोखिमों से निकट तौर पर संबंधित नहीं है;

(ii) अंतर्निहित व्युत्पन्न की समान शर्तों वाला एक पृथक लिखत व्युत्पन्न की परिभाषा को पूरा करेगा; और

(iii) 'हाइब्रिड' संविदा का मापन लाभ एवं हानि में मान्यता प्राप्त उचित मूल्य में परिवर्तनों सहित उचित मूल्य पर नहीं किया जाता है।

**(घ) वित्तीय लिखितों का समायोजन**

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताएं पूरी होने पर और तुलन–पत्र में निवल राशि की सूचना दी जाती है, यदि वर्तमान में स्वीकृत राशि को हटाने, और निवल आधार पर समझौता करने, परिसंपत्ति को स्वीकार करने और साथ ही देयताओं के लिए निपटान का अधिकार हो।

**(ङ) व्युत्पन्न वित्तीय साधन और हेज लेखांकन**

कंपनी अपने विदेशी मुद्रा जोखिम, ब्याज दर जोखिम और वस्तु मूल्य जोखिम को कम करने के लिए व्युत्पन्न वित्तीय साधनों जैसे अग्रिम मुद्रा संविदा, ब्याज दर स्वैप, क्रॉस मुद्रा दर स्वैप, वस्तु स्वैप संविदा का उपयोग करती है।

**(i) व्युत्पन्न जो संविदा हेजिंग उपकरण के रूप में नामित नहीं हैं**

i. व्युत्पन्न जो भारतीय लेखा मानक 109 के तहत हेजिंग उपकरण के रूप में नामित नहीं किया गया है, शुरुआत उस तारीख से उचित मूल्य पर की जाती है, जिस पर कोई व्युत्पन्न संविदा की गई है और बाद में उचित मूल्य पर इसका लाभ उठाया जाता है। व्युत्पन्न को वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में लिया जाता है जब उचित मूल्य सकारात्मक हो और देनदारियों के रूप में जब उचित मूल्य नकारात्मक होता है।

ii. व्युत्पन्न के निष्पक्ष मूल्य में होने वाले परिवर्तनों से होने वाला कोई भी लाभ या हानि प्रत्यक्ष रूप से लाभ और हानि विवरण में दर्ज किया जाता है।

**(ii) व्युत्पन्न हेजिंग साधनों के रूप में नामित संविदा**

- भारतीय लेखांकन मानक 109 के तहत हेजिंग साधनों के रूप में नामित व्युत्पन्न को विदेशी मुद्रा और कमोडिटी हेज लेनदेन से उत्पन्न होने वाले जोखिम को कम करने के लिए नकद प्रवाह हेजेज के रूप में माना जाता है।
- कंपनी निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार हेजिंग साधनों में प्रवेश करती है, लिखित सिद्धांत प्रदान करती है जो कंपनी की जोखिम प्रबंधन कार्यनीति के अनुरूप है।
- हेज लिखितों को संविदा की शुरूआत में हेजेज के रूप में नामित किया गया है और दस्तावेज बनाया गया है। हेज साधनों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन और मापन चालू आधार पर किया जाता है। नामित हेजिंग साधन के उचित मूल्य में परिवर्तन का प्रभावी हिस्सा 'अन्य व्यापक आय' में 'नकद प्रवाह हेज आरक्षित' के रूप में पहचाना जाता है। अप्रभावी हिस्सा तुरंत लाभ और हानि विवरण से पहचाना जाता है। नकद प्रवाह हेज आरक्षण में जमा राशि को उसी अवधि में लाभ या हानि के लिए पुनः वर्गीकृत किया जाता है, जिसके दौरान हेज की गई वस्तु लाभ या हानि खाते के विवरण को प्रभावित करते हैं। यदि हेज की गई वस्तुत गैर–वित्तीय संपत्ति/देनदारियों की लागत है, तो नकद प्रवाह हेज आरक्षण के रूप में मान्यता–प्राप्त राशि गैर–वित्तीय संपत्ति/देनदारियों की आरंभिक अग्रेनित की जाने वाली राशि में स्थानांतरित की जाती है।
- यदि हेजिंग संबंध हेज एमाउंटिंग के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो हेज लेखांकन संभावित रूप से बंद हो जाता है। यदि हेजिंग साधन समाप्त हो जाता है या बेचा जाता है, समाप्त या प्रयोग किया जाता है, तो नकद प्रवाह हेजिंग रिवर्ज में मान्यता प्राप्त हेजिंग उपकरण पर संचयी लाभ या हानि नकद प्रवाह हेज रिजर्व में रहता है जब तक कि हेज प्रभावी न हो। नकद प्रवाह हेज रिजर्व में पहले मान्यता प्राप्त संचयी लाभ या हानि को अंतर्निहित लेनदेन की घटना पर लाभ और हानि के विवरण में स्थानांतरित कर दिया जाता है। यदि पूर्वानुमानित लेनदेन की उम्मीद नहीं की जाती है, तो नकद प्रवाह हेज रिजर्व में जमा राशि को लाभ और हानि के विवरण में पुनः वर्गीकृत किया जाता है।

**1.24 लीज़**

कंपनी ने इंड एएस 116 "लीज़" के रूप में अपनाया और संशोधित पूर्वव्यापी पद्धति का उपयोग करते हुए 1 अप्रैल, 2019 को मौजूद सभी लीज़ संविदाओं के लिए मानक लागू किया। कंपनी संविदा की शुरुआत में मूल्यांकन करती है कि क्या संविदा में कोई लीज़ शामिल है, अर्थात् यदि संविदा प्रतिफल के बदले में किसी पहचान की गई परिसंपत्ति के उपयोग को नियंत्रित करने का अधिकार देती है।

**एक लीज़दार के रूप में**

**1. पट्टे की पहचान करना**

संविदा की शुरुआत में, कंपनी यह आकलन करती है कि संविदा कोई लीज़ है या नहीं। यदि कोई संविदा एक लीज़ है, या इसमें शामिल है, क्या संविदा किसी पहचान की गई परिसंपत्ति के उपयोग को विचार के बदले में समय की अवधि के लिए नियंत्रित करने का अधिकार देती है।

कंपनी मूल्यांकन करती है कि क्याः

i. संविदा में पहचानी गई परिसंपत्ति का उपयोग शामिल है, जो स्पष्ट रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से निर्दिष्ट है।

ii. कंपनी को उपयोग की पूरी अवधि के दौरान परिसंपत्ति के उपयोग से सभी आर्थिक लाभों को पर्याप्त रूप से प्राप्त करने का अधिकार है, और

iii. कंपनी को परिसंपत्ति के उपयोग को निर्देशित करने का अधिकार है।

कंपनी लीज़ भुगतान करने के लिए लीज़ देयताओं को पहचानती है और उपयोग की जाने वाली परिसंपत्तियों में अंतर्निहित परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार का प्रतिनिधित्व करती है।

**2. उपयोग का अधिकार परिसंपत्ति (आरओयू) की प्रारंभिक मान्यता**

कंपनी पट्टा प्रारंभ तिथि (अर्थात, अंतर्निहित परिसंपत्ति उपयोग के लिए उपलब्ध होने की तिथि) पर किसी आरओयू परिसंपत्ति की पहचान करती है। आरओयू परिसंपत्तियों को शुरू में किसी भी संचित मूल्यह्रास और हानि को कम लागत पर मापा जाता है, और लीज़ देयताओं के किसी भी पुनर्माप के लिए समायोजित किया जाता है। उपयोग के अधिकार की परिसंपत्तियों की लागत में मान्यता–प्राप्त लीज़ देयताओं की राशि, प्रारंभ तिथि पर या उससे पहले किए गए किसी भी लीज़ भुगतान के लिए समायोजित, साथ ही किसी भी प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत और अंतर्निहित परिसंपत्ति को हटाने और समाप्त करने के लिए लागत का अनुमान लगाना या प्राप्त लीज़ प्रोत्साहनों को घटाकर अंतर्निहित परिसंपत्ति या साइट को बहाल करना जहां वे स्थित हैं, शामिल है।

**3. उपयोग का अधिकार परिसंपत्ति (आरओयू) के बाद के माप**

आरओयू परिसंपत्तियों को बाद में प्रारंभ तिथि से आरओयू परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन की समाप्ति या लीज़ की अवधि की समाप्ति तक सीधी–रेखा पद्धति का उपयोग करके परिशोधित किया जाता है। यदि लीज़ पर दी गई परिसंपत्ति का स्वामित्व लीज़ अवधि के अंत में कंपनी को अंतरित हो जाता है या लागत खरीद विकल्प के प्रयोग को दर्शाती है, तो मूल्यह्रास की गणना परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन का उपयोग करके की जाती है। इसके अलावा, परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकार समय–समय पर हानियों, यदि कोई हो, द्वारा कम किया जाता है, और लीज़ देयता के कुछ पुनर्माप के लिए समायोजित किया जाता है। खंड 1.12 में गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि में लेखांकन नीतियां देखें।

**4. लीज़ दायित्व की प्रारंभिक मान्यता**

लीज़ देयताओं को शुरू में लीज़ अवधि में भुगतान किए जाने वाले लीज़ भुगतान के वर्तमान मूल्य पर मापा जाता है। लीज़ देयताओं के मापन में शामिल लीज़ भुगतान में निम्नलिखित शामिल हैं:

i. निश्चित भुगतान, जिसमें महत्वपूर्ण निश्चित भुगतान शामिल है

ii. परिवर्तनीय लीज़ भुगतान जो एक सूचकांक या दर पर निर्भर करता है

iii. अवशिष्ट मूल्य गारंटी के तहत देय होने वाली राशियां; तथा

iv. एक खरीद विकल्प, विस्तार विकल्प और शीघ्र समाप्ति के लिए दंड के तहत प्रति शेयर मूल्य केवल तभी होता है जब कंपनी उन विकल्पों का प्रयोग करने के लिए पूरी तरह से निश्चित हो।

5. **बाद में लीज़ दायित्व का मापन**

लीज़ देयताओं को बाद में ब्याज की वृद्धि को दर्शाने के लिए बढ़ाया जाता है और लीज़ भुगतान के लिए कम किया जाता है। इसके अलावा, लीज़ देयताओं की वाहक राशि का पुनः मूल्यांकन किया जाता है क्या लीज़ अवधि में कोई आशोधन, परिवर्तन किया गया है (उदाहरण के लिए, इस तरह के लीज़ भुगतानों को निर्धारित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सूचकांक या दर में परिवर्तन के परिणामस्वरूप भविष्य के भुगतान में परिवर्तन) या अंतर्निहित परिसंपत्ति को खरीदने के विकल्प के मूल्यांकन में परिवर्तन किया गया है।

6. **अल्पकालिक पट्टे और कम मूल्य की परिसंपत्ति के पट्टे**

कंपनी अपने अल्पकालिक लीज़ पर अल्पकालिक पट्टा मान्यता छूट लागू करती है (अर्थात् वे लीज़ जिनकी लीज़ की अवधि शुरू होने की तारीख से 12 महीने या उससे कम है और जिसमें खरीद विकल्प शामिल नहीं है)। यह कम मूल्य की परिसंपत्तियां मान्यता छूट के लीज़ को भी लागू करती हैं। अल्पकालिक लीज़ और कम मूल्य की परिसंपत्तियों के लीज़ पर लीज भुगतान को लाभ एवं हानि विवरण में व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है।

**<u>एक लीज़दार के रूप में</u>**

जिन लीज़ में कंपनी किसी परिसंपत्ति सभी जोखिमों और स्वामित्व प्रदान करने को पर्याप्त रूप से अंतरित नहीं करती है, उन्हें परिचालन लीज़ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। प्रचालन लीज़ से किराया आय को लीज़ अवधि में सीधी रेखा आधार पर मान्यता दी जाती है।

लीज़ को वित्तीय लीज़ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब कंपनी से लीज़दार को स्वामित्व अंतरण के सभी जोखिम और अवार्ड पर्याप्त रूप से होते हैं। वित्त लीज़ के तहत पट्टेदारों से देय राशि को प्राप्य के रूप में दर्ज किया जाता है और वित्त लीज़ आय को लेखा अवधि के लिए आबंटित किया जाता है ताकि लीज़ के संबंध में बकाया शुद्ध निवेश पर वापसी की निरंतर आवधिक दर को दर्शाया जा सके।

**<u>अनुमान और पूर्वानुमान</u>**

**पट्टेदार के रूप में छूट दर का निर्धारण**

कंपनी लीज़ में निहित ब्याज दर को आसानी से निर्धारित नहीं कर सकती है, इसलिए, यह लीज़ देयताओं को मापने के लिए अपनी वृद्धिशील उधार दर (आईबीआर) का उपयोग करती है। कंपनी अपनी वृद्धिशील उधार दर का अनुमान लगाती है, जो कि ब्याज की वह दर है जिसे कंपनी को एक समान अवधि में संपार्श्विक आधार पर उधार लेने के लिए भुगतान करना होगा, जो समान आर्थिक वातावरण में देखने योग्य उपलब्ध इनपुट (जैसे बाजार ब्याज दर) का उपयोग करके लीज़ के भुगतान के बराबर है।

### 1.25 कंपनी नीचे दिए गए चालू/गैर–चालू वर्गीकरण के आधार पर तुलन–पत्र में संपत्ति और देनदारियों को प्रस्तुत करती है।

**किसी परिसंपत्ति को चालू तब माना जाता है जब इसके:**

- सामान्य प्रचालन चक्र में बेचे जाने या उपभोग किए जाने की उम्मीद है या इरादा है।
- मुख्य रूप से व्यापार के उद्देश्य से रखा जाता है।
- रिपोर्टिंग अवधि के बाद बारह महीनों के भीतर साकार होने की उम्मीद हो, या
- नकद या नकद समतुल्य जब तक कि रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीने के लिए देनदारी का निपटान करने के लिए इसका आदान–प्रदान या उपयोग करने पर प्रतिबंध न हो।

अन्य सभी परिसंपत्तियों को गैर–वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**किसी दायित्व को चालू माना जाता है जब:**

- सामान्य प्रचालन चक्र में इसका निपटारा होने की उम्मीद हो।
- यह मुख्य रूप से व्यापार के उद्देश्य से रखा जाता है।
- इसका निपटान रिपोर्टिंग अवधि के बाद बारह महीनों के भीतर किया जाना हो, या
- रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीने के लिए दायित्व के निपटान को स्थगित करने का कोई बिना शर्त अधिकार नहीं है।

अन्य सभी देयताओं को गैर–चालू देनदारियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

### 1.26 हाल की लेखांकन घोषणाएँ – मानक जारी किए गए लेकिन अभी तक प्रभावी नहीं हैं:

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने 31 मार्च 2023 की अधिसूचना सं. जी.एस.आर 242 (ड़) के माध्यम से कंपनी (भारतीय लेखा मानक) संशोधन नियम, 2023 को अधिसूचित किया है, जो 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी है। निम्नलिखित प्रमुख संशोधन हैं:

**इंड एएस 1 – वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति**

संशोधनों के अनुसार कंपनियों को अपनी महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के बजाय अपनी सामग्री लेखांकन नीतियों का खुलासा करने की आवश्यकता है। लेखांकन नीति की जानकारी, अन्य जानकारी के साथ, तब महत्वपूर्ण होती है जब उससे सामान्य प्रयोजन वित्तीय विवरणों के प्राथमिक उपयोगकर्ताओं के निर्णयों को प्रभावित करने की उचित उम्मीद की जा सकती है। कंपनी को उम्मीद नहीं है कि इस संशोधन से उसके वित्तीय विवरणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

**इंड एएस 12 – आय कर**

संशोधन स्पष्ट करता है कि कंपनी को पट्टों और डीकमीशनिंग दायित्वों जैसे लेनदेन पर स्थगित कर का हिसाब कैसे देना चाहिए। संशोधनों ने इंड एएस 12 (मान्यता छूट) के पैरा 15 और 24 में मान्यता छूट के दायरे को सीमित कर दिया ताकि यह अब उन लेनदेन पर लागू न हो, जो प्रारंभिक मान्यता पर, समान कर योग्य और कटौती योग्य अस्थायी अंतर पैदा करती हैं। कंपनी अपने वित्तीय विवरणों में प्रभाव, यदि कोई हो, का मूल्यांकन कर रही है।

**इंड एएस 8 – लेखांकन नीतियां, लेखांकन अनुमानों में परिवर्तन और त्रुटियां**

संशोधन लेखांकन अनुमानों की परिभाषा को बदलकर लेखांकन अनुमानों में परिवर्तन की परिभाषा को स्पष्ट करता है। नई परिभाषा के तहत, लेखांकन अनुमान ''वित्तीय विवरणों में मौद्रिक राशियाँ हैं जो माप अनिश्चितता के अधीन हैं''। यदि लेखांकन नीतियों के लिए वित्तीय विवरणों में वस्तुओं को इस तरह से मापने की आवश्यकता होती है जिसमें माप अनिश्चितता शामिल हो, तो संस्थाएं लेखांकन अनुमान विकसित करती हैं। कंपनी यह उम्मीद नहीं करती है कि इस संशोधन का उसके वित्तीय विवरणों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

# टिप्पणी–1 ख: महत्वपूर्ण लेखांकन निर्णय, अनुमान और पूर्वानुमान

कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन को निर्णय, अनुमान और पूर्वानुमान लगाने की आवश्यकता होती है जो पृथक वित्तीय विवरणों की तिथि पर राजस्व, व्यय, परिसंपत्ति और देयताओं की रिपोर्ट की गई मात्रा को प्रभावित करते हैं। अनुमान और पूर्वानुमानों का निरंतर मूल्यांकन किया जाता है तथा ये प्रबंधन के अनुभव और अन्य कारकों पर आधारित होते हैं, जिनमें भावी घटनाओं की अपेक्षाएं शामिल होती हैं जिन्हें परिस्थितियों में उचित माना जाता है। इन अनुमानों और पूर्वानुमानों के बारे में अनिश्चितता के परिणामस्वरूप ऐसे परिणाम हो सकते हैं जिनके लिए भावी अवधि में प्रभावित परिसंपत्तियों या देयताओं की अग्रेनीत राशि के समायोजन की आवश्यकता होती है।

विशेष रूप से, कंपनी ने उन क्षेत्रों की पहचान की है जहां महत्वपूर्ण निर्णयों, अनुमानों और मान्यताओं की आवश्यकता होती है। इन क्षेत्रों में से प्रत्येक के बारे में अधिक जानकारी और वे विभिन्न लेखा नीतियों को कैसे प्रभावित करते हैं, नीचे दी गई हैं तथा ये वित्तीय विवरणों से संबंधित टिप्पणियों में भी शामिल हैं। अनुमानों में परिवर्तन की भी संभावित रूप से गणना की जाती है।

## 1. अधिनिर्णय

कंपनी की लेखा नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया में, प्रबंधन ने निर्णय लिए हैं, जिनका समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल राशियों पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है:

यह रिजर्व भारतीय रुपए के अलावा अन्य कार्यात्मक मुद्रा रखने वाली समूह संस्थाओं पर लागू समेकन प्रक्रिया के कारण उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतर के संचयी प्रभाव का प्रतिनिधित्व करता है, और इंड एएस 21 "विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तन के प्रभाव" के अनुसार विदेशी परिचालन के निपटान तक रखता है। .

**छ. पूंजी भंडार**

पूंजी रिजर्व व्यावसायिक संयोजनों के माध्यम से बनाया गया था और कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार इसका उपयोग किया जाएगा।

## टिप्पणः 15 – उधार – गैर–चालू

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| **सुरक्षित ऋण** | | | | |
| **सावधि ऋणः** | | | | |
| **तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) से** | | 768.75 | | 893.75 |
| (वित्त वर्ष 2019–20 और वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान लिया गया ऋण संवितरण की तारीख से दो साल की मोहलत की समाप्ति के बाद 8 समान वार्षिक किश्तों में चुकाया जा सकता है। ऋण में एक निश्चित ब्याज दर होती है) | | | | |
| (इस उधार की आय से खरीदी गई जगदीशपुर हल्दिया बोकारो धामरा पाइपलाइन (कंप्रेसर स्टेशनों को छोड़कर) की धारा 2ख की सभी चल अचल संपत्तियों (वर्तमान और भविष्य दोनों) पर ओआईडीबी के पक्ष में पहला दृष्टिबंधक शुल्क) | | | | |
| **बैंकों से** | | | | |
| **एचडीएफसी बैंक** | | 1,500.00 | | 1,666.67 |
| (अधिस्थगन की समाप्ति के बाद 48 समान तिमाही किस्तों में चुकाया जाएगा और किस्त का पुनर्भुगतान 30 जून 2021 से शुरू होगा। ऋण पर फ्लोटिंग ब्याज दर लागू होती है।) | | | | |
| (केवल दहेज – विजयपुर पाइपलाइन चरण II (डीवीपीएल–II) (झाबुआ और विजयपुर में कंप्रेसर स्टेशनों को छोड़कर) के संबंध में, चल संपत्तियों और चल अचल संपत्तियों पर पहले समान दृष्टि दृष्टिबंधक शुल्क के माध्यम से सुरक्षित) | | | | |
| **एचडीएफसी बैंक** | | 1,500.00 | | 2,250.00 |
| (अधिस्थगन की समाप्ति के बाद 16 समान तिमाही किस्तों में चुकौती और किस्त का पुनर्भुगतान 30 जून 2022 से शुरू होगा। ऋण पर फ्लोटिंग ब्याज दर लागू होती है। | | | | |
| पाता पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में उधारकर्ता के प्लांट और मशीनरी, जिसमें पाता में एलपीजी संयंत्र और दिबियापुर कंप्रेसर स्टेशन, जिलाः औरैया, उत्तर प्रदेश शामिल है, के सभी अधिकारों, स्वामित्व, सुख–सुविधाओं, ब्याज और लाभ पर पहला समरूप दृष्टिबंधक शुल्क। | | | | |
| **बैंक ऑफ इंडिया से** | | 2,493.33 | | - |
| (अधिस्थगन की समाप्ति के बाद 16 समान तिमाही किस्तों में भुगतान किया जाएगा और किस्त की चुकौती 30 जून 2023 से शुरू होगी। ऋण पर फ्लोटिंग ब्याज दर लागू होती है। | | | | |
| पाता पेट्रोकेमिकल परिसन में उधारकर्ता के प्लांट और मशीनरी, जिसमें पाटा में एलपीजी प्लांट और दिबियापुर कंप्रेसर स्टेशन, जिलाः औरैया, उत्तर प्रदेश शामिल है, के सभी अधिकारों, स्वामित्व, सुख–सुविधाओं, ब्याज और लाभ पर पहला समरूप हाइपोथीकेशन शुल्क। | | | | |
| **समूह कंपनियों द्वारा अन्य उधार** | | 1,042.61 | | 637.97 |
| **असुरक्षित ऋण** | | | | |
| **असुरक्षित बांड** | | | | |
| – बॉन्ड सीरीज 2027 | | 1,575.00 | | - |
| गेल इंडिया लिमिटेड बांड – 2027 (श्रृंखला–I)। असुरक्षित, सूचीबद्ध, रेटेड, कर योग्य, गैर–संचयी, प्रतिदेय, गैर–परिवर्तनीय डिबेंचर। | | | | |
| **बैंकों / वित्तीय संस्थानों से सावधि ऋण** | | | | |
| केएफडब्ल्यू जर्मनी (सीमेंस सुविधा) | | - | | 19.67 |
| (मार्च 2014 से शुरू होकर 20 अर्धवार्षिक समान किस्तों में चुकाया जाएगा। ऋण पर ब्याज की एक निश्चित दर लागू होती है) | | | | |
| **कुल** | | **8,879.69** | | **5,468.06** |

## टिप्पणः 15क उधार – चालू

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| **असुरक्षित ऋण** | | | | |
| **मांग पर ऋण की चुकौती** | | | | |
| **बैंकों से** | | | | |
| कार्यशील पूंजी मांग ऋण | | 4,502.00 | | 400.00 |
| **सावधि ऋण** | | | | |
| समूह कंपनियों द्वारा अन्य अल्पावधि उधार | | 878.06 | | 819.64 |
| **दीर्घावधि के ऋणों की चालू परिपक्वताः** | | | | |
| **सुरक्षित सावधि ऋणः** | | | | |
| – एचडीएफसी बैंक | | 916.67 | | 916.67 |
| – तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) | | 125.00 | | 106.25 |
| – बैंक ऑफ इंडिया | | 906.67 | | - |
| **असुरक्षित सावधि ऋणः** | | | | |
| – सोसाइटी जेनरल | - | | 28.34 | |
| – जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) | - | | 32.51 | |
| – केएफडब्ल्यू जर्मनी (सीमेंस सुविधा) | 21.32 | 21.32 | 38.90 | 99.75 |
| समूह कंपनियों द्वारा रक्षित अल्पावधि ऋण | | - | | - |
| **समूह कंपनियों के उधार की वर्तमान परिपक्वता** | | 45.49 | | 19.95 |
| **कुल** | | **7,395.21** | | **2,362.26** |

## टिप्पणः 16 – अन्य वित्तीय देयताएं – गैर–चालू

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| व्युत्पन्न संविदाओं के लिए देय (हेज/गैर–हेज) | | 46.02 | | 4.70 |
| ग्राहकों/ठेकेदारों/अन्य से जमा/प्रतिधारण राशि | | 37.75 | | 37.79 |
| गैस पूल मनी अनंतिम (टिप्पण सं. 36(ii)) देखें | | 581.87 | | 581.87 |
| अन्य देयताएं | | 67.16 | | 67.19 |
| **कुल** | | **732.80** | | **691.55** |

## टिप्पणः 16क – अन्य वित्तीय देयताएं – चालू

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| व्युत्पन्न संविदाओं के लिए देय (हेज/गैर–हेज) | | 273.98 | | 512.18 |
| ग्राहकों/ठेकेदारों/अन्य से जमा/प्रतिधारण राशि | | 1,736.86 | | 1,481.05 |
| वित्तीय गारंटी बाध्यताएं | | 0.58 | | 0.60 |
| **अन्य देयताएं** | | | | |
| ब्याज अर्जित लेकिन देय नहीं | 63.80 | | 16.55 | |
| अदेय/गैर–दावा लाभांश | 8.56 | | 8.12 | |
| गैस पूल मनी | 183.97 | | 262.04 | |
| असंतुलन और बढ़ा हुआ शुल्क | 13.14 | | 3.94 | |
| देय पूंजीगत व्यय | 1,125.26 | | 1,466.84 | |
| पाइपलाइन शुल्क में समायोजन | 32.30 | | 32.30 | |
| देय ईएंडपी व्यय | 91.26 | | 49.80 | |
| देय कर्मचारी लाभ | 181.25 | | 294.63 | |
| अन्य देयताएं | 328.71 | 2,028.25 | 214.30 | 2,348.52 |
| **कुल** | | **4,039.67** | | **4,342.35** |

## टिप्पणः 17 – प्रावधान – गैर–चालू

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| कर्मचारी लाभ का प्रावधान | | 799.68 | | 668.02 |
| परित्याग लागत का प्रावधान | | 9.45 | | 8.06 |
| **कुल** | | **809.13** | | **676.08** |

## टिप्पणः 17क – प्रावधान– चालू

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| कर्मचारी लाभ का प्रावधान | | 74.75 | | 65.35 |
| परित्याग लागत का प्रावधान | | 853.81 | | 807.85 |
| **कुल** | | **928.56** | | **873.20** |

इंड एएस 37 में अपेक्षित प्रावधान में बदलाव का प्रकटन टिप्पण सं. 48 में दिया गया है।

## टिप्पणः 18 – व्यापार देय राशि

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| सूक्ष्म और लघु उद्यमों को व्यापार देय | | 344.29 | | 303.91 |
| संबंधित पक्षों को व्यापार देय | | 1,539.51 | | 1,299.87 |
| अन्य को व्यापार देय | | 5,259.75 | | 3,757.48 |
| **कुल** | | **7,143.55** | | **5,361.26** |

*सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के संबंध में प्रकटन टिप्पण सं. 52 में दिया गया है।

## टिप्पणः 19 – अन्य गैर–वित्तीय देयताएं – गैर चालू

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| सरकारी अनुदान (जेएचबीडी पाइपलाइन परियोजना पर पूंजीगत सब्सिडी शामिल है नोट संख्या 53 देखें)) | | 4,542.19 | | 4,676.63 |
| **कुल** | | **4,542.19** | | **4,676.63** |

## टिप्पणः 19क – अन्य गैर–वित्तीय देयताएं – चालू

(₹ करोड़ में)

| विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|
| सांविधिक देय | | 956.89 | | 1,005.46 |
| अन्य देयताएं | | 88.77 | | 87.63 |
| सरकारी अनुदान (जेएचबीडी पाइपलाइन परियोजना पर पूंजीगत सब्सिडी शामिल है (टिप्पण सं. 53 देखें)) | | 123.53 | | 89.95 |
| **कुल** | | **1,169.19** | | **1,183.04** |

# टिप्पणः 20 – आस्थगित कराधान

**आय कर**

**समाप्त वर्ष के लिए आयकर व्यय के प्रमुख घटक हैं: –**

**क. लाभ और हानि का विवरणः**

(₹ करोड़ में)

| (I) | विवरण | | 31 मार्च 2023 तक | | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|---|---|
| | **लाभ या हानि खंड** | | | | |
| | वर्तमान आयकरः | | 1,355.89 | | 3,333.25 |
| | वर्तमान आयकर शुल्क | | (52.01) | | (77.24) |
| | **पिछले वर्ष के वर्तमान आयकर के संबंध में समायोजन** | | | | |
| | आस्थगित कर | | 356.61 | | (96.12) |
| | **अस्थायी मतभेदों की उत्पत्ति और उत्क्रमण से संबंधित** | | **1,660.49** | | **3,159.89** |
| (II) | लाभ या हानि विवरण में सूचित आयकर व्यय | | | | |
| | **वर्ष के दौरान ओसीआई में मान्यता प्राप्त वस्तुओं से संबंधित आस्थगित करः** | | | | |
| | **ओसीआई के लिए जिसका लाभ या हानि के लिए पुनः वर्गीकरण किया जाएगा** | | | | |
| | ओसीआई के लिए नकदी प्रवाह बचाव (लाभ)/हानि पर निवल संचलन | | 173.45 | | (224.20) |
| | **ओसीआई के लिए जिसका लाभ या हानि के लिए पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाएगा** | | | | |
| | परिभाषित लाभ योजनाओं के पुनः माप पर निवल (लाभ)/हानि | | (11.79) | | 8.96 |
| | एफवीटीओसीआई इक्विटी प्रतिभूतियों पर निवल (लाभ)/हानि' | | 1.25 | | (1.32) |
| | **ओसीआई पर लगाया जाने वाला आयकर** | | **162.91** | | **(216.56)** |

**टिप्पणः**–वित्त अधिनियम 2018 ने आयकर अधिनियम 1961 की धारा 112क/10(38) में संशोधन किया है ताकि प्रतिभूतियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ से आय पर कर लगाया जा सके। मूल कंपनी ने एफवीटीओसीआई – इक्विटी प्रतिभूतियों के पुनर्मूल्यांकन के कारण होने वाली अवास्तविक हानि पर ₹ 161.02 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 125.55 करोड़) आस्थगित कर परिसंपत्ति (शुद्ध) को स्वीकार नहीं किया है क्योंकि इस शीर्ष के तहत भावी कर योग्य आय की कोई उचित निश्चितता नहीं है।

## ख. तुलन–पत्र

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च, 2023 के अनुसार | | 31 मार्च, 2022 के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| | **आस्थगित कर देयताएं** | | | | |
| | कर योग्य अस्थायी अंतर के कारण शुद्ध आस्थगित कर देयता | | 4,395.09 | | 4,199.17 |
| | **कुल** | | **4,395.09** | | **4,199.17** |

# टिप्पणः 21 – संचालन से राजस्व

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च, 2023 के अनुसार | | 31 मार्च, 2022 के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| | **क) उत्पादों की बिक्री** | | | | |
| | गैस | | 1,22,110.27 | | 69,908.82 |
| | पॉलिमर | | 4,846.22 | | 8,476.24 |
| | एलपीजी | | 4,297.62 | | 3,927.56 |
| | प्रोपेन/पेंटेन/एसबीपीएस/नेफ्था | | 646.58 | | 722.61 |
| | कच्चा तेल | | 109.96 | | 107.32 |
| | नगर गैस | | 11,084.81 | | 7,054.35 |
| | विद्युत | | 44.11 | | 42.59 |
| | **ख) सेवा की बिक्री** | | | | - |
| | एलपीजी ट्रांसमिशन/आरएलएनजी शिपर्स शुल्क | | 2,375.96 | | 2,385.04 |
| | **ग) दूरसंचार सेवाओं से आय** | | 15.77 | | 11.51 |
| | **कुल** | | **1,45,531.30** | | **92,636.04** |
| | जोड़ें: अन्य परिचालन आय | | 343.73 | | 237.78 |
| | **कुल** | | **1,45,875.03** | | **92,873.82** |

## टिप्पणः 22 – अन्य आय

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष | | 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | **ब्याज पर :** | | | | |
| | – बैंकों में जमा | 57.63 | | 70.07 | |
| | – आयकर/वैट रिफंड | 5.69 | | 20.35 | |
| | – ग्राहकों से विलंबित भुगतान | 219.67 | | 126.94 | |
| | – संयुक्त उपक्रमों और सहयोगी कंपनियों आदि को ऋण | - | | 2.68 | |
| | – कर्मचारियों को ऋण | 28.46 | | 27.05 | |
| | – अन्य | 16.68 | | 12.55 | |
| | **घटाएं:** निर्माण अवधि के दौरान व्यय में स्थानांतरित (टिप्पण संख्या– 28 देखें) | 3.59 | 324.54 | 1.24 | 258.40 |
| | निवेश से लाभांश | | 433.38 | | 285.18 |
| | निवेश की बिक्री पर लाभ (म्यूचुअल फंड) | | 6.81 | | 18.90 |
| | सरकारी अनुदान का परिशोधन | | 103.47 | | 71.46 |
| | विदेशी मुद्रा लेनदेन पर शुद्ध लाभ और अनुवाद | | 295.70 | | 405.45 |
| | वापस लिखा गया अतिरिक्त प्रावधान | | 115.44 | | 82.88 |
| | वित्तीय गारंटी का परिशोधन दायित्व | | 0.03 | | 0.14 |
| | विविध आय | 52.68 | | 50.91 | |
| | **घटाएं:** निर्माण अवधि के दौरान व्यय में स्थानांतरित (टिप्पण संख्या– 28 देखें) | 3.58 | 49.10 | 1.07 | 49.84 |
| | **कुल** | | **1,328.47** | | **1,172.25** |

## टिप्पणः 23–व्यापार में तैयार माल के स्टॉक, कार्यशील पूंजी की सूची में (वृद्धि)/कमी

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष | | 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | **वर्ष के अंत में मांग सूची** | | | | |
| | चल रहा कार्य | | 17.45 | | 6.98 |
| | तैयार माल | | 891.47 | | 309.69 |
| | बिक्री के लिए माल | | 3,333.75 | | 1,868.29 |
| | **कुल** | | **4,242.67** | | **2,184.96** |
| | **वर्ष की शुरुआत में मांग सूची:–** | | | | |
| | चल रहा कार्य | | 6.98 | | 13.51 |
| | तैयार माल | | 309.69 | | 319.62 |
| | बिक्री के लिए माल | | 1,872.19 | | 1,366.37 |
| | **कुल** | | **2,188.86** | | **1,699.50** |
| | घटाः टैंक में अधिशेष एलएनजी को उबालना | | (60.88) | | (222.68) |
| | **बिक्री के लिए माल, तैयार माल और डब्ल्यूआईपी की मांग सूची में परिवर्तन** | | **(1,992.93)** | | **(262.78)** |

## टिप्पणः 24 – कर्मचारियों के लाभ व्यय

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष | | 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | वेतन, मजदूरी और भत्ते | 1,645.06 | | 1,609.76 | |
| | भविष्य और अन्य निधियों में योगदान | 306.57 | | 269.20 | |
| | कर्मचारी कल्याण व्यय | 233.58 | 2,185.21 | 217.65 | 2,096.61 |
| | **घटाः** | | | | |
| | –कर्मचारी लाभ व्यय पूंजीगत कार्यशील पूंजी में अंतरित (संदर्भ टिप्पण सं. 28) | 192.79 | | 199.51 | |
| | –प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों के लिए प्रतिपूर्ति | 90.03 | 282.82 | 81.55 | 281.06 |
| | **कुल** | | **1,902.39** | | **1,815.55** |

## टिप्पणः 25 – वित्त लागत

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष | | 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | ब्याज पर | | | | |
| | – सावधि ऋण | 544.91 | | 300.21 | |
| | – बांड | 32.31 | | 37.29 | |
| | – पट्टा देयता | 82.61 | | 34.52 | |
| | – अन्य | 149.55 | | 22.59 | |
| | पूंजीगत कार्य–प्रगति में अंतरित ब्याज और वित्त प्रभार (संदर्भ टिप्पण सं. 28) | (442.17) | 367.21 | (195.36) | 199.25 |
| | (लाभ)/डेरिवेटिव के उचित मूल्य में परिवर्तन पर हानि | | (4.38) | | (10.79) |
| | उधार पर विदेशी मुद्रा लेनदेन पर शुद्ध (लाभ)/हानि | | 3.75 | | 14.02 |
| | **कुल** | | **366.58** | | **202.48** |

## टिप्पणः 26 – मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष | | 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | | 2,827.22 | | 2,432.89 |
| | हानि क्षति (टिप्पण सं. 2–3 देखें) | | (94.42) | | (1.70) |
| | **घटाः** मूल्यह्रास और परिशोधन चल रहा पूंजीगत कार्य में स्थानांतरित (टिप्पण सं. 28 देखें) | | 31.23 | | 11.02 |
| | **कुल** | | **2,701.57** | | **2,420.17** |

## टिप्पणः 27 – अन्य व्यय

(₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष | | 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | गैस पूल व्यय | | 0.29 | | 1.03 |
| | भंडार और अतिरिक्त पुर्जों की खपत | | 479.47 | | 528.01 |
| | बिजली, ईंधन और जल प्रभार | | | | |
| | विद्युत प्रभार | 460.17 | | 514.64 | |
| | ईंधन के रूप में प्रयुक्त गैस | 3,634.11 | | 1,772.61 | |
| | जल प्रभार | 23.69 | 4,117.97 | 20.70 | 2,307.95 |
| | किराया | | 38.18 | | 45.81 |
| | मरम्मत और रखरखाव | | | | |
| | संयंत्र और मशीनरी | 561.44 | | 452.76 | |
| | भवन | 66.89 | | 47.84 | |
| | अन्य | 105.19 | 733.52 | 86.82 | 587.42 |
| | बीमा | | 141.96 | | 149.05 |
| | दरें और कर | | 37.59 | | 37.12 |
| | विविध व्ययः | | | | |
| | – यात्रा व्यय | | 103.54 | | 48.09 |
| | – विज्ञापन और प्रचार | | 38.99 | | 32.22 |
| | – वाहन किराया और संचालन व्यय | | 89.12 | | 68.87 |
| | – सर्वेक्षण व्यय | | 7.51 | | 9.74 |
| | – बट्टे खाते में डाला गया शुष्क कुओं का व्यय | | - | | 0.87 |
| | – तेल एवं गैस उत्पादन व्यय | | 66.79 | | 58.05 |
| | – कच्चे तेल पर रॉयल्टी (लाभ पेट्रोलियम में सरकार की हिस्सेदारी सहित) | | 456.92 | | 332.37 |
| | – परामर्श शुल्क | | 59.74 | | 47.91 |
| | – दान | | 0.09 | | 1.00 |

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष | | 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | – अनुसंधान एवं विकास व्यय | | 12.39 | | 11.73 |
| | – हानि क्षति सीडब्ल्यूआईपी/निवेश के लिए प्रावधान | | 49.97 | | 0.46 |
| | – परिसंपत्तियों की बिक्री पर हानि (शुद्ध)/बट्टे खाते में डालना | | 21.33 | | 12.08 |
| | – बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋण/दावे/अग्रिम/भंडार | | 1.12 | | 0.23 |
| | – संदिग्ध ऋणों, अग्रिमों, दावों और जमा राशियों के लिए प्रावधान | | 136.75 | | 91.27 |
| | – संभावित बाध्यताएं/आकस्मिक खर्च के लिए प्रावधान | | 50.85 | | 61.79 |
| | – बिक्री और वितरण व्यय | | 59.38 | | 90.16 |
| | – बिक्री पर कमीशन | | 41.74 | | 48.05 |
| | – सुरक्षा व्यय | | 252.59 | | 224.88 |
| | – निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय | | 105.34 | | 206.85 |
| | – कमोडिटी डेरिवेटिव (नेट) पर एमटीएम हानि | | (114.93) | | 241.36 |
| | – अन्य व्यय | | 490.14 | | 473.08 |
| | **लेखा परीक्षकों को भुगतान** | | | | |
| | लेखापरीक्षा शुल्क | 1.28 | | 1.18 | |
| | कर लेखापरीक्षा शुल्क | 0.14 | | 0.12 | |
| | अन्य सेवाएं (प्रमाण–पत्र आदि जारी करने के लिए) | 0.50 | | 0.46 | |
| | यात्रा और जेब से किया गया खर्च | 0.48 | 2.40 | 0.37 | 2.13 |
| | **घटाः** निर्माण के दौरान आकस्मिक व्यय चल रहे पूंजीगत कार्य में स्थानांतरित (संदर्भ टिप्पण सं. 28) | | 34.17 | | 24.08 |
| | **कुल** | | **7,446.58** | | **5,695.50** |

## टिप्पणः 28 – निर्माण अवधि के दौरान व्यय

**(₹ करोड़ में)**

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष | | 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | कर्मचारियों का पारिश्रमिक और लाभ | | | | |
| | वेतन, मजदूरी और भत्ते | 176.60 | | 180.88 | |
| | भविष्य निधि और अन्य निधियों में योगदान | 8.93 | | 9.17 | |
| | कल्याण व्यय | 7.26 | 192.79 | 9.46 | 199.51 |
| | ब्याज और वित्त प्रभार | | 442.17 | | 195.36 |
| | मूल्यह्रास | | 31.23 | | 11.02 |
| | विद्युत, ईंधन और जल प्रभार | | | | |
| | विद्युत प्रभार | 3.41 | | 1.28 | |
| | बीमा | | 0.01 | | 0.02 |
| | किराया | | 1.81 | | 0.50 |
| | मरम्मत और रखरखाव | | | | |
| | संयंत्र और मशीनरी | 3.83 | | 2.63 | |
| | अन्य | 0.32 | 4.26 | 1.19 | 3.83 |
| | दरें और कर | | 0.08 | | 0.05 |
| | **विविध व्ययः** | | | | |
| | – यात्रा व्यय | 9.27 | | 7.21 | |
| | – विज्ञापन और प्रचार | 0.37 | | 0.10 | |
| | – वाहन किराया और संचालन व्यय | 2.08 | | 0.34 | |
| | – परामर्श प्रभार | 0.71 | | 1.64 | |
| | – अन्य व्यय | 12.17 | 24.60 | 9.11 | 18.40 |
| | **घटाः** – ब्याज आय | 3.59 | | 1.24 | |
| | – विविध आय | 3.58 | 7.17 | 1.07 | 2.31 |
| | **निवल व्यय** | | **693.19** | | **427.66** |

| क्र. सं. | विवरण | | 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष | | 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | **घटाः पूंजीगत चल रहे पूंजीगत कार्य के लिए आबंटित** | | | | |
| | क) कर्मचारी लाभ व्यय | | 192.79 | | 199.51 |
| | ख) ब्याज और वित्त प्रभार | | 442.17 | | 195.36 |
| | ग) मूल्यह्रास | | 31.23 | | 11.02 |
| | घ) अन्य व्यय | | 34.17 | | 24.08 |
| | **घटाः** | | | | |
| | ड.) अन्य आय | | 7.17 | | 2.31 |
| | **उप योग** | | **693.19** | | **427.66** |
| | **कुल** | | **-** | | **-** |

# 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए समेकित वित्तीय विवरण दर्शाने वाली टिप्पणियां

**29.** समेकित वित्तीय विवरण में कंपनी, इसकी सहायक कंपनियों, संयुक्त उपक्रम कंपनियों तथा सम्बद्ध कंपनियों के लेखाओं का निम्नानुसार समेकन दर्शाया गया है, जिसमें भारतीय लेखांकन मानक 112 के अधीन अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाओं सहित आंशिक रूप में स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों की वित्तीय जानकारी का सारांश शामिल होता है।

## क) समूह सूचना

| क्र.सं. | कंपनियों का नाम | निगमन का देश | मुख्य कार्यकलाप | संबंध | 31 मार्च, 2023 को स्वामित्व का समानुपात | 31 मार्च, 2022 को स्वामित्व का समानुपात |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गेल गैस लिमिटेड (देखें* 1) | भारत | नगर गैस | सहायक कंपनी | 100.00% | 100.00% |
| 2 | गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक. (देखे*2) | यूएसए | ईएंडपी | सहायक कंपनी | 100.00% | 100.00% |
| 3 | गेल ग्लोबल (सिंगापुर) प्रा. लिमिटेड | सिंगापुर | एलएनजी ट्रेडिंग | सहायक कंपनी | 100.00% | 100.00% |
| 4 | त्रिपुरा नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड | भारत | नगर गैस | सहायक कंपनी | 48.98% | 48.98% |
| 5 | बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड | भारत | नगर गैस | सहायक कंपनी | 88.13% | 77.20% |
| 6 | कोंकण एलएनजी लिमिटेड | भारत | एलएनजी टर्मिनल | सहायक कंपनी | 93.50% | 90.83% |
| 7 | अवंतिका गैस लिमिटेड | भारत | नगर गैस | संयुक्त उपक्रम | 49.99% | 49.99% |
| 8 | भाग्यनगर गैस लिमिटेड | भारत | नगर गैस | संयुक्त उपक्रम | 48.73% | 48.73% |
| 9 | महाराष्ट्र नेचुरल गैस लिमिटेड | भारत | नगर गैस | संयुक्त उपक्रम | 22.50% | 22.50% |
| 10 | सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड | भारत | नगर गैस | संयुक्त उपक्रम | 25.00% | 25.00% |
| 11 | ग्रीन गैस लिमिटेड | भारत | नगर गैस | संयुक्त उपक्रम | 49.98% | 49.98% |
| 12 | इन्द्रप्रस्थ गैस ग्रिड लिमिटेड | भारत | गैस पारेषण | संयुक्त उपक्रम | 20.00% | 20.00% |
| 13 | तालचर फट्रिलाइजर्स लिमिटेड | इस्ले आफ मैन | उर्वरक | संयुक्त उपक्रम | 33.33% | 33.33% |
| 14 | वडोदरा गैस लिमिटेड (देखें* 3) | भारत | नगर गैस | संयुक्त उपक्रम | 50.00% | 50.00% |
| 15 | तापी पाइपलाइंस कंपनी लिमिटेड | भारत | गैस पाइपलाइन | संयुक्त उपक्रम | 5.00% | 5.00% |
| 16 | महानगर गैस लिमिटेड | भारत | नगर गैस | संबद्ध कंपनी | 32.50% | 32.50% |
| 17 | इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड | भारत | नगर गैस | संबद्ध कंपनी | 22.50% | 22.50% |
| 18 | पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड | भारत | एलएनजी टर्मिनल | संबद्ध कंपनी | 12.50% | 12.50% |
| 19 | ब्रह्मपुत्र क्रैकर्स एंड पॉलीमर लिमिटेड | भारत | पेट्रोरसायन | संबद्ध कंपनी | 70.00% | 70.00% |
| 20 | ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड (देखें* 4) | भारत | पेट्रोरसायन | संबद्ध कंपनी | 49.21% | 49.21% |
| 21 | रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड | भारत | उर्वरक | संबद्ध कंपनी | 14.72% | 14.72% |
| 22 | फेयम गैस कंपनी | मिश्र | नगर गैस | संबद्ध कंपनी | 19.00% | 19.00% |
| 23 | चाइना गैस होल्डिंग लिमिटेड | बरमूडा | नगर गैस | संबद्ध कंपनी | 2.76% | 2.71% |
| 24 | ओएनजीसी त्रिपुरा पॉवर कंपनी लिमिटेड (देखें* 5) | भारत | विद्युत | संबद्ध कंपनी | 26.00% | 26.00% |
| 25 | एलएलसी भारत एनर्जी ऑफिस | रूस | एलएनजी ट्रेडिंग | संबद्ध कंपनी | 20.00% | 20.00% |
| 26 | एलएनजी जापोनिका शिपिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड | साइप्रस | एलएनजी पोत को किराए पर लेना | संबद्ध कंपनी | 26.00% | Nil |

*1: गेल गैस लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरण में शहरी गैस वितरण के व्यापार में संलग्न संयुक्त उद्यम कंपनियों जैस आंध्र प्रदेश गैस डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन लिमिटेड, वडोदरा गैस लिमिटेड, राजस्थान राज्य गैस लिमिटेड, कंरल गेल गैस लिमिटेड, हरिद्वार नेचुरल गैस प्राइवेट लिमिटेड, गोवा नेचुरल गैस प्राइवेट लिमिटेड तथा पूर्बा भारती गैस प्राइवेट लिमिटेड में क्रमशः 50%, 17.07%ए 50%, 50%, 50%, 50% और 26% हित शामिल हैं।

*2: गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक. के समेकित वित्तीय विवरण में इसकी 100% सहायक कंपनी, गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी, जिसका प्राथमिक व्यवसाय एलएनजी नवाचार है, शामिल है।

*3: गेल द्वारा वीजीएल की 32.93% इक्विटी धारिता है और 17.07% गेल गैस लिमिटेड के माध्यम से धारित की जाती है।

*4: पूरी तरह से कम किए गए शेयर मूल्य के आधार पर 7.56% धारिता।

*5: ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरण में संयुक्त उद्यम कंपनी अर्थात नॉर्थ ईस्ट ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में इसकी 26% हिस्सेदारी शामिल है।

**ख)** सभी समूह कंपनियों, इसकी संयुक्त उद्यम कंपनियों और संबद्ध कंपनियों के लेखा मूल कंपनी की समीक्षाधीन तारीख (अर्थात 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष) तक ही लिए जाते हैं, फेयम गैस कंपनी (जिसके लिए लेखा संबंधित देशों में स्थानीय रिपोर्टिंग आवश्यकताओं के कारण 31 दिसम्बर, 2022 तक लिए जाते हैं) और चाइना गैस होल्डिंग लिमिटेड, जिसकी रिपोर्टिंग अवधि 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुई है परंतु स्थानीय विधिक आवश्यकताओं के कारण समेकन के समय तक वित्तीय स्थिति उपलब्ध नहीं करा सकी, अतः प्रबंधन ने 31 दिसम्बर, 2022 तक वित्तीय सूचना प्रदान की और इसका इस्तेमाल समेकन में किया गया है। इस तारीख के बाद कोई समायोजन (लाभांश और आंतरिक समूह लेनदेन को छोड़कर) नहीं किया गया है क्योंकि संबंधित कंपनी के प्रबंधन द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार कोई महत्वपूर्ण सामग्री लेनदेन नहीं किया गया है।

**ग)** 11 मई, 2023 तक उपलब्ध खातों के लिए गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और संगत टिप्पणियों का संयुक्त उद्यम की कंपनियों/सहायक कंपनियों नामतः भाग्यनगर गैस लिमिटेड, सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड, ग्रीन गैस लिमिटेड, तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, वडोदरा गैस लिमिटेड, तापी पाइपलाइन

कंपनी लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, ब्रह्मपुत्र क्रैकर्स एंड पॉलिमर लिमिटेड, ओएनजीसी पेट्रो एडिशन्स लिमिटेड, रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड, चाइना गैस होल्डिंग लिमिटेड, एलएलसी भारत एनर्जी ऑफिस और एलएनजी जापोनिका शिपिंग कॉर्पोरेशन लिमिटैड के संबंध में समेकित वित्तीय विवरण तैयार करते समय ध्यान रखा गया है।

**घ)** मुख्यतः गैर–नियंत्रण हित वाली आंशिक तौर पर स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के बारे में सूचना **'अनुलग्नक–क'** में दी गई है।

**ड़)** संयुक्त उद्यमों और संबद्ध कंपनियों की संक्षिप्त वित्तीय सूचना **'अनुलग्नक–ख'** में दी गई है।

**च)** समूह ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड के संबंध में ₹ 2,578.88 करोड़ की शेयर हानि को मान्यता प्रदान नहीं की है। इसे समेकित वित्तीय विवरण में मान्यता प्रदान नहीं की गई है क्योंकि समूह की हानि संयुक्त उद्यमों में समूह के ब्याज से अधिक है।

**छ)** समेकन में किए गए महत्वपूर्ण निर्णय और धारणाएं:–

क) समूह के त्रिपुरा नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड (टीएनजीसीएल)में 48.98% इक्विटी शेयर हैं परंतु भारतीय लेखांकन मानक 110 'समेकित वित्तीय विवरण' के तहत किए गए नियंत्रण मूल्यांकन के आधार पर टीएनजीसीएल को कंपनी की सहायक कंपनी माना जाता है क्योंकि टीएनजीसीएल की संगत गतिविधियों को निर्देशित करने के लिए कंपनी के पास पर्याप्त एवं प्रभावशाली मतदान हित है।

ख) ब्रहमपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) समूह में कंपनी का 70% इक्विटी शेयर है, परंतु भारतीय लेखांकन मानक 110 'समेकित वित्तीय विवरण' के तहत किए गए नियंत्रण मूल्यांकन के आधार पर बीसीपीएल को कंपनी की एक सहयोगी कंपनी माना गया है क्योंकि कंपनी के पास बीसीपीएल की संगत गतिविधियों के प्रबंधन पर पूर्ण अधिकार नहीं है, परंतु कंपनी इसके प्रबंधन में भाग लेने के साथ ही संगत गतिविधियों के निर्णय लेने में महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है।

ग) समूह के बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड (बीजीसीएल) में 88.13% इक्विटी शेयर हैं परंतु भारतीय लेखांकन मानक 110 'समेकित वित्तीय विवरण' के तहत किए गए नियंत्रण मूल्यांकन के आधार पर बीजीसीएल को एक सहायक कंपनी माना गया है क्योंकि बीजीसीएलकी संगत गतिविधियों को निर्देशित करने के लिए कंपनी के पास पर्याप्त एवं प्रभावशाली मतदान हित है।

घ) समूह के चाइना गैस होल्डिंग लिमिटेड में 2.76% इक्विटी शेयर हैं, परंतु भारतीय लेखांकन मानक 28 'संबद्ध कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश' के अनुसार किए गए सहयोगी कंपनी मूल्यांकन के आधार पर समूह का कंपनी के निदेशक मंडल में प्रतिनिधित्व है।

## 30) आकस्मिक देयताएं और प्रतिबद्धताएं:

### I. आकस्मिक देयताएं:

क) कंपनी के खिलाफ दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है:

(i) परिसमाप्त नुकसान/कीमत में कमी अनुसूची, प्राकृतिक गैस की कीमत में अंतर आदि के कारण और प्राकृतिक गैस संचरण शुल्क आदि के लिए ग्राहकों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों आदि द्वारा ₹ 2,188.27 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 2,270.77 करोड़) के नुकसान के कानूनी मामले।

(ii) ₹ 0.40 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 0.40 करोड़) की आयकर मांगें और अपीलें लंबित हैं और 31 मार्च 2023 को आकस्मिक देयता के रूप में बंद कर दी गई हैं।

(iii) विवादित अप्रत्यक्ष कर मांगें इस प्रकार हैं:

**(₹ करोड़ में)**

| क्र.सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | 31 मार्च 2022 तक** |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमा शुल्क# | 1,560.81 | 596.03 |
| 2 | उत्पाद शुल्क* | 3,731.94 | 3,594.31 |
| 3 | बिक्री कर/वैट^ | 868.77 | 71.32 |
| 4 | प्रवेश कर | 0.80 | 0.75 |
| 5 | सेवा कर | 7.31 | 7.08 |
| 6 | जीएसटी | 0.85 | 0.85 |
| | **कुल** | **6,170.48** | **4,270.34** |

\# इसमें सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा पुष्टि की गई मांग ₹ 934.01 करोड़ (31 मार्च 2023 तक) (पिछला वर्ष: ₹ शून्य) शामिल है, जिसमें दाभोल बंदरगाह, रत्नागिरी में सितंबर 2017 से मार्च 2022 के दौरान कंपनी द्वारा एलएनजी के आयात के संबंध में प्रविष्टियों के मूल्यांकित बिल को अंतिम रूप देते हुए विशेष अतिरिक्त शुल्क (एसएडी) और अंतर मात्रा पर सीमा शुल्क के कारण लगाया गया जुर्माना और ब्याज शामिल है। मामले के गुण–दोषों को ध्यान में रखते हुए, कंपनी आयुक्त (अपील) पुणे के समक्ष अपील दायर करने जा रही है। इसके अलावा, दिनांक 30.06.2017 की छूट अधिसूचना सं. 51/2017 के आधार पर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा प्रदान किया गया स्पष्टीकरण और अन्य सीमा शुल्क बंदरगाह अर्थात दहेज और हजीरा पर अपनाई जा रही प्रथा को देखते हुए कंपनी को इस मामले में पक्ष में परिणाम मिलने की उम्मीद है।

* इसमें सीईएसटीएटी, दिल्ली की ₹ 2,889 करोड़ (31 मार्च 2023 तक ₹ 3,391 करोड़) की अंतर केंद्रीय उत्पाद शुल्क की मांग शामिल है, जिसमें कंपनी द्वारा निर्मित 'नेफ्था' के वर्गीकरण से संबंधित मामले में ब्याज और जुर्माना भी शामिल है। कंपनी ने आदेश के खिलाफ माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक अपील दायर की है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है और माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ₹ 20 करोड़ की राशि जमा करने और ₹ 132 करोड़ की सीमा तक की सुरक्षा प्रदान करने की शर्तों के अनुपालन पर रोक लगा दी गई है। कंपनी ने कानूनी विशेषज्ञों से राय ली है और उनके अनुसार, कंपनी के पास योग्यता के साथ–साथ सीमा के आधार पर भी अच्छा मामला है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

^ "गेल, मुंबई के संबंध में वित्त वर्ष 2018–19 के लिए वैट मूल्यांकन के दौरान महाराष्ट्र वैट प्राधिकारी ने बिजली उत्पादन कंपनी को एनजी की आपूर्ति करने और एनजी की खरीद के खिलाफ वैट समायोजन करने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी छूट अधिसूचना का लाभ देने से इनकार करते हुए जुर्माना और ब्याज सहित ₹ 696 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ शून्य) की मांग की पुष्टि की है। मामले के गुण–दोषों को ध्यान में रखते हुए, गेल ने आकलन प्राधिकारी के समक्ष एक सुधार आवेदन दायर किया है और मामले पर प्राप्त अनुकूल कानूनी राय के आधार पर, कंपनी अनुकूल परिणाम के प्रति आश्वस्त है।

** कंपनी ने न्यायनिर्णयन के लिए लंबित कारण बताओ नोटिस (एससीएन) के संबंध में अपनी आकस्मिक देनदारी की समीक्षा की है और इसे दायित्व के रूप में नहीं माना गया है, तदनुसार पिछले वर्ष के आंकड़े निम्नानुसार बहाल किए गए हैं:

**(₹ करोड़ में)**

| विवरण | 31.03.2022 को शेष | एससीएन के लिए घटाई गई राशि | 31.03.2022 को संशोधित शेष |
|---|---|---|---|
| सीमा शुल्क | 596.03 | 0.00 | 596.03 |
| उत्पाद शुल्क | 3625.41 | 31.10 | 3594.31 |
| बिक्री कर/वैट | 71.32 | 0.00 | 71.32 |
| प्रवेश कर | 0.75 | 0.00 | 0.75 |
| सेवा कर | 165.82 | 158.74 | 7.08 |
| जीएसटी | 881.82 | 880.97 | 0.85 |
| **कुल** | **5341.15** | **1070.81** | **4270.34** |

(iv) ₹ 14.01 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹ 47.02 करोड़) के विविध दावों में मुख्य रूप से देरी से भुगतान और उनके द्वारा किए गए नुकसान आदि के लिए विक्रेताओं द्वारा दायर मध्यस्थता मामले शामिल हैं।

(v) कुछ ग्राहकों ने गैस की आपूर्ति नहीं करने के लिए जहाज या भुगतान शुल्क/परिणामी नुकसान के लिए ₹ शून्य (पिछले वर्ष: ₹ 12,184 करोड़) की राशि के प्रति दावे प्रस्तुत किए हैं।

(vi) समूह कंपनियों की उनके लेखापरीक्षित/गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के आधार पर आकस्मिक देयताओं में हिस्सेदारी इस प्रकार हैः –

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | 2022-23 | 2021-22 |
|---|---|---|---|
| क) | सहायक कंपनियां | 1,564.68 | 1,835.99 |
| ख) | संयुक्त उद्यम | 34.55 | 232.57 |
| ग) | संबद्ध कंपनियां | 3,156.98 | 2,932.80 |

**(ख) ऋण जुटाने के लिए कॉर्पोरेट गारंटी**

कंपनी ने ऋण जुटाने के लिए संबंधित पक्षों की ओर से ₹ 4,3583.74 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 4,361.27 करोड़) की कॉर्पोरेट गारंटी जारी की है। इन कॉर्पोरेट गारंटियों के तहत 31 मार्च, 2023 तक बकाया ऋणों की राशि ₹ 1,523.30 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 1,166.27 करोड़) है।

**II. प्रतिबद्धताएं:**

**(क) पूंजीगत प्रतिबद्धताएं:**

31 मार्च 2023 को पूंजी खाते पर निष्पादित की जाने वाली संविदाओं की अनुमानित राशि (कर और अग्रिमों के निवल सहित) ₹ 12,381.09 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 6,891.28 करोड़) है।

(ख) समूह कंपनियों के लेखापरीक्षित/गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के आधार पर प्रदान नहीं किए गए पूंजी खाते पर निष्पादित की जाने वाली शेष संविदाओं की अनुमानित राशि में कंपनी का हिस्साः–

(₹ करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | 2022-23 | 2021-22 |
|---|---|---|---|
| क) | सहायक कंपनियां | 2,920.69 | 3,214.30 |
| ख) | संयुक्त उद्यम | 3,936.66 | 3,969.04 |
| ग) | संबद्ध कंपनियां | 916.74 | 1,040.22 |

**(ग) पट्टा प्रतिबद्धताएं:**

कंपनी के पास विभिन्न पट्टा संविदाएं हैं जो अभी तक 31 मार्च 2023 तक शुरू नहीं हुई हैं। इन गैर–रद्द करने योग्य पट्टा संविदाओं के लिए भावी पट्टे के भुगतान इस प्रकार हैं:

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 तक | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|
| एक वर्ष के भीतर | 111.71 | - |
| एक वर्ष के बाद लेकिन पांच वर्ष से अधिक नहीं | 1,481.31 | - |
| पांच वर्ष से अधिक | 345.42 | - |
| **कुल** | **1,938.45** | **-** |

**(घ) अन्य प्रतिबद्धताएं:**

क. कंपनी के पास सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों, संबद्ध कंपनियों और अन्य कंपनियों में ऋण के आगे निवेश और वितरण के लिए ₹ 4,357.27 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 4,559.88 करोड़) की प्रतिबद्धता है।

ख. मूल कंपनी द्वारा ईएंडपी संयुक्त उद्यमों के संबंध में विभिन्न उत्पादन शेयरिंग संविदाओं/राजस्व शेयरिंग संविदाओं के तहत किए गए न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के भाग के प्रति प्रतिबद्धता ₹ 114.93 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 63.59 करोड़) है।

ग. कंपनी को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी), भारत सरकार द्वारा जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) के साथ छह भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में नगर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए अधिकृत किया गया है। इसके लिए न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) (उपलब्धि बनाम लक्ष्य) का विवरण निम्नानुसार हैं:

| नगर | समापन तारीख – संशोधित लक्ष्य तारीख | एमडब्ल्यूपी लक्ष्य (पांच वर्ष) पीएनजीआर बी–एमडब्ल्यू पी कुल (पाइप लाइन इंच कि. मी. में) | 31 मार्च, 2023 तक संचयी उपलब्धि (पाइपलाइन इंच कि.मी. में) | पीएनजी कनेक्शन के लिए बुनियादी ढांचा (संख्या में) | 31 मार्च, 2023 तक संचयी उपलब्धि (संख्या में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | वास्तविक | लक्ष्य | वास्तविक |
| वाराणसी | 31 मार्च, 2025 | 1,899 | 1,925 | 40,211 | 60,604 |
| भुवनेश्वर | | 1,513 | 998 | 26,900 | 45,199 |
| कटक | | 1,416 | 586 | 28,959 | 20,915 |
| पटना | | 2,445 | 1,812 | 50,154 | 58,671 |
| रांची | | 1,800 | 1,270 | 29,962 | 45,227 |
| जमशेदपुर | | 1,282 | 551 | 24,278 | 32,053 |
| **कुल** | | **10,355** | **7,142** | **2,00,464** | **2,62,699** |

**31) कंपनी द्वारा दावों को आय/परिसंपत्ति के रूप में स्वीकार नहीं किया गया**

i. कुछ ग्राहकों के संबंध में पोत या भुगतान शुल्क के संबंध में, मामला विचाराधीन/विवादाधीन होने के कारण, कंपनी दावा पत्र जारी कर रही है, जो कि 31 मार्च 2023 तक ₹ 1,747.05 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 1,758.25 करोड़) की राशि है। इसके संबंध में जब भी मामला अंतिम रूप से तय हो जाएगा, आय को मान्यता दी जाएगी।

ii. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के दिशानिर्देशों के अनुसार उर्वरक कंपनियों द्वारा गैर–निर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए एपीएम गैस के उपयोग हेतु कंपनी द्वारा प्रस्तुत चालानों की वसूली के लिए कुछ ग्राहकों के संबंध में न्यायालय में मामले लंबित होने के कारण, कंपनी ने उर्वरक उद्योग समन्वय समिति (एफआईसीसी) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर ₹ 1,704.56 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 1,704.56 करोड़) की राशि के दावे पत्र जारी किए हैं। इनके प्राप्त होने पर, आय को गैस पूल में अंतरित कर दिया जाएगा।

iii. चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी के दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्तिकर्ता में से एक ने भू–राजनीतिक स्थिति के कारण एलएनजी आपूर्ति बाधित कर दी। कंपनी स्थिति को सामान्य करने के लिए विभिन्न स्तरों पर कई प्रयास कर रही है। कंपनी अपने संविदात्मक दायित्वों के विशिष्ट प्रदर्शन के लिए संविदात्मक रूप से उपलब्ध कानूनी सहारा भी ले रही है। तदनुसार, कंपनी पर प्रभाव का आकलन उक्त कानूनी उपाय के अंतिम परिणाम के बाद ही किया जाएगा।

**32) मूल्य निर्धारण और टैरिफ**

i. 1 अप्रैल 2002 से तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कीमतों को नियंत्रणमुक्त किया गया है और तेल विपणन कंपनियों द्वारा इन्हें निर्धारित आयात सममूल्य कीमतों के आधार पर तय किया जाता है। तथापि, मूल्य निर्धारण प्रणाली अनंतिम है और इसे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) द्वारा अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। मूल्य निर्धारण पर प्रभाव, यदि कोई हो, का मामले को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही पता लगेगा।

ii. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन परिवहन टैरिफ समय–समय पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा जारी किए गए विभिन्न विनियमों के अधीन हैं। लाभ पर प्रभाव, यदि कोई हो, को पीएनजीआरबी के आदेशों द्वारा पाइपलाइन शुल्क में संशोधन के रूप में लगातार पहचाना जा रहा है।

iii. कंपनी ने दादरी–बवाना–नंगल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (डीबीएनपीएल), छाँयसा–झज्जर–हिसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (सीजेएचपीएल), कावेरी बेसिन, कोच्चि–कुट्टनाड–बेंगलुरु–मंगलुरु पाइपलाइन (केकेएमबीपीएल), कृष्णा गोदावरी बेसिन (केजी बेसिन) और दाभोल–बैंगलोर पाइपलाइन (डीबीपीएल) नेटवर्क के लिए पीएनजीआरबी द्वारा जारी अंतिम टैरिफ आदेश (आदेशों) के संबंध में पीएनजीआरबी द्वारा किए गए विभिन्न संशोधनों के खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) के समक्ष अपील दायर की है। ये अंतिम अधिनिर्णय के लिए लंबित हैं।

iv. वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान, कंपनी ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर की है जिसमें उपभोक्ताओं के लिए विपणन प्राकृतिक गैस के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ तय करने के पीएनजीआरबी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी गई है। माननीय उच्च न्यायालय ने उक्त रिट याचिका को अपने दिनांक 11 अप्रैल 2017 के आदेश द्वारा खारिज कर दिया है। इस संबंध में, कंपनी ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष 12 मई 2017 को एक समीक्षा याचिका दायर की है जिसे माननीय न्यायालय द्वारा स्वीकार कर लिया गया है और यह अंतिम निर्णय के लिए लंबित है।

v. पीएनजीआरबी ने 14 दिसंबर, 2021 की राजपत्र अधिसूचना सं. एफ. सं. पीएनजीआरबी/कॉम/3–पीपीपीएल टैरिफ (1)/2012 खंड–IV(पी–1018) के माध्यम से मौजूदा एलपीजी पाइपलाइन टैरिफ को 30 सितंबर 2023 तक बढ़ा दिया है।

33) 19 फरवरी 2014 को, पीएनजीआरबी ने विनियम 5क को सम्मिलित करके संशोधित संबद्ध आचार संहिता विनियमों को अधिसूचित किया, जिसमें कहा गया था कि प्राकृतिक गैस के विपणन और परिवहन दोनों में लगी एक यूनिट 31 मार्च 2017 को या उससे पहले एक अलग कानूनी यूनिट बनाएगी ताकि प्राकृतिक गैस के परिवहन की गतिविधि ऐसी अलग कानूनी यूनिट द्वारा की जाए और पहले उपयोग का अधिकार, हालांकि, ऐसी अलग कानूनी यूनिट की संबद्ध इकाई को उपलब्ध होगा। कंपनी ने उक्त पीएनजीआरबी विनियमन को एक रिट याचिका के माध्यम से माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी है और यह अंतिम निर्णय के लिए लंबित है।

पीएनजीआरबी (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का निर्धारण I) संशोधन विनियम, 2022 दिनांक 17.11.2022 की अधिसूचना के अनुसरण में, और गेल के बाद के प्रस्तुतीकरण के अनुसार, टैरिफ आदेश दिनांक 22.03.2023 और 24.03.2023 के माध्यम से 1 अप्रैल 2023 से गेल की एकीकृत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एकीकृत एचवीजे, डीयूपीएल–डीपीपीएल, डीबीपीएल, डीबीएनपीएल, सीजेएचपीएल, जेएचबीडीपीएल, दक्षिण गुजरात उप–नेटवर्क, ट्रॉम्बे और उरण–थाल–उसर उप–नेटवर्क शामिल) के लिए एकीकृत टैरिफ (स्तरीकृत और अंचल विभाजन) निर्धारित किया गया है।

34) पीएनजीआरबी (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का निर्धारण) दूसरा संशोधन विनियम, 2020 दिनांक 23.11.2020 की अधिसूचना के अनुसार और दिनांक 29 मार्च 2023 के टैरिफ आदेश द्वारा पीएनजीआरबी (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का निर्धारण) विनियम, 2008 में संशोधन ने राष्ट्रीय गैस ग्रिड सिस्टम (एनजीजीएस) के लिए 'एकीकृत टैरिफ' निर्धारित किया है, जो 1 अप्रैल, 2023 से लागू हो गया है। एनजीजीएस में नौ (09) कंपनियों की बारह (12) परस्पर संबद्ध प्राकृतिक गैस पाइपलाइन शामिल हैं। इसके तहत, देश भर में और एनजीजीएस पर स्थित ग्राहकों/शिपर्स को एनजीजीएस पर एकीकृत प्रवेश बिंदु से एकीकृत निकास बिंदु तक गैस की आवाजाही के लिए समान लागू जोनल एकीकृत टैरिफ का भुगतान करना होगा। तथापि, गेल की राजस्व पात्रता अपने स्वीकृत अंचल एकीकृत टैरिफ और केजी–बेसिन टैरिफ के अनुसार होगी जो एनजीजीएस का हिस्सा हैं।

## 35) भूमि और निर्माण:

i. 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार कंपनी के नाम पर नहीं होने वाले भूमि स्वामित्व का विवरण

| क्र. सं. | तुलन–पत्र में संबंधित लाइन | संपत्ति की मद का विवरण | सकल वहन मूल्य (करोड़ में) | (स्वामी/स्वामी के नाम) के नाम पर धारित अधिकार विलेख | क्या अधिकार विलेख धारक प्रमोटर*, निदेशक या रिश्तेदार# प्रमोटर/ निदेशक या प्रमोटर/ निदेशक का कर्मचारी है | संपत्ति किस तारीख से धारित | कंपनी के नाम पर धारित न होने का कारण' (विवाद होने पर भी बताएं) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीपीई | भूमि एसवी–6 – खाजोद | 2.53 | डायमंड रिसर्च मर्केंटाइल सिटी लिमिटेड | नहीं | 15.07.2007 | मामला सूरत नगर निगम के पास लंबित |
| 2 | पीपीई | भूमि आईपी–2 अतिरिक्त सिलवासा | 0.06 | ग्राम पंचायत दपचेरी | नहीं | 30.09.2007 | मामला मुंबई उच्च न्यायालय में लंबित |
| 3 | पीपीई | भूमि एसवी–13 – दापचेरी | 0.00 | एलएओ दादरा एवं नगर हवेली सिलवासा सरकारी भूमि | नहीं | 17.06.2009 | मामला राजस्व प्राधिकारी, जिला कलेक्टर पालघर के पास लंबित |
| 4 | पीपीई | मोरा एचएलपीएल पाइपलाइन (डीयूपीएल) में भूमि | 6.82 | गुजरात सरकार | नहीं | 03.07.2022 | मामले को एलएलएओ के माध्यम से कलेक्टर, सूरत के साथ उठाया जा रहा है |
| 5 | पीपीई | भूमि – सीजेपीएल कन्हाई गांव से हीरो होंडा | 1.22 | हरियाणा सहकारी विकास परिषद | नहीं | 13.03.2011 | मामले को हरियाणा विकास प्राधिकरण के साथ उठाया जा रहा है। |
| 6 | पीपीई | भूमि – एसवी स्टेशन –2, प्रधानपुर | 0.08 | श्री रोहित, सुपुत्र श्री शंकर लाल | नहीं | 16.09.2015 | डीएम, रायबरेली के कार्यालय के पास लंबित |
| 7 | पीपीई | भूमि– एसवी स्टेशन – 3, नारायणपुर | 0.12 | बहु किसान | नहीं | 16.09.2015 | अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू करने के लिए एसएलएओ के पास लंबित। |
| 8 | पीपीई | भूमि – एसवी स्टेशन, – 4 महियामऊ दिबियापुर | 0.40 | बहु किसान | नहीं | 16.09.2015 | अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू करने के लिए एसएलएओ के पास लंबित |
| 9 | पीपीई | भूमि एसवी– 2 लखबावल, जामनगर, गुजरात | 4.56 | सरकारी भूमि | नहीं | 24.11.1999 | मामला गुजरात सरकार के पास लंबित |
| 10 | पीपीई | भूमि 4.57 हेक्टेयर जीआईडीसी, वाघोडिया | 0.25 | गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) | नहीं | 28.06.1991 | मामला गुजरात सरकार के पास लंबित |
| 11 | पीपीई | भूमि आईपी–01–3, (भाग –3) सर्वेक्षण संख्या 37/21बी, पुर गांव, संगमेश्वर तहसील, रत्नागिरी जिला | 0.03 | बहु किसान | नहीं | 12.06.2012 | भूमि मालिकों के साथ मामला उठाने के लिए बहु किसान एजेंसी की सेवाएं ली गई |

| क्र. सं. | तुलन–पत्र में संबंधित लाइन | संपत्ति की मद का विवरण | सकल वहन मूल्य (करोड़ में) | (स्वामी/स्वामी के नाम) के नाम पर धारित अधिकार विलेख | क्या अधिकार विलेख धारक प्रमोटर*, निदेशक या रिश्तेदार# प्रमोटर/ निदेशक या प्रमोटर/ निदेशक का कर्मचारी है | संपत्ति किस तारीख से धारित | कंपनी के नाम पर धारित न होने का कारण' (विवाद होने पर भी बताएं) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | पीपीई | भूमि आईपी–01–4, (भाग –4) सर्वेक्षण संख्या 14/14, पुर गांव, संगमेश्वर तहसील, रत्नागिरी जिला | 0.03 | बहु किसान | नहीं | 12.06.2012 | भूमि मालिकों के साथ मामला उठाने के लिए बहु किसान एजेंसी की सेवाएं ली गई |
| 13 | पीपीई | भूमि आईपी–01–5, (भाग–5) सर्वेक्षण संख्या 37/28ए1, पुर गांव, संगमेश्वर तहसील, रत्नागिरी जिला | 0.01 | बहु किसान | नहीं | 12.06.2021 | भूमि मालिकों के साथ मामला उठाने के लिए बहु किसान एजेंसी की सेवाएं ली गई |
| 14 | पीपीई | भूमि–एसवी–05जी, मार्केम गांव, पोंडा तालुका, कम्युनिडाडा ऑफ मारकेम, गोवा के सर्वे नंबर 391/1 पर | 0.61 | गोवा सरकार | नहीं | 30.05.2011 | गोवा सरकार के पास लंबित |
| 15 | पीपीई | भूमि – आईपी । कोल्हापुर–डीबीपीएल–। आईपी–। गांव–पुर 8/11 (20 गुंथा) 37/15 | 0.15 | बहु किसान | नहीं | 12.06.2012 | भूमि मालिकों के साथ मामला उठाने के लिए बहु किसान एजेंसी की सेवाएं ली गई |
| 16 | पीपीई | भूमि – आईपी । कोल्हापुर–डीबीपीएल–। आईपी–। गांव–पुर 9/11 (42 गुंथा) 37/16 | 0.32 | बहु किसान | नहीं | 12.06.2012 | भूमि मालिकों के साथ मामला उठाने के लिए बहु किसान एजेंसी की सेवाएं ली गई |
| 17 | पीपीई | भूमि–आईपी–। कोल्हापुर–डीबीपीएल–। आईपी–। गांव–पुर 10/11 (9 गुंथा) 37/19 | 0.07 | बहु किसान | नहीं | 12.06.2012 | भूमि मालिकों के साथ मामला उठाने के लिए बहु किसान एजेंसी की सेवाएं ली गई |
| 18 | पीपीई | भूमि – आईपी । कोल्हापुर–डीबीपीएल–। आईपी–। गांव–पुर 11/11 (10 गुंथा) 37/2 | 0.07 | बहु किसान | नहीं | 12.06.2012 | भूमि मालिकों के साथ मामला उठाने के लिए बहु किसान एजेंसी की सेवाएं ली गई |
| 19 | अन्य | लीजहोल्ड भूमि मदुरगुड्डा विंडमिल फार्म– एमजी1–एमजी17 | 4.59 | वन भूमि | नहीं | 31.03.2012 | गेल के पक्ष में वन भूमि के उप–पट्टे का प्रस्ताव कर्नाटक सरकार के पास है। |
| 20 | अन्य | सीएनजी स्टेशन खरकिया घाट | 4.48 | नगर निगम, वाराणसी | नहीं | 12.10.2021 | नगर निगम कार्यालय के पास पट्टा समझौता मसौदा स्तर पर |
| 21 | अन्य | पट्टा–पी 25 मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर | 0.12 | सरकारी भूमि | नहीं | 30.11.2005 | मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के पास लम्बित पट्टा विलेख |
| 22 | अन्य | बुर्धा तहसील बराड, शिवपुरी | 0.14 | सरकारी भूमि | नहीं | 10.08.2022 | पट्टा तहसीलदार, के पास लीज डीड को अंतिम रूप देने में देरी के कारण लम्बित |
| 23 | अन्य | लीजहोल्ड भूमि – केआईएडीबी 10 वर्ष डीबीपीएल:1–आईपी–3 गोकक, बेलगाम | 0.18 | कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) | नहीं | 02.11.2011 | उप पंजीयक बेलगाम के पास लंबित |
| 24 | अन्य | लीज एसवी, ग्राम सिंघवासा, तहसील और जिला गुना, मध्य प्रदेश | - | सरकारी भूमि | नहीं | 14.12.1995 | मामला राज्य सरकार के पास लंबित |
| 25 | अन्य | लीजहोल्ड भूमि सर्वेक्षण संख्या 99,100, एलूर गांव, परवूर तालुक और सर्वेक्षण सं. 205/37, वडावुकोड–पुथेनक्रूज़, एर्नाकुलम, केरल | 4.79 | फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (फैक्ट) | नहीं | 08.03.2011 | मामले को फैक्ट के साथ उठाया जा रहा है |
| 26 | अन्य | लीज होल्ड भूमि – 30.00 हेक्टेयर (90 वर्ष) | 1.33 | वन विभाग | नहीं | 30.10.1999 | मामला राज्य सरकार के पास लंबित |
| 27 | अन्य | लीजहोल्ड भूमि – खानो | 0.61 | सरकारी भूमि | नहीं | 10.06.2011 | गोवा सरकार के पास लंबित |
| | | **कुल** | **33.57** | | | | |

ii. वर्ष 1990 में, गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) ने वाघोडिया, गुजरात में एलपीजी रिकवरी की स्थापना के लिए 99 वर्षों के लिए कंपनी को 70.87 हेक्टेयर की लीजहोल्ड भूमि आबंटित की। निष्पादित पट्टा विलेख लगभग 66.30 हेक्टेयर भूमि के लिए है, जबकि गुजरात सरकार ने अभी तक शेष राशि जीआईडीसी को अंतरित नहीं की है।

कंपनी शेष भूमि के नियमितीकरण के लिए जीआईडीसी और गुजरात सरकार के साथ मामले को उठा रही है। कंपनी ने उत्तर दिया कि जीआईडीसी से कोई मांग न किए जाने पर कोई और राशि देय नहीं है। कंपनी की राय है कि चूंकि आबंटित भूमि के लिए राशि का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और जीआईडीसी से कोई अतिरिक्त मांग नहीं है, अतः कंपनी की ओर से कोई देयता/आकस्मिक देयता नहीं बनती है।

iii. सीएसआर गतिविधियों के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि और भवनों का विवरण और सीएसआर व्यय के रूप में लेखा, संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) के तहत शामिल नहीं किया गया है, जो निम्नानुसार हैं:

**(₹ करोड़ में)**

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च 2023 तक | 31 मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश में फ्रीहोल्ड भूमि (3.28 एकड़) | 0.31 | 0.31 |
| 2 | क्र.सं. 1 में उल्लिखित फ्रीहोल्ड भूमि पर निर्मित भवन। (पूर्ण होने की तिथि–27 जनवरी, 2017) | 4.44 | 4.44 |
| 3 | मध्य प्रदेश में पट्टा धारित भूमि (2 हेक्टेयर) | 0.80 | 0.80 |
| 4 | क्र.सं. 3 में उल्लिखित लीजहोल्ड भूमि पर निर्मित भवन। (पूर्ण होने की तिथि–13 फरवरी, 2015) | 6.51 | 6.51 |

iv. कंपनी ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के साथ एक स्थायी भूमि पट्टा समझौता किया है। किराया अर्ध–वार्षिक देय है, जो दिनांक 1 जनवरी, 2018 से संशोधन के अधीन है। तदनुसार, कंपनी ने पूर्व–संशोधित पट्टा समझौते के अनुसार 14 जुलाई 2023 तक किराया जमा कर दिया है। कंपनी ने उक्त भूमि के अधिकार विलेख को लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए एक आवेदन भी प्रस्तुत किया है, जिसके लिए डीडीए से पुष्टि की प्रतीक्षा है।

v. प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए, कंपनी भूमि के उपयोग का अधिकार (आरओयू) प्राप्त करती है जिसके लिए आम तौर पर विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी (एसएलएओ) को अग्रिम भुगतान किया जाता है। उक्त अग्रिम एसएलएओ द्वारा एक अलग बैंक खाते के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। हालाँकि, कुछ मामलों में, केवाईसी उद्देश्यों के लिए, कंपनी के पैन नंबर का उपयोग किया गया है। ये बैंक खाते पूरी तरह से एसएलएओ के नियंत्रण में हैं। तदनुसार, इन खातों को जमा के अंतर्गत दिखाया गया है।

## 36) निर्धारित शेषः

i. बैंकों में निम्नलिखित अल्पकालिक जमा राशियों के संबंध में देयताएं निर्धारित शेष के रूप में रखी जाती हैं:

**(₹ करोड़ में)**

| विवरण | बैंकों में अल्पावधि जमा में निर्धारित शेष (टिप्पण 11क देखें)* | |
|---|---|---|
| | 31 मार्च 2023 तक | 31 मार्च 2022 तक |
| गैस पूल खाते के कारण देयता (एमओपीएनजी के निर्देशों के अनुसार अभिरक्षा के रूप में रखी गई) | 91.42 | 87.05 |
| समूह कंपनियों का निर्धारित शेष | 72.18 | 66.88 |

*निर्धारित शेष राशि, जिसमें बैंकों में अल्पकालिक जमा पर अर्जित ब्याज शामिल है, कंपनी से संबंधित नहीं है और इसे आय के रूप में शामिल नहीं किया गया है।

ii. "अन्य वित्तीय देयताओं–गैर–चालू" के तहत ₹ 581.87 करोड़ (पिछला वर्षः ₹ 581.87 करोड़) की गैस पूल मनी (अनंतिम) दिखाई गई है जिसके अनुरूप डेबिट के साथ व्यापार प्राप्तियों के तहत ग्राहकों से उक्त राशि प्राप्त होने पर निवेश/भुगतान किया जाएगा।

**37)** i. कंपनी यूरिया संयंत्रों के लिए प्राकृतिक गैस की पूलिंग के लिए भारत सरकार के निर्णय के संदर्भ में पूल ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रही है। इस योजना में उद्योग के लिए प्रत्येक संयंत्र की गैस के भारित औसत मूल्य में भारित औसत मूल्य के अंतर का निपटान करके यूरिया उत्पादन के लिए गैस की एक–समान लागत के रूप में परिकल्पना की गई है। आज की तारीख में यूरिया संयंत्रों को देय राशि ₹ शून्य (पिछले वर्षः ₹ 82.79) है।

ii. कंपनी अधिसूचित गैस आधारित बिजली संयंत्रों के क्षमता उपयोग के लिए भारत सरकार के निर्णय के अनुसार पूल ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रही है। योजना, जो 31 मार्च 2017 तक लागू थी, में भारत सरकार के विद्युत क्षेत्र विकास निधि (पीएसडीएफ) से बिजली संयंत्रों को सहायता की परिकल्पना की गई थी। गैस की आपूर्ति अनंतिम/अनुमानित मूल्य के आधार पर थी, जिसका समाधान वास्तविक लागत के आधार पर किया जाना था। तदनुसार, वर्तमान देनदारियों में इस मद में 31 मार्च, 2023 को ₹ 87.63 करोड़ (पिछले वर्षः ₹ 87.63 करोड़) उक्त विद्युत संयंत्रों और/अथवा भारत सरकार को देय हैं।

## 38) इंड एएस 115 – ग्राहकों के साथ संविदाओं से प्राप्त राजस्व

इंड एएस 115 ग्राहकों के साथ संविदाओं से होने वाले राजस्व के हिसाब से एक पांच–चरणीय मॉडल स्थापित करता है और यह आवश्यक है कि राजस्व को उस राशि पर मान्यता दी जाए जो उस प्रतिफल को दर्शाती है जिसके लिए कोई यूनिट ग्राहक को सामान या सेवाओं के हस्तांतरण के बदले में पात्र होने की उम्मीद करती है।

इंड एएस 115 को अपने ग्राहकों के साथ संविदा करने के लिए मॉडल के प्रत्येक चरण को लागू करते समय सभी प्रासंगिक तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संस्थाओं को निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। मानक संविदा प्राप्त करने की उत्तरोत्तर लागतों और संविदा को पूरा करने से सीधे संबंधित लागतों की गणना को भी निर्दिष्ट करता है। इसके अलावा, मानक को व्यापक प्रकटनों की आवश्यकता होती है।

**इंड एएस 115 के तहत अपेक्षित अनुसार राजस्व का पृथक्करण**
**31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए**

**(₹ करोड़ में)**

| क्र. सं | विवरण | प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन | एलपीजी गैस ट्रांसमिशन | प्राकृतिक गैस व्यापार/विपणन | पेट्रो–केमिकल्स | एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन | सिटी गैस | अन्य खंड* | गैर–आवंटन योग्य | कुल 31 मार्च 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **राजस्व** | | | | | | | | | |
